UNIVERSAL
LIBRARY

OU_178145

UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY
Call No. H928/S53K Accession No. G.H 2..
Author [illegible]
Title [illegible]
This book should be returned on or before the date last marked below.

श्री काशीश विद्यापीठ

रजत जयन्ती

अभिनन्दन ग्रन्थ



काशी विद्यापीठ

रजत जयन्ती



अभिनन्दन ग्रन्थ

वसंत पंचमी संवत् २००३

प्रकाशक
विश्वनाथ शर्मा
मंत्री, प्रकाशन विभाग


सम्पादक-मण्डल

राजाराम शास्त्री

विश्वनाथ शर्मा भगवती प्रसाद पान्थरी

चन्द्रशेखर अस्थाना गोरावाला खुशालजैन

मुद्रक
पृथ्वीनाथ भार्गव
भार्गवभूषण प्रेस, बनारस



महात्मा गांधी

विद्यापीठके प्रेरक

दो शब्द

आज हमारे लिए अत्यन्त हर्षका अवसर प्राप्त हुआ है कि हमने अनेक विघ्न बाधाओंको पार करके अपने जीवनके पचीस वर्ष पूरे कर लिये और इस सफलताके उपलक्षमें अपनी रजत-जयन्ती मना रहे हैं। इस शुभ पर्वके स्मारक-स्वरूप यह अभिनन्दन ग्रन्थ उपस्थित किया जा रहा है। विद्यापीठ जैसी विद्या-संस्था और विद्या प्रेमी देशभक्तोंके सहयोग तथा पारस्परिक सद्भावनाके स्मरणार्थ इस प्रकारका प्रयत्न स्वाभाविक ही है किन्तु विद्यापीठका स्वरूप ही ऐसा है कि इसके प्रमुख कार्यकर्ताओंको महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारियोंका भी वहन करना पड़ता है। सन् १९४२ की राष्ट्रीय क्रान्तिसे निकलनेके बाद देशकी राजनीतिक घटनाओंकी प्रगति ऐसी तीव्र और महत्वपूर्ण रही कि देशका सारा ध्यान और उसकी सारी शक्ति उस ओर ही लगी रही। कांग्रेस कार्य समितिके सदस्योंके, जिनके साथ हमारे कुलपति आचार्य नरेन्द्रदेव भी थे, कारागारसे मुक्त होनेके बादही शिमला सम्मेलन, फिर देशव्यापी चुनावका कार्यक्रम तथा प्रान्तोंमें कांग्रेसी मन्त्रियोंका पदग्रहण, जिनमें हमारे अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्दजी भी हैं, फिर केन्द्रमें राष्ट्रीय सरकारकी स्थापना तथा साम्प्रदायिक उपद्रव इन सब घटनाओंकी दौड़के बीच हमें अपनी ओर देखनेका अवसर बहुतही कम मिला, अतएव बड़ी शीघ्रतामें हमने अपना यह जयन्तीका आयोजन किया। यह अभिनन्दन ग्रन्थ जैसा हो सकता था वैसा नहीं हो सका और इसमें अनेक त्रुटियां रह गयीं, इसका यही कारण है। हम विद्वान् लेखकों तथा पाठकोंसे इसके लिए क्षमाप्रार्थी हैं। इतने अल्पकालमें विद्वानोंका हमें जैसा सहयोग प्राप्त हुआ है उसके लिए हम उनके अत्यन्त आभारी हैं। उनकी विशेष कृपाके बिना हम यह ग्रन्थ न निकाल पाते। विद्वान् लेखकोंके अतिरिक्त देशके जिन नेताओं तथा सहयोगी राष्ट्रीय शिक्षालयोंने हमें शुभकामनाएँ भेजी हैं उनके भी हम अत्यन्त अनुगृहीत हैं। विश्ववन्द्य महात्मा गांधीने पूर्व बंगालमें प्राणोंकी बाजी लगाकर अपने जीवनके अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रयोगमें व्यस्त रहने पर भी स्वस्थापित विद्यापीठको स्मरण करनेका समय निकाला, उनके इस अनुग्रहके लिए

हमारी कृतज्ञता शब्दोंमें व्यक्त नहीं हो सकती। प्रारम्भमें उन्होंने ही विद्यापीठकी प्राणप्रतिष्ठाकी थी। आज भी उनका आशीर्वाद हमें अनुप्राणित कर रहा है और सदा करता रहेगा।

अन्तमें हम अपने उन सहयोगियोंको हार्दिक धन्यवाद देते हैं जिन्होंने अपनी योग्यता तथा परिश्रम से इस ग्रन्थको प्रस्तुत किया है। इन मित्रोंमें सर्वश्री त्रिभुवन नारायण सिंह शास्त्री, विद्याभास्कर, परमेश्वरी लाल गुप्त, तथा लीलाधर शर्मा 'पर्वतीय', के सम्पादन तथा मुद्रणकला सम्बन्धी विशेष ज्ञान का हमने पूरा उपयोग किया है। संस्कृत अंश का काम प्रायः पण्डित गोपाल शास्त्री 'दर्शन केसरी ने ही किया है। इसके अतिरिक्त सर्व श्री योगेन्द्रनाथ, श्रीनाथशर्मा, सूर्यकुमारसिंह, मोहनसिंह, हरिमोहनसिंह, दिनेश चन्द्र सकलानी, रत्नेश्वरसिंह तथा वीरेश्वर प्रसाद सिंह ने सम्पादन कार्य में बड़ी सहायता दी है। भार्गव भूषण प्रेस, काशीके मालिक श्री पृथ्वीनाथ भार्गव ने अनेक दिक्कतों का सामना करके हमें विशेष सुविधाएं तथा सहयोग प्रदान करने का अनुग्रह किया है। साथ ही 'आज' और 'संसार' समाचार पत्रोंने तथा नागरी प्रचारिणी सभा और प्रकाश मन्दिर, काशीने हमें अनेक आवश्यक सामग्री तथा सहायता प्रदान करके अनुगृहीत किया है।

वसन्त पञ्चमी, २००३.

—सम्पादक मण्डल

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
मङ्गलाचरण		
हमारा विद्यापीठ	श्री मैथिलीशरण गुप्त	
शुभाकांक्षाएं		
संस्कृत		
अभिनन्दनम्	श्री वागीश्वरी विद्यालंकार	१
श्री शंकराचार्यणामवतारकालविमर्शः	श्री भाऊ शास्त्री वझे	७
कीदृक् स्याद्राष्ट्रशिक्षणम्	श्री गोपाल शास्त्री दर्शन केशरी	२०
ज्योतिः शास्त्र प्रयोजनम्	श्री सीताराम ज्योतिषाचार्य	२४
हिन्दी		
१. वैदिक दर्शन	डाक्टर वासुदेव शरण अग्रवाल	१
२. अथर्व वेदका परिचय	श्री सम्पूर्णानन्द	११
३. वैदिक कालीन जन्तु	डाक्टर सत्यप्रकाश	३०
४. जैन आम्नाय	श्री कैलाशचन्द्र सिद्धान्त शास्त्री	४३
५. बौद्ध धर्मकी चीन विजय	श्री भगवतीप्रसाद पान्थरी	५८
६. भारतीय आर्यधर्मकी प्रगतिशीलता	डाक्टर मंगलदेव शास्त्री	७१
७. राजाके देवत्वकी भावना	डाक्टर अनंत सदाशिव आल्तेकर	८६
८. सामाजिक विकासका समाजवादी विश्लेषण	श्री मुकुट बिहारी लाल	९१
९. आधुनिक अंकप्रणालीकी उत्पत्ति	डाक्टर अवधीश नारायण सिंह	१०५
१०. श्रीधराचार्य	श्री बलदेव मिश्र	११०
११. स्वाधीन भारतका आदर्श और नीति	डाक्टर भीखन लाल आत्रेय	११५
१२. कर्मवाद	आचार्य नरेन्द्रदेव	१२७
१३. घटोत्कच गुप्त	श्री परमेश्वरी लाल गुप्त	१६६
१४. पृथ्वीराज रासो	डाक्टर धीरेन्द्र वर्मा	१७१
१५. हमारी शिक्षा-समस्या और उसका समाधान	श्री क्षिति मोहन सेन शास्त्री	१७९
१६. हमारी राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली	श्री हजारी प्रसाद द्विवेदी	१८१
१७. हमारे राष्ट्रीय विद्या प्रतिष्ठान	श्री धूर्जटि प्रसाद मुखर्जी	१८७
१८. विद्यापीठ और शिवप्रसादजी	श्री श्रीप्रकाश	१९२
१९. श्री काशी विद्यापीठः एक सिंहावलोकन	श्री विश्वनाथ शर्मा	१९९
२०. स्वप्न और प्रतीक	श्री राजाराम शास्त्री	२०९
२१. जैन कर्मवाद	श्री गोरावाला खुशाल जैन	२३२
२२. विद्यापीठ के पच्चीस वर्ष	श्री बीरबलसिंह	अ

CONTENTS

		Page.
Spiritual Ideals of Ancient India	*by Dr. M. Hafiz Syed*	1
Kaivalya and its place in Dualistic Tantric Culture	*by Pandit Gopinath Kaviraj*	9
History : Its Conception and Methodology	*by Dr. Parmatma Saran*	16
The Khalsa : A New Ideal	*by Principal Gurumukh Nihal Singh*	31
Modern Views of Art	*by Asit Kumar Haldar*	33
Early Muslim Mysticism	*by Prof. Mohammad Habib*	42
Landmarks in the Development of Mathematical Ideas	*by Dr. A. N. Singh*	86
Training For Democratic Citizenship	*by J. C. Kumarappa*	110
India is on the March	*by Prof. K. K. Bhattacharya*	112
The Economic Foundation of Peace	*by Prof.* S. K. *Rudra*	119
Foreign Banks and the Money Market	*by A. S. Raturi*	129
Co-operative Method In Industry	*by U. B. Mathur*	140
Some Economic Consequences of British Rule in India	*by C. S. Asthana*	149
Evolution of National Education	*by Dr. B. Pattabhi Sitaramayya*	167
Reconstruction of University Education in India	*by Prof. Kali Prasad*	171
Indian Universities	*by Prof. N. K. Sidhanta*	178
Congratulations to Kashi Vidyapith	*by Dr. Bhupendra Nath Dutta*	185
Some Aspects of Earth History as Revealed by Fossils	*by Prof. B. Sahni*	194

मङ्गलाचरणम्

समानो मन्त्रः समितिः समानी
समानं मनः सहचित्तमेषाम् ।
समानं मन्त्रमभिमन्त्रय वः
समानेन वो हविषा सञ्जुहोमि ॥

(ऋग्० ८।८।४९।३)

इमा उ त्वा पुरूवसो गिरो वर्धन्तु या मम
पावकवर्णाः शुचयो विपश्चितोऽभिस्तोमैरनूषत ॥

(साम० २।३।८)

अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्
विश्वानि देव वयुनानि विद्वान् ।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां
नम उक्तिं विधेम ॥

(यजु० ४०।१६)

भद्रमिच्छन्त ऋषयः स्वर्विदः
तपो दीक्षा मुपनिषेदु रग्रे ।
ततो राष्ट्रं बलमोजश्च जातम्
तदस्मै देवा उपसन्नमन्तु ॥

(अथर्व० १९।५।४०।९)

हमारा विद्यापीठ

रहे काल पर दृष्टि हमारी
लगे मृत्युकी हमें न डीठ;
पृथ्वीकी प्राचीन पुरीमें
नित्य नया निज विद्यापीठ।


यहीं पासकी गंगा-यमुना
सरस्वतीका संगम ठीक;
ज्ञान-तीर्थमें यहीं भक्तिका
और कर्मका योग सटीक।

चलें छोड़ते छात्र हमारे
सब क्षेत्रोंमें अपनी लीक;
और सदा 'शिवके प्रसाद'के
बने हमारे पात्र प्रतीक।

क्यों न हटेगा हार मान कर
रहे मोह कितना ही ढीठ;
पृथ्वीकी प्राचीन पुरीमें
नित्य नया निज विद्यापीठ।

—मैथिलीशरण गुप्त

शुभ आशीर्वाद



"आशिषः आशास्ते"

श्री काशी विद्यापीठकी स्थापना, श्री शिवप्रसाद गुप्तजीके उदार हृदयने किया, और इसका उद्घाटन महात्मा गांधीजीके पवित्र हाथों ने। पच्चीस वर्ष बाल्य और यौवनके पूरे करके, अब यह प्रौढावस्थामें प्रवेश कर रहा है। बाल्य और यौवनमें भूलें किससे नहीं होतीं? सब आशा किसकी पूरी होती हैं? यदि इस संस्थासे भी भूलें हुईं, और स्थापकके संकल्पमें जो आशाएँ थीं, उनको पूरी न कर सकी, तो क्या आश्चर्य। पर, देशके सामने इसके प्रबन्धकों, अध्यापकों, अध्येताओंने, त्याग, तपस्या, देशभक्तिका अच्छा उदाहरण रक्खा, और भारतके सभी प्रान्तोंमें राष्ट्रीयभाव जगानेमें कांग्रेस की सहायताकी। यदि उस जागसे आशासित कार्य सिद्धि नहीं हुई, तो यह कांग्रेसके नेताओंके मानुष्य-सुलभ बुद्धि-दोष और अदूरदर्शितासे। मानव-संसार मात्रकी परिस्थितिभी अधिकाधिक कलहमय, युद्धमय, नितान्त जटिल होती गयी है, जिसका सुलझाना अब बहुत कठिन हो गया है। पर अब भी असम्भाव्य नहीं है। सम्वत् १९८५ विक्रम सन् १९२९ ई० में, जब काशी विद्यापीठके वार्षिकोत्सवमें महात्मा गांधी उपस्थित थे, मैंने उनसे, सभाके समक्ष, इस संस्थाकी प्राण-प्रतिष्ठा करने वाले बीजमंत्रकी प्रार्थनाकी थी। उन्होंने मुझसे कहा कि 'यह काम तुम ही करो'। तब मैंने, उपस्थित जनताके समक्ष यही कहा था कि 'कर्मणावर्णः, वयसाआश्रमः' अर्थात् 'विश्व-धर्म, अध्यात्म-विद्या पर प्रतिष्ठित, चातुर्वर्ण्य-चातुराश्रम्यऽत्मक समाज व्यवस्था' ही ऐसा बीजमंत्र है; नितान्त प्राचीन भी और नित्य नवीन भी; 'वर्ल्ड आर्डर फौंडेड ऑन वर्ल्ड-रिलिजन, सैकॉलोजी, फ़िलॉसोफ़ी'—यदि इस बीज-मंत्रके अनुसार, विवेक-पूर्वक कार्य किया जाय, तो अब भी, भारतवर्षकी, तथा अन्य सब देशोंकी, जनताका उद्धार हो सकता है। मैं यही आशा करता रहता हूँ कि काशी-विद्यापीठके कार्य-कर्त्ताओं, तथा कांग्रेसके नेताओं, तथा अन्य देशोंके नायकोंकी दृष्टि इस ओर फिरे।

सौर १४ माघ, वि० २००३।
(२७ जनवरी १९४७ ई०)

* * * *

काशी विद्यापीठने अपनी जिन्दगीके पचीस बरस पूरे कर लिये और अब उसकी सिलवर जुबली मनाई जा रही है। यह विद्यापीठ हमारी आजादीकी तहरीकसे पैदा हुआ था और महात्मा गाँधीने इसकी नींव अपने हाथोंसे रक्खी थी। मैं इस मौके पर अपनी दिली मुबारकबाद पेश करता हूं और उम्मीद करता हूँ कि यह विद्यापीठ हमारी कौमी तालीमके मैदानमें हमेशा शानदार खिदमत अन्जाम देता रहेगा।

दिल्ली, १९ दिसम्बर १९४६ ई०। **अबुल कलाम आजाद**

In thinking of the Kashi Vidyapith my mind goes back to Shiva Prasad Gupta, the brave and generous founder of the Vidyapith. I also think of the early days of this institution, a quarter of a century or more ago, when it took birth in the turmoil of the early days of the non-co-operation movement. To all of us who experienced that tremendous upheaval, both in the country and in our inner selves, that memory will remain as a cherished possession.

Fathered by the national struggle and the passionate urge for freedom, the Kashi Vidyapith has never lost touch with its parentage. Repeatedly its professors and students have plunged into mass struggles and suffered in their cause. Inevitably this has affected the educational character of the institution, and a continuity and its stability in the course of study has not been maintained. Perhaps this could not be avoided and in a country under alien domination the primary urge must be to attain freedom. The Vidyapith represented this primary urge at the cost of much else and so it did not show as good results in some directions as we had hoped. It remained throughout the torch-bearer of India's independence. That is success enough, though from worldly standards this may not be counted much. We have not followed worldly standards in India during these 26 years and yet we have the satisfaction that we have achieved something substantial, not for our petty-selves but for the country we cherish. The Vidyapith has had to face very great difficulties, as any institution must, which throws itself into political mass struggles. The time is not yet when we can say that the period of struggle is over; but at the same time the time for constructive effort has also come, and I hope that the Vidyapith will now show as good results in the field of national education as it has shown in the field of political struggle.

NEW DELHI,
22nd December 1946.

Jawaharlal Nehru.

"I congratulate the Kashi Vidyapith on its Silver Jubilee. The institution was one of the first to bear the unmistakable impress of the national awakening and struggle which followed the disillusionment after the First World war. Since then it has throughout made a valuable contribution to the struggle for freedom and its staff and students have always been willing to respond to the needs of the hour. No institution could have better claim on the sympathies and support of the public, and I wish the Kashi Vidyapith all success."

NEW DELHI. **Vallabhbhai Patel.**

25th December 1946.

* * * *

जबसे गांधीजी दक्षिण अफ्रिकासे हिन्दुस्तान वापस आये यहांकी राजनीतिमें एक नया युग आ गया। उन्होंने जनता और देशके सेवकोंके लिए नया ढंग नया आदर्श और नया उद्देश्य उपस्थित किया। जहां हम एक प्रकारकी बेचारगी अनुभव कर रहे थे वहां नये प्रकारकी जिन्दगी, अभूतपूर्व उत्साह और देशहितके लिए कष्ट सहनेकी तत्परता जागृत कर दी। रौलट बिल सम्बन्धी आन्दोलन और खिलाफत सम्बन्धी ब्रिटिश सरकारकी नीतिने सारे देशमें खलबली मचा दी। पंजाबके हत्याकांड, डायरकी क्रूरता और जङ्गी कानूनने सारे देशमें आग लगा दी। जब ब्रिटिश सरकारने खिलाफत और पंजाब सम्बन्धी अत्याचारोंका कोई समुचित प्रतिकार नहीं किया तब गांधीजीके नेतृत्वमें कांग्रेसने अहिंसात्मक असहयोगका निश्चय किया। खिलाफत कमेंटी गांधीजीके मशवरेसे इसी निश्चय पर पहलेही पहुंच चुकी थी। इस तरह हिन्दुओं और मुसलमानोंके बीच अद्भुत मेल-मिलापहो गया और दोनों एकसाथ मिलकर काम करने लगे। अहिंसात्मक असहयोगके कार्य-क्रमका एक आवश्यक अंग यह था कि ब्रिटिश सरकारके साथ सम्बन्ध रखनेवाले शिक्षालयोंमें विद्यार्थी शिक्षा न लें। फलस्वरूप हजारों हजार विद्यार्थियोंने सरकार सम्बन्धित स्कूलों और कालेजोंको छोड़ा। गांधीजी ध्वंसात्मक कामके साथ साथ रचनात्मक काम भी करते ही हैं। उन्होंने जब विदेशी कपड़ेका बहिष्कार बतलाया तो साथ

ही साथ चर्खेका प्रचार भी बतलाया। सरकारी अदालतोंके बहिष्कारके साथ साथ पंचायतका रास्ता बतलाया और सरकारी शिक्षालयोंके बहिष्कारके साथ साथ राष्ट्रीय शिक्षालयोंकी स्थापना करायी। देशमें कई स्थानोंपर राष्ट्रीय विद्यापीठ स्थापित हुए, जिनमें श्री काशी-विद्यापीठ भी महत्वपूर्ण संस्था हुई। स्वर्गीय श्री शिवप्रसादगुप्तजीने इसके लिये १० लाखकी सम्पत्ति देने का वचन दिया और श्रद्धेय डा० भगवानदास जैसे विद्वानने इसमें आचार्यका पद ग्रहण किया। उस वक्त से विद्यापीठ आजतक काम करता आ रहा है। इसका अपना भवन है, सुन्दर पुस्तकालय, विद्वान अध्यापक और उत्साही विद्यार्थी हैं। पिछले २५ वर्षोंमें यहांके विद्यार्थी शिक्षा समाप्त करके कितने ही प्रकार के कामों में लग गये हैं और वहां भी बहुतेरे प्रकारसे जनसेवा कर रहे हैं और बहुतेरे अपने काममें लगे हैं। वे जहां हैं विद्यापीठ की ख्याति बढ़ा रहे हैं। विहार विद्यापीठके समावर्तन संस्कारके अवसरपर एक बार श्री राजगोपालाचार्यने दीक्षान्त भाषणमें कहा था कि ये शिक्षा सम्बन्धी संस्थायें असहयोगके दीपकका काम करती हैं। आज भी श्रीकाशी विद्यापीठ वही काम रहा है, यद्यपि आज राजनीतिक स्थिति बहुत कुछ बदल चुकी है। ऐसी संस्थाओंकी आवश्यकता बराबर बनी रहेगी। कोई भी शासक क्यों न हो उसको यदि निरंकुश छोड़ दिया जाय तो अनर्थ होता ही रहता है। "प्रभुता पायि काहि मद नाहीं" इसलिए स्वराज्य तभी आजकी दुनियांकी हालतमें सार्थक हो सकता है जब उसके कर्मचारियों पर जनता और नीतिका अंकुश रहे। शासनके आश्रित विद्यालय जनताको स्वतंत्र शिक्षा देने में असमर्थ रहते हैं इसलिए अनाश्रित संस्थाओंका महत्वपूर्ण स्थान है. जो शासन और शासक दोनोंको रास्ता दिखलाती रहे और दोनोंके लिए दीपक का काम करती रहे।

२५ वर्षोंकी सेवाके बाद श्री काशी विद्यापीठने आज उत्सव मनानेका समारोह किया है। अभी इसका काम पूरा नहीं हुआ है, और आगे चलकर और भी इसको बहुत कुछ करना है। जिस सत्य और अहिंसाको अपना श्रेय मानकर इसका आरम्भ हुआ है उसीको अपना श्रेय मानकर रखे तो आनेवाले युगमें यह बहुत महत्वपूर्ण काम कर सकेगा। मेरी प्रार्थना है कि वह इस उच्च आदर्शको संसारके सामने कार्यरूपेण उपस्थित करनेमें समर्थ हो।

२४ दिसम्बर ४६ ई०।

The Kashi Vidyapith represents the effort that the nation in 1920 put forth under Gandhiji's inspiration towards national education. It owed its existence to the Munificence of the great patriot and philanthrophist Babu Shiva Prasad Gupta of Kashi. It had as its first Acharya the great scholar and philosopher, Babu Bhagwandas. At its inception I was closely connected with it and worked under Babu Bhagwandas as Vice-Principal. My interest in its work still continued.

Kashi Vidyapith has had a chequered career. Every struggle of satyagraha has found both the teachers and the taught behind prison bars. While other national Universities which owed their existence to the resurgence of national life in 1920 have succumbed to the strain imposed upon them by periodical repression, the Kashi Vidyapith has managed to survive. Today it would be a flourishing University but for the restraint that it imposes upon itself of never accepting the patronage of any government whether foreign or national.

The graduates and under graduates that the Kashi Vidyapith has turned out are characterised by their robust independence of thought and action. Many of them have made their way in life and chosen independent careers where they have made their mark. I have no doubt that the Kashi Vidyapith has yet a place in the national life of our country and the institution will continue to grow under the fostering care of its old and new pupils and its patriotic staff of teachers.

24th December 1946 **J. B. Kripalani,**

* * * *

मेरा पक्का निश्चय था कि विद्यापीठ की जयन्तीमें योग दूँगा, लेकिन बहुत खेद है कि अन्य आवश्यक कार्य वश मैं उस पुण्य अवसर पर उपस्थित नहीं हो सकूंगा। आशा है आप तथा अन्य सभी साथी मुझे क्षमा करेंगे। यह कहने की तो आवश्यकता नहीं है कि मेरे नजदीक विद्यापीठका कितना महत्व है। मेरी यह हार्दिक शुभ कामना है कि यह राष्ट्रीय संस्था उत्तरोत्तर उन्नति करती जाय और नवीन भारतके निर्माणमें उसका उतना ही हाथ हो जितना कि स्वराज्य की प्राप्ति में है और सदा रहा है।

जयप्रकाश नारायण

National Institutions are the pioneers and forerunners of great Reforms yet to come. The K. V. Pitha was one such. It has survived the period of trial and tribulation. The experiment inaugurated a quarter of a century is witnessing its own transformation into an established and accepted fact. The new Governments of the day have only to take in hand these pioneer institutions and develop them into model national Universities.

20th December 1946 **B. Pattabhai Sitaramayya,**

* * * *

Kashi Vidyapith is undoubtedly one of the outstanding landmarks of the movement which Mahatma Gandhi launched more than a quarter of a century ago. Both the Jamia-i-Millia, now established in Delhi, and the Kashi Vidyapith came into existence simultaneously and both have survived the political storms of the last 25 years. Both these institutions have contributed to the new spirit and life of our country and have rescued education from cramping effect of foreign bondage. The Jamia has just concluded its Silver Jubillee celebration which was attended with great success. I am glad the Kashi Vidyapith has also decided to celebrate its Silver Jubilee, and I wish it every success.

27th December 1946 **M. Asaf Ali,**

* * * *

On the occasion of the celebration of the Silver Jubilee of Kashi Vidyapith on the 27th January, the Sree Panchami Day 1947. I offer my sincerest congratulation and good wishes. The Vidyapith has won a unique position by its work for national freedom and national education, I wish the Vidyapith will serve the nation for long as it has done in the past.

DELHI **Kiran Sankar Roy**

24th December 46

On the occasion of the celebration of the silver Jubilee of the Kashi Vidyapith on Vasant Panchami day, I congratulate the Vidyapith on having completed 25 years, of useful service to the country and send my good wishes for still greater success in future. The institution had the unique privilege of having been founded by Mahatma Gandhi in 1920 and has at the forefront not only in the field of education but also of our national struggle for freedom. I have no doubt that the institution will continue its inspiring work of national education with greater zeal than in the past and will contribute to the achievement of our objective of making India a free and great country.

B. G. Ker,

21st December 1846. Prime Minister, Government of Bombay

* * * *

I am very glad to know that Kashi Vidyapith will be celebrating its Silver Jubilee on the 27th January 1947. It can really be proud of its good work all these years and I am confident that coming years have in store, a very bright and useful future for the Kashi Vidyapith. I wish it all success.

T. Prakasam,

20th December 1946, Prime Minister Government of Madras.

काशी विद्यापीठ हमारे प्रान्त ही नहीं वरन् सारे देशमें राष्ट्रीय शिक्षाका प्रमुख केन्द्र है। एक उच्च श्रेणीका बौद्धिक केन्द्र होनेके साथ ही काशी विद्यापीठने पिछले पच्चीस सालमें स्वातंत्र्य संग्राममें जो भाग लिया है उसके लिए हमारा प्रान्त उसका हमेशा आभारी रहेगा। स्वतंत्रताका आन्दोलन हो अथवा क्रियात्मक वैधानिक कार्य हो उसमें काशी विद्यापीठके अध्यापक, स्नातक तथा क्षात्र सबसे आगे रहे हैं।

हमारे प्रान्तकी धारा सभामें काशी विद्यापीठके अध्यापक व स्नातक इतनी संख्यामें हैं कि किसी भी विश्वविद्यालयको यह गौरव प्राप्त नहीं। वास्तवमें काशी विद्यापीठका इस प्रान्तके बौद्धिक नेतृत्वमें उच्च स्थान है।

मुझे आशा है कि यह संस्था उत्तरोत्तर उन्नति करेगी और जिस प्रकार स्वतंत्रता प्राप्त करनेमें अग्रगामी रही है उसी प्रकार राष्ट्रके पुनर्निर्माणमें सर्वोपरि स्थान लेगी।

मैं विद्यापीठके संचालकों, अध्यापकों, स्नातकों एवं छात्रोंको इस रजतजयन्तीके अवसरपर हार्दिक बधाई देता हूं।

गोविन्दवल्लभ पन्त
प्रधान मंत्री, संयुक्त प्रान्त

१४ जनवरी १९४७

* * * *

I am extremely glad to hear that the Kashi Vidyapith is going very soon to celebrate its Silver Jubilee. The Vidyapith occupies a place of honour amongst the educational institutions of this country and has done a great service to the people by imparting the right type of education to the youths of the country. The purpose of education is to impart to the young "some unified sense of the world in which they live, the directions in which it is moving and the part they have to play in it." An educational institution should give the boys some sort of intellectual and moral key to the contemporary world. It was as a protest against the old educational system which lacked this ideal that the Kashi Vidyapith was born. With the help of distinguished scholars that the Kashi Vidyapith has been able to attract to itself, it has nobly fulfilled its ideal to serve for which it was born. I fervently hope that it will continue to do this service for long years to come and the professors and students will so work as to keep the banner of the Vidyapith flying high.

Shri Krishna Sinha.
Prime Minister, Government of Bihar.

21st December 1946.

काशी विद्यापीठने राष्ट्र निर्माणका जो महत्कार्य किया है और उसके संचालकों तथा स्नातकोंने जो त्याग और बलिदान किया है वह भारतवर्षके इतिहासमें उल्लेखनीय है। परंतु मुझे इस बातका खेद है कि इस विद्यापीठकी रजतजयन्तीके महोत्सवके समयमें स्वयं उपस्थित नहीं हो सकता। मेरी शुभ कामना है कि देशके भावी उत्थानमें यह संस्था अधिकसे अधिक उपयोगी सिद्ध हो।

२३ दिसम्बर १९४६।

रविशंकर शुक्ल

प्रधान मंत्री, मध्यप्रांत व बरार

* * * *

You surely do me honour in asking me to send a message on the occaission of the celebration of the Silver Jubilee of Kashi Vidyapith. It has not yet been possible for me to pay a visit to this noble institution, but being a humble worker in the field of national service for some time before this institution came into existence, it gives me great joy and some pride in being allowed to associate myself in this function.

I am aware through what hardship and difficulty the Vidyapith was started, what great suffering and sacrifice its principal Acharyajee and professors including your good self voluntary undertook for building up the edifice of a real national education ! I know some of your students and what noble role they have played in the various stages of the nation's struggle for independence. With what your institution has achieved, you hardly required any appreciation from a humble man like me. You will however be curious to learn and that will give you some idea of my appreciation that even in our province, we devised an institution on almost similar lines ; and that while you have our congratulation on your success, we blame ourselves for having failed to bring it into existence.

I whole heartedly wish the success of Kashi Vidyapith ; let it grow more and more, and continue to train the workers of freedom, which they have done for so many years. Let the noble examples of the Principal and the staff continue to inspire the country and their pupils for suffering and sacrifice for a really free and democratic India.

Gopinath Bardoli

23 December, 1946.

Prime Minister, Government of Assam.

The Kashi Vidyapith carries with it the history of the great national struggle which has been going on since 1920 when Mahatma Gandhi initiated his historic movement of non-violent non-co-operation. A number of educational institutions was started at that time to give a challenge to the institutions foisted upon the country by the British Government. Under the pressure of circumstances most of those have either disappeared or still exist without any prominence, but Kashi Vidyapith is perhaps the only exception which has stood against all adverse circumstances including the ruthless repression of Government directed against its very existence during all nation wide move-ments. The Kashi Vidyapith has supplied political workers to most of the provinces and most of them are prominently working in their own lines. As a centre for imparting to the youths, Kashi Vidyapith has a reputation of its own and I do not think any other institution can compete with Kashi Vidyapith in this matter.

Besides its political activities, the educational activities of the Vidyapith are no less prominent. It has on its staff some of the most prominent scholars of India and it has been always a research institute for all oriental scholars. It may be, the changing politics of the day will throw into oblivion the glowing political records of the Kashi Vidyapith, but as a research institute the Kashi Vidyapith will ever remain prominent in the history of India.

As a humble student of history, I have had the privilege of working under Acharya Narendra Deva, who is the soul of the Kashi Vidyapith from its very inception. It seems to be an irony of fate that a great scholar of Acharya's type had to join politics, throwing aside his usual work of research. But even then his guidance is always available to the Kashi Vidyapith and I have no doubt in my mind that a day will come when the Kashi Vidyapith will be looked upon with the same respect and admiration as Nalanda of Bihar or Pushpagirs of Orissa.

Hare Krishna Mehtab.
Prime Minister, Government of Orrissa

I am indeed happy to learn that the famous Kashi Vidyapith is ready to celebrate its silver jubilee. It is an event of national importance. In those far distant days, nearly 25 years ago, crowded as they were with such of revolutionary experiments, needed all the imagination and foresight and courage of revolutionaries to found an institution like this Vidyapith and to continue to run it all these years despite all the cruel repression heaped upon it and its professors and even students by the British government. Excepting perhaps the famous Gujrat Vidyapith, I know not another educational institution that has had to bear the brunt of imperialist repression for so many years.

The magnificence of the late patriot Shiva Prasad Gupta has no doubt distinguished it from other similar institutions founded in the wake of that national upheaval, the non-cooperation movement led by Mahatma Gandhi. But that alone could not have enabled this Vidyapith to continue to send out annual streams of well trained and indoctrinated and inspired revolutionaries to enrich our national struggle for freedom, if it had not been for such inspiring and inspired professors as my friends Acharya Narendra Deva, Shree Sampurnanand, Shree Sri prakash. It is these fine scholars who have kept the Vidyapith going and helped it to become a source of inspiration, learning and true national education.

We need more and more such educational institutions to give the badly needed political training to successive generations of our youth. As had been the case with the professors of this Vidyapith, the professors of such institutions ought to be well versed in day to day politics of the masses and not the politics of drawing rooms, jobs and intrigues. They ought to be real fighters for peoples' rights and freedom. Only such fighters can continue to inspire their students.

I have had the privilege of being the principal of the Indian Peasants Institute of Nidbrolu since 1933. I sent a few of our own graduates to this Vidyapith aud I am glad to say that most of them have later become distinguished by their work.

But such institutions ought to take care about the ideology they

propogate. For unless their professors know their own mind and have their feet solidly on some inspiring and definite line of intellectual approach and social thought and. action, their students are may to become effective political instruments but get into the hands of wrong people and parties. That is how many of the former graduates of this Vidyapith have come to join anti-national political parties and to do so much of sabotage against the 1942 August Revolution.

For, in my view, all such institutions ought not to compete with the usual statutory universities which do not bother which way their graduates tend to work. They ought to be the conscious political instruments—intellectual laboratories and research stations—of our national revolution and all its allied mass organisations of peasants workers, students, youth, women, etc., who believe in achieving the completest power in a democracy of all classes of toilers.

I hope that the Vidyapith will continue to work on dynamic lines and to send forth streams of graduates who will distinguish themselves as well in the constructive activities which are confrontig us ever so insistently as former students had done in our national revolutionary struggles.

I wish the Vidyapith every success.

N. G. Ranga

President, Andhra Pronivcial Congres, Committee.

Kashi Vidyapith is one of the few institutions which have for their ideal the service of the Motherland, Started by noble patriots in those hectic days of 1921st has produced a number of selfless workers who have spread themselves out in all parts of India and carried the message of Gandhiji and the Congress. Men of the type of Dr. Keskar are product of this famous institution. Whenever a national struggle is on, the students and teachers of the Vidyapith are in the thick of the non-violent fight, ready for suffering and sacrifice, and the institution is closed. This must certainly be expected when the guiding spirits of the institution are men like Acharya Narendra Deva and Sri Sampurnanand.

A Pukka national institution like the Vidyapith with its noble ideals and its glorious history deserves to be placed on firm financial foundations. The institution is shortly going to celebrate its Silver Jubilee. I wish the function every success and the institution long life and unqualified success in the fulfilment of its ideal of service.

S. Nijalingappa,

Keral Provincial Congress, Committee

* * * *

I send my heartiest greetings and best wishes to the alumni of the Kashi Vidyapith, on the occassion of the celebration of its Silver Jubilee. A span of 25 years is nothing in the life of an institution struggling for self-expression under adverse circumstances. But the authorities of the Vidyapith must be congratulated on the success it has achieved within this time. National in its conception and national in its outlook and policy, the Vidyapith is guided by scholars and national leaders like Sri Acharya Narendra Deva, Shri Sri Prakash, of whom India to day is so proud. I pay my respectful homage on the occassion to that practical idealist Late Shiva Prasad Gupta, whose dream has now taken a concrete shape not only in the Vidyapith, but is about to be fulfilled in the educational policy of the province under the guidance of Shri Sampurnanand, who has been so actively associated with this institution. May it live long and serve as a glorious beacon-light to the youths of India.

Surendra Mohan Ghose

24-12-46. President, Bengal Provincial Congress, Cemmittee.

हिन्दुस्तानके आजाद होते ही हमारे सामने सबसे बड़ा सवाल यही होगा कि समस्त राष्ट्रको तुरन्त ही शिक्षित बनाया जाय। आज भी राष्ट्रीय उन्नतिमें काशी विद्यापीठ जैसी शिक्षण संस्थाओंका काफ़ी हाथ रहा है।

मुझे आशा है कि काशी विद्यापीठ राष्ट्रीय शिक्षा-प्रचारके क्षेत्रमें अधिकसे अधिक कार्य करेगा। इस शुभ अवसरपर मैं बम्बई प्रान्तीय कांग्रेस कमेटीकी ओरसे आशीर्वाद भेजता हूं। ईश्वर आपको सफलता प्रदान करें।

२९ नवम्बर ४६ ई०

स० का० पाटील
अध्यक्ष बम्बई प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी।

* * * *

मुझे यह जानकर हार्दिक सन्तोष हुआ कि २७ जनवरी ४७ को वसन्त पंचमीके अवसरपर श्री काशी विद्यापीठ की रजतजयन्ती मनाई जा रही है। काशी विद्यापीठ केवल हमारे प्रान्तकी ही नहीं इस देशकी एक प्रमुख राष्ट्रीय शिक्षा संस्था है और अपने पिछले २५ वर्षोंके जीवनमें विद्यापीठने राष्ट्रीय शिक्षा कलायें और अपने छात्रों द्वारा सोती हुई राष्ट्रको जगाकर उसमें राष्ट्रीय भावना पैदा करनेका विस्तृत कार्य किया है वह इस देशकी दूसरी संस्थाओंके लिये एक आदर्श है। आज इस रजतजयन्तीके अवसरपर सच्चे देशभक्त और दानवीर स्वर्गीय बा० शिवप्रसादजी गुप्तकी अनुपस्थिति हर देशवासीको खटकती है। परन्तु शारीरिक रूपमें हमारे साथ न होते हुए भी शिवप्रसादजीकी आत्मा हमारे साथ है और उनकी शुभ कृतियोंने उन्हें सदाके लिये अमर बना दिया है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि अब जब कि हमारा देश आजादीके द्वारपर पहुँच चुका है और पूर्ण स्वतंत्रताकी प्राप्ति थोड़ेसे समय हीकी बात रह गई है काशी विद्यापीठ दिन दूनी और रात चौगुनी उन्नतिके पथपर अग्रसर होगी और जो आदर्श इसके स्वर्गीय संस्थापकने उसके सामने रखा उसे कार्यान्वित करनेमें पूर्ण सफलता प्राप्त करेगी।

दामोदरस्वरूप सेठ
सभापति संयुक्त प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी।

* * * *

यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि काशी विद्यापीठकी रजतजयन्ती मनाई जा रही है। मैं हृदयसे सफलता चाहता हूँ। आशा है कि विद्यापीठ सदैव ही राष्ट्रीय शिक्षा द्वारा देशसेवाके कार्यमें संलग्न रहेगा।

कन्हैयालाल खादीवाला
अध्यक्ष अजमेर प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी।

काशी विद्यापीठ देशकी उन संस्थाओंमें है जिनपर देशको गर्व है। जब जब राष्ट्रीय शिक्षाकी बात उठी तब तब देशमें अनेक ऐसी संस्थाओंका जन्म हुआ, परन्तु उनमेंसे अधिकांश चिरजीवी न हो सकीं। काशी विद्यापीठ अगणित कठिनाइयोंका सामना करते हुए आज अपनी रजतजयन्ती मना रही है। स्वर्गीय भाई शिवप्रसादजी गुप्तके ही प्रयास इसके कारण हैं और काशी विद्यापीठके उपलक्षमें कोई भी बात सामने आने पर गुप्तजीका स्मरण आये बिना नहीं रहता। जो आता है उसे शीघ्र या विलम्बसे जाना तो पड़ता ही है। धन्य वे हैं जो इस प्रकारके कार्य करके जाते हैं। काशी विद्यापीठ चिरजीवी रहकर देशकी अधिकाधिक सेवा कर सके यही मेरी कामना है।

१८।१२।४६

गोविन्ददास
महाकोशल कांग्रेस।

* * * *

काशी विद्यापीठकी रजतजयन्ती मना रहे हो, जानकर बड़ी खुशी हुई। आप इने गिने उन राष्ट्रीय विद्यापीठोंमेंसे एक हैं जिनकी स्थापना असहयोगके जमानेमें सन् १९२१ में हुई। आजकल करके उसको बीते २५ साल हो गये। परमात्माकी कृपा है कि आज हमारी मंशा सफल होनेको है। राष्ट्रीय शिक्षाने उस पुरुषार्थमें बड़ा ही कार्य किया है। अब उसको व्यापक करना होगा, और हमारे प्राचीन देशके लिए उचित राष्ट्रीय शिक्षाकी प्रणाली निर्माण करनी होगी। इस भावी कार्यमें अब आप कदम उठा रहे हैं, मैं परमात्मासे प्रार्थना करता हूं कि उसमें आपको सफलता दे।

कन्हैयालाल नाना भाई देसाई
अध्यक्ष, गुजरात प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी।

* * * *

श्री काशी विद्यापीठके रजतजयन्तीका पत्र मिला। धन्यवाद! आपका उपक्रम स्तुत्य है। स्व० भाई शिवप्रसाद गुप्तकी यह कृति है, उच्च कोटिके राष्ट्र सेवक निर्माण हों, यह उनकी मनीषा थी। हमारे यहांके भाई दाडेकरजी शास्त्रीको इसी संस्थाने बढाया, आचार्य नरेन्द्रदेवजी जैसोंने इस संस्थाको सींचा है। यह विद्यापीठ हिन्दुस्तानमें एक विशेष जीवित केन्द्र बने, यह मेरी भावना है।

पूनमचन्द राका
अध्यक्ष, नागपुर प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी।

JAMIA NAGAR, DELHI

On the occasion of the Silver Jubilee of the Kashi Vidyapith, the Jamia Millia sends its most cordial and fraternal greetings. It is more than mere coincidence that both our institutions celebrate their Jubilee almost simultaneously. We began the struggle for a new life together in the stormy years when our institutions came into existence, and today we must urge and help each other to hold fast to our cherished ideals and keep our aims and objectives always in front of us. Yours is one of the few institutions, indeed, that has done poineering work in transvaluating ideals of Indian Education, replacing the ideal of degree-giving universities with the ideal and national service, restoring education once again to the noble and sacred pedestal from where it shines and illumines the path of groping and blundering humanity. Today education must rise to the occasion and come to the rescue of humanity. In India so much more has to be done and the few institutions of your type shoulder a heavier civic and cultural responsibility. May God help you in your efforts to realise the worthy objectives that you have put before yourselves, and may the Kashi Vidyapith become more and more a symbol of the highest value of Indian and human culture.

14th. December, 1946.

Zakir Husain
Vice Chancellor, Jamia Millia Islamia.

* * * *

विद्यापीठकी स्थापना जिन पवित्र उद्देश्यों और लोकहितकी भावनाओंसे प्रेरित होकरकी गयी थी उसमें उसकी सफलता असन्दिग्ध है, राष्ट्रीय शिक्षा और राजनीतिक क्षेत्रमें राष्ट्रोन्नतिके लिए अनेक बाधाओंके उपस्थित होनेपर भी जो इस संस्थाने कार्य किया है वह स्वतंत्र भारतके इतिहासमें स्वर्णांकित होने योग्य है। भगवानसे आपके इस पवित्र आयोजनकी सफलता और इस संस्थाकी दिनोंदिन उन्नतिके लिए प्रार्थना है।

एन० के० मुकर्जी
मंत्री, प्रेममहाविद्यालय, वृन्दावन।

श्रीकाशी विद्यापीठेर रजत जयन्ती उपलक्षे विश्व भारतीर पक्ष हइते आपनादेर सादर अभिनन्दन ज्ञापन करितेछि। भारतेर जातीय जागरणेर सन्धिक्षणे विद्यापीठ ओ विश्वभारती एकइ पथेर पथिक रूपे यात्रा आरम्भ करियाछिल, नवजागृत चेतनार परि-प्रेक्षित भारतीय संस्कृति के जगतेर सन्मुखे उपस्थित करिबार दायित्व उभय-प्रतिष्ठान एकइ समय ग्रहण करिया छिल। आज एइ महान् व्रत ग्रहणेर पंच विंशति वत्सर अतीत हइते चलियाछे। बहु बाधा विघ्न उतीर्ण हइया उभयेइ आज साफल्येर पथे बहुदूर अग्रसरे होइयाछे। पंचविंशति वत्सर पूर्वे कर्तव्य ग्रहणेर दिने एइ पथे आमादेर सहयाईतीर अभाव छिल। आज उभयेर दर्शित पश्चादगामीर पदशब्दे मुखर। भारतीय ऐतिह्येर रुप विश्ववासीर सन्मुखेर मूर्त करिया तुलिबार जन्म एइ दूई प्रतिष्ठानेर प्रचेष्टार कथा स्मरण करिया विश्वभारती आज विद्यापीठ के प्रेद्धायुक्त अभिवादन प्रेरण करितेछे। आर देशवासी नवतर प्रेरणाय उदबुद्ध करार साधना तहार मध्ये नित्थ नूतन सफलताय मण्डित हइया उठुक एइ कामना जानइतेछे। विश्वभारतीर प्रतिष्ठाता आचार्य रविन्द्रनाथ छिलेन भारतीय शिक्षा ओ संस्कृतिकेर एकनिष्ठ साधक ओ वाणी-वाहक। आज एइ शुभ दिने तांहारक वाणी आदरण करिया श्री काशी विद्यापीठके आंतरिक अभिनन्दन ज्ञापन करितेछि।

शिक्षार द्वारा आभरा पूर्ण परिणात आमराइ हइवो, ए एकान्त आश्वास हृदये लइया जातीय विद्या मन्दिरके प्रणाम करि। एखाने आमादेर छात्रगण येन शुद्ध मात्र बिधानहे, ताहरा येन श्रद्धा, येन निष्ठा, येन शक्ति लाभ करे—ताहरा येन अभय प्राप्त हय—ताहरा येन अष्ठि मज्जार मध्ये उपलविधे करे—

सर्व परवसं दुखं सर्व मात्मवशं ,सुखम्।

भारतवर्षेर प्राचीन तपोवने ब्रह्म विद्या परायण गुरु मुक्तिकाम छात्रगणके मंत्रे आह्वान करियाछिलेन, से मंत्र बहुदिन एदेशे धनि ध्वनित हय नाइ, आज आमादेर विद्यालय सेइ गुरुर स्थाने दण्डायमान हइया ब्रह्मपुत्र एवं भागीरथीर तीरे तीरे सेइ वाणी प्रेरणा करुरव।

आपनि ओ विद्यापीठेर अन्यान्य क्रर्मिवृन्द आमादेर स प्रीति सम्भाषण ग्रहण करुन। आपनादेर वय जयुक्त हउक।

इति—

श्री रथीन्द्रनाथ ठाकुर

कर्मसचिव, विश्व भारती।

काशी विद्यापीठ उत्तर भारतकी प्रमुख राष्ट्रीय शिक्षा संस्था है जो कांग्रेसके असहयोग आन्दोलनके फल-स्वरूप १९२१ में २८ माघ १९७७ को महात्मा गान्धीकी प्रेरणा, डा० भगवान्दासजीकी योजना और स्व० बा० शिवप्रसादजीकी आर्थिक सहायताके द्वारा संस्थापित हुई थी। इसके संस्थापकोंकी इस त्रिमूर्तिकी इच्छाओं और आदर्शोंकी प्रतिच्छाया इस संस्थाके जीवनमें भली भांति प्रस्फुटित हुई है। अपने संस्थापकोंकी आकांक्षाओंके अनुरूप उसने राष्ट्रीय सेवाका आदर्श सदैव अपने सामने रखा है और अपने २५ वर्षके इस छोटे सेवाकालमें अनेकों विघ्न बाधाओं, कठिनाइयों और भीषण दमन चक्रोंका साहस पूर्वक सामना करते हुए अपने आदर्शोंकी रक्षाकी है। उस युगमें जब कि काशी विद्यापीठकी स्थापना हुई थी उसी प्रकार भावनाओंसे प्रेरित होकर अनेक स्थानोंपर अनेक शिक्षा संस्थाओंकी स्थापना हुई परन्तु उनमेंसे कुछ थोड़े समय बाद विलीन हो गई, कुछ आर्थिक कठिनाइयों और विघ्न बाधाओंके कारण अपने आदर्शोंकी रक्षा न कर सकीं। परन्तु यह बड़ी प्रसन्नताकी बात है कि अपने संस्थापकोंके तपः प्रभावसे काशी विद्यापीठ अपने आदर्शोंके अनुरूप राष्ट्रकी सेवा करते हुए अपने जीवनके २५ वर्ष समाप्तकर आज अपनी रजत जयन्ती मनानेका सौभाग्य प्राप्त कर सका है; इसके लिए उसके संचालकोंको बधाई है। यह प्रारम्भिक २५ वर्षका जीवन संघर्ष, कठिनाई और तपस्याका जीवन था, विद्यापीठ उसको सफलता पूर्वक पालन कर चुका है। आज हम स्वाधीनताके द्वार पर खड़े हैं, आगे आशा और प्रकाशका युग आ रहा है, उसमें विद्यापीठके यथार्थ सौन्दर्यका विकास हो सकेगा ऐसी आशा है।

गुरुकुल वृन्दावन ज्येष्ठ भ्राताके नाते विद्यापीठके इस रजत जयन्ती महोत्सवपर अपरिमित आनन्दका अनुभव कर रहा है। हम कुलवासियोंकी शुभाकांक्षाएं और सद्भावनाएं विद्यापीठके साथ हैं हमें विश्वास है कि विद्यापीठका भावी जीवन और भी अधिक सुन्दर ढंगसे विकसित होगा और उससे अध्यात्मवाद और भारतीय संस्कृतिका गौरव बढ़ेगा और राष्ट्रका कल्याण होगा। तथास्तु

विश्वेश्वर, सिद्धान्त शिरोमणि

आचार्य गुरुकुल वृन्दाबन।

१ जनवरी १९४७

श्रीकाशी-विद्यापीठस्य रजतजयन्तीमहोत्सवे

श्रीकाँगड़ीगुरुकुल-विश्वविद्यालयसमर्पितम्

अभिनन्दनम्

[*कवयिता—साहित्याचार्यः श्रीवागीश्वरो विद्यालङ्कारः गुरुकुल-विश्वविद्यालयप्रस्तोता*]

१

पुण्यापुरी पुरहरस्य मनोहराऽसावान्दोलिकेव शिशुभारतसंस्कृतेर्या
भागीरथी-विमलवीचि-परम्परासु संक्रान्तक्रान्तिरनिशं सुचिराद् विभाति ॥

२

या स्मृत्यतीत-समयाच्छ्रुति-शास्त्रसार्थ - निःस्वार्थभावपरिशीलन - पेशलानाम् ।
निष्कल्मषाऽक्रियत विप्रकुलोत्तमानां स्वाध्यायसद्ध्वनिभिरञ्चितदिग्दिगन्ता ॥

३

देवाऽऽपगाप्रतिफलत्तटवर्तिसौधसान्ध्यप्रदीप - निवहं निभृतं वहन्ती ।
आभाति यत्र हृदयाऽङ्कुरितारुणाऽऽभप्रज्ञानबीजनिकरं रुचिरं हरन्ती ॥

४

या सत्यभाषणचणस्य नृपस्य शैव्याजानेर्दृढव्रतपरीक्षणसाक्षिणी च ।
अद्यापि रात्रिषु मुहुर्ज्वलितप्रदीपा तद्दृश्य-दर्शनसमुत्सुक-लोचनेव ॥

५

या वर्धिता मदनमोहन - मालवीयैर्ब्रह्मोपमैरनुपमाऽद्भुतया स्वकृत्या ।
कैलाशशोभिभवनं नवहिन्दुविश्व - विद्यालयं समुपहृत्य च शारदायै ॥

६

तत्राऽवसद् वसुरिवाऽर्यकुलाऽवतंसः सर्वातिथेयगुणभृत् प्रथितप्रभावः ।
श्रीमानुदारहृदयः सुगृहीतनामा गुप्तोऽपि सर्वविदितो नु शिवप्रसादः ॥

७

धीरः स्वधर्मरुचिरास्तिकबुद्धिरार्यवृत्तः स्वदेश - हित - तप्ततनुर्विपश्चित् ।
श्रीशारदाकरसरोरुह - लालितोक्त - माज्ञो यथार्थविनियोगसुसत्कृतार्थः ॥

८

सोऽस्थापयत् स्थिरनिधिं निजमातृभाषा-श्रीवृद्धये प्रयतमानसुलेखकानाम् ।
सम्माननाय निजबान्धव - मङ्गलाप्रसादप्रियस्मृतिपुरस्कृतिमत्युदारः ॥

९

यस्याऽद्भुतप्रतिभया रचितां विविक्तां श्रीभारतप्रतिकृतिं स्फटिकाभिरामाम् ।
चन्द्रोज्ज्वलां स्वहृदये सततं दधाना सा विश्वनाथनगरी न गरीयसी किम् ॥

१०

यश्चानुभूय विषवद् विषमां विदेशि-शिक्षां ततः स्वतरुणान् परिरक्षितुं च ।
अर्थाननर्थजनकान् क्षणिकान् समर्प्य यज्वाऽजुहोज्ज्वलित-पाप्मनि सर्वमेधे ॥

११

धन्यो वदान्यपरिपद्यनवद्यकीर्तिः संकल्प्य लक्षदशकल्पमनल्पवित्तम् ।
अन्यं निधिं गुण निधिः प्रविधाय विद्यापीठं व्यधात् कमठपृष्ठदृढप्रतिष्ठम् ॥

१२

यस्याऽऽदितः सुरगुरुप्रतिमः समस्त-तन्त्रस्वतन्त्रधिषणो मुनिवृन्दवन्द्यः ।
आचार्यतां विरचयन् भगवानदासोऽकार्षीत् समुन्नतिपथाग्रसरं मनस्वी ॥

१३

तस्यैव मङ्गलमयीभिरजस्रमाशीराश्यम्बुवृष्टिभिरवाप्य नितान्तपुष्टिम् ।
तुष्टिं तनोति नितरां निजमातृभूमेश्छायाफलप्रभृतिभिर्विनिवार्य तापम् ॥

१४

तत् स्वायुषः समतिवाह्य च पञ्चविंश-वर्षं मनःसु विदधत् सुहृदां प्रहर्षम्।
संवर्ध्यतां जगति केन न नाम धन्यं पुण्ये जयन्त्यवसरे शुभकामनाभिः ॥

१५

भागीरथी-परिसराद्धिमवत्प्रदेशात् श्रीकाँगड़ीगुरुकुलं प्रियमस्मदीयम्।
स्नेहाञ्जलिं खलु समर्प्य समानधर्मसंस्थाऽभिनन्दनममन्दमिदं करोति ॥

१६

स्वाधीनतोच्छ्वसित-पावन-भारतीय-वाताऽऽवृतावुचितरक्षण - शिक्षणाभ्याम्।
छात्रानदो वितनुताज्जनता - जनार्दनाराधनाविधिसमर्पितजीवनान् हि ॥

१७

स्वाध्यायसत्यतपसामनले निजान्ते-वासिव्रजं तु विरचय्य समित्समूहम्।
ज्ञानाध्वरोऽयमनिशं हरितां मुखानि-पुण्याहुतिप्रसृतसौरभवन्ति कुर्यात् ॥

स्नेहवशंवदः

श्रीप्रियव्रतो वेदवाचस्पतिः

(काँगड़ी–गुरुकुल–विश्वविद्यालयाचार्यः)

श्री काशी विद्यापीठके रजतजयन्ती महोत्सवपर

काँगड़ी गुरुकुल विश्वविद्यालयका

अभिनन्दन

१

त्रिपुरके शत्रु शंकरकी यह पवित्रपुरी चिरकालसे भागीरथीकी निर्मल तरंगावलीमें प्रतिबिम्बित होती हुई भारतीय-संस्कृतिरूपी शिशुके लिये पालना सी प्रतीत होती है।

२

स्मरणातीत समयसे श्रुति और शास्त्रोंका निष्कामभावसे अध्ययन करनेवाले ब्राह्मणकुल शिरोमणियोंके स्वाध्यायकी ध्वनियोंसे व्याप्त दिगन्तोंवाली यह पुरी निष्पाप हो रही है।

३

सायंकालके समय, जब तटवर्त्ती भवनोंमें प्रदीप पंक्तियाँ प्रज्वलित हो उठती हैं तो उनके प्रतिबिम्ब देवनदीके जलमें ऐसे प्रतीत होते हैं, मानो यहांके विचारशील विद्वानोंके हृदयोंमें अंकुरित हो रहे ज्ञान-विज्ञानोंके नवनव बीजसमूहोंको वह चुपकेसे अपने आँचलमें छिपाकर लिए जा रहा है।

४

रात्रिके समय यहाँ जब दीपक जगमगाने लगते हैं तो ऐसा ज्ञात होता है कि प्रसिद्ध राजा हरिश्चन्द्र और रानी शैव्याके दृढव्रतकी परीक्षाके अद्भुत दृश्य देखनेके लिए यह नगरी आज भी उत्सुक है।

५

पितामह ब्रह्माके समान महामना श्री मदनमोहन मालवीयने भी अपने अद्भुत कर्त्तृत्वके परिचायक, कैलाश शिखरावलीके समान विशाल भवनोंसे सुशोभित हिन्दू विश्व विद्यालयका निर्माण कर और उसे भगवती सरस्वतीके चरणोंमें समर्पित कर इसके गौरवको और बढ़ा दिया है।

६

इसी काशीपुरीको कुबेरके समान संपन्न, वैश्यवंशके शिरोमणि, सबका आतिथ्य करनेमें कुशल, प्रशंसनीय चरित्रवाले, उदार हृदय, सुगृहीतनामा, गुप्त होते हुए भी सर्वप्रसिद्ध श्री बाबू शिवप्रसाद गुप्तने अपने जन्मसे अलंकृत किया।

७

श्री बाबू शिवप्रसाद गुप्त स्वभावसे गंभीर, धर्मानुरागी, सदाचारी, देशसेवाके कार्योंमें सुखदुःखकी परवाह न करनेवाले महानुभाव थे। उनपर लक्ष्मी तथा सरस्वती दोनोंकी समान कृपादृष्टि रहती थी। उन्होंने सोच सोच कर अपने विपुल धनका व्यय ऐसे लोकोपकारके कार्योंमें किया कि वह भी कृतार्थ हो गया।

८

उन्होंने मातृभाषा हिन्दीके सुलेखकोंका सम्मान करनेके लिए अपने बंधु स्वर्गीय श्री मंगलाप्रसादजी की पुनीत स्मृतिमें "मंगलाप्रसाद-पुरस्कार-स्थिरनिधि" की स्थापना की।

९

चन्द्रोज्ज्वल संगमरमरसे निर्मित मातृभूमि भारतकी भव्य भौगोलिक प्रतिमा उन्हींकी सुन्दर सूझका परिणाम है, जिसे अपने हृदयमें धारण कर विश्वनाथकी नगरी काशी भी अपनेको गौरवान्वित समझती है।

१०

बाबू शिवप्रसाद गुप्तने जब यह अनुभव किया कि सरकारी शिक्षणालयोंमें प्रचलित शिक्षा विषैली है तो अपने नवयुवकोंको उससे बचानेके लिए उन्होंने सर्वमेध यज्ञ करके उसमें उस समस्त संपत्तिकी आहुति दे दी जो कि संसारमें सब अनर्थोंकी जड़ समझी जाती है।

११

उस संपत्तिसे उन्होंने दस लाख रुपयेकी एक और स्थिरनिधिकी स्थापना की, जिसके द्वारा राष्ट्रिय शिक्षणालय श्रीकाशी विद्यापीठको ऐसे सुदृढ़ आधारपर खड़ा कर दिया मानो उसकी नींव आदि कच्छपकी पृष्ठ पर ही प्रतिष्ठित कर दी हो।

१२—१३

इस संस्था को प्रारंभसे ही देवगुरु बृहस्पतिके समान समस्त शास्त्रोंके पारङ्गत मुनिजनोंके भी माननीय श्री डॉक्टर भगवानदास जी जैसे आचार्य भी मिल गए, जिनके आशीर्वादोंकी निरन्तर वृष्टिमें यह उत्तरोत्तर उन्नति करती चली गई और वह आज अपनी छाया और फलों द्वारा मातृभूमिके संतापका निवारण कर रही है।

१४

अपनी आयुके पच्चीसवें वर्षको सकुशल समाप्त करके अपने शुभचिन्तकोंके हृदयमें आनन्दका प्रसार करते हुए इस विद्यापीठकी रजतजयंतीके शुभ अवसरपर कौन इसका अभिनन्दन करना नहीं चाहता ?

१५

इस शुभ अवसरपर भागीरथीके तट और हिमालयके प्रदेशसे हमारा काँगड़ी गुरुकुल विश्व-विद्यालय स्वसमानधर्मा इस संस्थाका अभिनंदन करनेके लिए यह प्रेमपुष्पाञ्जलि समर्पित करता है।

१६

इसकी यह मंगल कामना है कि काशी विद्यापीठ स्वतंत्रताके विशद भारतीय वातावरणमें देशके तरुण गणको रखकर और उसे शिक्षित करके इस योग्य बनाता रहे कि वह जनता जनार्दनकी सेवामें अपना जीवन समर्पित करने में संकोच न करे।

१७

यहाँके छात्र इस विद्यापीठ रूपी ज्ञानयज्ञमें प्रज्वलित स्वाध्याय, सत्य और तपकी अग्निमें अपने जीवनकी समिधाएँ डालकर समस्त दिग् दिगन्तोंको अपने सौरभसे सदा सुवासित करते रहें।

स्नेह वशंवद

श्रीप्रियव्रत वेदवाचस्पति आचार्य

(गुरुकुल विश्वविद्यालय काँगड़ी—हरिद्वार)

श्रीशङ्कराचार्याणामवतारकालविमर्शः

पण्डितः श्री भाऊशास्त्री वझे महोदयः

अष्टवर्षे चतुर्वेदी द्वादशे सर्वशास्त्रवित् ।
षोडशे कृतवान् भाष्यं द्वात्रिंशे मुनिरभ्यगात् ॥

श्रीमदाचार्याणां नानाग्रन्थप्रसिद्धनानाविधचरित्रेषु सन्ति बह्व्यो विप्रतिपत्तयः । तथापि पञ्चमे वयसि व्रतबन्धः, अष्टमे वेदाध्ययनं, द्वादशे शास्त्राध्ययनं, षोडशे प्रस्थानत्रयीभाष्यप्रणयनं, द्वात्रिंशे प्रस्थानमित्यत्र नास्ति विप्रतिपत्तिस्तर्ककर्कशानामपि । एतन्मध्यवर्ति-लौकिकालौकिक-चरितविषयिकाः सन्ति विप्रतिपत्तयो नैकशो नैकविधाः । तत्तु पश्चात् विचारयिष्यामः । प्रथमं तावदाचार्याणामवतारकालो विमृश्यते ।

पराक्रमितं चात्र बहुभिर्विद्वद्भिः पाश्चात्यैः पौरस्त्यैश्च करालकलिकालतिमिराच्छन्नं शनैर्भूम्युत्खननादिसाधनैः प्रतिवर्षं प्रकाशपदवीमानीयमानं प्राचीनभारतेतिहासं प्रमाणीकृत्य महानुभावादिग्रन्थांश्चाश्रित्य यावद्बुद्धिबलोदर्कमित्यत्र नास्ति सन्देहलेशोऽपि । सङ्गिरन्ते हि नव्याः सर्वे ऐतिहासिकाः (७८८) ख्रिस्ताब्दे आचार्याणामवतार इति ।

ततः शतं वर्षाण्यपकर्षितुमनुमोदन्ते तिलकमहोदयाः स्वीये गीतारहस्ये । ततश्च ६८८ ख्रिस्ताब्देऽवतार इति तन्मतम् ।

वयं तु अद्ययावदस्मदुपलब्धप्राचीनभारतीयेतिहाससचिवैः श्रीमदाचार्यकृतप्रस्थानत्रयीभाष्योदाहृतदृष्टान्तप्रमाणैस्तत्पूर्वापरकालिकान्यग्रन्थग्रथितोदाहृतप्रमाणैश्चाचार्याणामवतारकालविमर्शं कर्तुमीहामहे । प्रसङ्गाप्रसङ्गायातमन्यच्च विचारयिष्यामहे ।

नाविदितमेव सर्वेषां प्रेक्षावतां यत् युगान्तरनिर्माणशक्तानां महामहिम्नामीश्वरांशावतारणां पुरुषधौरेयाणां यथावच्चरिताधिगमे पूर्वग्रहविधुरं पूर्वापरसमकालनिरीक्षणं सन्निपत्योपकारकमिति ।

आचार्यपूर्वकालः—

श्रीमदाचार्यादव्यवहित-पूर्वकाले साम्राज्यद्वयमासीत्। एकं गुप्तसाम्राज्यं (२७५) पंचसप्तत्यधिकद्विशतखिस्ताब्दमारभ्य दशाधिकपञ्चशत (५१०) पर्यन्तम्। ततः परं द्वात्रिंशदधिकसप्तशत (७३२) पर्यन्तं गुप्ता मगधे सामन्तराजरूपेणैवासन्। अपरं हर्षसाम्राज्यं षडधिकषट्शतखिस्ताब्द (६०६) मारभ्य यावत्सप्तचत्वारिंशदधिकषट्शतवर्षं (६४७) मासीदित्यत्र नात्र वैमत्यं केषाञ्चित्।

गुप्तसार्वभौमाः गरुडाचिन्हाङ्कितकेतवः परमभागवता अपि अश्वमेधयाजिनः, प्रतिपक्षपक्षच्छेदने क्रकचकल्पा अपि विद्वद्वदनारविन्दनिर्गलितकाव्यालङ्कारनाटकादिनिष्यन्दरसिकाः, पण्डितमण्डलमण्डनायमानानेकविद्वद्विभूषितसाम्राज्या आसन्। द्वितीयचन्द्रगुप्ताश्रितो ह्यनितरसाधारणः कविसार्वभौमः कालिदासः (३७५) अन्येऽपि बहवो नानाशास्त्रविदो नानाग्रन्थप्रणेतारश्चामरसिंह (५००) क्षपणक-वराहमिहिर (५०५–५८७) आर्यभट्ट–ब्रह्मगुप्त (४७६) गौडपाद, भर्तृहरि–वेताल–शंकुप्रभृतयः पण्डितवरेण्या भिन्नकाला भिन्नदेशा अपि गुप्तसाम्राज्यकाललब्धजन्मान एवासन्। किं बहूक्त्या गुप्तसाम्राज्यं हि वैदिकानां स्वर्णयुगमासीदित्येव सुवचम्।

ऊनचत्वारिंशदधिकपञ्चशता (५३९) ब्दे परमार्थो नाम कश्चन बौद्धपण्डितश्चीनाधीशाहूतश्चीनदेशं गत्वा तत्र गौडपादविरचितसांख्यकारिकाभाष्यं चीनभाषायामनूदितवानित्ययमितिहासः षष्ठे शतके गौडपादानामवस्थितिं प्रमाणयति।

अथ कालचक्रचङ्क्रमणेन मन्दप्रभे गुप्तसाम्राज्ये उदयाद्रिमारूढं हर्षसाम्राज्यम्। सम्राडपि हर्षो न गुप्तानामिव भारतसम्राडासीत्। दक्षिणदिग्विजययात्राप्रसङ्गे नर्मदायामेव विंशत्यधिकषट्शत (६२०) वर्षे चालुक्यपुलकेशिनाऽवरुद्धो नर्मदामेवात्मनः शर्मदां साम्राज्यसीमां व्यदधात्। इदं हि हर्षकालिकं सप्तमशतकं बौद्धमतस्य जराकालः, शाङ्करवेदान्तस्य उदयकालः सर्वसम्प्रदायानां सङ्ग्रामभूमिः, समुच्चयवादस्यास्तकालः, भारतसाम्राज्यस्य विच्छेदकालो बभूवेति सम्प्रतिपन्नं सर्वेषाम्।

हर्षसाम्राज्ये—गुप्तसाम्राज्यवासितान्तःकरणासु प्रजासु शिवविष्ण्वादीनामुपासनाः प्रचलिता एवासन् हर्षान्तःपुरेष्वपि। हर्षः स्वयंविद्वान् ग्रन्थप्रणेता, विद्वज्जनसमाश्रयो, महामाहेश्वरोऽपि बौद्धधर्मिण्या स्वभगिन्या प्रोत्साहितो गजमयुद्धेन च निर्विण्णो बौद्धपण्डितप्रवचनैः प्रभावितः श्रुताशोकराजकीर्तिस्तत्सारूप्यमात्मनि सम्पादयितुं बौद्धधर्माभिमुखो बभूव। तथापि वैदिकपण्डितानन्यांश्च पाशुपतभागवतमताभिमानिनो नावमनुते स्म।

हर्षस्य बौद्धधर्माभिनिवेशेन मुमूर्षुर्बौद्धधर्मः पुनरपि वासन्तद्रुम इव नूत्नां सुषमां वहन्नाचकर्ष जनसाधारणानां चेतांसि। प्रतिपर्व विष्ण्वादिपूजोत्सवशोभायात्रादिभिः बौद्धपूजोत्सवशोभायात्रादीनां समुच्चयः, स्तूपानां लक्षद्वयसंख्याकभिक्षुपर्यायमठानां च निर्माणं तत्साम्राज्यकाले भवदासीदिति हि ऐतिह्यम्।

वैदिक युगमें विचारोंके गरुड़ ज्ञानके आकाशमें बहुत ऊंचे उड़े। वह ज्ञानका सद्यः प्रभात था, उसकी उषःकालीन रश्मियोंसे स्फूर्ति पाकर मनके वैनतेयने प्रचण्ड शक्तिके साथ अपने पंख फड़फड़ाये। पृथिवी और द्यु-लोकके अनन्त अन्तरालमें ज्ञान-सुपर्णने अपने लिए जितना प्रदेश नापा वही संस्कृतिके विस्तारका भूगोल निश्चित हुआ। पृथिवी सूक्तके ऋषिने प्रार्थना की है कि पृथिवी हमारे लिए 'उस लोक'की कल्पना करे। यह 'उस लोक' या महान् विस्तार ज्ञानके आकाशमें हर एकको अपने लिए बनाना पड़ता है। वामन-पुरुष विराट् विचारोंसे त्रिविक्रम बनकर तीनों लोकोंको अपने चरणोंसे नाप लेता है। वैदिकयुगमें 'इदं विष्णुर्विचक्रमे'के द्वारा विक्रमके स्वर गम्भीर हुए।

यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेषु अधिक्षिपन्ति भुवनानि विश्वा—जिसके तीन विस्तृत चरण-न्यासोंमें त्रिभुवन समाया हुआ है—इस दृष्टिकोणके अनुभवसे ऋचाओंके विद्वान् गायक विश्वासके साथ ज्ञानके नये प्रदेश जीतने निकले; उनका प्रातिभ चक्षु खुला, वैदिक भाषामें वह फूलकर बाहरकी ओर आया और अश्वमेधके अश्वकी तरह उस चक्षुने स्वच्छन्द विचरण किया, उरुक्रम गतिसे द्यावा-पृथिवी, समस्त लोक और दिशाओं का उसने चक्कर लगाया—

परि द्यावा पृथिवी सद्य इत्वः
परि लोकान् परिदिशः परिस्वः—

जिससे ज्ञानका अश्वमेध पूर्ण हुआ। भारतीय दर्शनका उषःकाल या वैदिक दर्शन ज्ञानके मेध्य अश्वका सिर है—

उषा वै मेध्यस्य अश्वस्य शिरः।

वैदिक दर्शनमें जो महिमा या वरिष्ठ-भाव है वह अन्यत्र दुर्लभ है। ऋग्वेदमें एक सुन्दर शब्दका प्रयोग हुआ है—'महयाय्य,' जिसका अर्थ है वह कार्य जो बड़ाईके योग्य हो। हम कह सकते हैं कि संस्कृतिकी पौ फटनेके समय उसकी प्रथम व्युष्टि या प्रभातमें ऋषियोंने ज्ञानाग्निका जो समिन्धन

किया वह एक महयाय्य कर्म था, जिसके उचित मूल्य आंकने और प्रशंसा करनेका अनुकूल समय अब उपस्थित हुआ है।

दूरंगम विचरणके योग्य बननेके लिए मनको सर्वप्रथम अपना ही संस्कार करनेकी आवश्यकता होती है। ध्यानकी प्रक्रियासे मनका यन्त्र बलवान् बनाया जाता है, ध्यान ही समाधि है। 'युंजते मन उत युञ्जते धियः'का सत्य सृष्टिका सत्य है। धी-युंजनके द्वारा मनुष्य जड़-जगत्से अपने आपको ऊपर उठाता है। 'धीमहि' वैदिक दर्शनका नियामक सूत्र है। 'धी-युंजन' और 'धी-प्रचोदन' इन दो चक्रोंसे वैदिक-दर्शनका रथ गतिमान् हुआ। विश्वकी विचार-शक्तिके नियन्ताने मनुष्यको 'धी' प्रदान की है और वह उस धी या बुद्धिको प्रेरित करता है। हमें उचित है कि उस 'धी'को हम उसी नियन्ताकी महिमाका चिन्तन करने और समझनेके लिए प्रयुक्त करें, यही 'धी-युंजन' के लिए पवित्रतम कर्तव्य है। 'धी-प्रचोदन' देवोंका कार्य है और 'धी-युंजन' मानुषी कर्म है।

मन ही 'कल्प वृक्ष' है। इसका 'कल्प' शब्द चिन्तन या ध्यानका पर्यायवाची है। ध्यानरूपी कल्पवृक्षके नीचे ही भारतीय संस्कृति विकसित हुई है। कल्प या चिन्तन दो प्रकारका होता है—समाधि-युक्त या संकल्प और व्याधि-युक्त या विकल्प। सम्यक् दर्शन या संकल्पको वैदिक दर्शन और संस्कृतिमें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रत्येक व्यक्तिके मस्तक पर विचार या चिन्तनकी चिन्तामणि और वक्षस्थल पर दृढ़ संकल्पकी कौस्तुभमणि सुशोभित हो यही शक्तिकी पूर्णता है। वैदिक दर्शनका विचार करते समय पहले उस दर्शनके स्रष्टा हमारे सामने आते हैं, जिन्हें कवि और ऋषि कहा गया है। कवि क्रान्तदर्शी होते हैं, ऋषि भी साक्षात् दर्शनकी सामर्थ्यसे युक्त होते हैं। वैदिक दर्शन अथसे इति तक तत्त्वको साक्षात् करनेका एक बलवान् प्रयत्न है। वह केवल बुद्धिका कुतूहल नहीं है। उसके क्षेत्रमें प्राण सत्यको अधिकृत करनेकी सशक्त चेष्टा करता है, उस प्रयत्नमें सफल होकर ही उसे शान्ति प्राप्त होती है। सत्यका जबतक अनुभव नहीं होता तबतक प्राण अपने संतुलनको प्राप्त नहीं कर पाता।

इस दृष्टिसे वैदिक दर्शनको स्वयं अपनी स्थिति और वृद्धिके लिये तपोमयी जीवन-प्रणालीका आविष्कार करना पड़ा। जब तक तपके द्वारा शक्ति ऊर्ध्वस्थित नहीं होती तब तक अमृत-सृष्टि असम्भव है। वैदिक वाङ्मयमें अनेक स्थानों पर तप और तपोमय जीवनका निरूपण मिलता है। तप वैदिक संस्कृतिका मेरुदण्ड है। वैदिक दर्शनके अनुसार स्वयं प्रजापतिने विश्वकी रचनाके लिए तप किया, उसके समिद्ध तपसे ऋत और सत्य उत्पन्न हुए जो सृष्टिके नियामक हैं। विश्वमें जीवनकी तीन कोटियां हैं—दैवी, मानुषी और आसुरी। दैवी सृष्टि तप पर आश्रित है, मध्यमें स्थित मनुष्य तपके

द्वारा ऊपर उठता है और तपके बिना नीचे आसुरी लोकोंमें गिरता है। इस प्रकार जीवनकी अनिवार्य आवश्यकताके रूपमें वैदिक द्रष्टाओंने तपके रहस्यका आविष्कार किया।

वैदिक दर्शन अत्यन्त विस्तृत ईक्षणका परिणाम है। ब्राह्मण ग्रन्थोंने मूलतत्वकी अनन्ततासे प्रभावित होकर स्वयं "अनन्ता वै वेदाः" कहकर अपने क्षेत्रका परिचय दिया है। इसको एक छोटे उपाख्यान द्वारा स्पष्ट किया गया है—

'भरद्वाज ऋषिने जन्मपर्यन्त तप किया, जब उनको दूसरा शरीर मिला तो फिर तप किया, इस शरीरके गिरने पर तीसरे शरीरमें भी वे तप करने लगे। उनके तीन जन्मके तपको देखकर इन्द्रने सामने प्रकट होकर पूछा—'भरद्वाज क्या कर रहे हो?' उत्तर मिला—'वेदाध्ययनके लिए तप कर रहा हूं।' इन्द्रने फिर प्रश्न किया—'तुम्हें यदि एक जन्म और मिले तो क्या करोगे?' भरद्वाजने कहा—'इसी प्रकारी तप करूँगा।' इस समय भरद्वाजके सामने तीन पर्वत प्रकट हुए। इन्द्रने उनमेंसे एक-एक मुट्ठ भर कर फेंकते हुए कहा—

'भद्वराज ये पर्वत देखते हो?' वेद इन्हीं की तरह अनन्त हैं।

अनन्तताके भावने वैदिक विचार-धाराको बहुत प्रभावित किया है। वैदिक विचारक शरीरके वामन भाव या सीमाभावको सहन नहीं कर सकता, वह परिधिका असहिष्णु है, घेरा डालना उसे अच्छा नहीं लगता। कभी-कभी ऐसा मालूम होता है कि वह सब बन्धनोंको तोड़, उड़ कर विराट् विश्व में मिल जाना चाहता है। उसका उद्गार है—

इष्णन्निषाण, अमुं म इषाण
सर्वं लोकं म इषाण—

'मेरे लिये यदि कुछ चाहते हो तो यह चाहो कि वह लोक मेरे वशमें आ जाय और सारा विश्व ही मुझे मिल जाय।'

अनन्तको अनेक रूपों और प्रतीकोंसे प्रकट करनेका प्रयत्न वैदिक दर्शनकी विशेषता है। विष्णुका त्रिविक्रम रूप ग्रहण करना अनन्तताकी ही व्याख्या है। वामन या परिमित तत्त्व विराट् भाव में फैलता है। यही त्रिविक्रमका तात्पर्य है। देशके अतिरिक्त काल भाव भी अनन्त है, चक्रवत् परिभ्रमण अनन्तताको ही कहनेका एक प्रतीक है। विश्वका प्रवाह, संवत्सर या कालकी गति, अहोरात्रि का परिवर्तन—ये सब चक्र-गतिके उदाहरण हैं। सूर्यका रथ भी संतत्गामी एक चक्र पर घूमता है।

कालकी अनन्तताका वर्णन सहस्र देवयुगोंकी गणना पद्धतिसे जाना जा सकता है[1]। ऋग्वेदका सहस्र-शीर्षा पुरुष अनन्त ब्रह्मका ही दूसरा पर्याय है। वेदोंमें अनन्त भावके लिये सहस्र शब्द और सान्तके लिये शत शब्द आता है। सृष्टिके बाहर जो बच रहता है वह शेष है, शेष अनन्त है। जो सृष्टि—परिच्छिन्न है वह विष्णु है। विष्णु-अनन्त (सहस्रशीर्षा) के आधारसे स्थित है—इस कल्पनाका मूल 'सहस्रशीर्षः पुरुषः' सूक्त है। सहस्रशीर्षा पुरुषकी दूसरी संज्ञा 'त्रिपाद' या 'ऊर्ध्व' है। जो सृष्टिसे ऊपर या बाहर रहता है वही ऊर्ध्व है। उसके एक पादसे ही यह जगत् निर्मित होता है—

त्रिपादूर्ध्वमुदैत्पुरुषः पादोऽस्येहाभवत्पुनः।

विराट् जगत् और विराट्में पुरुषकी कल्पना यह वैदिक दर्शनका रोचक सूत्र है। प्रजापति ने अपने शरीरसे ही यह सृष्टि-यज्ञ रचा है। इसे बनाकर वह स्वयं इसमें रम रहा है—

तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्।

इसी कारण इस सृष्टिमें सर्वत्र चैतन्यकी सत्ता है और इसमें प्राणभाव और मनका अधिष्ठान है। विराट् और पुरुषको ही 'असौ' और 'अयं' कहा जाता है। जो 'असौ' है वही 'अयं' है। वैदिक दर्शन ब्रह्माण्ड और पिण्डकी एकताको स्वीकार करता है। जो यज्ञ विराट् विश्वमें हो रहा है वही एक पिण्डमें भी विद्यमान है। प्रत्येक केन्द्र पर उस विराट् यज्ञकी वेदी बनी हुई है, 'सर्वं सर्वत्र सर्वदा' सूत्र चैतन्यकी सब काल और सब स्थानोंमें अव्याहत सत्ताको प्रकट करता है। यज्ञ वैदिक दर्शनका प्रयोगात्मक विज्ञान है। वैध यज्ञसे विराट् यज्ञकी व्याख्याकी जाती है। अधिदैवको अध्यात्ममें देखना वैदिक कर्मकाण्डकी बड़ी विशेषता है। वैदिक मन्त्रोंमें अधिदैव और अध्यात्म अर्थ साथ-साथ चलते हैं। इस दर्शनने अपने लिए एक ऐसी परिपूर्ण भाषाका निर्माण किया जहांकी परिभाषाएँ एक ही साथ कई क्षेत्रोंमें काम देती हैं। यह उस भाषाका तेज है, पर इससे अर्थमें अनास्था नहीं आती। जो उस दृष्टिकोणको देख सकता है उसे अर्थ-गतिके कई प्रकार समानान्तर विकसित होते हुए स्पष्ट

१—पुराणोंमें इस महाकालके प्रतीक लोमश ऋषि हैं। सहस्र देवयुग ब्रह्माका एक दिन है। ब्रह्माकी ऐसी एक आयुका प्रमाण सौ वर्ष है। ब्रह्माकी आयु लोमशका एक दिन है। ब्रह्माकी जब एक आयु पूरी होती है तब लोमश अपना एक रोम उखाड़कर फेंक देते हैं। ब्रह्माकी आयु पर्यन्तकालमें लोमशका केवल एक रोआं जीर्ण होता है अर्थात् लोमशके एक-एक रोममें एक-एक ब्रह्माकी आयुके बराबर दीर्घकालका माप है। इस प्रकार काल की अनन्तता को मूर्तिमान् करनेवाले लोमश ऋषि हैं।

दिखाई पड़ते हैं। वैदिक भाषाकी इस समानान्तर द्योतक शक्तिने उस साहित्यको बड़ी समृद्धि प्रदान की है।

वैदिक दर्शनकी एक विशेषता यह है कि वहां 'इदमित्थं'का अभिनिवेश नहीं पाया जाता। कवियों के हृदय तरंगित होते हैं, वे किसी प्रकार जड़ीभूत चिन्तनका मर्षण नहीं करते। पथराये हुए विचारोंका उद्गिरण उनको प्रिय नहीं है। वे बराबर साक्षात् रूपमें सत्यके साथ टक्कर लेनेका प्रयत्न करते हैं। ऋग्वेदका कितना सुन्दर कथन है कि ज्ञानके अधिष्ठातृ देवताकी जो पुत्रियां हैं वे न तो बिल्कुल वस्त्रोंसे ढकी हैं और न बिल्कुल नग्न हैं—

दिवो यद्वीरवसना अनग्नाः (ऋ० ३।१।६)

जो गुह्य सत्य है उसकी रश्मियां न तो एकदम चाक्षुष विषयकी तरह प्रकट हैं और न वे इस तरह तिरोहित हैं कि कोई उन तक पहुंच ही न सके। मूल तत्त्वकी इस विशेषतासे अर्वाचीन विज्ञानको भी पाला पड़ा है और उसके चिन्तनकी शैली 'दो-और-दो-चार' जैसे ध्रुव सत्यपर इस समय अविचल नहीं है। संशय और द्विविधाकी छाया वैज्ञानिक विचारों पर पड़ चुकी है, परन्तु ऋग्वेदके उस आदि युगमें साहसी मनस्वियोंने यहां तक कह डाला था कि मनुष्यकी तो सामर्थ्य ही क्या इस सृष्टिका जो अध्यक्ष है वह भी स्वयं इसके मर्म और इसके तत्त्वको निश्चयपूर्वक जानता है या नहीं यह कहना कठिन है—

यो अस्याध्यक्षः परमेव्योमन् स अंग वेद यदि वा न वेद।

'वह जानता है', पर क्या सचमुच वह भी जानता है? (स अंग वेद यदि वा न वेद) इस प्रकार 'यदि वा'की इस ध्वनिमें जो सच्चाई और साहस निहित है वही वैदिक-दर्शनका आकर्षक सौन्दर्य है। मेधावी मैटरलिंकने नासदीय सूक्तके प्रभावशाली उद्गारोंके सम्बन्धमें अपनी पुस्तक 'महान् रहस्य' (ग्रेट सीक्रेट) में लिखा है—

'क्या मानवी साहित्यमें ऐसे शब्द मिल सकते हैं जो नासदीय सूक्तके इन शब्दोंसे अधिक उदात्त, इनसे अधिक विषादपूर्ण, इनसे अधिक तेजस्वी, इनसे अधिक श्रद्धामय और साथ ही इनसे अधिक डरावने हों? जीवन-प्रवाहके प्रारम्भमें ही इस देशमें इस प्रकार पूर्ण रीतिसे मनुष्यने अपनी अज्ञताको स्वीकार किया है। सहस्रों वर्षोंसे बढ़नेवाले हमारे गम्भीर संशय और सन्देहोंकी परिधि क्या कहीं इतनी विशाल बन सकी है, जितनी यहां है? अबतक जो कुछ इस दिशामें कहा जा सका है उस सबको फीका कर देनेवाले हमारे ये उषःकालीन वाक्य है। और कहीं ऐसा न हो कि जटिल संप्रश्नोंके पथ पर चलते हुए हम भविष्यमें निराश हो बैठें। इसलिये नासदीप सूक्तके

ऋषिने संशयवादके मार्गमें निर्भयतापूर्वक उससे भी कहीं अधिक कह डाला है, जितना हम भविष्य में कभी कह पायेंगे। वह इस प्रश्नके पूछनेमें भी नहीं हिचकिचाता कि ब्रह्मको भी इस सृष्टिका या अपने कियेका ज्ञान है अथवा नहीं।' सृष्टिकी जो बड़ी पहेली है, जिसे वैदिक भाषामें महान् संप्रश्न कहा गया है, उस संप्रश्नके साथ सींग पकड़कर टक्कर लेनेका प्रयत्न करते हुए वैदिक मनीषियों को कहना पड़ा—

'न सत् था, न असत् था। न कहीं अन्तरिक्ष था न उससे परे व्योम। कौन कहां गतिमान् था, किसकी किसको शरण थी? जल और गम्भीर सागर उस समय क्या थे?

'न उस समय मृत्यु थी, न अमृत। रात और दिनका विवेक कहां था? केवल वही एक वायुके बिना अपनी शक्तिसे प्राणन क्रिया कर रहा था। उससे अतिरिक्त कुछ न था।

'सर्वप्रथम उसमें काम उत्पन्न हुआ जो मनका अग्रिम रेत है। ज्ञानसे भरपूर विप्रोंने अपने ही अन्तस्तलमें खोजते हुए सत्के बन्धुओंको असत्में पाया।

'कौन जानता है? कौन कह सकता है? कहाँसे यह सृष्टि उत्पन्न हुई? देवता भी इसके जन्मके बाद हुए, तो फिर कौन जाने यह कहांसे विकसित हुई?

'यह सृष्टि कहांसे फैली? यह जन्मी भी है या नहीं? परम व्योममें इसका जो अध्यक्ष है वही इसे जानता है, पर वह भी जानता है या नहीं?'

इस सूक्तमें हृदयकी जो जिज्ञासा और प्रबल मनीषा है वह समस्त भारतीय दर्शनकी जिज्ञासा को मानो एक ही केन्द्र-बिन्दु पर प्रकट कर रही है। सृष्टिके गरिष्ठ प्रश्नके समाधानकी असफलता को इस प्रकार साहसके साथ स्वीकार करके सत्यके जिज्ञासुओंने विश्व-दर्शनके तोरण पर विचार-स्वतन्त्रताके अंक लिखकर उसका महान् उपकार किया है।

वैदिक सम्प्रश्नका ही दूसरा पक्ष—

एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति—(ऋ० १।१६।४।४६)

अनुभव है। इदमित्थं ज्ञानकी असंभवताके कारण 'बहुधा' पर आश्रित इस सूक्तका आविष्कार वैदिक तत्त्व-ज्ञानमें किया गया। ऋग्वेदमें तथा अन्य संहिताओंमें भी इस विचारको बार-बार दोहराया है। एक ही तत्त्व अनेक प्रकारसे प्रकाशित हो रहा है—

एकमेवाग्निः बहुधा समिद्धः (ऋ. ८।५८।२)

एकही आत्म-सुपर्णकी कवि लोग अनेक रूपसे कल्पना करते हैं—

सुपर्णं विप्राः कवयो वचोभिरेकं सन्तं बहुधा कल्पयन्ति

(ऋ० १०।११४।५)।

इस महान् प्रकृतिके चरितोंको भिन्न दृष्टि कोणोंसे देखते हुए मनुष्य पृथक्-पृथक् इसकी बहुत प्रकारसे मीमांसा करते हैं—

पश्यन्त्यस्याश्चरितं पृथिव्यां पृथङ्नरो बहुधा मीमांस्यमानाः।

(ऋ० ९।१।३)।

चित्तवान् ज्ञानियोंकी सृष्टि विषयक बहुविध मीमांसा ही अनेक छन्दोंके द्वारा प्रकटकी गयी है। 'बहुधा'के चक्षुओंको अपने प्रांगणमें स्थान देकर दर्शन-शास्त्रने अपने क्षेत्रको बहुत ही विशाल बना लिया। वेदका यह दृष्टिकोण समस्त भारतीय दर्शनके लिए अमृतकी तरह कल्याणकारी सिद्ध हुआ। समस्त जातिकी विचार-धारामें इसने सहिष्णुताकी छाप लगा दी। सहिष्णुता विश्वका सबसे ऊँचा धर्म है। सहिष्णु राष्ट्रके लिए ही संसारका भविष्य सुरक्षित है। जिनकी पताकाओं पर 'एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति' की उदार घोषणा है, वे ही अरण्यमें उगनेवाले वृक्षोंकी तरह स्वयं पनप सकते हैं एवं औरोंको जीवित रहनेका अवकाश प्रदान कर सकते हैं।

असत् और सत्, अमृत और मृत्यु, देव और असुर इस प्रकारके द्वन्द्व वैदिक दर्शनकी मानो खूटियां हैं, जिनपर विचारोंके छीकें टंगे हुए हैं। सृष्टिका द्वन्द्व और भी अनेक शब्दोंमें प्रकट हुआ है। अहो-रात्र, द्यावा-पृथिवी, शुक्ल-कृष्ण इसी द्वन्द्वके रूपान्तर हैं। ऋत और सत्य, आभू और अम्ब, नाम और रूपमें दर्शनका यही द्वन्द्व है। इस प्रकार द्वन्द्वके द्वारा विचारके संतुलनके संभालनेकी पद्धति वेद कालसे ही भारतीय दर्शनमें प्रारम्भ हुई। इन भिन्न-भिन्न ख्यातियोंमें से किसी एक पर विशेष बल देनेके कारण अनेक दार्शनिक मतवादोंका जन्म हुआ, किन्तु विवेचनाकी मूल पद्धतिका श्रेय वैदिक दर्शनको ही है।

इन बहुधा मीमांसाओंका एक दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष है। चिन्तनकी बहुविधता ज्ञानको अनेक टुकड़ोंमें बांटकर चूर-चूर न करदे, इसलिए ज्ञानके ब्राह्ममुहूर्तमें इस रक्षा-सूत्रका आविर्भाव हुआ कि ब्रह्मतत्त्व केवल एक और अद्वितीय है (एकमेवाद्वितीयम्)। एकत्वके प्रतिपादन और बहुत्वके निराकरणमें साहित्यिक शैलीका आश्रय लेते हुए कहा है—

यह देव एक और केवल एक है।
उसमें दूसरा तीसरा चौथा नहीं है।
पांचवां छठा सातवां भी नहीं कहा जाता।

आठवां नवां दसवां भी नहीं कह सकते।[1]

ब्रह्मकी एकतासे प्रभावित ऋषिकी वाणीका तेज यहां तक बढ़ा कि अन्तमें केवल 'एक, एक, एक' यही शब्द उसके मुखसे निकलने लगे।

स एष एकः, एक वृद्, एक एव।

वैदिक दर्शनमें विश्वके रोम-रोममें ओत-प्रोत संचालक और उसके नियमों पर विशेष बल दिया गया है। यह नियम दुर्धष और अखण्ड माने गये हैं। इनका पारिभाषिक नाम ऋत है। ऋत, वृहत् और उग्र कहा गया है। ब्रह्माण्डमें दूरसे दूर निकटसे निकटके सब पदार्थ ऋतके आधीन हैं। हमारी पृथिवीसे कोटानुकोटि प्रकाश वर्षोंकी दूरीपर स्थित ब्रह्म-हृदय नक्षत्र और इस क्षुद्र पृथिवीको एकता सूत्रमें बांधनेवाला ऋत है। राम-चरित-मानसका एक सुन्दर उपाख्यान ऋतकी अखण्ड व्यापकताको बताता है—

'रामसे बचनेके लिये गरुड़ जी अनेक ब्रह्माण्डोंका चक्कर काटते हैं, पर सब जगह रामकी भुजा उनका पीछा करती है।'

यह समस्त लोकोंमें एक अखण्ड नियमकी व्याप्तिको ही इंगित करता है। वैदिक मत यह है कि ब्रह्मने अपने मनकी शक्तिसे ऋतके तंतुका वितान या मापन किया है—

ऋतस्य तन्तुं मनसा विमानः। (अथर्व १३।४।९)

ऋतका तन्तु वरुणकी माया से सर्वत्र वितत है। धीर अपनी प्रज्ञाके बलसे इस तक पहुंचते हैं। ऋतके ध्यानसे पापभाव नष्ट होते हैं। ऋतके गानसे बहरे कान खुल जाते हैं। पृथिवी और आकाशके बीचका भारी अन्तराल ऋतसे भरा हुआ है। ऋतकी नींव अत्यन्त दृढ़ है।

ऋतस्य दृन्हा धरुणानि सन्ति। (ऋ० ४।२३।९)।

ऋतको जानना, ऋतकी रक्षा करना और ऋतके अनुसार ऋजु भावसे जीवन व्यतीत करना, यह ज्ञानका ऊंचा आदर्श है। ऋतज्ञ ऋतस्पतिये वैदिक आदर्शके अनुसार अत्यन्त सम्मानित समझे गये हैं। ऋत 'ऋ=गतौ', धातुसे बना है। विश्वके सत्यके अनुसार जो गति है वही ऋत है। पृथिवी

१—य एत देवमेकव्रतं वेद।
न द्वितीयो न तृतीयश्चतुर्थो नाप्युच्यते।
न पंचमो न षष्ठः सप्तमो नाप्युच्यते।
नाष्टमो न नवमो दशमो नाप्युच्यते। (अथर्व १३।१।१५-१९)

और सूर्य, ग्रह और नक्षत्र प्रत्येकके लिए एक ऋत नियत है। ऋतके मार्ग पर चलते हुए वे न डरते हैं और न लड़-खड़ाते हैं—

न विभीतो न रिष्यतः

ऋतके साथ गतिभावका विशेष सम्बन्ध है। वैदिक भाषा और विचार-पद्धति दोनोंमें गति-संचरण, विक्रमणका भाव साधारण रूपसे पाया जाता है। गत्यर्थक धातुओंकी विशेष संख्या उस युगकी निजी विशेषता है। सम्भवतः उषःकालीन प्राणके युगमें ऐसा होना स्वाभाविक ही है। तत्त्वके साथ साक्षात् टक्कर लेनेका प्रयत्न प्राणवान् दर्शनकी विशेषता होती है। कहीं 'सेतूँस्तर, सेतूँस्तर, सेतूँस्तर'के साम-गानमें जीवनकी प्रगतिके लिए पराक्रमशील भाव व्यक्त किये गये हैं। कहीं 'तरत्स मंदी धावति' के गानमें जीवनका वेग प्रकट होरहा है। आनन्दसे भरा हुआ हृदय मानो तैरता हुआ आगे दौड़ रहा है। कहीं इस पारसे उस पार कूदकर तत्त्व तक पहुंच जानेकी स्कन्दमयी प्रवृत्ति है। कहीं कालरूपी अश्वपर आरोहण करके उच्चतम जीवनकी ओर बढ़ जानेका भाव है और कहीं लोक और परलोकके सभी ऋण-बन्धनोंसे उऋण होकर पितृयान और देवयानके लम्बे मार्गोंको इसी जीवनमें पार कर लेनेका संकल्प है। वैदिक जीवन-शक्तिमत्ताके आदर्शकी उपासना करता है। शाक्करी मन्त्र यह कहते हैं कि जितना हम जीवनमें कर सकते हैं वही सब कुछ है। केवल विचार जीवनके लिए पर्याप्त नहीं हैं; उन विचारोंके अनुसार कर्म कर सकना सफलताकी कसाटी है। विचारोंसे कतराकर निकल जानेवाले उनसे कभी उऋण नहीं हो सकते। विचारोंके साथ जूझनेवाले ही उनके साथ न्याय कर सकते हैं। इस प्रकार का दृष्टिकोण वैदिक दर्शनके बहुत निकट है। वैदिक जीवन इसी प्रकारके कर्मण्य और जुझाऊ भावोंसे अनुप्राणित हुआ था।

वैदिक युगने समस्त भारतीय दर्शनके लिये विकासका मार्ग निर्धारित कर दिया। उस दर्शनके निर्माता बहुत ही सच्चे अर्थोंमें हमारी संस्कृतिका मार्ग बनानेवाले ऋषि थे, जिन्हें वैदिकभाषामें 'पथिकृत्' कहा गया। ज्ञानके पूर्वकालीन पथिकृतोंको प्रणाम करना विश्व-सामान्य धर्म है—

इदं नम ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृद्भ्यः ॥

(ऋ० १०।१४।१५)।

पूर्वकालके पूर्वज ऋषियोंको प्रणाम हो, जिन्होंने ज्ञानके अरण्यमें नयी पगडण्डियोंका निर्माण किया।

वैदिक दर्शन और अन्य दर्शनोंमें साहित्यिक शैलीकी दृष्टिसे एक महत्त्वपूर्ण अन्तर है। बादके युगमें दर्शनिक विचारोंको काट-छांट कर कर्म और व्यवस्थाके साथ सजाया गया है। वह एक वाटिकाकी तरह है। उसके तैयार करनेमें बड़ा परिश्रम करना पड़ा होगा। वाटिकामें क्यारियां अलग-अलग विभक्त, और उनके पौधोंका चुनाव भी अलग-अलग रहता है, किन्तु वैदिक दर्शन कवियोंकी रचना है, उनकी कविताका ओजायमान प्रवाह वर्षाकालीन झंझावातोंके साथ आये हुए पर्जन्योंकी तरह बरसता है और उनसे हर एक दिशामें बहियासी आयी जान पड़ती है।

अन्य दर्शन बुद्धिके लिए और वैदिक दर्शन हृदयके लिए है। बुद्धि बिना जलके भीतर पैठे प्रवाह-की मीमांसा कर सकती है, अथवा मधुका स्वाद चखे बिना वह मधुकी ऊहापोह करनेकी अभ्यस्त है। परन्तु हृदय तरंगित जलमें तैरना और मधुका स्वाद चखना चाहता। अन्य दर्शनोंकी पद्धति मनुष्यके चैतन्यके एक अंशका स्पर्श करती है, वैदिक दर्शन उसके समग्र रूपके साथ तन्मय होनेका निमन्त्रण देता है। भविष्य निश्चय रूपसे वैदिक दर्शनके हाथ है, क्योंकि उसका सन्देश कविताके द्वारा कहा गया है। बुद्धिसे थके हुए मानवकी भावी भाषा कविता ही होगी।



अथर्ववेदका परिचय

श्री सम्पूर्णानन्द

अथर्ववेद इस समय मुख्यतः शौनक और पैप्पलाद नामकी दो शाखाओंमें उपलब्ध है। दोनोंमें बहुतसे मंत्र तो समान हैं परन्तु कुछ मंत्र एकमें हैं, दूसरेमें नहीं। मंत्रोंके स्थान और क्रममें भी अन्तर है। सायणाचार्य्यने शौनक शाखावाली संहिताका ही भाष्य किया है।

उत्पत्तिकी कथा

इस वेदकी उत्पत्ति[1] या यों कहिये कि इसके मंत्रोंकी उत्पत्ति, की कथा गोपथ ब्राह्मणादिके अनुसार इस प्रकार है—सृष्टि करनेके पूर्व ब्रह्माने उग्र तप किया। फलतः उनके समस्त रोमकूपोंसे पसीना बह चला। इस स्वेदराशिमें उनको अपनी छाया देख पड़ी। छाया थी तो उनके ही शरीरकी परन्तु छाया शब्द स्त्रीलिंग है, उसमें इतना स्त्रीत्व था। अस्तु, उसको देखकर उनका वीर्य्य स्खलित हो गया। पसीनेसे मिलकर उसके दो भाग हो गये। एक भाग 'भृज्ज्यमान' होने (पकने) पर भृगु नामका महर्षि बन गया। ब्रह्माजी तबतक अन्तर्धान हो चुके थे। भृगुने उन्हें ढूंढ़ना आरम्भ किया। उस समय आकाशवाणी हुई 'अथ अर्वाक् एनं एतासु एव अप्सु अन्विच्छ' अर्थात् उनको इस जलमें भलीप्रकार ढूँढ़। तदनन्तर उनका परिश्रम सफल हुआ और ब्रह्माजीके दर्शन हुए। आकाशवाणीके प्रथम दोनों शब्दोंके कारण भृगुका नाम 'अथर्वा' भी पड़ गया। शेष वीर्य्य और स्वेदसे आवृत ब्रह्माके तप्त अङ्गोंसे रस क्षरित हुआ। उससे अङ्गिरा नामके महर्षि बने। ब्रह्माके आदेशसे अथर्व और अङ्गिराने तप किया। तपःप्रभावसे एकर्च, द्व्यृच आदि बीस ऋषि उत्पन्न हुए। यह सब अथर्व और अङ्गिराकी मानस सन्तान थे। इनके निमित्तसे जिन मंत्रोंके दर्शन हुए वह अथर्वाङ्गिरस कहलाते हैं। ऋषियोंकी संख्या बीस थी, अतः मंत्रोंका संग्रह बीस काण्डोंमें विभक्त है।

१—यहां उत्पत्ति शब्दका प्रयोग लाक्षणिक है। ऐसा माना जाता है कि वेद अपौरुषेय है और नित्य है तथा अपरिमेय है। समय समय पर तपःप्रभावसे किसी ऋषि विशेषको उसके कुछ अंशका दर्शन हो जाता है। इसीके लिए यहां लोकाचारके अनुसार उत्पत्ति शब्दका व्यवहार किया गया है।

यह प्रश्न विवादास्पद रहा है कि अथर्ववेद, अथर्वाङ्गिरस मंत्रोंका यह समूह, वस्तुतः वेद है या नहीं। प्राचीन ग्रंथोंमें बहुधा त्रयी, त्रयी विद्या, वेदत्रय ऐसे प्रयोग मिलते हैं। ऋग्वेदका पुरुषसूक्त, जो यजुर्वेदमें भी थोड़ेसे हेरफेरसे अवतरित है, स्पष्ट कहता है—'ऋचः सामानि जज्ञिरे। यजुस्तस्माद-जायत' उस (विराट् पुरुषसे) ऋक्, साम और यजु उत्पन्न हुए। ऐतरेय ब्राह्मणमें कहा है—'त्रयो वेदा अजायन्त ऋग्वेद एवाग्नेरजात यजुर्वेदो वायोः सामवेद आदित्यात्'—तीन वेद उत्पन्न हुए, अग्निसे ऋग्वेद, वायुसे यजुर्वेद और आदित्यसे सामवेद। इन श्रौत वाक्योंका अनुसरण सूत्रग्रंथों और कई स्मृतियोंमें भी किया गया है। वेदका उपयोग यज्ञमें होता है। यज्ञमें चार प्रकारके कर्म्म होते हैं और उनके कराने वाले चार प्रकारके पुरोहित होते हैं, होता, अध्वर्य्यु, उद्गाता और ब्रह्मा। सो ऐतरेय ब्राह्मण (५-३३) में स्पष्ट कहा है कि ऋग्वेदसे होतृकर्म, यजुर्वेदसे अध्वर्य्युकर्म, सामवेदसे उद्गातृकर्म्म और तीनों ही वेदोंसे ब्रह्मकर्म्म होता है।

वेदत्रयका मन्थन

इन आक्षेपोंके उत्तरमें यह कहा जाता है कि कहीं-कहीं तो वेदचतुष्टयका स्पष्ट उल्लेख है। बृहदा-रण्यक और मुण्डक उपनिषत् ऋगादिके साथही अथर्ववेदका नाम लेते हैं। जहां त्रयीका उल्लेख है वहां चौथेकी ओर भी संकेत है। या तो तीन नाम देकर 'अथर्वाङ्गिरसः' भी पीछेसे जोड़ दिया है या 'छन्दांसि' आया है या कुछ नहीं तो 'च' (और) का प्रयोग है। ऋगादि शब्दोंसे ऋग्वेदादि मंत्र-समुच्चयोंका अर्थ नहीं ग्रहण करना चाहिये वरन् मंत्रोंके स्वरूपका। मीमांसामें जैमिनिने बतलाया है वेदका पद्यांश ऋक्, गीतबद्ध अंश साम और शेष अर्थात् गद्यांश यजु कहलाता है, चाहे यह सब अंश किसी संग्रहमें हों। प्रस्तुत अथर्ववेदमें गद्य और पद्य दोनों ही प्रकारके मंत्र हैं अर्थात् ऋक् और यजु दोनों हैं। इसलिए वहभी त्रयीके अन्तर्गत है। एक शंका रह जाती है। वेदकी, कमसे कम संहिता भागकी, सार्थकता यज्ञमें है, प्रत्येक मंत्रका किसी न किसी यज्ञमें कहीं न कहीं काम पड़ता है। परन्तु अथर्ववेदसे कैसे काम लिया जा सकता है। जब ऐतरेय ब्राह्मण, जो स्वयं श्रुति है, स्पष्ट कहता है कि होतृकर्म्म ऋग्वेदसे, अध्वर्युकर्म्म यजुर्वेदसे, उद्गातृकर्म्म सामवेदसे और ब्रह्मकर्म्म तीनोसे होता है तब अथर्ववेदका उपयोग कौन और कैसे करेगा। इसका उत्तर गोपथब्राह्मणमें मिलता है। 'अथर्वा वै प्रजापतिः' प्रजापति, ब्रह्मा, का ही नाम अथर्वा है। अतः आथर्वण मंत्र प्राजापत्य मंत्र हैं, ब्राह्ममंत्र हैं, संकेतसे यह बात निकलती है कि यज्ञमें ब्रह्मा प्राजापत्य मंत्रोंको, आथर्वण मंत्रोंको, पढ़े। ऐतरेय श्रुतिके इस वाक्यसे कि ब्रह्मकर्म्म तीनों वेदोंसे होता है यह ध्वनित होता है कि किसी समय यह आथर्वण मंत्र तीनों वेदोंमें पाये जाते होंगे। इस निष्कर्षकी पुष्टि इस परम्परागत आख्यानसे होती है कि कृष्णद्वैपायन मुनिने वेदत्रयको

मथकर उनमेंसे अथर्वाङ्गिरस मन्त्रोंको छांटकर पृथक् संग्रह प्रस्तुत किया। इसीका नाम अथर्ववेद है। इस सम्पादन कार्य्यके हेतुसे ही उनका नाम वेदव्यास पड़ा।

गोपथ ब्राह्मणमें तो इसे सब वेदोंसे श्रेष्ठ कहा है—'एतद्वै भूयिष्ठं ब्रह्म यद्भृग्वङ्गिरसः' यदि विषयको देखा जाय तो जैसे यज्ञादि दूसरे वेदोंमें प्रतिपादित हैं वह तो हैं ही उनके अतिरिक्त ऐसी विलक्षण बातें मिलती हैं जिनका किसी श्रुतिग्रंथमें होना जल्दी सम्भव नहीं माना जायगा। लोक परलोकमें उपयोगी स्यात् ही कोई विषय अछूता छूट गया हो। इसीसे अपने भाष्यमें सायणने कहा है :—

व्याख्याय वेदत्रितयमामुष्मिकफलप्रदम्।
ऐहिकामुष्मिकफलं चतुर्थं व्याकरिष्यति॥

'आमुष्मिक फल देनेवाले तीन वेदोंकी व्याख्या करके अब मैं ऐहिक और आमुष्मिक दोनों प्रकारके फल देनेवाले चौथे वेदकी व्याख्या करता हूँ।'

रोगोपचारके औषध और युक्तियाँ

मारण, मोहन, उच्चाटन, वशीकरण—सभी प्रकारके अभिचारोंसे पुस्तक भरी है। स्त्रियोंको वशमें करना, पुरुषोंको वशमें करना, शत्रुओंको वशमें करना, शत्रुओंको आपसमें लड़ा देना, उनकी चलाचल सम्पत्तिको नष्ट कर देना—इन सब बातोंके उपाय दिये हुए हैं। आमाशयके रोग, ज्वर, बहुमूत्र, मूत्रका रुक जाना, यक्ष्मा, इन सबके लिए उपचार बताये गये हैं। किसी किसी जड़ी बूटीकी प्रशंसामें बीसो मंत्र मिल जायंगे। प्रेत, पिशाच, असुर को भगानेके लिए युक्तियां भरी पड़ी हैं। इन बातों को देखकर कुछ पाश्चात्य विद्वानोंका मत है कि अथर्ववेद वैदिक कालमें प्रचलित जादू टोनेका संग्रह है। इनमेंसे कुछ मंत्र तो ऋग्वेदके मंत्रोंके समान ही प्राचीन हैं। सम्भव है यह मंत्र दूसरे वेदोंमें मिले जुले रहे हों। पर जब आर्य्य लोग भारतमें फैले और वह सभ्य तथा संस्कृत हुए तो उनको यह मंत्र अच्छे नहीं लगे, अतः व्यासने इनको अलग कर दिया।

जादू टोनेवाले मंत्र आजकलके एतद्विषयक लोक भाषामें प्रचलित मंत्रोंके पुरोगामी हैं, अन्तर इतना है कि भैरव, शीतला, मसान, लोनाचमारी जैसी देवताओंकी जगह इन्द्र, अश्वी, रुद्रादिके नाम आते हैं। शत्रुनाशादिके लिए जो अभिचार कर्म्म तांत्रिक विधियोंसे किये जाते हैं उनपर भी अथर्व वेदकी स्पष्ट छाया देख पड़ती है। उदाहरणके लिए इन मंत्रोंको देखिये—

स्तुवानम् अग्न आवह यातुधानम् किमीदिनम् ।
त्व हि देव वन्दितो हन्तादस्योर्बभूविथ ॥ (१–२–१–१)[1]

हे अग्नि, हम जिस देवताकी स्तुति करते हैं उसको हमारा कर्म्म प्राप्त कराओ और इस छिद्रान्वेषी दुष्ट राक्षसको हमसे दूर करो ।

पुमान् पुंसः परिजातोऽश्वत्थः खदिरादधिः ।
स हन्तु शत्रून् मामकान् यानहं द्वेष्मि ये च माम् ॥ (३–२–६–१)

परमबली पुरुष कहलानेवाले खदिर वृक्ष (खैर, कत्था) के ऊपर उत्पन्न अश्वत्थ (पीपल) [मणि रूपसे धारण करने पर] उन सब शत्रुओंका नाश कर डाले जिनसे मैं द्वेष करता हूँ या जो मुझसे द्वेष करते हैं ।

भगमस्या वर्च आदिष्यधि वृक्षादिव स्रजम् ।
महाबुध्न इव पर्वतो ज्योक् पितृष्वास्ताम् ॥ (१–३–३–१)

जैसे वृक्ष परसे मनुष्य फूलोंको उतार लेते हैं वैसे ही मैं इस स्त्रीके भाग्यको और उसके तेजको उतारकर स्वयं ग्रहण करता हूँ। जैसे महामूल पहाड़ अचल रहता है वैसे ही यह चिरकाल तक अपने पिताके यहां पड़ी रहे ।

कृत्यादूषिरयं मणिरथो अरातिदूषिः ।
अथो सहस्वान् जङ्गिडः प्रण आयूंषि तारिषत् ॥ (२–१–४–६)

यह जङ्गिडमणि (जङ्गिड नामक पेड़की लकड़ीसे बना और सनके डोरेमें पिरोकर हाथमें बांधा हुआ मणि) कृत्या (दूसरेके अभिचारसे उत्पन्न पीड़ा) को दूर करता है, शत्रुओंका नाश करता है, बलवान है, वह हमारी आयुको बढ़ावे ।

प्रयोगात्मक परीक्षाएँ

मंत्रोंका केवल पाठ ही नहीं होता और न उनसे होम मात्र किया जाता है परन्तु आजकलके

१—अथर्व वेदके मंत्रोंके संकेतमें पहिला एक काण्ड, दूसरा अनुवाक, तीसरा सूक्त और चौथा मंत्र बतलाता है ।

टोटकोंकी भांति किसीमें हाथमें सूत बांधा जाता है, किसीमें कोई लकड़ी बांधी जाती है, किसीमें शत्रुकी दतौन या अन्य बरती हुई वस्तुपर उपचार करके उसको गाड़ दिया जाता है।

रोग शमनके जो उपाय दिये गये हैं उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा होनी चाहिये। केवल मंत्र नहीं पढ़ने हैं, उनके साथ साथ कई प्रकारकी चिकित्सा भी है। खानेकी औषधियां हैं, लेप हैं, धूम्रपान है।

ज्वर, अतीसार, अतिमूत्र और नाड़ीव्रणमें मूंजकी रस्सी बांधनी चाहिये। खेतकी मिट्टी पिलानी चाहिये, घीका लेप करना चाहिये और चमड़ेकी धौंकनीसे अपान, शिश्न और व्रणके मुंहको धौंकना चाहिये। उस अवसरके लिये यह मंत्र हैं—

अदोयदवधावत्यवत्कमधि पर्वतात्।
तत् ते कृणोमि भेषजं सुभेषजंयथाससि ॥ (२–१–३–१)
उपजीका उद्धरन्ति समुद्रादधि भेषजम्।
तदास्रावस्य भेषजम् तदुरोगमशीशमत् ॥ (२–१–३–४)

मुंजवान् पर्वतसे श्रेष्ठ, व्याधियोंसे बचानेवाला, जो मूंज पृथिवीपर उतरकर दौड़ता है उस तुझको मैं सुभेषज, उत्तम औषध, बनाता हूं।

दीमक पृथ्वीके नीचे स्थित जलराशिसे रोगनाशक औषधको पृथिवीके ऊपर लाती है। वह मिट्टी अतीसारकी औषध है, वह रोगोंका शमन करती है।

शरीरस्थ कीड़ोंके नाश करनेवाले मंत्रोंका यह एक निदर्शन है—

इन्द्रस्य या मही दृषत् कृमेर्विश्वस्य तर्हणी।
तया पिनष्मि संक्रिमीन् दृषदा खल्वाँ इव ॥ (२–५–५–१)

इन्द्रकी जो सब कृमियोंका नाश करनेवाली बड़ी शिला है उससे मैं शरीरके सब कीड़ोंको पत्थरसे चनेको पीसनेकी भांति पीस डालता हूं।

श्वेतकुष्ट और पलित (बालोंका श्वेतपन) दूर करनेके लिए भृङ्गराज, हल्दी, इन्द्रायन और नीलको पीसकर सूखे गोबरके साथ लेप किया जाता है और होम भी किया जाता है। तत्सम्बन्धी मंत्रोंका यह निदर्शन है :—

नक्तं जातास्योषधे रामेकृष्णे असिक्नि च।
इदं रजनि रजय किलासं पलितं च यत् ॥ (१–५–२–१)

हे (हरिद्रा नामवाली) औषधि, तू रातमें उत्पन्न हुई है, हे रामा (भृङ्गराज, भंगरा), हे कृष्णा (इन्द्रावरुण, इन्द्रायन), हे असिक्नि (अश्वेत, नील), तुम इस किलास (कुष्ट) और पलित (श्वेतबाल) को हटाकर (शरीरको) अपने रंगसे रंग दो।

इतने उदाहरण पर्य्याप्त हैं। यह मंत्र तत्कालीन समाजके विषयमें हमको संकेतसे बहुत सी बातें बतलाते हैं। मंत्रोंके प्रयोगसे लाभ होता हो या न होता हो—वस्तुस्थितिकी जांच करनी चाहिये—परन्तु यह स्पष्ट है कि बहुत सी जड़ी बूटियोंसे काम लिया जाता था और कई प्रकारके पत्तों, फूलों और जड़ोंके रोगनाशक गुणोंका परिचय प्राप्त कर लिया गया था। यही नहीं, चिकित्सामें शल्यादिसे भी काम लिया जाता था। प्रथम काण्डके प्रथम अनुवाकके तीसरे सूक्तमें लोहेकी सलाईसे मूत्रद्वारको भेदकर रुके मूत्रको निकालनेकी व्यवस्था की गयी है। यह सलाई आजकलके कैथिटरका काम देती होगी।

तत्कालीन आर्य्यसमाजमें टोने टोटके, झाड़फूंकका होना कोई आश्चर्य्यकी बात नहीं है। एक ही समाजमें युगपत् परिष्कृत तथा बालबुद्धिवालोंका पाया जाना बुद्धिसे असंगत नहीं है। परन्तु इस बातपर आश्चर्य्य होता है कि इस प्रकारके मंत्र श्रुति कैसे मान लिये गये और वेदमें कैसे परिगणित होगये। भृगु और अंगिराका स्थान वैदिक ऋषियोंमें बहुत ऊंचा है। ऋग्वेदके बहुतसे मंत्र भृगु और अंगिरा गोत्रीय ऋषियोंके नामोंसे संबद्ध हैं। अथर्वा शब्द भी वैदिक वाङ्मयमें श्रद्धाका आस्पद रहा है। कई मंत्रद्रष्टा आथर्वण—अथर्वगोत्रीय—रहे हैं। ऐसी पुराणोक्ति है कि अथर्वा ब्रह्मदेवके प्रथमपुत्र थे। उन्होंने पृथिवीपर आग जलानेकी विद्याकी शिक्षा दी और सर्वप्रथम ब्रह्मविद्याका उपदेश दिया। पारसियोंके धर्म्मग्रंथ अवेस्तामें पुरोहितको अथ्रवन कहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि बहुत प्राचीन कालसे, उस कालसे जब आर्य्यजाति भारतीय और पारसीक शाखाओंमें विभक्त नहीं हुई थी, अथर्वा वंश पौरोहित्यके क्षेत्रमें अग्रगण्य हो चुका था और कई मंत्रद्रष्टा ऋषि इसके गौरवको बढ़ा चुके थे, यहांतक कि अथर्वाका अर्थ ही पुरोहित होगया था।

बहुत सम्भव है कि जहां इस कुलमें ब्रह्मविद्या पारङ्गत योगी और मंत्रसाक्षात्कृत ऋषि हुए हों और उनके वंशज सोमादि वैदिक यज्ञयागादिमें पौरोहित्य करते हों वहीं ऐसे लोग भी हों जो साधारण जनतामें झाड़ फूंक और उसके साथ साथ चिकित्सा कर्म्म करते हों। मैं नहीं कह सकता कि टोने टोटकेके मंत्रोंका दर्शन भी समाहित अन्तःकरणमें होता है या यह विशेष आवेशकी दशामें मुंहसे निकल पड़ते हैं या गढ़े जाते हैं। जो भी हो, यह हो सकता है कि कुलकी महत्ताके कारण उस कुलमें उत्पन्न हुए छोटे लोगोंकी रचनाएं भी ऋषिवचनवत् सुरक्षित हो गयी हों और पीछेसे सा दो सौ या हजार पाँचसौ वर्षोंमें सबके साथ मिलकर श्रुति बन गयी हों। मेरी बुद्धि इनको अपौरुषेय माननेको प्रस्तुत नहीं होती—मुझे यह मंत्र प्रक्षिप्तसे ही प्रतीत होते हैं।

व्यावहारिक विषयोंपर निर्देश

सारा अथर्वाङ्गिरस वाङ्मय इस प्रकारका नहीं है। अथर्ववेदके प्राथमिक चार पांच काण्डोंमें ही ऐसी स्थूल आभिचारिक बातोंकी भरमार है। शेषांशका विषय प्रायः वही है जो अन्य वेदोंका है। कुछ कर्म्मोंका विस्तार जैसा अथर्ववेदमें है वैसा अन्यत्र नहीं मिलता। इनके लिए पुरोहितको इस वेदका ही आश्रय लेना पड़ता है। राज्याभिषेक, प्रेतकर्म और विवाह इसके बहुत अच्छे उदाहरण हैं। राज संबंधी बहुतसे विषयोंका वर्णन आया है।

सूर्य्याके विवाहके कथानकके सहारे विवाह कृत्यका विशद वर्णन है। इसी प्रसंगमें नीचेका मंत्र आया है—

सूर्यायै वहतुः प्रागात् सविता यमवासृजत्।
मघासु हन्यन्ते गावः फल्गुनीषु व्युह्यते॥ (१४-१-१-१३)

यह मंत्र शब्दोंके थोड़ेसे उलटफेरके साथ ऋग्वेदमें भी मिलता है। इसका अर्थ यह है कि सूर्य्यने जहेजमें जो सामग्री दी थी वह आगे आगे चली। मघानक्षत्रमें बैल पीटे जाते हैं, फल्गुनी नक्षत्रमें रथ चलता है। इससे इतना तो सिद्ध हुआ कि उन दिनों भी लड़कीको जहेज दिया जाता था परन्तु शेषांश अर्थहीन रह जाता है। कई विद्वानोंने इसका यह अर्थ लगाया है कि जिस समयकी ओर यह मंत्र संकेत करता है उसमें मघानक्षत्रमें सूर्यकी दक्षिणायन गति समाप्त होती थी। अतः दिन छोटा होता था, सूर्य्य धीरे धीरे दक्षिणकी ओर खिसकता प्रतीत होता था। गावः, किरणें, धीरे चलती थीं, बैलोंको पीटना पड़ता था। फाल्गुनी लगते ही सूर्य्य उत्तरायण हो जाता था, दिन बढ़ने लगता था, सूर्य्यका वेग बढ़सा जाता था। जहेजकी सामग्री रथपर जाती हुई सी प्रतीत होती थी। ज्योतिर्गणनाके अनुसार यह आजसे लगभग १५,००० वर्ष पूर्वकी बात है। अतः इस मंत्रमें इतने पुराने कालकी ओर संकेत है।

अस्तु, विवाह सम्बन्धी कई मंत्र बहुत सुन्दर हैं। इनसे उस समयकी सामाजिक अवस्थापर प्रकाश पड़ता है और लोकाचारकी कई बातें जानी जा सकती हैं। एक मंत्रमें नवं वसानः सुरभिः सुवासा—नया सुन्दर सुगन्धित वस्त्र—पहिननेका उल्लेख है। सुगन्धित करनेकी विधि कुछ भी रही हो परन्तु तत्कालीन संस्कृतिमें इसका भी स्थान था, यह तो स्पष्ट हो ही जाता है। उदाहरण स्वरूपमें यहां दो चार मंत्र देता हूं—

सम्राज्ञेधि श्वशुरेषु सम्राज्ञ्युत देवृषु।
ननान्दुः सम्राज्ञ्येधि सम्राज्ञ्युत श्वश्र्वाः॥ (१४-१-१-४४)

ममेयमस्तु पोष्या मह्यं त्वादाद्बृहस्पतिः ।
मया पत्याप्रजावति संजीव शरदः शतम् ॥ (१४-१-१-५२)

आवां प्रजां जनयतु प्रजापतिरहो रात्राभ्यां समनक्त्वर्य्यमा ।
अदुर्मङ्गली पतिलोकमाविशेमं शं नो भवद्विदेशंचतुष्पदे ॥ (१४-२-२-४०)

हे बधु, तू ससुरों पर सम्राज्ञी हो, देवरोंपर सम्राज्ञी हो, ननदपर सम्राज्ञी हो, सासोंपर सम्राज्ञी हो।

यह स्त्री मेरी पोष्या (पालनीया) हो। बृहस्पतिने तुझको मुझे दिया है। हे प्रजावित, तू मेरे साथ सौ वर्ष तक जीवित रह।

प्रजापति तुम दोनोंको सन्तान दे, अर्य्यमा तुमको दिनरातोंसे मिलावें (पूर्ण आयु दें), सुमङ्गली होकर तू पतिके इस घरमें प्रवेश कर और इसमें रहने वाले मनुष्यों तथा पशुओंके लिए कल्याण कारी हो।

आज अपनेको वेदानुयायी कहनेवालोंके यहां किसीके मरने पर जो कुहराम मच जाता है उसको देख कर लज्जा आती है। जो लोग पुनर्जन्मको मानते हों उनमें तो ऐसा न होना चाहिये। प्राचीन कालमें मृतशरीरका जलाना भी यज्ञकर्मोंमें परिगणित था, अतः उस अवसर पर शान्तिसे काम लिया जाता था। प्रेत, तत्काल देहावसान प्राप्त प्राणीसे कहते थे—

प्रेहि-प्रेहि पथिभिः पूर्थाणैर्येना ते पूर्वेपितरः परेताः ।
उभा राजानौ स्वधया मदन्तौ यमं पश्यासि वरुणं च देवम् ॥
(१८-१-१-५४)

हे प्रेत, तू उन मार्गोंसे जा, जिससे तेरे पितर पहिले गये हैं। तू (हमारी हुई) हविसे प्रसन्न दोनों राजों, यम और वरुणको देखेगा।

ऋतस्य पन्थामनुपश्य साध्वङ्गिरसः सुकृतो येन यन्ति ।
तेभिर्याहि पथिभिः स्वर्गं यत्रादित्या मधु भक्षयन्ति तृतीये नाके अधि वि श्रयस्व ॥
(१८-४-४-३)

ऋत (जगन्नियामक शाश्वत कारणकार्य्यात्मक शृङ्खला) के उस मार्गको देखो जिससे पुण्यात्मा अङ्गिरागोत्रीय ऋषिगण जाते हैं। उन मार्गोंसे स्वर्गको जा जहां आदित्यगण अमृतका भक्षण करते हैं। तृतीय नाक (स्वर्ग) में विश्राम कर।

तीर्थैस्तरन्ति प्रवतो महीरिति यज्ञकृतः सुकृतो येन यन्ति ।
अत्रादधुर्यजमानायलोकं दिशोभूतानि यदकल्पयन्त ॥ (१८-४-४-७)

यज्ञादि तीर्थोंके सेवनसे मनुष्य बड़ी बड़ी विपत्तियोंको पारकर जाता है ऐसा जानकर यज्ञ करनेवाले पुण्यकर्म्मा जिस मार्गसे जाते हैं वह मार्ग इस यजमानके लिए दिशाएं और महाभूत (अथवा प्राणी) बनावें—अर्थात् इस यजमानको वह मार्ग मिल जाय ।

मंत्र ईश्वरकृत हों या मनुष्यकृत, परन्तु अथर्ववेदका पृथिवी सूक्त (१२-१-१) अद्भुत रचना है । इसमें ६३ मंत्र हैं । मैं इनमें से आठ देता हूं—

यस्यां पूर्वे पूर्वजना विचक्रिरे यस्यां देवा असुरानभ्यवर्तयन् ।
गवामश्वानां वयसश्च विष्ठा भगं वर्चः पृथिवी नो दधातु ॥ (५)
यां रक्षन्त्यस्वप्ना विश्वदानीं देवा भूमिं पृथिवीमप्रमादम् ।
सा नो मधुप्रियं दुहामथो उक्षतुवर्चसा ॥ (७)
यार्णवेधि सलिलमग्र आसीत् यां मायाभिरन्वचरन् मनीषिणः ।
यस्या हृदयं परमे व्योमनत्सत्येनावृतममृतं पृथिव्याः ।
सा नो भूमिस्त्विषं बलं राष्ट्रे दधातूत्तमम् ॥ (८)
यस्यामापः परिचराः समानी रहोरात्रे अप्रमादं क्षरन्ति ।
सा नो भूमिर्भूरिधारा पयोदुहामथो उक्षतु वर्चसा ॥ (९)
गिरयस्ते पर्वता हिमवन्तोऽरण्यं ते पृथिवी स्योनमस्तु ।
बभ्रुं कृष्णां रोहिणीं विश्वरूपां ध्रुवां भूमिं पृथिवीमिन्द्रगुप्ताम् ॥
अजीतोहतो अक्षतोध्यष्ठां पृथिवीमहम् ॥ (११)
यस्यां गायन्ति नृत्यन्ति भूम्यां मर्त्या व्यैलबाः ।
युध्यन्ते यस्मामाक्रन्दो यस्यां वदति दुन्दुभिः ।
सा नो भूमिः प्रणुदतां सपत्नानसपत्नं मा पृथिवी कृणोतु ॥ (४१)
जनं बिभ्रती बहुधा विवाचसं नानाधर्माणं पृथिवीयथौकसम् ।
सहस्रं धारा द्रविणास्य मे दुहां ध्रुवेव धेनुर नपस्फुरन्ती ॥ (४५)

भूमे मातर्निधेहि मा भद्रया सुप्रतिष्ठितम् ।
संविदाना दिवा कवे श्रियां मा धेहि भूत्याम् ॥ (६३)

जिसमें हमारे पूर्वज रहते थे, जिसपर देवोंने असुरोंको हराया, गउओं, अश्वों और पक्षियोंका निवासस्थान, वह पृथिवी हमको सम्पन्न और वर्चस्वी बनावे।

जिसकी प्रमादरहित देवगण निरन्तर रक्षा करते हैं वह पृथिवी हमको मधुर और प्रिय पदार्थ दे और वर्चस्वी बनावे।

जो पहिले समुद्रमें थी, जिसपर मनीषी लोग बुद्धि बलसे विचरण करते हैं, जिसका हृदय परम व्योममें सत्यसे आवृत है, वह पृथिवी हमारे राष्ट्रमें उत्तम तेज और बल स्थापित करे।

जिसमें निरन्तर जलकी (तथा अन्तरिक्षमें वायुकी) धाराएं बरसती रहती हैं वह भूमि हमको वर्चस्वी बनावे।

हे पृथिवी तेरे वन और हिमाच्छादित तथा अन्य पहाड़ हमारे लिए कल्याणकारी हों। मैं इन्द्रसे रक्षित इस श्वेत लाल कृष्ण आदि अनेकों रंगवाली पृथिवी पर अपराजित और अक्षत होकर रहूं।

जिस पृथिवी पर लोग गाते हैं, नाचते हैं, लड़ते हैं, रोते हैं, जिस पर बाजे बजते हैं, वह पृथिवी हमारे शत्रुओंको दूर करके मुझे निष्कण्टक करे।

अनेक भाषाओंको बोलनेवाले और अनेक धर्म्मोंको माननेवाले मनुष्योंको धारण करनेवाली पृथिवी निश्चल गऊके समान स्थिर होकर मेरे लिए सहस्रधारा सम्पत्तिको दुहे।

हे मातःभूमि, तुम ज्ञानसम्पन्ना हो, हमको श्री, भूति, सब प्रकारके कल्याणसे सम्पन्न करो।

देवोंसे प्रार्थनाएँ

स्थल स्थल पर देवोंसे जो प्रार्थनाएंकी गयी हैं वह भी बहुत सुन्दर हैं। यह तो कहना अनावश्यक है कि वैदिक प्रार्थनाएं भक्तिकालके भजनोंकी भांति दुर्बलोंकी चीत्कार नहीं होतीं। उनमें ओज और वीर्य्य होता है, और प्रार्थयिता अपनेमें विश्वास रखता है, उसके शब्दोंसे प्रकट होता है कि उसको यह निश्चय है कि मंत्ररूपी अमोघ शस्त्र निष्फल नहीं जायगा और देवताको सुनना ही पड़ेगा।

अभयं नः करत्यन्तरिक्षं अभयं द्यावा पृथिवी उभे इमे ।
अभयं पश्चादभयं पुरस्ता दुत्तरादधरादभयं नोऽस्तु ॥ (१९-२-१५-५)
वाङ्म आसन्नसोः प्राणश्चक्षुरक्ष्णोः श्रोत्रं कर्णयोः ।
अपलिताः केशाः अशोणा दन्ता बहु बाह्वोर्बलम् ॥ (१९-७-६-१)

प्रियं मां कृणुदेवेषु प्रियं राजसु मा कृणु।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्य्ये॥ (१९-७-६-४)
मित्रश्च वरुथेन्द्रो रुद्रश्च चेतति।
देवासो विश्वधायसस्ते माञ्जन्तु वर्चसा॥ (३-५-६-२)

या त इन्द्रतनूरप्सु या पृथिव्यां यान्तरग्नौ यात इन्द्र पवमाने स्वर्विदि।
यंयेद तन्वान्तरिक्षं व्यापिथ तया न इन्द्र तन्वा शर्म यच्छ तवेद् विष्णो बहुधा वीर्य्याणि।
त्वंनः पृणीहि पशुभिर्विश्वरूपैः सुधायां माधेहि परमे व्योमन्॥ (१७-१-१-१३)

अन्तरिक्ष, स्वर्ग, पृथ्वी हमारे लिए अभय करें। हमारे लिए आगे पीछे ऊपर नीचे सब ओर अभय हो।

मेरी वाणी बनी रहे, मेरे नथनोंमें प्राणसंचार होता रहे, आंखोंमें देखनेकी और कानोंमें सुननेकी शक्ति बनी रहे, केश श्वेत न हों, दांत दृढ़ रहें, बाहुओंमें बल रहे।

मुझको देवोंमें, राजोंमें, आर्य्य और शूद्र सब मनुष्योंमें, प्रिय बनाओ।

मित्र वरुण इन्द्र रुद्र मेरा ध्यान रक्खें। यह विश्वको धारण करने वाले देव मुझे वर्चस्वी बनावें।

हे इन्द्र, तुम्हारा जो शरीर अपमें है जो शरीर पृथिवीमें है, जो अग्निमें है, जो स्वर्गतक जानेवाले वायुमें है, जिससे तुम अन्तरिक्षमें व्याप्त हो उन सब (पञ्चमहाभूतोंमें विद्यमान) शरीरोंसे हमारा कल्याण करो। हे सर्वव्यापक, तुम्हारी बड़ी शक्ति है। हमको (सम्पत्तिके उपलक्षण भूत) नाना प्रकारके पशुओंसे सम्पन्न करो और (मृत्युके उपरान्त) परम व्योममें सुधा (अमृत) प्रदान करना।

आध्यात्मिक अंश बड़ी विशेषता

अथर्ववेदका आध्यात्मिक अंश उसकी सबसे बड़ी विशेषता है। यों तो दूसरी संहिताओंमें भी यत्र तत्र स्वर्गका वर्णन आता है, योगियोंके अनुभवोंकी ओर संकेत रहता है और स्पष्ट शब्दोंमें वेदान्त विचार मिलता है। ऋग्वेदके वासदीय सूक्त, पुरुष सूक्त और देवीसूक्त इसके उदाहरण हैं। शुक्ल यजुर्वेदका चालीसवां अध्याय ईशावास्योपनिषद्के नामसे प्रसिद्ध ही है। परन्तु अथर्ववेदके बराबर प्रचुर मात्रामें यह सामग्री अन्यत्र नहीं मिलती।

पुरुषसूक्त ऋग्वेदमें तो है ही थोड़ेसे उलटफेरके साथ अथर्ववेदमें भी है। अम्भृण ऋषिकी लड़की वाक्के मुंहसे निकला देवी सूक्त भी इसमें मिलता है। इस सूक्तके अवतरण देखिये—

अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चरामि अहमादित्यै रुतविश्वदेवैः ।
अहं मित्रावरुणोभा बिभर्म्यहमिन्द्राग्नी अहं अश्विनोभा ॥
अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवानामुत मानुषाणाम् ।
यं कामये तंतमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम् ॥
अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन् ममयोनिरप्स्वन्तः समुद्रे ।
ततो वितिष्ठे भुवनानि विश्वोतामूं द्यां वर्ष्मणोपस्पृशामि ॥ (४-६-३०–१,३,७)

मैं रुद्रोंके, वसुओंके, आदित्योंके और विश्वदेवोंके रूपसे विचरण करती हूँ। मैं मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि और दोनों अश्वियोंका भरण करती हूँ।

मैं यह बात, जो देवों तथा मनुष्योंको प्रिय है, स्वयं कहती हूँ। जिससे प्रसन्न होती हूँ उसको उग्र बना देती हूँ, उसको ब्रह्मा, ऋषि, मेधा, बना देती हूँ।

इस जगत्की मूर्धा पर (अर्थात् इसके ऊपर) जो इसका पिता (विधाता, विराट् या परमात्मा) है उसको मैं जन्म देती हूँ। जो मेरा कारण है (अर्थात् जिससे मैं उत्पन्न हुई हूँ) वह (अखण्ड एक रस परमात्मारूपी) समुद्रके जलों (अर्थात् विकारों) के भीतर (चिन्मात्र ब्रह्मसत्ता) है। मैं उसके द्वारा सम्पूर्ण भुवनोंको प्रकाशित करती हूं और द्यु लोकको (जगत्के उच्चतम लोकको भी) अपने (मायामय) शरीरसे स्पर्श करती हूँ।

इस छोटेसे सूक्तको मायावादका सारगर्भ प्रवचन कह सकते हैं।

दशमकाण्डके प्रथम अनुवाकका दूसरा सूक्त भी पढ़ने योग्य है। उसमें कई मंत्रोंमें यह प्रश्न पूछा गया है कि मनुष्यके अवयवोंको किसने बनाया, जगतका संचालन कौन करता है, आकाश और पृथिवीको किसने धारण किया है और फिर उत्तर भी हैं। इसी प्रसङ्गके कुछ मंत्र अवतरित करता हूँ—

ब्रह्मणा भूमिर्विहिता ब्रह्मद्यौ रुत्तरा हिता ।
ब्रह्मेदमूर्ध्वंतिर्यक् चान्तरिक्षं व्यचो हितम् ॥ (२५)
न वैतं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसः पुरा ।
पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते ॥ (३०)
अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्याः ।
तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः ॥ (३१)

तस्मिन् हिरण्यये कोशे अरे त्रिप्रतिष्ठिते ।
तस्मिन् यद्यक्षमात्मन्वत् तद्वै ब्रह्मविदोविदुः ॥ (३२)
प्रभ्राजमानां हरिणीं यशसा संपरीवृताम् ।
पुरं हिरण्ययीं ब्रह्मा विवेशापराजिताम् ॥ (३३)

ब्रह्मने भूमि बनायी है, ब्रह्मने ऊपर द्युलोकको बनाया है, ब्रह्मने उपर तिर्यक् रूपसे विस्तीर्ण प्राणियोंके गमनागमन साधन अन्तरिक्षको बनाया है।

जो मनुष्य ब्रह्मके पुरको जानता है जिसमें रहनेके कारण पुरुष (पुरिशेते-पुरमें सोनेवाला) नाम पड़ा है उसको पूरी आयु प्राप्त होती है और इन्द्रियोंकी शक्ति कभी क्षीण नहीं होती। देवोंकी अयोध्या नामकी नगरी (अयोध्या–जिससे युद्ध नहीं किया जासकता) आठचक्र और नवद्वार (शरीरके नवछिद्र-स्थान) वाली है उसमें स्वर्णमय कोश है वह स्वर्ग है और ज्योतिसे आवृत है।

उस तीन अरेवाले और तीन पर प्रतिष्ठित स्वर्णमय कोशके भीतर आत्माका जो स्थान है उसको ब्रह्मवेत्ता जानते हैं। उस प्रकाशमान हिरण्यमयी यशसे परिवृत अपराजित पुरीमें ब्रह्मने प्रवेश किया (ब्रह्मका निवास है)।

देवगण देवताओंके, जगत्का सञ्चालन करने वाली महाशक्तियोंके, प्रतीक हैं। मानव शरीरमें देवोंका निवास, उनकी शक्तियोंकी अभिव्यक्ति, इन्द्रियोंमें हैं। देवोंकी अयोध्या नगरी वह स्थान, वह स्तर या लोक या अवस्था हैं, जहांसे इन्द्रियोंका नियमन होता है। नवद्वार तो प्रसिद्ध ही हैं, चक्रोंका अनुभव योगीको ही होता है। इनमें से ६, मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा, गुदस्थानसे लेकर भ्रूमध्य तक सुषुम्ना नाड़ीमें पिरोये हुए हैं। सातवाँ सहस्र दलपद्म मूर्धामें है। इसके ऊपर वह अनामी पद है जहां शब्द भी शेष नहीं रहता। शरीर रूपी पुरीमें जो हिरण्यमय कोश है उसको स्वर्ग कहना लाक्षणिक है। वस्तुतः वह स्वर्गसे कहीं ऊँचा पद है। सत्व-रज-तम उसके तीन अरे हैं और स्थूल सूक्ष्म कारण तीनों देहोंसे ऊपर उसकी प्रतिष्ठा है। अन्तस्तममें ब्रह्मका जो गुह्य स्थान है वह ब्रह्मचैतन्यसे प्रकाशित है क्योंकि ब्रह्मका स्वरूप ज्ञान है। वहां किसी भौतिक प्रकाशकी पहुँच नहीं है।

द्वितीय काण्डके प्रथम अनुवाक्का पहिला सूक्त भी बहुत सुन्दर है।

प्रतद् वोचेद् अमृतस्य विद्वान् गन्धर्वो धाम परमं गुहायत् ।
त्रीणि पदानि निहिता गुहास्य यस्तानिवेद स पितुष्पिता सत् ॥ (२)
परि विश्वा भुवनान्यायमृतस्य तन्तुं विततं दृशेकम् ।
यत्र देवा अमृतमानशानाः समाने योनावध्यैरयन्त ॥ (५)

अमृतका जानने वाला वेद लक्षण वाणीको धारण करनेवाला उस धामको जानता है जो परम गुहा है। उस परतत्वके तीन पद (हिरण्यगर्भ, परमात्मा और ब्रह्म) गुहामें छिपे हुए हैं। [अथवा, उस परमपदार्थकी वाचिका वाणीके तीन पद मध्यमा, पश्यन्ती और परा गुहामें छिपे हुए हैं, साधारण मनुष्य केवल विराट् रूप और वैखरी वाणीको जानता है]। जो उन (तीन गुप्त पदों , को जानता है वह अपने पिताका भी पिता है (ब्रह्मवेत्ता होने से सर्व पूज्य है)।

जिस प्रकार सूत वस्त्रमें सर्वत्र व्याप्त है इसी प्रकार जो सत्य ब्रह्म इस असत्य जगतमें ओतप्रोत है उसको देखनेके पहले मैं सब भुवनोंको प्राप्तकर चुका हूँ (योगी नीचेके भूः, भुवः आदि सभी लोकोंका अतिक्रमण करके शुद्ध ब्रह्मपदमें प्रवेश करता है)। (वह ब्रह्मपद वह है) जहाँ देवगण अमृतपान करते हुए समान पदमें (लीन होंकर) एक हो जाते हैं (उनका पृथक् अस्तित्व नहीं रह जाता)।

व्रात्य या रुद्रकी महिमाका वर्णन

अथर्ववेदका पन्द्रहवाँ काण्ड उसका सबसे विलक्षण भाग है। उसमें दो अनुवाक् हैं। पूरे काण्डमें व्रात्यकी महिमा गायी गयी है। व्रात्य उस व्यक्तिको कहते थे जो द्विजकुलमें उत्पन्न होकर भी उपनयनादि संस्कारोंसे रहित हो। ऐसा मनुष्य समाजसे बहिष्कृत माना जाता था। यहाँ उसी की प्रशंसा है। पहिला मंत्र कहता है—

व्रात्य आसीदीयमान एव स प्रजापतिं समैरयत्।

व्रात्यने चलते ही प्रजापतिको प्रेरित किया और अन्तिम मंत्र कहता है—

अह्ना प्रत्यङ् व्रात्यो रात्र्या प्राङ् नमो व्रात्याय।

व्रात्य दिन और रातमें सबका पूज्य है, व्रात्यको प्रणाम है।

बीचके मंत्रोंमें व्रात्यके शरीरमें सब लोकों और सब देवोंका स्थित होना और उसका वशवर्ती होना दिखलाया गया है। कई मंत्रोंका कोई ठीक अर्थ ही नहीं लगता। उदाहरणके लिए इन मंत्रोंको देखिये—

सोऽनावृत्तां दिशमनुव्यचलत् ततो नावर्त्स्यन्न मन्यत। (१, ६, १९)

तं दितिश्चादितिश्चेडा चेन्द्राणि चानुव्यचलन्। (१, ६, २०)

दितेश्च वै सोदितेश्चेडायाश्चेन्द्राण्याश्चप्रियं धाम भवति य एवं वेद। (१, ६, २१)

वह अनावृत्ता दिशाकी ओर चला और वहाँ नहीं रहना चाहिये ऐसा मानने लगा।

दिति, अदिति, इडा और इन्द्राणी उसके पीछे चलीं।

जो ऐसा जानता है वह दिति अदिति इडा और इन्द्राणीका प्रिय धाम होता है।

सायणने इस काण्डसे हार मान ली। उन्होंने अपने भाष्यमें इतना ही लिखा है कि यह प्रशंसा सब व्रात्योंके लिए तो उपयुक्त नहीं हो सकती, कोई व्रात्य विशेष रहा होगा जो परमयोगी होगा पर व्रात्य होनेसे ब्राह्मण उससे द्वेष करते होंगे। यह उसीकी महिमा होगी। बात इतनी सीधी नहीं है। यह किसी मनुष्य विशेषकी प्रशंसाका गीत नहीं प्रतीत होता। व्रात्य हो या अव्रात्य, योगी पूज्य है, फिर भी जो कुछ कहा गया है वह तो परमात्माका वर्णन प्रतीत होता है। परन्तु क्या कहा गया है यह पूरा पूरा समझ में नहीं आता। विद्वानोंको इन मंत्रोंकी व्याख्या पर परिश्रम करना चाहिये।

अस्तु, यदि परमात्माका वर्णन है तो उसे व्रात्य, संस्कारच्युत, क्यों कहा गया? एक जर्मन विद्वान्, हावर, का मत है कि उन दिनों जहां वैदिक यज्ञयोग करनेका चलन था वहीं कुछ योगियोंके भी सम्प्रदाय थे जो किसी भी वैदिक कृत्यको नहीं करते कराते थे अतः व्रात्य थे। या यों कहिये कि पहिले व्रात्य नाम इन्हीं लोगोंके लिए प्रचलित हुआ, पीछेसे उसका प्रयोग सभी संस्कार विहीनोंके लिए होने लगा। जो लोग किसी प्रमादसे व्रात्य रह जाते थे वह तो व्रात्यष्टोमयज्ञसे पुनः शुद्ध किये जा सकते थे पर इन योगियोंके लिये तो शुद्धिका प्रश्न नहीं उठता था, इनके कुछ अपने दार्शनिक विचार थे जो पीछे चलकर सांख्य वेदान्तादिके रूपमें विकसित हुए। यह अपने उपास्यको रुद्र संज्ञा देते थे। जीवको संस्कारोंकी आवश्यकता होती है, नित्य शुद्ध परमात्माको किसी संस्कारकी अपेक्षा नहीं है, अतः रुद्रको भी व्रात्य कहते थे। इस सम्प्रदायवाले अपनी वेषभूषा भी कुछ निराली रखते थे। उसमें उष्णीष (पगड़ी) मुख्य वस्तु थी। इसी वेषमें रुद्रकी भी कल्पना होती थी। यह लोग बस्तीसे बाहर जंगलों, पहाड़ों और श्मशान भूमियोंमें रहते थे। यही कल्पना रुद्रके साथ भी लग गयी। इस परिस्थितिकी ओर कई जगह संकेत मिलता है। और इस मतके आधार पर वेदोंके कई ऐसे अंशोंको समझनेमें सहायता मिलती है जो अन्यथा अस्पष्ट रह जाते हैं।

विद्वानोंको इस मतकी पर्य्यालोचना करनी चाहिये पर इतना तो मैं भी कह सकता हूं कि इसके समर्थनमें कई बातें मिलती हैं। रुद्रोपासकों, शैवोंका आज तक योग वेदान्तसे अधिक सम्बन्ध है और योगियों साधुओंमें लोकभिन्न वेषभूषा धारण करनेका चलन है। यह लोग प्रायः जटाजूट धारी होते हैं और वैदिक संस्कारोंसे अलग रहते हैं। शिखासूत्र तक कटवा डालते हैं। रुद्रका कपर्दी (जटावाला) नाम तो प्रसिद्ध ही है। इस पन्द्रहवें काण्डसे पता चलता है कि व्रात्यकी कल्पना उष्णीषधारीके रूपमेंकी जाती थी क्योंकि यह कहा गया है कि दिनही उसका उष्णीष (१५-१-२-५) है। शुक्ल यजुर्वेदके सोलहवें अध्यायमें रुद्रका अनेक नामोंसे संबोधन किया गया है।

वहाँ बाईसवें मंत्रमें रुद्रके लिए नमः उष्णीषिणे गिरिचराय—पगड़ीवाले गिरिचर (गिरीश) को प्रणाम—कहा गया है। अन्यत्र कपर्दी (जटाजूट वाला) नाम भी आया है। यजुर्वेदके इसी मंत्रमें रुद्रको धन्वायी, धनुर्धर, कहा गया है। अथर्वेदमें व्रात्यके सम्बन्धमें सधनुरादत्त (१५-१-१-५) उसने धनुषको ग्रहण किया—कहा है। रुद्रके बहुतसे प्रसिद्ध नाम महादेव (१५-१-१-४), ईशान (१५-१-१-५) नीललोहित (१५-१-१-७), भव (१५-१-५-२), शर्व (१५-१-५-४), पशुपति (१५-१-५-६), उग्र (१५-१-५-१०) प्रसंगवशात् आ गये हैं। इससे उपर्युक्त मतकी कुछ पुष्टि होती है। बहुत सम्भव है कि व्रात्य नामसे उस रुद्रको ही पुकारा गया हो जो लौकिक संस्कारों तथा अन्य आचारोंको छोड़कर योगाभ्यास द्वारा परमात्म तत्वकी खोज करने—होनेवालोंके उपास्य थे। यह भी ध्यानमें रखनेकी बात है कि महादेव दिगम्बर (नग्न) माने जाते हैं और यहां (१५-१-२-५) में कहा है कि व्रात्यका वस्त्र विज्ञान् है, अर्थात् उसके शरीरपर कोई और वस्त्र नहीं है।

इस रोचक प्रसंगको हम यहीं छोड़ते हैं। इस निबंधको समाप्त करनेके पहिले एक बातकी ओर ध्यान आकृष्ट करना आवश्यक है। श्रौत परम्पराके अनुसार प्रत्येक मंत्रका कोई न कोई विनियोग होता है। अर्थात् किसी न किसी विहित कर्ममें उसका उपयोग होता है। किस मंत्रका क्या विनियोग है, उससे कहां काम लिया जाता है, इसके लिये ब्राह्मणों और श्रौतसूत्रोंको ही प्रमाण माना जा सकता है क्योंकि बहुतसे मंत्र ऐसे हैं कि उनके अर्थसे कुछ भी संकेत नहीं मिलता। परन्तु अर्थको छोड़ा भी नहीं जा सकता। बार-बार श्रुति स्वयं कहती है कि मंत्रका ग्रहण अर्थसहित ही करना चाहिये। ऐसी दशामें मंत्रके अर्थ और विनियोगमें सम्बन्ध ढूंढनेकी इच्छा सहज ही उठती है। चाहे प्रत्यक्ष संबंध न मिले परन्तु प्रत्यक्ष असामञ्जस्य देख कर शंका होती ही है। अथर्ववेदमें ऐसी शंकाके लिए बहुतसे स्थल मिलते हैं। दो एक उदाहरण पर्याप्त होंगे।

मैं पहिले वागम्भृण सूक्तका उल्लेख कर आया हूँ, उसके कुछ मंत्रोंको भी उद्धृत कर चुका हूँ। उनमें वाक् कहती है कि मैं रुद्रादिके रूपसे विचरती हूँ, जिसको जो चाहूँ बना सकती हूँ, परमात्माकी भी भी स्वष्ट्री हूँ। सारा सूक्त वेदान्तकी शिक्षासे भरा हुआ है। इसका विनियोग यह है कि नवजात शिशुके जातकर्मके समय शंखपुष्पिका और गंधपुष्पिका जड़ियोंको पीसकर इस सूक्तको पढ़कर सोनेके टुकड़ेसे बच्चोंको चटाया जाय! मैं द्वितीय काण्डके प्रथम अनुवाकके प्रथम सूक्तके कुछ मंत्र अवतरित कर चुका हूँ। सारा सूक्त योगवेदान्त परक है। अब उसका विनियोग देखिये। विवाहके पहिले सूक्त पढ़कर कुमारीके सामने खेतकी मिट्टीका एक डला, दीमककी मिट्टीका एक डला, चौरस्तेका एक डला और श्मशानका एक डला रख दे और उससे उनमेंसे एक उठानेको कहे। यदि वह खेतके या दीमकके डलेको

उठा ले तो विवाह कल्याणकारी होगा। शेष दो अमंगल सूचक हैं ! पांच गांठवाले बांसके दण्डको सूक्त पढ़कर समदेशमें खड़ा कर दे और जिस कार्य्यका शकुन जानना हो उसका विचार कर ले तथा किसी एक दिशाका ध्यान कर ले। यदि दण्ड उसी दिशामें गिरा तो कार्य सिद्ध होगा, अन्यथा असफलता होगी। छठे काण्डके छठे अनुवाकके पांचवें सूक्तमें छ मंत्र हैं। अन्तिम दो मंत्र यह हैं—

अहं विवेच पृथिवी मुतद्यामहम्हद तूरंजनयं सप्त साकम्।
अहं सत्यमनृतं यद्वदाम्यहं दैवीं परि वाचं विशश्च॥
अहं जजान पृथिवी मुतद्यामहम्ह तूरजनयं सप्त सिन्धून्।
अहं सत्यमनृतं यद्वदामि यो अग्निषोमावजुषे सखाया॥

मैंने पृथिवी और द्युलोकको पृथक् किया, मैंने सातों ऋतुओंको उत्पन्न किया। जगत्में जो कुछ सत्य या अनृत बोला जाता है वह मैं बोलता हूं और दैवी वाणीको मैं प्राप्त कर चुका हूं। मैंने पृथिवी और द्युलोकको उत्पन्न किया है, मैंने ऋतुओं और सातों नदियों (या समुद्रों) को उत्पन्न किया है। जगत्में सत्यासत्य जो कुछ बोला जाता है उसे मैं बोलता हूं मैं अग्नि और सोम दोनों सखाओंका सेवनकर चुका हूं। (अग्नि अन्नाद द्वै, सोम अन्न है ; तात्पर्य यह है कि मैं ही भोक्ता और भोग्य हूं)।

कितने सारगर्भ मंत्र हैं। परन्तु जिस सूक्तमें आये हैं उसका विनियोग यह है कि सबेरे कौआ देख पड़नेके पहिले इसे पढ़कर घीकी आहुति देनेसे स्त्रीको अच्छा पति मिलता है। पहिले मंत्रमें तो यह कहा गया है कि सूर्य्य कन्याको पति और पुरुषको पत्नी देनेकी इच्छासे उदय हो रहे हैं परन्तु इन दोनों मंत्रोंमें तो कहीं ऐसे भावका लेश भी नहीं है।

अर्थ और विनियोगका यह गठबन्धन अप्राकृतिक है। हम को श्रुतिपर अपार श्रद्धा हो पर जहां ऐसी कोई विलक्षण बात देख पड़े वहां बुद्धिसे काम लेना अश्रद्धाका द्योतक नहीं है। माना कि श्रुति मनुष्य कृत नहीं है, परमात्माके ज्ञानकी शाब्दिक अभिव्यक्ति है परन्तु यह प्रश्न तो उठताही है कि क्या पतिकी खोज और बच्चेको पोषक रस चटानेके लिए ब्रह्मज्ञान परक वाक्योंकी कोई प्राकृतिक आवश्यकता है ? क्या परमात्माको ऐसे शब्द नहीं मिल सकते थे जो विषयके अनुकूल होते ? वेदान्त वाक्योंको ऐसे निम्न कोटिके कामोंमें खींचकर उनकी अप्रतिष्ठा क्यों की गयी। ऐसे ही वाक्य उपनिषदोंमें संगृहीत होकर किस प्रकार समादृत होते हैं।

एक सम्भाव्य स्पष्टीकरण

मुझे तो एक ही उत्तर समझमें आता है और यह उत्तर वही है जिसकी ओर मैं टोने टोटकेके संबंध में संकेत कर चुका हूं। अथर्व और अंगिरा कुलमें उत्पन्न मंत्र द्रष्टाओंके मुंहसे निकले मंत्रात्मक शब्दोंके

साथ उन गोत्रोंके झाड़फूंक करनेवालों तथा अपदेवताओंके नामपर यज्ञ पूजादि करानेवालोंके वाक्य भी संगृहीत हो गये हैं। लिखनेसे काम लिया नहीं जाता था, स्मरण शक्तिका भरोसा था। ऐसी दशामें वाक्योंका मिल जाना, एक ही सूक्तमें कई व्यक्तियोंके, और कई अवसरोंसे संबद्ध वाक्योंका आ जाना, असम्भव या अस्वाभाविक नहीं है। आश्चर्य यह है कि और अधिक अन्धेर नहीं मचा। यह भी हो सकता है कि प्रक्षिप्त वाक्योंमें कुछ ऐसे हों जो वस्तुतः अथर्वाङ्गिरस नहीं कहे जा सकते क्योंकि उनके रचयिता दूसरे कुलोंके व्यक्ति थे। ऐसी दशाओंमें विनियोगों व्यत्यिक्रम पड़ जाना भी समझमें आता है। किसी सूक्तका विनियोग कहीं जा बैठा है। मिश्रित सूक्तमें अवश्य ही ऐसे मंत्र मिलेंगे जिनका तथा कथित विनियोगसे कोई सम्बन्ध नहीं है।

हो सकता है ऐसा सोचना भ्रान्ति हो परन्तु इस विषयमें और अन्वेषण होना चाहिये। इतनी पुरानी प्रतियां तो स्यात् ही मिल सकेंगी जो प्रक्षिप्त विहीन हों परन्तु सम्भव है विभिन्न शाखाओंको मिलानेसे कुछ प्रकाश पड़े। अभी कुछ दिन हुए लाहौरसे पैप्पलाद शाखाका जो संस्करण निकला है उसमें शौनक शाखासे यथास्थान मिलानेका यत्न किया गया है।

अथर्ववेदके यथार्ह अध्ययनकी आवश्यकता

अथर्ववेद अद्भुत ग्रंथ है। अभीतक भारतीय या पाश्चात्य विद्वानोंने उसका यथार्ह अध्ययन किया ही नहीं है। उसमें जो ऋग्वेदके मंत्र आ गये हैं उन पर तो दुहरा तेहरा विचार होगया है परन्तु शेष या तो कोरी श्रद्धा या उपेक्षा या दुराग्रहका शिकार होकर रह गया। अभी इसमें से बहुतसे रत्न निकल सकते हैं।

अन्तमें मैं तृतीय काण्डके छठे अनुवाकके पांचवें सूक्तके इन मंत्रोंपर इस परिचयको समाप्त करता हूं—

सहृदयं सांमनस्यमविद्वेषं कृणोमिवः।
अन्योअन्यमभि हर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या ॥ १ ॥
अनुव्रतः पितुः पुत्रो माता भवतु संमनाः।
जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शन्तिवाम् ॥ २ ॥
मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्मा स्वसारमुतस्वसा।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रमा ॥ ३ ॥

समानी प्रपा सहवोऽन्नभागः समाने योक्त्रे सह वो युनज्मि ।
सम्यञ्चोऽग्निं सपर्यतारा नाभिमिवाभितः ॥ ४ ॥

मैं तुम लोगोंके हृदय और मन समान करता हूँ, ताकि तुममें आपसमें विद्वष न रहे। एक दूसरेके साथ इस प्रकार स्नेह करो जिस प्रकार गऊ अपने नवजात बच्चेसे करती है।

पुत्र पिताका अनुकूलचारी हो माता सन्तान पर समान भावसे प्रेम करे। पत्नी पतिके प्रति मधुर और कल्याणकारी वाणी बोले।

भाई-भाईसे और बहिन-बहिनसे द्वेष न करे। एक ही व्रतमें (अनुष्ठान या कर्म्ममें) लगे हुए, एक गतिसे चलने वाले, सब लोग भद्र वाणीसे बोलें।

तुम लोगोका पौसरा (पानी पीनेकी जगह) एक हो, तुम एक साथ भोजन करो, तुमको मैं एक ही डोरमें बांधता हूं। एक ही उद्देश्यसे काममें लगो जिस प्रकार पहियेके सब अरे एक ही जगह आकर मिलते हैं।



वैदिक कालीन जन्तु

डाक्टर सत्यप्रकाश

आज हम इस कल्पनाके महत्वको नहीं समझ सकते हैं कि मनुष्यने उपयोगी चतुष्पद और द्विपद पशुओंको किस प्रकार व्यवहारके योग्य बनाया। सभ्यताके विकासके इतिहासमें इन पशुओंकी खोज और उनका उपयोग उतना ही महत्त्व रखता है, जितना कि साधारण तीर कमानसे विकास करते करते अग्निचूर्ण (दारुचूर्ण या बारूद) तकके अन्वेषण, और फिर डायनेमाइटके भी आगे परमाणु-विस्फोटकों तक पहुँच जाना। इस विकासशृंखलाका अध्ययन उतनाही मनोरञ्जक और रहस्यमय है जितना कि वनस्पतियोंके अनन्तर (वनस्पतिसे मेरा अभिप्राय वनमें उगनेवाले समस्त गुल्म, लता, पादप और वीरुधोंसे है) फल, शाक एवं अन्न तककी शृङ्खलाका है। इस लेखमें हम विकासवादके नियमोंकी मीमांसा तो न करेंगे। केवल इस बातके दिग्दर्शनका कुछ प्रयत्न करेंगे कि वैदिक-युगमें हमारा परिचय किन जन्तुओंसे था। हम ऋग्वेदसे आरंभ करेंगे।

ऋग्वेदमें लगभग उन सब पशुओंका उल्लेख आता है, जिनको जनता आजकल प्रमुख रूपसे पालती है। जैसे—

अश्वा न या वाजिना पूतबन्धू—ऋ० ६।६७।४ ॥
गोमातरो यच्छुभयन्ते अञ्जिभिः—ऋ० १।८५।३ ॥
तां वां धेनुं न वासरीमंशुं दुहन्त्यद्रिभिः—ऋ० १।१३७।३ ॥

गाय और घोड़ेके अतिरिक्त ऋग्वेदमें अन्य अनेक पशुओंका उल्लेख आता है। श्यावाश्व सूक्तमें (ऋ० ८।३५) सातवें, आठवें और नवें मंत्रमें क्रमशः हारिद्रवेवपतथो०, हंसाविवपतथो०, और श्येना-विवपतथो० पद हैं जिनमें हारिद्रव, हंस और श्येन इन तीन जन्तुओंका उल्लेख है। 'द्वासुपर्णा सयुजा सखाया (ऋ० १।१६४।२०)' नामक आत्मतत्त्वके प्रसिद्ध मंत्रमें सुपर्ण पक्षीका उल्लेख आता है। इसी प्रकार **सुपर्णं वस्ते मृगो अस्या दन्तो गोभिः संनद्धा पतति प्रसूता।** (ऋ० ६।७५।११) में इसका फिर उल्लेख

है। [1]ऋग्वेदके दशम मंडलका एक सूक्त (१०८) सरमा-पणि सम्वादवाला है। इस सूक्तकी वास्तविक व्यञ्जना चाहे कुछ भी क्यों न हो, सरमा शब्दको कुतियाके अर्थमें बहुधा लिया गया है। कुछ लोग इसे इन्द्रकी कुतिया समझते रहे हैं। ऋग्वेदके पहले मण्डलमें ही इसके पुत्रोंका उल्लेख आया है—'सरमा तनयाय धासिम्" (१।६२।३)। कहा जाता है कि इसके दो पुत्र थे, चार चारआँखोंवाले—"सारमेयौ शबलौ श्वानौ चतुरक्षौ" (ऋ. १०।१४।१०)। सरमाका काम इन्द्रकी गौओंका पहरा देना था। पणि लोग इन गौओंको चुरा ले जाते तो सरमा इनका पता लगाती—"सरमा गा अविन्दद" (ऋ० ५।४५।७)। सरमाकी आख्यायिकाका रहस्य चाहे ज़ो हो, यह स्पष्ट है, कि कुत्ते पहरेदारीके लिये रक्खे जाते थे[2]? और वे न केवल पहरा ही देते थे, अपितु खोये हुये पालतू पशुओंकी खोज खबर भी ले आते थे।

यजुर्वेदके समान ऋग्वेदमें भी कुछ परिवर्तित रूपमें पुरुष सूक्त है। इस पुरुष सूक्तके एक मंत्रमें पशुओं की यज्ञसे उत्पत्ति इस प्रकार दी है—"तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः। गावो हि जज्ञिरे तस्मात् तस्माज्जाता अजावयः।" (ऋ० १०।९०।१०)। इस मंत्रमें अश्वों, उभय पंक्तीमें दांतोंवाले समस्त पशुओं, गायों, बकरी और भेड़ोंका उल्लेख है। इससे पूर्ववाले एक मंत्रमें उसी यज्ञसे उत्पन्न पालतू पशुओं, अकाशमें उड़ने वाले पशुओं (वायव्य) जंगलमें रहनेवाले पशु (आरण्य), और गांवोंमें रहने वाले पशुओं का उल्लेख है—"पशून् ताँश्चक्रे वायव्यानाराण्यान् ग्राम्याश्च ये।" (ऋ० १०।९०।८)

वैदिक उल्लेखसे यह स्पष्ट है कि पशुओंमें सबसे अधिक महत्व अश्वको है। ब्राह्मण-ग्रन्थोंमें कहा है कि अश्व ही राष्ट्र है। अश्वके अनन्तर दूसरी श्रेणीका महत्व गायको है। इन्द्रको एक मंत्रमें स्पष्ट अश्वपति और गोपति कहा है—"यो अश्वानां यो गवां गोपतिर्वशी" (ऋ० १।१०१।४)। ऋग्वेदके पहले मंडलके दो सूक्त १६२ और १६३ अश्वकी प्रशंसामें ही हैं। अश्व राष्ट्रका बल है, शीघ्र

१—ऋग्वेदके दशम मंडलका १४४ सूक्त "तार्क्ष्य-सुपर्ण" है। इसमें सुपर्ण और श्येनका अच्छा विवरण है। यं सुपर्णः परावतः श्येनस्य पुत्र अभरत्" (१०।१४४।४)। श्येन और सुपर्णका साथ "मा त्वा श्येन उद्वधीन्मा सुपर्णो'" (२।४२।२) मंत्रमें भी है।

२—न केवल सरमा पहरा देती थी, उसके पुत्र सारमेयभी चोरोंके ऊपर भौंकते थे, और उनके पीछे दौड़ते थे—"स्तेनं दाय सारमेय, तस्करं वा पुनः सर" (ऋ० ७।५५।३), ये ढोरोंकी जंगली सूअरोंसे भी रक्षा करते थे—"त्वं सूकरस्यदर्दहि तव दर्दर्तु सूकरः" (ऋ० ७।५५।४)।

गामी और बलिष्ठ होने के कारण सेनाका प्रमुख अंग है। ऋचा कहती है कि—"श्येनस्य पक्षा हरिणस्य बाहू" (ऋ० १।१६३।१) अर्थात् अश्वको श्येन (बाज पक्षी) के ऐसे पक्ष और हरिणके से वेग गामी पैर (बाहु) प्राप्त हैं।

गाय और अश्वके अनन्तर वृषभका भी विशेष महत्व माना गया है। साहित्यके अनेक अंगोंका वृषभसे रूपक बाँधा गया है। पातंजलि महाभाष्यमें चार सींग, तीन पैर, दो सिर, सात हाथ वाले तीन स्थलोंपर बंधे हुये बैलकी विशेष व्याख्या है—

चत्वारि शृंगा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्तहस्ता सो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महादेवो मर्त्यां आविवेश॥ (ऋ० ४।५८।३)

अन्यत्र (ऋ० १०।८६।१५) भी वृषभके तीखे टेढ़े सींगों और इसके रौरवका उल्लेख है—"वृषभो न तिग्मशृंगोऽन्तर्यूथेषु रोरूवत्।" वृषभ या साँड़की चिंघाड़का सर्वत्र वर्णन है। समुद्रसे उदय होने वाले सूर्य्यकी उपमा सहस्र सींगोंवाले वृषभसे दी है—"सहस्रशृंगो वृषभो यः समुद्रादुदाचरत्" (७।५५।७)।

ऋग्वेदके पहले मंडलके एक मरुत् सूक्त (६४) में हाथी और सिंह आदिका उल्लेख आया है जिनसे मरुत्की तुलना की गयी है।

"मृगा इव हस्तिनः खादथा वना" (१।६४।७)

अर्थात् जंगली हाथीके समान वनोंको खाजाते हो। आगेके मंत्रमें—

सिंहा इव नानदति प्रचेतसः पिशा इव सुपिशो विश्ववेदसः।
क्षपो जिन्वन्तः पृषतीभिर्ऋष्टिभिः समित् सबाधः शवसाहि मन्यवः॥
(ऋ० १।६४।८)

अर्थात् सिंहके समान दहाड़ते हो, पिशा हिरणके समान सुन्दर हो, और पृषती-मृग (छींटे दार हरिण) के समान शीघ्रगामी और अहि (सर्प) के समान क्रोध करने वाले हो। इस प्रकार इस मंत्रमें कई वनैले पशुओंका उल्लेख आगया। अन्यत्र नर और मादा दोनों प्रकारके भेड़ियोंका भी वर्णन आया है,

"मा वां वृको मा वृकीरादधर्षीन्" (ऋ० १।१८३।४)।

ऋग्वेदके दशम मंडलके ८६वें सूक्तमें इंद्राणी और वृषाकपिकी आख्यायिका है। वृषाकपिका अर्थ बलिष्ठ बन्दर है। सायण वृषाकपिको इन्द्रका पुत्र भी मानता है। वृषाकपिके ऊपर इन्द्राणी बड़ी क्रुद्ध हैं। जिस कपि-स्वभाव का उल्लेख हनुमानके संबंधमें आता है, वैसा यहाँ भी है—

"प्रिया तष्टानि मे कपिर्व्यक्ता व्यदूदुषत्" (ऋ० १०।८६।५)

अर्थात् कपिने मेरी सब सुन्दर चीजोंको नष्ट भ्रष्ट करडाला है। संभव है कि इन्द्राणी जीकी साड़ी, चोली, आदि चीरफाड़ डाली हो, उनके शरीरमें भी खरोंच आयी हों। वे इतनी क्रुद्ध हैं कि बन्दरको कुत्तोंसे नुचवानेके लिये आदेश दे रही हैं—

"श्वान्वस्य जम्भिषदपि कर्णे वराहयुर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः" (१०।८६।४)

अर्थात् वह कुत्ता जो सूअर (वराह) का भी शिकार कर डालता है, इस बन्दरके कानोंको काट खाय। पर इन्द्र कह रहा है कि मैं अपने सखा वृषाकपिके बिना कैसे सुखसे रह सकता हूँ—

"नाहमिन्द्राणिरारण सख्यु वृषाकपेर्ऋते" (१०।८६।१२)

ऋग्वेदमें कुछ पक्षियोंका वर्णन भी आता है। कुछ पक्षियोंके समान राक्षसोंसे सुरक्षित रहनेकी याचना की गयी है—

उलूकयातुं शुशुलूकयातुं जहिश्वयातुमुत कोकयातुम्।
सुपर्ण यातुमुत गृध्रयातुं दृषदेव प्रमृण रक्ष इन्द्र॥ (७।१०४।२२)

ऐसे व्यक्ति जिनकी प्रकृति ऊल्लुओं सी, शुशुलूकों सी, (विशेष छोटे उल्लू), कुत्तोंकी सी, या कोक पक्षी (कोयल की सी) या बाजकी सी या गिद्ध की सी हो, उन्हें जैसे पत्थर फैंक कर मारते हैं, ऐसे मार कर हमारी रक्षा करो। उलूक, सुपर्ण, गृध्र और श्येनका उल्लेख वेदमें अनेक स्थलों पर आता है। इस मंत्रमें कोकिलाको भी सम्मिलित कर लिया गया है। अथवा संभव है कि कोक कोई उसी जातिका पक्षी हो जिसके गिद्धादि हैं।

ऋग्वेदके दशम मंडलका एक सूक्त (१६५) कपोत विषयक है। इस पक्षीको निरापद और कल्याण कारी माना गया है। संभवतः पालतू पक्षियोंमें इसकी प्रधानता हो।

"शिवः कपोत दूषितो नो अस्त्वनागा देवाः शकुनो गृहेषु" (१०।१६५।२)।

कबूतर गौओं और पुरुषोंके लिये कल्याणकर है—

"शंनो गोभ्यश्च पुरुषेभ्यश्चास्तु।" (१०।१६५।३)।

इसके रहने पर उल्लू हानि नहीं पहुँचा सकते हैं—"यदुलूको वदति मोघमेतद्यत् कपोतः पदमग्नौ कृणोति" (४)। यह कहना कठिन है कि कौओंका उल्लेख ऋग्वेदमें है या नहीं, वायस शब्दका एक स्थल पर प्रयोग अवश्य हुआ है, पर संभव है कि यह विशेषणमात्र हो—"दिव्यं सुपर्णं वायसं बृहन्तम्" (ऋ० १।१६४।५२)।

ऋग्वेदके इन मंत्रोंमें "गावः"[1] शब्द सभी दूध-घी देनेवाले पशुओंके लिये आता हैं जैसे गाय, भैंस, भेड़ और बकरी। दूध-घीकी महिमाके कारण ही इन पशुओंको मूल्यवान् माना गया है—"तुभ्यं गावो घृतं पयो बभ्रो दुदुह्रे अक्षितम्" (ऋ० ९।३१।५) धेनु शब्द संभवतः अकेले गायका ही वाची है—"धेनुर्वाश्रो अवीवशत्" (९।३४।६)।

जलचरोंमें सबसे अधिक अच्छा वर्णन मेंढकोंका है। एक पूरे सूक्त (ऋ० ७।१०३) में इसका उल्लेख है। पर्जन्य सूक्त भी इस सूक्तके साथ है जिससे वर्षा ऋतु और मेंढककोंका संबंध स्पष्ट है। इनकी ध्वनिकी तुलना गाय और बछड़ोंकी परस्पर-स्नेह-प्रदर्शिका ध्वनिसे की गयी है—"गवामह न मायुर्वत्सिनीनां मण्डूकानां वग्नुरत्रा समेति" (७।१०३।२), या पिता-पुत्रकी बातचीतसे। "दादुर धुनि चहु ओर सुहाई। वेद पढ़ें जनु वटु समुदाई" ये चौपाइयां भी निम्न मंत्रसे अपने भाव ग्रहण करती हैं—"यदेषामन्यो अन्यस्य वाचं शाक्तस्येव वदति शिक्षमाणः।" अर्थात् गुरुसे सीखते समय बालक जिस प्रकारकी रट लगाते हैं, वैसी ही वापिकामें मेंढक भी परस्पर बोलते समय प्रयोग कर रहे हैं। मेंढकोंको सैकड़ों गौओंका देनेवाला भी बताया है—"गवां मण्डूका ददतः शतानि" (१०)। यह इस अभिप्रायसे कि मेंढक वर्षाऋतु लाते हैं जिसके आश्रय पर सैकड़ों गायें जीवित रहती हैं।

यह आश्चर्य्यकी बात है कि ऋग्वेदमें अन्य जलचरोंका विशेष उल्लेख नहीं है। मत्स्यका उल्लेख एक स्थानपर इस प्रकार है—"मत्स्यं नदीन उदनि क्षियन्तम्" (ऋ० १०।६८।८)।

सर्पोंका कुछ उल्लेख आता है। जो लोग भद्र पुरुषोंको कष्ट देते या दूषित करते हैं, हे सोम, तुम उन्हें अहिको सौंप दो—

"ये वा भद्रं दूषयन्ति स्वधाभिः, अहये वा तान् प्रददातु सोम।" (ऋ० ७।१०४।९)। एक स्थलपर सर्पोंके बलके लिये 'अहिमाया" (ऋ० १०।६३।४) शब्द भी आया है। वृत्रका तो विस्तृत उल्लेख है।

यजुर्वेदमें पशुशाला

पशुओंका जितना विस्तृत उल्लेख यजुर्वेदके २४ वें अध्यायमें है, उतना प्राचीन साहित्यमें अन्यत्र कम देखनेको मिलेगा। यह अध्याय "अश्वस्तूपरो गोमृगः" इन शब्दोंसे प्रारम्भ होता है। अश्व तो स्पष्टतः घोड़ा है। शृङ्गोत्पत्ति कालके बीत जाने पर जिस बकरेके सींग नहीं निकलते, उसे संभवतः

१—ऋग्वेदका एक सूक्त (१०।१६९) पूरा "गावः" के विवरण का है। इसी मंडलका १९ वां सूक्त "अपः गावो वा", जल और गाय दोनोंके लिये है।

तूपर कहते हैं। गोमृगसे अभिप्राय गवय (गाय मात्र अथवा नील गाय) से है। इस अध्यायमें आरण्य और ग्राम्य दोनों प्रकारके पशुओंका उल्लेख है। शतपथ ब्राह्मण (१३।५।१।१३) में इस अध्यायकी ओर थोड़ासा संकेत किया है। अश्वमेध यज्ञके प्रकरणमें इस अध्यायका बहुधा उपयोग होता रहा है। राष्ट्रं वा अश्वमेधः (शतपथ १३।१।६।३), राष्ट्रीय यज्ञका ही नाम अश्वमेध है। अश्वमेधका शाब्दिक अर्थ अश्वकी पूजा है। इसी प्रकारका अर्थ पितृमेध, नरमेध और गोमेध आदि शब्दोंका है। भूलसे परावर्त्ती याज्ञिक युगमें अश्वमेध शब्दकी भावना उस यज्ञसे ली जाने लगी जिसमें अश्व-बधका विधान माना गया। तबसे यजुर्वेदके इस चौबीसवें अध्यायके सभी पशुओंको यज्ञबलिकी सामग्री समझा जाने लगा। शतपथकी कुछ पंक्तियोंके आधार पर, लगभग २०–२१ यूपोंसे १६–१६ के लगभग पशु बांधे जाने लगे। इस प्रकार महीधर आदिके भाष्योंके आधारपर इस यज्ञमें लगभग ३०० पशुओंकी बलि करायी जाने लगी। मेरी दृष्टिमें यह अध्याय उस पशुशालाकी स्थापनाकी ओर निर्देश करता है जो जनताके हितके लिए अश्वमेध यज्ञके समय आजकलके कलकत्ता, लखनऊ, लाहौर, जयपुर आदि स्थानोंके चिड़ियाघरोंके समान स्थापित किये जाते थे। जिस प्रकार आज भी अनेक स्थल-विभाग इन चिड़िया घरोंमें होते हैं, वैसे ही प्राचीन पशुशालामें होते थे। इन स्थल विभागोंका नाम ही "यूप" है। न तो यूप बधस्थली हैं, आर न इनके बधसे प्राप्त मांसकी यज्ञमें आहुतियां दी जाती थीं। यज्ञकुण्डके जिन परिमाणोंका अश्वमेध आदिके संबंधमें आदेश है, उनसे स्पष्ट है, कि एक यज्ञमें एक घोड़ेके समस्त मांसके लिये भी तो स्थान नहीं रहता था, तीन सौ पशुओंके मांसकी आहुतियोंका प्रश्न तो दूर रहा। और फिर इस २४ वें अध्यायमें ऐसे जन्तुओंका भी उल्लेख है, जिनके संबंध यह कल्पना ही नहीं की जा सकती कि उनकी बलि भी हो सकती है, अथवा जिनके मांसका सेवन किया जा सकता है। अस्तु, यहां हम इस विवादमें नहीं पड़ेंगे कि अश्वमेध यज्ञका क्या अभिप्राय है। हम केवल यह देखनेका प्रयत्न करेंगे कि किन प्रकारके जन्तुओंका उल्लेख यजुर्वेदके इस अध्यायमें पाया जाता है।

१. अजा और मेष—पहले सात मंत्रोंमें मेष या भेड़ेका तो इतना विस्तृत उल्लेख नहीं है, जितना कि बकरोंका। इनके भेद कई प्रकारसे किये गये हैं। जैसे रंगोंके हिसाबसे—रोहित, धूम्र रोहित, कर्कन्धु रोहित (ये तीन प्रकारके लाल); बभ्रु, अरुण बभ्रु, और शुक बभ्रु (ये तीन प्रकारके भूरे); पृषती, क्षुद्र पृषती और स्थूल पृषती (ये चित्कबरे हैं); शितिरन्ध्र, अन्यतः शितिरन्ध्र, और समन्त शितिरन्ध्र अर्थात् कानों के सफेद छेदवाले ॥ २ ॥

इसी प्रकार पूंछोंके अनुसार—शुद्धबाल, सर्वशुद्धबाल, सौर मणिबाल। बड़े कानों वाले बकरे "कर्णी", और सफ़ेद आंखवाले श्येताक्ष कहलाते थे ॥ ३ ॥

इसी तरह कानोंके अनुसार प्लीहाकर्ण (रुग्णकान), शुण्ठाकर्ण, अध्यालोहकर्ण आदि भेद भी हैं ॥ ४ ॥

काली गर्दनवाले बकरे कृष्णग्रीवा, सफेद भौंहोंवाले शितिभ्रू, और इसी प्रकार अन्य रोहित और श्वेत कहलाते हैं। बादलोंकेसे रंगवालोंको नभोरूप कहा है ॥ ६ ॥

कदके अनुसार बकरोंकी संज्ञा उन्नत, ऋषभ और वामन है। जिसके आगेके पैर सफेद हों उसे शितिबाहु, और जिसके पीछेका भाग सफेद हो उसे शितिपृष्ठ कहा गया है। रंगोकी दृष्टिसे शुकरूप, कल्माष और श्याम अजा भी हैं ॥ ७ ॥

इस अध्यायमें १४, १५, और १६ वें मंत्रोंमें भी बकरों और तूपरोंका उल्लेख है।

२. गाय बैल आदि—कुछ मंत्रोंमें बैल, गाय और बछड़ोंके भेदोंका उल्लेख है। अनड्वाह उन बचकौने बैलोंको कहते हैं, जो बोझा खींचकर ले जाते हैं। वशा संभवतः बांझ गौओंका नाम है ॥ ८ ॥ गाय और बैलोंके भी कृष्ण-ग्रीव, बभ्रुः, श्वेत, अविज्ञात, स्वरूप, आदि रंगोंकी दृष्टिसे भेद हैं। छोटी आयु वाले बछड़ोंको जिनका दूध अभी छुड़ाया गया है वत्सर्ति कहते हैं ॥ ९ ॥ इसी प्रकार कृष्ण, धूम्र, बृहन्त, शबल, सिध्म, श्वेत, अरुण, पृषत् और पिशंग इनके और भेद हैं ॥ १०,११ ॥

१८ महीनेकी आयुवाले बछड़ोंको त्र्यवय, और २½ वर्षकी गौओंको पंचावय, कटे धानोंको पीठपर लेकर चलनेवाली ३ वर्षकी गौओंको दित्यवाह, और अन्य तीन वर्षकी गायोंको त्रिवत्स, एवं चार वर्षकी गायोंको तुर्यवाह कहते हैं ॥ १२ ॥ पीठपर बोझ ढोनेवालोंको पष्ठवाह, और पूर्ण यौवनको प्राप्त वीर्य संचनमें समर्थ बैलोंको उक्षाण (सांड), इसी प्रकार अत्यन्त बली बैलोंको ऋषभ, और गाड़ी खींचने वालोंको अनड्वाह और दूध देनेवाली गौओंको धेनु कहते हैं ॥ १३ ॥ गुणों और रंगोंकी दृष्टिसे इनके भी कृष्णग्रीव, धूम्र, उपध्वस्त, वत्सर्ति, श्याम, पृश्नि, बहुरूप और वशा आदि भेद हैं ॥ १४ ॥

३. पक्षी—इस अध्यायमें अनेक पक्षियोंका भी उल्लेख है। बीसवें मंत्रमें ऋतुओंसे जो सम्बन्ध बताया गया है, वह प्राकृतिक भी है। वसन्तमें कपिञ्जल, ग्रीष्ममें कलविंक (संभवतःपिडुकिआ); वर्षामें तित्तिरि (तीतर), शरदमें वर्त्तिक (बटेर), हेमन्तमें ककर आर शिशिरमें विककर—इस प्रकार ये ६ पक्षी ऋतुओंके अनुसार हैं ॥ २० ॥ ककर और विककरसे आजकलके किन पक्षियोंका अभिप्राय है यह कहना कठिन है।

एक मंत्रमें हंस, बलाका (माक्ष सारस या बगुला), क्रुञ्च, मद्गु (या पानीमें गोता लगानेवाला छोटा पक्षी), और चक्रवाकों (चकवा) का वर्णन आता है ॥ २२ ॥ इसके अगले मंत्रमें ही कुटरु

(मुर्गा), उलूक (उल्लू), चाष मयूर (मोर) और कपोतों (कबूतर) का उल्लेख ह ॥ २३ ॥ इसी प्रकार लवा (बटेरके समान), कौलीक (बया), गोप्यादी (गौओंपर बैठनेवाली 'गुरुसल' या मैना), कुलीक और पारुष्ण पक्षियोंका भी उल्लेख है ॥ २४ ॥ और फिर पारावत (कबूतर विशेष), सीचापू, जतू (चमगादड़[1]), दात्यौह (काले कौए), और सुपर्ण (गिद्ध) इन निम्न श्रेणीके पक्षियोंका वर्णन दिया गया है ॥ २५ ॥

कुछ आगेके एक मंत्रमें मादा सारस (बलाका), शार्ग, सृजय, और शयाण्डकोंका उल्लेख है, जिनके संबंधमें निश्चय नहीं कहा जा सकता कि ये पक्षी हैं, या कोई और जन्तु। एक पक्षी "शुक पुरुषवाक्" का भी उल्लेख है, जिसकी आदमीकी सी बोली हो। यह मैना पक्षी हो सकता है ॥ ३३ ॥ आति, वाहस और दर्विद, और इसी प्रकार पैङ्गराज, अलज कौनसे पक्षी हैं, यह कहना संभव नहीं। लैव और मद्गु ये जलसे संबंध रखनेवाले पक्षी हैं, जिनका भी इसी मंत्रमें निर्देश है ॥ ३४ ॥ आगेके एक मंत्रमें अन्यवाप (अर्थात् कोयल जो कौओंके घरमें अण्डे देती है—"अन्यत्रवयन" करती है), मयूर और सुपर्णका फिर वर्णन है ॥ ३७ ॥ कपि (बटेर), कुटरु और दात्यों (कौए) का उल्लेख फिर ३९ वें मंत्रमें है। पिथक और शकुनि पक्षियोंका वर्णन ४०वें मंत्रमें है।

४. भूमिमें रहने वाले जन्तु—इस अध्यायके २६वें मंत्रमें आखु अर्थात् मूषक, पांक्त (खेतोंके चूहे), कश नकुल (नेवले) और बभ्रुकका वर्णन है। नकुल शब्द ३२वें मंत्रमें भी है। आखु, कश और मान्थल इन तीन प्रकारके चूहोंका उल्लेख फिर ३८वें मंत्रमें आया है। ३६वें मंत्रमें चुहिया (मूषिका) भी है। इस मंत्रमें निर्दिष्ट सुषिलीका पक्षी ऐसा है जो पक्षी होनेपर भी बिल बनाकर रहता है। शल्यक या सेहीका उल्लेख ३५ वें मंत्रमें है। श्वावित् (३३) भी इसीका नाम है।

५. पानीसे संबंध रखने वाले जन्तु—इस अध्यायके २१वें मंत्रमें शिशुमार, मंडूक, मत्स्य, कुलीपय (मुर्गाबी), और नक्र (मगर) नामक जलसे सम्बन्धित जन्तुओंका वर्णन है[2]। (यह कहना कि अश्वमेध यज्ञमें इनकी आहुति पड़ती थी वीभत्स और असंभव है)। साँपोका आहार बननेवाले मण्डूकोंका वर्णन मूषिका और तित्तिरके साथ भी ३६वें मंत्रमें किया गया है।

६. मृग या हरिण—२७ वें मंत्रमें हरिणकी पाँच जातियोंका उल्लेख है—ऋष्य, रुरु, न्यङ्कु,

---

१—जतू या चमगादड़का उल्लेख रीछ और सुषिलीकाके साथ ३८ वें मंत्रमें फिर आया है।
२—चक्र, मकर और कुलीपय नामक जलजन्तुओंका वर्णन ३५ वें मंत्रमें भी है।

पृषत और कुलङ्ग। ३२वें मंत्रमें केवल कुलङ्ग है। कुलङ्ग शब्द ही परिवर्त्तित होकर कुरंग बन गया है जो आजकल हरिण शब्दका पर्य्याय है। गवय या नीलगायका उल्लेख आगेके मंत्रमें है। गवयके लिए ही पहले और ३०वें मंत्रमें गोमृग शब्द आया है।

३५वें मंत्रमें पुरुष मृग और ३६वें में एर्णा (काली हिरनी) का उल्लेख भी आता है। ३२ वें त्रमें गौरमृगका वर्णन है। यह हरिण है या नहीं यह कहना कठिन है।

७. आरण्य या जंगली पशु—२८ वें मंत्रमें परस्वत नामक पशुका उल्लेख है, जो या तो जंगली भैंसा है या जंगली गधा। २९ और ३०वें मंत्रमें हस्तिन् (हाथी) का नाम आया है जो मूलतः जंगली पशु ही है। ३०वें मंत्रमें अरण्य मेष (जंगली मेढ़े) का निर्देश है। इस मंत्रमें मनुष्यराज और शार्दूल दोनोंमें शब्द देवस्थानीय प्रयुक्त हुए हैं। मनुष्यराजके नाम पर मर्कट (बंदर) नामक पशु और शार्दूलके नाम पर रोहित या लालहरिण अर्पित किया गया है। ऋषभ (सांड) के नामपर गवयी (मादा नील गाय) का विधान है। हस्तीका उल्लेख भी इस मंत्रमें है।

३१वें मंत्रमें उल, हलिक्ष्ण और वृषदंश ये तीन अरण्य पशु हैं। इनमेंसे पहले दोका आज कल क्या नाम है, हम नहीं जानते। वृषदंश संभवतः बिल्ली है।

अरण्य-अज अर्थात् जंगली बकरेका नाम ३२ वें मंत्रमें आया है। क्रोष्टका भी उल्लेख है जिसकी ध्वनि दूरसे ही बुलाती प्रतीत होती है। यह स्पष्टतः जंगली सियार है।

३३वें मंत्रमें ही शार्दूल (सिंह), और वृक (भेड़िया) नामक अरण्य जन्तुओंका नाम है। (चिड़िया घरमें तो ये पशु स्थान पा सकते हैं, पर यज्ञमें इनकी आहुति डालनेकी कठोर कल्पना करना दुस्साहस मालूम होता है। इससे स्पष्ट है कि अश्वमेध यज्ञसे और पशुओंकी बलिसे कोई संबंध नहीं।)

३६वें मंत्रमें एक पशु लोपाश है। कदाचित् यह भी सियार हो। इस मंत्रकी "जहका" क्या है, यह नहीं कहा जा सकता, यह भी संभवतः बिल्लीकी जातिका कोई जंगली पशु है।

३९वें मंत्रमें घृणीवान् क्या है, यह नहीं कहा जा सकता। एक जंतु वार्ध्रीनस है जो आजकलके गेंडेके समान होगा।

इस अध्यायके अन्तिम मंत्र (४०) में श्वाकृष्ण अर्थात् काले कुत्ते, गर्दभ (गदहा), तरक्षु (चीता), सूकर (जंगली सुअर) और सिंहका नाम आया है। स्पष्टतः ये बलिके पशु नहीं हैं।

८. अन्य जन्तु—इस अध्यायके २८ वें मंत्रमें उष्ट्र (ऊँट) का वर्णन है।

चार प्रकारके साँपोंका नाम इस अध्यायमें है। लाल सांप या लोहिताहि (३१), कालासांप या असित (३७), विषैला सांप या पृदाकु (३३), और अजगर (३८)।

२९वें मंत्रमें जहाँ हाथी ऐसे वृहद्काय जन्तुका उल्लेख है, वहाँ दीमक या प्लुषी, मच्छर या मशक और भौंरे या भृंगोंका भी वर्णन है। ३० वें मंत्रका कृमि शब्द सभी कीड़ों-मकोड़ोंका वाचक है।

इस प्रकार हमने देखा कि यजुर्वेदके चौबीसवें अध्यायमें मच्छर, दीमक और भौंरोंसे लेकर हाथी, ऊँट, शेर और गैंडे तक कई सौ जन्तुओंका उल्लेख है। यह भी स्पष्ट है कि मच्छर, दीमक, भौंरे और शेर एवं गैंडे भी यूपोसे बाँधे नहीं जा सकते जैसी कि कल्पना महीधर आदि भाष्यकारोंने की है। साधारणतः याज्ञिककालमें भी पशुबलिका जो विधान था, उसमें संभवतः पंच-पशुओंको ही सम्मिलित किया गया था—नर, अश्व, अजा, मेष (भेड़ा), और वृषभ या गौ। इस विधानका आधार अथर्ववेद का एक मंत्र बताया जाता है—

तवेमें पञ्चपशवो विभक्ता गावो अश्वः पुरुषा अजावयः ॥११।२।९॥

मेरा अपना विचार है कि नरमेधसे लेकर अश्वमेध तकके यज्ञोंमें नर या अश्वकी बलि नहीं, प्रत्युत उनका पूजन है। यजुर्वेदके २४वें अध्यायमें उस सार्वजनिक पशुशालाकी स्थापनाकी ओर निर्देश है, जिसकी स्थापना अश्वमेध यज्ञके समय होनी चाहिये। यह आजकलका चिड़ियाघर है, जिसमें छोटे-बड़े सभी जन्तु प्रदर्शित किये जाते हैं।

अथर्ववेदमें जन्तु

जितनी विस्तृत सूची यजुर्वेदके २४वें अध्यायमें है, उतनी अन्यत्र प्राचीन साहित्यमें कदाचित् ही देखनेको मिले। अथर्ववेदमें भी यत्रतत्र अनेक जन्तुओंका उल्लेख मिलता है। ११वें कांडके दूसरे सूक्तको हम "पशुपतिसूक्त" कह सकते हैं। इसमें ईश्वरको भव या पशुपति कहा है—पशूनां हि पशुपतिर्बभूथ (२८), और दुपाये और चौपाये दोनोंके ऊपर दया रखनेकी प्रार्थना की गयी है। इस सूक्तमें निम्न पशुओंका उल्लेख आया है—

(१) पंचपशु—गौ, अश्व, पुरु, और अजावय। (९, २१)

(२) क्रोष्टार (सियार), श्वान (११)

(३) आरण्य पशु, मृग, हंस, सुपर्ण (२४)

(४) शिशुमार, अजगर, पुरीकयाःजषाः (जलदानव), मत्स्य (२५)

अथर्ववेमें कहीं-कहीं सप्त-ग्राम्य-पशुओंका भी निर्देश है (३।१०।६), पांचवें वही ऊपरवाले, और

इनके अतिरिक्त गदहा (परस्वान) और खच्चर (अनड्वान)। कुत्तों को भी कभी-कभी अन्य पशुओंमें गिना जाता है।

बन्दर और कुत्तेमें जो परस्पर द्वेष है उसका उल्लेख इस प्रकार है—शुनां कपिरिव दूषणः (३।९।४)। कपिका वर्णन अथर्ववेमें कई स्थलोंपर आया है, और वृषा कपिका तो एक पूरा ही सूक्त (१२६) बीसवें मंडलमें है, जिसमें ऋग्के वर्णनके समान इन्द्राणी वाली आख्यायिका है।

गाड़ी खींचने वाले बैल (या खच्चर) के नामपर जिसे अनड्वान कहा है, एक पूरा अनड्वान सूक्त (४।११) है। इसी प्रकार प्रौढ़ बैल या ऋषभ्पर एक सूक्त (९।४) है।

अथर्ववेदमें एक स्थल पर ऊँटके तीन नामों का निर्देश है जिनमें से एक नाम तो हिरण्य है, और शेष दो सन्दिग्ध हैं—

त्रीण्यष्ट्रस्य नामानि, हिरण्यं इत्येके अब्रवीत।
द्वौबाये शिशवः ॥ (२०।१३२।१३-१५)

कहा जाता है कि अथर्वके तीसरे मंडलका २२वां सूक्त हाथियोंके पालतू बनानेसे संबंध रखता है। जब जंगलका हाथी पूर्णतः पालतू हो गया तो उसकी सवारी अन्य मृगोंकी सवारियोंसे अधिक श्रेष्ठ हो गयी—"हस्ती मृगाणां सुषदामतिष्ठावान् बभूवहि।" (३।२२।६)

चीता, शेर, और बाघके लिये अथर्वके एक मंत्रमें ही द्वीपिन, सिंह और व्याघ्र तीन शब्द आये हैं—

एना व्याघ्रं परिषस्वजानाः सिंह हिन्वन्ति महते सौभगाय।
समुद्रं न सुभ्वस्तस्थिवांसं मर्मृज्यन्ते द्वीनिमप्स्वन्तः ॥ (४।८।७)

अथर्वके ८वें मंडलके ७वें औषधि सूक्तमें अनेक प्रकारकी ओषधियों, वनस्पतियों आर वीरुधोंके साथ-साथ अनेक पशुओं का भी उल्लेख है—

त्रायन्तामस्मिन् ग्रामे गामश्वं पुरुषं पशुम् (८।७।११)।
वैयाघो मणिर्वीरुधां (८।७।१४)
सिंहस्येव स्तनथः (८।७।१५)। गवांयक्ष्मः (८।७।१५)। (गौओंका यक्ष्मा रोग)।
वराहो वेद वीरुधं नकुलो वेद भेषजीम्। सर्पागन्धर्वा या विदुः (८।७।२३)
याः सुपर्णा आङ्गिरसी र्दिव्या या रघटो विदुः

वयांसि हंसा या विदुर्याश्च सर्वेपतत्रिणः ॥ (८।७।२४)

यावतीनामोषधीनां गावः प्राश्नन्त्यघ्न्या यावतीनामजावयः (८।७।२५)

अर्थात् वे ओषधियाँ जिनको गाय (जिसका नाम अघ्न्या भी है, क्योंकि इसके वधका निषेध है), बकरियां और भेड़े खाती हैं, हम सबके लिये सुखद हों। इस प्रकार इस सूक्तमें अश्व, गाय, व्याघ्र, सिंह, सुअर, नेवला, सर्प, चील, बाज, हंस, बकरी और भेड़ इतने पशुओंका उल्लेख है।

एक मंत्रमें भौंरे, चमगादड़ और सर्पोंका विवरण साथ साथ है—

यावतीर्भृङ्गाजत्वः कुरूरवो यावतीर्वेद्या वृक्ष सर्प्यो बभूवुः ॥ (९।२।२२)

मधुका उल्लेख तो ऋचाओंमें बहुत पाया जाता है, पर मधुमक्षीका वर्णन अथर्ववेदके एक मंत्रमें ही है—

यथा मक्षा इदं मधु न्यञ्जन्ति मधावधि ॥ (९।१।१७)

ऋग्वेदका उलूकयातुं शुशुलूकयातुं० वाला मंत्र अथर्व (८।४।२२) में भी है, जिसमें उल्लू, बाज, गिद्ध, हंस, कोयल, कुत्ता, आदिके निर्देश हैं।

एक मंत्रमें उस ओषधिका उल्लेख है जो मच्छरों (मशकों) को मारती है—

सा विहुतस्य भेषज्यथो मशकजम्भनी। (७।५६।२)

सर्प वर्णन—अथर्व की विशेषता सर्पवर्णन में है। सर्प की अनेक जातियोंका इसमें उल्लेख है। तीसरे मंडलके २७ वें सूक्तमें एक एक मंत्रमें एक एक रक्षितृका वर्णन है, और इस प्रकार ६ दिशाओंके साथ ६ रक्षितृ बताये गये हैं। सायणका विचार है, कि ये रक्षितृ ६ प्रकार के सांप हैं—१. असित् (काला), २. तिरश्चिराजी (टेढ़ी मेढ़ी धारियों वाला), ३. पृदाकु (वाइपर या विषैला), ४. स्वजः (यह भी वाइपरकी जाति है); ५. कल्माषग्रीव (गर्दनपर छींटेदार) और ६. श्वित्र (सफेद सांप)।

एक अन्य मंत्र इस प्रकार है—

तिरश्चिराजेरसितात् पृदाकोः परि संभृतम्।
तत् कङ्कपर्वणो विषमियं वीरुदनीनशत् ॥ ७।५६।१॥

इसमें तिरश्चिराजी, असित् और पृदाकुके अतिरिक्त एक और जातिका साँप दिया है जिसे कङ्क-पर्वण कहते हैं, यह भी परम विषैला है। सर्पके विषके समान ही तीव्र विष बिच्छूका होता है—

अरसस्य शर्कोटस्य नीची नस्योपसर्पतः ।
विषं ह्यस्यादिष्यथो एनमजीजभम् ॥ (७।५६।५)

वृश्चिक (बिच्छू या शर्कोट) के विषका उल्लेख ऋग्वेद (१।१९१।१६) में भी है—"वृश्चिक स्यारसं विषमरसं वृश्चिक ते विषम्" इसी प्रकारकी एक पंक्ति अथर्ववेदमें भी है—सर्वे भरू ब्रवाथ शार्कोटमरसं विषम् (७।५६।७)

साँपको चीटियाँ और मयूरनी खा जाती हैं, इसका विवरण इस प्रकार है—"अदन्तित्वा पिपीलिका विवृश्चिन्ति मयूर्यः (७।५६।७)

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि अथर्ववेदमें भी अनेक उल्लेखनीय जन्तुओंका विवरण आता है। वैदिक कालीन साहित्यमें अनेक ऐसे जन्तु भी दिये गये हैं, जिनके नामसे हम परिचित नहीं हैं। संभवतः बहुतसे शब्दोंके अब वे अर्थ नहीं हैं, जो प्राचीन समयमें थे। फिर भी हम देखते हैं कि हमारे ग्राम्य और आरण्य पशुओंकी परम्परा बहुत पुरानी है, और यह संदिग्ध ही है कि इधर हम तीन-चार सहस्र वर्षोंमें कितने ऐसे नये पशुको ग्राम्य बना पाये हैं, जिनसे हमारे पूर्वज परिचित नहीं थे। पसुओंको किस प्रकार सर्वप्रथम ग्राम्य बनाया गया होगा, इसका इतिहास आज हमारे पास नहीं है, पर सभ्यता और संस्कृतिके इतिहासमें ग्राम्य बनानेकी कला अति महत्वपूर्ण स्थान रखती है, इसमें कोई सन्देह नहीं।



जैन आम्नाय

श्री कैलाशचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

जैनधर्म भारतवर्षके तीन प्रमुख धर्मोंमें से है। किन्तु हिन्दू और बौद्ध धर्मकी तुलनामें इसकी ओर जितना ध्यान दिया जाना चाहिये था उतना अभी तक भी नहीं दिया गया। इस धर्मने भारत-भूमिके इतिहास, साहित्य तथा कलाके ऊपर कम प्रभाव नहीं डाला तथा उसके विचार और आचार भी धर्म शोधकोंके लिए कम महत्वशाली नहीं हैं। यहां हम उसकी कुछ विशेषताओंका दिग्दर्शन कराते हैं।

पदार्थ व्यवस्था

इस धर्मके दर्शनमें एक द्रव्य पदार्थ ही माना गया है। और, उसे इस रूपमें माना गया है कि उसके माननेपर दूसरे पदार्थोंके माननेकी आवश्यकता नहीं रहती। गुण और पर्यायके आधारको द्रव्य कहते हैं। ये गुण और पर्याय द्रव्यके ही आत्मस्वरूप हैं, इसलिए ये द्रव्यकी किसी भी हालतमें उससे पृथक् नहीं होते। एक प्राचीन गाथामें द्रव्य, गुण और पर्यायकी व्यवस्था इस प्रकार बतलाई गयी है—

'गुण इदि दव्वविधाणं दव्ववियारो हि पज्जओ भणिदो।
तेहि अणूणं दव्वं अजुदपसिद्धं हवे णिच्चं॥

अर्थात्—जो एक द्रव्यको दूसरे द्रव्यसे पृथक् करता है उसे गुण कहते हैं। गुण ही द्रव्यका व्यवस्थापक है। यदि द्रव्योंमें गुण न हों तो सब द्रव्योंका संकर हो जाय। जैसे, जीव अपने ज्ञानादिक गुणोंके कारण अन्य पुद्गल आदि द्रव्योंसे पृथक् माना जाता है और पुद्गल वगैरह अपने रूप-रसादिक गुणोंके कारण जीवसे पृथक् द्रव्य माने जाते हैं। यदि जीवमें ज्ञानादिक, और पुद्गल आदि अन्य द्रव्योंमें रूप रसादिक गुण न माने जांय तो परस्परमें किसी विशेषताके न होनेसे सब द्रव्य एक ही हो जायेंगे। अतः सामान्य रूपसे अन्वयी ज्ञानादि जीवके गुण हैं और रूपादि पुद्गलके गुण हैं। द्रव्य या गुणके विकारको या परिणमनको पर्याय कहते हैं; जैसे, जीव द्रव्यका पर्याय मनुष्य, पशु आदि और ज्ञान गुणका पर्याय घटज्ञान, पटज्ञान आदि।

जैसे वैशेषिक द्रव्य और गुण को दो पृथक् पदार्थ मानकर उनका समवाय सम्बन्ध मानता है, जैनदर्शन वैसा नहीं मानता। जैनदर्शनमें द्रव्य और गुण ये दो पदार्थ ही नहीं हैं। गुणोंका एक

अखण्ड पिण्ड ही तो द्रव्य है। यदि बुद्धिके द्वारा किसी द्रव्यके सब गुणोंको उससे पृथक् कर लिया जाय तो ऐसा कुछ भी शेष नहीं बच सकता जिसे द्रव्यके नामसे पुकारा जा सके। आशय यह है कि गुण और द्रव्यके प्रदेश पृथक् नहीं हैं। जो शुक्ल गुणके प्रदेश हैं वे ही गुणी वस्त्रके प्रदेश हैं, और जिनके प्रदेश जुदा नहीं हैं वे दो वस्तु ही नहीं हैं।

इस पर यह प्रश्न किया जा सकता है कि जब द्रव्य और गुण ये दो पदार्थ ही नहीं हैं तब एकहीको दो नामोंसे क्यों कहा जाता है? इसका समाधान यह है कि एक द्रव्य केवल एक गुणवाला ही नहीं होता, किन्तु उसमें बहुतसे गुण होते हैं। अतः जब हम द्रव्य कहते हैं तब उन सब गुणोंका ग्रहण होता है या यह कहिये कि, अपने समस्त गुण विशिष्ट वस्तुका ग्रहण होता है, और जब हम किसी एक गुणका नाम लेते हैं तब उस गुणका ही ग्रहण होता है।

गुणोंके कारण ही द्रव्य सजातीयसे मिलते हुए और विजातीयसे विभिन्न प्रतीत होते रहते हैं। अतः न समवाय पदार्थके माननेकी आवश्यकता है, और न सामान्य और विशेष नामके पदार्थ माननेकी आवश्यकता है। गुण, कर्म, समवाय, सामान्य, विशेष और अभाव ये सब द्रव्यकी ही अवस्थाएं हैं; इनमेंसे कोई भी स्वतंत्र पदार्थ नहीं है, ऐसा जैनदर्शनका अभिमत है। जो जैन दर्शनकी द्रव्य-व्यवस्थाके सम्बन्धमें विशेष जाननेके इच्छुक हों, उन्हें तत्त्वार्थ सूत्रका पांचवां अध्याय और उसकी विविध टीकाएं, प्रवचनसारका ज्ञेयाधिकार और पञ्चाध्यायी आदि ग्रन्थोंका अवलोकन करना चाहिये।

द्रव्य-पर्याय

वेदान्तदर्शन पर्यायको अवास्तविक और पर्यायसे भिन्न द्रव्यको वास्तविक मानता है। बौद्धदर्शन द्रव्यको अवास्तविक और द्रव्यसे भिन्न पर्यायको वास्तविक मानता है। किन्तु जैनदर्शन द्रव्य और पर्याय दोनोंको ही वास्तविक मानकर चलता है। इसीसे न केवल द्रव्य ही वस्तु है और न केवल पर्याय ही वस्तु है, किन्तु द्रव्य और पर्याय दोनोंको मिलाकर एक वस्तु होती है। यदि वस्तुको केवल द्रव्य-रूप ही माना जायगा तो वह कूटस्थ हो जायगी, और यदि केवल पर्यायरूप माना जायगा तो वह क्षणिक हो जायगी। और, केवल कूटस्थ या केवल क्षणिक पदार्थ अर्थ-क्रियाकारी हो नहीं सकता। किन्तु वस्तुका लक्षण ही अर्थक्रियाकारित्व है—उसे कुछ न कुछ करते रहना ही चाहिये। अतः वस्तुको द्रव्य-पर्यात्मक मानना ही पड़ता है। द्रव्य पर्यायके बिना नहीं रहता और पर्याय द्रव्यके बिना नहीं रहती। किन्तु द्रव्य स्थायी है और पर्याय अस्थायी है। इसलिए जब हम यह कहते हैं कि वस्तु द्रव्यपर्यात्मक है तब उसका मतलब होता है कि वस्तु नित्य भी है और अनित्य भी है।

उदाहरणके लिए तर्कसंग्रहमें पृथिवी आदिको दो प्रकारकी बतलाया है—एक परमाणुरूप पृथिवी

दूसरी कार्यरूप पृथिवी। परमाणुरूप पृथिवीको नित्य कहा है और कार्यरूप पृथिवीको अनित्य। किन्तु वह कार्यरूप पृथिवी परमाणुरूप पृथिवीसे ही तो बनी है। कार्यरूप पृथिवी अवयवी है और कारण रूप पृथिवी अवयव है। वैशेषिकके मतसे अवयवी अपने अवयवोंमें समवाय-सम्बन्धसे रहता है। अतः अवयवी अपने अवयवोंसे और वे अवयव उस अवयवीसे सर्वथा पृथक् तो नहीं कहे जा सकते। ऐसी स्थितिमें पृथिवी नित्यानित्यात्मक क्यों नहीं कहलावेगी? जिन परमाणुओंसे वह बनी हुई हैं वे परमाणु चूंकि नित्य हैं इसलिए वह नित्य है; और स्वयं कार्यरूप होनेसे वह अनित्य है।

यहां एक प्रश्न पैदा हो सकता है। जैन दर्शनके अनुसार प्रत्येक वस्तु परिणामी-नित्य है। किन्तु यदि वह परिणामी है तो नित्य कैसे? जब जैनदर्शन प्रत्येक वस्तुको परिवर्तनशील मानता है आर वह परिवर्तन प्रत्येक वस्तुके कण-कणमें होता है तब उसमें वह अपरिवर्तित अंश कौनसा शेष रह जाता है जिसे नित्य कहा जाता है? इसका समाधान यह है कि वस्तुके प्रत्येक अंशमें प्रति समय जो परिवर्तन होता है वह पूर्व समयसे सर्वथा विलक्षण नहीं होता। चूंकि परिवर्तन तो परिवर्तन ही ठहरा, अतः पहले समयमें वस्तु जैसी रहती है, दूसरे समयमें बिल्कुल ज्योंकी त्यों तो नहीं रह सकती; किन्तु ऐसा भी नहीं होता कि परिवर्तनके कारण दूसरे समयमें वह वस्तु बिल्कुल दूसरी ही हो जाय। अतः परिवर्तनमें कुछ सादृश्य पाया जाता है और कुछ वैसादृश्य पाया जाता है। पूर्व परिणाम और उत्तर परिणाममें जो समानता है वही द्रव्यात्मा है; उस रूपसे वस्तु न उत्पन्न होती है और न नष्ट होती है। वह अनुस्यूत रूप वस्तुकी प्रत्येक अवस्थामें सदा प्रवाहित रहता है, जैसे मालाके प्रत्येक मोतीमें धागा अनुस्यूत रहता है। और, पूर्व तथा उत्तर परिणाममें जो वैसादृश्य पाया जाता है वह पर्याय है; उस रूपसे वस्तु उत्पन्न होती है और नष्ट होती है, अतएव वह अनित्य है। इस प्रकार वस्तु प्रति समय उत्पन्न होती है, नष्ट होती है और स्थिर भी रहती है। पर्याय रूपसे उत्पन्न और नष्ट होती है, और द्रव्य रूपसे स्थिर रहती है। इन तीनोंको उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य कहते हैं। ये तीनों प्रति समय होते हैं; क्योंकि पूर्व पर्यायका नाश हुए बिना उत्तर पर्याय उत्पन्न नहीं हो सकता तथा जिस समयमें पूर्व पर्यायका नाश होता है उसी समय उत्तर पर्याय उत्पन्न होता है। पूर्व पर्याय नष्ट हो जाय और उत्तर पर्याय उत्पन्न न हो या उत्तर पर्याय उत्पन्न हो जाय और पूर्व पर्याय नष्ट न हो, ऐसा नहीं होता। उदाहरणके लिए मिट्टीके पिण्डसे कुम्हार घड़ा बनाता है। मिट्टीके पिण्डकी हालत क्षण-क्षणमें बदलती जाती है और नयी-नयी हालत उत्पन्न होती जाती है। इस विनाश और उत्पादके बीचमें एक भी क्षणका अन्तर नहीं पड़ता और उसी समय उत्पाद आर विनाशके होते हुए भी मिट्टी ध्रुव रहती है, न वह उत्पन्न होती है और न नष्ट होती है किन्तु उसकी दशाएँ उत्पन्न होती और नष्ट होती हैं। अतः वस्तु उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मक है। स्वामी समन्तभद्राचार्यने आप्तमीमांसा नामक प्रकरणमें इस संबंधमें लिखा है—

'न सामान्यात्मनोदेति न व्येति व्यक्तमन्वयात् ।
व्येत्युदेति विशेषात्ते सहैकत्रोदयादि सत् ॥ ५७ ॥'

अर्थात्—सामान्य रूपसे वस्तु न उत्पन्न होती है और न नष्ट होती है; क्योंकि सामान्य रूप तो वस्तुकी प्रत्येक दशामें स्पष्ट अनुस्यूत देखा जाता है। अतः अन्वय रूपसे वस्तु स्थिर या ध्रुव है, और विशेष अर्थात् पर्याय रूपसे नष्ट होती और उत्पन्न होती है। अतः एक वस्तुमें उत्पाद आदि तीनों एक साथ रहते हैं। तीनोंके समुदायका नाम ही वस्तु है। आचार्य समन्तभद्रने अपने उक्त प्रकरणमें दो दृष्टान्तोंके द्वारा वस्तुको उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मक सिद्ध किया है। दृष्टान्त निम्नलिखित हैं—

'घट मौलि सुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम् ।
शोक प्रमोद माध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम् ॥ ५९ ॥'

'एक राजाके पास सोनेका घड़ा है। लड़कीको वह घड़ा प्रिय है, किन्तु राजकुमार उसका मुकुट बनवाना चाहता है। जब घड़ेसे मुकुट बनवाया गया तब लड़कीको घड़ेके नाशसे रंज हुआ, और लड़केको मुकुट बनता देख प्रसन्नता हुई। किन्तु राजा तो सुवर्णका अर्थी था और सुवर्ण घट और मुकुट दोनों दशाओं में वर्तमान था, अतः राजाको न हर्ष हुआ और न शोक। इस प्रकार एक ही वस्तुको लेकर तीन जनोंको जो तीन प्रकारके भाव हुए वे अकारण नहीं हुए। अतः वस्तु त्रयात्मक है।'

दूसरा दृष्टान्त—

'पयोव्रतो न दध्यत्ति न पयोऽत्तिदधिव्रतः ।
अगोरसव्रते नोभे तस्मात्तत्त्वं त्रयात्मकम् ॥ ६० ॥'

'जिस मनुष्यने यह व्रत लिया है कि मैं आज दूध ही पीऊँगा, वह दही नहीं खाता। यदि दहीमें भी दूध पर्याय मौजूद रहता होता तो वह दहीको नहीं छोड़ता। दूसरी ओर, जो यह व्रत लेता है कि आज मैं दही ही खाऊंगा, वह दूध नहीं पीता। यदि दूध पर्यायमें भी दही पर्याय मौजूद रहता तो वह दूध खाना न छोड़ता। और, जो यह व्रत लेता है कि आज मैं गोरस नहीं खाऊंगा, वह न दूध पीता है और न दही खाता है। यदि दही और दूध दोनों अवस्थाओंमें गोरसत्व अनुस्यूत न होता तो वह दोनोंका त्याग न करता। किन्तु उक्त व्रतवाले उक्त वस्तुओंका सेवन नहीं करते। अतः वस्तु त्रयात्मक है।'

न्याय दर्शनकी तरह मीमांसा दर्शनमें सामान्यकी सत्ता व्यक्तियोंसे पृथक् नहीं मानी जाती; वह व्यक्तियोंमें ही रहता है। मीमांसा दर्शनमें कुमारिलभट्ट एक नवीन युगके उद्भावक माने जाते हैं और

आचार्य शंकरकी तरह उन्हें भी वैदिक धर्मका रक्षक कहा जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे शंकराचार्यने वैदिक धर्मकी रक्षाके लिए बौद्धोंसे प्रभावित होकर अद्वैत वेदान्तका व्यवस्थापन किया, कुमारिलने भी संभवतः कुछ ऐसा ही किया है। अपने 'मीमांसा श्लोक वार्तिक'में वे भी समन्त भद्राचार्यके अनुरूप शैलीमें तत्त्वको त्रयात्मक बतलाते हैं। यथा—

'वर्धमानक भङ्गे च रुचकः क्रियते यदा।
तथा पूर्वार्थिनः शोकः प्रीतिश्चाप्युत्तरार्थिनः ॥ २१ ॥
हेमार्थिनस्तु माध्यस्थं तस्माद् वस्तु त्रयात्मकम्।
नोत्पादस्थिति भङ्गानामभावे स्यान्मतित्रयम् ॥ २२ ॥
न नाशेन विना शोको नोत्पादेन विना सुखम्।
स्थित्या विना न माध्यस्थ्यं तेन सामान्यनित्यता ॥ २३ ॥'

अर्थात् 'जब सोनेके प्यालेको तोड़कर उसकी माला बनायी जाती है तब प्यालेके अर्थीको रंज होता है और मालाके अर्थीको प्रसन्नता होती है, पर सुवर्णके अर्थीको न रंज होता है और न प्रसन्नता। अतः वस्तु त्रयात्मक है; क्योंकि उत्पाद, विनाश और स्थितिके अभावमें तीन प्रकारके भाव नहीं हो सकते, नाशके बिना रंज नहीं हो सकता, उत्पादके बिना सुख नहीं हो सकता और स्थितिके बिना माध्यस्थ्य नहीं हो सकता। अतः सामान्य नित्य भी है।'

इस प्रकार जैन धर्ममें वस्तुको प्रति समय उत्पाद, व्यय-ध्रौव्यात्मक बतलाया है। इसीसे तत्त्वार्थ सूत्रमें[1] कहा है कि जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे युक्त है वह सत् है, और जो सत् है वह द्रव्य है।

ऊपर बतायी गयी दो विशेषताओंमें द्रव्यके दो लक्षणोंको बतलाया गया है। एक, जो गुणपर्याय वाला हो वह द्रव्य है। दूसरा, जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्ययुक्त हो वह द्रव्य है। किन्तु वास्तवमें इन लक्षणोंमें कोई भेद नहीं है; केवल कथनकी शैलीका भेद है। चूंकि गुण ध्रुव हैं इस लिए गुणवान्से ध्रौव्ययुक्त लिया जाता है, और चूंकि पर्याय उत्पाद-विनाशशील होता है अतः पर्यायसे उत्पाद-व्यय लिया जाता है। दोनों परस्पर एक दूसरेके अभिव्यञ्जक हैं। तब प्रश्न होता है कि फिर दो लक्षणोंके कहने की आवश्यकता क्या थी? इसपर जैन शास्त्रोंके आलोडनसे कुछ प्रकाश पड़ता है।

जैन परम्परामें सिद्धसेन नामके एक प्रबल तार्किक विद्वान हो गये हैं। उन्होंने अपने सन्मतितर्क

१—उत्पाद व्यय ध्रौव्य युक्तं सत् ॥३०॥ सद्द्रव्यलक्षणम् ॥२९॥ अ० ५।

नामक प्रकरणमें[1] शास्त्रीय युक्तियोंके आधारपर यह प्रमाणित किया है कि गुण और पर्याय दो जुदा चीजें नहीं हैं; किन्तु दोनों एक ही अर्थके बोधक हैं। द्रव्य और पर्यायकी तरह यदि गुण भी कोई स्वतन्त्र वस्तु होता तो जैसे द्रव्यको जाननेके लिये द्रव्यार्थिक और पर्यायको जाननेके लिये पर्यायार्थिक नामके दो नय जैन सिद्धान्तमें माने गये हैं, वैसे ही गुणको जाननेके लिए तीसरा गुणार्थिक नय भी मानना चाहिये था। अतः गुण-संज्ञा अन्य दार्शनिकोंके यहाँ है, जैन दर्शनमें नहीं।

'गुणपर्ययवद् द्रव्यम्' इस सूत्रकी व्याख्या करते हुए जैन न्यायके प्रस्थापक अकलंक देवने[2] सिद्धसेनके उक्त मतका पूर्वपक्ष रूपसे निर्देश करके उसका समाधान किया है। प्रारम्भमें तो उन्होंने कुछ शास्त्रीय प्रमाणोंका उल्लेख करके गुणका पृथक् अस्तित्व स्वीकार किया है, किन्तु अन्तमें **'गुणाः एव पर्याया गुणपर्यायाः'** ऐसा निर्देश करके गुण और पर्यायका अभेद भी स्वीकार कर लिया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यवाला लक्षण ही जैन परम्पराका प्रतीक है। जैन आगमोंसे भी पता चलता है कि भगवान् महावीरने सबसे प्रथम अपने उपदेशमें **'उप्पन्नेइ वा धुवेई वा विगमेइ वा'** यही वाक्य कहा था, अस्तु।

अनेकान्त

जब वस्तुका लक्षण उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य है तब सभी वस्तुएँ नित्यानित्य सिद्ध होती हैं। न कोई वस्तु सर्वथा नित्य ठहरती है, और न कोई सर्वथा अनित्य। आकाश आदि जो नित्य कहे जाते हैं उनमें भी प्रति समय उत्पाद-व्यय हो रहा है, और दीपक आदि जो अनित्य प्रतीत होते हैं वे भी द्रव्य रूपसे ध्रुव हैं; क्योंकि द्रव्यका नाश कभी नहीं होता। ऐसी स्थितिमें किसीको नित्य ही और किसीको अनित्य ही कहना वस्तु स्थितिके विरुद्ध है। हां, द्रव्य दृष्टिसे नित्य है और पर्याय दृष्टिसे अनित्य है; ऐसा कहना युक्ति संगत है।

इसी तरह कोई भी वस्तु केवल सत् नहीं है। केवल सत्का मतलब होता है—जो किसी भी तरहसे असत् न हो। किन्तु यदि वस्तुको केवल सत् ही माना जायगा और किसी भी रूपसे उसे असत् न माना जायगा तो सब वस्तुएँ सब रूप हो जायँगी; और किसी भी वस्तुका कोई प्रति नियत असाधारण स्वरूप न रहेगा। प्रत्येक वस्तुका वस्तुत्व दो बातोंपर अवलम्बित होता है—एक स्वरूपका ग्रहण और दूसरे, पररूपका अपोहन। जैसे, घटका घटत्व तभी तक कायम है जबतक वह अपने स्वरूपको अपनाये

१—सन्मतितर्क, काण्ड ३, गा० ८-१५।

२—राजवार्तिक, पृ० २४३।

हुए है, और अपनेसे भिन्न जो अन्य पट आदि वस्तुएँ हैं उनके स्वरूपको नहीं अपनाता। और, यह तभी बन सकता है जब उस घटमें उससे भिन्न सब वस्तुओंके स्वरूपोंका अभाव माना जाय; क्योंकि जिसका भी अभाव उसमें नहीं माना जायगा उसीका उसमें सद्भाव हो जायगा, और सद्भाव हो जानेसे वे वस्तुएँ एक हो जायँगी, अतः यह मानना पड़ता है कि प्रत्येक वस्तुकी एक मर्यादा है, और वह वस्तु उस मर्यादामें ही रहती है—उससे बाहर नहीं रहती।

वह मर्यादा है—स्वरूप, स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र और स्वकाल की। प्रत्येक वस्तुका स्वरूप नियत है, द्रव्य नियत है, क्षेत्र नियत है और काल नियत है। यदि वस्तु स्वरूपकी तरह पररूपसे भी सत् हो तो चेतन अचेतन हो जायगा और अचेतन चेतन हो जायगा, और यदि पररूपकी तरह स्वरूपसे भी सत् न हो तो शून्य रह जायगा। इसी तरह यदि वस्तु स्वद्रव्यकी तरह परद्रव्यसे भी सत् हो तो द्रव्योंकी प्रति नियत संख्या नहीं बन सकती। वस्तु जिस क्षेत्रमें वर्तमान है वह उसका स्वक्षेत्र है और जिस कालमें वर्तमान है वह उसका स्वकाल है। स्वक्षेत्रकी तरह परक्षेत्रसे भी यदि उसे सत् माना जाय तो वस्तुका कोई प्रतिनियत क्षेत्र नहीं रहेगा यही बात कालके सम्बन्धमें है। अतः जब हम यह कहते है कि वस्तु सत् है तब उसका मतलब होता है कि स्वरूप, स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र और स्वकालकी अपेक्षा ही वस्तु सत् है और पररूप, परद्रव्य, परक्षेत्र, परकालकी अपेक्षा असत् है। यह वस्तुस्थिति ऐसी है जिसे कोई भी अस्वीकार नहीं कर सकता, क्योंकि उसको स्वीकार किये बिना किसी भी इष्ट तत्वकी व्यवस्था बन नहीं सकती। इसीसे स्वामी समन्त भद्रने लिखा है—

'सदेव सर्वं को नेच्छेत् स्वरूपादि चतुष्टयात्।
असदेव विपर्यासान्न चेन्न व्यवतिष्ठते ॥ १५ ॥ आप्तमी०।

अर्थात्—'स्वरूप आदि चतुष्टयकी अपेक्षासे सब सत् हैं और पररूप आदि चतुष्टयकी अपेक्षासे सब असत् है, ऐसा कौन नहीं स्वीकार करेगा; क्योंकि उसके बिना वस्तुकी व्यवस्था नहीं बनती।'

अतः यह मानना पड़ता है कि वस्तु एक रूप नहीं है। वह सत् भी है, असत् भी है, नित्य भी है, अनित्य भी है, एक भी है, अनेक भी है। इसीका नाम अनेकान्त[1] है। किन्तु इसका यह मतलब नहीं है कि अनेकान्तवादमें वस्तुका कोई निश्चित स्वरूप नहीं है। जो ऐसा समझते हैं वे भ्रममें हैं। उनसे हम कुमारिल भट्टकी निम्न पंक्तियाँ देखनेका अनुरोध करते हैं—

१—'सदसन्नित्यानित्यादि सर्वथैकान्त प्रतिक्षेप लक्षणोऽनेकान्तः।' अष्टस०, पृ० २८६।

'वस्त्वनेकत्व वादाच्च न सन्दिग्धाऽप्रमाणता।
ज्ञानं सन्दिह्यते यत्र तत्र न स्यात्प्रमाणता ॥७९॥
इहानैकान्तिकं वस्त्वित्येवं ज्ञानं सुनिश्चितम्।'

श्लोकवार्तिक, पृ० ६३३।

इसकी व्याख्या करते हुए पार्थसारथि मिश्र लिखते हैं—"भेदाभेदमें से किसी एकका अवधारण न करनेसे सन्देह होगा, और सन्देह होनेसे न भेद ही सिद्ध हो सकेगा और न अभेद ही सिद्ध हो सकेगा।" इस आपत्तिका उत्तर देते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि हमारा अनेकान्तवाद वस्तुको विषय करता है और बतलाता है कि वस्तु एकरूप नहीं है। जहां ज्ञान ही अवस्तु रूप अनेकत्वको विषय करता है जैसे यह स्थाणु है या पुरुष, वहां संशय होनेसे वह अप्रमाण है। अनेकान्तवादका तो निर्णय ही यह है कि वस्तु अनेक रूप है; तब वह अप्रमाण कैसे है? इसके पहले कुमारिल लिखते हैं—

'कैश्चिदव्यति रिक्तत्वं कैश्चिच्च व्यतिरिक्तता ॥७६॥
दूषिता साधितावाऽपि न तत्र बलाबलम्।
कदाचितन्निश्चितं कैश्चित्तस्मान्मध्यस्थता वरम् ॥७७॥

श्लो० वा०, पृ० ६३२-३३।

'जो अवयव अवयवीमें ऐकान्तिक भेद या अभेद मानते हैं उन्होंने ही अनेकान्तवादको सिद्ध किया है, क्योंकि उन्होंने अपने-अपने पक्षमें जो प्रबल युक्तियां दीं उन्हींसे भेदाभेद दोनों सिद्ध हैं। अतः दोनोंमें मध्यस्थता ही श्रेष्ठ है।'

इस तरह वस्तु अनेकान्त रूप है। उसको जाननेके दो साधन हैं—एक ज्ञान, दूसरा शब्द। ज्ञानसे ज्ञाता स्वयं जानता है और शब्दके द्वारा दूसरोंको बतलाता है। किन्तु ज्ञान और शब्दमें एक बड़ा अन्तर है। ज्ञान अनेकान्तात्मक वस्तुको एक समयमें जान सकता है, किन्तु शब्द एक समयमें वस्तुके किसी एक धर्मका ही आंशिक व्याख्यान कर सकता है। अतः वस्तुके अनेक धर्मात्मक होने पर वह समस्या उत्पन्न हुई कि अनेकान्तवादका प्रकाशन कैसे किया जाय; क्योंकि शब्द तो एक समयमें वस्तुके एक ही धर्मको कह सकता था, और उससे श्रोताको गलतफहमी हो सकती थी। अतः यह आवश्यक समझा गया कि प्रत्येक वाक्यके साथ अनेकान्तका द्योतक अथवा सूचक 'स्यात्' शब्द व्यक्त या अव्यक्त रूपसे सम्बद्ध रहे, क्योंकि उसके बिना अनेकान्तका प्रकाशन नहीं हो सकता। 'स्यात्'

शब्दका अर्थ होता है कथंचित् या किसी अपेक्षासे। जब हम कहते हैं 'स्यात् नित्य' तब उसका मतलब होता है कि वस्तु सर्वथा नित्य नहीं है किन्तु एक दृष्टिसे नित्य है। वाक्यके साथ प्रयुक्त 'स्यात्' शब्द उस वाक्यके तत्त्वको पूर्ण रीतिसे सूचित करता है। जो अनेकान्त तत्त्वके रहस्यको समझते हैं, वे उसका प्रयोग न किये जानेपर भी प्रकृत वाक्यके सम्पूर्ण अभिप्रायको ही ग्रहण करते हैं।

प्राचीन साहित्यका अवलोकन करनेसे जैनेतर साहित्यमें भी अनेकान्तवादकी झलक दृष्टिगोचर होती है। प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान् आचार्य शान्तरक्षितने अपने तत्त्वसंग्रहमें लिखा है कि "मीमांसक, जैन और सांख्य इन तीनोंके अनेकान्तवादका समान रूपसे खण्डन हो जाता है।" इससे स्पष्ट है कि उस समय अनेकान्तवादको केवल जैनदर्शनका ही 'वाद' नहीं समझा जाता था। किन्तु अनेकान्तवादका स्पष्टरूपसे जैसा और जितना विवेचन जैन साहित्यमें मिलता है वैसा और उतना इतर साहित्यमें नहीं मिलता। साथ ही साथ, जैनाचार्योंने उसे खूब पल्लवित और पुष्पित भी किया है। आचार्य सिद्धसेनका तो कहना है कि अनेकान्तवादके बिना लोकका व्यवहार ही नहीं चल सकता। स्वामी समन्तभद्रने अपने आप्तमीमांसा नामक प्रकरणमें स्याद्वाद और उसके फलित रूप सप्तभंगीवादका सुन्दर सयुक्तिक विवेचन करके अद्वैतवाद-द्वैतवाद, नित्यवाद-क्षणिकवाद, भेदवाद-प्रभेदवाद, दैववाद-पौरुषवाद, अपेक्षावाद-निरपेक्षवाद, युक्तिवाद-हेतुवाद, अन्तरङ्गार्थवाद-बाह्यार्थवाद आदि एकान्त-वादोंकी निष्पक्ष आलोचनाकी है। इन सब कारणोंसे अनेकान्तवाद और स्याद्वाद जैनधर्मके ही प्रतिरूप बन गये हैं। इसीसे शंकराचार्यने अपने शांकरभाष्यमें अनेकान्तका खण्डन करते हुए जैन मान्यताओंका ही खण्डन किया है। अतः स्याद्वाद[1] और उसके फलितरूप सप्तभंगीवाद और नयवाद एक दृष्टिसे जैनदर्शनकी ही देन हैं। सप्तभंगीवादमें एक ही वस्तुके विषयमें प्रचलित विरोधी मन्तव्योंको स्थान दिया गया है, और नयवादमें विविध दर्शनोंको स्थान दिया गया है। इस तरहसे अनेकान्तवाद विचार-भेद और दृष्टि-भेदका सामंजस्य बैठाकर, सबका समन्वय करते हुए सत्य तक पहुंचनेका मार्ग-प्रदर्शन करता है।

जीवात्मा ही परमात्मा है

जैनधर्म, जैसा इसके नामसे स्पष्ट है, 'जिन' अर्थात् विजेताओं द्वारा उपदिष्ट हुआ है। वे 'जिन' पुरुष थे। उन्हें जो कुछ ज्ञान प्राप्त हुआ था, वह किसी ईश्वरकी कृपा या ईश्वरीय पुस्तक द्वारा प्राप्त

१—स्याद्वाद और सप्तभंगीवादके सम्बन्धमें विशेष जाननेके लिये 'प्रेमी अभिनन्दन ग्रन्थ'में लेखकका 'स्याद्वाद और सप्तभंगी' शीर्षक लेख देखिये।

नहीं हुआ था, बल्कि उन्होंने उसे अपने पुरुषार्थके द्वारा सब प्रकारकी वासनाओंपर विजय प्राप्त करके, अपने अनुभवके आधार पर, अपने ही अन्तरात्मासे प्राप्त किया था।

यह बतला देना उचित है कि जैनधर्म किसी अनादि सिद्ध ईश्वरकी सत्ताका हामी नहीं है, और न वह इस जगतको किसीका बनाया हुआ ही मानता है। इस दृष्टिसे एक तरह वह निरीश्वरवादी ही है। किन्तु दूसरी ओर, वह आत्म-बहुत्ववादी है; तथा उसका आत्मा बौद्धकी तरह केवल संस्कारोंका एक पिण्ड मात्र ही नहीं है, बल्कि एक स्वतंत्र अखण्ड अविनाशी पदार्थ है, और उसमें ज्ञान, दर्शन सुख, वीर्य आदि अनन्त गुण हैं। ये गुण सब आत्माओंमें समान हैं, और इसलिए सब आत्माएं समान हैं। किन्तु जैसे सोना खानसे अशुद्ध ही निकलता है, उसी प्रकार सब आत्मा भी सदासे अपने अपने संस्कारोंसे लिप्त ही होते हैं। और, जैसे शोधन प्रक्रियाके द्वारा सोनेमें से मलको दूर करके स्वर्ण शुद्ध हो जाता है, उसी प्रकार आत्मशोधनकी प्रक्रियाके द्वारा संस्कारोंके बन्धनसे छूट कर प्रत्येक आत्मा शुद्ध हो सकता है। अतएव जैसे मलके चले जानेसे स्वर्णके स्वाभाविक पीतता आदि गुण पूर्ण विकसित हो उठते हैं उसी प्रकार शुद्ध होने पर आत्माके गुण भी पूर्ण विकसित हो जाते हैं; तथा जैसे सब शुद्ध स्वर्ण प्रायः एक ही रूप रंगके होते हैं, उसी प्रकार सब शुद्ध आत्मा भी समान होते हैं। शुद्ध होनेपर उनमें कोई अन्तर नहीं रहता; जो कुछ अन्तर पाया जाता है वह अपने-अपने प्रबल संस्कारोंकी तरतमांशताके कारण ही होता है। उनके दूर होने पर फिर कोई भेदका कारण ही नहीं रहता। सब शुद्ध आत्मा अपनी अपनी स्थितिको कायम रखते हुए अपने-अपनेमें लीन रहते हैं। उन्हें ही जैनधर्म परमात्मा मानता है। वे ही उसके आदर्श हैं, आराध्य हैं और ध्येय हैं। उनकी दो अवस्थाएं होती हैं। पहली अवस्थाको सकल परमात्मा कहते हैं; क्योंकि उस अवस्थामें आत्मा यद्यपि सशरीर रहता है पर वह रागद्वेषकी दुर्गम घाटीको पार कर चुकनेके कारण पूर्ण ज्ञानी और वीतराग हो जाता है; और इसलिए उस अवस्था में पहुंचकर वह जनताको अपने अनुभवोंसे अवगत कराता है। वह उनके असली स्वरूपका भान कराता है और बतलाता है कि जिस पथ पर चलकर मैं ऐसा बना हूं, उस पथ पर चलकर प्रत्येक जीवात्मा परमात्मा बन सकता है। किन्तु इसके लिए किसीसे प्रार्थना करनेकी या किसीके आगे गिड़गिड़ानेकी आवश्यकता नहीं है, बल्कि स्वयं अपने पुरुषार्थ पर विश्वास रखकर अपने पैरोंपर खड़े होनेकी आवश्यकता है।

इस प्रकार सकल परमात्मा अपने शेष जीवनपर्यन्त प्राणि मात्रके हितका उपदेश देकर, अवशिष्ट शारीरिक बन्धनसे भी मुक्त होकर, विकल परमात्मा बन जाते हैं और सदा आत्म सुखमें मग्न रहते हैं। वे न किसीका भला करते हैं, और न बुरा; न निन्दासे नाराज होते हैं और न स्तुतिसे प्रसन्न। तथापि जो

उनकी पूजा, वन्दना, स्मरण आदि किया जाता है, वह उन्हें रिझानेके लिए नहीं किया जाता किन्तु बुरे कामोंसे स्वयंको बचनेके लिए किया जाता है, जैसे कि स्वामी समन्त भद्राचार्यने लिखा है—

'न पूजयार्थस्त्वयि वीतरागे न निन्दया नाथ विवान्तवैरे।
तथापि तव पुण्य गुण स्मृततिर्नः पुनातु चित्तं दुरिताञ्जनेभ्यः ॥५७॥'

स्वयंभू स्तोत्र।

'हे नाथ! यतः तुम वीतराग हो, अतः तुम्हें पूजासे कोई प्रयोजन नहीं हैं और यतः तुम वीतद्वेष हो, अतः तुम्हें निन्दासे कोई प्रयोजन नहीं है। फिर भी तुम्हारे पुण्य गुणोंके स्मरणसे हमारा चित्त पापरूपी कालिमासे पवित्र होता है।'

वेदान्तके सिवा इतर वैदिक दर्शन भी आत्माको स्वतंत्र द्रव्य मानते हैं और अपनी-अपनी मान्यता के अनुसार उसकी मुक्ति भी मानते हैं, किन्तु मुक्तात्माओंको वे ईश्वरके समकक्ष अंगीकार नहीं करते। ईश्वरमें तो सर्वकर्तृत्व, सर्वज्ञत्व आदि अतुल ऐश्वर्य रहता है; उसकी इच्छासे, उसकी कृपासे क्या नहीं हो सकता? किन्तु मुक्तात्मा तो मुक्त होनेके कारण अपने विशिष्ट गुणोंको भी खो बैठता है। फिर उसके मुक्त होनेमें ईश्वरका अनुग्रह भी कारण है, अतः वह ईश्वरके समान कैसे हो सकता है? परन्तु जैनधर्म के अनुसार परमात्मात्व ही सर्वोच्च पद है; वही आत्माका सर्वोच्च लक्ष्य है और उसे अपने ही प्रयत्नसे प्रत्येक आत्मा प्राप्त कर सकता है। और इस तरह जो आज भिखारी है, कल वही भगवान् बन सकता है और भगवान् बनकर वह भगवान्की ही तरह सर्वज्ञ भी होजाता है, धर्मतीर्थका प्रवर्तन भी करता है। इस प्रकार जैनधर्म मनुष्यको देव बनाकर उसकी पूजा करता है। स्वर्गीय इन्द्र, वरुण आदि देवताओं के स्थानमें उसने निष्कलंक मनुष्यकी प्रतिष्ठाकी है, और वही उसकी उपासनाका आदर्श है।

विशद अहिंसा

यों तो अहिंसाको प्रायः सभी भारतीय धर्मोंने अपनाया है और उसे अच्छा भी बतलाया है, किन्तु जैन धर्मका तो आदर्श ही अहिंसा है। जैसे उसके विचारका मूल अनेकान्त दृष्टि है उसी प्रकार उसके आचारका मूल अहिंसा है। सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह भी अहिंसाके पोषणकी दृष्टिसे ही काम करते हैं। जहां हिंसा है, वहां अधर्म है; और जहां अहिंसा है, वहां धर्म है। आचारके सब विधि-विधानोंके मूलमें यही भाव अन्तर्निहित है।

अब प्रश्न यह है कि अहिंसा आदर्श होकर भी क्या व्यवहार्य हो सकती है? इस प्रश्नका

समाधान हमें जैन साहित्यमें मिलता है। जैनधर्मकी यह एक विशेषता है कि उसने अहिंसाको व्यावहारिक रूप देनेका प्रयत्न किया, और उसे कोरा आदर्श बनाकर ही नहीं रखा।

जैनधर्मके अनुसार अपने द्वारा किसी प्राणीके मारे जाने या दुखी हो जानेसे ही हिंसा नहीं होती। संसारमें सर्वत्र जीव पाये जाते हैं, और वे अपने निमित्तसे मरते भी हैं, फिर भी जैनधर्म इस प्राणी-घातको हिंसा नहीं कहता। कषाय या प्रमादके वशीभूत होकर किसीके प्राणोंके घात करनेको हिंसा कहते हैं। जो मनुष्य जीवोंको मारने या सतानेके भाव नहीं रखता, उसके द्वारा किसीका घात हो जाने या किसीको कष्ट पहुँचाने पर भी उसे हिंसाका पाप नहीं लगता। जैसा कि कहा है—

'उच्चालिदम्मि पादे इरियासमिदस्य णिग्गमट्ठाणे।
आवादेज्ज कुलिंगो मरेज्ज तज्जोगमासेज्ज॥
ण हि तस्स तण्णिमित्तो बंधो सुहुमो वि देसिदो समये।'

अर्थात्—'जो मनुष्य देख-देख कर रास्ता चलता है, उसके पैर उठानेपर अगर कोई जन्तु उसके पैर रखनेके स्थान पर आ गिरे और उसके पैरसे कुचलकर मर जाय तो उस मनुष्यको उस जीवके मर जानेका थोड़ासा भी पाप नहीं लगता, ऐसा आगममें कहा है।' किन्तु—

'मरदु व जियदु व जीवो अयदाचारस्स णिच्छिदा हिंसा।
पयदस्स णत्थि बंधो हिंसा मेत्तेण समिदस्स॥'

'जीव मरे या जिये, जो अयत्नाचारी है—असावधान है, दूसरोंके दुःख-सुखका ध्यान न रखकर अपना काम करता है, उसे अवश्य ही हिंसाका पाप लगता है। पर जो सावधानीसे अपना काम करता है उसे प्राणीका घात हो जाने पर भी हिंसाका पाप नहीं लगता।'

सारांश यह है कि हिंसा दो तरहकी होती है; एक द्रव्य हिंसा और दूसरी भाव हिंसा। जहाँ सावधानी रखते हुए भी किसीका घात हो जाता है, वहाँ केवल द्रव्य हिंसा है और जहाँ सावधानी नहीं रखी जाती वहां भाव हिंसा है। वास्तवमें भाव हिंसा ही हिंसा है। द्रव्य हिंसाको तो केवल इसलिए हिंसा कहा है कि उसका भाव हिंसाके साथ सम्बन्ध है। यदि द्रव्य हिंसाको ही हिंसा माना जाता तो फिर कोई अहिंसक न बन सकता, और महाभारतकी निम्नलिखित शंका बनी ही रहती—

'जले जन्तुःस्थले जन्तुराकाशे जन्तुरेव च।
जन्तु माला कुले लोके कथं भिक्षुरहिंसकः॥'

"जलमें जीव हैं, थलमें जीव हैं और आकाशमें भी जीव हैं। इस तरह जब सब संसार जीवोंसे व्याप्त है तब कोई भिक्षु अहिंसक कैसे हो सकता है?"

इसका उत्तर यों दिया गया है—

'सूक्ष्मा न प्रतिपीड्यन्ते प्राणिनः स्थूल मूर्तयः।
ये शक्यास्ते विवर्ज्यन्ते का हिंसा संयतात्मनः॥

'जीव दो तरहके होते हैं—सूक्ष्म और स्थूल। जो अदृश्य होते हैं और न किसीसे रुकते हैं तथा न किसीको रोकते हैं, वे सूक्ष्म कहलाते हैं। सूक्ष्म जीवोंको तो कोई पीड़ा दी ही नहीं जा सकती। रहे स्थूल जीव; उनमेंसे जिनकी रक्षा कर सकना शक्य है, उनकी रक्षाकी जाती है। ऐसी स्थितिमें जिसने अपनेको संयत कर लिया है उस भिक्षुको हिंसाका पाप कैसे लग सकता है।'

और भी लिखा है—

विश्वंजीवचिते लोके क्व चरन् कोऽप्यमोक्ष्यत।
भावैकसाधनौ बन्ध मोक्षौ चेन्ना भविष्यताम्॥

अर्थात्—'जब यह संसार जीवोंसे भरा हुआ है, तब यदि बन्ध और मोक्ष भावोंके ही ऊपर निर्भर न होता तो इस संसारवासी कौन मोक्ष प्राप्त कर सकता?' इस तरह जब जैनधर्मकी अहिंसा भावों पर निर्भर है तब कैसे उसे अव्यवहार्य ठहराया जा सकता है?

इसके सिवा वह अहिंसा साधु और गृहस्थकी अपेक्षासे भी भिन्न है। उसका सम्पूर्ण पालन तो साधु ही कर सकते हैं। गृहस्थके लिए तो उसके और भी भेद-प्रभेद किये गये हैं। यथा—हिंसा चार प्रकारकी है—संकल्पी, आरम्भी, उद्योगी और विरोधी। बिना अपराधके जान-बूझकर जब किसी के प्राण लिये जाते हैं या किसीको कष्ट पहुँचाया जाता है तब उसे संकल्पी हिंसा कहते हैं। जैसे कसाई पशुबध करता है। रोटी बनाने, पानी भरने, झाड़ने-बुहारने, आने-जाने आदिमें सावधानी रखते हुए भी जो हिंसा हो जाती है उसे आरम्भी हिंसा कहते हैं। व्यापार आदि करनेमें जो हिंसा हो जाती है, उसे उद्योगी हिंसा कहते हैं। अपनी या अपनोंकी रक्षा करनेमें जो हिंसा हो जाती है उसे विरोधी हिंसा कहते हैं। इनमेंसे गृहस्थ केवल संकल्पी हिंसाका त्याग करता है। क्योंकि—

'गृहवासो विनाऽऽरम्भात् न चारम्भो विना वधात्।
त्याज्यः स यत्नात्तन्मुख्यो दुस्त्यजस्त्वानुषंगिकः॥'—सागारधर्मामृत॥

कुछ आरम्भ किये बिना घरमें रहना शक्य नहीं है, और ऐसा कोई आरम्भ नहीं है जिसमें थोड़ी

बहुत हिंसा न होती हो। अतः संकल्पी हिंसा ही त्याज्य है, कृषि आदिमें होने वाली हिंसाका त्याग गृहस्थके लिए शक्य नहीं है। अतः जैन गृहस्थ खेती आदि कर सकता है और अपनी तथा अपने कुटुम्ब, देश आदिकी रक्षाके लिये युद्ध भी कर सकता है। जो लोग पशु बधसे आजीविका करते हैं या जिनको मांसाहारपर निर्भर रहना पड़ता है वे भी यदि उसे सर्वथा छोड़नेमें असमर्थ हैं तो सप्ताहमें एक दिन उसका त्याग करके या अमुक पशुका ही मांस खानेकी प्रतिज्ञा करके अपनेको अहिंसाके पथका पथिक बना सकते हैं। जैन पुराणों और कथानकोंमें ऐसे अनेक पुरुषोंकी कथाएँ आती हैं जो हिंसापर ही जीवन यापन करते थे, और जैन साधुओंके उपदेशसे प्रभावित होकर उन्होंने अपनी शक्तिके अनुसार अहिंसाकी प्रतिज्ञा ली; और उससे ही उनका जीवन सुधर गया। एक यमपाल नामका चण्डाल अपराधियोंको फांसी देनेका काम करता था। उसने प्रतिज्ञा ली कि मैं चतुर्दशीके दिन किसीको फांसी नहीं दूँगा। एक बार राजाने उसे चतुर्दशीके दिन फांसी देनेको विवश किया, किन्तु वह अपनी प्रतिज्ञापर दृढ़ रहा। जैन शास्त्रोंमें वह अहिंसाणुव्रतके पालन करने वालोंमें प्रसिद्ध हुआ।

सारांश यह है कि हिंसाकी ओरसे मनुष्यमें अरुचि उत्पन्न होनी चाहिये और 'जीओ और जीने दो' का रहस्य उसके हृदयमें उतार देना चाहिये। ये दो बातें हो जानेसे अहिंसाका मार्ग उसके लिए खुल जाता है, और फिर वह स्वयं ही उस ओर बढ़ सकता है।

अपरिग्रह

जैन धर्मकी छठी विशेषता उसका अपरिग्रहवाद है। साधारण तौर पर रुपया-पैसा, जमीन-जायदाद आदिको परिग्रह कहा जाता है। किन्तु जैनधर्म इन वस्तुओंमें मनुष्यकी जो ममत्व बुद्धि रहती है उसे परिग्रह मानता है। चूंकि ये वस्तुएं उस ममत्व बुद्धिमें कारण होती हैं अतः इन्हें भी परिग्रह कहा जाता है। प्रत्येक गृहस्थको चाहियेकि अपने ममत्वको घटाकर अपने जीवनके लिए आवश्यक वस्तुओंका परिमाण करले, और कभी भी उससे अधिककी इच्छा न करे। यह गृहस्थका अपरिग्रहवाद है।

जैनाचारके ग्रन्थोंमें परिग्रहकी बुराइयां तो बतलाई ही हैं किन्तु उसे एक पाप भी बतलाया है। लिखा है कि जैसे, जिस पक्षीकी चोंचमें मांसका टुकड़ा होता है, अन्य पक्षी उस टुकड़ेके पानेके लिए उस पक्षीके पीछे पड़ जाते हैं। इसी प्रकार धनवान् मनुष्यपर सदा चोरोंकी दृष्टि रहती है, तथा धनके उपार्जन और रक्षणके प्रयत्नमें वह बहुतसे बुरे काम कर डालता है। और, जैसे आग कभी ईंधनसे तृप्त नहीं होती वैसे ही कितना भी धन होजाने से उसकी तृष्णा शान्त नहीं होती। लोभसे अभिभूत होनेके कारण उसे कार्य और अकार्यका ध्यान नहीं रहता, इसलिये परिग्रहसे बचना ही हितकर है।

इस तरह परिग्रहका नियम निर्द्धारित कर जैनधर्म अनुचित संग्रहका प्रतिरोध करता है, और आजके युगमें फैली हुई आर्थिक विषमताको दूर करनेमें मदद कर सकता है। किन्तु मनुष्य इतना स्वार्थी और लोभी है कि वह अपने स्वार्थमें धर्मको बाधक बनाना नहीं चाहता। उसे वह वहीं तक अपनाता है जहां तक उससे उसके स्वार्थमें बाधा नहीं आती या स्वार्थकी पूर्तिमें सहायता मिलती है। स्वार्थोंके दायरेमें तो सभी धर्मोंके धनी एक ही धर्मके अनुयायी हैं। यदि सब सच्ची भावनासे धर्मका पालन करें तो किसीके पास अनावश्यक संचय हो ही नहीं सकता, क्योंकि न्यायकी कमाईसे मनुष्य सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है किन्तु अनावश्यक संचय नहीं कर सकता। अनावश्यक संचय तो पापकी कमाईसे ही होता। जैसा जैनाचार्य गुणभद्रने कहा भी है—

'शुद्धैर्धनैर्विवर्धन्ते सतामपि न सम्पदः।
न हि स्वच्छाम्बुभिः पूर्णाः कदाचिदपि सिन्धवः॥' (आत्मनुशासन)

अर्थात्—'शुद्ध-न्यायोपर्जित धनसे सज्जनोंकी भी सम्पत्ति नहीं बढ़ती। क्या कभी किसीने नदियोंको स्वच्छ जलसे परिपूर्ण देखा है?'

अतः जहां अनेकान्तवाद दुनियांमें फैले हुए विचार-भेदके समन्वयकी महौषधि है और अहिंसा युद्धोंसे त्रस्त राष्ट्रोंके क्षतोंके लिये मरहम है, वहां अपरिग्रहवाद फैली हुई अर्थिक विषमताको दूर करनेका सुन्दर सत्प्रयत्न है। काश! दुनियाने इनसे लाभ उठाया होता। आशा है, जैन धर्मकी कुछ विशेताओंका यह संक्षिप्त दिग्दर्शन जैनधर्मको समझनेमें सहायक होगा।



बौद्ध धर्मकी चीन विजय—

श्री भगवतीप्रसाद पान्थरी

चीनी दर्शन सदैव लौकिक रहा है, और उसने सर्वदा सामाजिक और राजनीतिक रूपमें मनुष्य की वर्तमान स्थितिसे संबंध रखा है। इसके महान् गुरू, दार्शनिक और पथ-प्रदर्शक-कनफूसी (५५१ ई० पू०) ने चिनियोंको आदमीके व्यवहारोंका स्वरूप दिखलाया और उन्हें रहनेका सुन्दर ढंग बताया। वे, वस्तुतः अपने ही—युगके ही नहीं, वरन् आनेवाले सभी युगोंके, एक व्यवहारिक राजनीतिज्ञ और सुधारक थे। अपनी इस महत्ताके ही कारण वे चीनके राष्ट्रीय गुरु माने जाने लगे। इस प्रकार एक व्यवहारिक और लौकिक सुधारक होनेके कारण उन्होंने प्रकृतिके जाने और पहिचाने नियमोंके अतिरिक्त दूसरी बातों पर ध्यान देना उचित न समझा। उन्होंने, अपने शिष्योंको अज्ञात ईश्वरको छोड़ देनेकी सलाह दी, और स्वयं भी दैविक चर्चामें न पड़कर, केवल 'मानव' पर ही जोर दिया। उन्होंने अपने एक शिष्यसे कहा 'जब तक तुमने आदमियोंकी सेवा करनी नहीं सीखी, तुम देवताओंकी कैसे सेवा कर सकते हो?' और यह भी कहा 'जब तुम जीवनके सम्बन्धमें अन्धकारमें हो, तुम मृत्युके सम्बन्धमें कोई बात कैसे समझ सकते हो?' किन्तु कन्फूसीवाद मनुष्यकी दैवी और आदर्श शक्तियोंकी भक्ति और पूजा करनेकी नैसर्गिक प्रवृत्ति कि सहायता न कर सका! इस आदर्श दैवी पुरुष की भावना—और आध्यात्मिक क्षुधाकी परितृप्ति बुद्धके विशाल और विशिष्ट धर्मने, जिसे सामान्यतः बौद्ध-धर्म कहते हैं, और जिसका प्रवेश चीन में 'हान' युगमें हुआ, पूरी की।

गौतम बुद्ध और उनका धर्म

बौद्धधर्मके संस्थापक, जिन्होंने चीनकी सभ्यता और संस्कृतिके विकासमें बहुत योग दिया है, गौतम बुद्ध थे। गौतम बुद्ध भारतके इक्ष्वाकु अथवा सूर्य्य वंशके एक राजघरानेमें उत्पन्न हुए थे। बोधिसत्व प्राप्त करनेसे पूर्व उनका नाम सिद्धार्थ था। वे कपिलवस्तुके (गङ्गाके उत्तरमें स्थित एक छोटासा राज्य) राजा शुद्धोदन और महारानी मायाके पुत्र थे। शुद्धोदन मगधके शाक्य जातिके थे और उनका गोत्र गौतम था। इसीलिए सिद्धार्थ बादमें गौतम बुद्ध तथा शाक्य मुनिके नामसे प्रसिद्ध हुए।

मानवीय दुःखोंसे सारे संसारको आक्रान्त देख सिद्धार्थका हृदय द्रवित हो उठा। वे सोचने लगे कि क्या संसारमें केवल दुःख ही है—'दुःख और केवल मृत्यु!' अन्तमें उन्हें मालूम पड़ा कि सांसारिक दुःखों—जरा, व्याधि और मृत्युसे मुक्त होनेका सच्चा मार्ग जीवनके आनन्दोंके परित्यागमें निहित है। फलतः वे राजसी जीवनके सारे सुखोंको त्याग, घर छोड़, मानवीय दुःखों और क्लेशोंकी औषधि ढूँढ़नेके लिए वनों और जंगलोंमें साधुओं-ऋषियोंके बीच घूमने लगे। काफी भ्रमण और कष्ट उठानेके बाद, एक दिन सिद्धार्थने मगधके एक नगरमें—जिसे आजकल बोधगया कहते हैं, एक पीपलके वृक्षके नीचे बुद्धत्व या पूर्ण ज्ञान प्राप्त किया। इस प्रकार बुद्धत्व प्राप्त करने पर सारी चीजें उन्हें प्रत्यक्ष हो गयीं। उन्हें स्पष्ट रूपसे मालूम हो गया कि इस संसारकी सम्पूर्ण वस्तुएँ क्षणिक हैं, और सभी परिवर्तनशील और विनाशवान हैं, तथा जो निर्मित हुआ है उसका अन्त भी अवश्यम्भावी है। संक्षेप में बुद्धको संसारके सभी सुख वा आनन्द दुःख तथा कष्टके कारण प्रतीत हुए। इन सब दुःखोंका कारण शाक्य मुनिने 'जीवनकी इच्छा' या 'तृष्णा' समझा। जबतक मनुष्य इस इच्छासे मुक्त नहीं हो जाता उसे 'संसार'के कष्टोंसे छुटकारा नहीं मिल सकता। अतः जब गौतमको ज्ञान (बोधि) प्राप्त हो गया तो वे मुक्तिका मार्ग लोगोंको बतलानेके लिये वेगसे संसारकी तरफ आये। उनकी मुक्तिका मार्ग था—'अपनी इंद्रियों पर विजय और सर्व प्राणियोंके प्रति प्रेम।' इसलिए उन्होंने संसारको परित्याग करनेका उपदेश दिया जिससे संसारके कष्टोंसे छुटकारा मिल सके और निर्वाण प्राप्त—हो।

जब मनुष्य निर्वाणकी शांति और आनन्द प्राप्त करलेता है, तो वह बुद्धकी सर्वज्ञताका भागी भी हो जाता है। ऐसे सर्वज्ञ आदमीको फिर संसारका कोई क्लेश सता नहीं पाता, क्योंकि वह जानता है कि विश्वके तमाम रूप और दृश्य बिना किसी वास्तविकताके चल-चित्र मात्र हैं।

गौतम बुद्धने यह महत् ज्ञान अपने ही लिए नहीं किन्तु सम्पूर्ण संसारकी मुक्तिके लिए प्राप्त किया था। उनके हृदय-में 'दुःखी मानवताके' प्रति महान करुणा थी। अतः बुद्धत्व प्राप्त करनेके पश्चात् उन्होंने केवल स्वयं संसारको मुक्तिका मार्ग नहीं बताया वरन् उन्होंने अपने उन शिष्योंको भी, जिन्होंने उनसे ज्ञान प्राप्त किया था, धर्म प्रचार करनेका आदेश देकर संसारके कोने कोनेमें भेजा। बुद्ध जिस प्रकार सर्वज्ञ थे—उसी प्रकार सकरुण भी थे। यही कारण है कि बुद्धका धर्म संसारके धर्मोंमें से पहला धर्म था जिसका प्रसार उस राष्ट्रकी सीमान्तके बाहर तक हुआ, जहां उसने जन्म लिया था। बुद्धका धर्म 'पहला विश्व-धर्म'[1]—

१—ए० ग्रिनवेडेल, बुद्धिस्ट आर्ट इन इंडिया, अनु० गिब्सन, पृ० ९।

कमसे कम उन सम्पूर्ण प्रदेशोंका धर्म था जो भारतके पूर्व और उत्तरमें मंगोलियाके चारागाहों और तिब्बतकी निर्जन् पहाड़ियोंसे लेकर, जापान और सुदूर पूर्वके भारतीय—द्वीपों तक फैला हुआ है।

बौद्ध धर्मका चीनमें—प्रवेश

बौद्ध-धर्म चीनमें भी पहुंचा। किन्तु अभी तक यह विवादग्रस्त है कि उसने चीनमें कब प्रवेश किया। फालिन नामके एक प्राचीन चीनी इतिहासकारके कथनानुसार, कन्फूसी, लाओजू और बुद्ध समकालीन थे और एक दूसरेसे परिचित थे। फालिन लिखता है कि एक समय जब कन्फूसीसे पूछा गया कि क्या वह पवित्र मानव है, उसने उत्तर दिया कि—'नहीं', किन्तु-साथ ही यह भी कहाकि "पश्चिमी प्रदेशमें एक पवित्र आदमी है[1]।" यह तो निर्विवाद है कि कन्फूसी (५५१-४७८ ई० पू०) और बुद्ध (५६३-४८० ई० पू०) समकालीन थे। 'पश्चिमी प्रदेशसे' अभिप्राय 'भारत' से है। चीन 'मध्य-साम्रज्य'के नामसे कहलाता था। अतः कन्फूसीने जब पश्चिमी प्रदेशके 'पवित्र आदमी' का जिक्र किया तो गौतम बुद्धसे ही उनका अभिप्राय था।

लाओजूके बारेमें फालिनका कहना है कि वह और बुद्ध एक ही थे, तथा 'ताओ' धर्मके प्रणेता शाक्यमुनि ही थे। अतः फालिनका कहना है कि बुद्ध धर्म सी-ह्वांगति' (२२१ ई० पू०) से, जिसने चीनकी महान दीवालका निर्माण कराया था, बहुत समय पूर्व ही चीनमें प्रवेश कर चुका था। चीनके प्राचीन लेखोंमें, जो 'चीन-लू'के नामसे प्रसिद्ध हैं, लिखा है कि बुद्ध धर्म सर्वप्रथम चीन-साम्राज्यके सम्राट च्यंग (२६८ ई० पू०) के राज्यकालके चौथे वर्षमें चीन पहुँचा था। वर्तमान चीनी विद्वान् जुइचीने लिखा है कि (१२१ ई० पू०) के लगभग 'हान सम्राट उ'का एक सेनापति तुर्किस्तानसे लूटमें कुछ सोनेकी मूर्त्तियाँ चीनमें लाया था। ये मूर्त्तियां इतिहासकारोंके लेखानुसार बुद्ध-देवकी थीं और पहली बार ही चीनमें लायी गयी थीं। प्रो० विनय कुमारने बड़ी योग्यता और कुशलतासे यह प्रमाणित किया है कि चीनियोंको बुद्ध-धर्मका ज्ञान चाउ-राज्यकालके प्रथम राजाके समयसे, जो अशोकका समकालीन था, होगया था। आप यह भी कहते हैं कि "यदि अशोक आदिके धर्म-प्रचारकोंका चीन जाना सही न मानकर असंभव समझा जाय, तो भी इतना तो है ही कि उस कालमें दार्शनिक रूपसे, और वस्तुतः मनोवैज्ञानिक आवश्यकताके कारण चीन बौद्ध-धर्मसे परिचित हो चुका था आर उससे सहानुभूति रखता था!"[2]

१—बील, बुद्धिस्ट लिटरेचर इन चायना। पृ० १-२।

२—प्रो० वि० कुमार, चाइनीज रिलीजन थ्रू हिन्दू आईज, पृ० १३८-१३९।

इन सब वृत्तोंके आधार पर हम सरलता और बहुत कुछ निश्चयके साथ यह कह सकते हैं कि बौद्धधर्मका प्रवेश चीनमें लगभग तीसरी शताब्दी ई० पू० में हो चुका था।

विकास और ह्रास

बुद्धधर्मके चीनमें प्रवेश करनेके साथ, 'उसी समय भारतीय विचारधाराका प्रवाह भी पूर्वकी तरफ और विशेषतः चीन तथा भारतके पूर्वकी ओर प्रवाहित हुआ, और यह क्रम शताब्दियों तक चलता रहा।'[1] यह कहा जाता है कि सन् ६५ ई० के लगभग हान वंशके द्वितीय सम्राटने स्वप्नमें अपने सिरके ऊपर 'एक तैरती हुई सुवर्ण-मूर्तिको देखा।' सम्राटने इस स्वप्नके बारेमें अपने भाई और इतिहासकार 'फू-इह'से पूछा। उन्होंने बताया कि 'उड़ती हुई सुवर्णकी मूर्ति' बुद्धकी थी, जिनकी मध्य एशिया और भारतमें पूजा की जाती है, और अब चीनमें भी प्रतिष्ठित होना चाहता है। कहा जाता है कि यह सुनकर सम्राटने, अठारह व्यक्तियोंका एक शिष्ट मंडल बुद्धकी गाथा और उपदेशोंको लानेके लिए पश्चिमी प्रदेशको भेजा। वह शिष्टमंडल भारत आया और यहांसे कुछ बौद्धधर्मकी पुस्तकें, चित्र और शाक्यमुनिकी एक मूर्ति प्राप्त कर 'हान'की राजधानी 'लोयांग'को लेगया। चीनी शिष्टमंडलने तत्कालीन दो प्रसिद्ध बौद्ध आचार्यों—कश्यप मात्तंग और धर्मानन्दको, भी चीन चलनेके लिए आमंत्रित किया। धर्म प्रचारके इच्छुक दोनों आचार्योंने आमंत्रण स्वीकार किया और ६७ ई० सन्में श्वेत घोड़ोंके रथमें अपने साथ बहुतसी पुस्तकें और शाक्यमुनिकी मूर्तियां लेकर चीन गये। चीनका सम्राट उनको पाकर बहुत प्रसन्न हुआ और उसने बुद्धकी प्रतिष्ठामें 'शुभ्र अश्व मन्दिर' या 'मठके' नामसे एक विहार स्थापित किया, जो चीनमें स्थापित होनेवाला पहला विहार था। किन्तु बुद्धकी यह प्रतिष्ठा निर्विरोध न हुई। 'ताओ' धर्मके आचार्योंने बौद्धधर्मके प्रचारमें बाधा उपस्थित की; पर बाद्धधर्मके सामने वे अपने धर्मकी श्रेष्ठता प्रमाणित न कर सके। बुद्धके आदेश इतने प्रामाणिक और सर्वप्रिय लगे कि उसे राज्यकी ओरसे 'सच्चा धर्म' स्वीकार किया गया।[2] हान वंशकी गाथाएं कहती हैं—कि धर्मानन्दने कितनेही चीनियोंको—जिनमें राजवंशके १९० व्यक्ति, २८० राज कर्मचारी, ६२० ताओधर्मके माननेवाले और ३२० राजधानीके प्रमुख स्त्री व पुरुष थे, बौद्धधर्ममें दीक्षित किया। इन अनुयायियोंने बुद्धके नामपर दस मन्दिर निर्मित किये जिनमेंसे सात राजनगरीके बाहर और तीन भीतर स्थित थे। बाहरके सात मन्दिरोंमें भिक्षु रहते थे और भीतर के तीन मन्दिरोंमें भिक्षुणी रहती थीं।'[3]

१—बुद्धिस्ट आर्ट इन इंडिया, पृ० ७९।

२—एस० बील, बुद्धिस्ट लिटरेचर इन चायना, पृ० ४।

३—वही।

सम्राट 'मिंगती'का ऊपर वर्णित स्वप्न, श्री विनयकुमार सरकारके शब्दोंमें, किसी एक व्यक्ति की 'मनोहारी कल्पना' न थी वरन् वह सम्पूर्ण राष्ट्रकी मनोवैज्ञानिक दशाको प्रतिबिम्बित करता है। वह "'चीनकी कल्पना' थी जिसने बौद्धधर्मको[1] राजाके स्वप्नका रूप दिया।" यही कारण था कि बौद्धधर्मका प्रवेश करते ही इतना स्वागत और सम्मान किया गया; यहां तक कि जैसा ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, वह 'हान'के राज कर्मचारियों द्वारा एकमात्र 'सत्य धर्म'के रूपमें स्वीकार किया गया।

हान राज्यकालमें बौद्धधर्मकी लगभग १२३ पुस्तकोंका १४२ भागोंमें चीनी भाषामें अनुवाद किया गया। इसीसे बौद्धधर्मके प्रति तत्कालीन चीन निवासियोंके झुकावका पता लगता है।

इस प्रकार प्रथमतः हान सम्राटोंका प्रश्रय पाकर बौद्ध-धर्म प्रबलतासे चीनमें फैलने लगा और अपने दर्शनसे चीनी जीवनको उसने बहुत कुछ प्रभावित कर दिया। श्री एस. वेल्स विलियम्सने ठीक ही कहा है कि "यह धर्म (बौद्धधर्म) पहिलेही उसके राज्यमें यथेष्टतया फैल चुका था, किन्तु इसके अनन्तर वह चीनियोंका सर्वप्रिय धर्म बना आर पूर्वकी ओर जापान तक उसका विस्तार हो चला।"[2]

संभवतः सम्राट 'मिंगती'के बौद्धधर्मकी संरक्षिताका ही फल था कि चू राज्यका अधिपति 'चांगलो' (७६–८९ ई० सन्) भी बौद्धधर्मका अनुयायी हुआ।[3]

हानवंशका पतन—

२२० ई० सन् में हानवंशका ह्रास होने पर चीनकी आंतरिक शांति और समृद्धि विनष्ट हो चली, जिसके फलः स्वरूप चीन अपने सेनापतियों और वैदेशिक आक्रमणकारियोंका क्रीड़ास्थल बन गया। चीन साम्राज्यकी अक्षुण्णता भंग हो गयी और कई स्वतंत्र राज्य पनप उठे, और प्रत्येक शक्ति और साम्राज्यके लिए संघर्ष करने लगे। इस निरर्थक आंतरिक कलहने सम्पूर्ण सामाजिक संघटनको विघटित कर उसके स्वतंत्र विकासको अवरुद्ध कर दिया। फलतः चीनका मध्य और पश्चिम एशिया के बीच जो आर्थिक सम्बन्ध, हान युगमें स्थापित हुए थे, टूट चले और आर्थिक जीवन भी विघटित हो गया। इस प्रकार हान युगका उत्तर काल चीनके इतिहासमें एक विकट संघर्ष और आपत्तियोंका युग माना जाता है। यह युग अपने रौद्र संघर्षोंके लिये कुप्रख्यात है। उसने राष्ट्रके जीवनकी शांति

१—चाइनीज रिलीजन थ्रू हिन्दू आईज, पृ० १३८–१३९।

२—दि मिडिल किंगडम, भा० २, पृ० १६३।

३—चाइनीजन रिलीजन थ्रू हिन्दू आईज, पृ० १४१।

आर समृद्धिको अत्यन्त आघात पहुँचाया। इसलिए आश्चर्यकी कोई बात नहीं यदि विपद्ग्रस्त चीनी जनताने संसार और उसके निवासियोंसे विरक्त होकर अपने दुःखोंसे निवृत्ति पानेके लिए बुद्धके 'निर्वाण'-का आश्रय लिया। बुद्धने संसार और उसके वैभवके परित्यागका आदेश दिया था जो कि सम्पूर्ण दुःखोंका मूल है, और उन्हें, जो ऐसा करनेमें सफल हो सकें, मृत्युके अनन्तर अनन्त सुख वा 'निर्वाण'-का आश्वासन प्रदान किया था। दुःखी चीनी जनता एवं धर्मिष्ठ विद्वानोंको इस दर्शनने, जिसने उन्हें उस समय सुख और शांति देनेका आश्वासन दिया, जब कि उनके लिए संसारमें कोई सुख तथा शांति रह ही न गयी थी, स्वभावतः आकृष्ट किया।

चीनमें बौद्धधर्मके प्रसारका यही एक मात्र कारण न था। हानवंशके बाद कतिपय चीनी सम्राटोंने भी बौद्धधर्मको राजाश्रय दिया, और चीनी जनतामें उसके प्रचारमें बहुत योग दिया। परिणामतः बौद्धधर्म चीनी जनताके जीवनसे बिलकुल सम्बद्ध हो गया और तबसे वह हमेशा "दुःख और सांसारिक विपत्तियोंके समय एक अचूक सहारा देता रहा है[1]।"

सम्राटोंका संरक्षण

पीली घाटीमें स्थित वी राज्यके अधिपति व सम्राट फेई (२४०-२५३ ई० सन्) बौद्धधर्मका परम भक्त था। उसने इस धर्मको अपने राज्यका प्रमुख धर्म स्वीकार किया। राजाज्ञा द्वारा उसने चीनी भिक्षुओंके लिए बाद्धधर्मके आदेशोंका पालन अनिवार्य कर दिया। बौद्धधर्मके आदेशोंको जाननेके लिए बौद्धधर्मकी पुस्तकोंका चीनी अनुवाद एक भारतीय भिक्षु द्वारा राज्यमें तैयार कराया। राजाज्ञानुसार चीनी भिक्षुओंको अपने केश मुड़ा देने पड़े, मंत्र और धार्मिक पुस्तकोंका पाठ करना पड़ा तथा और भी कितने ही कठिन धार्मिक आचार विचार अपनाने पड़े।[2] किन्तु इत्सिंगके, जो ६७१ ई० सन्में भारत आया था, वर्णनसे जान पड़ता है कि चीनके बौद्ध उसके समयतक बौद्धधर्मकी धार्मिक पुस्तकोंमें दिये गये 'विनय'से बहुत कुछ अपरिचित थे।[3]

जो भी हो, अबतक बाद्धधर्मको पूरी तरह राजाश्रय प्राप्त नहीं हुआ था। पहली बार लातु त्रिन वंशने उसे पूर्ण और शक्तिशाली प्रश्रय प्रदान किया। इस वंशका संस्थापक—सुजमा एन था। उसने

१—गिब्स, दि सिविलिजेशन ऑफ चायना, पृ० ५५।

२—सू ची, ए शार्ट हिस्ट्री ऑफ चायनीज सिविलिजेशन, पृ० १४।

३—ताका कुसू, बुद्धिस्ट प्रैक्टिसेस इन इंडिया. पृ० ६५।

पीछे २६५ ई० सन्में वोती या वी का नाम ग्रहण किया था। इस वंशके शासक लगभग सन् ३१७ ई० तक लोयह्यंगमें शासन करते रहे।

इस वंशके प्रभुत्वकाल ही में चीनका प्रथम महान् और प्रसिद्ध बौद्ध यात्री फाय-ह्यान बौद्धसाहित्य और ग्रन्थोंकी खोज तथा संचयके लिए भारतवर्ष आया था।

इस वंशके सम्राट् वोती या वी (२६५-२९० ई० सन् तक) बौद्धधर्मका महान् संरक्षक था, जिसकी आज्ञासे उसके राज्यमें कई विहार स्थापित किये गये थे। सम्राट मिनने भी बौद्धधर्मको प्रश्रय दिया और दो विहार या मठ बनवाये। इस समय चीनी इतिहासकारोंके अनुसार चीनमें लगभग ३७०० बौद्ध भिक्षु थे।

पूर्ववर्ती सम्राटोंकी भांति ही पूर्वी जिन या चीन्सके सम्राट भी एक ही कुलके थे। इस वंशके राजाओंकी राजधानी नानकिंग थी। इस वंशने ३१७ से ४२० ई० सन् तक राज्य किया। और उसके राज्यकालके १०३ वर्ष बौद्धधर्मके विकास और प्रसारमें बहुत महत्वके रहे। यह सुविख्यात बौद्ध यात्री इत्सिंगके इन शब्दोंसे स्पष्ट है कि "उस समय सम्राट् बौद्धधर्मकी प्रतिष्ठा करते थे और जनता भक्तिपूर्ण थी।"[1] राजकीय विवरणमें मिलता है कि पूर्वीय जिन वंशके संस्थापक योन्तिने नानकिंगमें दो विहार बनवाये थे, जिनमेंसे प्रत्येकमें १,००० भिक्षु रहा करते थे।

योन्तिके उत्तरकालीन राजाओं—मिंगती (३२२-३२५) चिंगति (३२६-३४२) किन वेन (३७१-३७२) हिआ वुति (३७३–३९६) और नगन ति (३९७–४१७) का भी बुद्धधर्मके प्रति वैसा ही अनुराग और आदर था। मिंगतीको दो विहारोंका निर्माता कहा जाता है, जिनमें उसने १०० बौद्ध विद्वानोंको प्रश्रय दिया था। चिंगतिने भी, कहते हैं, दो विहार बनवाये थे जिनमें करीब २,००० बौद्ध भिक्षु रहा करते थे। इसी प्रकार शेष सम्राटोंने भी किसीने दो और किसीने एक विहार निर्मित कराये।

राजकीय विवरणके अनुसार पूर्वीय जिनवंशके १०३ वर्षोंके राज्यकालमें उनके साम्राज्यके अन्तर्गत लगभग १७००० बौद्ध संस्थाएं स्थापित हुईं और २६३ बौद्ध पुस्तकोंका चीनी भाषामें अनुवाद हुआ। 'जिन' सम्राटोंके द्वारा निर्मित संस्थाओंकी ठीक संख्याका पता लगाना आज कठिन है, किन्तु जहां तक अनुवादित पुस्तकोंकी संख्याका सम्बन्ध है वह सही माना जाता है[2]।

अतः निश्चित रूपसे यह कहा जा सकता है कि जिन वंशके शासन कालमें बौद्धधर्म, साम्राज्यका

१—ताका कुसु, बुद्धिस्ट प्रैक्टिसेज् इन इण्डिया, २०७।

२—पी० बागची, इंडिया ऐण्ड चायना, पृष्ठ ११।

प्रमुख वा प्रतिष्ठित धर्म था, यद्यपि कनफूसीके आदर्श तथा सिद्धान्तोंको प्रतिष्ठा भी किसी प्रकार कम न थी[1]।

४१७ ई० के लगभग जिनके सेनापति लियु युने, मौर्य सेनापति पुष्यमित्रकी तरह, अपने स्वामीको मार डाला और ४२० ई० में कंसु नामसे नानकिंगका शासक बन बैठा। उसका वंश उत्तरी शुंग वंशके नामसे प्रसिद्ध है। इस वंशने लगभग ४७९ ई० तक राज्य किया। शुंगोंके बाद ४७९ ई० से ५०२ ई० तक नानकिंगमें जि वंश का राज्य रहा। तदनन्तर लियांग वंशका प्रभुत्व स्थापित हुआ। इस वंशका संस्थापक उ ति था। उसका राज्य यांगलि नदीके दक्षिणमें फैला हुआ था, और उसके उत्तरमें वि वंशका राज्य था।

वुति अपने समस्त शत्रुओं का नाश करनेवाला महान योद्धा, तथा सात्विक आर दार्शनिक प्रवृतिका व्यक्ति बताया जाता है। उसने साहित्यके अभ्युत्थान और कनफूसीके दर्शनके अध्ययनकी अभिवृद्धिके लिए बहुत कुछ किया। उसकी विकासोन्मुख प्रवृतिका सबसे बड़ा प्रमाण तो यह है कि उसने भारत और फारससे अपना सांस्कृतिक और राजनीतिक सम्बन्ध स्थापित किया था आर इन प्रदेशोंके राजदूत उसके दरबारमें आया-जाया करते थे।

भारतीय सम्पर्कके परिणाम स्वरूप बाद्धधर्मका उस पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि बुद्धकी भक्तिके आवेशमें उसने अपना सारा राजकाज तक त्याग दिया और 'विहार' में रहने लगा। बादमें राज्यके मन्त्रियोंके दबाव डालने पर उसने पुनः राजदण्ड हाथमें लिया, किन्तु राजदरबारका सारा समय वह एकत्र राजकर्मचारियोंको धर्म बतलाने और बुद्धके सिद्धान्तोंकी समीक्षा करनेमें ही व्यय करने लगा।[2] घर पर भी वह साधुकासा जीवन व्यतीत करता था। कहा जाता है कि वह दिनमें केवल एक बार भोजन करता था, और कभी मांस तथा लहसुन आदि न खाता था। बौद्ध-सिद्धान्त 'अहिंसा'का अनुकरण करते हुए, उसने अशोककी भांति देवताओंकी पशु 'बलि'को रोक दिया। यही नहीं, कहा जाता है कि उसने रेशमी वस्त्र और किनारियोंपर पशुओंके चित्रोंको अंकित करनेपर भी प्रतिबन्ध लगा दिया था। इसमें भी उसे प्राणियोंकी हिंसा मालूम पड़ी। उसका करुण-हृदय मृत्युदण्डके अपराधियोंका भी मारा जाना न सहन कर सकता था, अतः कहते हैं, वह करुणार्द्र होकर अपराधियोंको मुक्त कर दिया करता था। इस प्रकार यह धर्मात्मा सम्राट साधु-जीवन व्यतीत किया करता था। किन्तु शाक्यमुनिके इस महान् भक्तका अन्त बहुत हृदयद्रावक और करुण हुआ। वृद्धावस्थामें उसे उत्तरी

१—एस० विलियम, दि मिडिल किंगडम, पृ० १६५।

२—वही, पृ० १६०।

शासकोंसे इतनी पराजय उठानी पड़ी कि उसकी शक्तिकी केवल छाया ही बची रह गयी। उसके राज-कर्मचारियोंने भी उससे विद्रोह किया और गृहक्रान्तिने उसकी रही सही शक्तिका भी अन्त कर डाला, और वह कारागृहमें बन्दी कर दिया गया। उस समय इस धार्मिक सम्राट्की आयु ८० वर्षकी हो चुकी थी। वह इस कठोर और निर्मम आघातको सहनेके सर्वथा अयोग्य था। फलतः हृदय विदीर्ण हो गया और वह बन्दीवस्थामें ही, कहते हैं गलेकी पीड़ाके कारण, जिसे शान्त करनेके लिए उसके बन्दीकर्त्ताओंने थोड़ासा शहद देना भी अस्वीकार कर दिया, मृत्युको प्राप्त हुआ।[1]

इस अभागे सम्राट्के शासनकालमें ही महान् भारतीय बौद्ध भिक्षु—बोधिधर्म चीन गये थे और वहाँ 'ध्यान'के सिद्धान्तका प्रचार किया था। उन्हींके इस प्रचारके फल स्वरूप चीनमें चान (ध्यान)-वादका प्रचार हुआ।

उत्तर चीनमें बौद्धधर्म

चीनमें बौद्धधर्मको दोनों—दक्षिणी और उत्तरीय राजवंशोंका प्रश्रय प्राप्त था। जिन दिनों लिआंग वंश दक्षिणमें बौद्धधर्मका प्रसार कर रहा था, उन्हीं दिनों उत्तरमें वी वंशके सम्राट बौद्धधर्मका प्रचार करनेमें लगे हुए थे। उत्तरके वी वंशकी स्थापना ३८६ ई० में हुई थी और वह वंश लगभग ५३४ ई० तक उत्तरी चीन पर शासन करता रहा। सन् ५३४ के पश्चात् उत्तरी वी वंश पूर्वी और पश्चिमी वी वंश, तथा चान वंशके रूपमें विभाजित हो गया। चानवंशने चनगानमें वी वंशका पूर्ण विनाश कर उत्तर-पश्चिमी चीन पर अधिकार कर लिया। वी वंशके शासक विदेशी बर्बर हूण थे, जो उत्तरकी ओरसे चीनमें प्रविष्ट हुए थे। वी शासक हूण थे इसलिए उनके साम्राज्यको 'हूणीय साम्राज्य' भी कहते हैं।

वीका प्रभुत्वकाल संभवतः उन महान् युगोंमें से एक था जब चीनका अन्य एशियाई प्रदेशोंके साथ सबसे अधिक और घनिष्ट सम्बन्ध रहा है। अतः यह समझना कठिन न होगा कि इस कालमें भारतीय संस्कृतिका चीनमें प्रबल प्रचार क्यों हुआ और वी सम्राटोंने 'विदेशी' धर्म 'भारतीय बौद्धधर्म' को क्यों संरक्षण प्रदान किया ?

वी वंशके संस्थापक शाह हु ने ३३५ में एक घोषणा करके अपनी प्रजाको यह अधिकार प्रदान किया कि 'यदि वे चाहें तो बुद्ध की उपासना और बौद्धधर्म ग्रहण कर सकते हैं।'

सहिष्णुताकी इस नीतिने निःसन्देह बौद्धधर्मके लक्ष्यको आगे बढ़ाया और सम्पूर्ण उत्तरी चीनमें

१—बोगलर, ए शार्ट हिस्ट्री ऑफ चायना, पृ० २५।

उसके प्रसारके लिए द्वार खुल गये। राजकीय विवरणसे पता चलता है कि वी वंशके निम्नलिखित सम्राटोंने बौद्धधर्मके प्रसारमें बहुत योग प्रदान किया।

सम्राट् वुति (३८६–४०७)—इसने १५ चैत्य और २ विहार बनवाये, और स्वयं बौद्ध-पुस्तकोंकी प्रतिलिपि की। कहा जाता है, उसने बुद्धकी एक हजार स्वर्ण प्रतिमाएं भी निर्मित कारवाई थीं, और प्रति मास वह धार्मिक महासभा बुलाया करता था।

चेंगति (४५३–४६५)—इसने बौद्धधर्मके अध्ययनको बहुत प्रोत्साहन दिया।

हिएन वेन (४६५–४७६)—इसने ध्यानवादके भिक्षुओंके लिए चाओ-इन-सी में एक विहार बनवाया था।

हिओवेनति (४७६–४७९)—इसने भी एक विहार बनवाया था। उसके प्रभुत्वकालमें भिक्षु और भिक्षुणियोंकी संख्या लगभग ४०,००० तक पहुंच गयी थी।

सिउअन वी ति (४९९–५१५)—इसने चार विहार बनवाये। वह स्वयं अपने महलमें बौद्ध पुस्तक 'विमल-कीर्ति-निर्देश' पर व्याख्यान दिया करता था।

हिआस मिंग ति (५१५–५२८)—इसने भी एक विहार बनवाया। उसके उत्तराधिकारीने ५ विहार बनवाये। उसके बाद वुति (५३२–५३४) ने एक बिहार बनवाया और वेन्तिने (५३४–५५१) भी एक विहार बनवाया।

इस प्रकार कहा जाता है कि उत्तरी वी शासकोंके शासनकालके १७० वर्षोंमें उत्तरी चीनमें भिक्षु और भिक्षुणियोंकी संख्या लगभग २० लाखतक पहुंच गयी थी, और सम्राटों, राजकुमारों तथा सामान्य लोगों द्वारा निर्मित मन्दिर एवं विहारोंकी संख्या ३० हजारसे अधिक ही थी। राजाज्ञासे चआंग-नगन और येमें ४७ विहार बने थे, राजकुमारों द्वारा ८३९ मन्दिर निर्मित हुए; और सामान्य लोगों या गृहस्थोंने लगभग ३० हजार मन्दिर स्थापित करवाये।[1]

बौद्धोंका वध

बाद्धधर्मका प्रचार बहुत ही सुलभ और सरल रहा हो, ऐसी बात भी न थी। बौद्धधर्मके प्रवेशके समयसे ही, 'ताउ' धर्मावलम्बियोंने उसका विरोध करना शुरू कर दिया था। मिंगतीके समयमें ही 'ताऊ' लोगोंने सम्राट द्वारा बौद्धधर्मको प्रश्रय दिये जानेका यह कहकर विरोध किया था कि बुद्धका धर्म असत्यवादी है और एकमात्र उनका ही धर्म सत्य है। किन्तु दुर्भाग्यवश राज्यकी दृष्टिमें प्रमाणित यही हुआ कि

१—जुइचि ए शार्ट हिस्ट्री आफ चाइनीज सिवीलिजेशन, पृ० ११५।

'ताऊ' धर्म ही असत्य है, और पश्चिमी देशसे आया हुआ धर्म ही—'सत्यधर्म' है[1]। अतः उस समय यद्यपि 'ताउ' लोग बौद्धधर्मके विरुद्ध सम्राट्के क्रोधको प्रज्वलित करनेमें असफल रहे, किन्तु समय-समयपर उनकी ईर्षा बुद्धके अहिंसक अनुयायियोंका वध करानेमें सफल भी होती रही।

बौद्धोंका पहली बार संहार, उत्तरीय 'वी' वंशके सम्राट् ताइ उ (४२१-४५१ ई०) के राज्यकालमें हुआ। अपने ताउ-धर्मी मंत्रीके प्रभावमें आकर उसने आज्ञा जारी की कि "विदेशी प्रदेशसे आये हुए सम्पूर्ण देवताओंको मिटा दिया जाय" और उनका कोई चिह्न शेष न रहने पाये। उन देवताओंकी पूजा प्राणदण्डनीय घोषित कर दी गयी। उनके उपासकोंके समस्त कुटुम्बियोंको भी प्राणदंडका भय दिखलाया गया। बुद्धके समस्त चित्र और मूर्तियों को जलाने वा नष्ट करने और वृद्ध एवं युवक भिक्षुओंको जीवित गाड़ देनेकी आज्ञा दी गयी। किन्तु संभवतः इन निर्मम आज्ञाओंका पालन पूर्णतया न किया गया; क्योंकि ५० वर्ष तक इन आज्ञाओंके जारी रहनेके बाद भी, जब निषेध आज्ञाएं उठायी गयीं, लोयांगकी नयी राजधानीमें बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियां इतनी संख्यामें थीं कि जहाँ देखिये वहाँ उनके मंत्रोच्चारणकी ध्वनि ही सुनाई देती थी।[2]

तांग-कालमें बौद्धधर्म

तांग वंशने चीनमें ६१८ से ९४८ ई० तक अर्थात् लगभग २९० वर्षोंतक राज्य किया। इस प्रख्यात वंशके शासकोंको, सदियोंके आन्तरिक कलहके बाद पुनः चीनको एक सूत्रमें आबद्ध करनेका श्रेय प्राप्त है। चीनका यह "गुप्त युग" कहा जाता है। इस कालमें संभवतः वह संसारकी सभ्य जातियोंमें सबसे ऊंचा स्थान रखता था।[3] तांग शासनके २९० वर्षोंके भीतर चीनने जैसा बौद्धिक और कलात्मक विकास किया, वैसा उसने न तो पहिले कभी किया था और न बादमें फिर कभी कर सका। यही युग था जिस समय बौद्धधर्मने भी अपूर्व विकास किया। यद्यपि उसे कन्फूसीके अनुयायियोंके बहुतसे तीव्र आक्रमण भी सहने पड़े। बौद्धधर्मके विरुद्ध सबसे शक्तिशाली आन्दोलन (६२४ ई०) चलानेवाला व्यक्ति 'फी-ई' (५५१-६३९) था। उसके प्रभावमें आकर तत्कालीन तांग सम्राट (संभवतः लि येन) ने बौद्धोंका संहार करना आरम्भ किया, किन्तु-उसे शीघ्र ही अपनी भूल मालूम हो गयी और उसने बौद्धधर्मके प्रति,

---

१—बील, बुद्धिस्ट लिटरेचर इन चाइना, पृ० ४।

२—ए शार्ट हिस्ट्री आफ चाइनीज़ सिविलीजेशन, पृ० ११४-११५।

३—मिडिल किंगडम, पृ० १६७।

जो भारत, तिब्बत और मध्य एशियामें पूरी तरहसे घर कर चुका था, असहिष्णुताका व्यवहार करना छोड़ दिया। तांग सम्राटने यह पूर्णतया अनुभव किया कि बौद्धधर्मके प्रति असहिष्णु होने से बौद्ध प्रदेशोंमें उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया होगी; अतः अन्तर्राष्ट्रीय सुसम्बन्धको बनाये रखनेके लिए उसने अपनी असहिष्णु नीतिको छोड़ बौद्धोंका संहार करनेके बजाय उन्हें हर प्रकारसे धर्म प्रचारमें सहयोग प्रदान किया।

ह्वेनसांगकी भारत-यात्रासे भी तांग सम्राट् बहुत प्रभावित हुआ। यह महान् यात्री चांगसे ६२९ ई० सन्में यात्राके लिए चला था, और १५ वर्ष तक भारत आदिकी यात्रा करके ६४५ ई० सन्में चीन लौटा। वह अपने साथ ६५० पुस्तकें भी चीन ले गया था। लौटकर राजधानीमें पहुंचनेपर उसका राजा तथा प्रजा दोनोंने स्वागत किया।

ह्वेनसांगकी यात्राकी साहसिक, काल्पनिक एवं वास्तविक विचित्र कहानियाँ चीनी भाटों और कथ-कड़ोंके लिए बड़े कामकी सिद्ध हुईं। चीनी सम्राट् स्वयं ह्वेनसांगसे उसकी यात्राकी कहानियोंको बड़े चावसे सुना करता था। ह्वेनसांगका अपने देशवासियोंमें बहुत सम्मान हुआ और लोग उसे अपने युगका शाक्यमुनि कहने लगे। ह्वेनसांगकी यात्राओंके प्रभावसे तथा उसने चीन और भारतके बीच जो राज-सम्बन्ध स्थापित किया उसके फलस्वरूप बौद्धधर्मको तांग सम्राटोंका खूब प्रश्रय प्राप्त हुआ। चीन और भारतको सूत्रबद्ध करनेमें बौद्धधर्म ही सहायक था, इसलिए तांग सम्राटोंने स्वभावतः बौद्धधर्मको प्रश्रय प्रदान किया। बौद्ध ग्रन्थोंके चीनी अनुवादोंको खूब प्रोत्साहन दिया गया, विहार निर्मित किये गये और सम्राट् तथा दरबारके सरदारोंने धर्म कार्योंमें तत्परतासे सहयोग किया। कलाका भी खूब विकास हुआ। विशेषतया मूर्तिकलाने तो अभूतपूर्व उन्नति की। तत्कालीन मूर्तिकलाके कुछ उदाहरण आज भी प्राप्त हैं, जो सुन्दरता और भाव-व्यञ्जनाके उत्कृष्टतम प्रमाण हैं। ऐसी सुन्दर मूर्तियां चीनके उत्तर कालमें फिर नहीं मिलतीं।[1]

यह सब होते हुये भी यदा कदा बौद्धोंका संहार भी होता ही रहा। तांग शासनके अन्तिम दिनोंमें वु नामक सम्राट्ने ८४५ में बुद्धकी समस्त मूर्तियों और देवालयों तथा विहारोंको तोड़ डालनेकी आज्ञा जारी की। किन्तु उसका यह धर्म-विद्रोह बौद्धधर्मको नष्ट करनेमें सफल न हो सका। सब प्रकारके विरोधोंके होते हुए भी बौद्धधर्म चीनी जनतामें लोकप्रिय बना रहा; और उसका ह्रास उसी समय हुआ जब चीन स्वयं पतनकी ओर बढ़ा और उसका बौद्धिक जीवन जड़ हो गया।

१—ए शार्ट हिस्ट्री ऑफ चाइनीज सिवीलिजेशन, पृ० ११६।

बौद्ध धर्मका ह्रास

तांगवंशके पश्चात् सुंग वंशने ९७० ई० से ११२२ ई० तक सम्पूर्ण चीनपर राज्य किया। इस कालमें भी बौद्धधर्म चीनमें विकसित होता रहा और वहाँके बौद्धिक जीवनको प्रभावित करता रहा। सुंगोंके पश्चात विदेशी मंगोलोंने चीनको जीत लिया, और यान नामसे वहाँ अपना राज्य स्थापित किया। इस वंशने १२७७ ई० से १३६७ ई० तक राज्य किया। इन विदेशियोंका झुकाव लामाधर्मकी ओर—जो बौद्धधर्मकी ही एक शाखा है—विशेष रूपसे था। अतः यान शासकोंने कन्फूसियोंके बजाय चीनी बौद्धोंको अपना संरक्षण प्रदान किया। चंगेजखाँके नाती मंगोल शासक कुबला खाँ (१२५९-१२९४) के राज्य कालमें बौद्धधर्म अपने उत्कर्षकी चरम सीमाको पहुँच गया था। बौद्धधर्मके प्रति कुबलाका अधिक झुकाव था। कहते हैं कि वह सम्राट् वर्षमें सैकड़ों बौद्ध उत्सव मनाया करता था, जिसमें हजारों मन आटा, सब्जी, तेल आर शहद व्यय होता था।

इस समय देवालयों और विहारोंकी संख्या अत्यधिक हो चली थी, किन्तु आध्यात्मिक और नैतिक रूपमें बौद्धधर्मका पतन होने लगा था। इस कालमें कोई भी महान बौद्ध दार्शनिक अथवा भिक्षु न हुआ। परिणाम स्वरूप यान वंशके समयसे बौद्ध धर्मका चीनमें ह्रास होना आरम्भ हो गया, और वह फिर विकासकी ओर न बढ़ सका। यानवंशके पश्चात् बौद्धधर्म 'जीवित धर्म'के रूपमें चीनसे बिदा हो गया।

आज यद्यपि चीनमें सर्वत्र बौद्ध विहार आर देवालय मिलते हैं, किन्तु वे अब चीनके बौद्धिक और आध्यात्मिक केन्द्र नहीं रह गये हैं। बौद्धोंके बहुतसे मठ अथवा देवालय गाँवोंके शिक्षणालयोंमें परिवर्तित कर दिये गये हैं जिनमें अब भिक्षु-भिक्षुणियोंके मंत्रोच्चारणकी ध्वनिकी जगह बच्चोंके पाठ रटनेकी ध्वनि गुंजित होती रहती है। जापानी युद्धके समय अनेक विहारोंका उपयोग स्वतंत्रताके लिये लड़ने वाले सैनिकोंकी 'बैरक' अथवा पड़ावके रूपमें किया गया ; और आज चीनमें दो चार बौद्ध धर्मावलम्बी भले ही दिखाई पड़ जायँ किन्तु नई पीढ़ीमें शायद ही कोई बौद्ध हो[1]।

१—दि हिस्ट्री आफ चाइनीज़ सिविलीजेशन, पृ० ११८।

भारतीय आर्यधर्मकी प्रगतिशीलता

डाक्टर मङ्गलदेव शास्त्री

भारतीय आर्यधर्मका वास्तविक स्वरूप या लक्षण क्या है ? इस प्रश्नके समाधानार्थ अनेक प्रयत्न किये गये हैं, पर यह मानना पड़ेगा कि अभी तक कोई भी प्रयत्न इस विषयमें पूर्णतः सफल न हो सका है। इस कठिनताका कारण यही है कि, एक सतत समुन्नतिशील नवयुवकी तरह, भारतीय आर्यधर्म भी सदासे ही प्रगतिशील या विकासोन्मुख रहा है। उसके दीर्घकालीन इतिहासमें कभी भी हम उसे विकास-विमुख या जीवनरहित स्थिरता या जड़तासे युक्त नहीं पाते। ऐसा होनेपर भी उसकी सूत्रात्मा एक रही है। इसी दृष्टिसे हम उसे सनातनधर्म भी कह सकते हैं। इस लेखका मुख्य उद्देश्य यही है कि इस सनातन आर्यधर्मकी प्रगतिशीलताको दिखलाते हुए उसकी साम्प्रतिक प्रगतिकी दिशाका भी निर्धारण किया जाय।

भारतीय आर्यधर्मकी प्रगतिशीलताको दिखलानेके लिए, इस लेखमें हम उसकी विशिष्ट अवस्थाओं का ही, उनके मुख्य स्वरूप, गुणपक्ष, दोषपक्ष तथा स्थायी प्रभावको दिखलाते हुए विचार करेंगे। वे अवस्थाएं ये हैं (१) मौलिक वैदिक धर्म, (२) उत्तरकालीन वैदिक या श्रौतधर्म, (३) औपनिषदधर्म, (४) जैनधर्म, (५) बौद्धधर्म, (६) पौराणिक धर्म, (७) सन्तधर्म, और (८) सिखधर्म।

मौलिक वैदिक धर्म

इसके स्वरूपका बहुत कुछ परिचय हमें ऋग्वेदके तथा उत्तरकालीन श्रातकर्मकाण्डके विकासके अध्ययनसे मिल सकता है। इस समय विभिन्नवादोंके स्थानमें आशामय, सत्योन्मुख, सततकर्मशील, तथा निश्छल जीवनकी प्रधानता थी। प्रकृतिकी गोदमें खेलनेवाले वैदिक आर्योंका अग्नि, वायु आदित्य आदिके दैवी जगत्से साक्षात् संपर्क था। और इस संपर्कका परिस्पन्दन उदात्त भावनाओंसे युक्त उनके जीवनमें स्पष्ट छलकता था। उस समय वेदकी सबसे अच्छी व्याख्या आर्योंका जीवन ही था। ऐसे ही वातावरणमें जीवनयात्राके लिए किसी भी धन्वेको करनेवाले स्त्री-पुरुष ऋषिका तथा ऋषि हो सकते थे "कारुरहं ततो भिषगुपल प्रक्षिणी नना" (ऋ० ९।११२।३)

अर्थात्—एक ऋषिका कहना है कि मैं तो कवि हूं, मेरा पिता वैद्य है, और माता पिसनहारी

है यही बात स्पष्ट होती है। ऋग्वेदके मन्त्रोंके अनेक ऋषियोंको पिछले ग्रन्थकारोंने उत्तरकालीन परिभाषामें वैश्य ऋषि, राजन्यऋषि बतलाया है।

वास्तवमें यह समय शुद्ध प्रजातन्त्र तथा साम्यवादका था। सारी आर्यजनता अपनेको 'विश'[1] समझती थी। प्रत्येक व्यक्ति अपनेमें अपना पुरोहित, राजा तथा योद्धा था।[2] संघर्षमय जीवनके कारण शनैः शनैः क्षत्र और ब्रह्म[3] इन दो कामोंकी प्रधानता हो जाने पर भी सबको विश होनेका अभिमान था।

उत्तरकालीन वैदिक (या श्रौत) धर्म

प्रत्येक सभ्यताके इतिहासमें जीवनकी विसंष्टुलताकी वृद्धिके साथ-साथ विभिन्न सामाजिक वर्गोंकी उत्पत्ति होती है। इसी नियमके अनुसार और विशेषतः आर्य-अनार्यके संघर्षके कारण आर्य-जनतामें शनैः शनैः राजा, सेना (स+इना, अर्थात् नायक नेता या राजासे युक्त) क्षत्रिय (=शत्रुके घातसे रक्षा करनेवाला), पुरोहित (पुरः+हित=धार्मिक कृत्यके लिए प्रतिनिधिके रूपमें चुना गया व्यक्ति), ब्राह्मण (=देवताओंकी स्तुति आदि करनेवाला) आदिकी उत्पत्ति हुई। प्रारम्भमें राजाका चुनाव राष्ट्रपतिके रूपमें प्रजाके द्वारा होता था, और ब्राह्मण आदिका विभाग भी कर्म-मूलक था। 'विशि राजा

१—इसी मौलिक अर्थमें, हमने सुना है, 'विट्' या वीट्' शब्दका प्रयोग गढवाल आदिमें आजकल भी होता है। इसका मौलिक अर्थ 'बसनेवाले के' है। इसका साथी शब्द 'कृष्टि' भी प्रजाके ही अर्थमें ऋग्वेदमें प्रयुक्त हुआ है। उसका सम्बन्ध स्पष्टतया कृषिसे है। आदिकालमें खेतीके साथ ही बस्तीका प्रारम्भ होता था। उत्तरकालीन 'वैश्य' शब्द 'विश्' शब्दकी तीसरी पीढ़ीमें बना है। 'विश्' से 'विश्य' और उससे 'वैश्य'। इस प्रकार ऋग्वेदमें 'विश्' शब्दका सम्बन्ध उत्तरकालीन 'वैश्य' से नहीं है।

२—उस समयकी प्रजाकी सामाजिक स्थितिका वायु पुराणके शब्दोंमें इस प्रकार कहा जा सकता है :—

'वर्णाश्रमव्यवस्थाश्च न तदासन्न संकरः।.....तुल्यरूपायुषः सर्वा अधर्मोत्तमवर्जिताः। सुखप्राया स्वशोकाश्चउत्पद्यन्ते कृते युगे। नित्यप्रहृष्टमनसो महासत्त्वा महाबलाः॥ (वायु पु० १।८।६०-६२)।

३—'क्षत्र' और 'ब्रह्मन्' शब्द नपुंसक लिंगमें प्रयुक्त होते हैं। अतः भाववाचक होनेसे भिन्न भिन्न कामोंके ही द्योतक हैं। 'क्षत्रिय' और 'ब्राह्मण' शब्द उक्त शब्दोंसे उत्तरकालमें निकले। यह ठीक भी है, क्योंकि पहले काम होता है, फिर उससे नाम बनता है। मौलिक वैदिककालमें वास्तवमें, आर्यजनता (= विशः) में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्योंका वर्गीकरण नहीं हुआ था।

प्रतिष्ठितः' (= प्रजामें ही राजाकी स्थिति है), 'राष्ट्रानिवै विशः' (ऐ० ब्रा० ८।२६) 'अर्थात् प्रजा ही राष्ट्र है) ऐसे वचनोंसे यही सिद्ध होता है। पर शनैः शनैः शक्ति और प्रभावके केन्द्रीभूत होनेसे उन उन पदों और वर्गोंमें स्थिरता आने लगी। जनतामें अपने अपने प्रभाव और स्थितिको बढ़ानेकी दृष्टिसे उत्पन्न होनेवाले ब्रह्म और क्षत्रके संघर्षका समय यही था। इसी संघर्षकी स्वप्निल स्मृति परशुराम, वसिष्ठ, विश्वामित्रकी दन्तकथाओंके रूपमें हमारे पौराणिक साहित्यमें सुरक्षित है। इस संघर्षका अन्त अपने अपने कार्यक्षेत्रमें दोनोंकी प्रधानताकी स्वीकृतिमें हुआ। इस प्रकार उक्त सामाजिक संघर्षने सामञ्जस्यका रूप धारण कर लिया। **"ब्रह्म च क्षत्रं च संश्रिते"** (ऐ० ब्रा० ३।११) अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रियकी स्थिति परस्पराश्रित है),**"ब्रह्मणि खलु वै क्षत्रं प्रतिष्ठितम्। क्षत्रेब्रह्म"** (ऐ० ब्रा० ८।२) (अर्थात् ब्राह्मणमें क्षत्रिय प्रतिष्ठित है और क्षत्रियमें ब्राह्मण) इत्यादि प्रमाणोंमें उसी पारस्परिक सामञ्जस्य का संकेत है।

इस प्रकार उत्तर कालीन वैदिककालमें प्रजातन्त्रके स्थानमें राजतन्त्रकी स्थापना हुई और सामान्य-जनता (= विश् या प्रजा) में से ही ब्राह्मण वर्ग तथा क्षत्रियवर्गके प्रारम्भके साथ, ब्राह्मण-वसिष्ट-न्यायसे, वैश्यवर्गका भी प्रारम्भ हुआ। उत्तर कालीन रूढ़िमूलक वर्ण-व्यवस्थाका यही सूत्रपात था। इसी कालमें वैदिक कर्मकाण्डकी प्रवृत्ति हुई और शनैः शनैः विकसित होनेपर उसकी व्यवस्था की गयी। इसी बातका संकेत—

तदेतत्सत् यं मन्त्रेषु कर्माणि कवयो यान्यपश्यंस्तानित्रेतायां बहुधा सन्ततानि।

(मु० उप० १।२।१)

(अर्थात् वैदिक मन्त्रोंसे ही प्रेरणाको प्राप्त करके विद्वानोंने वैदिक कर्मकाण्डका शनैः शनैः विकास किया) इत्यादि वचनोंमें मिलता है। कहनेकी आवश्यकता नहीं कि प्रारम्भमें यह वैदिक कर्मकाण्ड मनुष्य जीवनके यावत्कर्तव्य कर्मोंके प्रतीक रूपमें होनेसे जातीय जीवनको स्फूर्ति, प्रोत्साहन और प्रेरणा देनेवाला था। जातीय जीवनमें उसका स्थान औचित्यकी सीमाके अन्दर ही था।

पर शनैः शनैः आर्यजनताके सामने बाह्यसंघर्षके समाप्तप्राय हो जानेपर, मनुष्यकी परलोक विषयक स्वाभाविक अन्धविश्वासकी प्रवृत्ति तथा अनेकानेक लौकिक कामनाओंका सहारा लेकर, पर वास्तवमें स्वार्थ साधनकी बुद्धिसे, पुरोहित वर्गने वैदिक कर्मकाण्डमें अत्यधिकता प्रारम्भ कर दी। यह अत्यधिकता यहां तक बढ़ी कि मनुष्यकी कोई भी उचित या अनुचित वासना और अभिलाषा नहीं थी जिसकी पूर्तिका उपाय ये कर्मकाण्डी न बतलाते हों। अत्यधिक कर्मकाण्डमें ऋत्विजों और पुरोहितोंकी स्वार्थमूलक प्रवृत्तिको लेकर ही—

"यथा हवा इदं निषादा वा सेलगा वा पापकृतो वा वित्तवन्तं पुरुषमरण्ये गृहीत्वा कर्तमन्वस्य वित्तमादाय द्रवन्ति, एवमेव त ऋत्विजोयजमानं कर्तमन्वस्य वित्तमादात द्रवन्ति यमनेवंविदो याजमन्ति" (ऐ० ब्रा० ८।११)

(अर्थात्, आदर्शहीन कर्मण्डको करानेवाले ऋत्विग् चोर और डाकुओंके समान होते हैं और यजमानका द्रव्य लेना ही उनका अभिप्राय होता है) ऐसे वचन शास्त्रोंमें कहे गये हैं।

आदर्शहीन वैदिक कर्मकाण्डकी अत्यधिकताका ही दिग्दर्शन—

प्लवा होते अदृढा यज्ञरूपाः (मु० उप० १।२।७)

(अर्थात्, ये आदर्शहीन यज्ञादिकर्मकाण्ड अदृढ नौकाके समान हैं, इनके सहारे पर मनुष्य अपने जीवनके वास्तविक लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकता)।

एवंत्रयीधर्मनुप्रपन्ना गतागतं कामकामा लाभन्ते (गीता)।

(अर्थात्, कामनाओंके पीछे दौड़नेवाले वैदिक कर्मकाण्डी वासनाओंके भंवरमें ही फंसे रहते हैं) इत्यादि प्रकारसे गीता और उपनिषदोंमें किया गया है।

इसमें सन्देह नहीं कि अत्यधिक कर्मकाण्डकी प्रवृत्तिसे मनुष्यमें चरित्रकी वास्तविक उच्चता और सुन्दरताकी अवहेलना होने लगती है। इसी कारण उपनिषदोंमें अत्यधिक कर्मकाण्डको अविद्या कहा है।

उत्तर कालीन वैदिकधर्ममें जिस याज्ञिक कर्मकाण्डका विकास हुआ उसमें इतने ऋत्विजों और दक्षिणादिके रूपमें इतने धनकी आवश्यकता होती थी[1] कि उसका करना साधारण गृहस्थके लिए तो दुःसाध्य ही था। इसी कारण वैदिकधर्म जो मूलमें सामान्य जनता (= विश्) का धर्म था, धीरे धीरे धनैश्वर्यसे सम्पन्न लोगोंका ही धर्म बन गया। फलतः, वैदिक समाजमें, जहां पहले जनताका प्रधान्य था, शनैः शनैः उसकी शक्ति और महत्ता घटने लगी और राष्ट्रकी बागडोर उच्चवर्गके हाथमें पहुंच गयी।

आपनिषद् धर्म

कर्मकाण्डबहुल उत्तर कालीन वैदिक या श्रौतधर्मकी प्रतिक्रियाके रूपमें देशमें क्रमशः आपनिषद् जैन और बौद्ध धर्मोंका उदय हुआ। अनेकानेक देवताओंके सहारे पर चलनेवाले, क्रिया विशेष बहुल, आदर्शहीन कर्मकाण्डमें मनुष्यके वास्तविक कल्याणको न पाकर, औपनिषद धर्मने तत्तद् वैदिक देवताओं-

---

१—गीतामें इसी अभिप्रायसे वैदिकयज्ञोंको "द्रव्यमय यज्ञ" कहा गया है।

में ओतप्रोत एकताको लेकर ब्रह्ममूलक समष्ट्यात्मक ज्ञानकाण्डको ही अपनाया, और इस तरह उसका साक्षात् सम्बन्ध वैदिक परम्परासे बना रहा। औपनिषद् धर्मका महत्त्व दृश्य जगत्की मौलिक एकताके प्रतिपादनके द्वारा जीव ब्रह्मके अद्वैतको दिखलाते हुए जीवात्माके अनन्त विकासकी भावनाकी स्थापनामें तथा क्षणिक और तुच्छ लक्ष्योंके आधार पर होनेवाले संघर्षकी असारताके प्रतिपादनमें था। संसारका कोई अन्य दर्शन आजतक इस उड़ानसे ऊपर नहीं उठा है।

परन्तु औपनिषद् धर्म स्पष्टतः तत्त्वदर्शी विचारकोंके ही लिए था। उसका स्तर साधारण मनुष्यकी पहुँचसे बहुत ऊंचा है। जो ज्ञानमार्गी हैं उनके भी केवल ज्ञानके मार्गमें बहक जानेकी बहुत संभावना रहती है। केवल ज्ञानको ही परम लक्ष्य बतलाने वाले औपनिषद् धर्मके उपदेशकी निष्ठा 'संन्यास'में ही होती थी। संन्यास आश्रमका विकास भी वस्तुतः इसी धर्मकी देन थी। इस संन्यासकी भावनाका दुरुपयोग कितना हो सकता है इसको हम आजकल भी देख सकते हैं। गीतामें इसीलिए बड़ा प्रयत्न संन्यास विषयक परम्परागत मिथ्या भावनाके हटानेका किया है। प्रायः देखनेमें आता है संन्यासकी नैष्कर्म्म भावना अनधिकारियोंमें अकर्मण्य भावनाका रूप धारण करलेती है। उपर्युक्त कारणोंसे यह स्पष्ट है कि औपनिषद् धर्मका कोई स्थान साधारण जनतामें नहीं हो सकता।

जैन तथा बौद्धधर्म

औपनिषद् धर्मकी उपर्युक्त दुर्बलताके ही कारण जैन तथा बौद्धधर्मोंका उदय हुआ। दोनोंने उपर्युक्त 'वैदिक परम्पराको रूपान्तरित करना अशक्य है' यह समझकर उससे अपने साक्षात् नातेको तोड़ दिया। तो भी, मूल वैदिक कालसे ही सूत्रात्माके रूपमें आनेवाली आर्य भावनाओंका संरक्षण दोनोंने ही दृढ़तासे किया है। दोनोंका कहना है कि प्राचीन परम्परागत पवित्राचरणका ही पुनरुद्धार उन्होंने किया है। दोनोंने उपनिषत्कालीन कोरे ज्ञानमार्गका तथा उसकी समष्ट्यात्मक भावनाका तिरस्कार किया है। उसके स्थानमें दोनोंने आध्यात्मिकताको व्यष्टि या व्यक्तिके क्रमिक नैतिक विकासकी दृष्टिसे ही देखा है। इस दृष्टिसे दोनों मार्ग साधारणसे साधारण कोटिके मनुष्यके लिए भी अनुकूल रहे। दोनोंने आदर्श शून्य वैदिक कर्मकाण्डकी प्रवृत्तिकी उपेक्षा ही नहीं, उसके उच्छेद करनेका भी प्रयत्न किया।

वैदिक (या श्रौत) धर्मकी बड़ी भारी विशेषता उसकी शूद्र-विरोधिनी भावना थी जिसका आधार आर्यजातिका सामाजिक इतिहास ही था। इसलिए स्वभावतः वैदिक मार्गमें द्विजेतर (या आर्येतर) शूद्र या अन्य जातीय मनुष्यके लिये कोई स्थान ही नहीं था। इसके विरुद्ध, जैन और बौद्ध धर्मोंकी, विशेषतः बौद्धधर्मकी, एक मुख्य विशेषता यह थी कि इनका द्वार आर्य, अनार्य, शूद्र, पञ्चम सबके लिए समान रूपसे खुला था; क्योंकि इनका प्रारम्भ ही, मनुष्य क्या, प्राणिमात्रकी हित भावनाको लेकर हुआ था। भगवान् बुद्धदेवका—

"चरथ भिक्खवे चाहिकं बहुजनहिताय बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं" (विनय पिटक)। अर्थात्, भिक्षुओ ! मनुष्य मात्रके हित और सुखके लिए, प्राणिमात्र पर दया करनेके लिए, तथा देव मनुष्योंके हित और सुखके लिए पृथ्वीपर विचरो यह परमोपदेश भारतीय आर्यधर्मकी परम्परामें अनोखा है।

उपर्युक्त दोनों विरुद्ध प्रवृत्तियोंके कारण, जहां वैदिक परम्परामें या तो दूसरोंके लिए धर्मका द्वार खोला ही नहीं गया, या खोला भी गया तो मनुष्यताके नातेसे नहीं किन्तु राजनीतिक कारणोंसे, वहां बौद्धधर्मका द्वार प्रारम्भसे ही मनुष्य मात्रके लिए खुला था और उसकी दृष्टि अन्तर्जातीय थी।

जैनधर्मकी एक मुख्य विशेषता किसी वादके विषयमें कट्टरताका अभाव (=स्याद्वाद) तथा अहिंसाका सिद्धान्त है। दोनोंका आधार पर-सहिष्णुताके मौलिक सिद्धान्त पर है। 'लिव एण्ड लेट लिव'का आधुनिक सिद्धान्त तथा महात्मा गान्धीका अहिंसा सिद्धान्त वास्तवमें दोनों जैन सिद्धान्तोंकी ही व्याख्या हैं। इस दृष्टिसे जैनधर्ममें एक सार्वभौम धर्मकी योग्यता स्पष्ट है। यदि इस धर्मके अनुयायी इस सार्वभौम, न कि साम्प्रदायिक आधार पर अपने सिद्धान्तोंका प्रचार करें तो अब भी इसके सामने एक भव्य भविष्य हो सकता है। बौद्धधर्मने प्रारम्भसे ही अपनेको मध्यम मार्गानुयायी माना है। उसने न तो शुष्क कर्मकाण्डको ही अपनाया, न कोरे ज्ञानमार्गको। जैनधर्मकी शारीरिक घोर तपस्याके मार्गको भी उसने नहीं पकड़ा।

परन्तु जैन और बौद्ध दोनों धर्मोंकी कमी यह है कि दोनोंने जगत्के तथा मनुष्यके द्वन्द्वात्मक स्वभावकी अवहेलनाकी है। सांसारिक जीवन विशुद्ध अहिंसा या सर्वं दुःखम् (=सब दुःखमय है) के आदर्शको लेकर नहीं चल सकता। अवस्था, योग्यता आदिके भेदसे मनुष्यकी कर्तव्यतामें भेद पड़ जाता है। मानवीय स्वभावके इस मौलिक सिद्धान्तकी अवहेलना करनेके कारण ही जैन और बौद्धधर्म को स्थायी या महत्त्वयुक्त स्थान भारतीय जनतामें न मिल सका। इसीसे ये दोनों धर्म आर्यधर्मके प्रवाह पर अपनी अमिट छाप डालकर भी, अपनी ओर व्यापक रूपसे भारतीय जनताको आकर्षित न कर सके। "यतोऽभ्युदय निःश्रेयससिद्धिः स धर्मः" (वैशेषिकसूत्र); अर्थात्, धर्म वही है जिससे अभ्युदय और निःश्रेयस दोनोंकी सिद्धि हो। भुक्ति-मुक्ति, या इहलोक और परलोकके सामञ्जस्यके सिद्धान्तका विकास भी ये दोनों मत नहीं कर सके। पर वैदिक परम्पराके अनुयायियोंने कालक्रमसे उक्त सामञ्जस्यके महत्त्वका अनुभव अच्छी तरह कर लिया था। उनके वर्णाश्रम धर्मके सिद्धान्तका आधार वास्तवमें यही सामञ्जस्य था। इसी सिद्धान्तके द्वारा उनका प्रभावक्षेत्र भारतीय जनतामें क्रमशः बढ़ता ही गया, और वह परम्परा प्रतिकूल परिस्थितियोंमें भी अपनेको अबतक स्थिर रख सकी है।

पौराणिक धर्म

पौराणिक धर्मका प्रारम्भ क्यों और कैसे हुआ ? यह एक कठिन पर अत्यन्त रुचिकर प्रश्न है। इसमें सन्देह नहीं कि जो अत्यधिक नवीनता इस धर्ममें दिखलाई देती है उसका कारण किसी घोर क्रांतिकी प्रतिक्रिया ही थी। हमारे विचारमें वैदिक परम्परामें पौराणिक धर्मका विकास बहुत करके जैनधर्म, और विशेषकर बौद्धधर्मकी प्रतिक्रियाके रूपमें हुआ है।

जैन और बौद्ध धर्मोंके प्रचलित होनेपर भी, वैदिक धर्मकी परम्पराका उच्छेद भारतवर्षमें नहीं हुआ। विरुद्ध वातावरणोंमें भी वह परम्परा बराबर चलती ही रही। सूत्र कालमें और प्रारम्भिक स्मृति कालमें उसे प्रथम बार व्यवस्थित किया गया। आन्तरिक विकासके होनेपर भी, इस समय तक उसपर अपनेसे विरुद्ध या बाह्य परिस्थितियोंका कोई विशेष प्रभाव नहीं दिखलाई देता। पर जैन और बौद्ध धर्मोंके प्रचारसे देशमें जो नयी क्रान्ति हुई उससे अधिक दिनों तक वह अप्रभावित न रह सकी, और शनैः शनैः उसने ऐसे रूपान्तरको धारण कर लिया जो प्राचीन वैदिक संस्कृतिसे कमसे कम ५० प्रतिशत भिन्न है। इसी रूपान्तरका दूसरा नाम पौराणिक धर्म है।

वैदिक परम्परासे सम्बन्ध रखते हुए भी पौराणिक धर्म प्राचीन वैदिक धर्मसे नितरां भिन्न है—इसमें विवेचक विद्वानोंका प्रायः ऐकमत्य है। वैदिक धर्मकी अपेक्षा पौराणिक धर्मकी मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं—

सबसे पहली विशेषता उपास्य देवोंके विषयमें है। वैदिक धर्मकी अपेक्षा पौराणिक धर्ममें देवताओंकी संख्या अत्यधिक बढ़ गयी है। वैदिक धर्मके अनेक देवता या तो पौराणिक धर्ममें प्रायः विलुप्त ही हो गये हैं या अत्यन्त गौण हो गये हैं। पौराणिक धर्मके शिव, शक्ति और विष्णु ये देवता हैं। वेदमें इनका स्थान या तो गौण है या है ही नहीं। अनेक वैदिक देवताओंका पौराणिक धर्ममें रूपान्तर ही हो गया है।

पौराणिक देव-पूजापद्धति भी वैदिक पूजापद्धतिसे अत्यन्त भिन्न है। पौराणिक कर्मकाण्डमें धूप, दीप, पुष्प, फल, पान, सुपारी, आदिकी पदे-पदे आवश्यकता होती है। वैदिक कर्मकाण्डमें इनका अभाव ही है।

अवतारवाद और मूर्तिपूजा भी इसकी अपनी विशेषताएँ हैं।

दोनोंमें दृष्टि और भावनाका भी बड़ा अन्तर है। वैदिक धर्म आशावाद और कर्मशीलताकी भावनाओंसे ओतप्रोत है। पौराणिक धर्ममें प्रायः विपरीत भावनाओंका प्राधान्य है। वैदिक कर्म-

काण्डमें जहां सामूहिक दृष्टि अधिक पायी जाती है, वहां पौराणिक पूजापद्धति प्रायेण वैयक्तिक दृष्टिपर निर्भर है।

वैदिक धर्मका यह कायाकल्प कैसे हुआ इसीको समझानेका प्रयत्न हम नीचे करते हैं।

वैदिक धर्मकी परम्परामें शूद्रविरोधिनी भावनाका उल्लेख हम ऊपर कर चुके हैं। श्रौत कर्मकाण्डमें शूद्रको कोई अधिकार नहीं था। यहां तक कि शूद्र श्रुतिको पढ़ना तो दूर रहा, सुन भी नहीं सकता था। सूत्रकालमें भी यह भावना ज्योंकी त्यों रही। "**म शूद्राय मति दद्यात्**', तथा "**सेवैव-तु शूद्रस्य**" इत्यादि वचनोंसे यह स्पष्ट है। मनुस्मृति तकमें शूद्र-विरोधिनी भावनाओंका वातावरण व्याप्त है।

स्त्रियोंके भी वेदाध्ययनके विषयमें कुछ ऐसी ही भावना आजकल संस्कृतके पण्डितोंमें पायी जाती है। पर इसका इतिहास कुछ दूसरा ही है। श्रौत कर्मकाण्डमें स्त्रियोंके अधिकार बहुत कुछ पुरुषोंके समान थे। पर धीरे-धीरे श्रौत कर्मकाण्डके विलोपके साथ-साथ उनके प्रति उदारताकी भावनामें संकोच दिखलायी पड़ने लगता है। अन्तमें उनको अध्ययनाध्यायनसे, विशेष कर, वेदाध्ययनसे, वञ्चित कर दिया गया। इस संकोचका मुख्य कारण, हमारी सम्मतिमें, आर्योंकी अपनी सभ्यतासे न्यूनतर स्तरसे सम्बन्ध रखने वाली अनार्य स्त्रियोंके साथ वैवाहिक सम्बन्ध ही था। अथर्ववेदके जायासूक्तसे तथा धर्म शास्त्रकी उस विधिसे जिसके अनुसार ब्राह्मणादि वर्णोंके लोग शूद्र स्त्रियों तकसे विवाह कर सकते थे यह बात स्पष्टतया सिद्ध होती है। वे स्त्रियां भिन्न भाषा और संस्कृतिको अपने साथ लेकर आयीं। फल यह हुआ कि आर्योंकी अपनी भाषा और धार्मिक भावनाओंमें भी घोर परिवर्तन होने लगे और आर्योंको उन परिवर्तनोंकी धाराके सामने सिर नवाना पड़ा। संस्कृत भाषाके प्राकृत रूपमें आनेमें तथा संस्कृत नाटकोंके उस नियममें जिसके अनुसार स्त्री-पात्र केवल प्राकृत भाषा ही बोलते हैं उपर्युक्त कथनके लिए प्रमाण विद्यमान हैं।

जैन और विशेष कर बौद्धधर्मने मनुष्यमात्रके लिए अपने धर्म और उपदेशका द्वार खोल दिया था। स्वभावतः चिरकालसे दलित और उपेक्षित शूद्र जनता भी उधर आकृष्ट होने लगी। स्त्रियोंको भी उन्होंने अपने धार्मिक उपदेश देने शुरू कर दिये। ऐसा प्रतीत होता है कि जैन और बौद्धधर्मोंकी उक्त धार्मिक उदारताकी प्रतिक्रियाके रूपमें ही वैदिक परम्परानुयायियोंमें भी स्त्री-शूद्रों को धार्मिक उपदेशके द्वारा अपनानेकी आवश्यकता अनुभवकी जाने लगी; ठीक उसी तरह जिस तरह ईसाई-मुसलमान धर्मोंके प्रभावसे बचानेके उद्देश्यसे सदासे उपेक्षित हरिजनोंको अपनानेकी चिन्ता हिन्दू-समाजको अब होने लगी है। परन्तु शुद्ध वैदिक परम्परामें उन्हें कोई प्रेरणा ऐसी न मिली कि उसका ही प्रचार उनमें किया जाता। कदाचित्

आर्योंने यह भी सोचा होगा कि वैदिक कर्म-काण्ड, भाषा और भावनाके विषयमें स्त्री-शूद्रोंकी रुचि और योग्यता (=अधिकार) के न होनेसे उनके संपर्कसे उन्हें सुरक्षित ही रक्खा जावे। इन कारणोंसे उनके अपनानेका यही उपाय ठीक समझा गया कि उनकी ही परम्परागत भावनाओंको व्यवस्थित किया जावे। इस नवीन भावनाके उत्पन्न होते ही आर्येतर भावनाओंके प्रवाहको रोकनेके लिए जो द्वार चिरकालसे बन्द था वह खुलगया, और उसके खुलते ही वैदिक धर्ममें बड़े वेगसे नयी धार्मिक भावनाओंका प्रवेश शुरू हो गया। अनेकानेक नये देवता, अपने अनुयायी सैकड़ों देवताओंके साथ, अपनी नयी पूजा पद्धति नयी भावनाओं और संस्कृतिको भी साथ लेकर, वैदिक समाजमें घुस पड़े। इस प्रवाहके स्थिर हो जाने पर वैदिक विद्वानोंने क्रमशः इन सबंको व्यवस्थित किया और मुख्यतः स्त्री-शूद्रोंकी रुचि और प्रवृत्तिको ध्यानमें रखकर एक नये मिश्रात्मक धर्मका निर्माण किया। इसीको हमने ऊपर पौराणिक धर्म कहा है।

पौराणिक धर्मके उदय और विकासके विषयमें खोज और अनुमानके आधार पर जो ऊपरका सिद्धान्त हमने स्थापित किया है उसकी पुष्टि कुछ परम्परागत विचारोंसे भी हो जाती है। वर्तमान हिन्दू धर्मके लिए, जो पौराणिक धर्मसे अभिन्न है, 'निगमागम धर्म' यह नाम पण्डितोंमें प्रसिद्ध है। इसका अर्थ यही हो सकता है कि प्रचलित हिन्दू-धर्म निगम तथा आगमधर्मोंका समान्वित रूप है। यहां 'निगम' का मौलिक अभिप्राय हमारी सम्मतिमें चिरकालसे निश्चित या व्यवस्थित वैदिक परम्परासे है; और 'आगम' का मौलिक अभिप्राय चारों ओर अनार्य जनतामें फैली हुई, अतएव अनिश्चित या अव्यवस्थित धार्मिक परम्परासे है। बौद्धधर्मके साधारण जनतामें प्रचारकी प्रतिक्रियाके रूपमें तथा आर्येतर जनताके साथ चिरकालिक सहवासके कारण वैदिक विद्वानोंने आगमिक संस्कृतिको धीरे-धीरे व्यवस्थित किया और उसमें वैदिक संस्कृतिका पुट देकर नवीन पौराणिक धर्मका विकास किया।

पुराणोंमें ही जहां कहीं जब यह प्रश्न उठा है कि उनकी रचना क्यों की गयी तब यही उत्तर दिया गया है कि वैदिक धर्म तथा आचारके पालनमें असमर्थ या रुचि न रखनेवाले स्त्रियों, शूद्रों और साधारण जनताके कल्याणके लिए उनकी रचना की गयी है। उदाहरणार्थ, देवीभागवत (स्क० १ अ० ३ श्लो० २१) के निम्नलिखित श्लोकमें यही बात कही गयी है—

स्त्रीशूद्रद्विजबन्धूनां न वेदश्रवणं मतम्।
तेषामेव हितार्थाय पुराणानि कृतानिच॥

अर्थात्, स्त्री, शूद्र तथा निम्नकोटिकी साधारण जनता वेद-श्रवण नहीं सकती। उन्हींके भलेके लिए पुराणोंकी रचनाकी गयी है। ऐसे ही अन्य प्रमाणोंसे यही सिद्ध होता है कि पुराणोंकी रचना तथा पौराणिक धर्मकी प्रवृत्तिका कारण आर्योंका ऐसे लोगोंसे संपर्क था जिनकी धार्मिक भावनाएं तथा रुचियां वैदिक संस्कृतिसे विपरीत थीं।

शिव, शक्ति, और विष्णु पौराणिक धर्मके मुख्य देवता हैं, यह हमने ऊपर कहा है। इनका इतिहास बड़ा रोचक है। भूत, प्रेत, पिशाच, राक्षस तथा दैत्योंके प्रिय शिव तथा शक्ति मूलमें अवैदिक देवता ही प्रतीत होते हैं। पर पौरुष तथा ओज[1] रूपमें उन दोनोंकी पूजा इस देशकी आर्येतर प्रजामें, जो कि आर्योंसे कई गुनी अधिक रही होगी, इतनी प्रचलित थी कि उससे अप्रभावित रहना वैदिक लोगोंके लिए प्रारम्भिक कालसे ही अत्यन्त कठिन था। सामान्य जनताके इस प्रबल प्रभावके ही कारण उन्होंने अपने अन्तरिक्ष-स्थानीय देवता रुद्रके साथ शिवका एकीकरण कर लिया।

शिवके साथ ही शनैः शनैः शक्ति[2]को भी अपनाना पड़ा। अन्तमें वैदिक देवता अदिति तथा औपनिषद् अद्वैत ब्रह्मकी विचारधाराका शक्ति पर आरोप कर उसका वर्तमान दार्शनिकरूप खड़ा किया गया। प्रतीक रूपसे ये ही शिव और शक्ति उपर्युक्त आगमधर्मके मुख्य प्रेरक देवता हैं। इसीलिए तन्त्रों (= आगमों) का प्रारम्भ प्रायः शिव और पार्वतीके संवादसे ही होता है।

उक्त अवैदिक देवताओंका जनता पर गहरा प्रभाव कुछ वैदिकोंको अवश्य ही खलता होगा। साथ ही जनताकी अपनी धार्मिक भावनाओं और रुचियोंका भी प्रश्न था। इसी बातको दृष्टिमें रखकर वैदिक देवता विष्णुका एक नया संस्करण तैयार करके शिव, शक्तिके मुक्काबिलेमें रखा गया इस प्रकार पाराणिक धर्ममें उसके मुख्य देवताओंकी प्रवृत्ति हुई।

जैन और बौद्ध धर्मोंके प्रभावसे प्रायेण परम्परागत मूर्त्तिपूजाकी भावनाने जनतामें मुख्य स्थान प्राप्त कर लिया। विष्णु देवताके नवीन संस्करण पर तो बौद्ध धर्मका प्रभाव प्रायः प्रारम्भसे ही पड़ा है। अवतारवादका प्रारम्भ, जिसका सम्बन्ध विष्णुके ही साथ है, बौद्ध धर्मकी जातक कथाओंसे ही हुआ होगा। पिछले कालमें तो अनेकानेक बौद्ध तथा जैन मूर्त्तियोंको भी विष्णु-मूर्त्तिका रूप दे दिया गया। आजकलके मठों और अखाड़ोंका मूल भी बौद्धोंके संघाराम और विहारोंमें ही प्रतीत होता है। जनताकी चिर परम्परासे प्राप्त त्यौहारों और तीर्थोंकी व्यवस्था तो धर्मशास्त्रके आधुनिक निबन्ध ग्रन्थोंके समय तक होती रही है।

ऊपरके लेखसे स्पष्ट है कि पौराणिक धर्मकी प्रारम्भसे ही मौलिक विशेषता यह रही है कि वह बराबर स्त्री-शूद्रोंके सहित साधारण जनताकी स्वाभाविक धार्मिक भावनाओंके साथ वैदिक धर्मके सामञ्जस्य

१—शंकरः पुरुषाः सर्वे स्त्रियः सर्वा महेश्वरी।
सर्वे स्त्री पुरुषास्तस्मात्तमोरेव विभूतयः॥ (शिवपुराण, वायुसंहिता उत्तरार्ध, अ० ५)

२—चन्द्रोनखलुभात्येष यथा चन्द्रिकयाविना।
नभाति विद्यमानोऽपि तथा शक्त्या विनाशिवः॥(शि० पु०, वा० सं० उत्तरार्ध, अ० ४)

और समन्वयको स्थापित करनेका यत्न करता रहा है। पौराणिक धर्मकी यह प्रवृत्ति सदा विकासोन्मुखी रही है। इसीलिए यह आरम्भसे ही प्रगतिशील धर्म रहा है। उक्त प्रवृत्तिके ही कारण जहां मनुस्मृति आदि धर्मशास्त्रके प्राचीन ग्रन्थोंमें शूद्रोंके लिए द्विजोंकी सेवा करना ही एकमात्र धर्म बतलाया गया है, वहां पीछेसे 'शूद्राचारशिरोमणि' जैसे अनेकानेक ग्रन्थोंमें विस्तारसे उनके लिए आचारका विधान किया गया है। जैसे गङ्गाकी धारामें अन्य नदियोंके मिलने पर भी उसका नाम गङ्गा ही बना रहता इसी प्रकार पौराणिक धर्ममें नवीन विचारोंके समावेशकी अद्भुत शक्ति है। कोई भी नवीन विचार या संप्रदाय ५० या १०० वर्षोंके अनन्तर पौराणिक (या सनातन) धर्मका अङ्ग बन जाता है। इसी कारण आधुनिक हिन्दू-धर्मके एक निश्चित रूपके न होनेसे वह धर्मोंका संघसा बन गया है।

पौराणिक धर्मकी उपर्युक्त समन्वयात्मकता लोक-हित-बुद्धिसे प्रेरित हमारे प्राचीन विद्वानों और आचार्योंके द्वारा किये गये भारतीय जनताकी आन्तरिक धार्मिक प्रवृत्तियोंके गहरे अध्ययन और मननका ही फल है। अपनी इस स्वाभाविकताके ही कारण इस धर्मने जनताके हृदयमें गहरा और स्थायी स्थान बना लिया है। इसी कारण इस धर्मके द्वारा चिरकालसे ही भारतीय कलाकी अभिव्यक्ति और विकासमें बड़ी प्रेरणा मिलती रही है। साथ ही, शैव, शक्ति तथा वैष्णव धर्मोंके द्वारा आध्यात्मिक जगत्में क्रमशः योग, साधना, और भक्तिका जो विकास हुआ है वह भी पौराणिक धर्मकी बड़ी भारी देन है।

ऊपर पौराणिक धर्मके गुण-पक्षको संक्षेपमें ही हमने दिखलाया है। इसके साथ दोष-पक्षको भी समझ लेना आवश्यक हैं। पौराणिक धर्मकी मुख्य दुर्बलता यही है कि उसके द्वारा साधारण जनताकी स्वाभाविक धार्मिक प्रवृत्तियोंको अपनाया तो गया है, पर उनके परिष्कार और परस्पर वास्तविक सामञ्जस्य पर अभी तक पूरा पूरा ध्यान नहीं दिया गया है। उसने तथाकथित निम्न जनताको अपनानेका तो यत्न किया, पर उसकी संस्कृतिके स्तरको ऊंचा करके समाजमें उठनेका उसे अवसर ही नहीं दिया। अतिशूद्रोंको तो उसने अस्पृश्य ही बनाकर छोड़ दिया। उपर्युक्त दोषके कारण ही हिन्दु समाजके विभिन्न अङ्गोंमें अपेक्षित संघटनका प्रायः सदासे ही अभाव रहा है। हिन्दू-बिरादरियोंकी पारस्परिक तला-ऊपरी तथा संकोच और ईर्ष्या-द्वेषकी भावनाओंका कारण भी यही है। यही नहीं, धार्मिक नेताओं और पुरोहितोंकी स्वार्थमयी दुकानदारीकी बुद्धिने काफ़ी मात्रामें परस्पर-विरोधिनी धार्मिक भावनाओंको जागरित करने और बढ़ानेका भी प्रयत्न किया है। शैव, वैष्णव आदिके परस्पर धार्मिक विद्वेषके भावोंसे हमारे धार्मिक ग्रन्थ भरे पड़े हैं। उदाहरणार्थ, देखिये—

भवव्रत धरा येच येच तान् समनुव्रताः।
पाखण्डिनस्ते भवन्तु सच्छास्त्र परिपन्थिनः॥ (भागवत ४।२।२८)

अर्थात्, शैव धर्मके अनुयायी वास्तवमें पाखण्डी और सच्छास्त्रके विरोधी हैं।

यथा श्मशानजं काष्ठं सर्वकर्मसु गर्हितम्।
तथा चक्राङ्कितो विप्रः सर्वकर्मसु गर्हितः॥ (विष्णुस्मृति)

अर्थात्, श्मशानके काष्ठके समान ही चक्राङ्कित वैष्णवका सर्व कर्मोंसे बहिष्कार करना चाहिये।

सन्तधर्म

वैदिक धर्मकी धार्मिक विषयोंमें भी राजनीतिक दृष्टि तथा शूद्र विरोधिनी भावनाका उल्लेख हम ऊपर कर चुके हैं। पौराणिक धर्मके समयमें भी उसकी परम्परा, किसी न किसी रूपमें, बराबर बनी ही रही। निम्न जनताके प्रति उपर्युक्त संकोचकी भावनाका आधार भी यही थी। खुले हृदयसे निम्न जनताको अपनाना और उठाना आर्य-धर्मकी अब भी एक मुख्य समस्या है। आर्य-धर्मकी परम्परागत इस कमीका ही समाधान मुख्यतः सन्त-धर्मने किया है। आध्यात्मिकताके आधार पर निम्न जनतामें धार्मिक भावना और आत्मसंमानकी स्थापनाके विषयमें कबीर आदि सन्तोंने जो काम किया है वह भारतीय आर्य धर्मके इतिहासमें अनोखा है।

सन्त जनताके ही लोग थे। इनमेंसे अनेकने तो अपने जन्मसे शूद्रातिशूद्रोंके कुलोंको पवित्र किया था। तो भी, प्राचीन ऋषियोंकी तरह ही, ये साक्षात्कृतधर्मा थे। प्रायः इन्हीं कारणोंसे ये लोग विशुद्ध निःस्वार्थता तथा मनुष्यताके मौलिक स्तरसे मानवकी दुर्बलताको और आध्यात्मिकाके आधार पर उसके प्रतीकारके उपायोंको समझने और समझानेमें समर्थ हो सके थे। अपनी जाति और स्थितिके अभिमानको साथ लेकर काम करनेवाले तथाकथित सुधारकोंसे सन्तोंको पृथक् करनेवाली मुख्य बात उनकी निःस्वार्थता और निरभिमानता ही होती है।

उपर्युक्त कारणोंसे सन्तोंका साहित्य भी उसी श्रेणिका है जिससे उपनिषदोंका संबंध है। ऊंच और नीचके भेदके बिना मनुष्य मात्रकी आध्यात्मिक पिपासाको वह शान्त कर सकता है।

सिखधर्म

सिखधर्मका विकास वास्तवमें सन्तधर्मसे ही हुआ है। ऐसा होने पर भी यह उससे भिन्न है। सन्तधर्म जहां केवल सोमात्मक है, वहां इसका स्वरूप अग्नी सोमात्मक है, अपने जीवनके इतिहासमें विषम परिस्थितियोंके साथ घोर संघर्षके कारण ही एक अद्भुत ओज और तेजका समावेश इसमें दिखलाई देता है। उपनिषदों जैसी आध्यात्मिका और मौलिक वैदिकधर्मकी ओजस्विता और

शौर्यका संमिश्रण और सामञ्जस्य ही सिखधर्मकी मुख्य विशेषता है। विरोधी वातावरणमें आर्यधर्मकी भावनाने ही इसको जन्म दिया था। इसकी सफलताका रहस्य, हमारी समझमें, कर्मकाण्डके जङ्गलको निर्मूल करके वैदिक उदात्तभावनाओंके मार्गको प्रशस्त करनेमें ही है। यह हमारे अभिमानकी वस्तु है। एकेश्वर-विश्वास, धार्मिक साम्यवाद, कर्मकाण्डकी सरलता, आशावाद, उद्योगशीलता, शौर्य आदि सिखधर्मकी ऐसी विशेषताएं हैं जिनसे सामयिक पौराणिक हिन्दूधर्मके अपेक्षित विकासमें काफ़ी सहायता मिल सकती है।

आर्यधर्मकी आधुनिक आवश्यकताएं

ऊपरके लेखसे यह स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय आर्यधर्म विभिन्न समयों और परिस्थितियोंकी आवश्यकताओंके अनुसार प्रारम्भसे ही अपनेको परिवर्तित करता रहा है। ये परिवर्तन प्रारम्भकी अपेक्षा अन्तमें इतने अधिक और उग्र हो गये हैं कि आपाततः दोनोंकी परम्पराकी समानतामें भी सन्देह होने लगता है। परन्तु आर्यधर्मकी यह प्रगतिशीलता उसकी दुर्बलताकी द्योतक न होकर, उसमें बहती हुई जीवनकी अबाध धाराकी ही द्योतक है।

अब देखना यह है कि आजकलकी परिस्थितिमें, जो उसके जीवनके लम्बे इतिहासमें पहले कभी नहीं आयी, उसकी प्रगतिकी क्या दिशा होनी चाहिये।

आजका समस्त संसारका वातावरण पिछले वातावरणोंसे नितान्त भिन्न है। संसार इतना छोटा हो गया है कि प्रत्येक धर्मका मुकाबला, आजकल, किसी एक संप्रदायसे न होकर, संसारके यावद्धर्मोंसे है। तिसपर, वैज्ञानिक दृष्टिकी व्यापकता इतनी बढ़ती जा रही है कि केवल शब्द-प्रमाणके बल पर या पारलौकिक अन्धविश्वासके सहारे पर कोई धर्म चिरकाल तक नहीं ठहर सकता। तीसरे, साम्यवाद, लोकतन्त्रवाद आदि वादोंके कारण मानव-समाजके प्रत्येक वर्गमें उन्नति, स्वतन्त्रता, आत्म-समान, तथा समानताकी भावनाओंका उद्रेकसा हो रहा है।

उपर्युक्त कारणोंसे यह आवश्यक हो गया है कि परम्परागत आर्यधर्म आत्मपरीक्षण द्वारा देखे कि उसके समादृत जीवनके लिए उसकी नवीन आवश्यकताएं क्या हैं। एक बड़ी कठिनता यह है कि हमारे धर्मशास्त्र अब इतने प्राचीन हो गये हैं कि उनकी अनेक दृष्टियां और व्यवस्थाएं भूतकालीन या असायमिक हो चुकी हैं। जैसे आजकलके सब रोगोंकी चिकित्सा केवल चरक आदिके आधार पर नहीं हो सकती, इसी तरह हमारी सब वर्तमान धार्मिक समस्याओंका समाधान हमारे प्राचीन धर्म शास्त्रोंसे ही नहीं हो सकता। इसलिए अनेक दिशाओंमें आर्यधर्मके लिए प्रगतिकी आवश्यकता है।

सबसे पहली आवश्यकता है कि आर्य धर्म खुले हृदयसे समाजके प्रत्येक व्यक्तिको अपनी ईश्वर-प्रदत्त शक्तियों और प्रवृत्तियोंके विकासका समान अवसर दे, जिससे किसी भी कुल या जातिमें जन्म लेना उसकी उन्नतिमें बाधक न हो सके। इस विषयमें जो व्यवस्था अभी हालमें बंगालके महामहोपाध्याय पण्डित विधुशेखर भट्टाचार्य आदि विद्वानोंने दी है उसको शुद्ध हृदयसे अपनाना हमारा कर्तव्य है। यह समझ लेना चाहिये कि उसके अपनानेमें हमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य आदि शब्दोंको, उनके स्वोत्कर्ष-प्रतिपादक तथा अभिमानाध्यात्मक रूपको छोड़कर, केवल रूढ़मात्र मानना होगा, या इनके लोभको ही छोड़ देना पड़ेगा। इन शब्दोंको पकड़कर 'कर्मणावर्णः' या 'जन्मनावर्णः' की चर्चा हमें तो निरर्थक ही प्रतीत होती है। इन शब्दोंके विकासका इतिहास बड़ा रुचिकर है। उसके विषयमें यहां कुछ न कहकर हम केवल इतना ही कहना चाहते हैं कि जिस वातावरण और परिस्थितिमें इन शब्दोंने हमारे समाजमें जड़ पकड़ी वह परिस्थिति भारतीय समाजके लम्बे इतिहासमें कुछ ही कालतक रह सकी थी। फिर भी वह सारे भारतवर्षमें व्याप्त न हो सकी। वर्तमान परिवर्तित परिस्थितिमें मनुस्मृतिके आदर्शको लेकर यह व्यवस्था वास्तविक अर्थोंमें जीवित रह सकती है, यह केवल दुराशामात्र है।

उपास्य देवोंकी बहुलता भी आर्य धर्मकी एक समस्या है। पिछले कालमें यह किसी प्रकार जीवित रही। पर अब इसका समय नहीं रहा। किसी प्रकारकी पण्डिताऊ दार्शनिक व्याख्या इसको जीवित नहीं रख सकती। आर्य धर्मके विभिन्न सम्प्रदायोंकी जनता भी पिछले ५० वर्षोंसे अबुद्धि-पूर्वक इसको अनुभव कर रही है। आजकल प्रायः प्रत्येक हिन्दू व्यावहारिक बातचीतमें, राम, कृष्ण, शिव, विष्णु, शक्ति आदि साम्प्रदायिक शब्दोंके स्थानमें, ईश्वर, परमात्मा, भगवान् शब्दोंका प्रयोग करता है। हमारे विचारशील धार्मिक नेताओंका कर्तव्य है कि उक्त प्रवृत्तिसे लाभ उठायें और जनतामें यह भावना बुद्धि-पूर्वक उत्पन्न करें कि हम सबका उपास्य देव एक ही है, राम, कृष्ण, शिव, शक्ति आदि उसीके नाना रूप या नाम हैं। यह सिद्धान्त पूर्णतः शास्त्र-सम्मत भी है। अब तक प्रायेण स्वार्थ-मूलक प्रवृत्तिके कारण इनके अनैक्यपर जोर दिया जाता रहा है, पर अब एकताको समझाना अत्यावश्यक है। इस नूतन प्रवृत्तिको जागरित करनेके लिए हमारे देव-मन्दिरोंके निर्माण आदिके विकासके विषयमें गम्भीर विचारकी आवश्यकता है। भविष्य आर्य धर्मकी आशाओंके केन्द्रीभूत काशी हिन्दू विश्वविद्यालयमें प्रस्तुत देव-मन्दिरके द्वारा इस दिशामें काफी मार्ग-प्रदर्शन किया जा सकता है। आवश्यकता गम्भीर साहस की है। नहीं तो, केवल रूढ़िके अनुसार एक और देवमन्दिर वहां खड़ा कर देनेसे विश्वविद्यालयके छात्रोंकी कुछ भी संख्या उससे लाभ उठा सकेगी, इसमें हमें काफी सन्देह है। हमारी समझमें प्रस्तुत देवमन्दिर भव्यता, विस्तार, शान्ति, उपास्यदेवोंकी मौलिक एकता आदिके विषयमें हमारे भविष्य देवमन्दिरोंके निर्माण

में मार्ग-प्रदर्शक होना चाहिये। आज कलके अनेक देवमन्दिरों तथा तीर्थोंमें देव-मूर्तिको तालेमें बन्द रखने की प्रथा, अशिक्षित तथा चपल नवयुवकोंके द्वारा उनकी पूजा, पैसेके लोभी पण्डोंके द्वारा भोलेभाले यात्रियोंका देव-दर्शन उनका संकीर्ण अशान्त तथा अभव्य वातावरण जनतामें धार्मिक श्रद्धाको बढ़ानेवाली स्थिति नहीं है। धार्मिक नेताओंका कर्तव्य है कि अस्थायी धार्मिक तमाशों और प्रदर्शनोंके स्थानमें इस महत्वके कार्यको अपने हाथमें लें।

हमारे धार्मिक संस्कार, त्यौहार तथा अन्य कर्मकाण्डके अवसर ऐसे हों जिनके द्वारा वैदिक कालीन उदात्त भावनाओंकी पुष्टिके साथ साथ जनतामें समदृयात्मक बुद्धिकी भी वृद्धि हो। सबसे बड़ी आवश्यकता इस बातकी है कि आर्यजनता विशेष धार्मिक अवसरों पर प्रत्येक ग्राममें और नगरमें **एक ही विशाल मन्दिर या स्थानमें** एकत्र होकर **एक ही धार्मिक प्रार्थनाको** करना सीखे। विभिन्न संप्रदायोंके लिए इस समान प्रार्थनाको बताना भी गम्भीर विवेचनासे ही हो सकता है।

भारतवर्ष जैसे विशाल देशमें धार्मिक संप्रदायोंका होना अनिवार्य है। आवश्यकता इस बातकी है कि आर्यजनता उन संप्रदायोंकी मौतिक एकताको सदा समझती रहे, प्रत्येक शिक्षित व्यक्तिको आर्य धर्मके यावत् संप्रदायोंकी देनका गर्व हो, और उनके लिए, उनके धार्मिक साहित्य तथा आचार्योंके लिए उसके हृदयमें सच्चा सम्मान हो। विभिन्न संप्रदायोंकी मौलिक धार्मिक तथा सांस्कृतिक एकता पर ज़ोर देनेसे ही यह हो सकता है।

देशकी स्वतन्त्रताके साथ ही आर्यधर्ममें एक नये जीवन; ओज और प्रकाशका होना अनिवार्य है। इस नवीन जीवनका प्रकाश संसार व्यापी होगा और विशेषकर भारतीय उपनिवेशोंमें तो उसकी तत्काल आवश्यकता होगी। हमारा कर्तव्य है कि हम उस दिनके लिए तय्यार रहें। इसके लिए यह आवश्यक है कि हम इसका अनुभव करें कि भारतीय आर्यधर्म एक सार्वभौम धर्म है। स्थान स्थानसे इसकी उद्घोषणा होनी चाहिये। वह समय दूर नहीं है जब गंभीरभावसे हमें सोचना पड़ेगा कि संसारके विभिन्न देशोंमें और विशेषकर भारतीय उपनिवेशोंमें, जहां आर्यधर्मकी प्यास है, किस रूपमें हम भारतीय आर्यधर्मको प्रचारित कर सकते है।

ऊपर सामान्य रूपसे ही हमने उन दिशाओंको दिखलाया है जिनमें आर्यधर्मके लिए प्रगतिकी आवश्यकता हमें प्रतीत होती है। आशा है हमारे विद्वान् धार्मिकनेता इस पर गम्भीर विचार करेंगे।

राजाके देवत्वकी भावना

डाक्टर अनन्त सदाशिव अल्तेकर,

सामान्य जनताकी यह धारण है कि 'ना विष्णुः पृथिवीपतिः' 'जो देव नहीं वह कदापि राजा नहीं हो सकता है'—यह सिद्धांत हिंदूधर्म और राज्यशास्त्रको प्राचीन कालसे सर्वमान्य है। आधुनिक यूरोपीय लेखक भी कहते हैं कि हिंदुस्तानकी संस्कृतिको नृपतंत्र ही अनुकूल हो सकता है, क्योंकि वहां जनता राजा को देव मानती है। लेकिन हिन्दुस्तानी तो आज देश में लोकतंत्र स्थापित करनेमें प्रयत्नशील हैं। इसलिए इस समय राजाके देवतांशत्वके बारेमें थोड़ी चर्चा करना अनुचित न होगा। क्या राजाके देवतांशत्वकी कल्पना सचमुच हमारे देशमें सर्वमान्य थी? यदि हां, तो वह कब उत्पन्न हुई? क्या उसके कारण राजा दंडसे परे माना जाता था? क्या प्रजा जैसे परमेश्वरकी आज्ञा माननेके लिए सदैव बाध्य है, उसी प्रकार नृपतिकी भी आज्ञा माननेके लिए बाध्य थी, चाहे वह सर्वथा अन्याय ही हो? देवतांश माने जाने के कारण दुष्ट नृपतिके बारेमें क्या प्रजा कुछ भी नहीं कर सकती थी?

राजाका देवत्व

यह बात ध्यान देने योग्य है कि राजाके देवत्वकी भावना जैसी ईसाकी पहली सहस्राब्दिमें प्रचलित थी, वैसी वैदिक कालमें न थी। उस कालमें राजाका पद पूर्णतः लौकिक था। सार्वजनिक हितके लिए अथवा राष्ट्र आर जनका अरिष्ट दूर करनेके लिए होने वाले किसी यज्ञादिका संचालन राजाके कामोंमें शामिल नहीं था।

ऋग्वेदमें केवल एक ही राजा पुरुकुत्सको अर्धदेवका विशेषण दिया गया है (चतुर्थ ४२८९)। अथर्ववेदमें भी केवल एक ही बार और उत्तरकालीन सूक्तमें राजा परीक्षित मर्त्यों में देवता कहे गये हैं, (यो देवा मर्त्यान् अधि २०–१२७–७)। इन स्थलोंसे यह नहीं सिद्ध होता कि उस युगमें राजामें देवत्वकी भावना मान्य थी। पुरुकुत्सको अर्धदेव संभवतः इस कारण कहा गया है कि उनकी विधवा मांने उन्हें और इन्द्र वरुणके विशेष प्रसादसे प्राप्त किया था। जिस ऋचामें परीक्षितको मर्त्योंमें देवकी उपाधि दी गयी है वह उनकी प्रशंसा करनेके लिए ही रची गयी थी। वैदिक वाङ्मयमें अन्य किसी भी राजाको यह उपाधि नहीं दी गयी है। इससे हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि राजामें देवत्वकी कल्पना राजा द्वारा उपकृत दरबारियोंके ही मस्तिष्क तक सीमित थी।

धार्मिक विधि और विचारोंके उत्तरोत्तर बढ़ने वाले प्रभावसे ब्राह्मणकालमें ऐसा वातावरण बनने लगा था जिसमें राजाके देवत्वकी भावना पनप सकती थी। युद्धमें विजय इन्द्र देवकी कृपाका फल कहा जाता था, और इसी तरह शनैः शनैः इंद्रकी उपाधियां भी राजाको दी जाने लगीं।[1] राज्याभिषेकके समय पुरोहित कहते थे कि 'भगवान् सविताके आदेश पर ही अभिषेक किया जाता है, और यह अभिषेक मनुष्यके हाथों से नहीं वरन् भगवान् पूषण और अश्विनी कुमारों द्वारा होता है।' ऐसा माना जाता था कि अभिषेकके समय राजाके शरीरमें अग्नि, सविता और बृहस्पति आदि देवता प्रवेश करते हैं। अश्वमेध और वाजपेय यज्ञ द्वारा राजाको देवताका पद मृत्युके बाद प्राप्त होता था। बहुसंख्यक प्रजा एक राजाकी आज्ञा पालन क्यों करती है, इसका कारण कुछ लोगोंके मतमें यही था कि राजा देवाधिदेव प्रजापतिका प्रत्यक्ष प्रतीक है! ब्राह्मण अपनेको भूदेव कहकर अपने लिये देवत्वका दावा कर रहे थे, अतः वे राजाको भी उससे कैसे वंचित रख सकते थे, क्योंकि वही तो उनके विशेषाधिकारोंका संक्षरक था। इन परिस्थितियों और कारणोंसे उत्तर वैदिक कालमें ऐसा वातावरण उत्पन्न हो गया था, जो राजाके देवत्वकी भावनाके विकासके लिए विशेष अनुकूल था। ईसवी पहली शताब्दीमें कुषाण राज्यकी स्थापनासे इस भावनाको और भी बल मिला। चीनकी परंपरासे प्रभावित होनेके कारण इस वंशके राजा 'देवपुत्र' होनेका दावा करते थे। उनकी मुद्राओं पर उनकी मूर्तियां आकाशसे अवतरित हुईं और दैवी प्रकाशसे आवृत दिखायी गयी हैं।[2] इन कुषाण सम्राटोंने अपने पूर्वजोंके नाम पर मन्दिर भी बनवाये, जिनमें उनकी प्रतिमाएं देव मूर्तियोंके समान पूजी जाती थीं।

कुछ स्मृतियों और पुराणोंने स्पष्ट रूपसे राजाके देवत्वका दावा किया है। मनु कहते हैं कि 'राजा नर रूपमें महान् देवता है। ब्रह्माने आठों दिशाओंके दिग्पालोंके शरीरका अंश लेकर उसके शरीरका निर्माण किया है।'[3] विष्णुपुराण और भागवतमें कहा गया है कि 'राजाके शरीरमें अनेक देवता निवास करते हैं।[4] 'भागवतमें तो यह भी लिखा है कि आदि राजा वेणके शरीर पर विष्णुके शरीरके नाना

१—श० ब्रा० द्वादश ४-४-३। तै० ब्रा० अष्टादश १०, १०।

२—पंजाब संग्रहालयकी मुद्राओंकी सूची भाग प्रथम, चित्र १।

३—यस्मादेषां सुरेन्द्राणां मात्राभिर्निर्मितो नृपः।
तस्मादभिभवत्येष सर्वभूतानि तेजसा॥ मनु० ५।

४—विष्णु पु० १-१३-१८।

लांछन भी विद्यमान थे[1]। इस प्रकार राजाको देवता माननेकी परंपरा स्थापित हो गयी थी। परवर्ती कालमें बौद्ध लोग भी राजाको सम्भुति 'संभुतिदेव' कहते थे। इस पदवीका संकेत यह है कि राजाका देवत्व जनताको संमत है।

अस्तु, कुछ स्मृतियों और पुराणोंमें राजाके देवत्वकी कल्पना तो स्वीकार की गयी है, परंतु उसे ईश्वरका साक्षात् अवतार बहुत थोड़े स्मृतिकारोंने माना है। अधिकांश स्मृतियों और पुराणोंमें केवल राजा और देवताओंके कार्योंकी समानताका ही उल्लेख और वर्णन किया गया है। महाभारत (द्वादश, ६६, ४०), नारद स्मृति (सप्तदश, २६), शुक्रनीति (६३) और मत्स्य (२२), मार्कण्डेय (२६, २१) अग्नि (२२५, २६), पद्म (३०, ४५), और बृहद्धर्म (उत्तरखंड ३, २) पुराणोंमें बताया गया है कि राजा अपने तेजसे दुष्टोंको भस्म कर देता है, अतः वह अग्निके समान है। वह अपने गुप्तचरों द्वारा सब कुछ देख लेता है, अतः वह सूर्यके तुल्य है; वह अपराधियोंको उचित दंड देता है—अतः पद्मके समान है और योग्य व्यक्तियोंको प्रचुर पुरस्कार देता है—अतः वह कुबेरके तुल्य है[2]।

अस्तु, अधिकांश ग्रंथकार राजा और देवताओंके विभिन्न कार्योंकी समानतापर ही जोर देते हैं। वे राजाके कार्योंका देवताओंके कार्योंसे तुलना मात्र करते हैं और यह नहीं कहते कि राजा स्वयं देवता है।

इस प्रकार हिंदू ग्रन्थकारोंने राजपदको दैवी बताया है न कि किसी राजव्यक्तिको। यूरोपमें राजाके देवत्वका सिद्धांत मुख्यतः निरंकुश राजसत्ताके समर्थनके लिए ही प्रतिपादित किया गया था। प्राचीन भारतमें एकमात्र नारद ही ऐसे ग्रन्थकार हैं, जिन्होंने यह कहनेका साहस किया है कि दुष्ट राजा पर भी प्रहार करना पाप है, क्योंकि उसमें देवता का अंश है।[3] परन्तु किसीने भी उनकी बात नहीं मानी। दुष्ट राजा वेणने अपने देवत्वकी दुहाई देकर दंडसे बचना चाहा, पर क्रुद्ध ऋषियोंने उसकी एक न सुनी, और उसे तत्काल मार डाला। यह भी ध्यानमें रखना चाहिए कि प्राचीन भारतमें केवल अच्छे

१—वही, ४-१३-२३।

२—कुरुते पंच रूपाणि कार्ययुक्तानि यः सदा। भवत्यग्निस्तथादित्यो मृत्युर्वैश्रवणो यमः।
यदाह्यासीदतः पापान्दहत्युग्रेण तेजसा। मिथ्योपचरितो राजा तदा भवति पावकः।
यदा पश्यति चारेण सर्वभूतानि भूमिपः। क्षेमं च कृत्वा व्रजति तदा भवति भास्करः॥
म० भा, १२-६७-४०-४२

३—राजानि प्रहरेद्यस्तु कृतांगस्यपि दुर्मतिः। शूले तमग्नौ विपचेद् ब्रह्महत्याशताधिकम्॥
—अ० ८।२ श ३१

और धार्मिक राजा ही देवतुल्य माने जाते थे। दुष्ट और दुराचारी राजा राक्षस और नरकभाजन दैत्य कहे जाते थे।[1] पोप ग्रेगरीके इस मतसे हिंदू शास्त्राकार सहमत नहीं थे कि देवताके अंश होनेके कारण दुष्ट राजासे भी परमात्माके सिवा अन्य कोई जवाब तलब नहीं कर सकता। राजाके देवत्वके पूर्ण समर्थक मनु भी कहते हैं कि धर्मसे विचलित होने पर इसी जन्ममें राजाको प्राणदण्ड तक भोगना पड़ता है[2]। वे यह भी कहते हैं कि देवत्वका अर्थ यह नहीं है कि राजा सब दोषोंके परे है, बल्कि साधारण जनकी अपेक्षा उसके गलती करनेकी आशंका अधिक है (७–४५), क्योंकि उसके सामने प्रलोभन भी बहुत रहते हैं। अतः उसे सर्वदा काम, क्रोध और लोभ अन्य बुराइयोंसे बचनेकी सावधानीसे चेष्टा करते रहना चाहिये। धूर्त खुशामदियोंकी स्तुतियोंसे प्रतारित होकर अपनेको अतिमानुष समझने वाले राजागण किस प्रकार जनोपहासके पात्र होते हैं—इसका वर्णन बाणभट्टने भलीभांति किया है[3]।

ब्लैकस्टोनका यह मत कि राजाके कार्योंमें ही नहीं किन्तु विचारोंमें भी दोष या गलतियां नहीं हो सकती हैं, प्राचीन भारतीय विचारकोंको स्वीकार न था। इसके विपरीत वे तो यह मानते थे कि साधारण जनकी अपेक्षा राजाके कर्तव्यच्युत होनेकी आशंका अधिक है। राजाके देवत्वका यह अर्थ भी नहीं माना गया था कि दुष्ट या अनीतिकारी राजाकी आज्ञाओंका भी बिना मीनमेख निकाले पालन करना ही चाहिये। यूरोपीय-विचारकोंमें बिशप बोसुएका मत है कि राजाके पापाचरण करने पर भी प्रजा उसकी आज्ञा पालनके बन्धनसे मुक्त नहीं हो सकती। काल्विन कहते हैं कि नीच राजाकी आज्ञा भी सदैव शिरोधार्य मानना चाहिये। प्राचीन भारतके विचारकोंका मत इसके विरुद्ध है, वे अयोग्य या दुष्ट राजाको देवत्वका अधिकारी कभी भी नहीं मानते। वे स्पष्ट कहते हैं कि ऐसा राजा साक्षात् राक्षस है, और प्रजाको उसके विरुद्ध विद्रोह करनेका पूरा अधिकार है। इङ्गलैंडके राजा प्रथम जेम्सका यह मत प्राचीन भारतमें मान्य नहीं था कि प्रजा कदापि राजाको दण्ड देनेकी अधिकारिणी नहीं हो सकती, क्योंकि राजाका अधिकार प्रजा को दंड देना है न कि प्रजाका राजाको। अतः विलोबीका यह कथन भारत पर नहीं लागू होता कि 'प्राचीन कालमें एशियाके सभी राज्योंमें राजा


१—गुणिजुष्टस्तु यो राजा स ज्ञेयो देवतांशकः। विपरीतस्तु रक्षोंऽशः स वै नरकभाजनः॥

२—दंडो हि सुमहत्तेजो दुर्धरश्चाकृतात्मभिः। धर्माद्विचलितं हंति नृपमेव स बान्धवम्॥ –मनु० ७-२८

३—प्रणतारणकुशल धूर्तैः अमानुषलोकोचिताभिः स्तुतिभिः प्रतार्यमाणा आत्मन्यारोपितान्तीकाभिमानाः मर्त्यधर्माणोपि दिव्यांशावतीर्णमिव सदैवतमिवातिमानुषमात्मानमुत्प्रेक्षमाणा प्रारब्धदिव्योचितचेष्टानुभवाः सर्वजनस्योपहास्यतामुपयाति। (कादम्बरी–शुकनासोपदेशः)।

प्रजापर शासन करना अपना ईश्वर-प्रदत्त अधिकार समझते थे आर प्रजा भी बिना चीं-चपड़के उनका यह अधिकार स्वीकार कर लेती थी।'

यह विषय समाप्त करनेके पूर्व हम राजाके देवत्वके विषयमें अन्य प्राचीन देशोंमें प्रचलित विचारों-पर दृष्टिपात करेंगे। प्राचीन मिस्रमें राजा या 'फाराओ' 'रा' या सूर्य देवताका पुत्र माना जाता था। सार्वजनिक यज्ञोंका संचालन और देवतासे किसी बातकी याचना करनेका अधिकार केवल उसे ही था। प्राचीन बवेरू और असीरमें भी राजा ईश्वरके प्रतिनिधि माने जाते थे, और देवताओंकी भांति पूजाके अधिकारी होते थे। प्राचीन यूनानमें भी राजा देव-वंशोत्पन्न माने जाते थे। देवताओंकी इच्छा जाननेकी शक्ति भी केवल उसीमें थी। १० ई० के बाद प्राचीन रोमके सम्राट मृत्युके उपरान्त देवता घोषित कर दिये जाते थे और उनकी पूजाके लिए मन्दिर भी बनवाये जाते थे। १६वीं और १८वीं शताब्दीके यूरोपीय विचारकोंके मतका ऊपर उल्लेख हो ही चुका है।



सामाजिक विकासका समाजवादी विश्लेषण

प्रोफेसर मुकुट बिहारी लाल

समाजवाद विज्ञान और नीतिका सम्मिश्रण है। उसका समाज-शास्त्र वैज्ञानिक और लक्ष्य नैतिक है। समाजकी स्थिति और गतिका वैज्ञानिक विश्लेषण उसका समाज-शास्त्र तथा क्रान्तिकारी शक्तियों द्वारा वर्गहीन समाजकी स्थापना उसका लक्ष्य है। विज्ञान और नीति दोनों ही समाजवादके जरूरी अंग हैं। समाजका वैज्ञानिक विश्लेषण समाजवादके लक्ष्य और नीतिके आधार हैं और लक्ष्य सिद्धि ही उसके वैज्ञानिक विश्लेषणका प्रयोजन है।

विकास समाजवादका मूल सिद्धान्त है। संसार गतिशील है। निरन्तर हलचल संसारका लक्षण है। स्थितिमें गति है, गतिमें विकास है। विकास नित्य और अनन्त है, विकास शक्ति ही संसारकी वृद्धिका कारण है, असंख्य पदार्थों और रूपोंकी जननी है। उसीके कारण मूल प्रकृतिसे जीव और जीवसे मनुष्यकी सृष्टि है।

मनुष्य समाज प्रगतिशील है। गति समाजका प्राण है। गति बिना समाजकी स्थिति असम्भव है। समाजकी गति और विकासका स्वरूप द्वन्द्वात्मक है। संघर्ष और समन्वय दोनों ही उसके लक्षण है। विकास अवयवोंके संघर्ष और समन्वय द्वारा ही होता है। विकासके लिए दोनों ही जरूरी हैं। निरा संघर्ष विनाशकारी है। समन्वय ही विकासकी परिणति है, पर संघर्ष विकासका जरूरी साधन है। समाजके विकासमें संघर्ष और सहयोग दोनोंका ही बड़ा हाथ है। विरोध क्रान्तिकारी संघर्ष, और क्रान्तिकारी समन्वयके द्वारा ही विकासकी धारा आगे बढ़ती है। क्रान्ति विकासका आवश्यक अंग है। विकासकी हर मंजिलको तय करनेके लिए क्रान्तिका सहारा लेना पड़ता है। गुण परिवर्तन विकासकी परिणति है और उसके लिए क्रान्ति आवश्यक है। पर क्रान्ति खिलवाड़ नहीं उसके लिए विशेष परिस्थिति और तैयारीकी जरूरत है। परिपक्व परिस्थिति और उचित तैयारीके बिना क्रान्तिका सफल होना नामुमकिन है। समयसे पहले क्रान्ति बेकार है, हानिकर है। कुछ परिस्थितियोंमें वैधानिक उपायों और रचनात्मक कार्यक्रमका क्रान्तिकारी उपयोग विकासके लिए अनिवार्य है। विकास, रचना और क्रान्तिका समन्वय है।

ऐतिहासिक विकास

ऐतिहासिक विकासकी विभिन्न मंजिलोंका परस्पर सम्बन्ध है। हरेक मंजिल विकास शृङ्खलाकी कड़ी है। पिछली मंजिल उसका आधार है, अगली मंजिलका वह पहला कदम पिछले कदमका मोहताज है और अगले कदमके लिए आवश्यक है। हर मंजिलकी अपनी संस्कृति और समाज व्यवस्था है। उनका ऐतिहासिक विकासमें अपना स्थान है। हरएककी अपनी-अपनी देन है। प्रत्येक सभ्यता पिछली सभ्यताके गर्भमें जन्म लेती, उसकी छत्रछायामें पनपती, फूलती और फलती, उसकी रूढ़ियों और प्रतिक्रिया शक्तियोंके खिलाफ संघर्षमें क्रान्तिकारी मानव शक्तियोंका हाथ बटाती तथा नवयुगमें प्रगतिशील शक्तियोंको पुष्ट और समर्थन करती है। पर हरएक सभ्यता धीरे-धीरे रूढ़ियोंके बन्धनोंमें जकड़ जाती हैं, उसकी गति मन्द पड़ जाती है, उसके लिए समयकी गतिके साथ चलना और नयी-नयी समस्याओं को सुलझाना असम्भव हो जाता है। जब इन सब कारणोंसे सभ्यता और परिस्थितिमें वैषम्य आ जाता है, तब प्रचलित सभ्यता प्रतिक्रियावादी बन जाती है और समाजको नयी संस्कृति और समाज व्यवस्थाकी जरूरत पड़ती है। पर पुरानी रूढ़ियोंके उपासक तथा पुरानी व्यवस्थाके समर्थक सामाजिक शक्तियोंके नये संतुलनकी जरूरत पर ध्यान न दे पुरानी प्रथा पर ही डटे रहते हैं और तब्दीलीका घोर विरोध करते हैं। इस वजहसे नयी प्रथाकी समर्थक-शक्तियोंको पुरानी प्रथाकी पोषक शक्तियोंसे क्रान्तिकारी संघर्ष करना पड़ता है। इस प्रकार संघर्ष-समन्वय द्वारा ऐतिहासिक विकास होता है।

मानव शक्ति और सामाजिक परिस्थिति दोनों ही ऐतिहासक विकासके आधार हैं। मनुष्य विश्वका केन्द्र, अपने भाग्यका विधाता और इतिहासका निर्माता है। वह गतिशील क्रियाशील और जनक है। मानव तुष्टि ही प्रत्येक ऐतिहासिक कार्यका लक्ष्य है। इतिहास मनुष्यकी कारगुजारियोंका परिणाम और खाता है। मनुष्य ही ऐतिहासिक विकासका कारक है। अतः वही विकासका निमित्त, कारण है और हेतु है। पर मनुष्य परिस्थितियोंसे प्रभावित है। उसके व्यक्तित्व, चरित्र, स्वभाव और कार्य सबपर परिस्थितियोंकी छाप है। मनुष्यके वही विचार और चेष्टायें, जो परिस्थितिके अनुकूल हों फलीभूत होते हैं। क्रान्तिकारी परिस्थितिमें ही क्रान्ति सम्भव है। प्रचलित प्रथा और गतिशील परिस्थितियोंका वैषम्य ही परिवर्तनका मूल कारण है। विकास परिस्थितियोंका रूपान्तर है। परिस्थितियां ही विकासका परिणामकारी उपादान—कारण हैं।

समाजके विकासका आधार

समाजकी विभिन्न परिस्थितियों और प्रणालियोंका परस्पर सम्बन्ध है। सभी सामाजिक प्रणालियों—राजनीति, आचार, धर्म, साहित्य, कानून आदि—का विश्वमें अपना अस्तित्व और स्थान है। वे सब

गतिशील हैं और उन सबका इतिहासपर प्रभाव है। सम्पर्कसे प्रत्येक प्रणाली अन्य सब प्रणालियोंको प्रभावित करती और उनसे प्रभावित होती है। प्रत्येक युगमें अवस्था और परिस्थिति भेदसे कभी कोई प्रणाली और कभी कोई प्रणाली महत्व प्राप्त कर लेती और समाजको विशेष रूपसे प्रभावित करती है। प्रत्येक प्रणालीके विकासके अपने अपने नियम और गति हैं। पर आर्थिक प्रणालीका समाजमें विशिष्ट स्थान और इतिहासपर व्यापक प्रभाव है। आर्थिक प्रणाली अन्य प्रणालियोंसे अपनी गति और विकासमें प्रभावित होती है पर आर्थिक प्रणाली सम्पूर्ण समाजके विकासका आधार है। समाजका आर्थिक ढांचा ही वह आधार या बुनियाद है जिसपर मनुष्यके अन्य कार्यक्षेत्रोंकी प्रणालियां खड़ी होती हैं। आर्थिक उत्पादनका ढांचा, अर्थात् जीवन निर्वाहके लिए आवश्यक वस्तुओंके पैदावारका तरीका, सामाजिक संघटनकी नींव हैं और सब प्रणालियां और तरीके तो ऊपरी ढांचा हैं। आर्थिक उत्पादनके ढांचा आधारभूत परिवर्तन ही नवयुगका प्रवर्तक है। युग परिवर्तनमें आर्थिक शक्तियोंकी तुलनामें दूसरी सामाजिक शक्तियोंका प्रभाव गौण है यद्यपि क्रान्तिकारी संघर्षका स्वरूप बहुधा राजनीतिक और सैद्धान्तिक होता है; धार्मिक कट्टरता, साम्प्रदायिक वैमनस्य तथा साम्राज्यवादी प्रभुत्व आदि प्रतिक्रियावादी शक्तियां युग-संघर्षकी अवधि, गति और विधिको प्रभावित करती हैं और प्रत्येक क्रान्तिको क्रान्तिकारी मानव शक्तिकी जरूरत होती है। वास्तवमें क्रान्तिकारी आर्थिक शक्तियां समाजके सभी क्षेत्रोंमें क्रान्तिकारी शक्तियोंको प्रोत्साहित करतीं, उनके द्वारा सभी क्षेत्रोंमें प्रतिक्रियावादी शक्तियोंका मुकाबला करती हैं और इस तरह नवयुगके लिए समाजव्यापी क्रान्तिकारी संघर्ष होता है। यों तो सभी राजनीतिक क्रान्तियोंका अपना अपना महत्व है पर वही राजनीतिक क्रान्ति युग परिवर्तन कर सकती है कि जिसका आधार आर्थिक क्रान्ति हो।

आर्थिक क्रांतिका ढांचा एक ऐसा संघात है जिसमें बहुतसे अवयवोंका एक अस्थायी सन्तुलन वर्तमान है। ढांचा देखनेमें सुदृढ़ और टिकाऊ पर वास्तवमें अनित्य, अस्थायी और परिवर्तनशील होता है। प्रत्येक ढांचेमें बहुतसी शक्तियोंका समन्वय और सन्तुलन होता है। पर यह सन्तुलन और समन्वय अधूरा और दोषपूर्ण ही होता है और इसलिए प्रत्येक संघातमें संघर्ष और विरोध बना ही रहता है। वह विरोध दिनबदिन बढ़ता ही जाता है। संघातके गर्भमें और नवीन परस्थितियोंके सम्पर्कसे विरोधी शक्तियां सुदृढ़ होती और पुराने संघातको भंगकर अवयवोंके एक नये सन्तुलन और संघटनके लिए संघर्ष करती हैं। कुछ समय तक पुराना संघात आंशिक तब्दीली कर काम चलाता है पर एक समय आता है कि जब पुराने ढांचे और आर्थिक शक्तियोंमें इतना वैषम्य पैदा हो जाता है कि उसमें आधारभूत परिवर्तन अनिवार्य हो जाता है। पर समाजकी जरूरतों पर जरा ध्यान न देकर पुराने आर्थिक ढांचेसे

जिस समुदायको विशेष लाभ होता है वह अपने हितोंकी रक्षाके लिए परिवर्तनका विरोध करता है। इस प्रतिक्रियावादी समुदायका मुकाबला और क्रान्तिकारी विरोध वह समुदाय करता है जिसे नवीन आर्थिक व्यवस्थामें प्रमुख स्थान मिलनेकी आशा होती है और जिसे पुराने ढांचेमें गौण या निचला स्थान प्राप्त है। इस प्रकार नये सन्तुलन और समन्वयके लिए समाजको क्रांतिकारी और प्रतिक्रियावादी शक्तियोंके संघर्षका सामना करना पड़ना है। यह क्रान्तिकारी संघर्ष परिस्थितियोंके अनुकूल किसी न किसी रूपमें उस समय तक चलता रहता है जब तक पुराने ढांचेके स्थान पर नया आर्थिक ढांचा स्थापित नहीं हो जाता। इस संघर्षका आधार आर्थिक वैषम्य है। पर क्रान्ति राजनीतिक रूप धारण कर लेती है, क्योंकि पुराने आर्थिक व्यवस्थाके समर्थक उसकी रक्षाके लिए राजसत्ताका प्रयोग करते हैं और क्रान्तिकारी शक्तियोंको राजसत्ताका मुकाबला करना पड़ता है। इस तरह आर्थिक क्रान्तिके लिए राजनीतिक क्रान्ति जरूरी हो जाती है। क्रान्तिके सफल होनेके बाद आर्थिक व्यवस्था ही नहीं बदलती बल्कि नवीन आर्थिक व्यवस्थाके अनुकूल सभी सामाजिक व्यवस्थाओं और पद्धतियोंमें मौलिक परिवर्तन हो जाता है। प्रत्येक आर्थिक व्यवस्थाका अपना अपना सामाजिक और राजनीतिक ढांचा होता है और इसलिए आर्थिक व्यवस्थामें आधारमूल परिवर्तन होनेपर सामाजिक और राजनीतिक ढांचेमें भी आधारमूल परिवर्तन होता है। क्रान्तिकारी तब्दीलीसे पुरानी सभ्यता और पद्धतियोंका ह्रास हो जाता है पर वे बिलकुल नेस्त नाबूद नहीं हो जाते। नये सन्तुलन और संघटनमें उनके सजीव अवयवोंका क्रान्तिकारी अवयवोंके साथ क्रियात्मक समन्वय होता है। इस प्रकार विरोधसे समन्वयके विकासकी धारा आगे बढ़ती है।

समाजवादियोंकी धारणा

समाजवादियोंकी धारणा है कि इस तरह क्रान्तिकारी विकासके जरिये समाज बहुत सी मंजिलें तय करता और युगोंमें से गुजरता समाजवादी युगकी ओर बढ़ रहा है। आरम्भमें मनुष्योंको न तो काम करना आता था और न उसे किसी उद्योग-धंधेका ज्ञान था। वह अपनी जीविकाके लिए प्रकृति द्वारा पैदा किये कन्द-मूल, फलोंको तथा छोटे छोटे जानवरोंको पकड़कर खाता था। आगे चलकर उसने जानवरोंके पकड़ने और शिकार करनेके कुछ यन्त्र और तरीके ईजाद किये। अब जीवन निर्वाह पहलेसे आसान हो गया पर अब भी उसे अपनी जीविकाके लिए जंगलोंमें मारा मारा फिरना पड़ता था। पर कुछ काल बाद उसे इस बातका ज्ञान हुआ कि बहुत जानवर ऐसे हैं कि उन्हें मारनेके बजाय अगर पाला जाय तो उनके दूध आदिसे कहीं अच्छी तरहसे जीवन निर्वाह हो सकता था। अब उन्होंने कबीले बना जानवरोंके गोलके गोल रखना शुरू किये। चूंकि उन्हें चारा पैदा करनेके तरीके नहीं आते थे इसलिए अपने गोलके लिए चारेके सुविधाके अनुसार स्थान बदलना पड़ता था। इस तरह वे

खानाबदोशीकी जिन्दगी बसर करने लगे। इस खानाबदोश जिन्दगीमें उन्हें मिलकर रहना पड़ता था क्योंकि इसके बिना पालतू जानवरोंकी देखभाल तथा उनकी शिकारी जानवरों और दूसरे कबीलोंसे रक्षा करना मुमकिन न था। इस तरह खानाबदोशोंका आदिम समाज आर्थिक दृष्टिसे पारस्परिक सहयोगके आधार पर संघटित था।

धीरे-धीरे नयी आर्थिक शक्तियोंका विकास हुआ। मनुष्यने खेती करना सीखा, यन्त्रोंका आविष्कार किया और श्रम विभाजनकी प्रथाको चलाया। अब वह पहलेसे अधिक व्यवस्थित जिन्दगी बिताने लगा और उसने प्रकृतिकी कुछ शक्तियों पर नियन्त्रण प्राप्त कर लिया। अब जमीनका बंटवारा होने लगा और आर्थिक उपज पर सबका समान स्वामित्व जाता रहा। समाज अमीरों और गरीबोंमें बंट गया। कबीलोंमें संघर्ष होने लगा। एक कबीलेने दूसरे कबीलेको परास्त कर पराजित कबीले पर अपना आधिपत्य कायम किया और राजनीतिक उपायों द्वारा उनका शोषण किया। विजयी स्वामी और पराजित शोषित बन गये। स्वामी और दास, शोषक और शोषितके भेदके कारण भौगोलिक राजसत्ताका उदय हुआ। राजसत्ताका प्रयोजन भिन्न-भिन्न वर्गोंके अधिकारों और कर्तव्योंको निश्चित कर अनेकतामें एकता तथा संघर्षके मध्य शान्ति स्थापित करना था। पर वर्ग-समाजमें राज्य वर्ग-संस्था बना रहा। राज्यने शोषकोंके अधिकारोंको सीमित किया, शोषितके कुछ हकोंको तसलीम किया और समाजमें शान्ति स्थापित की। लेकिन राजसत्ता पर स्वामी वर्गका आधिपत्य कायम रहा और समाजमें वैषम्य, संघर्ष और अशान्ति बनी रही। दास वर्ग राजनीतिक अधिकारोंसे बिलकुल ही वंचित था। कारीगरों और व्यापारियोंका भी राजसत्ता पर कोई विशेष प्रभाव न था। शुरूमें तो वे भी नागरिक और राजनीतिक अधिकारोंसे वंचित थे। पर आगे चलकर काफी संघर्षके बाद कुछ राज्योंमें उन्हें कुछ परिमित राजनीतिक और नागरिक अधिकार प्राप्त हो गये थे। समाजमें काफी वैषम्य था, काफी लूट-खसोट थी। स्वामी वर्गके अन्दर भी आपसमें काफी संघर्ष था। इस आन्तरिक संघर्षके कारण राज्यविधानमें परिवर्तन होते रहते थे। पर ऐतिहासिक विकासकी दृष्टिसे इन राजनीतिक तब्दीलियोंका कोई खास महत्व न था। इन तब्दीलियोंसे ऊबकर अफ़लातूनने स्वामी वर्गका समष्टिवादके आधार पर संघटन करनेका मशवरा दिया और इस वर्गको 'गार्जियन' की उपाधि दी। पर स्वामी वर्गका समष्टिवादी संघटन नहीं हुआ और इस वर्गने संरक्षकों जैसा काम भी न किया। अपने निजी-हितोंकी वृद्धि उनका मुख्य ध्येय बना रहा। इस युगमें ज्ञान-विज्ञान और कला-कौशलकी काफी उन्नति हुई पर खेती ही प्रधान व्यवसाय बना रहा।

इस युगमें रईसों और गरीबों, शोषक और शोषितोंमें छोटे बड़े संघर्ष होते रहे। पर स्वामी वर्ग

की वृद्धि होती रही और आगे चलकर स्वामी वर्गने सामन्त वर्ग और इस युगने सामन्तशाहीका रूप धारण किया। सामन्तशाहीके जमानेमें सामन्तोंका बोल बाला था। खेतीकी सारी जमीन पर इन्होंने कब्जा कर लिया और राजसत्ताको सामन्तशाहीका रूप दे डाला। इस जमानेमें सामन्तोंकी छत्रछायामें ज्ञान-विज्ञान और कला-कौशलकी और भी वृद्धि हुई। पुरानी दासप्रथाका स्थान कृषकदासताने लिया। कृषक-दासता पुरानी दासतासे कहीं अच्छी थी। पुरानी दासतामें स्वामी अपने दासके शरीर और आत्माका मालिक समझा जाता था पर यह बात कृषकदासतामें मिट गयी। पर कृषकदासताके अन्दर भी किसानोंको सामन्तकी जमीन पर काम करना पड़ता था, किसानकी जमीन पर सामन्तका अधिकार था, और किसान पर भी सामन्तका प्रभुत्व था। बिचारे किसानको न कोई राजनीतिक अधिकार थे न उसमें इतनी सामर्थ थी कि वह सामन्तोंके प्रभुत्व और लूटखसोटका संघटित मुकाबला करसके। पर उद्योग-धन्धों तथा व्यापार तेजीसे बढ़े और कारीगरों और व्यापरोंने बड़ी तरक्की की। धीरे-धीरे सभी प्रमुख केन्द्रोंमें कारी-गरों और व्यापारियोंने अपने संघ कायम कर लिये। इन व्यापार संघोंका काम वस्तुओंकी कीमत निर्धारित करना, व्यापारियोंके बीच अवांच्छनीय प्रतिस्पर्धा को रोकना, व्यापार की दशाओंका निरीक्षण तथा नियन्त्रण करना और व्यापारियोंके आर्थिक झगड़ोंका निपटारा करना आदि होता था। धीरे-धीरे इन व्यापार संघोंने काफी जोर पकड़ लिया। जर्मनीमें तो एक व्यापार संघ "हेनसियाटिक लीग" ने राजसत्ता भी प्राप्त करली। दूसरे देशोंमें व्यापार संघोंने "हेनसियाटिक लीग" की सी ताकत तो हासिल न कर पायी, पर फिर भी व्यापारियोंने बहुत नगरोंमें सामन्तोंसे नागरिक आजादी और अधिकार खरीद लिये और उन नगरोंके नागरिक जीवन पर अपना आधिपत्य कायम कर लिया। कुछ दिनों इस तरह काम चलता रहा और संघर्ष भी टलता रहा। पर धीरे-धीरे व्यापारियोंको सामन्तों का आधिपत्य बिल्कुल ही अखरने लगा। सामन्तशाही प्रथा और नयी व्यवसायिक आर्थिक शक्तियोंमें इतना वैषम्य होगया कि समाज के लिए आर्थिक शक्तियोंका नया सन्तुलन और संघटन अनिवार्य होगया। व्यापारी वर्गने सामन्तशाहीके खिलाफ क्रान्तिकारी संघर्ष शुरू कर दिया। व्यापारी वर्ग किसान दासों जैसा दलित न था। व्यापारी वर्गका समाजमें गौण स्थान था, तथापि उसमें संघटित शक्ति थी और उसे नयी आर्थिक व्यवस्थामें प्रमुख वर्गका स्थान प्राप्त करनेके अवसर और समर्थ था। इसलिए सामन्तशाहीके खिलाफ क्रान्तिका नेतृत्व व्यापारी वर्गके हाथमें रहा। इस क्रान्तिका आधार आर्थिक था पर इसका क्षेत्र बड़ा व्यापक था। इसका लक्ष्य सामन्तशाहीके स्थान पर पूंजीशाही स्थापित करना था पर व्यापारी वर्गने क्रान्तिको जन-क्रान्तिका रूप दिया, लोकतन्त्रके नाम पर सामन्तशाहीके खिलाफ निम्नश्रेणीके लोगोंको भी अपने साथ शामिल कर लिया। इस क्रान्तिने धार्मिक क्षेत्रमें प्रोटेस्टेनिज्मका, सैद्धान्तिक क्षेत्रमें लोकतान्त्रिक

विचारोंका, राजनीतिक क्षेत्रमें देशव्यापी लोकतान्त्रिक राष्ट्रका और आर्थिक क्षेत्रमें औद्योगिक क्रान्तिका रूप धारण किया। इस क्रान्तिने धार्मिक क्षेत्रमें पोप और पादरियोंके प्रभुत्वको घटाया, बहुतसे धार्मिक बन्धनोंको ढीला किया, पुरानी रूढ़ियोंको नष्ट किया, और धर्मके नैतिक सिद्धान्तोंपर जोर दिया। पर धार्मिक संघर्ष समाजको बहुत महंगा पड़ा। लोभ और असहिष्णुताके सम्मिश्रणसे क्रान्ति और धर्म दोनोंका ही रूप विकृत होने लगा। धर्मके नाम व्यर्थका खूनखराबा हुआ और इसे ही क्रान्ति समझा जाने लगा। आखिर तंग आकर इस क्रान्तिके बीच ही व्यापारियोंके एक समूहने धर्मके खिलाफ ही सैद्धान्तिक संघर्ष शुरू कर दिया। उसने नास्तिकताको अपनाया और राष्ट्रीयताके लिए राजधर्म और धार्मिक एकताको अनावश्यक बतलाया। जहां सत्रहवीं सदीके अंग्रेज व्यापारियोंकी क्रान्तिका धार्मिक स्वरूप 'प्यूरिटनिज्म' था वहां अठारहवीं सदीकी फ्रान्सीसी क्रान्तिका धार्मिकरूप नास्तिकता था। सैद्धान्तिक क्षेत्रमें व्यापारी वर्गने आजादी, समता और भ्रातृत्वका नारा लगाया, परम्परागत विचारोंको तर्ककी कसौटीपर कसनेका आग्रह किया, मानव-व्यक्तित्वके महत्वपर जोर दिया, लोकतान्त्रिक व्यवस्थाको निर्दोष और सर्वश्रेष्ठ बताया, और राष्ट्रीयता सबक पढ़ाया। राजनीतिक क्षेत्रमें व्यापारी वर्गने अपने नेतृत्वमें सामन्तशाहीकी अराजकता और आधिपत्यके खिलाफ बगावतकी और सामन्तशाहीका नाश कर देशव्यापी लोकतान्त्रिक राज्य स्थापित किये। आर्थिक क्षेत्रमें व्यापारीवर्गने जमीनपर जमींदारोंके आधिपत्यको अन्याय बताया, जमींदारी प्रथाके नाशका नारा लगाया और नये-नये यन्त्रों द्वारा औद्योगिक क्रान्तिकी।

ऐतिहासिक विकासमें व्यापारियोंकी क्रान्तिका बड़ा ऊँचा स्थान है। इस क्रान्तिने पूंजीवादी औद्योगिक युग स्थापित किया। इस युगमें समाजके सभी क्षेत्रों—राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक—में बहुत बड़ी तरक्की हुई। खेती गौण और उद्योग धंधे मुख्य व्यवसाय बन गये। नये नये वैज्ञानिक आविष्कारोंकी मददसे औद्योगिक जीवनका कायापलट हो गया। भाप और बिजलीकी मददसे बने मालसे असंख्य बड़े बड़े कल कारखानोंने देश विदेशके बाजार पाट दिये। ज्ञान-विज्ञान-की वृद्धि और जनतामें प्रसार हुआ। प्रकृतिकी शक्तियोंका ज्ञान और उन पर नियन्त्रण दिन दुना रात चौगुना बढ़ता ही चला गया। लोकतन्त्रात्मक राष्ट्रीय राज्य धीरे धीरे कायम हुए और लोकतंत्रके तत्वावधानमें जनताकी राजनीतिक अधिकारों और शक्तिकी वृद्धि हुई। पददलितोंको भी संघटित होने और राजसत्ता पर अपना संघटित प्रभाव डालनेका अवसर मिला। लोकतन्त्रात्मक राज्यको धीरे धीरे जनताकी संघटित शक्ति आर अंगोंके आगे सिर झुका जनताकी हित-वृद्धिके लिए नये नये कानून बनाने तथा मुहकमे खोलने पड़े।

इस तरह पूंजीवादी औद्योगिक युगने समाजका विकास किया और जनताको जाग्रत और शक्ति-

शाली बनाया। पिछले दो ढाई सौ वर्षोंमें संसारने जितनी वैज्ञानिक और आर्थिक उन्नतिकी है उतनी उन्नति संसारने उससे पहले न की थी। पर यह युग सामाजिक विकासकी अंतिम सीढ़ी या चरम सीमा होनेका दावा नहीं कर सकता। बहुत सी आंतरिक विषमताओंके कारण पूंजीवादी जनहित और सामाजिक विकासमें बाधक है। उसके स्थानपर वर्गविहीन समाजकी स्थापना ऐतिहासिक आवश्यकता है।

पूंजीवादी व्यवस्थाका दोष

पूंजीवादी आर्थिक व्यवस्थाका मुख्य दोष समाजके उत्पत्तिके साधनों पर व्यक्तियोंका आधिपत्य है। यही दोष पूंजीवादी युगकी सब विषमताओंका मूल कारण है। इसीके कारण समाज वर्गोंमें विभाजित है, समाजमें वर्ग संघर्ष चल रहा है, समाजके आर्थिक साधनोंका जनहितके लिए पूरा पूरा उपयोग नहीं हो पाता, समाजको नित नये युद्धों और संकटोंका सामना करना पड़ता है और समाजमें बेकारी गरीबी कायम है और समाजमें "आजादी, समता, और भ्रातृत्व" के उच्च आदर्श फलीभूत नहीं हो पाते। निजी सम्पत्तिकी प्रथाके कारण उत्पादनका लक्ष्य और उसकी व्यवस्था ही दूषित हो गयी है। उत्पादनका सही लक्ष्य समाजकी जरूरतोंको पूरा करना ही है। पर पूंजीवादी योजनामें नफा ही उत्पादनका लक्ष्य बना हुआ है। सब काम नफेका ध्यान रखकर होता है। इसका नतीजा यह है कि बहुतसी अनावश्यक चीजोंसे बाजार पटा रहता है जब कि बहुत सी जरूरी चीजोंकी कमीसे जनता कष्टमें रहती है। जनता की वास्तविक जरूरतों और चीजोंकी तैयारीमें आवश्यक सन्तुलनका अभाव है जिसके कारण आर्थिक संकट उपस्थित होते रहते हैं और जनताको नाना प्रकारके कष्ट सहने पड़ते हैं। निजी सम्पत्तिकी प्रथाके कारण पूंजीवादी आर्थिक ढांचेमें सामाजिक सहयोग और वर्ग आधिपत्यका वैषम्य है जिसकी वजहसे समाजको सदा संघर्ष और संकटका सामना करना पड़ता है। कल कारखानोंमें हजारों मजदूरों, कारीगरों, वैज्ञानिकों और प्रबन्धकोंके सहयोगसे सामान तैयार किया जाता है। पर वे कल कारखानें पूंजीपतियोंकी मिलकियत हैं, उनका ही उन कारखानों पर नियन्त्रण और आधिपत्य है। इस मिलकियत और आधिपत्यकी वजहसे इन कल कारखानोंका इन्तजाम और संचालन थोड़ेसे मालिकोंके हितको ध्यानमें रखकर ही किया जाता है, मालिक और प्रबन्धक मजदूरोंको सहयोगीके बजाय, अपना नौकर और गुलाम समझते हैं, उनसे अधिकसे अधिक काम ले उन्हें कमसे कम मजदूरी दे सब चीजोंका जनतासे कसकर दाम वसूल कर खुद अधिकसे अधिक मुनाफा उठाना चाहते हैं। इस वजहसे मजदूरों और मिल मालिकोंमें संघर्ष बराबर बना रहता है। इस संघर्षकी गति कभी हल्की और

कभी तेज होती है। पर संघर्ष कभी खत्म नहीं होता। आये दिन समाजको हड़तालोंका सामना करना पड़ता है। कुछ विद्वानोंने पूंजीवादी प्रथाको कायम रखते हुए इस संघर्षको दूर करनेके कुछ तरीके बताये हैं। इन तरीकोंको काममें लानेसे संघर्षकी तेजी कुछ अर्सेके लिए कम हो जाती है। पर ये सब तरीके संघर्षको दूर नहीं कर पाते संघर्ष बना ही रहता है और कुछ समयके बाद फिर तेजी पकड़ लेता है। सच तो यह है कि इन तरीकोंके बावजूद संघर्ष तीव्र और भयंकर होता जा रहा है और यह संघर्ष आर्थिक साधनों पर जब तक किसी विशेष वर्गका आधिपत्य है तब तक कायम रहेगा।

राजनीतिक लोकतन्त्र और आर्थिक आधिपत्य, राजनीतिक समता और सामाजिक वर्ग-भेद पूंजीवाद युगमें विद्यमान दूसरी बड़ी विषमतायें हैं। इन विषमताओंके कारण समाजमें लोकतन्त्र और आधिपत्यके बीच संघर्ष चला ही जा रहा है। पूंजीवादी क्रान्तिने सामन्तशाहीका अंत किया, सामन्तोंके राजनीतिक और आर्थिक आधिपत्यको भी खत्म किया पर उसके स्थान पर पूंजीपतियोंका आधिपत्य कायम कर दिया। पूंजीपति अपने आर्थिक आधिपत्यके कारण राजसत्ता पर भी अपना आधिपत्य जमा बैठे। अपने धन और संघटनके बलपर समाजमें अल्पसंख्यक होते हुए भी लोकतांत्रिक राजसत्ता पर भी उनका प्रभाव बहुसंख्यक जनतासे कहीं अधिक होगया। जनताकी लोकतांत्रिक शक्तियोंने शुरूसे सरमायेदारोंके आधिपत्यका विरोध किया और लोकतंत्रको व्यापक बनानेकी कोशिश की। सरमायेदारोंके आधिपत्य और जनताकी लोकतांत्रिक शक्तियोंके बीच संघर्ष ही पूंजीवादी युगका राजनीतिक इतिहास है। यह संघर्ष कभी धीमे और कभी तेज, कभी वैधानिक और कभी क्रान्तिकारी ढंगसे इस युगमें बराबर चलता रहा है और उस वक्त तक चलता रहेगा कि जब तक सामाजिक ढांचेमें आधिपत्य और लोकतन्त्रका वैषम्य बना है, इस संघर्षमें जनताको बहुतसी नाकामयाबियोंका सामना करना पड़ा। पर संख्या, संघटन और कुर्बानियोंके सहारे जनता आगे बढ़ती गयी। रूसमें क्रान्तिके जरिये और कई अन्य देशोंमें वैधानिक उपायों द्वारा समाजवादी दलोंने राजसत्ता पर अधिकार जमा लिया। इसे देख पूंजीवादियोंने लोकतन्त्रका जामा उतारकर फेंक दिया और फासिज्मका समर्थन शुरू कर दिया। फासिज्म आधिपत्य भावनाका भयंकर स्वरूप है। वह समताको असत्य, लोकतंत्रको निकम्मा और शान्तिको कायरता बताता है और अधिनायकत्व, युद्ध और विश्वव्यापी साम्राज्यका समर्थन करता है। कुछ फासिस्टवादी राष्ट्र पराजित हुए हैं। पर फासिज्मका विनाशकारी विश्वव्यापी संघर्ष किसी न किसी रूपमें उस समय तक चलता रहेगा जब तक कि निजी सम्पत्ति द्वारा पैदा किया वैषम्य समाजमें कायम है।

सारांश पूंजीवादी आर्थिक और सामाजिक योजना तथा आर्थिक और सामाजिक शक्तियोंमें बड़ा

वैषम्य है और यह विषमता दिनपर दिन बढ़ती ही जा रही है। इन विषमताओंके कारण समाजको विनाशकारी संघर्ष और संकटोंका सामना करना पड़ रहा है। इन सब विषमताओंका मूल कारण निजी सम्पत्तिकी प्रथा ही है। इस प्रथाको दूर करके ही वैषम्य और संघर्ष दूर किया जा सकता है। निजी सम्पत्तिके आधारपर स्थित पूंजीवाद इन संकटोंसे समाजको बचानेमें असमर्थ है। पूंजीवादमें फासिज्म जैसी प्रतिक्रियावादी शक्तियां पैदा होने लगी हैं। समाजवादी योजना ही समाजको निजी सम्पत्तिकी प्रथाके कारण पैदा हुए संघर्षों और संकटोंसे बचा सकती है और समाजको विकासकी ओर ले जा सकती है।

लोकतंत्र और साम्राज्यवादका वैषम्य पूंजीयुगका एक और बड़ा दोष है। राजनीतिक उपायों द्वारा विजित देशका आर्थिक शोषण ही साम्राज्यका लक्ष्य है। साम्राज्यवाद वर्ग-समाजका खास लक्षण हैं। उसका और वर्ग-समाजका चोली दामनका साथ है। सच तो यह है कि बहुतसे देशोंमें विजयी और पराजितके भेद तथा विजितके शोषणसे ही वर्गसमाजकी उत्पत्ति है। वर्ग-समाजके प्रत्येक युगमें युगपरम्पराके मुताबिक साम्राज्यवाद पाया जाता है। सामन्तशाहीके जमानेमें इसका स्वरूप सामन्तशाही और पूंजीयुगमें इसका स्वरूप पूंजीवादी होता है। सामन्तशाहीके जमानेमें विजयी पराजित जातिकी जमीनों पर अपना सामन्तशाही आधिपत्य जमा पराजितको कृषकदासकी तरह काम करनेपर बाध्य करते थे। विजयी सामन्त देशके उद्योग-धन्धों, कारोबारमें विशेष दखल नहीं देते थे। कारीगरोंको अपने संघों द्वारा अपने उद्योग-धन्धोंका नियन्त्रण करनेका भी अधिकार रहता था। पर पूंजी-युगमें व्यापारीवर्ग ही साम्राज्य नीतिका कर्णधार है, साम्राज्यशाहीका मुख्य उद्देश्य साम्राज्यशाही देशोंके पूंजीवादको उन्नत करना ही है। इस उद्देश्यकी पूर्ति यूरोपके व्यापारीवर्गने मुख्तलिफ ढंगोंसे की। अफ्रीका, अमरीका और आस्ट्रेलिया प्रद्वीपोंमें उपनिवेश कायम किये, एशियाके कुछ मुल्कोंको पराजित कर उनपर अपना आधिपत्य कायम किया, तथा बहुतसे देशोंपर राजनीतिक प्रभाव स्थापित किया। उपनिवेशोंमें सामन्तशाही साम्राज्यवादी नीतिका अवलम्बन कर वहांके आदिवासियोंकी जमीनोंपर कब्जा किया और उन्हें मुख्तलिफ तरीकोंसे अपने खेतोंपर काम करनेपर मजबूर किया। पर साम्राज्यशाही द्वारा निश्चित औद्योगिक नीतिका लक्ष्य साम्राज्यशाही देशके पूंजीवादको उन्नत करना ही था। इस उद्देशकी पूर्तिके लिए साम्राज्यशाही देशके व्यापारी वर्गने उपनिवेशों, पराजित देशों, तथा प्रभाव-अधीन जातियोंको साम्राज्यशाही देशके लिए कच्चा माल पैदा करने, उसके कल-कारखानोंमें बने मालको खरीदने तथा उसे अपने देशोंमें व्यापार करनेकी सुविधा पहुंचानेके लिए मजबूर किया। पूंजीवादी साम्राज्यशाहीने बड़ी तरक्की की। वह पूरे विश्वमें फैल गयी। इसको फैलानेमें व्यापारीवर्गने धर्म, संस्कृति और राष्ट्रीयतासे मदद ली। कभी पादरियोंकी रक्षाके नामपर, कभी संस्कृतिके प्रसारके नामपर और कभी

राष्ट्रकी इज्जतके नामपर पूंजीवादी साम्राज्यशाहीने कमजोर जातियोंको दबा उनपर अपना प्रभुत्व कायम किया। इस विश्वव्यापी साम्राज्यशाहीने विश्वव्यापी संघर्ष पैदा कर दिया। एक तरफ साम्राज्यशाही देशोंका राजनीतिक प्रभुत्व और आर्थिक शोषणके लिए कमजोर जातियोंसे तथा परस्पर संघर्ष था, दूसरी तरफ उपनिवेशों और पराजित देशोंका आजादीका संघर्ष था। मानव समाजकी बहुत सी ताकत इन्हीं संघर्षोंमें खर्च होने लगी और संसारकी औद्योगिक उन्नतिके लिए जिस सहयोग और शान्तिकी जरूरत है वह असम्भव हो गयी। इस संघर्षने बढ़ते बढ़ते साम्राज्यशाहीके केन्द्र यूरोपको विनाशकारी विश्वव्यापी युद्धोंका केन्द्र और रणक्षेत्र बना दिया, जिनके कारण सम्पूर्ण संसार ही नहीं यूरोपको भी भयंकर आर्थिक संकटों और औद्योगिक क्षतिका सामना करना पड़ रहा है। इस साम्राज्यशाहीका यूरोपके लोकतांत्रिक जीवनपर भी भयंकर प्रभाव है। इसके कारण साम्राज्यवादी देशोंके मजदूर वर्गका भी एक हिस्सा साम्राज्यशाहीसे प्रभावित है और लोकतंत्रके स्थानपर फासिस्टवादका जोर है।

वर्तमान परिस्थिति

आजकी ऐतिहासिक परिस्थिति युग परिवर्तनके लिए परिपक्व है। पर उसके लिए संघर्ष अनिवार्य है। पूंजीपति ऐतिहासिक आवश्यकताके आगे चुपकेसे सर झुकानेवाले नहीं। वे जानते हैं कि वर्गविहीन समाजवादी समाजमें उन्हें अपने अधिकारोंसे हाथ धोना पड़ेगा और उनका आधिपत्य खत्म हो जायेगा। अपने अधिकारोंको सुरक्षित रखनेके लिए वे मौजूदा पूंजीवादी प्रथाको कायम रखना चाहते हैं। सभी पूंजीवादी वर्गविहीन सामाजिक व्यवस्थाके खिलाफ हैं। इसमें जमींदार और पूंजीपति दोनों साथ हैं उनका मुकाबला वर्ग संघर्ष द्वारा करना होगा। वर्ग संघर्ष वर्गसमाजकी देन है। उसकी जिम्मेदारी निजी सम्पत्तिकी प्रथा और शोषकवर्ग पर है। वर्गसंघर्ष वर्गसमाजमें सदा चलता रहता है और संसारमें उस समय तक चलता रहेगा जबतक वर्गसमाज कायम है। वर्ग संघर्ष द्वारा ही पूंजीपतियोंने सामन्तशाहीको खत्मकर पूंजीवादी युग चलाया था, और वर्ग संघर्षके जरिये ही दलितवर्ग पूंजीवादी युगको खत्म कर वर्गविहीन समाजवादी समाज कायम कर सकता है।

इस वर्ग संघर्षमें कलकारखानोंके मजदूरोंका प्रमुख क्रान्तिकारी स्थान है। मजदूरवर्ग दलित और संघटित है। उसके सहयोगपर ही पूंजीवादी आर्थिक योजना कायम है आर वह चाहे तो सरमाये-दारोंके आधिपत्यको खत्म कर सकता है। निजी सम्पत्तिकी प्रथाको खत्म कर उत्पत्तिके साधनोंके राष्ट्रीयीकरण करने और वर्ग विहीन समाजके कायम करनेमें उसका फायदा है। इन सब कारणोंसे मजदूर वर्ग मुख्य क्रान्तिकारी वर्ग है। पर क्रान्तिके लिए मजदूर वर्गको सब दलित वर्गोंको अपने साथ

लेना होगा। किसानोंका सहयोग तो बहुत ही जरूरी है। आजकी दुनियामें किसान क्रान्तिकारी हैं। बहुतसे देशोंमें किसानोंकी संख्या सबसे अधिक है। उन्हें अपनाये बिना उन देशोंमें कोई क्रान्ति सफल नहीं हो सकती। क्रान्तिको क्रान्तिकारी शिक्षित समुदायकी भी जरूरत है। शिक्षित वर्गने कभी भी पूरा-पूरा क्रान्तिका साथ नहीं दिया। उस वर्गके बहुतसे प्रतिष्ठित सदस्य सदा पूंजीपतियों और शोषण वर्गोंका समर्थन करते रहे। उन्होंने तब्दीलीका विरोध और पुरानी प्रथाओंकी पुष्टि की। पर इस वर्गके कुछ सदस्योंने क्रान्तिकी जरूरतको अनुभव किया, क्रान्तिकारी सिद्धान्तोंका प्रचार किया और क्रान्तिका सैद्धान्तिक भी पथप्रदर्शन किया। इन क्रान्तिकारी सैद्धान्तिकोंकी सभी क्रान्तियोंको जरूरत रही। समाजवादी क्रान्तिमें भी इनका बड़ा ऊँचा स्थान है। इन्होंने क्रान्तिके स्वरूपका जनताको ज्ञान कराया, मजदूरोंके आर्थिक आन्दोलनको क्रान्तिका रूप दिया, वर्ग संघर्षका लक्ष्य निर्धारित किया और दलित वर्गके नेताओंके साथ-साथ क्रान्तिका नेतृत्व किया।

यह वर्ग-संघर्ष आर्थिक और राजनीतिक दोनों ही है। इसका आधार आर्थिक पर इसका स्वरूप राजनीतिक है। इसका लक्ष्य राजसत्ता पर विजय प्राप्त कर पूंजीवादी आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्थाके स्थानपर वर्गविहीन समाजवादी आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था स्थापित करना है। इस क्रान्तिकारी वर्ग संघर्षको अकसर प्रतिगामी धार्मिक और सामाजिक संघर्षों तथा प्रतिक्रियावादी साम्राज्यवादका भी सामना करना पड़ता है। शोषक वर्ग दलित वर्गको उलझनमें डालनेके लिए प्रतिगामी धार्मिक और सामाजिक संघर्ष शुरू कर देते हैं। दलित वर्ग इन प्रतिक्रियावादी आर्थिक और सामाजिक संघर्षोंकी उलझनोंसे अपनेको बचाकर ही क्रान्तिकारी संघर्ष कर सकता है। पर साम्राज्यवादका विरोध उसका क्रान्तिकारी कर्तव्य है, उसके क्रान्तिकारी संघर्षका जरूरी अङ्ग है। साम्राज्यवादी आधिपत्यको खत्म करनेके बाद ही किसी समाजमें सामाजिक क्रान्ति संभव है। इसलिए पराधीन देशोंमें क्रान्तिकारी वर्गका स्वाधीनताके लिए क्रान्तिकारी संघर्ष करना पहला कर्तव्य हो जाता है। इस संघर्षमें उसे मध्यम वर्गके साथ काम करना होता है। आजादीकी लड़ाईके लिए मध्यम वर्ग भी क्रान्तिकारी है। उसकी क्रान्तिकारी शक्तियोंका उपयोग इस लड़ाईमें कामयाबीके लिए जरूरी है। पर आजकी दुनियामें यह मध्यम वर्ग सामाजिक क्रान्तिकी सम्भावनासे घबड़ाकर अकसर साम्राज्यवादी शक्तियोंके साथ समझौतेकी ओर झुक जाता है और इसलिए क्रान्तिकारी दलित वर्गोंका कर्तव्य होता है कि वे आगे बढ़ें और आजादीकी लड़ाईका क्रान्तिकारी नेतृत्व करें। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है कि आजादीकी लड़ाईमें विजय प्राप्त कर पूंजीपति देशकी राजसत्तापर अपना अधिकार न जमा बैठें।

सामाजिक क्रान्तिके लिये आम तौर पर विप्लव आवश्यक होता है। लोकतांत्रिक वैधानिक

उपायों द्वारा सामाजिक क्रान्ति बहुत हद तक असम्भव ही है। जिन देशोंमें राजनीतिक लोकतंत्र स्थापित भी है उन देशोंमें भी इस बातका डर है कि सामाजिक क्रान्तिसे घबड़ाकर पूंजीपति और दूसरी प्रतिगामी शक्तियां लोकतंत्रका चोला दूर फेंक फासिज्मका सहारा लें और जनताको लोकतांत्रिक वैधानिक उपायों द्वारा सामाजिक क्रान्तिका अवसर ही न देने दें। जर्मनी आदि बहुतसे देशोंमें ऐसा हुआ भी है। पर यह भी सम्भव है कि क्रान्तिकारी वर्ग पूंजीपतियोंको ऐसी चालें न चलने दे। वह लोकतंत्रकी फासिज्म आदि प्रतिगामी शक्तियोंसे रक्षा कर वैधानिक उपायों द्वारा लोकतांत्रिक राजसत्ता पर अपना आधिपत्य जमाकर वैधानिक उपायों द्वारा सामाजिक क्रान्तिकी कोशिश करे। यह विधि विप्लवसे सरल है और उन परस्थितियोंमें सम्भव है जिनमें विप्लव सम्भव नहीं। इसलिए क्रान्तिकारी शक्तियोंका यह कर्तव्य है कि वे राजनीतिक लोकतंत्रकी प्रतिक्रियावादी शक्तियोंसे रक्षा करें और लोकतांत्रिक वैधानिक उपायोंका क्रान्तिकारी उपयोग करते हुए सामाजिक क्रान्तिको आगे बढ़ायें और सफल करें। पर जरूरत पड़ने पर उचित परिस्थितिमें विप्लवके लिए तैय्यार रहें।

शोषक वर्गकी राज्यशक्तिको नष्टकर राजसत्ता पर अपना अधिकार जमा लेनेके बाद भी वर्ग विहीन समाजको कायम करनेके लिए क्रान्तिकारी वर्गोंके पास काफी काम रह जाता है। उन्हें इन कामोंके लिए एक अस्थायी व्यवस्था बनानी पड़ती है। इस अस्थायी व्यवस्थाका स्वरूप और उसके कार्यका निर्णय इस बातपर होता है कि किन उपायों द्वारा और किन परिस्थितियोंमें क्रान्तिकारी शक्तियोंने विजय प्राप्तकी है। अगर विजय लोकतांत्रिक वैधानिक उपायों द्वारा होती है तो इस अस्थायी व्यवस्थाका स्वरूप भी लोकतांत्रिक होता है। पर अगर विजय विप्लव द्वारा प्राप्त होती है तो इस अस्थायी व्यवस्थाका स्वरूप अधिनायकत्व (डिक्टेटरशिप) होता है। पर यह अधिनायकत्व फासिस्टोंके अधिनायकत्वसे भिन्न होता है। जहां फासिस्टवादी अधिनायकत्व एक दलका होता है और सदा कायम रहनेवाला सुदृढ़ होता है, वहां क्रान्तिकारी अधिनायकत्व क्रान्तिकारी वर्गका होता है और वह ऐसा होता है कि वह धीरे धीरे विलीन हो जाय। फासिस्टवादी अधिनायकत्वमें लोकतंत्रका कोई स्थान नहीं। पर क्रान्तिकारी अधिकायकत्वका आधार क्रान्तिकारी वर्गका आन्तरिक लोकतंत्र ही है। ऐसे अधिनायकत्वको क्रान्तिकारी वर्गका लोकतंत्र भी कह सकते हैं और वह आगे चलकर अधिकसे अधिक लोकतंत्रका स्वरूप धारण करता है। क्रान्तिकारी राजसत्ताको प्रतिगामी शक्तियोंकी बची खुची ताकतका मुकाबला करना होता है; समाजके आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवनको नये क्रान्तिकारी ढांचेमें ढालना होता है और इस तरह नये समाजका निर्माण करना होता है। इन कामोंमें काफी देर लग जाती है और समाजको कई अवस्थाओंमें से गुजरना पड़ता है। रूस जैसे देशमें, जहां कि सामाजिक क्रान्तिसे पहले सामन्तशाही भी कायम थी

और पूंजीवादने भी काफी तरक्की न की थी, क्रान्तिकारी राजसत्ताका यह काम भी होता है कि सामन्तशाही-को खत्म करे। वैज्ञानिक और औद्योगिक सामाजिक क्रान्तिके पूरी तरह सफल होनेके बाद वर्ग समाजके स्थान पर वर्गविहीन समाज स्थापित होता है। यह एक ऐसा मानव समाज है जिसमें उत्पत्तिके साधनोंपर समाजका अधिकार होता है, उत्पादनका प्रयोजन मुनाफेके स्थान पर जनताकी जरूरतोंको पूरा करना होता है और कल कारखानोंका प्रबन्ध लोकतांत्रिक ढंगसे होता है। ऐसे समाजमें मानव व्यक्तित्व और समाजोपयोगी श्रमका आदर होता है, प्रत्येक व्यक्तिको स्वतन्त्र, सभ्य जीवनके निर्वाह तथा समाजकी सेवा और नैतिक व सांस्कृतिक उन्नतिका अवसर मिलता है; मानव एकता और बन्धुत्व ही राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विधान और नीतिके आधार होते हैं, सभी सार्वजनिक कार्योंका लोकतांत्रिक नियन्त्रण होता है और मानवता ही सामाजिक और वैयक्तिक जीवनका आधार होती है। ऐसे समाजमें ही मनुष्यको वास्तविक स्वतन्त्रता हासिल होती है, और उसे वास्तवमें मनुष्यका जीवन व्यतीत करनेका अवसर मिलता है।



आधुनिक अंक-प्रणालीकी उत्पत्ति

डाक्टर अवधीशनारायण सिंह

प्रस्तुत लेखका उद्देश्य परिभाषिक विशेषताओंसे अनभिज्ञ पाठकोंको, हमारी आजकलकी प्रचलित अंकलिपिके महत्त्वशाली अन्वेषणके इतिहासका, परिचय कराना है। जो अंक-प्रणाली आज हम अपने लड़कोंको सर्वप्रथम सिखाते हैं उसे विकसित और पूर्ण होनेमें कई शताब्दियां लगी हैं। यद्यपि इसका आविष्कार और प्रयोग हिन्दुओंकी कुछ गणित-पुस्तकोंमें ईसाकी प्रथम शताब्दिमें ही मिलता है किन्तु भारतवर्ष में जनसाधारणके बीच इसका प्रचलन ईसाकी छठी शताब्दितक नहीं हुआ था। इस संबंधमें ध्यान देनेकी विशेष बात यह है कि यूरोपमें यह प्रणाली अरबोंके प्रभावके कारण बारहवीं शताब्दिके बाद अपनायी गयी और व्यापक रूपसे प्रयोगमें यह सत्रहवीं शताब्दिमें आयी। यूरोपमें इस अंक प्रणालीका नाम 'अरबअंक' दिया गया यद्यपि अरबोंने इसे 'हिन्दसा' नाम दिया है जिससे उसका उत्पत्ति-संबंधी संकेत मिलता है।

किसी आविष्कारका उत्पत्ति-कालसे इतिहास लिखना और युगान्तरमें उसकी गतिविधिको परखना बहुत महत्त्वपूर्ण और कठिन कार्य है। खोजकी ओर अभिरुचि विशाल मानव-परिवारके सदस्य होने के नाते हमारे स्वभाव और गठनमें अन्तरनिहित है। कोई वस्तु जो किसी समय मानव विचारको आकर्षित करती है, वह उसके लिए सदैव ही प्रिय और रुचिकर बनी रहती है। यह आकर्षण विशेषतया हमारी जातिके उत्कृष्ट और प्रतिभाशाली मनीषियोंके महत्त्वपूर्ण अन्वेषणों और आविष्कारोंके लिए लागू होता है। आधुनिक समस्त विज्ञानोंमें गणित-शास्त्र प्राचीनतम है और इसने सभ्यताकी उन्नति एवं ज्ञानकी विविध धाराओंके विकास पर बहुत अधिक प्रभाव डाला है। प्राचीनतम इसलिए है कि इसके मूल सिद्धान्त मनुष्य-स्वभावमें नैसर्गिक रुपसे विद्यमान हैं। मेरा विश्वास है कि शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जो अपनी विचार शक्तियोंका प्रयोग कर सकता है यदि वह यह न जानता हो कि "वे वस्तुएं जो किसी एक ही वस्तुके समान हैं परस्पर एक दूसरेके बराबर होती हैं", अथवा "एक और दो में क्या अन्तर है।" फिर भी गणित-शास्त्र जिस ऊंचाई तक आज पहुंचा हुआ है उस ऊंचाई तक अनवरत रूप से ले जाने वाली सीढ़ीकी ये प्रारंभिक श्रेणियां हैं।

अंक-लेखनकी इस आधुनिक-प्रणालीको जिसमें ९ अंकों और शून्य चिन्हका प्रयोग होता है, विज्ञान के सभी इतिहासकारोंने मानव-बुद्धिका एक महत्त्वपूर्ण, उत्कृष्टतम और अनोखा आविष्कार माना है।

न केवल गणना-शास्त्रके विकास में वरन् निश्चित निष्कर्ष देने वाले सभी यथार्थ विज्ञानों एवं सभ्यताकी सामान्य प्रगतिमें अंक-लेखनका वही महत्त्व है जो पहियेके अविष्कारका कलसंचालित यन्त्रोंमें है। हम भारतवासियोंके लिए गर्वका विषय है कि यह आविष्कार भारतवर्षमें ही हमारे पूर्वजों द्वारा किया गया था। इसने हिन्दुओंके लिए एक पक्का मार्ग निर्मित कर दिया जिसपर गणित संबंधी खोजोंकी प्रगति अभूतपूर्त तीव्रतासे हुई और जिसके परिणामस्वरूप १५वीं शताब्दि तक अंक और बीज-गणितमें हिन्दू समस्त संसारमें अग्रगामी रहे यद्यपि राजनीतिक उथल-पुथलके कारण भारतवर्षकी वैज्ञानिक उन्नति बहुत पहले अवरुद्ध हो चुकी थी। हमें पूर्ण आशा है कि एक बार फिर वैज्ञानिक उन्नतिमें भारतवर्ष संसार को मार्ग दिखायेगा और यह अवसर बहुत शीघ्र ही आना चाहिये।

अंकलिपि, विशेषतया उसके स्थानीय-मानसे हम इतने अधिक परिचित हो गये हैं कि इसके पूर्ण महत्त्वको समझनेमें हम उसी प्रकारसे विमुख रहते हैं जैसे आजकलके युवक मोटर, वायुयान, रेडियो इत्यादिकी महत्ता पर ध्यान नहीं देते। कोई व्यक्ति अंक-प्रणालीका महत्त्व तभी हृदयंगम कर सकता है जब गणित-शास्त्रमें उसने दक्षता प्राप्त कर ली हो और उसकी उन्नति एवं विकासके अध्ययनमें ध्यान लगाना हो। यह समझनेकी बात है कि आधुनिक गणित-शास्त्रका भवन उसीकी नींव पर खड़ा है।

आधुनिक अंक-प्रणालीके आविष्कारके पूर्व संसारके समस्त राष्ट्र इकाइयों, दहाइयों इत्यादिके लिए विभिन्न चिन्होंका प्रयोग करते थे। जैसे इकाइओंके लिए ९ चिन्ह और दहाईयोंके लिए, दस, बीस, तीस इत्यादि ९० तकके लिये ९ चिन्ह, सैकड़ों तथा हजारोंके लिए अलग-अलग ९ चिन्ह प्रयोगमें थे। इस प्रकार एक हजार और उसके आगेके अंकोंको लिखनेके लिए बहुतसे अंक-चिह्नोंका प्रयोग होता था। इस प्रकारके चिन्ह अब भी रोमन में प्रचलित हैं जो घड़ियों और कभी कभी पुस्तकोंके मुख पृष्ठोंपर लिखे हुए पाये जाते हैं।

स्थानीय-मान वाले चिन्होंका सौंदर्य यह है कि विश्वकी संपूर्ण जनसंख्याके समान बड़ी संख्याको हम केवल दस अंकचिन्हों द्वारा किसी पुस्तककी आधी पंक्तिमें लिख सकते हैं। समुद्र तटके बालूकण, केवल इतना ही नहीं सृष्टिके अणुमात्र कुछ ही पंक्तियोंमें अंकित किये जा सकते हैं। ९ अंक और एक शून्य चिह्नके प्रयोग मात्रसे यह चमत्कार दिखाया जा सकता है। कैसा आश्चर्य है? इन दस अंक चिह्नोंमें शून्य-चिह्नका, जो अभाव सूचक है, अत्यधिक महत्त्व है। इस शून्य-चिह्नका प्रयोग उक्त प्रणालीमें एक अंकके रूपमें होता है और इसको एक मूर्त्त महत्त्व, शक्ति और पद प्राप्त है। हिन्दू दर्शन-में इस सृष्टिकी उत्पत्ति शून्यसे मानी गयी है जिसे 'शून्याकाश'के नामसे संबोधित किया गया है। जिस प्रकार हिन्दू मस्तिष्क द्वारा ऐसा महत्त्वपूर्ण दार्शनिक सिद्धांत प्रस्तुत किया गया उसी प्रकार हिन्दू मस्तिष्क

ही था जो गणितमें शून्यकी धारणाकी सृष्टि कर सका और इसे केवल एक ठोस मूल्य ही प्रदान नहीं किया वरन् उसे एक असीम शक्ति भी देदी।

इन चिह्नोंके स्थानीय मानका विकास बोल-चालमें संख्याओंके प्रयोगके परिणाम स्वरूप हुआ। उदाहरणके लिए—यदि एक रुपया दस आने और एक आना दस पाइयोंके बराबर है तो एक रुपया दो आना और तीन पाई बिना रुपया आना पाईकी संज्ञाके ही १२३ अंकोंसे सरलताके साथ अंकित किये जा सकते हैं। ३ अपनी इकाई-स्थानपर होनेके कारण पाई, २ दहाईमें होनेके कारण आने और १ सैकड़ोंके स्थानपर होनेके कारण रुपयेका द्योतक है। ठीक यही बात अंकोंके साथ हुई। एक सैकड़ा, दो दस और तीन अलग अलग कहनेकी अपेक्षा १२३ को क्रमसे लिखने ही से अंकमान स्पष्ट हो जाता है। इसी प्रकार वे अंक विभिन्न स्थानोंमें अपना अलग-अलग महत्त्व रखते हैं। स्थानीय मानकी भावना हिन्दू दर्शनसे ही ली गयी है। हिन्दू दर्शनका यह एक स्वयंसिद्ध सिद्धान्त है कि किसी भी वस्तुका मूल्य उसके आस-पासकी वस्तुओंके साथ उसके संबंध और विश्वमें उसकी अपेक्षाकृत स्थिति द्वारा निश्चित किया जाता है। हमारे हिन्दू पूर्वजही ऐसी दार्शनिक भावनाका अंक-लिपिमें उपयोग करनेकी क्षमता रखते थे।

अंकोंके स्थानीय मानके विकासके संबंधमें अभी कुछ समय पूर्वतक वादाविवाद था। इस आविष्कारका श्रेय हिन्दुओं, युनानियों, अरबों, तिब्बतियों आदिको दिया जाता था किन्तु नवीनतम खोजोंने यह निस्संदेह रूपसे स्थापित कर दिया है कि वर्तमान अंक-लिपिके आविष्कारक भारतीय ही हैं। किसी आविष्कारके संबंधमें किसी व्यक्ति अथवा राष्ट्रका स्वत्व स्थापित करनेके लिए दो बातोंका होना आवश्यक है। प्रथम इस बातका कि उस आविष्कारकी उन लोगोंको आवश्यकता थी और दूसरे यह कि वह आविष्कार उस व्यक्ति अथवा राष्ट्र द्वारा सर्व प्रथम प्रयोगमें लाया गया था। हिन्दुओंको एक संक्षिप्त अंक प्रणालीकी ईसाकी शताब्दियोंके पहलेसे ही अवश्यकता थी। यह हिन्दू, बौद्ध, जैन धर्म, दर्शन और साहित्यसे सिद्ध हो जाता है। जबकि संसारके दूसरे राष्ट्र दस हजारकी संख्यासे अधिकका प्रयोग नहीं करते थे बुद्धने ईसाके एक शताब्दि पूर्व लिखे हुए 'ललित विस्तार'में एक ऐसी संख्या बतायी है जो हमारी आधुनिक प्रणालीके ५४ स्थान घेरेगी। जैन दार्शनिकोंने २५६ तककी संख्या तकका निर्देश किया है। यह संख्या सृष्टिके अणुओंकी संख्यासे भी बड़ी है। उससे स्पष्ट हो जाता है कि हिन्दूओंको जो अपने धर्म और दर्शन ग्रन्थोंमें इतनी बड़ी-बड़ी संख्याओंका प्रयोग करते थे, अन्य राष्ट्रोंकी अपेक्षा वैज्ञानिक अंकोंकी अधिक आवश्यकता थी।

शून्यका प्राचीनतम उल्लेख ईसाके दोसौ वर्ष पूर्वकी रचना पिंगलके 'छन्द-सूत'में है। शून्य-चिन्हका प्रयोग संस्कृत नाटक 'वासवदत्ता'में अनुरूपताके ढंग पर हुआ है। वायु, अग्नि और विष्णु

पुराणों द्वारा भी स्थानीय मानवाले चिह्नोंका प्रयोग प्रमाणित है। पातञ्जलि 'योगसूत्र'के 'व्यास-भाष्य'में स्थानीय मानकी अनुरूपताको देनेके बाद कहा गया है—वही संख्या इकाईके स्थान पर एक, दहाई पर दस और सैकड़ेके स्थान पर सौ होती है। ऐसा ही कथन शंकराचार्यके 'शारीरक भाष्य'में पाया जाता है।

हिन्दुओंके प्राचीनतम उपलब्ध गणित और ज्यौतिषशास्त्र सम्बन्धी रचनाओंमें 'बखशाली हस्त-लिखित ग्रन्थ' (ईसाकी तीसरी शताब्दिमें लिखा गया), 'आर्य-भटीय' (५वीं शताब्दि) 'पञ्चसिद्धान्तिका' (छठी शताब्दि) आदिमें स्थानीय मानवाले चिन्होंका प्रयोग मिलता है। उपर्युक्त प्रमाणोंका यह स्वाभाविक निष्कर्ष है कि आधुनिक अङ्क-प्रणाली ईसाकी प्रारम्भिक शताब्दियोंमें भारतमें प्रचलित और प्रयोगमें थी और इसका आविष्कार ईसाकी दूसरी शताब्दि पूर्वके लगभग हो गया था।

अङ्क-प्रणालीकी हिन्दू-उत्पत्तिके सम्बन्धमें दूसरा सबल प्रमाण यह है कि इन अङ्कोंका प्रयोग ईसाकी छठी शताब्दी और इसके बादके भारतीय शिलालेखों और ताम्रपत्रोंमें बराबर मिलता है। प्राचीनतम शिलालेखोंमें जो ५५५ ई० का है, इनका उल्लेख हुआ है। इसके पश्चात् ६४६, ६७४, ७२५, ७३६, ७५३ ईसवीके शिलालेखोंसे भी इसका प्रमाण मिलता है। मेरी सम्मतिमें शिलालेखोंमें इन संख्याओंके प्रयोगसे स्पष्ट है कि यह प्रणाली जनताकी संपत्ति बन गयी थी और छठी, सातवीं शताब्दिके पश्चात जनता इसको भलीभांति जान गयी थी। उस कालमें उस प्रणालीका प्रयोग भारतवर्षमें ही नहीं वरन् पूर्वमें हिन्दचीन, सुमात्रा और पश्चिममें सीरिया तक हो गया था जैसा कि आधुनिक खोजोंसे अब स्पष्ट है।

हिन्दू-राजा श्रीविजयके सुमात्रामें पालेमवंग और हिन्दचीनमें संवोरमें पाये जानेवाले शिला-लेखोंकी तिथि ६०५ शकसंवत् अर्थात् ६८३ ई० है। इन शिलालेखोंसे ज्ञात होता है कि हिन्दुओंने ७वीं शताब्दि तक हिन्दचीनमें विजय प्राप्तकर अपनी संस्कृतिका प्रचार किया था। वे अपने साथ उस अङ्क-प्रणालीको भी ले गये जिसका प्रयोग वे भारतवर्षमें करते थे।

पश्चिममें इस अङ्क-प्रणालीका प्राचीनतम उल्लेख सीरियाके एक विद्वान् सरवेरुस सेबोख्तकी एक हस्तलिखि रचनामें जो ६२२ ई० की है, मिलता है। इस रचनाके नीचे दिये हुए उद्धरण द्वारा स्पष्ट है कि अङ्कप्रणालीका आविष्कार हिन्दुओंने ही किया और इसकी प्रसिद्धि ७वीं ई० के प्रारम्भमें फरातके किनारे तक पहुंच चुकी थी।

इस उद्धरणका अनुवाद यह है :—

"सीरी जातिसे सर्वथा भिन्न हिन्दुओंके विज्ञान एवं गणित-ज्योतिषके सूक्ष्म अनुसन्धान, जो

यूनानियों और बेबीलोनियोंके अनुसन्धानोंसे कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है और उनका गणित जो वर्णनातीत है, उसके विषयमें कोई विवाद नहीं उठाऊंगा। मुझे केवल इतना ही कहना है कि समस्त गणना केवल ९ चिह्नों द्वारा ही की गयी है। इन बातोंका पता पानेपर उन लोगोंको भी जिन्हें यूनानी भाषाभाषी होनेके कारण ऐसा विश्वास हो गया है कि वे ही विज्ञानकी चरम सीमा पर पहुंचे हुए हैं, यह मानना होगा कि उनसे इतर अन्य लोग भी कुछ जानते हैं।"

प्राचीन अरबी लेखकोंने भी अङ्कलिपिकी हिन्दू उत्पत्तिका समर्थन किया है। इनमें इब्न वहशीय (८५५ ई०), जहीज (८६० ई०) और अब्दुल अल-मसूदी (९४३ ई०) उल्लेखनीय हैं।

इस प्रकार सब प्राचीन प्रमाणों द्वारा अङ्क-प्रणालीकी हिन्दू-उत्पत्तिकी पुष्टि होती है। संसारका कोई राष्ट्र ईसाकी ८वीं–९वीं शताब्दिके पूर्व अङ्कलिपिके स्थानीय मानके उदाहरण नहीं दे सकता। इसमें किसी प्रकारका सन्देह नहीं कि हिन्दू ही इस अङ्क-प्रणालीके आविष्कारक थे। संसार हमारे पूर्वजों—ऋषियोंका ऋणी है जिन्होंने बौद्धिक अन्वेषणोंमें ही अपने जीवनका उत्सर्ग किया और वे ऐसी महत्त्वपूर्ण सिद्धिकी देन हमारे लिए छोड़ गये हैं। जिनके सुन्दर फलोंका उपभोग आज सारा संसार कर रहा है और सदैव करता रहेगा।



श्रीधराचार्य

श्री बलदेव मिश्र

नवीं शताब्दीमें श्रीधराचार्य नामक एक अत्यन्त प्रसिद्ध गणितज्ञ भारतवर्षमें हुए हैं। आजकलके हाई स्कूलके बीजगणितमें एक वर्ण मध्यमाकरण (क्वाडरेटिव इक्वेशन) की सिद्धिमें श्रीधराचार्यकी विशेष रीति लिखी हुई मिलती है। श्रीधराचार्यकी लिखी हुई 'त्रिशतिका' या 'पाटीसार'के अन्तमें किसी-किसी पुस्तकमें एक श्लोक लिखा हुआ मिलता[1] है जिसका अर्थ है कि 'उत्तरमें हिमालय, दक्षिणमें मलय पर्वत, पूर्व-पश्चिममें समुद्र इतने बड़े भूखण्डमें श्रीधरसे बढ़कर दूसरा गणितज्ञ नहीं है।' इससे श्रीधराचार्यके महत्वका पता चलता है। महामहोपाध्याय श्री सुधाकर द्विवेदीने १८८९ ई० में इनकी 'त्रिशतिका'को प्रकाशित करायी थी। लखनऊ विश्वविद्यालयके गणितके अध्यापक श्री अवधीश नारायण सिंहको श्रीधर की 'बड़ी पाटी' भी मिली है परन्तु अभीतक उनके बीजगणितकी प्रति प्राप्त नहीं हुई है। श्रीधराचार्यका बीजगणित बहुत बड़ा था यह तो स्पष्ट भास्कराचार्यके लेखसे ही मालूम पड़ता[2] है और उनकी जो रीति आजकलके अङ्गरेजी बीजगणितोंमें पायी जाती है उसके प्रकाशक भी भास्कराचार्य ही हैं। उन्होंने बड़े आदरसे अपने बीजगणितमें श्रीधराचार्यकी इस रीतिका उल्लेख किया[3] है।

श्रीधराचार्यका ज्यौतिष-सिद्धान्तपर भी कोई ग्रन्थ अवश्य था क्योंकि प्राचीन गणकोंका मुख्यी विषय ज्यौतिष-सिद्धान्त ही था। इसलिए पाटीगणित और बीजगणितपर श्रीधरके ग्रन्थके प्रमाण मिलनेसे ही यह अनुमान होता है कि उनका सिद्धान्त-ग्रन्थ भी अवश्य था। भास्कराचार्यने अपने ज्यौतिष-सिद्धांत ग्रन्थ 'गोलाध्याय'में बड़े आदरसे श्रीधराचार्यका उल्लेख किया है परन्तु जिस प्रसङ्गमें उल्लेख किया है वह गणित सम्बन्धी ही है इसलिए दृढ़ताके साथ सिद्धान्त-ग्रन्थका होना प्रमाणित नहीं होता। उन्होंने

१—उत्तरतो हिमनिलयं दक्षिणतो मलयपर्वतं यावत्।
प्रागपरोदधिमध्ये नो गणकः श्रीधरादन्यः॥

२—ब्रह्माद्वयश्रीधरपद्मनाभबीजानि यस्मादति विस्तृतानि।
आदायतत्सारमकारि नूनं सच्छिष्यतुष्ट्यै लघु भास्करेण॥

३—तथा च श्रीधराचार्य सूत्रम्।
त्रतुराहतवर्गसमै रूपैः पक्षद्वयं गुणयेत्।
अव्यक्तवर्गरूपैर्युक्तौ पक्षौ ततो मूलम्॥

'गोलाध्याय'में यही लिखा[1] है कि "श्रीधराचार्य ब्रह्मगुप्त आदि आचार्योंने 'व्यासवर्गको दशसे गुणकर मूल लेनेसे परिधिका मान होता है, ऐसा जो लिखा है वह परिधिके मानको सुविधासे लानेके लिए ही कहा है। इससे यह अर्थ नहीं है कि वे इस स्थूलताको नहीं जानते थे।" भास्कराचार्यने सूक्ष्म प्रकारसे परिधिका मान बतलाया है परन्तु इन आचार्योंकी स्थूल रीति देखकर यह कहते हैं कि वे-लोग भी सूक्ष्म रीतिको जानते थे किन्तु स्थूल रीति गणित करनेमें सुविधाकी दृष्टिसे कही गयी है। एक बात और ध्यान देने योग्य है कि भास्कराचार्य ब्रह्मगुप्तसे पहले श्रीधराचार्यका नाम लेते हैं। इससे भी श्रीधराचार्यमें विशेष गौरवका आरोप होता है। श्रीधराचार्यका ज्यौतिष फलित विषयक ग्रन्थ भी है, यह केशवाचार्य की 'जातकपद्धति'से मालूम होता[2] है। केशवकी 'जातकपद्धति' पर दिवाकर दैवज्ञकी 'प्रौढ़मनोरमा' नामकी एक बहुत अच्छी टीका है जो १६२५ ई० में लिखी गयी थी उस टीकामें फलित विषयक श्रीधरका एक वचन उद्धृत[3] है तथा उन्होंने श्रीपति और श्रीधराचार्य दोनों गणकोंके विभिन्न मतोंका विचार कर श्रीधराचार्यके मतको ही युक्तियुक्त बतलाया है और उन्हींके मतके प्रामाण्यमें एक युक्ति यह भी दी है कि श्रीधराचार्य श्रीपतिसे पुराने[4] हैं। इस प्रकार फलित ज्यौतिषमें भी श्रीधराचार्यकी विशेषता सिद्ध होती है। इस प्रकार श्रीधराचार्य त्रिस्कन्ध ज्यौतिषके ज्ञाता थे। फलित, गणित, सिद्धान्त तीनों विभागोंके वेत्ता थे। इसीहेतु उनकी इतनी प्रशंसा है कि इतने बड़े भूखण्डमें उनसे बढ़कर ज्यौतिषी दूसरा कोई नहीं था।

१—यत् पुनः श्रीधराचार्यं ब्रह्मगुप्त्यादिभिर्व्यासवर्गाद्दशगुणात् पदं परिधिः स्थूलोऽप्यङ्गीकृतः स सुखार्थम्। नहि ते न जानन्तीति। गोलाध्याय, भुवनकोष श्लोक ५२, टीका।

२—श्रेष्ठं रिष्टहतौ दशाक्तम् इहौजः श्रीधरादयोदितं।
कष्टेष्टघ्नबलान्तरात् क्व च कृतं तदयुक्तिशून्यं त्वसत्॥ —केशवी ३२ श्लोक।

३—तथा च श्रीधरः—'वर्गनाथान्विचिन्त्यादौ सौम्यपापान्हिताहितान्।
नीचोच्चगांस्तथान्यांश्च शोधयेत्तान् परस्परम्'॥
अत्र समस्यार्धमित्रत्वार्धशत्रुत्वेन हिताहितत्व साम्यात्समो न गणनीय इति प्रोचुः।

४—यतु श्रीपतिनेष्टकष्ट गुणितबलयोरन्तराद्बलमित्युक्तं तत्र यतस्तथा सति रिष्टकरस्य भङ्गकरस्य वा बलपूर्ण पदोच्चचेष्टाबलयोगो रूपं तद्दृष्टेकष्टबलयोः साम्यात्तदन्तरबले शून्ये सर्वबलस्य शून्यत्वात् षड्बलपूर्णोऽपि ग्रहो रिष्टहर्त्ता रिष्टकर्त्ता वा न स्यात्। स्वप्राचीन श्रीधराचार्यविरोधश्च। अन्यान्यपि दूषणानि श्रीकेशवप्रणीत-टीकातोऽध्यवसेयानीति संक्षेपः। —जातकपद्धतिकी ३२ श्लोककी टीका।

वराह मिहिराचार्य एक ऐसे ज्यौतिषी हुए हैं जिनका ग्रन्थ कोरा, जातक और ज्यौतिष सिद्धान्तमें प्राप्त है किन्तु उनका कोई ग्रन्थ गणित विषयमें नहीं है। श्रीधराचार्यके यद्यपि सब ग्रन्थ अभी प्राप्त नहीं हैं तथापि वे त्रिस्कन्ध ज्यौतिषके ज्ञाता थे यह सिद्ध हो जाता है; अतएव अपने समयमें यह एक बड़े ज्यौतिषी थे इसमें संशय नहीं।

श्रीधराचार्यका समय

भास्कराचार्यने, जो द्वादश शताब्दीके प्रारंभमें हुए हैं, श्रीधराचार्यके सूत्रोंका उल्लेख किया है, इससे जान पड़ता है कि श्रीधराचार्य भास्कराचार्यसे पहले हुए थे। षोड़श शताब्दीके प्रारंभके दिवाकर दैवज्ञका कथन है कि श्रीधराचार्य श्रीपतिसे पुराने हैं। 'स्वप्राचीन श्रीधराचार्य विरोधश्च' इस वाक्यसे यह स्पष्ट है। श्रीपतिका समय दसम शताब्दीका अन्त है इसलिये उसके पूर्व श्रीधराचार्यका समय है। श्रीपति भी अपने समयके बहुत बड़े ज्यौतिषी हुए हैं। ज्यौतिषसिद्धान्तमें सिद्धान्तशेखर नाम का इनका विशिष्ट ग्रन्थ हालमें ही उपलब्ध हुआ है जिसे एशियाटिक सोसाइटीने दो जिल्दोंमें प्रकाशित किया है। दोनों गणितज्ञ एक समयके नहीं हैं इसलिए यदि दोनोंमें एक शताब्दीका भी अन्तर माना जाय तो श्रीधराचार्य नवम शताब्दीके सिद्ध होते हैं। इसके अतिरिक्त श्रीधराचार्यके समयका दूसरा प्रमाण यह है कि 'गणितसार संग्रह' नामक गणित ग्रन्थके रचयिता महावीर जैनसे भी श्रीधराचार्य प्राचीन हैं। महावीर जैनका समय नवीं शताब्दीका मध्य स्थिर हो चुका है। श्रीधराचार्य उनसे प्राचीन हैं इसलिये श्रीधरका समय नवम शताब्दीका प्रारम्भ या अष्टम शताब्दीका अन्त हो सकता है।

भारतके प्रमुख ज्यौतिषी आर्यभट्ट पांचवीं शताब्दीमें थे, वराहमिहिर छठीमें, ब्रह्मगुप्त सातवीमें थे; श्रीपति आठवीं शताब्दीके हो सकते हैं क्योंकि श्रीधर ब्रह्मगुप्तसे पीछेके मालूम पड़ते हैं यद्यपि भास्कराचार्यने अपने ग्रन्थोंमें ब्रह्मगुप्तके सदृश ही श्रीधराचार्यका आदर किया है। किन्तु ब्रह्मगुप्तकी अपेक्षा श्रीधरने गणित-विषयमें नवीन बातें कहीं हैं, इस कारण वे ब्रह्मगुप्तसे पीछे के ही हो सकते हैं। यद्यपि श्रीधराचार्यका बीजगणित उपलब्ध नहीं है। किन्तु उनके बीजगणितकी दो विशेष रीतियां उपलब्ध हुई हैं। एक तो एकवर्ण मध्यमाहरणकी रीति जो 'श्रीधरमेथड' कहकर प्रसिद्ध है। दूसरी रीति यह है कि 'वर्ग चाहे ऋण पदार्थका हो या धन पदार्थका वह धन ही होता है।' उसका मूल धन-ऋण दोनों होता है और ऋणका मूल नहीं होता।' श्रीधरकी इस रीतिको महावीरने अपने 'गणित सार संग्रह' में लिया[1] है।

१—धनं धनर्णयोर्वर्गो मूले स्वर्णे तयोः क्रमात्। ऋणं स्वरूपतोऽवर्गो यतस्तस्मान्न तत्पदम्॥

—गणितसार संग्रह पृ० ६ श्लो० ५६।

'गणितसारसंग्रह' के अन्य सूत्रोंको तथा श्रीधराचार्यकी त्रिंशतिकाके सूत्रोंके पर्यवेक्षणसे स्पष्ट मालूम पड़ता है कि महावीरने बहुत कुछ श्रीधरसे ही लिया है। दोनों ग्रन्थोंमें सदृश प्रकार देखनेसे यद्यपि यह संशय हो सकता है कि श्रीधराचार्यने ही महावीरके ग्रन्थसे लिया होगा परन्तु इस प्रकारका संशय न करनेका दो कारण हैं—एक, यदि कोई किसीसे कोई चीज लेता है तो उसे कुछ नवीनताके साथ ही अपनाता है। ज्योंका त्यों रहने नहीं देता। यह बात महावीरमें है। उसने श्रीधरके प्रकारोंको अलंकृत करके रखा है। दूसरा कारण यह है कि जैन लोगोंने स्वच्छन्दता पूर्वक अजैन ग्रन्थकारोंके ग्रन्थोंको पढ़ा है तथा उनका विवेचन किया है किन्तु अजैन विचारके लोग जैन ग्रन्थोंको नहीं पढ़ते थे इसलिए यह संभव नहीं है कि श्रीधरने महावीर जैनसे कुछ लिया हो। अतएव महावीरसे प्राचीन होनेके कारण श्रीधराचार्यका समय अष्टम शताब्दी या नवम शताब्दीका प्रारंभ हो सकता है।

श्रीधराचार्यके ग्रन्थोंका लोप

आज श्रीधर जैसे बड़े ज्यौतिषीका केवल एक ग्रन्थ पाहीसार (त्रिंगतिका) ही उपलब्ध है। उनके अन्य ग्रंथ प्राप्त नहीं है। इसका कारण क्या है, यह स्वभाविक जिज्ञासा होती है।

दशम शताब्दी तक जितने भी बड़े ज्यौतिषी हुए वे सब उत्तर भारतमें ही हुए। आर्यभट्ट पटनाके रहनेवाले थे, ऐसा उन्होंने अपने आर्यभटीयमें स्पष्ट ही कहा है[1]। वराहमिहिर मगधके निवासी थे ऐसा वराहमिहिरके टीकाकार दशम शताब्दीके भट्टोत्पलने अपनी टीकामें लिखा है। सप्तम शताब्दीके ब्रह्मगुप्त रीवांके रहनेवाले थे; और सम्भवतः श्रीधर भी उत्तर भारतके ही थे। जैनमतका प्रचार मगधसे ही हुआ इसलिए महावीर जैनने भी उत्तर भारतीय श्रीधराचार्यके ग्रन्थका ही अनुकरण किया। इस प्रकार पाँचवी शताब्दीसे लेकर दशम शताब्दी तक—श्रीपतिके समय तक ज्योतिषका प्रसार उत्तर भारतमें रहा। बारहवीं शताब्दीके प्रारंभसे—भास्कराचार्यके समयसे इस ज्योतिष शास्त्रका प्रसार दक्षिण भारतमें होने लगता है। प्रतिभाशाली साहित्य शास्त्र निपुण भास्कराचार्यका जन्म १११२ ई०में सह्य पहाड़के किनारे हुआ। बारहवीं शताब्दीसे लेकर अठारहवीं शताब्दी तक ज्यौतिष सिद्धान्त गणितका प्रचार दक्षिण देशमें ही रहा और वहां भास्करके अतिरिक्त रङ्गनाथ, मुनीश्वर, नृसिंह, गणेश, कृष्ण, विष्णु, मल्लारि, कमलाकर, ज्ञानराज, बापूदेव सदृश बड़े बड़े ज्यातिषके दुर्द्धर्ष विद्वान् उत्पन्न हुए। उन्नीसवीं शताब्दीमें पुनः यह विद्या उत्तर भारतको लौटी—और नीलाम्बर झा, चन्दशेखर सामन्त एवं सुधाकर द्विवेदी सदृश विद्वानोंने उत्तर भारतमें जन्म लिया और अपनी पूर्व संपत्ति (थाती) को लौटाया।

१—आर्यभटस्त्विह निगदति कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम्॥ —आर्यभटीयम्।

भास्कराचार्यके ग्रन्थ गणित और सिद्धान्त दोनों विषयपर बड़े लोकप्रिय हुए। इसके दो मुख्य कारण हैं—प्रथम, भास्कराचार्यने सभी प्राचीन ज्यौतिष सिद्धान्तोंको पढ़कर उनका सार ग्रहण किया और उसमें अपनी विशिष्ट बुद्धि और प्रतिभासे नवीन विषयका समावेश किया और उनकी व्याख्या और उपपत्तियां स्वयं लिखीं। लोकप्रिय होनेका दूसरा कारण यह हुआ कि उन्होंने अपने ग्रन्थोंको इतने सुन्दर प्राञ्जल भाषा और छन्दोंमें लिखा है जो काव्य साहित्यका आनन्द देते हैं। उन्होंने तीसरी बात, भास्कराचार्य की विशेषता यह है कि उन्होंने अपने पूर्वाचार्योंकी चर्चा बड़े प्रेम और गौरवके साथ की है। अगर वे अपने ग्रन्थोंमें श्रीधराचार्यका नाम न लेते, उनकी रीतियोंको न लिखते तो आज श्रीधराचार्यको कदाचित् ही कोई जानता। भास्कराचार्यकी यह बहुत बड़ी उदारता है कि उन्होंने अपने पूर्वाचार्य आर्यभट्ट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, लल्ल, श्रीपति, श्रीधर, वटेश्वर, मुञ्जाल, चतुर्वेदाचार्य, आदि आचार्योंके नाम बड़े आदरके साथ लिये हैं और यदि किसीका खण्डन भी किया है तो वह शिष्टता तथा नम्रताके साथ किया है। फलतः भास्करके ग्रन्थोंने सभी प्राचीन ग्रन्थोंको दबा दिया। तात्पर्य यह है कि अनेक शताब्दियों तक गणित ज्यौतिषका प्रचार दक्षिण भारतमें रहनेके कारण उत्तर भारतमें गणित ज्यौतिषका पठन-पाठन रुक गया। फलतः उत्तर भारतके आचार्योंके ग्रन्थ भी दुष्प्राप्य हो गये—श्रीधराचार्यके ग्रन्थ लोपका यही कारण हो सकता है।

श्रीधराचार्यकी ही कौन बात, ब्रह्मगुप्त ऐसे विद्वान्के भी ग्रन्थ लुप्त थे। यूरोपीय विद्वान् कोलब्रुकने अपने विद्याप्रेमके कारण सबसे पहले ब्रह्मगुप्त के गणित अंशका अंगरेजी अनुवाद प्रकाशित किया पश्चात् महामहोपाध्याय श्री सुधाकर द्विवेदीने ब्रह्मगुप्तके समस्त ग्रन्थ—ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त पर, अपनी टीका लिख कर प्रकाशित कराया। (इसमें एक ही खेदकी बात हुई कि इस ग्रन्थ पर चतुर्वेदाचार्यकी बड़ी पुरानी टीका थी, उस टीकाको बड़े श्रमसे महामहोपाध्यायजी ने लण्डनसे मंगवाया था और उसकी सहायता ली थी। किन्तु उसे उन्होंने प्रकाशित नहीं करायी इस प्रकार उस विशिष्ट टीकाका लोप ही समझना चाहिये)। भारतको महोमहापाध्यायजीका अति कृतज्ञ होना चाहिये कि ब्रह्मगुप्त का ही नहीं अन्य प्राचीन कृतियों का भी उन्होंने शोधन किया उनपर सुन्दर टीकायें लिखीं और उन्हें प्रकाशित किया। पुनः आशा की जाती है कि अब ज्यों ज्यों देशमें विद्याका प्रेम बढ़ रहा है, प्राचीन विद्वानोंके ग्रन्थोंकी खोज होनेसे अन्य छिपे हुए ग्रन्थ भी प्रकाशमें आ जायेंगे और उनसे संसारका उपकार होगा।

स्वाधीन भारतका आदर्श और नीति

डाक्टर भीखन लाल आत्रेय

भारतके दीर्घकालीन जीवनमें अनेक अन्धेरी रातें और प्रकाशवान् दिन आये और चले गये। इस समय हम परतंत्रता, विवशता और दीनताकी एक महान् अन्धेरी रातके समाप्त प्रायः समयसे गुजर रहे हैं और अवश्य उस स्वातंत्र्य-दिवसके अरुणोदयके पूर्वकी ऊषाका अनुभव कर रहे हैं—जिस दिन यह वयोवृद्ध, ज्ञानवृद्ध और अनुभव वृद्ध भारत, फिर एक बार जगकर पृथ्वीतलके अन्य देशोंका गुरु और नेता बनकर संसारमें शान्ति सुख और समृद्धिकी स्थापना करेगा। यह काल हमारा ब्राह्म मुहूर्त है, जिसमें हम सदासे ब्रह्म-स्मरण पूर्वक आनेवाले कृत्योंपर विचार करते हैं।

जाति और व्यक्ति दोनों हीके जीवनमें प्रत्येक दिन नवीन दिन है; उसकी समस्यायें अपूर्व और नवीन होती हैं, और उनका हल भी अपूर्व और नवीन रीतिसे हुआ करता है। जीवनकी धारा सतत् और सनातन होते हुए भी पगपग पर नवीन रूप लिया करती है। हमारा प्राचीन इतिहास और हमारे प्राचीन रीति और रिवाज, तथा वे ग्रन्थ जिनमें उनका उल्लेख है, केवल इस बातके द्योतक हैं कि हमने भूतकालमें समुपस्थित कठिनाइयोंका सामना किस प्रकार किया, और अपनी निरन्तर परिवर्तनशील परिस्थियोंमें किस प्रकार आचरण किया है। पर बिना हमारे स्वयं समयानुसार विचार किये इतिहास और शास्त्र हमें अपने वर्तमान कर्तव्यका उचित रीतिसे ज्ञान नहीं करा सकते। अपनी जातिके इस महान् ऊषाकाल और ब्रह्म मुहूर्तमें हमको ही स्वयं, अपने इतिहास और प्राचीन शास्त्रों द्वारा अपनी नैसर्गिक प्रतिभाका ज्ञान रखते हुए, अपनी वर्तमान और भविष्यकी समस्याओंपर, अपनी परिस्थियोंको भली भांति समझते हुए विचार पूर्वक किसी निश्चित कार्यक्रमपर कटिबद्ध होना होगा। क्षण क्षण पर परिस्थितियां बदला करती हैं, और विशेषतः आजकलकी दुनियामें तो क्षण क्षण पर महती घटना घटती और नवीनतर समस्याएं हमारे सामने उपस्थित कर रही हैं। ऐसे शीघ्र परिवर्तनशील कालमें हमको बहुत जागरुक, विचारशील और सक्रिय होनेकी आवश्यकता है। हमारे किसी विचारवान पूर्वजने ठीक ही कहा है—

कः कालः कामि मित्राणि को देशः कौ व्यागमौ।
कोऽहं काच ये शक्तिरिति चिन्त्यं मुहुर्मुहुः॥

अर्थात्—कैसा समय है? कौन हमारे मित्र (और शत्रु) हैं? देशकी क्या अवस्था है? हमारी आय और व्यय क्या है? हम कौन हैं? और हमारी शक्ति क्या है? इस प्रकारकी बातों पर क्षण क्षण पर विचार करते रहना चाहिये।

सभी भारतीयोंका कर्तव्य

आज इस देशके सामने अनेक जटिल प्रश्न हैं, जिनको हल करना प्रत्येक विचारवान् भारतवासीका कर्तव्य है। हमारे नेता और महापुरुष बड़ी व्यग्रतासे इस विचारमें लगे हुए हैं, और इस कार्यमें वे इतना व्यग्र हैं कि उनको न दिनमें चैन है और न रातमें नींद मुझे तो ऐसा प्रतीत होता है कि भारतके इतिहासमें कभी भी हमारे भूतकालीन नेताओं (ऋषियों) को इतना सोचना नहीं पड़ा होगा, जितना कि हमारे आधुनिक समयके नेताओं और द्रष्टाओं, पूज्य मालवीय, महात्मा गांधी, पण्डित जवाहरलाल आदिको सोचना पड़ा और पड़ रहा है। कर्मयोगियोंमें अग्रगण्य भगवान् कृष्णके जीवनमें हमारे आधुनिक नेताओंकी कठिनाइयोंकी कुछ झलक दिखाई पड़ती है।

वर्तमान जगतकी समस्यायें केवल नेताओंकी ही समस्याएं नहीं हैं, वे प्रत्येक स्त्री और पुरुषकी समस्यायें हो गयी हैं। आज जो कुछ संसारके राजनैतिक, व्यापारिक तथा विचार क्षेत्रमें होता है, उससे प्रत्येक व्यक्ति प्रभावित होता है। संसारके किसी कोनेकी उथल-पुथल प्रत्येक प्राणी पर कुछ न कुछ प्रभाव डाले बिना नहीं रहती, आजकी दुनिया कलकी दुनियासे बिलकुल ही भिन्न है। विमानोंकी यात्रा, सिनेमा, रेडियो और दैनिक समाचार पत्रोंने पृथिवी-मण्डलको, सारे मनुष्य समाजका एक छोटा सा घर बना दिया है। इस घरमें अब कोई बात किसीसे छिपी नहीं रहती और प्रत्येक घटनाका असर सभीके ऊपर पड़ता है और सभी एक दूसरेके दुःख-दर्दमें शरीक रहते हैं। ऐसी स्थितिको समझते हुए पुनः जागरित भारतको अपने आदर्शों और अपने तरीकों और अपने भविष्यके कार्य-क्रमोंपर भलीभांति विचार करना होगा। जीवनका प्रधान लक्षण यही है कि वह परिस्थिति और आवश्यकताके अनुसार नवीन प्रतिक्रियायें करता रहे। जिस प्राणीमें बदली हुई परिस्थितियों और देश और कालके आवश्यकतानुसार प्रतिक्रिया करनेकी शक्ति नहीं होती, वह प्राणी जीवित नहीं मृत है। आवश्यकतानुसार परिवर्तित होते हुए भी जो अपने आपको स्थित या कायम रख सके—वही जिन्दा है—जीवित है। अमेरिकाके विद्वान् विचारक डाक्टर जे० बी० प्रैटने अपने एक बहुमूल्य निबन्ध—(सम्प्रदायोंका अन्त क्यों)? 'व्हाइ रेलिजन्स डाइ'में दिखलाया है कि संसारमें उत्पन्न हुए अनेक सम्प्रदायोंका ह्रास और अन्त केवल इस कारण हुआ कि वे बदलती हुई आवश्यकताओंके अनुसार अपनेको नहीं ढाल सके। रूढ़ियोंको उन्होंने अपना अविच्छेद्य अङ्ग समझकर अपना नाश कर लिया। डाक्टर प्रैटके मतके अनुसार केवल वैदिक धर्म संसारमें अभी तक इसलिए जीवत है कि इसने उन सनातन सिद्धान्तोंको अपनी आत्मा माना है, जिसे सदा और सर्वत्र ही मनुष्य अपनायेगा, और केवल उन्हें अपनाकर उसने अपने बाकी सभी सिद्धान्त रीति-रिवाज पूजा-पाठ आदिको समय समय पर आवश्यकतानुसार बदल और त्याग दिया

था। हमारा इतिहास इस बातका साक्षी है कि हमारी सतत प्रवाहवाली सभ्यता और संस्कृतिने समय समय पर कैसा परिवर्तित रूप ग्रहण किया। अपनी आध्यात्मिकताको सदा अटल और अचल रखते हुए हम सदा नवीन वेशमें जगतके सामने जीवित आर जागृत रूपमें उपस्थित होते चले आये हैं। क्या पृथिवी-मण्डलके और किसी समाजको इस बातका गारव प्राप्त है? आज भी यदि हम अपनत्वके इस महामंत्रका त्याग न कर यथा समय अपनेको परिवर्तनशील बनाते रहें और वर्तमान तथा भविष्यकी आवश्यकताओंको समझकर अपना कार्यक्रम निश्चित करें तो संसारमें ऐसी कोई शक्ति नहीं जो हमको नष्ट कर सके। हमारे राष्ट्रीय कवि इक़बालने ठीक कहा है—

यूनान मिश्र रोमा सब मिट गये जहांसे।
बाकी अभी तलक है नामो निशां हमारा॥
कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी।
सदियों रहा है दुश्मन दौरे-जमां हमारा॥

हमारा कर्तव्य क्या हो?

अब विचारणीय बात यह है कि इस समय जबकि भारतवर्ष स्वाधीनताके मन्दिरमें प्रवेश करने ही वाला है, हमारे राष्ट्रीय आदर्श क्या होने चाहिये। आज जब दुनिया भारत को स्वतंत्र राष्ट्र मानने को तैयार है और हम भारतवासी भी यह उत्तरदायित्व ग्रहण करनेको उत्सुक हैं; और जब हमारी यह उच्चाकांक्षा है कि हम फिर एक बार जगद्गुरुकी पदवीको प्राप्त करें, हमारा यह परम कर्तव्य हो जाता है कि हम अपने आदर्शों और लक्ष्योंका पुनरावलोकन कर लें। हमारा अस्तित्व जिस उद्देश्यके लिए है वह हमें पूरा करना है; और अब समय आगया है कि हम अपने कर्तव्यको पूरा करनेके लिए उसको भली भांति समझलें।

भारतवर्ष और संसारकी प्राचीनतम सभ्य जातियोंने दूसरे देशों पर विजय पाकर उनको पद दलित कर उनकी सम्पत्ति, उनकी स्त्रियों और उनकी भूमिका अपहरण करना अपना आदर्श कभी नहीं बनाया था। भारतकी सबसे बड़ी विजय संसारमें सभ्यता, ज्ञान और धार्मिक भावनाका प्रचार करनेमें ही रही है। भगवान बुद्ध और उनके अनुयायियों तथा उनसे भी पूर्वके ऋषियोंने संसार भरमें जीवनको सुखमय, आनन्दमय और शान्तिमय बनानेका संदेश भेजा था। हमारे पुरातनतम ऋषियोंने अपने सामने यह उद्देश रखा था, और यही उनका नारा भी था।

'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्'

'विश्वको अर्थात् संसार भरको आर्य बनाओ।' आर्य शब्दका अर्थ जाति विशेष अथवा संप्रदाय विशेष से नहीं था। आर्यका अर्थ था—सभ्य और सज्जन, जैसा योग वासिष्ठके इन वाक्योंसे प्रकट होता है—

कर्तव्यमाचरन्काममकर्तव्यमनाचरन्।
तिष्ठति प्रकृताचारोयः सआर्य इति स्मृतः॥ —यो० वा० ६।१।१२६।५४।
यथाचारं यथाशास्त्रं यथाचित्तं यथास्थितम्।
व्यवहारमुपादत्तेयः सआर्य इतिस्मृतः॥ (५५)

'जो मनुष्य उचित इच्छाओंको पूरा करता है और अनुचितको नहीं; और जिसका आचरण प्रकृतिके नियमोंके अनुकूल होता है, वही आर्य कहलाता है। जो व्यक्ति शास्त्र, सदाचार, स्वविचार और परिस्थितिके अनुकूल आचरण करता है, वही आर्य है। मनुष्यको आर्य बनानेका अर्थ उसको सभ्य बनाना है, उसको बर्बरता और पशुतासे ऊपर उठाना है।

पशुता, बर्बरता और मनुष्यत्व, वा आर्यत्वमें केवल इतना ही अन्तर है कि जहां पशु और बर्बर दोनों अपनी इच्छाओं और अपने भावोंके गुलाम हैं, वहां सच्चा मनुष्य और आर्य अपनी इच्छाओं और भावोंको अपने वशमें रखता है। वह संयम और नियम द्वारा अपनी इच्छाओं, नैसर्गिक प्रवृत्तियों और भावोंको अपना गुलाम बनालेता है, और उनका उपभोग करते समय समाजके नियमों, अपने उच्च आदर्शों और परिस्थितियोंका स्मरण रखते हुए ऐसा कोई कार्य नहीं करता जो दूसरोंको हानिकर हो और वह दूसरोंके प्रति वैसाही व्यवहार करना चाहता और करता है जैसा वह अपने प्रति दूसरोंसे आशा करता है।

आर्यधर्म अर्थात् आर्योंका 'शेवा' या तरीका यही है जैसा व्यास जीने महाभारतमें कहा है—

श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चाप्यवधार्यताम्।
आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्॥
यद्यदात्मनि चेच्छेत्तत्परस्यापि चिन्तयेत्।

'धर्मका सार सुनो, सुनकर उसपर चलो। वह यह है कि जो व्यवहार अपने प्रति कराना नहीं चाहते हो वह दूसरोंके प्रति न करो और जो जो अपने लिए सोचते हो वही दूसरोंके लिए भी सोचो।'

यह है आर्य मार्ग, और इसको व्यवहारमें लाना और इसका संसार भरमें प्रचार करना है भारतका उद्देश्य! भगवान बुद्धने इसी मूल सिद्धान्तके आधारपर अष्टाङ्गिक आर्य मार्गका निर्माण करके

अपने आप और अपने शिष्यों द्वारा संसार भरमें उसका प्रचार कराया था। आज महात्मा गांधी भी उसी आर्य धर्मका सत्य और अहिंसाके रूपमें संसारको व्यावहारिक उपदेश दे रहे हैं। आवश्यकता इस बातकी है कि भारतके आर्य (अर्थात् वे व्यक्ति जो आर्य धर्मपर स्वयं चलते हों) देश-देशमें जायें और अपने उपदेश और आचरण द्वारा संसारके उन लोगोंकी, जो दूसरोंसे घृणा करते हैं, जो अपनी इच्छाओं, कामनाओंके गुलाम हैं, आर्य अर्थात् सभ्य बनायें। मनुने, जो भारतके ही नहीं संसारके आदि शिक्षक हैं, यही आज्ञा भारतके आर्योंको सदाके लिए दे रखी है—

एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥ (म० सू० २।२०)

'पृथिवी-मण्डलके सभी मनुष्योंको भारतवर्षमें पैदा हुए ब्राह्मणोंसे अपने-अपने आचरणकी शिक्षा लेनी चाहिये।' भारतके रहनेवाले आर्यों (सभ्य पुरुषों) ने अपनेको केवल भारतीय कभी नहीं माना। उन्होंने मनुष्य मात्रको अपना समझा था, और पृथिवी-मण्डलको अपना घर और सभी प्राणियोंको अपना बन्धुजन समझा था, जैसा कि कहा है—

अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदार चरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्॥

'यह अपना है, वह पराया है, ये विचार तो क्षुद्र मन वालोंके होते हैं। उदार व्यक्तियोंके लिए तो सारी पृथिवीके निवासी अपने ही कुटुम्बी होते हैं।'

योग वासिष्ठमें वसिष्ठजीने भी रामचन्द्रजीको यही उपदेश दिया था—

"सर्वा एव हि ते भूतजातयो राम बन्धवः।
अत्यन्तासंयुता एतास्तव राम न काचन्॥" (५।१८।४६)
अयं बन्धुरयं नेति गणनालघु चेतसाम्।
उदार चरितानां तु विगता वर्णैव धीः॥ (-६१)

'हे राम संसारके प्राणियोंकी जितनी जातियां हैं, वे सभी तुम्हारे भाई-बन्धु हैं, क्योंकि कोई भी जाति ऐसी नहीं है, जो तुससे किसी प्रकारसे सम्बन्धित न हों। यह मेरा भाई है, और यह नहीं है, यह बात तो क्षुद्र हृदय वालोंकी हुआ करती है। जो उदार आचरण वाले होते हैं, उनकी बुद्धिपर ऐसा परदा नहीं पड़ा होता।

आज हम भारत वासियोंको सबसे पहले स्वतः तथा संसार भरको व्यावहारिक रूपसे यह पाठ पढ़ाना है। मनुष्य मात्रको चाहे वह किसी जाति, किसी सम्प्रदाय, किसी देश, किसी रङ्ग और अवस्था का क्यों न हो—अपना बन्धु समझ कर उसके कल्याणकी भावनाका पाठ जगतको अभी पढ़ना है, और भारतको दोहराना है।

भारतके आगे सदाके लिए उसकी भूमिपर सहस्रों वर्ष पूर्व विचरते हुये आर्योंने पूर्वोक्त आदर्शसे ऊंचा एक और आदर्श यह रक्खा था, और इसको आज भी हम अपना आदर्श बनाकर अग्रसर हो सकते हैं—

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे भवन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद्दुःख भाग्भवेत्॥
सर्वस्तरतु दुर्गाणि सर्वो भद्राणि पश्यतु।
सर्वः सब्बुद्धिमाप्नोतु सर्वः सर्वत्र नन्दतु॥
दुर्जनः सज्जनो भूयात् सज्जनः शान्तिमाप्नुयात्।
शान्तो मुच्येत बन्धेभ्यो मुक्तश्चान्यान् विमोचयेत्॥

अर्थात्—संसारके सभी लोग सुखी हों, सभी निरोग हों, सभीकी दृष्टिमें संसार सुन्दर हो और दुःख किसीके पास न फटके। सब अपनी-अपनी कठिनाइयोंको हल कर सकें और सबको अच्छे-अच्छे अनुभव हों, सबको समृद्धि प्राप्त हो और जहां-तहां सब लोग प्रसन्न रहें। दुर्जन सज्जन बनें, सज्जन लोग शान्तिसे रहें, और शान्त लोग स्वतन्त्रता प्राप्त करें और जिन्होंने अपने बन्धन काटकर स्वतन्त्रता प्राप्त कर ली है, वे दूसरोंको स्वतन्त्र करें।

भारतका नारा और नीति

यह केवल इच्छा आर प्रार्थनाका उद्गार ही न रह जाये। भविष्यके भारतका यह घोषणा वाक्य (नारा) उसके भावी विधानकी यह नींव और उसके भविष्यके कार्यक्रमकी यह नीति होनी चाहिये। भारतके आर्योंने कभी किसी संप्रदायको बलात् तबदील करानेका, अथवा किसीको अपने मार्ग पर बिना उसकी इच्छाके चलानेका प्रयास नहीं किया। विचार और आचारकी यहां पूर्ण स्वतंत्रता थी और सदा दूसरोंके विचारों और आचारोंकी अवहेलना न करके उनके प्रति आदरका भाव ही रहा। यही नीति

स्वतंत्र भारतकी होनी चाहिये और हमें पूर्ण आशा है कि यही होगी। यहाँ रहनेवाले सभी संप्रदाय, मत और आचार-विचारवालोंको अभय बनाना आर्योंका कर्तव्य है हमें वशिष्ठके इन वाक्योंको कभी नहीं भूलना चाहिये—

सर्वैरेव च गन्तव्यं तैः पदं पारमार्थिकम्।
विचित्र देश कालोत्थैः पुरमेकमिवाध्वगैः॥
अज्ञानात्परमार्थस्य विपरीतावबोधतः।
केवलं विवदन्त्येते विकल्पैरारुरुक्षवः॥
स्वमार्गमभिशंसन्ति वादिनश्चित्र पादृशा।
विचित्र देश कालोत्था मार्गं स्वं पथिका इव॥

(यो० वा० ५।६६।५१।५३)

'जिस प्रकार बहुतसे मुसाफिर नाना देशोंसे आनेवाले नाना मार्गों द्वारा एक ही नगरको जाते हैं, उसीप्रकार सब संप्रदाय एक ही—परमार्थ पदको विभिन्न विभिन्न देश और कालमें, बने मार्गों द्वारा प्राप्त करनेका प्रयत्न करते हैं। नाना प्रकारसे उस परम पदको पहुंचते हुए वे लोग—परमार्थका किसीको भी ठीक ज्ञान न होनेके कारण, और बहुधा उसका विपरीत ज्ञान होनेके कारण—परस्पर (नाहक) विवाद करते हैं। जिस प्रकार मुसाफिर लोग अपने अपने मार्गको ही सर्वोत्तम समझ बैठे, उसी प्रकार वे भी अपने अपने सांप्रदायिक सिद्धान्तोंकी प्रशंसा करते हैं।'

इतना ही नहीं भारतकी दृष्टि तो सदासे इतनी प्रयोगात्मक रही है कि यहांके लोगोंने सदा ही प्रत्येक संप्रदाय वालोंको यह शिक्षा दी कि यदि उनको अपने मार्गके अनुसार साधना करनेसे सिद्धि प्राप्त होती है, तो उस मार्ग पर चलना ही उनके लिये श्रेयस्कर है, उसको त्यागना और उसको छुड़वाना अनुचित है। वसिष्टने तो योगवासिष्ठमें यहां तक कहा है—

येनैवाभ्युदिता यस्य तस्य तेन विना गतिः।
न शोभते न सुखदा न हिताय न सत्फला॥

(यो० वा० ६२।१३०।२)

'जिस मार्ग पर चलनेसे किसीकी सिद्धि होती हो, उसको वह मार्ग छोड़ कर नहीं चलना चाहिये। ऐसा करना न तो उचित है, न सुख देनेवाला है और न भलाई और सफलताको प्रदान करनेवाला है।'

जहां पर सब लोगोंको अपने अपने मतपर चलने की इतनी स्वतंत्रता दी जा सकती है, वहां सबसे यह भी आशा की जाती है कि वे एक दूसरे सम्प्रदायवालों पर किसी प्रकारका आघात न करें।

आततायियोंका दमन

आर्योंका तरीका जहां दूसरोंके ऊपर आघात करनेका नहीं है वहां पशुओं, बर्बर मनुष्यों और दुष्ट आततायियोंके आघातोंसे वीरताके साथ अपनी रक्षा करना भी है। यदि आपके एक गाल पर चपत लगाकर कोई दुष्ट आपका कम्बल छीनले तो आप उसके आगे दूसरे चपतके लिये अपना दूसरा गाल करदें, और अपना कोट भी उसके हवाले करदे—इस प्रकारकी शिक्षा भारतीय आर्योंने कभी नहीं दी। इस प्रकारकी शिक्षा उन लोगोंमें ही प्रचलित है, जो उसका पालन कभी नहीं करते। यहां तो अपने धर्मोपार्जित धन, अपनी मातृभूमि और अपनी सहधर्मिणी स्त्री तथा अपने आश्रित रहनेवाली भगिनी और पुत्री की रक्षा करना प्रत्येक पुरुषका परम कर्तव्य समझा जाता है, और यदि वह इनकी रक्षा करनेमें कायरता दिखलाता है, तो पापका भागी माना जाता है। हमारी भावी शासन-व्यवस्थामें हमारा यह कर्तव्य होगा कि प्रत्येक स्त्री और पुरुषकी दुष्टोंसे रक्षा करे। यदि राज्यके कर्मचारी ऐसा करनेमें असमर्थ हों तो प्रत्येक व्यक्ति अपनी रक्षाके लिये आपही शस्त्र ग्रहण करे। यही आर्य-सिद्धान्त है, और यही स्वतंत्र भारत में—भविष्यमें—भी माना जाना चाहिये।

अग्निदो गरदश्चैव शस्त्रोन्मत्तो धनापहः।
क्षेत्रदार हरश्चैतान् षड्विधातातताियिनः॥ (शुक्रनीति)
नाततायि बधे दोषो हन्तुर्भवति कश्चन्।
योऽकामां दूषयेत्कन्यां स सद्यो बधमर्हति॥ (मनु)

'आग लगाने वाला, गुप्त रूपसे विष खिलाने वाला, हथियार लेकर पागल बना हुआ, धनको लूटने वाला, खेत और स्त्रीको बलपूर्वक छीनने वाला—इन छः कामोंमें किसी कामको करने वाला—व्यक्ति आततायी कहलाता है। आततायीको मारकर अपनी रक्षा करनेमें किसीको कोई दोष नहीं लगता। जो किसी कन्याके साथ उसकी इच्छाके विपरीत बलात्कार करता है, उस दुष्टको तो तुरन्त मार डालना चाहिये।

आततायी चाहे किसी भी जाति, संप्रदाय या अवस्थाका हो, उसके साथ यही वर्ताव होना चाहिये। जहां केवल संप्रदाय, जाति और अवस्थाका विचार करके आततायियोंको राज्य अथवा व्यक्ति द्वारा दण्ड नहीं मिलता वहां समाजमें शान्ति और सुरक्षा नहीं रहती। मनुने कहा है—

गुरुं वा बालवृद्धौ वा ब्राह्मणं वा बहुश्रुतम् ।
आततायिनमायान्तं हन्यादेवा विचारयन् ॥

'यदि कोई उपर्युक्त प्रकारका आततायी किसीके ऊपर हमला करने आता दिखाई पड़े तो उसे फौरन मार डालना चाहिये, चाहे वह गुरु, बालक, बूढ़ा, ब्राह्मण तथा कोई वेदपाठी पंडित ही क्यों न हो।'

ज्ञानार्जनके प्रति हमारा दृष्टिकोण

भारतवर्ष सदासे ज्ञान और विज्ञानका प्रेमी रहा है, और रहेगा। अन्तर और बाह्य, सूक्ष्म और स्थूल जगत्की घटनाओं तथा पदार्थोंके कारण और स्वभावकी खोजमें लगे रहने वालोंका इसने सदैव सबसे अधिक आदर किया है, और भविष्यमें भी यही इसकी नीति रहेगी। "ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्" इस राष्ट्रमें प्रमुख ब्राह्मण अर्थात् दार्शनिक और वैज्ञानिक ही रहे है, और रहने चाहिये। हमारे प्राचीन साहित्यके मध्यकालमें विदेशियों द्वारा अत्यन्त विनाश किये जानेपर भी हमारे यहां सब प्रकारकी विद्याओं कलाओं और दर्शनों पर उत्तमसे उत्तम ग्रन्थ मिलते हैं। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष सभी पुरुषार्थोंके 'सम्बन्ध'में भारतके ऋषियों और विद्वानों ने इतनी गवेषणाकी थी और इतने और ऐसे उत्तम ग्रन्थ लिखे थे कि आज भी संसार उनके सामने नत मस्तक है ज्ञान और विज्ञान के प्राप्त करनेमें उन्होंने विदेशियों से भी जो कुछ मिल सका उसका ग्रहण किया। पाश्चात्य देशोंने हमारी अवनति और निद्राके समयमें जो विज्ञानकी महान् उन्नतिकी है, उसे शीघ्रसे शीघ्र अपना कर हमें उससे आगे विज्ञानकी उन्नतिकी ओर अग्रसर होना चाहिये। और विज्ञानके दृष्टिकोणमें जो त्रुटियां हैं, उनको दूर करनेका प्रयत्न हमारा कर्तव्य है। हमारे पूर्वजोंकी शिक्षा रही है कि "ज्ञान जहांसे मिले वहांसे प्राप्त करो, और युक्तियुक्त, न्याययुक्त और ज्ञानवर्धक शिक्षाको सबसे ग्रहण करो।" हजारों वर्ष पूर्व, जो शिक्षा वशिष्टने रामचन्द्रको दी थी, वही आज ज्ञान और विज्ञानके सम्बन्धमें हमारी नीति होनी चाहिये।

युक्तियुक्तमुपादेयं वचनं बालकादपि ।
अन्यत्तृण मिव त्याज्य मप्युक्तं पद्मजन्मना ॥
योऽस्मात्तातस्य कूपोऽयं मिति कौपं पिवत्यपः ।
त्यक्त्वा गाङ्गं पुरःस्थं तं कोनाशास्त्यतिरागिणम् ॥

अपि पौरुषमादेयं शास्त्रं चेद्युक्ति बोधकम् ।
अन्यत्वार्षमपि त्याज्यं भाव्यं न्याय्यैक सेविना ॥

(योग वासिष्ठ २।१८।३,४,२)

'युक्तियुक्त (उचित) बात तो बालकसे भी ग्रहण कर लेनी चाहिये, लेकिन युक्ति हीन बातको, चाहे वह स्वयं ब्रह्माके मुखसे ही क्यों न निकली हो, तृणके समान त्याग देना चाहिये। जो अपनी ही वस्तुओंसे अधिक राग रखने वाला व्यक्ति पासही बहने वाले गङ्गाजलको छोड़कर कूएंका, जल इसलिए पीता है कि वह कुआं उसके बापका बनाया हुआ है, वह मूर्ख है, और ऐसे ही लोगोंके ऊपर सब शासन किया करते हैं। जो न्यायके भक्त (सत्यके पुजारी हैं) हैं उनको चाहिये कि जो शास्त्र (ग्रन्थ) युक्तियुक्त हो और ज्ञानकी वृद्धि करने वाला हो, उसका अध्यन करें, चाहे वह किसी साधारण मनुष्यका ही बनाया हुआ हो, और जो शास्त्र इसके विरुद्ध लक्षणों वाला हो (अर्थात युक्ति रहित और अज्ञान-बर्धक हो, उसको तृणके समान फेंकदें, चाहे वह किसी ऋषिका ही बनाया हुआ क्यों न हो।

स्वतंत्र भारतमें, स्त्रियोंका समाजमें पुरुषोंके समान ही स्थान होना चाहिये। केवल स्त्री होनेसे वे किसी विद्यासे अथवा किसी समाज सेवा या किसी आदरके पदसे बंचित नहीं रखी जा सकतीं। उनमें पुरुषोंके समान ही बुद्धि और प्रतिभा है और वे भी अपने पुरुषार्थ द्वारा पुरुषोंके समान ज्ञान और शक्तिका सम्पादन कर सकती हैं। वे सरस्वती और दुर्गाकी ही स्वरूप हैं। वसिष्ठके शब्दोंमें 'स्त्रियां आत्मज्ञान प्राप्त करनेमें पुरुषोंसे भी बढ़कर हैं।'

सखा भ्राता सुहृद्भृत्यो गुरुर्मित्रं धनं सुखम् ।
शास्त्रमायतनं दासः सर्वभर्तुः कुलाङ्गना ॥
मोहादनादिगहनादनन्तगहनादपि ।
पतितं व्यवसायिन्यस्तारयन्ति कुलस्त्रियः ॥
शास्त्रार्थ गुरुमंत्रादि तथा नोत्तरण क्षमम् ।
यथैताः स्नेहशालिन्यो मर्तृणां कुलयोषितः ॥

(यो० वा० ६।१।१०९।२८।२६।२७)

कुलीन स्त्रियां अपने पतिकी सखा, बन्धु, सुहृद्, सेवक, गुरु, मित्र, धन, सुख, शास्त्र, मन्दिर और दास आदि सभी कुछ होती हैं। अच्छे कुलोंकी प्रयत्नशील स्त्रियां पुरुषोंको अनन्त और अनादि गहरे

मोहसे पार कर देती हैं। शास्त्र, गुरु और मंत्र आदिमेंसे कोई भी संसारसे पार उतारनेमें इतना सहायक नहीं होता जितनी कि स्नेहसे भरी हुई अच्छे कुलोंकी स्त्रियां अपने पतियोंको पार उतारनेमें सहायक होती हैं।'

भारतीय दाम्पत्य प्रेमका जो आदर्श हमारे सामने भवभूतिने निम्नलिखित श्लोकमें रखा है वही स्वाधीन भारतमें भी होना चाहिये।

अद्वैत सुखदुःखयो रनुगतं सर्वास्वस्थासु यद्
विश्रामो हृदयस्य यत्र जरसा यस्मिन्नहार्यो रसः।
कालेनावरणात्ययात्परिणते यत्स्नेहसारे स्थितम्
भद्रं तस्य सुमानुषस्य कथमप्येकं हि तत्प्राप्यते॥

(उत्तररामचरितम्)

'कितना भाग्यवान् वह सज्जन है, जिसने उस एक प्रेमरसको प्राप्त कर लिया है जोकि सुख और दुःखमें एक समान रहता है, जो सब अवस्थाओंमें उनके अनुकूल प्रकट होता है, जिसमें हृदयको शान्ति प्राप्त होती, बुढ़ापेमें भी जिसका स्वाद घटता नहीं; अधिक काल तक एक दूसरे के समीप रहनेके कारण दोनोंके बीचका परदा हट जानेपर भी जो कम नहीं बल्कि गहरा होता चला जाता है।'

समाजिक संघटन

स्वाधीन भारतके समजिक संघटनका आधार जाति व्यवस्था नहीं हो सकती। जाति भेद चाहे जन्मसे ही अथवा कर्मसे हो—भारतसे हमें मिटाना होगा। इसने लाभकी अपेक्षा हमारी बहुत हानिकी है। वर्ण व्यवस्थाके स्थानपर हमको वरण व्यवस्था स्थापित करनी होगी। वरण व्यवस्थासे मेरा मतलब वही है जिसको पाश्चात्य विद्वान वोकेशनल सेलेक्शन, वोकेशनल गाइडेंस, वोकेशनल ट्रेनिंग आदिके नाम से पुकारते हैं। मनोविज्ञानके पण्डितों द्वारा प्रत्येक बालक और बालिकाकी समय समयपर जांच करा कर यह निर्धारित करना कि उसकी नैसर्गिक प्रतिभा किस प्रकारके कामोंकी ओर है और किस प्रकारके कामोंका वह अधिकारी है। उनको उसी प्रकारके व्यवसायके लिये तैय्यार करना यह वरण व्यवस्था है। समाज अपने भिन्न भिन्न कामोंके लिए व्यक्तियोंको रुचि, प्रतिभा और शिक्षाके अनुसार अपना व्यवसाय, बिना किसी धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, जातिगत या सम्प्रदायिक बन्धनके चुननेको स्वतन्त्र हो, ऐसी

व्यवस्थाकी जानी चाहिये। प्रत्येक स्थान पर अधिकारी व्यक्ति ही नियुक्त किया जाय और प्रत्येक व्यक्तिको उसकी योग्यताके अनुसार ही काम मिले और सब लोग अपने वरण किये हुए कामोंको भली भांति कर सकें।

स्वाधीन भारतका यह भी कर्तव्य है कि वह प्राचीन आश्रम व्यवस्थाको अपने अनुरुप नये ढांचेमें ढाल कर पुनः जीवित करे। प्रत्येक बालक और बालिकाको २०-२५ वर्ष तक अविवाहित रहकर कमसे कम व्ययमें ऊंचीसे ऊंची विद्या प्राप्त करनेके साधन प्राप्त हों। राज्यका कर्तव्य होना चाहिये कि वह ऐसी व्यवस्था करे जिससे इस ब्रह्मचर्य (विद्या सम्पादन) कालमें किसी बालक और बालिकाको बिना विद्या या कलाके अभ्यासके कालयापन न करना पड़े या कमाने खानेके लिए विद्याभ्यास त्यागना न पड़े। प्रत्येक बालक आर बालिकाको उंचीसे ऊंची विद्या प्राप्त करनेका हक और अवसर हो।

विद्यालयोंमें उन सब विद्याओंका स्थान हो जो मनुष्यकी भौतिक, मानसिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओंकी पूर्ति करनेमें सहायक होती हैं। पूर्ण मनुष्योंको, न कि उसके एक अङ्गको, शिक्षित करनेका प्रयत्न किया जाय। गृहस्थाश्रम या विवाहित जीवनका ऐसा रूप बनाया जाय कि प्रत्येक व्यक्ति अपने और अपने कुटुम्बके पालनके निमित्त २१-२५ वर्षसे लेकर ५५-६० वर्षकी आयु तक, ६० से लेकर ७५ या ८० वर्ष तक समाजके ऋणोंको चुकानेके निमित्त समाजिक, राजनीतिक आर नैतिक आदि संस्थाओंकी निष्काम सेवा करें। यही प्राचीन कालका वानप्रस्थ होगा, पर उसे वानप्रस्थाश्रम न कह कर समाजसेवाश्रम कहना उचित होगा। ७५-८० वर्षकी आयुमें, जब मनुष्योंकी शक्ति क्षीण होने लगे और विचारोंमें जड़ता आ जावे, स्मरणशक्ति, देखने, सुनने और विचार करनेकी शक्ति कम हो जावे—मनुष्य सन्यास वृत्ति ग्रहण करे। और समाज और राज्य उनकी सुख सुविधाकी व्यस्था करे। हम आशा करते हैं कि भावी स्वाधीन भारतमें सामाजिक और आर्थिक जीवनकी ऐसी ही सुव्यवस्था होगी। और यह देश और समाजके लिए मंगलकारी होगा।

कर्मवाद

(बौद्धागमके अनुसार)

आचार्य नरेन्द्रदेव

जीवलोक और भाजनलोककी विचित्रता ईश्वरकृत नहीं है। कोई ईश्वर नहीं है जिसने बुद्धि पूर्वक इसकी रचना की हो। लोक-वैचित्र्य कर्मज है। यह सत्वोंके कर्मसे उत्पन्न होता है। कर्म दो प्रकारका है—चेतना और चेतयित्वा कर्म। चेतना मानसकर्म है। चेतना से जो उत्पन्न होता है अर्थात् चेतयित्वा कर्म (चेतनाकृत) वह अन्य दो कर्म हैं—कायिक और वाचिक। इन तीन प्रकारके कर्मोंकी सिद्धि आश्रय, स्वभाव और समुत्थान, इन तीन कारणोंसे होती है। यदि हम आश्रयका विचार करते हैं, तो एक ही कर्म ठहरता है क्योंकि सब कर्म काय पर आश्रित हैं। यदि हम स्वभावका विचार करते हैं, तो वाक्कर्म ही एक कर्म है, अन्य दोका कर्मत्व नहीं है क्योंकि काय, वाक् और मनस्, इन तीनमें से केवल वाक् स्वभावतः कर्म है। यदि हम समुत्थानका विचार करते हैं, तो केवल मनस्कर्म है क्योंकि सब कर्मोंका समुत्थान मनसे है।

सब कर्म उपचित[1] (संचित कर्म–क्रियमाणानि कर्माणि, आरब्धफलानि कर्माणि) नहीं होते। वही कर्म उपचित होता है जो स्वेच्छासे या बुद्धिपूर्वक (संचिन्त्य) किया जाता है। अबुद्धिपूर्वक कर्म, बुद्धिपूर्वक सहसाकृत कर्म, या वह कर्म जो भ्रान्तिवश किया जाता है, उपचित नहीं होता। भाष्याक्षेपसे अभ्यासवश जो मृषावादका अनुष्ठान होता है, वह अकुशल कर्म है, किन्तु यह उपचित नहीं होता। जो पाषाण देनेकी इच्छासे अव्याकृत[2] चित्त से सुवर्ण पिंड देता है, उसका कर्म उपचित नहीं होता। जो भ्रान्तिवश अपने पिता का बध करता है, वह उपचित कर्म नहीं करता।

जैन कर्मको पौद्गलिक (=भौतिक) मानते हैं। उनका मत है कि अबुद्धिपूर्वक किये काय-कर्मका भी समाप्तत्व है। उनके अनुसार यदि प्राणातिपात अबुद्धिपूर्वक किया गया हो तब भी कर्ताको अधर्म होता है, यथा अग्नि-स्पर्शसे दाह होता है। इस दृष्टान्तसे जब कोई अबुद्धिपूर्वक परस्त्रीका दर्शन या संस्पर्शन करता है, तो उसके लिये पापका प्रसंग होता है। जो निर्ग्रन्थका शिरोलुञ्चन करता है उसके पापका प्रसंग होता है। निर्ग्रन्थ-शास्ताका अधर्म-प्रसंग होता है क्योंकि वह कष्ट—तपकी देशना करते हैं। उस

अन्न-दाताका भी अधर्म-प्रसंग होता है जिसके अन्नसे निर्ग्रन्थको विषूचिका होती है और उसका मरण होता है। माता और गर्भस्थ जो अन्योन्य दुःखके निमित्त हैं, पापके भागी होंगे। बध्यके लिये भी अधर्म-प्रसंग होगा क्योंकि वह प्राणातिपात-क्रियासे अधिष्ठान या विषयके रूपमें सम्बद्ध है : यथा, अग्नि अपने आश्रयका दाह करती है। दूसरी ओर, जो दूसरेसे बध कराता है, उसके अधर्मका प्रसंग न होगा क्योंकि जब दूसरेसे अग्निका स्पर्श कराते हैं, तो उसका स्वयं दाह नहीं होता। क्योंकि जैन बुद्धि-विशेषकी अपेक्षा नहीं करते इसलिये अचेतन काष्ठादि द्रव्यके लिये प्राणातिपातके पापका प्रसंग होता है जब गृह-पातसे प्राणियोंका बध होता है। बौद्ध कहते हैं कि यदि आप इन दोषोंका परिहार चाहते हैं, तो आपको मानना होगा कि अहेतुक दृष्टान्त मात्रसे—अग्नि दृष्टान्तसे—आपके अर्थकी सिद्धि नहीं हो सकती। इसलिये बौद्ध कहते हैं कि बल या छलसे परस्वीकृतका आदान तभी अदत्तादान है जब जिसके द्रव्यका वह अपहरण करना चाहता है उसके विषय में उसे संज्ञा-विभ्रम नहीं होता।

शुद्ध मानसिक कर्म

१. कायिक-वाचिक कर्मके बिना ही मानसकर्म अपने अभीष्टकी प्राप्ति कर सकता है . . . कारण्यादिकी कथा है कि ऋषियोंके मनः प्रदोषसे वह निर्जन हो गये। उनके कोपसे दण्डकादि शून्य हो गये और महाजनका व्यापाद हुआ। यह मानसकर्मकी गुरुताको सिद्ध करता है। अतः भगवत् कहते हैं कि तीन दण्डों (कायदण्ड, वाग्दण्ड, मनोदण्ड—दण्ड=कर्म) में मनोदण्ड महासावद्य है और सर्व सावद्योंमें (आपोंमें) मिथ्यादृष्टि सर्वपापिष्ठ है। ऋद्धिमान् चेतोवशिप्राप्त श्रमण या ब्राह्मणकी चेतनाका बड़ा सामर्थ्य है।

२. मानसकर्म कभी अभिध्यादिमें रुचि है। सूत्रके अनुसार तीन मनोदुश्चरित हैं—अभिध्या, व्यापाद और मिथ्यादृष्टि[3]। सौत्रान्तिक मत है कि यह तीन मनस्कर्म हैं क्योंकि संचेतनीय सूत्रमें इनको कर्म कहा है। सौत्रान्तिक चेतनाको मनस्कर्म नहीं मानते। वैभाषिक कहते हैं कि उनका मत भ्रान्त है। अभिध्या स्वभावतः कर्म नहीं है क्योंकि अभिध्या परस्वके स्वीकरणकी विषम स्पृहा है। विषम उपायोंसे, अन्यायसे, बलसे या छलसे परस्वके स्वीकरणकी स्पृहा अभिध्या है। अतः यह क्लेश है। किन्तु क्लेश कर्म नहीं है। मनस्कर्म चेतनामात्र है। अतः अभिध्या कर्म नहीं है किन्तु कर्मपथ है। यह चेताख्य कर्मका पथ है। वास्तवमें जो चेतना इससे संप्रयुक्त होती है, वह अभिध्याकी गतिसे वाहित होती है क्योंकि अभिध्या-बलसे इसके अनुरूप यह अभिसंस्करण करती है।

इसी प्रकार व्यापादकी योजना करनी चाहिये। इसी प्रकार कुशल छन्द (२ कार्यकी इच्छा अभिप्रेत वस्तुके प्रति अभिलाष), विरति और वैराग्यकी योजना करनी चाहिये। जो चेतना वैराग्यके

अनुरूप अभिसंस्करण करती है वह योगी को अमुक अमुक धातुसे विरक्त करती है। वह चेतना महत्-फलकी देनेवाली है जिसके योगसे योगी समापत्ति[४]से विरक्त होता है, जिसके योगसे यह संप्रधारण कर कि यदि सर्वसंज्ञा अकुशल है तो संज्ञाका अभाव भी मूढ़ता है, वह 'नैवसंज्ञा ना संज्ञायतन'[५] की ओर अभिमुख होता है। इस चेतनासे योगी भवाग्र[६]में ८४००० कल्पकी आयुका लाभ करता है।

मैत्री भावना भी एक चेतना है या चेतना सन्तति है। मैत्री भावनामें कोई प्रतिग्राहक नहीं होता, परानुग्रह नहीं होता, तथापि मैत्री-चित्तके बलसे ही उसके लिये पुण्यका उत्पाद होता है। मैत्री-चित्तमें रुचिका होना ही मानस-कर्म है।

३. मिथ्यादृष्टि या सम्यक्-दृष्टिमें अभिनिवेशको भी चेतना कहते हैं। जिस चेतनाकर्मसे पुद्गल पुनर्भव और कर्मफलकी अपवादिका मिथ्यादृष्टिमें अभिनिविष्ट होता है, वह चेतना है।

इसी प्रकार भगवद्देशनाको श्रवण कर कि सर्व दुःख है, मैं उसमें श्रद्धा उत्पन्न करता हूं, मैं उसमें अभिनिविष्ट होता हूं, अन्तमें मेरी इस देशनामें रुचि होती है और मैं इस दुःख-सत्यका साक्षात्कार करता हूं। यह सब चेतनाख्य कर्म है।

कायकर्म—वाक्कर्म

१. स्थविरवादियोंके अनुसार सब कर्मचेतना मात्र हैं। मानसकर्म शुद्ध चेतना है! काय-वाक्-कर्म वह चेतना है जो काय और वाक्को समुत्थित करती है। 'कायकर्म' से अभिप्राय 'काय द्वारा विज्ञापन' से नहीं है किन्तु एक कायसंचेतना से है। यह संचेतना कायसे सम्बन्ध रखती है और कायको इङ्गित, प्रेरित करती है। सर्वास्तिवादियोंके अनुसार कायकर्म चेतनाकर्मसे समुत्थापित होता है। यह चेतयित्वा कर्म है। यदि प्राणातिपातकी चेतना नहीं है (मानस कर्म) तो प्राणातिपात (कायकर्म) नहीं है किन्तु प्राणातिपात प्राणातिपातकी चेतनासे अन्य है। यह एक चेष्टाविशेष है, कायसन्निवेश विशेष है जिससे सत्वके जीवनका अपहरण होता है। यही वाक्कर्मके लिए है। वाग्ध्वनि, वाग्विज्ञापन चेतनाकृत हैं, किन्तु यह चेतनासे भिन्न है।

२. ऋषियोंकी शुद्ध चेतनासे ही फल होता है, किन्तु सामान्यतः फलप्राप्तिके लिये चेतना को काय और वाक् का समुत्थान करना होता है।

शत्रुके प्राणातिपातकी चेतना और शत्रुका प्राणातिपात एक नहीं हैं। यदि मैं शत्रुका बध करता हूं, तो मैं उसका अधिक अपकार करता हूं; यदि मैं उसका केवल उपघात करता हूं तो कम अपकार करता हूं। मेरे द्वेषका भाव प्राणातिपातसे दृढ़ और सबल होता है। मानसिक पूजा और भक्तिसे मेरी

चित्त-सन्तति वासित होती है, किन्तु यदि मेरी भक्ति सक्रिय हो तो मेरा पुण्य अधिक हो। चार पुद्गल[७] (व्यक्ति) 'ब्राह्म पुण्य'का प्रसव करते हैं वह एक कल्प भर स्वर्गमें मोदन करते हैं। इसे 'ब्राह्म पुण्य' इसलिए कहते हैं क्योंकि ब्रह्म पुरोहितोंका आयुष्क एक कल्प है। जो अप्रतिष्ठित देशमें तथागतका शारीर स्तूप प्रतिष्ठित करता है, जो चातुर्दिश भिक्षु-संघको आराम-विहार प्रदान करता है, जो भिन्न संघका प्रतिसंधान करता है, वह ब्राह्मपुण्यका प्रसव करता है।

अतः कायविज्ञप्ति और वाग्विज्ञप्तिका सामर्थ्य चेतनासे पृथक् है।

कर्म परिपूरि—कर्मकी परिपूर्णता, समाप्तता

चेतना क्षणिक है किन्तु पौनः पुन्येन अभ्यासवश और काय-वाग्विज्ञप्तिका समुत्थान करनेसे इसकी गुरुता होती है। अन्य शब्दोंमें बहुचेतना वश कर्मकी गुरुता होती है। अतः परिसमाप्त और असमाप्त कर्ममें विशेष करना चाहिये।

कर्मकी परिपूर्णताके लिए इनकी आवश्यकता है :—

१. प्रयोग अर्थात् यह आशय कि मैं इस-इस कर्मको करूंगा (यह शुद्ध चेतना है। सूत्र इसे चेतना-कर्म कहता है। यहां चेतना ही कर्म है)।

२. मौल प्रयोग—तदनन्तर पूर्वकृत संकल्पके अनुसार कर्म करनेकी चेतनाका उत्पाद होता है। कायके संचालन या वाग्ध्वनिके निःसरणके लिए यह चेतना होती है। इस चेतनावश वह प्रयोग करता है। यथा एक सत्व पशुके मारनेकी इच्छासे अपने शयनसे उठता है, रज़त लेता है, आपणको जाता है, पशुकी परीक्षा करता है, पशुका क्रय करता है, उसे ले जाता है, घसीटता है, उसे अपने स्थानपर लाता है, उसके साथ दुर्व्यहार करता है। वह शस्त्र लेकर पशुको एक बार, दो बार प्रहार देता है। जबतक कि वह उसको मार नहीं डालता तबतक प्राणातिपातका प्रयोग रहता है।

३. मौल कर्मपथ—जिस प्रहारमें वह पशुका बध करता है अर्थात् जिस क्षणमें पशु मृत होता है उस क्षणकी जो विज्ञप्ति और उस विज्ञप्तिके साथ सहजात जो अविज्ञप्ति[८] होती है वह मौल कर्मपथ है। दो कारणोंसे वह प्राणातिपातके अवद्यसे स्पृष्ट होता है : प्रयोगतः और (प्रयोगके) फल परिपूरितः।

४. पृष्ठ—इसके अनन्तरके प्राणातिपातसे उत्पन्न अविज्ञप्ति-क्षण 'पृष्ठ' होते हैं, विज्ञप्ति-क्षणकी सन्ततिभी 'पृष्ठ' होती है। यथा पशुके चर्मका अपनयन करना, उसे धोना, तौलना, बेचना, पकाना, खाना, अपना अनुकीर्तन करना।

प्रयोग पूर्वकृत संकल्प और उसके अनुसार कर्म करनेकी चेतनाका उत्पाद है। यह स्वयं दूसरोंका अपकारक है। बधक पशुका बध करनेके पूर्व उसको पीडा पहुंचाता है। प्रयोग स्वयं प्रायः गरिष्ठ अवद्यसे परिपूर्ण होता है। यथा, जब एक पुरुष काम मिथ्याचारकी दृष्टिसे अदत्तादान या प्राणातिपात करता है।

'पृष्ठ' मौल कर्म पथका अनुवर्तन करता है। इसका महत्व है। यदि मैं हत शत्रुके विरुद्ध भी द्वेष करूं तो मैं द्वेष–भावकी वृद्धि करता हूं। जब पृष्ठका सर्वथा अभाव होता है, तो मौल कर्मका स्वभाव बदलता है। यदि मैं दान देकर कौकृत्य (पश्चात्ताप) करूं तो मेरे दानके पुण्य परिमाणमें कमी होती है।

बुद्धिपूर्वक किया हुआ कर्मही कर्म–पथ होता है। चेतनाके बिना कर्म नहीं होता। कर्म या तो चेतना है या चेतनाकृत है। अतः बुद्धिपूर्वक किया हुआ कर्मही कर्म–पथ होता है।

१. कर्म संपन्न करनेमें संज्ञा-विभ्रम

मूषक का बध करनेकी इच्छासे जो संज्ञा-विभ्रमके कारण अपने पिताका बध करता है वह पितृबध का आपन्न (दोषी) नहीं है।

जब कोई पर-परिगृहीताके साथ इस संज्ञा-विभ्रमके कारण संभोग करता है कि वह मेरी स्त्री है तो कर्म-पथ नहीं होता। एक दूसरे वस्तुपर विविध मत हैं।

जब कोई अमुककी स्त्रीको अमुक अन्यकी स्त्री करके ग्रहण करता है तो कर्म–पथ होता है या नहीं ? कुछके अनुसार 'हां', क्योंकि पर-परिगृहीता कर्मके प्रयोगका अधिष्ठान हुई है, पर-परिगृहीताका परिभोग भी है। दूसरोंके अनुसार 'नहीं' जैसा प्राणातिपातमें है जब आश्रयके विषयमें संज्ञा-विभ्रम होता है : प्रयोगकी वस्तु परिभोगकी वस्तु नहीं है।

यदि एक सत्व बध करता है और साथ साथ यह सन्देह करता है कि मैं सत्वको या किसी वस्तु को आघात पहुंचा रहा हूं, मैं अमुकको या किसी दूसरे को मार रहा हूं, तब क्या यह प्राणातिपात है ? इस सत्वको यह निश्चय होता है कि यह निश्चय ही वही है। इस निश्चयके साथ वह उपघात करता है। अतः उसका परित्याग (मारण चि)—चित्त होता है। इस परित्याग–चित्तके कारण उसका कर्म–पथ होता है। सन्दिग्ध होनेपर भी वह निश्चय करता है कि चाहे यह वह हो या अन्य, मैं मारूंगा।

२. प्रयोग और मौलकर्म

प्राणातिपात कर्म–पथके लिये मृत्यु होना आवश्यक है। यदि मैं बधकी इच्छासे किसी पशुका

उपघात करता हूं किन्तु वह मृत नहीं होता तो प्राणातिपात नहीं है। जिस प्रहारसे तत्काल या पश्चात् मृत्यु होती है वह प्रहार प्राणातिपातके प्रयोगमें सम्मिलित है। जिस क्षणमें पशु मृत होता है उस क्षणकी जो विज्ञप्ति और उस विज्ञप्तिके साथ सहजात जो अविज्ञप्ति होती है वह मौलकर्म-पथ है। अतः यदि मैं इस प्रकार प्रहार करूं जिसमें पशुकी मृत्यु हो जाय, और यदि उसकी मृत्यु तत्काल न हो और मैं उस पशुकी मृत्युके पहलेही मृत हो जाऊं तो मैं प्राणातिपातके प्रयोगसे 'स्पृष्ट' होकर मृत होता हूं किन्तु प्राणातिपातके मौल कर्म-पथसे 'स्पृष्ट' नहीं होता क्योंकि जिस क्षणमें मौल-कर्म सम्पन्न होता है मेरी पुनरुपपत्ति होती है, मैं अन्य होता हूं, मैं अब वह आश्रय नहीं हूं जिसने प्रयोग सम्पन्न किया है।

३. प्राणातिपातकी आज्ञापन विज्ञप्ति

प्राणातिपातकी आज्ञा प्राणातिपात नहीं है। प्राणातिपात तभी है जब आज्ञा का अनुसरण हो और यह उसी क्षणमें है जिस क्षणमें आज्ञाके अनुसार कार्य होता है। एक भिक्षु दूसरे भिक्षुसे अमुकका बध करनेके लिए कहता है। वह दुक्कट[९] (आपत्ति) करता है। दूसरा भिक्षु अमुकका बध करता है। उस समय दोनों भिक्षु एक गुरु अवद्यके आपन्न होते हैं। इससे उनकी भिक्षुता नष्ट होती है। द्वितीय भिक्षुको संज्ञाविभ्रम होता है और वह अन्यका बध करता है। उस अवस्थामें प्रथमका एक अपूर्व दुक्कट होता है, द्वितीयका गुरु अवद्य होता है। द्वितीय भिक्षु अमुककी हत्या यह समझकर करता है कि वह अन्य है जिसे वह स्वयं मारना चाहता है। यदि द्वितीय भिक्षु दूसरेका बध यह जानकर करता है कि यह अन्य है तो किसी प्रथम का उत्तरदायित्व नहीं है।

४. पुण्यक्षेत्र

उपकार और गुणके कारण क्षेत्र विशिष्ट होता है। यथा, माताको दिया दान विशिष्ट होता है। यथा, शीलवान्‌को दान देकर शतसहस्र विपाक होता है। सब दानोंमें मुक्तका मुक्तको दिया दान श्रेष्ठ है। इस प्रकार कर्मों की लघुता और गुरुता जाननेके लिए क्षेत्रका भी विचार रखना होता है। जैसे यह अल्प या महत् होते हैं वैसे कर्म भी अल्प या महत् होता है। पितृ-मातृ बध आनन्तर्य[१०] कर्म हैं। आनन्तर्यका आपन्न दृष्टधर्म (इस जन्म) के अनन्तर ही नरकमें प्रतिसन्धि ग्रहण करता है। किसी भिक्षुको दान देना पुण्य है; किसी अर्हत्‌को दिया गया दान महत् पुण्यका प्रसव करता है। अर्हत्-बध आनन्तर्य कर्म है।

गुणके कारण विशिष्ट आर्य पुण्य-अपुण्य के क्षेत्र हैं। इनमें किया कुशल या अकुशल महत्पुण्य या महत् अपुण्य का प्रसव करता है।

यदि मैं यज्ञदत्त (जो आर्य नहीं है) का बध करने की इच्छा से आर्य देवदत्त की हत्या करता हूं तो मैं आर्यके बधका आपन्न नहीं हूं क्योंकि आश्रयके विषयमें संज्ञाविभ्रम है। किन्तु यदि मैं बुद्धिपूर्वक, बिना भ्रमके, देवदत्तका बध करूं तो मैं आर्यके प्राणातिपातका आपन्न हूं यद्यपि मुझको उनकी आर्यता का ज्ञान न हो।

यदि मैं एक भिक्षुको जो वस्तुतः आर्य है, सामान्य भिक्षु समझ कर दान दूं तो मैं अमित पुण्य का भागी हूंगा। इसके विपरीत जो अपनेसे छोटे भिक्षुका, जिसके अर्हत-गुणकी वह उपेक्षा करता है, पराभव करता है, वह ५०० बार दास होकर जन्म लेता है।

इसीलिए आर्य अरणा समाधि (कोश, ७।३६) का अभ्यास करते हैं जिसमें उनके दर्शनसे किसीमें क्लेशकी उत्पत्ति न हो, जिसमें उनके लिए किसीमें राग, द्वेष, मानादि उत्पन्न न हों। वह जानते हैं कि वह अनुत्तर पुण्यक्षेत्र हैं। उनको भय है कि कहीं दूसरे उनको देखकर उनके विषयमें क्लेश न उत्पन्न करें (जो विशेषकर उनको हानि पहुंचावे)। उनकी अरणा समाधि का यह सामर्थ्य है कि दूसरों में क्लेश उत्पन्न नहीं होता।

अविज्ञप्ति

'विज्ञप्ति' वह है जो काय द्वारा या वाक्द्वारा चित्तकी अभिव्यक्तिको 'ज्ञापित' करती है। प्राणातिपात विरतिका समादान (ग्रहण) जिस वाक्यसे होता है वह वाग्विज्ञप्ति है। प्राणातिपातकी आज्ञा अर्थात् 'अमुक का बध करो' वाग्विज्ञप्ति है। काय का प्रत्येक कर्म कायविज्ञप्ति है।

१. जो पुद्गल प्राणातिपातकी आज्ञा देता है वह वाग्विज्ञप्तिका आपन्न है। जिस क्षणमें बधक बध करता है, वह काय विज्ञप्तिका आपन्न होता है, किन्तु हम कह चुके हैं कि प्रणातिपातकी आज्ञा देने वाला उस क्षणमें बध नामक कायिक विज्ञप्तिका आपन्न होता है। जिस क्षणमें उसकी आज्ञाका अनुवर्तन कर बध होता है। इस क्षणमें वह किस प्रकारका कर्म करता है? उस समय वह अन्य कार्यमें व्यापृत होता है। कदाचित् वह अपनी आज्ञाको भी भूल गया है। वह उस समय पापचित्तसे संप्रयुक्त नहीं है। अतः यह स्वीकार करना पड़ेगा कि बधके क्षणमें आज्ञा देनेवालेमें अविज्ञप्ति कर्मकी उत्पत्ति होती है। यह कुछ 'ज्ञापित' नहीं करता, तथापि वह विज्ञप्तिके समान वस्तु-सत् है। यह अविज्ञप्ति कायिक अविज्ञप्ति कहलाती है यद्यपि यह वाग्विज्ञप्ति (प्राणातिपातकी आज्ञापन विज्ञप्ति) से संभूत होती है क्योंकि यह कायविज्ञप्ति (बधकर्म) के क्षणमें उत्पन्न होती है।

२. जिस पुद्गलने प्रातिमोक्ष संवर[११] (विरति) का समादान किया है वह निस्सन्देह अन्यसे

भिन्न है। जिस भिक्षुने प्राणातिपात विरतिका समादान किया है वह उससे कहीं श्रेष्ठ है जो सुअवसर न पानेके कारण प्राणातिपातसे विरत है किन्तु जो अवसर पाने पर बध करेगा। निद्राकी अवस्थामें भी भिक्षु, भिक्षु ही रहता है।

अतः हम स्वीकार करते हैं कि 'मैं प्राणातिपातसे विरत होता हूं' यह वाग्विज्ञप्ति एक अविज्ञप्तिका उत्पाद करती है। यह विज्ञप्तिके सदृश दूसरेको कुछ विज्ञापित नहीं करती। इसका अनुबन्ध है। निद्रामें, समापत्ति[१२] और निरोध समापत्तिमें, विक्षिप्त चित्तमें भी इसकी वृद्धि होती रहती है। यह एक सेतु है जो दौःशील्य का प्रतिबन्धक है। इसी प्रकार जिसका व्यवसाय बध करना है वह सदा प्राणातिपात का अविज्ञप्ति कर्म करता रहता है।

भिक्षुकी अविज्ञप्ति 'संवर' है; बधिककी अविज्ञप्ति 'असंवर' है। व्रतसमादानसे 'संवर' का ग्रहण होता है। प्राणातिपातकी जीविका होनेसे असंवरका ग्रहण होता है। अथवा यदि कोई 'असंवरस्थ'के कुलमें जन्म लेता है या यदि प्रथम बार पाप कर्म करता है तब असंवरका ग्रहण होता है। इसके लिए कोई विधिपूर्वक असंवरका ग्रहण नहीं करता। सदा पाप क्रियाके अभिप्रायसे कर्म करनेसे असंवरका लाभ होता है।

३. क्या कोई बिना कायिक या वाचिक कर्मके, बिना किसी प्रकारका विज्ञापन किये, मृषावादावद्यसे स्पृष्ट हो सकता है ? हां, भिक्षु भिक्षु-पोषध[१३]में तूष्णीभावसे मृषावादी होता है। वस्तुतः भिक्षु-पोषधमें विनयधर प्रश्न करता है (अनुश्राव्) "क्या आप परिशुद्ध हैं ?" यदि भिक्षुकी कोई आपत्ति (दोष) है और वह उसे आविष्कृत नहीं करता और तूष्णीभावसे अधिवासना (अनुमोदन) करता है तो वह मृषावादी होता है।

किन्तु भिक्षु काय-वाक्से पराक्रम (आक्रमण, मारण) नहीं करता। इसलिए विज्ञप्ति नहीं है। और कायावचरी अविज्ञप्ति वहां नहीं हो सकती जहां विज्ञप्तिका अभाव है। इसका समाधान होना चाहिये। संघभद्र समाधान करते हैं। वह कहते हैं कि अपरिशुद्ध भिक्षु संघमें प्रवेश करता है, बैठता है, अपना ईर्यापथ कल्पित करता है। यह उसकी पूर्वविज्ञप्ति है, यह कायिक विज्ञप्ति मृषावाद की वाग् अविज्ञप्ति का उत्पाद उस क्षणमें करती है जिस क्षणमें वह उस स्थानपर खड़ा होता है।

४. केवल चेतना (आशय) और कर्म ही सकल कर्म नहीं हैं। कर्मके परिणामका भी विचार करना होगा। इससे एक अपूर्व कर्म, एक अविज्ञप्ति होती है।

अतः दान का पुण्य दो प्रकार का है : वह पुण्य जो त्यागमात्रसे ही प्रसूत होता है (त्यागान्वय पुण्य) और वह पुण्य जो प्रतिग्रहीता द्वारा दान-वस्तुके परिभोगसे संभूत होता है (परिभोगान्वय

पुण्य)। मैं एक भिक्षुको दान देता हूं। चाहे वह भिक्षु उस दानवस्तुका परिभोग न करे, चाहे वह दिये अन्नको न खाये, तथापि मेरा त्याग (जो विज्ञप्ति है) पुण्यका प्रसव करता है। किन्तु यदि भिक्षु दान-वस्तु का परिभोग करता है और उपकृत हो उसमें समापत्तिमें प्रवेश करने की शक्ति उत्पन्न होती है, तो इससे एक अविज्ञप्ति का उत्पाद होता है जिसका पुण्य दानकृत अनुग्रहकी मात्रानुसार होता है। कथावत्थु ७।५ में कहा है कि परिभोग मय पुण्यकी वृद्धि होती है।

दैव और पुरातन कर्म

कर्म चेतना तथा चेतनाकृत शरीर चेष्टा और वाग्ध्वनि है। इससे कर्म-स्वातन्त्र्यका स्वभाव प्रगट होता है। कर्म मानस, कायिक और वाचिक है, कर्मके यह प्राचीन भेद हैं, यह भी यही सिद्ध करते हैं।

किन्तु सब इस स्वातन्त्र्यको नहीं मानते। ईश्वरवादी यह कहते हैं कि ईश्वर सत्वोंके कर्मोंका विधायक है। नियतिवादी कहते हैं कि दैव जीवको कर्ममें नियोजित करता है, जैसे, वह सुख-दुखका देने वाला है। दैव क्या है? या तो यह यदृच्छा है: हमारे कर्म अकारण होते हैं, या यह पुरातन कर्म है (बोधिचर्यावतार ८।८१-दैवं पुरातनं कर्म) इस जन्मके हमारे कर्म पूर्वजन्मकृत कर्मोंके फल हैं।

किन्तु यदि हम स्वतंत्र नहीं हैं, तो हम पाप क्रिया नहीं कर सकते और यदि यदृच्छावश, ईश्वरेच्छावश, पुरातन कर्मवश हमारे कर्म होते हैं तो हम स्वतंत्र नहीं हैं।

जातक माला (२३) में निम्न पांच वादोंका निराकरण है, सब अहेतुक है, सब ईश्वराधीन है, सब पुरातन कर्मके आयत्त है, पुनर्जन्म नहीं है, वर्ण धर्मका सबको पालन करना चाहिये।

किन्तु अपने प्रतिवेशीके स्वातंत्र्यमें विश्वास नहीं करना चाहिये। अंगुत्तर (३, ८६) के अनुसार "जब एक भिक्षु किसी सब्रह्मचारीको अपने प्रति अपराध करते देखता है, तो वह विचारता है कि यह 'आयुष्मान्' जो मेरा आक्रोश करता है, पुरातन कर्मका दायाद है।"

बुद्धि और चेतना

हमने कहा है कि कर्म मुख्यतः चेतना है। सर्वास्तिवादियोंके अनुसार छन्द, (=कर्तुकाम्यता या अनागतकी प्रार्थना) मनसिकार (चित्त का आभोग, आलम्बनमें चित्तका आवर्जन, अवधारण) और अधिमोक्ष (आलम्बनका गुणावधारण) चेतनाके सहभू हैं। इनमें व्यायाम, निश्चय और अध्यवसाय जोड़िये। इनमें वितर्क जोड़िये जो छंदके अनंतर उत्पन्न होता है और जो कभी चेतनाका प्रकार विशेष है और कभी प्रज्ञाका प्रकार विशेष है।

सर्वास्तिवादियोंके अनुसार चेतना एक चैत्त है अर्थात् चित्त सहगत धर्म है। किन्तु पंचेन्द्रिय विज्ञान (चक्षुर्विज्ञान ··· कायविज्ञान) में चेतना अत्यधिक दुर्बल होती है और मनोविज्ञानमें पटु होती है। मनोविज्ञान आलम्बन और आलम्बनका नाम दोनों जनता है। यह मनोविज्ञान है जो चक्षुर्विज्ञान से अभिसंस्कृत हो वर्णोंकी ओर प्रवृत्त होता है और इन्द्रियविज्ञानसे पृथक स्मृति विषयकी ओर प्रवृत्त होता है। यह चेतना है, यह सर्व चित्तगत है।

किन्तु सब मनोविज्ञान चेतना नहीं है। जिस चेतनाको भगवत 'मानसकर्म' कहते हैं, वह विशेष प्रकारका मनोविज्ञान है।

यह एक मनसिकार है जो चित्त और कर्मका अभिसंस्कार करता है। चेतना चित्तको आकार विशेष प्रदान करती है और प्रतिसन्धि (=उपपत्ति) विशेषके योग्य बनाती है। क्लेशका विपाक तभी होता है जब यह चेतनाका समुत्थापक होता है। चेतना कर्मका अभिसंस्कार करती है। इसीके कारण शरीर चेष्टा शुभ या अशुभ होती है। जब प्राणातिपात चेतना, संचेतना या अभिसंचेतनासे उत्पादित होता है, तब इसका विपाक नरकोपपत्ति होता है। बुद्धिपूर्वक होनेसे ही कर्म अभिसंस्कृत होता है।

यदि कोई यह समझकर कि वह धान्य दे रहा है, सुवर्ण देता है, तो सुवर्णका दान तो हुआ किन्तु यह सुवर्णदानके कर्ममें अभिसंस्कृत नहीं होता क्योंकि सुवर्णदानकी चेतनाका अभाव है।

प्रत्येक कर्मके लिए एक मनसिकार चाहिये। एक इष्टविषय दृष्टिगोचर होता है। मैं वीतराग नहीं हूं। रागानुशयका[१२] समुदाचार होता है। मैं उस वस्तुके लिए प्रार्थना करता हूं। यदि मैं सहसा बिना विचार किये उसको ग्रहण करता हूं, तो यह कर्म नहीं है क्योंकि कोई चेतना नहीं है। आलम्बनमें मेरे चित्तका आवर्जन होता है। मैं उपनिध्यान करता हूं। यह दो प्रकारका है :—

१. योनिशो-मनसिकार—अनित्यको अनित्य, अनात्मको अनात्म, अशुभको अशुभ, इस सत्यानुलोमिक नयसे चित्तका समन्वाहार, आवर्जन, योनिशो-मनसिकार है (योनि = पथ)।

२. अयोनिशो-मनसिकार (उत्पथ)—अनित्यको नित्य इत्यादि नयसे चित्तका उत्पथ आवर्जन है। पहले मैं इष्टविषयके यथार्थ स्वभावका संतीरण[१४] होता है। तदनन्तर जो कर्म होता है वह कुशल है। दूसरे पक्षमें मनसिकार उत्पथ है, कर्म भी अकुशल है।

आत्माका प्रतिषेध

१. पुद्गल चित्त-सन्तान है। आत्मा नामका कोई द्रव्य नहीं है। केवल पंचस्कन्ध है, शरीरेन्द्रिय—वेदना—विज्ञान—समूह है।

मरणके अनन्तर चित्त-सन्तति नवीन प्रतिसंधि ग्रहण करती है। संक्रान्ति नहीं है, पुनर्भव मात्र है।

२. इससे यह परिणाम निकलता है कि 'कर्म' है, विपाक है किन्तु किसी कारकका अस्तित्व सिद्ध नहीं होता जो इन स्कन्धोंका निक्षेप करता है और अन्य स्कन्धोंका उपसंग्रहण करता है।

लोकमें कर्म और कर्त्ताकी संज्ञा है। वैयाकरणभी मानते हैं। कि कर्त्ता स्वतन्त्र है। लोग कहते है कि देवदत्त स्नान करता है। किन्तु देवदत्त सामग्री है, वह सशरीरेन्द्रिय चित्त-सन्तान है। देवदत्त प्रज्ञप्तिसत् है।

कुशल-अकुशल मूल

१. शुभ-अशुभका साधन और लक्षण

क शुभ और अशुभ कर्मका फल

कुशल (शुभ) कर्म क्षेम है क्योंकि इसका इष्ट विपाक है और इसलिए यह एक कालके लिए दुःखसे परित्राण करता है (कुशल सास्रव)। अथवा यह निर्वाण प्रापक है और इसलिए दुःखसे अत्यन्त परित्राण करता है (अनास्रव कुशल)। अकुशल (अशुभ) कर्म अक्षेम है। इसका अनिष्ट विपाक है।

लौकिक शुभ कर्मका पुण्यविपाक[११] होता है। इसका विपाक सुख, अभ्युदय और सुगति है।

लोकोत्तर कर्म अनास्रव है। अतः पुण्य-अपुण्यसे रहित है अर्थात् अविपाक है। यह हित, परम पुरुषार्थ अर्थात् दुःख की अत्यन्त निवृत्तिका उत्पाद करता है। यह निर्वाण परमतः शुभ है क्योंकि यह रोगके अभावके समान सर्वथा शान्त है (यह शुभ है क्योंकि यह राग-द्वेष और मोह का विनाश है)।

अतः जिसका दुःख विपाक है, वह अकुशल है; जिसका सुख विपाक है या जिसका विपाक निःश्रेयस है (स्वर्ग, ध्यानलोक, निर्वाण) वह कुशल है। सम्यक्दृष्टि जो निर्वाण प्रापक है, शुभ है क्योंकि यह सत्य है : यह निर्वाणका आवाहन करती है क्योंकि यह सत्य है। वैराग्य जो ध्यानोपपत्तिका उत्पाद करता है, शुभ है क्योंकि जिन वस्तुओंसे योगी विरक्त होता है, वह औदारिक (=स्थूल) पृथग्जनोचित (पृथग्जन आर्येतरको कहते हैं) और दुःखपूर्ण है। पुण्य कर्म जो स्वर्गका उत्पाद करता है, इसलिए शुभ नहीं है कि वह स्वर्गका उत्पाद करता है किन्तु इसलिए कि वह धर्मताके (धर्मों की अनादिकालिक शक्ति) यथार्थ ज्ञानकी अपेक्षा करता है, क्योंकि यह द्वेष तथा परस्वहरणकी इच्छा से रहित है। पुनः दुःख का उत्पाद करना अकुशल कर्मका स्वभाव ही है। दानके फलका भोग परलोकमें होता है, यह बुद्ध जानते हैं।

ख. कुशल अकुशल मूल—

कुशल मूल आत्मतः कुशल हैं। इनसे संप्रयुक्त चेतना और चित्त संप्रयोगतः कुशल हैं। आत्मतः कुशल या संप्रयोगतः कुशल धर्मों से जिनका समुत्थान होता है, ऐसे कायकर्म, वाक्-कर्मादि उत्थानतः कुशल हैं। लोभ, द्वेष, मोह अकुशल मूल हैं। अलोभ, अद्वेष, अमोह कुशल मूल हैं।

मोह, विपर्यास, मिथ्याज्ञान, दृष्टि है। अमोह इसका विपर्यय है। यह सम्यक्दृष्टि, विद्या, ज्ञान, प्रज्ञा है। अलोभ लोभका अभाव नहीं है, अद्वेष द्वेषका अभाव नहीं है। यथा अमित्र 'शत्रु' को कहते हैं, अनृत 'असत्य' को कहते हैं, इसीप्रकार अलोभ लोभ का प्रतिपक्ष है, अद्वेष द्वेषका प्रतिपक्ष है। इसी प्रकार अविद्या विद्या का प्रतिपक्ष है, विद्या का अभाव नहीं है।

मूलत्रय का सम्बन्ध—लोभ और द्वेषका हेतु मोह है। हम राग-द्वेष केवल इसलिए करते हैं क्योंकि इष्ट-अनिष्टके स्वभावके विषयमें हमारा विपर्यास है। किन्तु पर्यायसे राग-द्वेष भी मोहके हेतु हैं : जो पुद्गल राग-द्वेष वश पापकर्म करता है, उसका विश्वास होता है कि पुनर्जन्ममें पाप का दुःख विपाक नहीं होता। मोहदृष्टिसे कर्मका आरम्भ नहीं होता किन्तु जो पुद्गल पापकर्मके विपाकमें प्रतिपन्न नहीं है, वह राग या द्वेषवश अवश्य करेगा।

मूलों का समुच्छेद—सब पुद्गल पुद्गलभावके कारण कुशल-अकुशलके भव्य हैं क्योंकि उनमें कुशल-अकुशल मूलकी 'प्राप्ति[१७]' है। यह बात नहीं है कि इन सब मूलोंका सदा समुदाचार होता रहता है किन्तु बाह्य प्रत्ययवश (यथा, इष्ट या अनिष्ट वस्तुका दर्शन) इनका समुदाचार नित्य हो सकता है। हम उन पुद्गलोंका वर्जन करते हैं जिनके कुशल-अकुशल मूलका समुच्छेद हुआ है :

१. कतिपय कर्म या लौकिक ध्यानसे योगी अकुशल मूलोंका तात्कालिक समुच्छेद करता है। निर्वाण मार्गसे वह इनका आत्यन्तिक समुच्छेद करता है।

२. मिथ्यादृष्टिवश कुशल मूलका समुच्छेद होता है, किन्तु समुच्छिन्न कुशलमूलका पुनरुत्पाद होसकता है। इसीलिए कुशल-अकुशलसे बलवत्तर है।

द्वेष–अद्वेष

द्वेष सदा अकुशल है। द्वेष कर्मोंका विपाक दुःखमय होता है। द्वेष तथा ईर्ष्या, क्रोध और तज्जनित सर्वक्लेश प्राणातिपात, उपघात, पारुष्य, पैशुन्यका मूल है। अतः इससे परका विघात दुःख होता है। अवद्य वह है जो दूसरेका अपकारक है।

द्वेष अकुशल है क्योंकि यह उसका अपकारक है जो द्वेष करता है। यह चित्त का दूषक है।

द्वेष दोष है। जो द्वेष या ईर्ष्या करता है वह स्वयं दुःखी होता है : वह स्वभावतः दौर्मनस्यसे संप्रयुक्त है।

अतःद्वेष उस समय भी अकुशल है जब वह परापकार नहीं करता। क्रोध सत्व (जीव) असत्वके विरुद्ध आघात (चित्त प्रकोप) है।

अद्वेष्य प्राणातिपातादिसे विरति है; यह क्षान्ति है।

इसके अन्तर्गत दान, सुनृतावाक्, लोकसंग्रहके कार्य, संघ सामग्री, (संघको समग्र रखना, उसमें भेद न होने देना) मैत्री भावनादि (मैत्री, करुणा, मुदिता, उपेक्षा ये चार ब्रह्म विहार हैं) है। सामान्य आर्योंकी मैत्री अद्वेष है। बुद्धकी मैत्री लोकोत्तर प्रज्ञा है और अमोह स्वभाव है।

लोभ-अलोभ

लोभ अकुशल मूल है। अलोभ या निर्वेद, विराग कुशलमूल है।

लोभ वह छन्द है जो दूसरेके दुःखका हेतु होता है। अभिध्या, अदत्तादान, और काममिथ्याचार लोभज हैं। ईर्ष्या, पैशुन्य, प्राणातपात और द्वेष हेतुक सर्व अवद्य अप्रत्यक्षरूपसे लोभसे प्रवृत्त होते हैं

१. अतः लोभ रागसे अन्य है। राग तभी अकुशल होता है और दुःख विपाक का उत्पाद करता है, जब यह सावद्य होता है। या तो यह दूसरे का अपकार करता है (यथा, परस्त्री गमन, मांसाहारके लिए पशुबध) या वह अपना ही अपकार करता है, यथा, मद्यपान करनेवाला जो शिक्षापदों (अदत्ता दातादि दश शिक्षापद हैं) की रक्षा नहीं करता। अथवा वह ह्री[१८]के नियमोंका भंग करता है (अपनी स्त्रीके साथ अयोनि मार्गसे, अयुक्त स्थानमें, अकालमें संभोग)। वस्तुतः यदि सब अकुशल कर्म ऐहिक सुखके लिए किया जाता है तो इसका विपर्यय ठीक नहीं है। कुछ कामसुख उचित हैं। इनका परिभोग ह्री और अपत्रायप्य[१९] की हानिके बिना हो सकता है।

यदि कतिपय कामावचर कामसुखमें राग मना नहीं है, तो अनागत जन्मके सुख, स्वर्गके सुखमें अनुरक्त होना और भी मना नहीं है। यह राग शुभ है क्योंकि यह पुण्य कर्मका हेतु है। किन्तु यह काम राग है, इसलिए यह समाधि, ध्यान तथा सत्वदर्शन द्वारा निर्वाण मार्गके प्रवेशमें प्रतिबन्ध है।

२. समापत्ति—राग और ध्यान लोकोपपत्ति-सुखमें रागकाम सुख नहीं है किन्तु भवराग है। दो उर्ध्व धातुओंके प्रति जो राग होता है, उसके लिए ही भवराग संज्ञा है। इसे भवराग इसलिए कहते हैं क्योंकि इसकी अन्तर्मुखी वृत्ति है और इस संज्ञा की व्यावृत्तिके लिए भी यह दो धातु मोक्ष हैं, इसे भवराग कहते हैं। यह राग शुभ है। इसे लोभ नहीं कहना चाहिये। यद्यपि यह तृष्णा है। यह कुशल धर्मच्छन्द है क्योंकि काम सुखसे यह विरक्त है।

३. अलोभ, विराग, आत्यन्तिक रूपसे सदा कुशल मूल है। यह काम-सुख, समापत्ति तथा निर्वाण-मार्गसे भी वीतराग होता है।

४. निर्वाणका प्रतिलाभ लोभके निरोधसे होता है। निर्वाणकी इच्छा करना क्या लोभ नहीं है? आगम कहता है कि निर्वाण-मार्गका भी प्रहाण करना चाहिये। इसका अर्थ यह है कि जो वैराग्य निर्वाणका आवाहन करता है, उसमें राग नहीं होना चाहिये।

मार्ग कीलोपम (कील Raft, तमेड़) है। उसका अवश्य त्याग होना चाहिये किन्तु निर्वाणका त्याग नहीं होना चाहिये। निर्वाण प्रणिधि, छन्द और व्रतका आलम्बन है। वस्तुतः निर्वाणकी इच्छा अन्य इच्छाओंसे भिन्न है। इसे 'लोभ या तृष्णा' नहीं कहना चाहिये। अन्य इच्छाएं स्वार्थपर होती हैं। उनमें ममत्व होता है। निर्वाणकी इच्छा ऐसी नहीं है। न यह भव-तृष्णा है, न विभव तृष्णा है। क्योंकि यद्यपि निर्वाण वस्तुसत् है तथापि परिनिर्वृत (जिसका परिनिर्वाण हो गया है) के लिए यह नहीं कहा जा सकता कि उसका अस्तित्व है या उसका अस्तित्व नहीं है। निर्वाण अनिमित्त है। यह वस्तुनिरभिलाप्य अनिर्वचनीय स्वभाव है।

मोह और सम्यक्दृष्टि

धर्म परिचय प्रज्ञा—

तृतीय अकुशल मूल मोह है। अमोह, सम्यक्दृष्टि, धर्मप्रविचय,[२०] प्रज्ञाका यह प्रतिपक्ष है।

मोह और अज्ञानमें विशेष करना चाहिये। मोह क्लिष्ट अज्ञान है। यह द्वेष और रागका हेतु है किन्तु अज्ञान अक्लिष्ट हो सकता है, यथा, आर्योंका अज्ञान। केवल बुद्धने ही अक्लिष्ट अज्ञानका सर्वथा अत्यन्त विनाश किया है। अन्य बुद्ध-धर्मोंको, अतिविप्रकृष्ट, देश और कालके अर्थोंको तथा अर्थोंके अनन्त प्रभेदोंको नहीं जानते। आर्य वस्तुओंके सामान्य लक्षणों (उनकी अनित्यता आदि) को जानते हैं और इसी अर्थमें बुद्धने कहा है कि "मैं कहता हूं कि यदि एक धर्मका भी अभिसमय (सम्यक्ज्ञान) न हो तो निर्वाणका प्रतिलाभ नहीं हो सकता।" किन्तु बहुत कम वस्तुओंके स्वलक्षणका उनको ज्ञान होता है। कुछ तीर्थिकोंका मत है कि बुद्धकी सर्वज्ञताका केवल इतना अर्थ है कि यह सर्वज्ञता मोक्ष विषयक ही है।

सर्वमोह क्लिष्ट है किन्तु सर्वमोह अकुशल, पापिकादृष्टि नहीं है। मोह अकुशल है जब उसका स्वभाव अपुण्य कर्मका उत्पाद करना है।

इसी प्रकार सम्यक्दृष्टि जो मोहका प्रतिपक्ष है, कई प्रकारका है। सामान्य जनकी सम्यक्

दृष्टि आंशिक होती है। वह प्रधानतः पुनर्जन्म और कर्म-विपाकमें विश्वास करते हैं। विविध आर्योंको अधिक या कम सत्वदर्शनकी प्राप्ति होती है। लौकिक दृष्टिके चार प्रकार हैं। उनके अनुरूप सम्यक् दृष्टिके भी चार प्रकार हैं।

अकुशल मोह जो अपाय गति (दुर्गति नरक, प्रेत, तिर्यक् और असुर अराय गति है) का उत्पाद कहते हैं इस प्रकार है : मिथ्या दृष्टि,

२. शीलव्रतपरामर्श।

मोह एक है जो अकुशल नहीं है : आत्मप्रतिपत्ति।

अकुशल मोहमें सबसे प्रथम स्थान मिथ्यादृष्टिका है। सब दृष्टियां जो मिथ्या प्रवृत्त हैं, मिथ्यादृष्टि हैं किन्तु मिथ्यादृष्टिको ही यह संज्ञा प्राप्त है क्योंकि यह सबकी अपेक्षा अधिक मिथ्या है यथा, अत्यन्त दुर्गन्धको दुर्गन्ध कहते हैं। यह नास्ति दृष्टि है; यह अपवादिका दृष्टि है जो दुःखादि सत्य वस्तुसत्का अपवाद करती है। अन्य दृष्टियां समारोपिका हैं। बौद्ध उसको नास्तिक कहते हैं जो कहते हैं कि "न दान है, न हुष्टि, न हुत, न शुभ कर्म, न अशुभ कर्म, न माता, न पिता, न यह लोक है, न परलोक है; औपपादुक-सत्व (जिसकी उत्पत्ति रज-वीर्यसे नहीं होती) नहीं है, अर्हत नहीं है।" किन्तु अपवादोंमें सबसे बुरा हेतु फलका अपवाद है। "व कुशलकर्म है न अकुशल कर्म है।" यह हेतुका अपवाद है। "कुशल कर्मका विपाक-फल नहीं है" यह फलका अपवाद है। मिथ्यादृष्टि अकुशल क्यों है ? वस्तुतः अकुशल वह है जो नरक यातनाका उत्पाद करता है, जो परापकार करता है। कारण यह है कि जो पुद्गल पापके फलमें विश्वास नहीं करता, वह सर्व अवद्यके करनेको प्रस्तुत रहता है। उसकी ह्री और अपत्राप्यकी हानि होती है।

मिथ्यादृष्टि कुशल मूलका समुच्छेद करती है। अधिमात्राधिमात्र कुशलमूल प्रकार मृदु मृदु मिथ्या दृष्टिसे समुच्छिन्न होता है और इसी प्रकार मृदु मृदु कुशल मूल प्रकार, अधिमात्राधिमात्र, मिथ्या-दृष्टिसे समुच्छिन्न होता है। कुशल मूलोंका अस्तित्व तब तक रहता है, जब तक उनका समुच्छेद नहीं होता। नारकीय सत्व जन्मसे पूर्वजन्मकी स्मृति रखते हैं। पश्चात् वह दुःख वेदनासे अभ्याहत होते हैं। अतः उनमें कर्तव्य-अकर्तव्यकी बुद्धि नहीं होती। उनकी मिथ्या दृष्टि भी नहीं होती जो कुशल मूलका समुच्छेद करती है क्योंकि अपायिकों (दुर्गतिको प्राप्त होनेवालों) की प्रज्ञा चाहे क्लिष्ट हो या अक्लिष्ट दृढ़ नह होती। कुछका ऐसा मत है कि स्त्रियां भी मूलच्छेद नहीं करतीं क्योंकि उनके छन्द और प्रयोग मन्द होते हैं। पुरुषोंमें केवल दृष्टिचरित छेद करता है, तृष्णाचरित नहीं क्योंकि दृष्टिचरितका आशय पाप, गूढ़ और दृढ़ होता है और तृष्णाचरितका आशय चल है। इसी प्रकार षण्ढादि कुशल मूलका समुच्छेद नहीं

करते क्योंकि वह तृष्णाचरित पक्षके हैं क्योंकि उनकी प्रज्ञा अपायिकोंके तुल्य दृढ़ नहीं होती। देव भी समुच्छेद नहीं करते क्योंकि उनको कर्मफलका प्रत्यक्ष होता है। अचिरोपपन्न देवपुत्र विचारता है कि "कहांसे मैं च्युत हुआ ? कहां उपपन्न हुआ हूं ? और किस कर्मसे ?" वह मिथ्यादृष्टिमें पतित नहीं होता। जिसने कुशल मूलका समुच्छेद किया है वह कुशलके अभव्य है। वह द्वेष और अकुशल छन्दमें अभिनिविष्ट होता है। किंतु उसमें इस विचिकित्सा या विमतिका उत्पाद होता है कि कदाचित् अवद्य है, कदाचित् कर्मका विपाक है अथवा उसको यह निश्चय होता है कि अवद्य है और हेतु-फल अवश्य होते हैं। तब कुशलमूल प्रतिसंहित होते हैं।

किंतु जिस आनन्तर्यकारीने कुशलमूलका समुच्छेद किया है वह दृष्टधर्म (इस जन्म) में कुशलमूलका ग्रहण करनेके लिए अभव्य है। किंतु वह नरकसे च्यवमान हो या नरकमें उपपद्यमान हो अवश्य ही उनसे पुनः समन्वगत होगा। दो प्रकार हैं : एक वह जिसने स्वतः मिथ्यादृष्टिका सम्मुखी भाव किया है; दूसरा वह जिसने अयथार्थ शास्ताका अनुसरणमात्र किया है।

शीलव्रत-परामर्श

अहेतुमें हेतुदृष्टि, अमार्गमें मार्ग दृष्टि, शीलव्रत-परामर्श है। अर्थात् महेश्वर, प्रजापति या किसी अन्यको जो लोकका हेतु नहीं है लोकका हेतु मानना : अग्निप्रवेश या जलप्रवेश इन आत्महत्याके अनुष्ठानोंके फलको स्वर्गोपपत्ति मानना; शीलव्रत-मात्रकको जो मोक्ष मार्ग नहीं है मोक्ष मार्ग अवधारित करना तथा योगी और सांख्योंके ज्ञानको जो मोक्षमार्ग नहीं है मोक्ष मार्ग मानना, एवमादि। जो दृष्टि शीलव्रत मात्रकमें बहुमान प्रदर्शित करती है वह दृष्टि शीलव्रतपरामर्शकहलाती है।

यह दृष्टि दूसरेका अपकार करती है (यथा पशुयज्ञमें), अपना अपकार करती है (यथा, गोशील, श्वानशीलके समादानके कष्ट, आत्महत्याका कष्ट)। किंतु इसका सबसे अधिक दोष यह है कि यह स्वर्ग और निर्वाणके द्वारको पिनद्ध करता है क्योंकि यह अमार्गको मार्ग अवधारित करता है। सत्कायदृष्टि आदिमें प्रवृत्त जो संघकी सामग्रीका भेद करता है, वह आनन्तर्यकार्य है और वह कल्प भर अवीर्यमें विपत्यमान होता है।

शीलव्रत परामर्शके कुछ उदाहरण

(क) यह समझना कि प्रार्थना और तीर्थयात्रासे पुत्र-लाभ होता है मूर्खता है। यदि प्रार्थना पर्याप्त होती तो प्रत्येकके चक्रवर्ती राजाके तुल्य सहस्र पुत्र होते। तीन हेतु हों तो गर्भावक्रान्ति होती है: माता नीरोग और ऋतुमती हो, माता-पिता मैथुन-धर्म करें और गंधर्व प्रत्युपस्थित हो।

(ख) यह समझना कि मृतक-संस्कार, स्तोत्र-पाठ आर मंत्र-जपसे मृतको स्वर्गका लाभ होता है, घोर मूर्खता है।

(ग) स्नानसे पापका अपकर्षण नहीं होता। यदि जलसे पापच्छालन होता तो मकरोंकी स्वर्ग में उत्पत्ति होती (थेरगाथा, २३९)। "जलसे शुद्धि नहीं होती। वही शुद्ध यथार्थ ब्राह्मण है, जो सत्यवादी है।" (उदान १, ९)। किसीने बुद्धसे पूछा : क्या आप बाहुका नदीमें स्नान करते हैं ?

बुद्ध : बाहुकामें स्नान करनेसे क्या होगा ?

यह पुण्य और मोक्षकी देनेवाली नदी है। बहुजन उसमें स्नान करके अपने पापोंका प्रच्छालन करते हैं। किन्तु बुद्ध कहते हैं कि पवित्र नदियोंमें स्नान करनेसे किल्बिष करने वाला मनुष्य शुद्ध नहीं होता। जो शुद्ध है, उसका सदा उपोसथ है, उसका व्रत सदा सम्पन्न होता है। हे ब्राह्मण, गया जाकर क्या होगा ? तुम्हारे लिए कूप ही गया है। यहीं स्नान करो। सर्व भूतोंका क्षेम करो, मृषावाद न करो, प्राणकी हिंसा न करो, श्रद्धायुक्त और मात्सर्यरहित हो (मज्झिम १ पृ० ३९)।

मोक्ष और विशुद्धिके उपाय हैं जिनका प्रयोग श्रमण और प्रव्रजित करते हैं। अन्य तीर्थिक बाहवक गोशील, श्वानशील आदिका समादान करते हैं। वह तृण चरते हैं, विष्ठा खाते हैं, इत्यादि। अन्य अंगच्छेद, जलाग्नि-प्रवेश, पर्वत-निपात, अनशन-मरण आदि कष्टप्रद अनुष्ठान करते हैं। इनसे स्वर्गोपपत्ति या मोक्षका लाभ नहीं होता। इनसे नारक दुःख ही होता है। संघाटि धारण मात्रसे श्रमण नहीं होता, अचलेकमात्रसे श्रमण नहीं होता। (मज्झिम-निकाय, १।२८१)

किंतु शुभमंगल, व्रत, अनुष्ठानका कुछ उपयोग है। कतिपय विद्याओंसे ऋद्धिका प्रतिलाभ होता है। इनसे परचित्तका ज्ञान होता है, ऋद्धि प्रातिहार्य (तिलस्म) होता है, अभिज्ञायोंकी सिद्धि होती है। किंतु यह अकुशल है बुद्धने कुछ अनुष्ठानोंको गर्हित बताया है यथा अचेलक रहना, श्वानशीलका समादान करना। यदि शीलव्रतको मोक्षका साधन समझे तो सब प्रकारके शीलव्रत निंन्द्य हैं किन्तु चित्त संशोधनके लिए तथा निर्वाणके लिए कई अनुष्ठान आवश्यक हैं। वह भिक्षु प्रशंसाका पात्र है जो कहता है कि "मैं इस पर्यंक आसनको भिन्न नहीं करूंगा जब तक मैं आस्रवोंसे चित्तको विमुक्त न कर लूंगा।" (मज्झिम निकाय १।२१९) बौद्ध धर्ममें जल प्रवेश, अग्नि प्रवेश, अनशन मरण मना है।

हम यहां अनेक मिथ्या दृष्टियोंको गिनाते हैं जो शीलव्रत परामर्श और दृष्टि परामर्शके अन्तर्गत हैं। वसुबन्धु विभाषाके अनुसार मोहज प्राणातिपात, अदत्तादानादि का उल्लेख करते हैं। यथा पशुयज्ञको एक धार्मिक अनुष्ठान समझ कर पशु वध करना, यथा धर्म पाठकोंके अधिकारसे राजा दुष्टोंके स्वका अपहरण करता है, बहुतसे लोग विश्वास करते हैं कि सर्प वृश्चिकादिके वधकी आज्ञा है क्योंकि यह पशु

अपकारक हैं। वह समझते हैं कि आहारके लिए वन्य पशु गो-वृषभ, पक्षी, महिषको मारनेमें पाप नहीं है कुछ जातियोंमें यह विश्वास है कि वृद्ध और व्याधित माता पिताके बधसे पाप नहीं होता किंतु पुण्य होता है क्योंकि मरणसे उनको अभिनव और तीक्ष्ण इन्द्रियोंका लाभ होगा। ब्राह्मण यज्ञके लिए पशुका बध करते हैं और विश्वास करते हैं कि पशुकी स्वर्गमें उपपत्ति होती है। उनके धर्मपाठक कहते हैं कि दुष्टोंको दण्ड देना राजाका मुख्य पुण्य कर्म है। वह स्तेय और मृषावादको युक्त सिद्ध करते हैं। वह कहते हैं कि "उपहासमें, स्त्रियोंसे, विवाहमें, भयमें मृषावाद अवद्य नहीं हैं।" यह सब अज्ञानवश पापाचरण करते हैं। अतः शीलके लिए तत्वज्ञानकी आवश्यकता है।

तो क्या वह पापका भागी नहीं होता जो यह न जान कर कि वह पाप कर रहा है पाप कर्म करता है? नहीं। माता पिताका बध चाहे पुण्य बुद्धिसे किया जाय या द्वेषादिसे, पाप है। बसुबन्धु, राजा, धर्म पाठक, सैनिक, डाकू सबको एक ही श्रेणीमें रखते हैं।

ऐसा मोह मिथ्या दृष्टि है जो 'अकुशल' नहीं है। सत्कायदृष्टि और शाश्वतदृष्टि शुभ कर्मोंमें हेतु हो सकते हैं। मैं शुभ कर्म करता हूं क्योंकि मैं फलकी आशा करता हूं। मैं दूसरे पर करुणा करता हूं क्योंकि उसकी आत्मा भी मेरे समान दुख भोगती है। लौकिक, करुणाके अभ्यासके बिना यथार्थ करुणाका उत्पादन नहीं होता। प्रथम लौकिक करुणाकी साधना होनी चाहिये। इसमें दुखी 'आत्मा' का अवधारण होता है। पश्चात् दुखी सत्वसे पृथक् दुखका अवधारण होता है। बुद्ध और आर्य लौकिक चित्तका प्रत्याख्यान नहीं करते।

किन्तु आत्माभिनिवेश सर्व अकुशलमें हेतु है; "जो आत्मामें प्रतिपन्न है, वह उसमें अभिनिविष्ट होता है। आत्मामें अभिनिविष्ट कामसुखके लिए सतृष्ण होता है। तृष्णावश वह सुख संप्रयुक्त दुखको नहीं देखता।" "जबतक मन अहंकार सहित होता है तबतक जन्म प्रबंध शान्त नहीं होता। जबतक आत्म-दृष्टि होती है तबतक हृदयसे अहंकार नहीं जाता। हे बुद्ध! आपके अतिरिक्त दूसरा नैरात्म्यवादी नहीं है। अतः आपके मतको छोड़कर मोक्ष मार्ग नहीं है।" (बोधिचर्यावतार पृ० २३०)

आत्मा नित्य है, ध्रुव है, वस्तुसत् है, इस दृष्टिका परित्याग करना चाहिये किन्तु प्रज्ञप्ति सत् आत्माका प्रतिशेध उच्छेद दृष्टि है अर्थात् जो चित्त सन्तति कर्मका उत्पाद करती है और कर्म फलका परिभोग करती है उस प्रज्ञप्तिसत् आत्माका प्रतिशेध नहीं करना चाहिये।

कर्म-फल

सत्व सचेतन है; असत्व अचेतन है। एक और नित्य चित्त सन्तान है जो कभी शुद्ध चित्त-चैत्त

होता है (आरुप्य धातु) और कभी जिसका रूपी आश्रय होता है। दूसरी ओर विविधि रूप अर्थात् महाभूत और भौतिक रूप हैं। यथा, पर्वत, देवविमानादि।

एक ओर सत्वलोक है, दूसरी ओर भाजन लोक।

सत्वोंके उपभोगके लिए रूप है। रूप चित्त-सन्तानको सेन्द्रिय शरीर (आश्रय), विज्ञान विषय, वेदनाविषय, आहार और निवास स्थान प्रदान करता है। रूपी सत्वोंकी चित्त सन्ततिका निश्रय रूप है और इस प्रकार इनकी प्रवृत्ति होती है। रूपका ऐसा उपयोग है वह सत्वोंके लिए ही हैं।

पुद्गल अपने पूर्वकृत कर्मोंका दायाद है। जैसी उसकी चेतना, चित्त और कर्म होते हैं, वैसा वह होता है।

सत्वोंकी अवस्थामें जो वैचित्र्य पाया जाता है वह कर्मज है। सत्वोंकी गतिका प्रत्येकके कर्मके अतिरिक्त कोई दूसरा प्रमुख कारण नही है।

सर्वास्तिवादी पुनः कहते हैं कि लोक-वैचित्र्य भी सत्वोंके कर्मसे उत्पन्न होता है। कर्म फल पंचविध है। इनमें अधिपति फल निष्यन्द फल कारणहेतुसे निर्वृत्त फल है। कारणहेतुसे अधिपतिका प्रादुर्भाव होता है। सब धर्म स्वतः से अन्य सबके कारण हेतु हैं। कोई धर्म अपना कारण हेतु नहीं है। इस अपवादके साथ सब धर्म सब संस्कृति धर्मोंके कारण हेतु हैं। क्योंकि उत्पत्तिमान धर्मोंके उत्पादके प्रति प्रत्येक धर्मका अविघ्न भावसे अवस्थान होता है। सत्वोंके कर्मका प्रभाव भाजन लोक पर पड़ता है। सत्वोंके पापसे ओषधि, भूमि आदि बाह्य भाव अल्प वीर्य होते हैं, ऋतु परिणाम विषम होते हैं; यह शिलावृष्टि, धूलिवृष्टि या क्षारवृष्टिसे अविभूत होते हैं। यह अधिपति फल है।

दूसरी ओर विपाकफल और निष्यन्द फल हैं। विपाक एक अव्याकृत धर्म है। यह सत्वाख्य है। यह व्याकृतसे उत्तर कालमें उत्पन्न होता है। विपाक अकुशल या कुशल सास्रव धर्मोंसे उत्पादित होता है। हेतु कुशल या अकुशल है किन्तु फल सदा अव्याकृत है। क्योंकि यह फल स्वहेतुसे भिन्न है और 'पाक' है इसलिए इसे "विपाक" (विसदृश पाक) कहते हैं। पर्वत, नदी, आदि असत्वाख्य धर्मोंको विपाक फल नहीं मानते यद्यपि वह कुशल अकुशल कर्मोंसे उत्पन्न होते हैं। असत्वाख्य धर्म स्वभाव वश सामान्य हैं। सर्व लोक उनका परिभोग कर सकता है। किन्तु विपाकफल स्वभावतः स्वकीय है। जिस कर्मकी निस्पत्ति मैंने की है उसके विपाक फलका भोग दूसरा नहीं करता। विपाक फलके अतिरिक्त कर्म अधिपति फलका उत्पाद करता है। सब इस फलका समान परिभोग करते हैं क्योंकि कर्म समुदाय इसकी अभिनिर्वृत्तिमें सहयोग करता है। अतः भाजनलोक सत्व समुदायके कुशल अकुशल कर्मोंसे जनित होता है। यह अव्याकृत है किन्तु यह विपाक नहीं है क्योंकि विपाक एक सत्व

संख्यात धर्म है। अतः यह कारणहेतुभूत कर्मोंका अधिपति फल है। हेतु सदृश फल निष्यन्द कहलाता है। सभागहेतु[२०] और सर्वत्रगहेतु[२१] यह हेतुद्वय निष्यन्द फल प्रदान करते हैं। क्योंकि इन दो हेतुओंका फल स्वहेतुके सदृश है। यथा कुशलोत्पन्न कुशल, अकुशलोत्पन्न अकुशल। भाजन लोकका सन्निवेष इस प्रकार है। सत्वोंके कर्मके आधिपत्यसे नीचे वायुमंडलकी उत्पत्ति होती है जो आकाशमें प्रतिष्ठित है।। वायु मण्डल पर संचित अभ्रका पात होता है, वर्ष्यधाराका पात होता है जिसका विन्दु रथकी ईषाके बराबर होता है। इस जलका अब्मण्डल होता है। वायुसे क्षुब्ध होकर जलके ऊपरका भाग कांचनमय हो जाता है, इत्यादि।

ऐसा नहीं है कि केवल सृष्टिके आरम्भमें कर्म रूपकी सृष्टि करता है। जब अण्डज और जरायुज-की उत्पत्ति होती है तब मृतका विज्ञान शुक्र शोणितका उपादान लेता है। संस्वेदजयोनि पृथ्वी आदि भूतोंके संस्वेदसे उत्पन्न होती है। उपोषध राजाके शिरःस्थ पिटकके परिपाक-परिभेदसे मान्धाता पैदा हुए। उपपादुक सत्व भी होते हैं। यह सकृत उत्पन्न होते हैं। यह शुक्र-शोणित-उपादानके बिना उत्पन्न होते हैं। देव, नारक और अन्तराभव (दो गतियोंके अन्तरालमें) ऐसे सत्व हैं। उनका चित् कायका निर्माण करता है। यह कायरूपी काय है। यह माया नहीं है। उनकी इन्द्रियां अविकल और अहीन होती हैं और सर्व अंग प्रत्यंगसे उपेत होते हैं।

सामान्य योनिसे संभूतकाय चित्त-हानिपर शवकी अवस्थामें अवस्थान करता है किन्तु उपपादुक सत्त्वोंका काय मृत्युके पश्चात् अवस्थान नहीं करता। आर्चिके सदृश यह निरवशेष अन्तर्हित होता है। इसी कारण बुद्ध उपपादुक योनिकी अपेक्षा स्त्री योनिको पसन्द करते हैं। क्योंकि वह चाहते हैं कि निर्वाणके अनन्तर उनके शरीर धातुका अवस्थापन हो सके।

अधिपति फल और लोकधातु

कर्मके अधिपति फलसे लोकधातुकी सृष्टि और स्थिति होती है। लोकधातु सत्त्वोंके लिए बाह्यभाव प्रदान करता है।

लोकधातु अनन्त हैं। किसीकी संवर्तनी (विनाश) होती है तो किसीकी निवर्तनी (उत्पत्ति) होती है। किसी अन्यकी स्थिति होती है।

एक महा कल्पमें ८० अन्तःकल्प होते हैं। इनमें विवर्त, विवृत्तकी स्थिति, संवृत्तकी स्थिति और संवर्तका सम प्रमाण होता है। एक बार विवृत्त होनेपर यह लोक २० अन्तःकल्प तक अवस्थान करता है।

लोक संवर्तनीके अनन्तर दीर्घकाल तक लोक विनष्ट रहता है; २० अन्तरकल्प तक विनष्ट रहता है। जहां पहिले लोक था वहां अब केवल आकाश है। जब आक्षेपक कर्मवश अनागत भाजन लोकके प्रथम निमित्त प्रादुर्भूत होते हैं, जब आकाशमें मन्द-मन्द वायुका स्पन्दन होता है उस समयसे २० अन्तरकल्पकी परिसमाप्ति कहना चाहिये जिसमें लोक संवृत्त था और उस २० अन्तरकल्पका आरम्भ कहना चाहिये जिस कालमें लोककी विवर्तमान अवस्था होती है। वायुकी वृद्धि होती जाती है और अन्तमें उसका वायु मण्डल बन जाता है। पश्चात् इस क्रम और विधानसे भाजनकी उत्पत्ति होती है; वायुमण्डल, अब्मण्डल, कांचनमयी पृथिवी, सुमेरू, आदि। विवर्त कल्पका प्रथम अन्तरकल्प भाजन, ब्राह्म विमानादिकी निर्वृत्तिमें अतिक्रान्त होता है। इस कल्पके अवशिष्ट १९ अन्तरकल्पोंमें नरक सत्त्वके प्रादुर्भाव तक मनुष्योंकी आयु अपरिमित होती है। जब विवर्तनकी परिसमाप्ति होती है तब उनकी आयुका ह्रास होने लगता है यहां तक कि १० वर्षसे अधिक आयुका सत्त्व नहीं होता। जिस कालमें यह ह्रास होता है वह विवृत्तावस्थाका पहिला अन्तरकल्प है।

पश्चात् १८ अन्तरकल्प उत्कर्ष और अपकर्षके होते हैं। १० वर्षकी आयुसे वृद्धि होते-होते ८०००० वर्षकी आयु होती है। पश्चात् आयुका ह्रास होता है और यह घटकर १० वर्षकी हो जाती है। जिस कालमें यह उत्कर्ष और अपकर्ष होता है वह दूसरा अन्तरकल्प है। इस कल्पके अनन्तर ऐसे १७ अन्य कल्प होते हैं। २०वां अन्तर कल्प केवल उत्कर्षका है। मनुष्योंकी आयुकी वृद्धि १० वर्षसे ८०००० वर्ष तक होती है। १८ कल्पोंके उत्कर्ष और अपकर्षके लिए जो काल चाहिये वह प्रथम कल्पके अपकर्ष काल और अन्त्य कल्पके उत्कर्ष कालके बराबर है। इस प्रकार लोक २० कल्प तक विवृत्त रहता है। भाजन लोककी निर्वृत्ति एक अन्तर कल्पमें होती है। यह उन्नीसमें व्याप्त होता है, यह उन्नीसमें शून्य होता है, यह एक अन्तर कल्पमें विनष्ट होता है। जब आयु १० वर्षकी होती है तब अन्तर कल्प का निर्याण होता है। तब शस्त्र, रोग और दुर्भिक्षसे जो यथाक्रम सात दिन, सात दिन और सात मास तथा सात दिन सात मास और सात वर्ष-अवस्थान करते हैं कल्पका निर्वाण होता है।

कल्पके अन्तमें तीन ईतियां होती हैं। कल्प निर्याणकालमें देव नहीं बरसता। इससे तीन दुर्भिक्ष-चंचु, श्वेतास्थि, शलाकावृत्ति-होते हैं। चंचु कोषका दुर्भिक्ष है, श्वेतास्थि श्वेत आस्थियोंका दुर्भिक्ष है, शलाकावृत्ति वह दुर्भिक्ष है जिसमें जीवन यापन शलाका पर होता है। इसमें गृहके प्राणी शलाकाकी सूचनाके अनुसार भोजन करते हैं; आज गृहपतिकी पारी है; कल गृहपतिनीकी पारी है। अब संवर्तनीका समय उपस्थित होता है। सत्व अधर भाजनोंसे अन्तर्हित होते हैं। और किसी ध्यान लोकमें सन्निपतित होते हैं। अग्नि संवर्तनी सप्त सूर्योंसे, जल संवर्तनी वर्षा-वश और वायु संवर्तनी

वायु धातुके क्षोभसे होती है। इन संवर्तनियोंका यह प्रभाव होता है कि विनष्ट भाजनका एक भी परमाणु अवशिष्ट नहीं रहता। चतुर्थ ध्यान अनिञ्जित (स्पन्दन हीन) है। इससे उसमें संवर्तनी नहीं है। द्वितीय ध्यान अग्नि संवर्तनीकी सीमा है। इसके नीचे जो कुछ है वह सब दग्ध हो जाता है। तृतीय ध्यान जल संवर्तनीकी सीमा है। इसके जो अधः है वह सब विलीन हो जाता है। चतुर्थ ध्यान वायु संवर्तनीकी सीमा है। इसके जो अधः है वह सब विकीर्ण हो जाता है। संवर्तनीकी परिसमाप्ति पर जो अवशिष्ट रहता है उसे संवर्तनी शीर्ष कहते हैं। चतुर्थ ध्यान विनाशशील नहीं है किन्तु इसका भाजन नित्य नहीं है। वस्तुतः यह "भूमि" नहीं है। तारकोंके समान यह विविध निवासोंमें विभक्त है। विविध विमानोंका जो सत्वोंके निवास हैं, सत्वोंके साथ उत्पत्ति विनाश होता है।

सबसे प्रथम नरकोपपत्ति बन्द होती है। और नारक सत्वोंकी मृत्यु होती रहती है। जब नरकमें एक भी सत्व अवशिष्ट नहीं रहता तब नारक संवर्तनीकी परिसमाप्ति होती है। इतनी मात्रामें यह लोक संवृत्त होता है। यदि इस लोकमें किसी सत्वके नियत नरकवेदनीय कर्म हैं तो इन कर्मोंके आधिपत्यसे वह अन्य लोकधातुके नरकमें प्रक्षिप्त होता है जो अभी संवृत्त नहीं हो रहा है। इसी प्रकार तिर्यक्संवर्तनो, प्रेतसंवर्तनी होती है। तदनन्तर मनुष्यसंवर्तनी और कामावचर देवसंवर्तनी होती है। तब धर्मतावश ब्राह्मलोकका एक देव द्वितीय ध्यानमें समापन्न होता है। इस ध्यानसे व्युत्थान कर उसका यह उद्गार होता है : समाधिज प्रीति-सुख आनन्द दायक हैं। समाधिज प्रीति-सुख शान्त हैं। इन शब्दोंको सुनकर ब्राह्मलोकके अन्य देव द्वितीय ध्यानमें प्रवेश करते हैं और मृत होने पर आभास्वरों (यह द्वितीय ध्यानके देव हैं) के लोकमें पुनः उपपन्न होते हैं। जब ब्राह्मलोकमें एक भी सत्व अवशिष्ट नहीं होता तब सत्व संवर्तनी निष्ठित होती है।

तब भाजन लोकके आक्षेपक कर्मके परिक्षीण होनेपर लोक शून्यता वश सात सूर्योंका उत्तरोत्तर प्रादुर्भाव होता है और चतुर्द्वीपसे लेकर मेरू पर्यन्त इस लोकका सर्वथा दाह होता है। इस प्रकार इस लोकको दग्धकर वायुसे प्रेरित अर्चि प्राप्त ब्राह्म विमानको जलाती जाती है। इसी प्रकार अप् संवर्तनी और वायु संवर्तनी होती हैं। सत्व समुदायके कर्मके बलसे यह लोक विवृत्त होता है। और अवस्थान करता है। हममें से प्रत्येकका इसमें दान है। चाहे यह दान कितना ही साधारण क्यों न हो। मनुष्योंमें कोई ऐसे होते हैं जिनका दान उत्कृष्ट होता है। यथा चक्रवर्ती राजा और बुद्ध। अमिताभ बुद्ध अपने कुशल कर्मोंके योगसे सुखावर्ती लोकका निर्माण करते हैं। जहां नरक नहीं है, जहां तिर्यक् और स्त्री नहीं है जहां दुःखविनिर्मुक्त सुख है।

विपाक फल

विपाक फलका स्वभाव ;—

विपाकफल एक अव्याकृत धर्म है। व्याकृतसे इसका उद्भव होता है। यह सत्वाख्य है। विपाककी उत्पत्ति कुशल अकुशल धर्मोंसे होती है। यह फल स्वहेतुसे अन्य है इसलिए इसे विपाक (विसदृश पाक) कहते हैं। विपाकका विपाक नहीं होता।

विपाकफलका स्वभाव द्विविध है :

क—कर्म विपाकतः वेदनीय है। यह वेदना सुखा या दुःखा होती है। यदि पुद्गल शुभ कर्म करता है तो उसको सुख प्राप्त होता है। "यदि वह अशुभ करता है तो उसको दुःख प्राप्त होता है।"

ख—किन्तु वेदना आश्रयको अपेक्षा करता है। बुद्धको शिक्षा है कि हमारे पूर्वकृत कर्म हमारे दाय हैं। वह यह भी कहते हैं कि वर्तमान काय उसका पूर्वकृत कर्म है अर्थात् उसके पूर्व कर्मका फल है। अतः विपाकफल वेदना तथा सेन्द्रियकाय है।

अवधारणार्थ जीवतेन्द्रिय केवल विपाक है पंचविज्ञानकाय और स्त्री-पुरुषेन्द्रिय आरम्भमें केवल विपाक हैं। यह पश्चात् आहारके योगसे सम्वृद्ध और उपचित होते हैं। तब यह औपचयिक भी हैं। काय वेदना विपाक हैं। चैतसिकी वेदना भी विपाक है जब वह कुशल-अकुशलसे सम्प्रयुक्त नहीं होती। शुभ कर्मसे जिस चैतसिक सुखका अनुभव होता है वह विपाक नहीं है। क्योंकि वह कुशल है। दोषोंका वैसम्य जो रोगका उत्पाद करता है पाप कर्मका फल है। दोषोंके क्षोभसे चित्तका जो प्रकोप होता है वह विपाक नहीं है किन्तु कर्मके विपाकसे उत्पन्न होता है।

महाभूतोंका प्रकोप विपाक है। क्षिप्त चित्त उससे संजात होता है। इसलिए वह विपाकज है।

सामासिक रूपसे सर्व उपपत्ति स्ववेदनाके सहित विपाक फल है। पापके कारण अवश्यकारी आपायिक शरीर दुःखभोगके लिए धारण करता है। कर्मजन्मका आक्षेप करता है और इस भवको प्रभावित करता है।

२. आक्षेपक और परिपूरक कर्म

क्या सब कर्म जन्मका आक्षेप करते हैं ? यह स्पष्ट ही असभंव है। सिद्धान्तके अनुसार एक कर्म एक जन्मका आक्षेप करता है और अनेक कर्म जन्मके परिपूरक होते हैं। यथा, एक चित्रकार चित्रके क्षेत्रको तूलिकाकी एक रेखासे परिछिन्न करता है और पश्चात इस चित्रको भरता है।

दृष्टान्तः—प्रत्येक मनुष्य-जन्म कुशलकर्मसे आक्षिप्त होता है। यह कुशल कर्मका विपाक फल है। किन्तु कोई भी मनुष्य जन्म सर्वथा सुखमय नहीं होता क्योंकि मनुष्य व्यामिश्रकारी होते हैं, उनके कर्म शुक्ल-कृष्ण होते हैं। इसीलिए मनुष्यत्वके तुल्य होते हुए भी किसीकी इन्द्रियां सकल होती हैं। कोई विकलेन्द्रिय होता है, कोई कर्मबलके उत्कर्षसे वर्ण-संस्थानसे सुन्दर होता है और किसीमें इसका या उसका अभाव होता है। षडायतन का आक्षेप होता है। किन्तु वर्ण, संस्थानादि परिपूरक कर्मके फल हैं। केवल कर्म ही नहीं किन्तु सविपाक धर्म भी जन्मका आक्षेप करते हैं और उसके परिपूरक होते हैं किन्तु कर्मके प्राधान्यके कारण केवल कर्मका ही उल्लेख होता है किन्तु यह धर्म जब कर्मके सहभू नहीं होते परिपूरक हो सकते हैं। किन्तु आक्षेप नहीं कर सकते क्योंकि उनका बल स्वल्प है।

मनुष्य जन्ममें जो कर्म बलसे आक्षिप्त होता है सदा अकुशल कर्मोंका विपाक होता रहता है। जो दुःखा वेदना आदिके जनक हैं। यह अकुशल कर्म मूलमें दो प्रकारके होते हैं। या यह गुरु हैं जिन्होंने पूर्व अपाय जन्म (नारक-तिर्यक-प्रेत) का उत्पाद किया है और जो अब अवशिष्ट बलका क्षय मनुष्य जन्मका परिपूरक हो करते हैं। अथवा यह लघु हैं जो जन्मके आक्षेपक नहीं हो सकते और जिनका सारा बल परिपूरक है। यदि कोई पुद्गल निर्धन है, इसका यह कारण है कि उसने कोई शुभ कर्म किया है जिसके सामर्थ्यसे वह मनुष्य जन्म ग्रहण करता है किन्तु उसने अदत्तादानका अवद्य किया है जिसका विपाक पूर्व नरकमें हुआ और अब उसका दण्ड दारिद्र्यके रूपमें मिला है। अथवा इसका कारण यह है कि मनुष्य जन्ममें जो अन्यथा शुभ है उसने दान नहीं दिया है।

३. विपाक्-काल

(१) दृष्ट धर्मवेदनीय (=इस जन्मयवेदनीय, इसको योगसूत्रमें दृष्ट धर्मवेदनीय कहा है। २।१२)

कर्म नियत या अनियत हैं। जिसका प्रतिसंवेदन अवश्य होगा वह नियत है। जिसका प्रतिसंवेदन आवश्यक नहीं है, वह अनियत है। नियत कर्म तीन प्रकारका है—दृष्ट-धर्म-वेदनीय, उपपद्यवेदनीय अर्थात् उपपन्न होकर वेदनीय, जिसका प्रति संवेदन समनन्तर जन्ममें होगा, अपर-पर्यायवेदनीय अर्थात् देरसे वेदनीय।

अनियत कर्मको संगृहीतकर विपाककी अवस्थाकी दृष्टिसे चार प्रकार होते हैं। एक मतके अनुसार कर्म पांच प्रकारका है। यह अनियत कर्मको दो प्रकारोंमें विभक्त करते हैं—एक वह जिसका विपाक काल अनियत है किन्तु जिसका विपाक नियत है (निपत विपाक)। दूसरा वह जिसका विपाक अनियत है (अनियत विपाक) जो विपच्यमान नहीं हो सकता।

दृष्ट-धर्म-वेदनीयकर्म वह कर्म है जो उसी जन्ममें विपच्यमान होता है या विपाकफल देता है जहां वह सम्पन्न हुआ है। यह दुर्बल कर्म है। यह जन्मका आक्षेप नहीं करते यह परिपूरक हैं। यह स्पष्ट है कि जो पाप दृष्टधर्मवेदनीय है वह उस पापकी अपेक्षा लघु है जिसका विपाक नरकमें होता है।

सौत्रान्तिकोंका कहना है कि यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि एक बलिष्ट कर्मका विपाक दुर्बल हो। इसलिए दृष्टधर्मवेदनीय कर्मके विपाकका अनुबन्ध अन्य जन्मोंमें हो सकता है किन्तु क्योंकि इस विपाकका आरम्भ इस दृष्ट जन्ममें होता है इसलिए इस कर्मका 'दृष्टधर्म वेदनीय' यह नाम व्यवस्थित करते हैं। वैभाषिक इस दृष्टिको नहीं स्वीकार करते। वह कहते हैं कि एक कर्म हैं जिनका सन्निकृष्ट फल होता है, दूसरे वह हैं जिनका विप्रकृष्ट फल होता है। नियत विपाक कर्मके विपाकका स्वभाव बदल सकता है। सन्निकृष्ट जन्ममें नरकमें वेदनीय अमुक कर्म दृष्ट धर्ममें विपाक देगा।

किन लक्षणोंके कारण एक कर्म दृष्ट धर्म वेदनीय होता है? क्षेत्र विशेष और आशय विशेषके कारण कर्म दृष्ट धर्ममें फल देता है। क्षेत्रके उत्कर्षसे यद्यपि आशय दुर्बल हो : यथा वह भिक्षु जिसका पुरुष व्यञ्जन अन्तर्हित होता है, स्त्री-व्यञ्जन प्रादुर्भूत होता है, क्योंकि उसने संघका अनादर यह कहकर किया कि 'तुम स्त्री हो!' आशय विशेषसे : यथा वह षंढ जिसने वृषभोंको अपुंस्त्वके भयसे प्रतिमोक्षित किया और अपना पुरुषेन्द्रिय फिर प्राप्त किया।

यदि किसी भूमिसे किसीका अत्यन्त वैराग्य होता है तो वह उस भूमिमें पुनः उत्पन्न नहीं हो सकता। इसलिए इस भूमिमें, किन्तु दूसरे जन्ममें, विपच्यमान कर्म अपने स्वभावको बदलता है और दृष्ट धर्ममें विपच्यमान होता है, चाहे वह कुशल हो या अकुशल।

जो कर्म विपाकमें नियत है किन्तु जो विपाककी अवस्था (काल) में अनियत है वह कर्म दृष्ट धर्म वेदनीय होता है। जो कर्म विपाककी अवस्थामें नियत है उसका उसी अवस्थान्तरमें विपाक होता है। अवस्थान्तरकी जिस भूमिमें उसके कर्मका नियत विपाक है उस भूमिसे उस पुद्गलका अत्यन्त वैराग्य असम्भव है। जो कर्म अनियत विपाक है वह विपाक नहीं देगा यदि पुद्गलका उस भूमिसे वैराग्य है जहां वह विपच्यमान होगा।

निरोध-मैत्री-अरणा समाधि-सत्यदर्शन-अरहत्फलसे व्युत्थित पुद्गलके प्रति किया गया उपकार और अपकार सहसा फल देता है।

(२) उपपद्य वेदनीय कर्म—वह कर्म है जिसका प्रतिसंवेदन समनन्तर जन्ममें होगा। यह आनन्तर्य कर्म है। कोई कर्म, कोई अनुताप इनके समनन्तर विपाकमें आवरण नहीं है। गुरुताके क्रमसे यह इस प्रकार हैं, मातृवध, पितृवध, अर्हत्वध, सङ्घ-भेद, दुष्टचित्तसे तथागतका लोहितोत्पाद।

आनन्तर्य सभाग (उपानन्तर्य) सावद्यसे भी पुद्गल नरकमें अवश्यमेव उपपन्न होता है। माताका दूषण, अर्हन्तीका दूषण, नियतिस्थ बोधिसत्वका मारण, शैक्षका मारण, सङ्घके आयद्वारका हरण, स्तूपभेदन, यह पांच आनन्तर्य सभाग सावद्य हैं।

(३) अपर-पर्याय-वेदनीय कर्म—वह कर्म है जो तृतीय जन्मके उर्द्ध्व अपर जन्ममें विपच्यमान होता है।

(४) अनियत विपाक कर्म—कुछ कर्मोंके विपाकका उल्लङ्घन हो सकता है। (देखिये अहोसि कम्म, विशुद्धिमग्गो, ६०१)

कुछ आचार्योंके अनुसार कर्म अष्टविध है :—

१—दृष्टधर्मवेदनीय और नियत विपाक कर्म; २—दृष्टधर्मवेदनीय और अनियत विपाक कर्म; ३—उपपद्य वेदनीय और नियत विपाक कर्म; ४—अपरपर्यायवेदनीय और नियत विपाक कर्म; ५—उपपद्य वेदनीय और अनियत विपाक कर्म; ६—अपरपर्यायवेदनीय और अनियत विपाक कर्म; ७—अनियत या अनियत वेदनीय किन्तु नियत विपाक कर्म; ८—अनियत वेदनीय और अनियत विपाक कर्म।

किस कर्मका विपाक प्रथम होता है ?

उपपद्य वेदनीय कर्मका विपाक-काल नियत है। किन्तु सब लोग आनन्तर्य कर्म नहीं करते। अपर पर्याय वेदनीय प्रकारके बहुकर्मोंका समुदाचार हो सकता है। प्रश्न है कि वह कौन कर्म है जो मृतके समनन्तर जन्मका अवधारण करता है ?

क—समनन्तर जन्मका निश्चय म्रियमाणके चैतसिक धर्मोंके अनुसार होता है। मरण-चित्त, उपपत्ति-चित्तका आसन्न हेतु है। मज्झिम (३।९९)में है कि मरणकालमें पुद्गल जिस लोककी उपपत्तिमें चित्तको अधिष्ठित करता है, जिसकी भावना करता है, उसके वह संस्कार इस प्रकार भावित हो उस लोकमें उपपत्ति देते हैं। किन्तु म्रियमाण अपने अन्त्यचित्तका स्वामी नहीं होता। यह चित्त उस कर्मसे अभिसंस्कृत होता है जिसका विपाक समनन्तर जन्ममें होता है। यदि किसी पापकर्मका विपाक अपाय गतिमें होना है तो उसका मरण-चित्त नारक होगा।

ख—विविध कर्मोंके विपाकका यह क्रम है :—

१–गुरु २–आसन्न ३–अभ्यस्त। जब मरण-चित्त स-उपादान होता है, तब उसमें नवीन भावके उत्पादनका सामर्थ्य होता है। इस चित्तके पूर्ववर्ती सर्व प्रकारके अनेक कर्म होते हैं। तथापि यह

गुरुकर्मसे आहित सामर्थ्य है जो अन्तिम चित्तको विशिष्ट करता है। गुरुकर्मके अभावमें आसन्न कर्मसे आहित सामर्थ्य, उसके अभावमें अभ्यस्त कर्मसे आहित सामर्थ्य, उसके अभावमें पूर्व जन्म कृत कर्मसे आहित सामर्थ्य, अन्तिम चित्तको विशिष्ट करता है। राहुलका एक श्लोक यहां उद्धृत करते हैं : गुरु, आसन्न, अभ्यस्त, पूर्वकृत—यह चार इस सन्तानमें विपच्यमान होते हैं। इसीलिए बौद्धोंमें मरणकालमें विविध अनुष्ठान करते और उपदेश आदि देते हैं।

वस्तुतः जैसा बुद्धने कहा है कर्म-विपाक दुर्विज्ञेय है।

निष्यन्द फल

१. लक्षण—हेतु सदृश धर्म निष्यन्द-फल है।

कोई धर्म शाश्वत नहीं है। वर्ण केवल वर्ण-क्षणका सन्तान है; विज्ञान केवल चित्त-सन्तति है। प्रत्येक धर्मके अस्तित्वका प्रत्येक क्षण जो पूर्व क्षणके सदृश या सदृश तुल्य है इस क्षणका निष्यन्द है। इस प्रकार स्मृतिका व्याख्यान करते हैं :—चित्त-सन्ततिमें आहित एक भाव अपना पुनरुत्पाद करता है। प्रायः एक कुशल चित्त एक दूसरे कुशल चित्तका निष्यन्द फल होता है। यह साथ ही साथ कुशल मनसिकार कर्मका पुरुषकार फल भी हैं।

सूत्रमें उक्त है : अभिध्या, व्यापाद और मिथ्यादृष्टि भावित, सेवित, बहुलीकृत होनेसे नारक, तिर्यक्, प्रेत उपपत्तिका उत्पाद करते हैं। [यह अभिध्या कर्म, व्यापाद कर्म और उस मानसकर्मके जिससे तीर्थिक मिथ्यादृष्टिमें अभिनिविष्ट होता है, विपाक फल हैं]। यदि लोभी, हिंसक और मिथ्यादृष्टि चरित पुद्गल [पूर्व शुभकर्मके विपाकके लिए] अपर पर्यायमें मनुष्य जन्म प्राप्त करता है तो वह सतृष्ण, दुष्ट और मूढ़ होगा।

लोभ-द्वेष-मोह-चरित लोभ, द्वेष, मिथ्या दृष्टिका निष्यन्द फल है।

वस्तुतः कर्मका निष्यन्द फल होता है यह कहना दुष्कर है। कर्म कर्मका उत्पाद नहीं करता। कोई कर्म ऐसे फलका उत्पाद नहीं करता जो उसके सर्वथा सदृश हो। अभिध्या एक अवद्य है, चित्तका एक अकुशल कर्म है, जो स्वीकृत होता है। यह कर्म नहीं है तथापि मनोदुश्चरित है। दार्ष्टान्तिक (सौत्रान्तिक) इसे मनस्कर्म मानते हैं किन्तु वैभाषिक कहते हैं कि इस पक्षमें क्लेश और कर्मका ऐक्य होगा। दुश्चरित होनेसे परस्वके स्वीकरणकी विषम स्पृहा नारकादि विपाक प्रदान करती है। अभिध्या, व्यापाद और मिथ्यादृष्टि सामान्यतः काय-वाक् कर्मके समुत्थापक हैं। अभिध्याके स्वीकृत होनेसे यह अपने बलकी वृद्धि करती है और चित्तसन्तानमें दृढ़ स्थानका लाभ करती है। इससे जब यह

वाक्-काय कर्ममें व्यक्त होती है तब यह चित्तसन्तानको वासित करती है। अतः अभिध्याका निष्यन्द-फल अभिध्या है, अभिध्यी चरितत्व है।

इसी प्रकार व्यापाद और मिथ्या दृष्टिको समझना चाहिये।

सर्वक्लेश—राग, द्वेष और मिथ्या दृष्टि—के दो आकार होते हैं। कदाचित् यह सुप्तावस्थामें होता है अर्थात् अनुशय होता है। कदाचित् यह पर्यवस्थित होता है। क्लेशानुशय पर्यवस्थित क्लेशका निष्यन्द फल है। पर्यवस्थानकी अवस्थामें जो क्लेश होता है वह क्लेशानुशय तथा बाह्य विषय (इष्ट विषय रागके पर्यवस्थानका समुत्थान करता है) और अयोनिशो मनस्कारकी अपेक्षा करता है। विपाक फल विपाकके बलको क्षीण करता है किन्तु निष्यन्द फलका स्वभाव ऐसा है कि इसका स्वतः अन्त नहीं होता। अकुशल चित्तोंके निष्यन्द फलका समुच्छेद आर्य मार्गकी भावना और स्रोत आपत्ति फलके प्रतिलाभसे होता है। कुशल चित्तोंके निष्यन्द फलका निरोध केवल निर्वाण में होता है।

प्रत्येक सत्व जो यत्किंचित् गतिमें उपपन्न होता है (प्रतिसन्धि, उपपत्ति) जन्म-क्षणमें स्वभूमिके अनुकूल सर्वक्लेशसे (राग, द्वेष, मोहसे) क्लिष्ट होता है। इसका कारण यह है कि अपने पूर्वजन्मके अन्तकालमें उसका चित्त इन क्लेशोंसे क्लिष्ट था।

जो कामधातुमें उपपन्न होता है, उसका चित्त द्वेष, गन्ध-रसके लोभ और मैथुन रागसे समन्वागत होता है। इसी कारण इस चित्तका निश्चय वह सेन्द्रिय शरीर होता है जो इन विविध तृष्णाओं और द्वेष समुत्थित दुःखका वहन कर सकता है। किन्तु कुशल मूलसे समन्वागत होनेके कारण वह स्वभूमिक क्लेशका नाश कर सकता है। मान लीजिये कि एक भिक्षु है जो मरणकालमें द्वेष और सर्व प्रकारके औदारिक रागसे मुक्त है। ऐसा भिक्षु केवल ऐसे ही धातुमें उपपन्न हो सकता है जहां घ्राणेन्द्रिय और जिह्वेन्द्रियका अभाव है। यदि इस भिक्षुका राग प्रथम ध्यानके सुखमें है तो मरणकालमें उसका चित्त इन सुखोंसे क्लिष्ट होगा और वह प्रथम ध्यान लोकमें उपपन्न होगा।

मज्झिम (महामालुंक सुत्तमें १।४३२) है कि हे, मालुंक्यापुत्त, दहरकुमारके सत्काय भी नहीं होता तो फिर उसके सत्काय दृष्टि कैसे उत्पन्न होती है उसके धर्म भी नहीं होते तो फिर धर्ममें उसकी विचिकित्सा कैसे होती है, उसके शील भी नहीं होते तो फिर शीलोंमें शीलव्रत परमार्श कैसे होता है, उसके काम भी नहीं होते तो फिर कामच्छन्द कैसे होता है? भगवान् कहते हैं कि इसका कारण यह है कि उसमें क्लेशानुशय है।

हम उन विपाकफलोंका विचार करते हैं जिनका मनुष्य परिभोग करते हैं। नारक दुःखी होते हैं देव केवल सुखका भोग करते हैं। मनुष्य जो वर्ण, संपत्ति, सौन्दर्य, आयुष्य, सुख-दुःखमें विविध होते हैं वह सुखसे सर्वथा विरहित नहीं होते किन्तु रोग और जराके अधीन हैं।

देव शुक्ल कर्मके फलका भोग करते हैं, नारक कृष्ण कर्मके फलका भोग करते हैं और मनुष्य शुक्ल-कृष्ण कर्मका भोग करते हैं। मनुष्य जन्मका आक्षेपक शुक्ल कर्म होता है किन्तु प्रत्येक मनुष्य जन्मके परिपूरक विविध शुक्ल-कृष्ण कर्म होते हैं।

इसी प्रकार मनुष्यका स्वभाव कुशल-अकुशल दोनों है।

प्रत्येक मनुष्य काम-क्रोध, क्लेश तथा मोहसे समन्वागत होता है। इसमें दो अपवाद हैं। १– शैक्ष्य मनुष्य जन्म लेते हैं क्योंकि वह रागद्वेषसे विर्निमुक्त नहीं हैं किन्तु मोहसे विर्निमुक्त हैं। २– चरमभविक बोधिसत्व क्लेशसे विनिर्मुक्त हैं किन्तु बोधिकी रात्रिको ही वह मोहसे मुक्त होते हैं।

क्योंकि सर्व मनुष्यजन्म शुभ कर्मसे आक्षिप्त होता है अतः सब मनुष्य तीन कुशलमूलसे समन्वागत होते हैं। वह अद्वेष, अलोभ, सम्यग्दृष्टिके भव्य हैं। अवस्थावश कुशल मूलका समुदाचार होता है। सदुपदेश और सत्संगवश ऐसा होता है।

एक पुद्गल प्रकृतिसे तीव्र राग-द्वेष-मोह जातिक होता है। वह रागज, द्वेषज, मोहज, दुःख-दौर्मनस्यका अभीक्ष्ण प्रतिसंवेदन करता है। वह दुख-दौर्मनस्यके साथ रुदन करता हुआ परिशुद्ध ब्रह्मचर्यका आचरण करता है। वह मरणानन्तर स्वर्गमें उपपन्न होता है। धर्म-समादानसे उसका आयतिमें सुख विपाक होता है। एक पुद्गल प्रकृतिसे तीव्र राग-द्वेष-मोह जातिक नहीं होता। वह रागज-द्वेषज-मोहज दुःख दौर्मनस्यका अभीक्ष्ण प्रतिसंवेदन नहीं करता। वह ध्यानमें सुगमतासे समापन्न होता है और स्वर्गमें उपपन्न होता है। वह वर्तमानमें भी सुखी है और भविष्यमें भी उसका सुखविपाक है।

संसारमें पर्याप्त दुःख है जिससे मनुष्य सरलतासे 'सर्वं दुःखम्' इस सत्यको तथा वैराग्य और निर्वाणको समझते हैं। देव अत्यन्त सुखी होते हैं। दूसरी ओर नारकोंके समान मनुष्यका अविच्छिन्न दुःख नहीं है।

किन्तु मनुष्योंमें भेद है।

कुछ अनेक जन्मोंमें मनुष्यत्वमें नियत हैं। उन्होंने कुशल मूलका आरोपन किया है। कोई स्रोत आपन्न हैं और उनके सात भव और हैं किंतु कभी अकस्मात् मनुष्यत्वका लाभ होता है। कर्मविपाक दुर्विज्ञेय है। नारक और तिर्यक् योनिसे मनुष्यत्वकी प्राप्ति होती है। इसका कारण कोई पूर्वजन्मकृत दुर्बल शुभकर्म होता है। मनुष्य जन्म आश्चर्य घटना है। यथा, काणकच्छपके लिये युगमें ग्रीवाको प्रवेश करना कठिन है, उसी प्रकार विनिपाति गत पुद्गलके लिए मनुष्यत्व दुर्लभ है।

(मज्झिम ३।१६९)

नरकमें दो प्रकारके भिन्न प्रलाप, पारुष्य, व्यापाद होते हैं। भिन्न प्रलाप : क्योंकि नारकीय सत्व परिदेव (विलाप) करते हैं; पारुष्य, क्योंकि नारकीय सत्व अन्योन्य निग्रह करते हैं; व्यापाद, क्योंकि चित्त संतानके पारुष्यसे वह एक दूसरेसे द्वेष करते हैं। नारकीय सत्वोंमें अभिध्या और मिथ्यादृष्टि होती हैं किंतु नरकमें यह सम्मुखी भावतः नहीं होतीं। क्योंकि वहां सर्व रंजनीय वस्तुका अभाव होता है और कर्मफलका प्रत्यक्षत्व होता है। नरकमें प्राणातिपातका अभाव होता हैं क्योंकि नारकीय सत्व कर्मक्षयसे च्युत होते हैं। वहां अदत्तादान और काम मिथ्याचारका भी अभाव होता है क्योंकि नारकीय सत्वोंमें द्रव्य और स्त्री-परिग्रहका अभाव होता है। प्रयोजनके अभावसे मृषावाद और पैशुन्य नहीं होता।

तिर्यक्का चित्त दुर्बल होता है। किन्तु उनका दुष्ठ स्वभाव प्रगट होता है। यह आनंतर्यसे स्पृष्ट नहीं होते। किंतु जिन पशुओंकी बुद्धि पटु होती है यथा आजानेय-अश्व वह सदा आनंतर्यसे पृष्ट होते हैं। अतः जो सत्व पूर्वकृत शुभ कर्मवश नरक और तिर्यक् योनिके अनंतर मनुष्य जन्म लेते हैं वह मनुष्य जन्ममें अपने पूर्वक्लेशसे समन्वागत होते हैं और क्लेश नरकवास या तिर्यक योनिमें वासके कारण बहुलीकृत होते हैं।

कल्प निर्याण कालमें पुद्गल अधर्मराग रक्त, विषय लोभाभिभूत और मिथ्या धर्मपरीत हो जाते हैं। शस्त्र, रोग और दुर्भिक्षसे कल्पका निर्गम होता है। उस समय कषाय अभ्यधिक होते हैं। इस लिये मनुष्योंमें बहुत ऐसे होते हैं जिनमें अभीक्ष्ण क्लेश होता है। यह निर्वाणमें आवरण है। क्लेशावरण सर्व पापिष्ट है। मिथ्या दृष्टिसे समन्वागत मनुष्योंकी संख्या और भी अधिक हैं। लोकके चक्षु शास्ताकी आंखें निमीलित हो गयी हैं। साक्षी जन प्रायः विनष्ट हो गये हैं। जिन्होंने तत्त्वदर्शन नहीं किया है, जो कुतार्किक हैं, निरंकुश हैं, स्वेच्छाचारी हैं उन्होंने शासनको आकुल कर दिया है। भगवत् परम शान्तिको प्राप्त हो चुके हैं। उनके शासनके धाता भी परनिर्वृत हो चुके हैं। संसार अनाथ हो चुका है। वह दोष जो गुणोंके घातक हैं सम्प्रति यथेच्छ संचरण करते हैं। यह देखते हुए कि मुनिके धर्मका प्राण कण्ठतक आ गया है और इस कालमें मलोंका प्राबल्य है। मुमुक्षुओंको प्रमाद नहीं करना चाहिये।

विसंयोग-फल

हमने अबतक सास्रव कर्मोंके फलकी परीक्षा की है। यह कर्म कुशल या अकुशल हैं और राग (सुखको इच्छा या ध्यान लोककी इच्छा) तथा मोह (आत्म-दृष्टि) से क्लिष्ट हैं। तृष्णासे अभिष्यन्दित यह कर्म विपाक फल देते हैं किन्तु अनास्रव कर्मका विपाक नहीं होता क्योंकि यह अन्य तीन कर्मोंका क्षय करता है। यह अशुक्ल है। यह धातु पतित नहीं है। यह प्रवृत्तिका निरोध करता

है। इनके फलको विसंयोग-फल कहते हैं। यह कर्म, मोह और क्लेशके मूलका समुच्छेद करते हैं। अर्थात् क्लेश प्राप्तिका समुच्छेद करते हैं। जो आर्य इन अनास्रव कर्मोंको सम्पादित करता है उसका क्लेश समुदाचार नहीं करता। वह क्लेशोंके निष्यन्द फलका समुच्छेद करता है।

कुछ सास्रव कर्म जो वैराग्यके लौकिक मार्गमें संगृहीत हैं अपने प्रतिपक्षी क्लेशोंसे विसंयोग फल अनैकान्तिक रूपसे प्रदान करते हैं। जो योगी वीतकामराग है वह काम भूमिक क्लेशोंकी प्राप्तिका छेद करता है। पुनः वह पूर्वकृतकर्म और कामकी प्राप्तिका छेद करता है। वह इन कर्मोंके विपाकका उल्लङ्घन करता है।

कर्म-फल

कर्म स्वकीय सामर्थ्यसे अपने फलका उत्पाद करता है यथा बीज। अतः कर्मोंकी धर्मता नियत है। किंतु बौद्ध धर्म यह स्वीकार करता है कि कर्म-फलका उल्लङ्घन संभव है और वह पुण्य परिणामेना(परिणत होना) भी मानता है।

आर्य, ऋषि, आदिका महान सामर्थ्य होता है। उनके मनः प्रदोषसे दण्डकादि निर्जन हो गये।

सत्यक्रिया (सच्चकिरिया) में विश्वास बड़ा प्राचीन है। विशुद्ध पुरुष अपनी विशुद्धिका प्रख्यापनकर धर्मतासे ऊपर उठ जाता है। अशोकका पुत्र कुणाल ज्ञापित करता है कि अपनी माताके प्रति उसका कभी दुष्टचित्त नहीं हुआ। इस सत्य क्रियासे वह अपनी आंखोंसे देखने लगता है।

पुण्य-अपुण्य आशयपर आश्रित है किंतु क्षेत्रके अनुसार पुण्य-अपुण्य अल्प या महान होता है।

कर्म विपाक दुर्विज्ञेय है। कर्म बीजके समान है जो अपना फल प्रदान करता है। यह सुखा या दुःखा वेदना है। कर्मका विप्रणाश नहीं है। जब समय आता है और प्रत्यय सामग्री उपस्थित होती हैं तब कर्मोंका विपाक होता है। वह भूमि या जलमें विपच्यमान नहीं होते किंतु सत्वमें।

यमराजके निरयपाल सत्त्वको ले जाते हैं और यमसे दण्ड प्रणयनके लिए प्रार्थना करते हैं। यमराज उससे कहते हैं कि तुमने देवदूतको नहीं देखा। वह कहता है कि देव! मैंने नहीं देखा है। यम—तुमने क्या जराजीर्ण, रोगी, अवद्यकारीको नहीं देखा है? तुमने यह क्यों नहीं जाना कि तुम भी जाति, जरा, मृत्युके अधीन हो? तुमने यह क्यों नहीं सोचा कि मैं कल्याण कर्म करूं? यह पाप कर्म न तुम्हारी माता ने किया है, न तुम्हारे पिता ने, न तुम्हारे भाई-बहनने, न तुम्हारे मित्र अमात्यने, न ज्ञातृ सम्बन्धियोंने, न श्रमण-ब्राह्मणने, न देवताओंने। तुमने ही यह पापकर्म किया है। इसके विपाकका प्रतिसंवेदन तुम्हीं करोगे।

यह कथा लोक विश्वास पर आश्रित है। यम केवल नारकोंके दण्डका प्रणयन करता है। पुनः

यमके निरयपाल हैं नारकोंको दण्ड नहीं देते हैं। उनकी यातना उनके स्वकीय कर्मोंके कारण है। यथार्थमें कर्म बीजके तुल्य हैं। यह अपनी जातिके अनुसार जल्दी या देरसे, अल्प या महत् फल देते हैं।

किन्तु ईश्वरवादी कहते हैं कि यद्यपि समग्र बीजका वपन उर्वरा भूमिमें हो तथापि वर्षाके अभावमें बीजमें अङ्कुर नहीं निकलते। अतः उनका कहना है कि यह ईश्वरकी शक्ति है जो कर्मोंको विपाक प्रदानका सामर्थ्य देती है। बौद्ध कहते हैं कि तृष्णासे अभिष्यन्दित हो कर्म विपाक देते हैं। आर्य तृष्णा रहित हो कर्म करता है। इसलिए वह कर्मसे लिप्त नहीं होता है।

विद्वानोंके विभिन्न मत

१. सर्वास्तिवादिन् (वैभाषिक)

विपाक फल समनन्तर नहीं होता। कर्मका विपाक सुखा-दुःखा वेदना है। यह विपाक कर्मके सम्पादनके बहुत काल पश्चात् होता है। कहते हैं कि कर्म अपने विपाक फलको क्रियाकालमें आक्षित करता है और कर्मके अतीत होने पर विपाकका दान करता है। एक कठिनाई है।

सर्वास्तिवादीका मत है कि अतीत और अनागतका अस्तित्व है। हेतु प्रत्यय अनागतको प्रत्युत्पन्नमें उपनीत करते हैं। अनित्यता प्रत्युत्पन्नको अतीतमें ले जाती हैं।

प्रश्न—मान लीजिये कि मेरे अतीत कर्मका अस्तित्व है। यह भी मान लीजिये कि इसमें फल प्रदानका सामर्थ्य है। क्योंकि मैं उन क्षणिक धर्मोंकी सन्तति हूं जो नित्य उत्पद्यमान् होते रहते हैं। इसलिए वह क्या है जो इस कर्मको मुझसे सम्बद्ध करता है ?

उत्तर—स्वसन्तान पतित अरूपी संस्कृत धर्म होते हैं (किन्तु यह चित्त विप्रयुक्त है) जिन्हें 'प्राप्ति' कहते हैं। सब कर्म कर्तामें इस कर्मकी प्राप्तिका उत्पाद करता है। इसी प्रकारका सर्वचित्त, सर्वराग, उस चित्त, उस रागकी 'प्राप्ति'का उत्पाद करता है। इस 'प्राप्ति'का निरोध होता है। किन्तु यह स्वसदृश एक 'प्राप्ति'का उत्पाद करती है। जब तक हम इन कर्मोंकी प्राप्तिका 'छेद' नहीं करते तब तक हम अपने कर्मोंकी 'प्राप्ति'से समन्वागत होते हैं। जब हम इस प्राप्तिके निरन्तर उत्पादका निरोध करते हैं तब इस 'प्राप्ति'का छेद होता है। इस प्रकार कर्म कर्त्ताको फल प्रदान करता है।

मध्यमक वृत्ति(१७–१३) और मध्यमकावतार (६–३९) में चन्द्रकीर्तिने इस वादका निराकरण किया है:— कर्म क्रियाकालमें निरुद्ध होता है किन्तु यह कर्त्ताके चित्तसंतानमें एक 'अविप्रणाश' नामक द्रव्यका उत्पाद करता है। यह अरूपी धर्म है। किन्तु चित्तसे विप्रयुक्त है। यह 'अविप्रणाश' न कुशल

है, न अकुशल। निरुद्धकर्म 'अविप्रणाश' द्रव्यमें अंकित हो जाता है। यह फलको कर्त्तासे सम्बद्ध करता है।

२. सौत्रान्तिक(विज्ञानवाद)

सौत्रान्तिक अतीत और प्राप्ति नामक धर्मोंके अस्तित्वको नहीं मानते।

यदि अतीत, अनागत द्रव्य सत् हैं तो वह प्रत्युपन्न हैं। यदि अतीत कर्मफल प्रदान करता है तो उसका प्राप्त कारित्र है। अतः वह प्रत्युत्पन्न है। यदि बुद्ध अतीत कर्मके अस्तित्व का उल्लेख करते हैं तो उनका अभिप्राय केवल इतना है कि अतीत कर्मका विपाक होगा। बुद्ध प्राप्तियोंका उल्लेख नहीं करते।

सौत्रान्तिकोंके अनुसार कर्म चित्त सन्तानको (चित्त-चैत्त, सेन्द्रियकाय) जिसे तीर्थिक 'आत्मा' कहते हैं विपरिणत करता है। कर्म सन्तानके परिणाम विशेषको निश्चित करता है। इसका प्रकर्ष वह अवस्था है जो कर्मका विपाक है। दुःखा वेदनाका उत्पाद होता है यदि अकुशल चित्तसे सन्तानका परिणाम विशेष होता है यथा यदि रक्तबीजके आरोपणसे बीजके वर्णका पुष्प होता हैं किन्तु इस वर्णका पल्लव या शाखा नहीं होतीं उसी प्रकार चित्त सन्तानका कर्मबलसे एक सूक्ष्म परिणाम होता है और कर्मके अनुसार चित्तसन्ततिका निश्रय, दुःख-सुख होता है। सौत्रान्तिक बाह्यभाव और सेन्द्रिय कायका प्रतिषेध नहीं करते किन्तु कर्म और कर्म-विपाकको वह केवल चित्तमें आहित करते प्रतीत होते हैं।

ख—विज्ञानवादी जिन्हें चित्तमात्रवादी कहते हैं :—

(१) एक ओर वह रूपके अस्तित्वका प्रतिषेध करते हैं।

हम इसके बीज वैभाषिक सिद्धान्तमें पाते हैं। 'आत्मा'को चित्तवेदनाकी सन्तान अवधारित करना जो पूर्ववर्ती चित्तवेदनासे निगृहीत होते हैं, यह कहना कि चित्तरूपका उत्पाद करता है, वेदना और सेन्द्रिय कायको 'विपाक-फल' मानना और बाह्यभावको अधिपति फल अवधारित करना विज्ञानवाद-की ओर झुकना है।

(२) दूसरी ओर वह सौत्रान्तिकोंका 'सन्तान' और 'सूक्ष्म परिणाम' नहीं मानते। 'आत्मा' प्रवृत्ति विज्ञानके सन्तानसे अन्य होगा। हम यह कैसे मान सकते हैं कि ऐसा सन्तान अनागत चित्तके बीजभूत पूर्व चित्तके चिह्न धारण करता है और इसका 'सूक्ष्मपरिणाम' होता है? वस्तुतः प्रवृत्ति विज्ञानका आश्रय एक आलय विज्ञान होता है जो बीजोंका संग्रह करता है।

कर्मफलका अतिक्रमण

यद्यपि कर्मका विप्रणाश नहीं है तथापि फलका समतिक्रम हो सकता है यदि अनुताप पूर्वक पाप-

विरति हो। मैत्री भावनाद्वारा यदि अवद्यकारी अपनेको विमुक्त करता है तो जो कर्म उसने किया है उसका महत्व कम हो जाता है। प्रवारणा (वर्षावासके अन्तमें भिक्षुओंका एक अनुष्ठान) के समय संघके सम्मुख पाप स्वीकार करनेसे कर्मसे शुद्धि होती है। एक प्रश्न है; कि क्या परिसमाप्त पाप कर्मको पाप-स्वीकरण पाप-विरति क्षीण कर सकते हैं ? नहीं। किन्तु यदि मौल-कर्मकी परिसमाप्तिके समनन्तर ही अनुताप होता है तो पृष्ठके अभावमें कर्मकी परिसमाप्ति नहीं होती। यथा, जब प्रयोगका अभाव होता है या वह दुर्बल होता है तो अवद्य पूरा नहीं होता। उसी प्रकार जब पापी अपने अवद्यको अवद्य मानता है और पाप विरतिका समादान करता है तो अवद्य पूरा नहीं है। यह उसका प्रतिपक्ष है।

नियत-अनियत विपाक

वह कर्म नियत विपाक, (नियत वेदनीय) है जो केवल कृत नहीं है किन्तु उपचित भी है। उपचितकर्म वह हैं जिसकी परिसमाप्ति हुई है और जिसका विपाक-दान नियत है।

कोई एक दुश्चरित वश दुर्गतिको प्राप्त होता है, कोई दोके कारण, कोई तीनके कारण (काय, वाक मनो दुश्चरित)। कोई एक कर्मपथके कारण, कोई दोके कारण, ··· कोई दशके कारण दुर्गतिको प्राप्त होता है। जो जिस प्रमाणके कर्मसे दुर्गतिको प्राप्त होता है, यदि उस कर्मका प्रमाण असमाप्त रहे, तो कर्म 'कृत' है, 'उपचित' नहीं। प्रमाणके समाप्त होनेसे कर्म 'उपचित' होता है। अंगुत्तर निकाय (१।२५०) में है कि थोड़े जलको थोड़े लवणसे नमकीन कर सकते हैं किन्तु यदि बहुमात्रामें भी लवण हो तब भी वह गङ्गाके जलको नमकीन नहीं कर सकता।

तीव्र क्लेश, तीव्र प्रसाद (श्रद्धा) से किया हुआ कर्म और निरन्तरकृत कर्म नियत हैं। वस्तुतः तीव्र श्रद्धा और तीव्र राग चित्त संतानको अत्यन्त वासित करते हैं। निरन्तर कृत कर्म चित्त-स्वभावको बनाता है। यह लक्षण पूर्व लक्षणके विरुद्ध नहीं है। केवल उसीको तीव्र प्रसाद या तीव्र राग हो सकता है जिसने बहुकुशल या अकुशल कर्म किए हैं।

गुण क्षेत्रमें किया हुआ कर्म भी नियत विपाक है यथा, पितृवध नियत विपाक है। जो कर्म बुद्ध, संघ, आर्य, माता-पिताके प्रति किया जाता है, वह नियत विपाक है।

तीन प्रकारके कर्म हैं। १—जिसका विपाक नियत है और जिसका विपाक-काल नियत है। यथा, जिसने आनन्तर्य कर्म किया है वह उसका फल अगले जन्ममें अवश्य भोगेगा। उसका नरकमें विनिपात होगा।

२—वह कर्म जिसका विपाक नियत है किन्तु काल नियत नहीं है। एक मनुष्यने एक कर्म उपचित किया है जिसका विपाक नियत है और स्वभाव ऐसा है कि वह केवल कामधातुमें ही विपच्यमान

हो सकता है। या जो स्वर्ग या नरकमें फल दे सकता है। किन्तु वह ऐसा नहीं है कि समनन्तर जन्ममें ही यह उपपत्ति हो। एक कर्म दूसरे कर्मसे विहित हो सकता है। वह पुद्गल आर्यमार्गमें प्रवेश करता है और कामसे वीतराग होता है। क्यों कि उसके कर्मका विपाक नियत है, वह इसी जन्ममें उसके फलका प्रतिसंवेदन करेगा। यह अपर-पर्याय वेदनीय कर्म था। यह दृष्टधर्म वेदनीय हो जाता है।

अंगुलिमालका दृष्टान्त दृष्टव्य है (मज्झिम निकाय २।९७)।

३—वह कर्म जिसका विपाक अनियत है। स्रोत आपन्नकी संततिका, अपाय गामिक पूर्वोपचित कर्मके विपाक-दानमें वैगुण्य है। क्योंकि प्रयोग शुद्धि और त्रिरत्न (बुद्ध, धर्म, संघ) के प्रति आशय शुद्धिके कारण उसकी संतति बलवान कुशलमूलोंसे अधिवासित है। अबुध अल्प पाप भी करके अधोगतिको प्राप्त करता है। बुध महापाप भी करके अपायका त्याग करता है। थोड़ा भी लोहा पिण्डके रूपमें जलमें डूब जाता है और वह लोहा प्रभूत भी क्यों न हो पात्रके रूपमें तैरता रहता है।

पुण्य-परिणामना

सामान्य नियम यह है कि कर्म स्वकीय है। जो कर्म करता है वही उसका फल भोगता है। किन्तु पालि निकायमें भी पुण्य-परिणामना (पत्तिदान प्राप्तिदान) है। वह यह भी मानता है कि मृतकी सहायता हो सकती है। स्थविरवादी प्रेत और देवोंको दक्षिणा देते हैं अर्थात् भिक्षुको दिये हुए दानसे जो पुण्य (दक्षिणा) संचित होता है उसको देते हैं हम अपने पुण्यमें दूसरेको सम्मिलित कर सकते हैं, पापमें नहीं।

निष्कर्ष यह है कि विक्लिष्ट धर्म, सावद्य, क्लेशाच्छन्न, और हीन हैं। शुभ और अमल धर्म ही प्रणीत हैं। जो धर्म न हीन हैं, न प्रणीत वह मध्य हैं। अतः संस्कृत शुभ धर्म ही सेव्य है। इन्हींका अध्यारोपण संतानमें होना चाहिये। वस्तुतः असंस्कृत धर्म अनुत्पाद्य हैं। उनका अभ्यास नहीं हो सकता। असंस्कृतका कोई फल नहीं है और फलकी दृष्टिसे ही भावना होती है।

मोक्ष अनुत्तर है। किस मार्गका अवलम्बनकर उसकी प्राप्ति होती है इसके निर्देशका यहां स्थल नहीं है अतः उसका वर्णन यहां नहीं किया गया। हमारे देशमें कर्मका बड़ा महत्व है। जातक अवदान तथा पौराणिक कथाओंमें कर्म महत्वको अनेक प्रकारसे दिखाया गया है। इनका हमारे सामाजिक जीवनपर गहरा प्रभाव पड़ा है किन्तु कर्म सिद्धान्तका निरूपण शास्त्रीय रीतिसे प्रायः नहीं किया गया है। योग सूत्रके साधन पादमें इस विषयके केवल दो सूत्र हैं (२।१२,१३) इन सूत्रोंके भाष्य तथा वृत्तिमें कर्मके दो तीन मोटे, मोटे सिद्धान्त ही पाये जाते हैं और उनका विस्तृत वर्णन नहीं मिलता। किन्तु

बौद्धागम और जैन शास्त्रोंमें कर्म वादका विशद् और विस्तृत वर्णन पाया जाता है। इसलिए इस लेखके लिखनेकी प्रवृत्ति हुई।

× × ×

टिप्पण

१. उपचित–'कृत' कर्म और 'उपचित' कर्म में अन्तर है। उपचित कर्म की व्याख्या अभिधर्म कोश, ४।१२० में दी है। जो कर्म संचेतना पूर्वक नहीं होता वह 'उपचित' नहीं होता। जो कर्म असमाप्त रहता है वह 'उपचित' नहीं होता। कोई एक दुश्चरितसे दुर्गतिको प्राप्त होता है, कोई दो से, कोई तीन से, कोई एक कर्मपथ से, कोई दो से,..... कोई दस से। यदि जितनेसे दुर्गति की प्राप्ति होती है, वह असमाप्त रहता है, तो कृतकर्म "उपचित" नहीं होता। समाप्त होने परही उपचित होता है। कर्म करनेके उपरांत यदि अनुताप होता है तो कृतकर्म 'उपचित' नहीं होता। पापके आविष्कृत करनेसे पापकी मात्राका तनुत्व या परीक्षय होता है। पाप कर्मका प्रतिपक्ष होनेसे कृतकर्म 'उपचित' नहीं होता। पाप विरतिका व्रत लेनेसे, शुभका अभ्यास करनेसे, आश्रयबलसे अर्थात् बुद्धादि की शरणमें जानेसे पापकर्म 'उपचित' नहीं होता। जब कर्म अशुभ है और उसका अकुशल परिवार है, तभी कर्म 'उपचित' होता है। जो कर्म विपाकदानमें नियत है वह उपचित होता है; जो अनियत है वह 'उपचित' नहीं होता। 'उपचित' कर्मको वेदान्तकी प्रक्रियामें संचित कर्म कहते हैं। यह वह कर्म हैं जो फल देना आरंभ कर देते हैं। वस्तुतः 'प्रष्ठ' से ही कर्मकी परिसमाप्ति होती है। कर्मकी गुरुता प्रयोग, मौलकर्म और पृष्ठ की गुरुता पर निर्भर करती है।

२. अव्याकृत—कुशलत्वेन, अकुशलत्वेन जिसका व्याकरण नहीं होता वह अव्याकृत' है।

३. मिथ्यादृष्टि—मिथ्याप्रवृत दृष्टि जो सुखादि सप्तय वस्तुसत्का अपवाद करती है।

४. समापत्ति—समाधि चित्तकी एकाग्रता और पुनः पुनः आसेवन है। ध्यान और समापत्तिका भी यही अर्थ है। 'समापत्ति' शब्दका प्रयोग ध्यान लोकके लिए होता है जहांके सत्व नित्य ध्यानावस्थित होते हैं। यह शब्द आठो भूमियोंके लिए प्रयुक्त होता है। इस अर्थमें समापत्तिका विपक्ष कामधातु है जहांके सत्वोंके चित्त असमाहित होते हैं। समापत्तिका यह सामान्य अर्थ है। एक विशेष अर्थमें, 'समापत्ति' अरूप धातुकी चार भूमियोंके लिए प्रयुक्त होता है, उस अवस्थामें यह चार ऊर्ध्व भूमिहैं। वार अधर भूमियां चार ध्यान कहलाती हैं।

५. नैव संज्ञा ना संज्ञायतन—लोक धातु तीन हैं–काम, रूप, आरूप्य। आरूप्यमें स्थान नहीं

है। वस्तुतः आरूप्य धर्म अदेशस्थ हैं। किन्तु, उपपत्तिवश यह चतुर्विध हैं। चौथा नैवसंज्ञा ना संज्ञायतन है।

६. भवाग्र—"नैवसंज्ञाना संज्ञायतन"को 'भवाग्र' कहते हैं क्योंकि यह भवका अग्र अर्थात् शीर्ष स्थान है।

७. ब्रह्म पुरोहित—काम धातुसे ऊर्ध्व रूपधातुके सत्रह स्थान हैं। इस धातुमें ४ ध्यान हैं। स्थावरवादियोंके अनुसार चार या पांच ध्यान होते हैं। प्रथम ध्यानमें ब्रह्म-कायिक, ब्रह्म-पुरोहित और महा-ब्रह्म हैं।

८. अविज्ञप्ति—विज्ञप्ति आर समाधिसे संभूत कुशल-अकुशल रूप 'अविज्ञप्ति' है। यद्यपि यह अनुबन्ध काय विज्ञप्ति और वाग्विज्ञप्तिके सदृशरूप—स्वभाव और क्रिया—स्वभाव है तथापि यह विज्ञप्तिके सदृश दूसरेको कुछ विज्ञापित नहीं करता। अतः इसे अविज्ञप्ति कहते हैं (वैभाषिक)। सौत्रान्तिक 'अविज्ञप्ति' न मानकर संतति परिणाम विशेष मानते हैं। उनके अनुसार जब बधके लिए नियुक्ति पुरुष बध करता है तब वह न्याय है, कि प्रयोक्ताकी चित्त-संततिमें एक सूक्ष्म परिणाम-विशेष होता है जिसके प्रभावसे यह संतति आयतिमें फलकी अभिनिष्पत्ति करेगी।

९. दुक्कट=(दुष्कृत एक प्रकारकी आपत्ति अपराध)—महावग्गमें इनका वर्णन मिलता है। पाराजिक, संघादिशेष, पाचितिय (प्रायश्चित) आदि आपत्ति हैं जिनके लिए विविध दण्डका विधान होता है। यथा मैथुनसे भिक्षु पाराजिक होता है, अर्थात् अन्य भिक्षुओंके साथ रहने योग्य नहीं होता। यथा संघमें फूट डालनेवाला 'संघादिशेष' का आपन्न होता है। इस अपराधके लिए दण्ड संघ ही दे सकता है इसलिए इसे संघादिशेष कहते हैं। 'पाचितिय' वह है जिसका प्रायश्चित्त है। दुष्कृतका उदाहरण शिष्यका अध्यापकके साथ अनुचित व्यवहार, अन्य आश्रयवासियों की अनुपस्थितिको जानते हुए उनकी अनुपस्थितिमें प्रातिमोक्षका पाठ करनेवालेको दुक्कट दोष होता है।

१०. आनन्तर्य पांच कर्म 'आनन्तर्य' हैं—मातृबध, पितृबध, अर्हतबध, संघभेद और लोहितोपाद। यह आनन्तर्य इसलिए हैं क्योंकि यह उपपद्य वेदनीय हैं और अभिभूत नहीं हो सकते। इसका फल अनन्तर ही उत्पन्न होता है।

११. संवर—विनय, अनुशासन। यह 'संवर' इसलिए कहलाता है क्योंकि यह दौःशील्य—प्रबन्धका संवरण करता है। संवर, तीन प्रकारका है। (१) प्रतिमोक्ष—संवर, अर्थात् इस लोकके सत्वोंका शील; (२) अनास्रव—संवर अर्थात् वह संवर जो आर्य मार्गकी भावनासे उत्पन्न होता है; (३)

ध्यानज–संवर अर्थात् वह संवर जो ध्यानसे उत्पन्न होता है। यह रूप धातुका शील है। प्रातिमोक्ष संवर ८ प्रकारका है–भिक्षु, भिक्षुणी, श्रामणेर, श्रामणेरिका, उपासक, उपासिका, शिक्षमाण और उपवासथका संवर।

१२. पोषध—उपवासको पोषध कहते हैं क्योंकि इससे कुशल मूलकी वृद्धि (पोष) होती है अभिधर्म कोष ४–२८। क्योंकि इससे अपने और पराये अनाश्रव चित्तकी वृद्धि होती है इसलिए भगवत इसे 'पोषध' कहते हैं (परमार्थ)। इस शब्दके अनेक पाठ मिलते हैं—उपोसथ, उपोषध (ललित विस्तर, महावस्तु, अवदान कल्पलता) पोषध (महाव्युत्पत्ति, २६६), पोसह (जैन)।

१३. अनुशय—'अनुशय' आस्रव है। अनुशेरते = पुष्टिं लभते, सास्रव धर्मोंमें पुष्टि और प्रतिष्ठाका लाभ कर 'अनुशय'की बहुलता होती है।

१४. संतीरण—चक्षुर्विज्ञानादिके अनन्तर विषयका समय ग्रहण होता है। इस कृत्यको सम्पटिच्छन् (पालि) कहते हैं। इसका अर्थ है सम्यक् अंगीकरण अर्थात् चक्षुर्विज्ञानादिसे विज्ञात आलंबन कर सम्यक ग्रहण। इसे संपटिच्छन-चित्त कहते हैं। मनोधातु द्वारा "सम्पटिच्छित" विषयका सम्यक विचार विमर्श संतीरण कहलाता है। इस चित्तको अभिधर्ममें अहेतुक विपाक मनोविज्ञान धातु कहते हैं।

१५. अनास्रव—आस्रव 'मल'को कहते हैं जो मल रहित है वह अनास्रव है। मार्ग सप्त और तीन असंस्कृत (आकाश, प्रतिसंख्या, निरोध और अप्रतिसंख्या) अनास्रव हैं। आकाश वह है जो आवृत नहीं करता। यह रूपसे आवृत भी नहीं होता। यही रूपकी अबाध गति है। सास्रव धर्मोंसे विसंयोग प्रति या निर्वाण है। प्रतिसंख्यासे एक प्रज्ञा विशेषका अर्थात् अनास्रव प्रज्ञाका ग्रहण होता है। एक अन्य निरोध जो उत्पादमें अत्यन्त विघ्नभूत है अप्रति कहलाता है। इस निरोधकी प्राप्ति सप्ताभिसमयसे नहीं होती। किन्तु प्रत्यय वैकल्पसे होती है यथा मन इन्द्रिय चक्षुरिन्द्रिय एक रूपमें व्यासक्त होते हैं तब रूपांतर (= शब्द, गन्ध, रस, और स्प्रष्टव्य) प्रत्युत्पन्न अध्वका अतिक्रम कर अतीत अध्वमें प्रतिपन्न होते हैं।

१६. प्राप्ति—यह एक चित्त विप्रयुक्त धर्म है। यह द्विविध है। अप्राप्त और विहीनका लाभ; प्रतिलब्ध और अविहीन का समन्वागम। ससंतान पतित संस्कृत धर्मोंकी प्राप्ति होती है। सौत्रान्तिक इसके अस्तित्वको स्वीकार नहीं करते। वह कहते हैं कि 'प्राप्ति' की प्रत्यक्ष उपलब्धि नहीं होती तथा उसके कृत्य से प्राप्ति का अस्तित्व अनुमित नहीं होता। सर्वास्तिवादी कहते हैं कि प्राप्तिका कृत्य है। प्राप्ति वह हेतु है जो सत्वोंके भावकी व्यवस्था करता है।

१७. ह्री—आत्म गौरवको देखकर जो लज्जा होती है वह ह्री है।

१८. अपत्राप्य—परगर्हाके भयसे जो लज्जा होती है वह अपत्राप्य है।

१९. धर्म प्रविचय—धर्म पुष्पोंके समान व्यवकीर्ण हैं। उन्हें चुनते हैं और उनका विभाग करते हैं; वह अनास्रव है, यह सास्रव है, इत्यादि। इस कालमें प्रज्ञाका प्राधान्य होता है निर्वाणकी प्राप्ति धर्म-प्रविचयसे होती है, यथा पदार्थके तत्त्वज्ञानसे निःश्रेयसकी सिद्धि होती है (वैशेषिक)।

२०. सभागहेतु—सदृश धर्म सभाग-हेतु हैं। पांच कुशलस्कन्ध पांच कुशलके सभाग हेतु हैं। क्लिष्ट; क्लिष्टके सभाग हेतु, हैं इत्यादि।

२१. सर्वत्रगहेतु—अनुशय करणमें ११ अनुशय 'सर्वत्रमग' कहे गये हैं क्योंकि यह अपने धातुको साकल्यतः आलम्बन बताते हैं। यह ११ अनुशय इस प्रकार हैं—दुःख-समुदय-दर्शन हेय-दृष्टि-विचिकित्सादि।



घटोत्कचगुप्त

श्री परमेश्वरीलाल गुप्त

लेनिनग्राड संग्रहालयमें गुप्त सम्राट्की एक सुवर्ण मुद्रा है जिसपर एक ओर प्रभामण्डलयुक्त सम्राट् बांयी ओर मुंह किये हुए खड़े हैं। उनके बायें हाथमें धनुष और दाहिने हाथमें बाण है। सम्राट्के दाहिनी ओर गरुड़ध्वज है और बायें हाथके नीचे इन्दु और उसके नीचे 'घटो' लिखा है इसी ओर चारों ओर कुछ अभिलेख अङ्कित है किन्तु केवल अन्तिम शब्द '(गु) प्त(:)' पाठ्य है। मुद्राकी पीठपर देवीका चित्र है। उनके बायें हाथमें पद्म और दाहने हाथमें पाश है। ऊपर बायें कोनेपर 'प्रतीक' है। इस ओरका अभिलेख भी स्पष्ट नहीं है पर सम्भवतः 'क्रमादित्य' है। एलनने अपने सूचीपत्रमें इस मुद्राका उल्लेख 'अज्ञात सम्राट्की मुद्रा'के रूपमें किया है।[1]

मुद्रापर अङ्कित नामका प्रारम्भिक अंश 'घटो' और किनारेके अभिलेखमें अङ्कित 'गुप्त'में ऐसा जान पड़ता हैं कि उस मुद्राको घटोत्कच नामक शासकने चलाया था। किन्तु अभी तक चन्द्रगुप्त प्रथमके पिता घटोत्कचके अतिरिक्त इस नामका कोई दूसरा व्यक्ति गुप्तवंशमें ज्ञात नहीं है। किन्तु वह मुद्रा उनकी नहीं हो सकती, क्योंकि, जैसा कि एलनने कहा है, मुद्राकी बनावट और भारसे ऐसा जान पड़ता हैं कि उसका चलाने वाला शासक पांचवीं शताब्दी ईसासे पूर्वका नहीं हो सकता।[2]

बसाढ़, प्राचीन वैशालीसे एक अंडाकार मुहर प्राप्त हुई है जिस पर एक पंक्तिमें 'श्रीघटोत्कचगुप्तस्य' लिखा हुआ है। डाक्टर टी० ब्लाचने इस मुहरके घटोत्कचगुप्तका सामंजस्य चन्द्रगुप्त प्रथमके पिता घटोत्कचसे किया है[3]। विन्सेन्टस्मिथने भी इस पहचानको स्वीकार किया है[4]। किन्तु यह सामंजस्य युक्तिसंगत नहीं है। यह मुहर चन्द्रगुप्त द्वितीयकी पत्नी और गोविन्दगुप्तकी माता ध्रुवस्वामिनीकी

१—ब्रिटिश संग्रहालयकी गुप्त मुद्राओंकी सूची, पृ० १४९, फलक २४ मुद्रा ३ ; भूमिका, पृ० ५४।

२—वही, भूमिका पृ० ५४।

३—भारतीय पुरातत्व विभागकी रिपोर्ट (१९०३-४), पृ० १०७।

४—रायल एशियाटिक सोसाइटीकी पत्रिका (१९०५), पृ० १५०; अर्ली हिस्ट्री आव इन्डिया (चतुर्थ संस्करण), पृ० २६६, पाद टिप्पणी २।

मुहरके साथ पायी गयी थी। इससे यह अनुमान होता है कि इस मुहरको अंकित करनेवाला व्यक्ति चन्द्रगुप्त द्वितीयके परिवारका कोई समकालिक व्यक्ति रहा होगा। एलनका विचार है कि उक्त मुद्रा और इस मुहरका घटोत्कचगुप्त एक ही व्यक्ति नहीं है। उनकी दृष्टिमें मुद्राका निर्माता मुहरके स्वामीका परवर्ती[1] है।

अभी हालमें ग्वालियर राज्यके गूना जिलेके तुमैन नामक स्थानसे एक खंडित शिलालेख मिला है जिससे एक घटोत्कचगुप्तका पता लगता है। इस शिलालेखका आधेसे अधिक बायां हिस्सा टूट गया है और अप्राप्य है। लेखका केवल दाहना अंश शेष है। लेखके द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ पंक्तियोंका अवशिष्ट अंश निम्नलिखित है :—

२...श्री चन्द्रगुप्तस्य महेन्द्रकल्पः कुमारगुप्त स्तनयस्य (मग्राम्) ररक्ष ।
साध्वी मिव धर्मपत्नीं वीर्य्याग्रहस्तैरु पगुह्य भूमिं
३...गोरः क्षित्याम्बरे गुणसमूहमयूखजाले नाम्नादि तस्स तु घटोत्कचगुप्त चन्द्रः ।
स पूर्वजानां स्थिरसत्वकार्तिभजर्जितं तंकर्तिम्कीर्तिभमिपपद्य ॥
४...(गुप्तन्वय) सां वसुधेश्वराणा समाहते षोडशवर्ष युक्ते ।
कुमारगुप्ते नृपतापृथिव्यां विराजमाने शरदीव सूर्य[2] ॥

इन पंक्तियोंमें चन्द्रगुप्त द्वितीय, उनके पुत्र कुमारगुप्त तथा घटोत्कच नाम व्यक्तिका उल्लेख है जिसने अपने बाहुबलसे अपने पूर्वजोंकी कीर्तिको अक्षुण रखा। यह आमलेख गुप्त संवत् ११६ में उस समय लिखा गया जब कुमारगुप्त पृथिवी पर शासन कर रहा था।

इन पंक्तियोंसे स्पष्ट है कि घटोत्कचगुप्त गुप्तवंशके कुमारगुप्तका कोई उत्तर-वंशधर था। उसका कुमारगुप्तसे सम्बन्ध बतानेवाला अभिलेखका अंश गायब है, किन्तु अवशिष्ट अंशसे ऐसा आभास होता है कि वह उसका पुत्र रहा होगा[3] और सम्भवतः वह पूर्व मालवका उपारिक (वायसराय) था।

मेरी दृष्टिमें इस अभिलेखका घटोत्कचगुप्त एक ही व्यक्ति है।

यह तो निर्विवाद है कि मुहर ध्रुवस्वामिनीकी मुहरके साथ मिली थी, इस कारण इस मुहरको भी

१—पृ० ब्रि० संग्रहालयकी गुप्त मुद्राओंकी सूची, भूमिका, पृ० ५४।

२—दिनेशचन्द्र सरकार : सेलेक्ट इन्सक्रिप्शन्स, पृ० ४९५-४९६;एयाक्रेफिका इन्डिका,भाग २६,पृ०११७

३—राय चैधुरी : पोलिटिकल हिस्ट्री आव एन्शिएन्ट इन्डिया, पृ० ४८१।

ध्रुवस्वामिनीकी मुहरका समकालिक कहा जा सकता है। ध्रुवस्वामिनीने जिस समय अपनी मुहर जारीकी उस समय चन्द्रगुप्त द्वितीय जीवित था, यह भी स्पष्ट है। इसका मतलब यह हुआ कि मुहर गुप्त संवत् ९३ से पूर्व (जो की चन्द्रगुप्तकी अन्तिम ज्ञात तिथि है)[1] जारीकी गयी होगी। जिस समय गुप्त संवत् ११६ में तुमैनका शिलालेख लिखा गया, उस समय घटोत्कचगुप्त काफी वयस्क रहा होगा, यह भी स्पष्ट है। उसे अपने पूर्वजोंका कीर्तिका रक्षक कहा गया है। अस्तु, बहुत सम्भव है कि जिस समय उसने मुहर जारी की वह अल्प वयस्क रहा हो और उसे समय तक कोई राजपद प्राप्त न हुआ हो। मुहर और शिलालेखके कालके बीच २३ वर्ष या उससे कुछ ही अधिकका अन्तर है। कालका इतना अन्तर इस समाधानमें किसी प्रकार बाधक नहीं होता।

इसी प्रकार इस घटोत्कचगुप्तकी मुद्राका घटोत्कचगुप्त होना भी असम्भव नहीं है। यदि घटोत्कचगुप्त कुमारगुप्तका पुत्र है, जिसकी सम्भवना अधिक है, तो वह या तो अपने पिताकी मृत्युके पश्चात् राज्याधिकारी हुआ होगा या अपने भाई स्कन्दगुप्तके बाद, और तभी उसने अपनी मुद्रा प्रचलितकी होगी। दोनों ही अवस्थामें मुद्राका प्रचलनकाल वही होगा जिसका अनुमान एलनने बनावट और भारके अधिकार पर किया है।

घटोत्कचगुप्त यदि राज्याधिकारी हुआ तो वह काफी वयस्क अवस्थामें हुआ होगा। ऐसी अवस्था में उसका शासन अल्पकालिक ही रहा होगा यह बात उसकी मुद्राओंके अधिक संख्यामें न मिलनेसे ही स्पष्ट है। यह अल्पकालीन शासन दोनों अवस्थाओंमें सम्भव है चाहे वह अपने पिताका उत्तराधिकारी हो चाहे अपने भाईका। कुमारगुप्त प्रथमकी अन्तिम तिथि जो उसकी मुद्रओंसे ज्ञात हुई है गुप्त संवत् १३० है[2]। साथ ही स्कन्दगुप्तका आरम्भिक ज्ञात काल भी वही है[3]। यदि घटोत्कचगुप्त कुमार गुप्तके बाद शासनारुढ़ हुआ तो उसने कुछ ही मास शासन किया। कुमारगुप्त उस वर्षके आरम्भमें मरा होगा और स्कन्दगुप्त उस वर्षके अन्तिम भागमें शासनरुढ़ हुआ होगा और उन दोनोंके बीच घटोत्कचगुप्तने कुछ दिनके लिए शासन किया या करनेकी चेष्टाकी होगी। यदि वह स्कन्दगुप्तके बाद राज्याधिकारी हुआ तो भी उसका शासन अल्पकालिक रहा होगा; क्योंकि

१—सांचीका शिलालेख : कार्पस इन्स्क्रिप्शनम् इंडिकम भाग ३, पृ० २९।

२—एशियाटिक सोसाइटी आव बंगालकी पत्रिका (१८९४), भाग ६३, पृ० १७५।

३—जूनागढ़ शैल लेखक कार्पस इन्सक्रिपशनम् इन्डिकम्।

स्कन्दगुप्तकी अन्तिम ज्ञात तिथि गुप्त संवत् १४८ हैं[१] और कुमारगुप्त द्वितीयकी प्रारम्भिक ज्ञात तिथि गुप्त संवत् १५५ हैं[२]। अतः ७ वर्षके इस अल्पकालमें ४ शासकों घटोत्कचगुप्त, पुरगुप्त, नरसिंहगुप्त और कुमारगुप्त द्वितीय ज्ञासनारुढ़ होना ही बताता है कि उनका शासन अल्पकालिक होगा।

किंतु उपलब्ध अन्य प्रमाणोंसे ज्ञात होता है कि घटोत्कचगुप्तने अपने पिताकी मृत्युके पश्चात् ही सिंहासन पर अपना अधिकार स्थापित किया होगा।

स्कन्दगुप्तके दो महत्वपूर्ण शैललेख भितरी[३] और बिहार[४] में हैं। इन लेखोंसे जान पड़ता है कि स्कन्दगुप्त कुमारगुप्तका वैध उत्तराधिकारी और अग्रमहिषी अवगमहिषी की सन्तान न था स्कन्दगुप्तके पूर्वके और उसके बादके सभी गुप्त शासकोंने अपने पूर्वजोंकी चर्चाकी है और अपने पिता, पितामह, प्रपितामह तथा अन्यपूर्व पितामहोंके साथ साथ अपनी माता, पितामही, प्रतिपितामही तथा अन्य पूर्वपितामहियोंका नाम दिया है। स्कन्दगुप्तने इन दोनों लेखोंमें अपने पिता, पितामह, प्रतिपितामह आदिके नामोंके साथ अपने पितामही आदिके नामोंके साथ अपने पितामही, प्रतिपितामही आदिका नाम तो दिया है पर अपनी माताके नाम पर मौन रह गया है[५]। यह मौन इस बातका स्पष्ट संकेत करता है कि वह अपनी माता पर गर्व न कर सकता था और उसका उल्लेख करनेमें उसे लज्जाका अनुभव होता था। इस प्रकार यह इस बातका स्पष्ट संकेत है कि उसका राज्यसिंहासन पर वैध अधिकार नहीं था, भले ही वह ज्येष्ठ रहा हो। उसके लिए राज्य प्राप्तिका एक ही उपाय था कि वह वैध या अवैध रूपसे वैध उत्तराधिकारीको उसके अधिकारसे वंचित कर दे, और जूनागढ़ वाले शैललेखका निम्मलिखित पंक्तियोंसे जान पड़ता है कि उसे राज्य सिंहासनके लिए किसी राजकुमारसे लोहा लेना पड़ा था :—

…व्यापेत्या सर्व्वान् मनुजेन्द्रपुत्रं लक्ष्मीः स्वयम् वरयांचकार[६]।

यह अभिलेख शासनारूढ़ होनेके दो वर्षके भीतर ही लिखा गया था। अतः यह स्पष्ट है कि पुष्यमित्रों और हूणोंकी विजयसे इसका सम्बन्ध नहीं है। यह 'मनुजेन्द्रपुत्र' जिससे उसे लोहा लेना

१—रायल एशियाटिक सोसाइटी पत्रिका १८८९, पृ० १३४।

२—सारनाथ अभिलेख : भारतीय पुरातत्व विभागकी रिपोर्ट, १९१४।१५, पृ० १२४।१२५।

३—कार्पस इन्सक्रप्शन्म् इन्डिकम, भाग ३, पृ० ५३।

४—वही, पृ० ५०।

५—बिहार अभिलेख भाग २, पंक्ति २२।२३ ; भितरी अभिलेख पंक्ति ७।

६—वही, पृष्ठ ५९, पंक्ति ५।

पड़ा था वह घटोत्कचगुप्त ही हो सकता है। वही वैध उत्तराधिकारी होनेके कारण सिंहासनारूढ़ हुआ होगा और अपना मुद्राएं जारी की होंगी। यदि स्कन्दगुप्तने अपने अधिकार स्वरूप सिंहासन प्राप्त किया होता तो उसे 'लक्ष्मी स्वयं वरयंचकार' की घोषणा करनेकी आवश्यकता न थी।

इस प्रकार यह माननेके पर्याप्त आधार हैं कि कुमारगुप्त प्रथमके बाद शासनका अधिकारी घटोत्कचगुप्त था और वह स्कंधगुप्तसे पूर्व कुछ कालके लिए राज्याधिकारी हुआ और उसे गुप्तवंशके शासन क्रमसे उसका निश्चित स्थान है[1]।



१—कुछ विद्वानोंका विचार है कि स्कन्दगुप्तसे पूर्व पुरगुप्त शासनारूढ़ हुआ। पुरगुप्त शासनारूढ़ हुआ या नहीं, यह अभी विवादका विषय है। किन्तु यदि वह शासनारुढ़ हुआ तो वह स्कन्दगुप्तके बाद ही हुआ होगा, न कि पहले। यदि स्कन्दगुप्तने पुरगुप्तसे संघर्ष करके राज्य प्राप्त किया होता, तो पुरगुप्त और उसके अधिकारियोंको पुनः सर उठानेके लिए जीवित न छोड़ता। ऐसा करना उसकी सबसे बड़ा राजनीतिक भूल होती। स्कन्द जैसे शासक से ऐसी आशा नहीं की जा सकती। हम देखते हैं कि स्कन्दगुप्तके बाद पुरगुप्तके वंशज शासनारूढ़ हुए और यह तभी संभव है जब पुरगुप्तने स्कन्द गुप्त के बाद राज्य प्राप्त किया हो।

पृथ्वीराजरासो

डाक्टर धीरेन्द्र वर्मा

गत ६० वर्षोंसे हिंदी साहित्यके इतिहासों तथा पत्र-पत्रिकाओंमें पृथ्वीराजरासोके संबंधमें प्रधानतया एक ही बातकी चर्चा होती रही है, कि रासो प्रमाणिक ग्रन्थ है अथवा नहीं। इस वाद-विवादका प्रारम्भ कविवर श्यामलदासने १८८६ ई० के बंगाल एशियाटिक सोसायटीके जर्नलमें किया था और आज भी इसी पिष्टपेषणमें हमारा विद्वत् समाज तथा अध्यापक और विद्यार्थीवर्ग लगा हुआ है, आश्चर्य है कि हमलोग अभीतक इस वादविवादको समाप्त नहीं करपाये हैं आर न इस तर्क वितर्क से ऊबे ही हैं।

प्रस्तुत निबंधमें इस समस्याकी चर्चा नहीं उठायी गयी है। मान लीजिये कि रासो १२ वीं शताब्दीकी रचना नहीं हैं और चन्दकृत भी नहीं है—लेखक इस संबंधमें कविवर श्यामलदास, डा० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा और पं० रामचन्द्र शुक्लके मतको सत्यके अधिक निकट समझता है तथा श्री मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या, डा० श्यामसुन्दर दास अथवा श्रद्धेय मिश्र बन्धुओंसे सहमत नहीं हैं—तो भी उतना तो सभी विद्वान मानते हैं कि यह वृहत्काव्य ग्रन्थ १६ वीं शताब्दीमें लिपिवद्ध किया गया था—रासोकी सबसे पुरानी प्रति १५८५ ई० की बतायी जाती है, यद्यपि अधिकांश प्राप्त पोथियोंका लिपिकाल १६०० ई० से १७०० ई० के बीचमें पड़ता है—और तबसे आज तक यह उस कालमें प्राप्त रूपोंमें चल रहा है और आजभी उलब्ध है। आखिर हिंदीमें १६ वीं शताब्दीसे पहलेके कितने प्रसिद्ध काव्यग्रन्थ हैं—सूरसागरका रचना काल १५३० और १५५० ई० के बीचमें पड़ता है, जायसीका पद्मावत १५४० ई० में लिखा गया था और रामचरितमानस १५७५ ई० में। रासोके वर्त्तमान स्वरूप लगभग इसी समयके हैं। ऐसी अवस्थामें क्या यह उचित नहीं था कि कमसे कम १६ वीं शताब्दीके एक प्रबंध काव्यके रूपमें ही इसका अध्ययन किया जाता।

यदि इस दृष्टिसे देखिये तो वास्तवमें परिस्थिति अधिक उत्साहवर्धक नहीं है। नागरी प्रचारिणी सभाकी कृपासे रासोकी एक परंपराका पूर्ण संस्करण (रासो सार सहित) प्रकाशित हो गया यह सौभाग्य-का विषय है। क्या ही अच्छा होता यदि बंगाल एशियाटिक सोसायटीने ग्रन्थके संपादनका कार्य अधूरा न छोड़ दिया होता। संपादनकी दृष्टिसे भी रासोकी समस्त परंपराओंके पूर्ण तथा वैज्ञानिक संस्करणोंकी

अत्यंत आवश्यकता है। आशा है कि बीकानेरके संस्करणसे इस त्रुटिकी आंशिक पूर्त्ति हो सकेगी। किंतु सभाके संस्करणके इतने वर्षोंसे उपलब्ध रहने पर भी रासो पर एक भी आलोचनात्मक ग्रन्थ प्रकाशित नहीं हुआ, न कोई संक्षिप्त संस्करण ही किसीने संकलित किया और न कोई रासोका कोष अथवा व्याकरण ही निर्मित किया गया। काव्यगत गुण दोषोंके विवेचनकी दृष्टिसे कोई गंभीर लेख भी रासो पर नहीं लिखे गये। वास्तवमें रासोके अध्ययनके संबंधमें इस असाधारण उपेक्षाको देखकर आश्चर्य तथा दुःख होता है। गत वर्ष रासोका एकबार फिर साधारण पारायण करनेका अवसर मुझे मिला। इस पारायणके फलस्वरूप कुछ प्रमुख प्रवृत्तियोंकी ओर हिंदी विद्वानोंका ध्यान प्रस्तुत लेखके रूपमें आकृष्ट करना चाहता हूँ। ये केवल कुछ सुझाव मात्र हैं जो भविष्यके विस्तृत गंभीर अध्ययनमें कदाचित् सहायक होसकें। सभाके संस्करणके आधार पर ही ये सुझाव लेखबद्ध किए जा रहे हैं।

रासोका मुख्य समय

यह तो हिंदी साहित्यके प्रत्येक विद्यार्थीको विदित है कि पृथ्वीराज रासो ६८ समय अथवा अध्यायोंमें विभक्त (६९ समयोंमें नहीं) लगभग २५०० पृष्ठोंका एक वृहत् प्रबंध काव्य है। ६८ वें समयके अन्तमें ग्रंथ समाप्ति अरौ उपसंहार संबंधी अंश मिलते हैं। उसके उपरान्त जोड़ा हुआ हुआ महोबा समय, जिसकी कथा वस्तु आल्हखंडकी कथा वस्तुसे मिलती जुलती है, वास्तवमें परिशिष्ट स्वरूप है, मूलग्रन्थका भाग नहीं। उसे ६९ वाँ समय मानना भूल है। इन ६८ समयोंकी भी यदि आकार, कथा वस्तु तथा शैली आदिकी दृष्टिसे परीक्षाकी जावे तो मुख्य समय ६१ वां अर्थात् कनवज्ज समय मालूम होता है जिसमें पृथ्वीराज और संयोगताके विवाहका वर्णन है। सभाके संस्करणके अनुसार उसकी पृष्ठसंख्या ३८४ है। पहले और ६६ वें समयोंको छोड़कर अन्य समयोंकी पृष्ठ संख्या २ से १०६ पृष्ठोंके बीचमें है। अधिकांश समय ३० पृष्ठोंसे अधिकके नहीं हैं। २८ समयोंमें १६ के अन्दर ही पृष्ठ संख्या है और इनमें १२ समय तो ८ पृष्ठों से भी कमके हैं। पाठक पर पहला प्रभाव यही पड़ता है कि ६१ वाँ कनवज्ज समय रासोका प्रधान केन्द्रीय समय है। आश्चर्य नहीं कि पृथ्वीराजके संयोगताके साथ विवाहके अनुकरणमें अन्य कवियोंने शेष नौ विवाहोंको भी धीरे धीरे कल्पना कर डाली हो। इसी प्रकार संयोगताके पूर्वजन्म तथा पूर्वानुराग आदिमें संबंध रखनेवाले अनेक समयोंकी, जो ४५ से ६६ समयोंके बीचमें पाए जाते हैं, कल्पना धीरे धीरे हुई हो।

कनवज्ज समय सबसे अधिक रोचक तथा सबसे अधिक पूर्ण समय है। काव्य की दृष्टिसे यह कदाचित् सर्वोत्तम समय माना जा सकता है। इस समयके विषयोंका सार नीचे दिया जाता है:—
"षट्ऋतु वर्णन; कैमासके स्थान पर जैनरावका राजमंत्री होना; ११५१ सं० को १०० सामन्तों और ११०० १७२

चुने हुए सवारोंके साथ पृथ्वीराजका कन्नौजको कूँच करना; सामंतोंकी सूची; अशकुन व शकुन; यात्रा वर्णन; कन्नौजपुरीका वर्णन; गंगा महात्म्य; पनहारिनों तथा स्त्रियोंका नखशिख वर्णन; देवीस्तुति अनेक वर्णन—पुरजन वर्णन, दरबार वर्णन, सेना और गढ़रक्षाका वर्णन, जयचन्द के दरबारियोंका वर्णन, जयचन्दका वर्णन; चन्दका दरबारमें जाना व साथमें पृथ्वीराजका सेवकके रूपमें होना; चन्द-जयचन्द संवाद; पृथ्वीराजका शाहबुद्दीनसे जयचन्दके राज्यकी रक्षा करनेका उल्लेख चन्द द्वारा; पानलानेवाली दासियां; चंदका डेरा व सत्कार; मिठाई लानेवाली दासियोंका नखशिख, पुनः गंगामाहात्म्य; जयचन्दकी सभामें नृत्य; चन्द आदिका डेरे पर जाना; जयचन्दके शहर कोतवाल रावणका सेना सहित पृथ्वीराजको घेरनेका यत्न व युद्ध। पृथ्वीराजकी गंगाके किनारे संयोगतासे भेंट; गंधर्व विवाह; प्रातः पड़ाव पर लौटना; संयोगता सहित पृथ्वीराजकी रक्षामें सामंतोंका तीन दिन तक युद्ध; पृथ्वीराजका दिल्ली जानेके लिए सम्मत न होना; जयचन्दकी सेनाके शंखधुनियोंका पराक्रम; चन्दके विशेष अनुरोधसे अन्तमें पृथ्वीराजका दिल्ली जानेको सम्मत होना, पृथ्वीराजके दिल्लीकी ओर चलने पर भारी युद्ध, कन्हके युद्धके संबंधमें अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन; पृथ्वीराजका सोरों तक पहुँचना, किस सामंतके युद्धमें पृथ्वीराज कितने कोस गये इसका उल्लेख, सब सामंतोंके मारे जाने पर पृथ्वीराजका स्वयं कमान खींचना; अन्तमें दोनों ओर शान्ति व जयचन्दका कन्नौज लौट आना; पृथ्वीराजका दिल्ली पहुँचना और प्रजावर्गको बधाई। जयचन्दका पृथ्वीराजके घायलोंको उठवाकर तैंतीस डोलियोंमें दिल्ली पहुँचाना; जयचन्दका बहुत सा दहेज देकर अपने पुरोहितको दिल्ली भेजना, दिल्लीमें पृथ्वीराज और संयोगिताका विवाह और दंपति विलास।"

आकार और महत्वकी दृष्टिसे दूसरा मुख्य समय ६६ वां बड़ो लड़ाईका प्रस्ताव शीर्षक है जिसमें पृथ्वीराज आर शाहबुद्दीनके अंतिम युद्धका वर्णन है। इसकी पृष्ठ संख्या २८१ है। आश्चर्य नहीं कि ६१ और ६६ समयोंकी रचना लगभग एक साथ हुई हो। महाराज पृथ्वीराजसे संबंध रखनेवाली इन दो प्रधान घटनाओंकी कल्पना राज कवि चन्दकी कल्पनाके साथ किसी कविने कदाचित् पहले पहलकी आर ये कल्पनाएं धीरे धीरे जनतामें भी फैल गयीं। यह बहुत संभव है कि मूल कविके इस युद्ध संबंधी वर्णनके अनुकरणमें दूसरे कवियोंने सोलह अन्य युद्धोंकी कल्पना धीरे-धीरे कर डाली हो। ६७ वां बानवेध प्रस्ताव ६६ प्रस्तावके बाद कदाचित् लिखा गया अथवा दोनों समयोंका साथ लिखा जाना भी असंभव नहीं है। ६६ वें बड़ी लड़ाई शीर्षक प्रस्तावके मुख्य विषय निम्नलिखित हैं :—

"समर सिंहका दिल्ली जाना; पृथ्वीराज विलासमें लिप्त; शाहकी आक्रमणकी तैयारी; इस समाचारसे दिल्लीकी प्रजाका व्याकुल होना; प्रजाके महाजनोंका नगरसेठके यहाँ जाना (महाजनोंकी सूची), इनका गुरुराय पुरोहितके यहाँ जाना, पुरोहितका इन्हें लिवा कर चंदके पास जाना, अन्तमें

सबका राजद्वार जाना ; चन्दका पत्र पाकर पृथ्वीराजका रनिवाससे निकलना व युद्धकी तैयारी ; नये सामन्तोंका समरसिंहसे परिचय कराना ; भोजन वर्णन ; चामंडका छुड़वाना ; वीरभद्रकी कथा ; महाभारतका उल्लेख ; सामंतोंके साथ मंत्रणा ; अशकुन ; कुमार रैनसीका राज्याभिषेक ; संयोगताका विरह वर्णन ; शाहकी फौजका चिनाव पार करना ; चन्दका जालंधर गढ़ जाना व हम्मीरको समझाना ; हम्मीर चन्द संवाद, जालंधरी देवीकी पूजा; हम्मीरके साथ पुंडीरका युद्ध व हम्मीरका शाहसे मिलजाना; राजपूत और शाहकी सेनाकी तैयारी व मुक़ाबला; दोनों सेनाओंके सरदारोंका वर्णन; राजनीति; पृथ्वीराज और शाहका सत्रहवां युद्ध ; विस्तृत वर्णन, जैनराव चामुंड आदिका मारा जाना; यक्ष आदि द्वारा शिवजीके सामने युद्धका वर्णन। म्लेच्छ सेना द्वारा पृथ्वीराजका घिर जाना ; गुमराम पुरोहितका मारा जाना ; गिद्धनीका संयोगतासे युद्धका वृत्तान्त सुनाना, समस्त सेनाके मारे जाने पर पृथ्वीराजका अकेले युद्ध करना ; पृथ्वीराजका पकड़ा जाना ; होतव्यताका संकीर्त्तन ; पृथ्वीराजका कैद करके गजनी ले जाया जाना ; पृथ्वीराजका बंधन समाचार सुनकर संयोगताका सहसा प्राण त्याग देना ; राजपूत रमणियोंका सती होना ; शाह द्वारा पृथ्वीराज की आँखें निकलवाने की आज्ञा; पृथ्वीराजका पश्चात्ताप व कई दिन निराहार रहनेके बाद भोजन करना ; वीरभद्रका युद्धका हाल चन्दको बताना व चंदका संताप।"

इन दो केन्द्रीय समयोंके चारों ओर धीरे धीरे अन्य समयोंकी कल्पना हुई ऐसा मालूम होता है। अन्तमें १६ वीं शताब्दीके अन्तमें किसी संपादकने इन्हें एकत्रित करके तथा कथा प्रवाह पूरा करनेके लिए बीच बीचमें कुछ अन्य समयोंको बढ़ा कर तथा ग्रंथके आदि और अन्तके रूपको स्पष्ट करनेके लिए प्रथम समय और ६८ वें समयोंको जोड़ कर हमें एक पूर्ण प्रबंध काव्यका रूप दे दिया। समस्त ग्रन्थको ध्यानसे पढ़नेसे ऐसा आभास होता है।

अन्य महत्वपूर्ण समय

उपर्युक्त दो समयोंके अतिरिक्त वर्तमान रासोमें अन्य महत्वपूर्ण समय निम्नलिखित आठ माने जा सकते हैं :—

१. आदि पर्व (पृष्ठ संख्या १८१), इसमें मंगलाचरणके उपरान्त वंश वर्णन, सामंतोंके नाम तथा कवि और उसकी स्त्री में प्रश्नोत्तर है। १३२ पृष्ठके उपरान्त पृथ्वीराजकी कथा प्रारंभ होती है।

९. हुसेन कथा (४०), इसमें हुसेन और उसकी प्रेमिका चित्ररेखाके पृथ्वीराजकी शरणमें आनेकी कथा है। इसीके फलस्वरूप शाहबुद्दीन गोरीके साथ पृथ्वीराजका प्रथम युद्ध हुआ जिसका वर्णन इस समयमें है। हम्मीर रासोकी कथासे यह घटना बहुत मिलती जुलती है। अन्योन्य प्रभावकी दृष्टिसे इन दोनोंका अध्ययन रोचक होगा[1]।

१२. भोलाराम समय (७२), इसमें आबूके राजा सलख पंवारकी कन्या इच्छिनीसे पृथ्वीराजके विवाह ठहरने तथा फलस्वरूप भोलाराम भीमदेव चालुक्यसे वैर और युद्धका वर्णन है।

१४. इच्छिनी व्याह कथा (२३), इसमें इच्छिनीसे विवाह होनेका विस्तृत वर्णन है। इच्छिनी पृथ्वीराजकी पटरानी थी।

१८. दिल्लीदान प्रस्ताव (१४), इसमें पृथ्वीराजके नाना अनंगपाल तोमरका पृथ्वीराजको दिल्लीके राज्य देनेका तथा पृथ्वीराजके राज्याभिषेषका वर्णन है।

३९. सोमवध समय (२४), इसमें गुजरातके चालुक्य राजा भीमदेवके द्वारा पृथ्वीराजके पिता सोमेश्वरकी मृत्युका वर्णन है। सोमेश्वर अजमेरमें राज्य करते थे।

६७. बानवेध प्रस्ताव (८३), इसमें निम्नलिखित विषयोंका उल्लेख है : कवि द्वारा राजाके उद्धारका निश्चय ; भवानीसे ग्रंथसमाप्तिके लिए विनय ; रासोकी छंद संख्या ; ढाई महीनेमें रासोकी रचना ; कविका जल्हको रासो पढ़ाना व स्त्रीसे विदा ; योगसंबंधी चर्चा व देवी स्तुति ; कविका राजनी पहुँचना, शाहसे भेंट, चंद बादशाह संवाद, चंदकी पृथ्वीराजसे भेंट, पृथ्वीराजका सात घड़ियाल छेदनेके बहाने शब्दभेदी बाणसे शाहका प्राणान्त करना, कवि चन्दका छुरीसे अपना सिर काट कर राजाको भी छुरी सौंप देना, पृथ्वीराजका प्राणान्त, पृथ्वीराजका गुणगान।

उपर्युक्त दस समयोंमें ग्रंथके सबसे अधिक महत्वपूर्ण अंश आ जाते है। इन दस समयोंकी पृष्ठ संख्या ११३१ अर्थात् आधेसे कुछ ही कम बैठती है। शेष आधे ग्रंथमें ५८ समय हैं। यहां इस बातकी ओर ध्यान आकृष्ट कर देना अनुचित न होगा कि विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थाओंकी भिन्न भिन्न परीक्षाओंके पाठ्यक्रमोंमें रासोके जो समय चल रहे हैं, जैसे पद्मावती समय, रेवातट समय, घूघटकी लड़ाई आदि, इनमेंसे कोई भी समय महत्वपूर्ण नहीं है। इनमेंसे कईके अंग्रेजी अनुवाद प्रारंभमें हुए थे इसी सुभीतेके कारण कदाचित् इन्हें पाठ्यक्रमोंमें स्थान मिल गया है।

पृथ्वीराज रासोके संकलनकर्ताका मुख्य ध्येय प्रधान पात्र महाराज पृथ्वीराजका शौर्य वर्णन करना मालूम होता है—इस शौर्यका प्रदर्शन दस विवाहों और लगभग १७ युद्धोंके रूपमें किया गया है। एक आदर्श सामन्तके शौर्यकी कल्पना मध्य कालमें इसी रूपमें हो सकती थी। प्रबन्ध काव्यकी दृष्टिसे कथानक अथवा समयोंका क्रम सुसंबद्ध नहीं है,—चरित्र चित्रणमें ही कोई क्रमबद्ध विकास मिलता है। वर्णन की पुनरावृत्तिसे रासो ओतप्रोत है—एक युद्ध वर्णन अथवा एक स्थलके शृङ्गार वर्णन सम्बन्धी अन्य समस्त वर्णन मिलते-जुलते हैं। १५वीं शताब्दीके आसपास राजस्थानके सामन्तोंके परम्परागत जीवनका चित्रण रासोमें आज भी सजीव रूपमें सुरक्षित है—जन साधारणके जीवनके चित्रणसे इसका सम्बन्ध नहीं है।

रासोकी मुख्य विशेषता

वर्णन रासोकी सबसे बड़ी विशेषता है। रसके परिपाककी ओर हम असाधारण रचनाके लेखकोंका ध्यान नहीं था। ग्रन्थके लेखक बादके रसवादी भक्त कवियों अथवा अलंकारवादी आचार्य कवियोंसे भिन्न थे। वर्णनोंमें अनेक सुन्दर ऋतु वर्णन आर उत्सव वर्णन रासोमें मिलते हैं। युद्ध वर्णनके सिलसिलेमें सेना और रणक्षेत्रका वर्णन बार-बार मिलता है। इस सम्बन्धमें लेखकोंका सबसे प्रिय रूपक समुद्र या वर्षाका है। रणक्षेत्रकी तुलना विस्तारके साथ समुद्र अथवा वर्षासे की गयी है। सभा वर्णन और राजनीतिसे सम्बन्ध रखने वाले भी अनेक स्थल रासोमें पाये जाते हैं। शृङ्गार रसके सिलसिलेमें रूप वर्णन, नखशिख वर्णन तथा वस्त्र आभूषणोंका आद्योपान्त वर्णन अनेक समयोंमें है। वास्तवमें सफल फुटकर वर्णन-चित्र रासोकी सबसे बड़ी विशेषता कही जा सकती है।

रासोमें प्रयुक्त अलंकारों तथा छन्दोंका वातावरण बंधा हुआ है। अलंकारोंमें प्राचीन सरल अलंकार जैसे रूपक, उत्प्रेक्षा, उपमा तथा उदाहरण प्रधानतया मिलते हैं और इनमें भी उपमानोंका क्षेत्र अत्यन्त सीमित है। छन्दोंमें दोहा, कवित्त, कुण्डलिया और भुजङ्गी सबसे अधिक पाए जाते हैं और इनके बाद कण्ठशोभा, दण्डमाली, मोतीदाम और रसावला जैसे छन्दोंका स्थान आता है। यह विस्तृत अध्ययनका एक भिन्न विषय है जिसका विस्तार यहां देना सम्भव नहीं है।

रासोको पढ़ते समय महाभारत, भागवत, हम्मीररासो तथा पद्मावत आदिके अनेक स्थलोंका स्मरण हो आता है। उदाहरणार्थ ३८ समय वरुण कथा शीर्षक है जिसमें यमुना स्नानके समय पृथ्वीराजके पिता सोमेश्वरका वरुणके 'वीरों'के साथ युद्धका वर्णन है। समय-समयमें दशावतार वर्णन है। ये दोनों ही विषय भागवतमें मिलते हैं। समय ४८ में जयचन्द द्वारा राजसूय यज्ञकी तैयारी युधिष्ठिरके राजसूय यज्ञका स्मरण दिलाती है। संयोगता स्वयंवरकी कथाका भाव भी द्रौपदी स्वयंवर तथा सुभद्रा हरणकी कथाओंसे मिलता जुलता है। समय ४७ में शुकवर्णन पद्मावतके इस अंशसे साम्य रखता है। इस सिलसिलेमें समय ६२ का शुकचरित्र प्रस्ताव भी उल्लेखनीय है। हुसेन कथाके सिलसिलेमें इसके हम्मीर रासोकी कथासे साम्यका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। समय ६३, रानियोंके साथ पानीपतमें गोठ पिकनिकके अवसर पर धोकेसे मुनिको कष्ट देना व मुनिका शाप कि जिसने मुझे कष्ट दिया है वह शत्रु द्वारा अन्धा किया जाय, महाभारतकी राजा परीक्षितकी कथासे कदाचित् ज्योंका त्यों ले लिया गया है। वास्तवमें रासोका अन्य ग्रंन्थोंके साथ तुलनात्मक अध्ययन पूर्ण विस्तारके साथ होना चाहिए।

रासोकी धार्मिक विचारधारा

एक अन्य बात जिसकी ओर पाठकका ध्यान आकृष्ट होता है वह ग्रन्थकी धार्मिक विचारधारा है। आदिसे अन्त तक रासोके अनेक समयोंमें शाक्तसम्प्रदाय सम्बन्धी उल्लेख बिखरे पड़े हैं। उदाहरणके लिए समय ६ में शक्ति देवीके एक 'धीर'के वरदानका वर्णन है, समय १२ में शाक्त और जैन संघर्षका उल्लेख है, समय २४ में भी अन्तमें देवीके विषयमें कुछ सामग्री है, समय ५६ में योग सम्बन्धी कुछ विचार मिलते हैं, समय ५७ व ५८ में कवि चन्द पर देवीकी कृपाका उल्लेख है—वर देनेकी शक्ति देवीसे मिलनेके कारण ही कविका उपनाम वरदाई पड़ा, समय ६० में शिवपूजाका उल्लेख है, समय ६४ में देवीकी पूजाका वर्णन मिलता है, समय ६६ में जालन्धरी देवीकी पूजाका उल्लेख है, समय ६७ में योग सम्बन्धी चर्चा व देवीस्तुति है। इसमें कोई भी सन्देह नहीं कि ग्रन्थ शाक्त और शैव परम्परासे सम्बद्ध है, वैष्णव सम्प्रदायोंसे इसका सम्बन्ध नहीं है। भिन्न प्रकारके धार्मिक उल्लेखोंमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण है:—समय १२ में पायी जानेवाली जैनधर्म सम्बन्धी विचारावलीका उल्लेख किया जा चुका है। समय ४२ में चन्दकी द्वारका यात्राका वर्णन है और इस सिलसिलेमें रणछेत्र स्तुति भी है। समय ४५ में सगुण मंजुघोषाकी उपासनाका तथा अवतारोंका महत्व दिया गया है। समय ६१ में गंगामाहात्म्य तथा हरिद्वार और सोरोंका उल्लेख है। उससे पूर्व समय २८ में भी हरिद्वार, पंचनद और बद्रीनाथके नाम आते हैं। २२ और २३ समय क्रमसे होलीकथा और दीपमालिका कथासे सम्बन्ध रखते हैं। महोबा समयमें गोरखनाथका तथा गोरखपन्थमें दीक्षित होनेका एक स्थल पर उल्लेख मिलता है। किन्तु इस प्रकारकी भिन्न धार्मिक सामग्री फुटकर रूपमें ही मिलती है।

कुछ अन्य फुटकर रोचक उल्लेखोंमें धुमाइन कायथका वर्णन है। यह व्यक्ति दिल्लीका भेद गोरीके पास भेजता रहता था (देखिए समय १९ व ५८)। समय २४ में एक खत्री 'वकील'का उल्लेख मिलता है। ऐतिहासिक दिखलाई पड़नेवाले जिन सैकड़ों राजाओं, सामन्तों, मुसलमान सरदारों तथा अन्य व्यक्तियों और स्थानोंके नामोंसे रासो भरा पड़ा है उनका तो पृथक ही पूर्ण अध्ययन होना चाहिये।

रासोकी भाषा

रासोकी भाषाका प्रथम अध्ययन ग्राउज ने किया था और उन्होंने अपने परिणामोंको १८३७ ई० के बंगाल एशियाटिक सोसायटीके जर्नलमें प्रकाशित किया था। इस विद्वानके रासो सम्बन्धी लगभग आधे दर्जन अन्य लेख भी इस तिथिके आसपास इस जर्नलमें प्रकाशित हुए हैं। ग्राउजकी दी हुई

रासोके व्याकरणकी रूपरेखासे यह स्पष्ट हो जाता है कि जहां तक व्याकरणके ढांचेका प्रश्न है, रासोकी भाषा प्रधानतया १६ वीं शताब्दिमें साहित्यके क्षेत्रमें प्रयुक्त होनेवाली ब्रजभाषा है न डिंगल अथवा प्राचीन साहित्यिक मारवाड़ी है और न अपभ्रंश। किन्तु शब्द समूहमें अपभ्रंशाभास और डिंगल रूपोंका प्रयोग रासोमें बहुत अधिक हुआ है। यह एक साहित्यिक शैलीमात्र थी जिसका उपयोग वीररस सम्बन्धी स्थलोंपर अनेक समकालीन कवियोंने किया है। अन्तर इतनाही है कि युद्ध प्रधान ग्रन्थ होनेके कारण रासोमें इसका प्रयोग आद्योपान्त और अधिक मात्रामें मिलता है। इस शब्दावलीके कारण ही रासोकी भाषाके डिंगल अथवा अपभ्रंश होनेका सन्देह पाठकोंको होने लगता है और इसी कारण यह असाधारण ढंगका अत्यन्त प्राचीन काव्य मालूम पड़ता है। कुछ विद्वानोंकी धारणा है कि पूरा रासो अपभ्रंशमें ही लिखा गया था और बादको इसका भाषा रूपान्तर हुआ। इस मतकी पुष्टि करनेवाले तर्क अभी अकाट्य नहीं हैं। जो हो रासोकी भाषाका व्याकरण तथा शब्दसमूह दोनों हीका-विस्तृत अध्ययन होना चाहिये। यह अध्ययन ग्रंथके वैज्ञानिक संपादनमें तथा कालनिर्णयमें सहायक सिद्ध होगा।

रासोंमें उल्लेखित तिथियों तथा ऐतिहासिकताकी चर्चा इस निबंधमें जान बूझ कर नहीं उठाई गई है। इस संबंधमें पर्याप्त विचार हो चुका है। किंतु इस विषयकी अन्तरंग सामग्रीके पूर्ण विश्लेषण और परीक्षाकी आवश्यकता है। रासोके साधारण अध्ययनसे पाठक इस निष्कर्षपर पहुँचता है कि यह ग्रंथ कुछ ऐतिहासिक व्यक्तियों तथा घटनाओंके आधारपर लिखे गये पृथ्वीराज संबंधी अनेक कल्पित खंड काव्यों तथा प्रबंध वाक्योंका एक ग्रंथके रूपमें संकलन है। इस क्रमबद्ध जंजीरको तैयार करनेमें लंबी-छोटी, सुडौल-बेडौल, अनेक हाथोंसे गढ़ी हुई पृथक् पृथक् कड़ियोंका उपयोग किया गया है जो एक दूसरेके साथ बादको जोड़ दी गयी है। ऐसा होने पर भी यह जंजीर असाधारण ही है।

हमारी शिक्षा-समस्या और उसका समाधान

आचार्य क्षितिमोहन सेन शास्त्री

हमारे देशमें आज शिक्षा की समस्या जटिल रूपमें दृष्टि गोचर हुई है। देश दरिद्र है, तिस पर इसका बहुत-सा धन धार्मिक अन्धता की वेदी पर बलि हो जाता है। धर्मके नाम पर दिया हुआ पैसा एक जमानेमें सार्वजनिक हितके कार्योंमें खर्च हुआ करता था। राजस्वका जो अंश अब तक शिक्षा पर व्यय होता रहा है वह अत्यन्त सामान्य है। फिर इस मामूली धनका भी अधिकांश व्यर्थके ढकोसलोंमें उड़ जाता है। मकान चाहिये, टीमटाम चाहिये, फर्नीचर चाहिये और अनेक प्रकारके योजना बनाने वाले यंत्र चाहिये! इतने पर भी जो बच रहता है वह शिक्षाके व्यापक प्रचारके लिए व्यय न होकर 'एफ़िसि-एंसी' के नाम पर संकुचित क्षेत्रमें सीमाबद्ध कर दिया जाता है। शिक्षा-शालाके लिए सरकारी साहाय्य देनेके नियम इतने कठोर हैं कि उसे पालन करनेके लिये जितनी तैयारी की आवश्यक है उतनी कर लेनेके बाद यदि वाह्य उपकरणों पर जोर न दिया जाय तो सरकारी सहायता पाये बिना भी काम चल सकता है। कठिनाइयां और भी हैं। सब मेरी जानी हुई भी नहीं हैं और सब की चर्चा करने की आवश्यकता भी नहीं है।

शिक्षककी योग्यता

इनके गिनाने की विशेष आवश्यकता नहीं है, हमें तो इन कठिनाइयोंके बीचसे रास्ता निकालने की बात सोचनी होगी। धीरे धीरे देश की शासन व्यवस्था देशवासियोंके हाथमें आ रही है। इन कठिनाइयोंमें से बहुत-कुछ दूर की जा सकेंगी, बहुत-सी रह भी जांयगी। हमारी सबसे बड़ी समस्या है मनुष्य पाने की। शिक्षक सबसे पहले मनुष्य हो यही वाञ्छनीय है। सबसे पहले शिक्षकको गुरु बनना पड़ेगा। मानवीय ज्ञान और रसके भाण्डारको नवीन समृद्धियोंसे समृद्ध करना ही गुरु की साधना है। गुरुके लिए हमारे पूर्वजोंने जो नियम बनाये हैं उनमें मुख्य बातें दो हैं:—

(१) नाना मूलोंसे ज्ञान और सत्यको आहरण करके अपने भीतर प्रतिष्ठित करना और (२) स्वयं आचरण करके चरित्रके दर्पणमें सत्यको शिष्यके सामने रख देना। यह ऐसा-वैसा काम नहीं है। यह दीर्घ साधना और तपस्यासे सिद्ध होता है। बहुत दिनोंसे पश्चिममें धनके आकर्षणसे गुरुको आकृष्ट करने की प्रथा चली आ रही है। हमारे देशमें धन न देकर अपरिमित श्रद्धा देने की

ही प्रथा थी। ऐसा तो नहीं है कि इस देशमें धनसे गुरु प्राप्त करनेका उदाहरण मिलता ही नहीं पर अधिकतर श्रद्धासे ही महान् गुरु प्राप्त हुए हैं। श्रद्धा वही पा सकता है जिसके ज्ञान और चरित्रमें वजन है। गुरु अर्थात् भारी, वजनदार। यह वजन चरित्र और ज्ञानका है।

मैं अपने बाल्यकालमें काशीमें पढ़ता था। हमारी पाठशालाएं पुराने ढंग की थीं। वहां विद्यार्थी गुरुके अपने लड़कों की तरह ही प्यार और डांट पाते थे। उन दिनों "दस बजे–चार बजे" वाले संबंध प्रतिष्ठित नहीं हो पाये थे। हम लोगोंने गुरुका परिपूर्ण स्नेह पाया है। अब वह चीज दुर्लभ होती जारही है। गुरुने भी उन दिनों जैसी श्रद्धा पायी थी वह आजकल सोची भी नहीं जा सकती। हमारे देशमें इस समय पाश्चात्य देशों के समान प्रचुर धन दे सकने की क्षमता नहीं है और अपरिमित श्रद्धा देना भी हम भूल गये हैं। इस उभय विभ्रष्ट व्यवस्थाका कुफल हम भोग रहे हैं। आज शिक्षणके क्षेत्रमें न तो कोई श्रद्धा पानेकी आशासे आता है व अर्थलाभकी आशा से। अवस्था प्रायः यह है कि 'येषां क्वापि गतिर्नास्ति तेषां वाराणसी गतिः !' जो कहीं भी जगह नहीं पाता; सब ओर से निराश हो जाता है वही प्रायः इस मार्गमें आ जाता है।

हमें यदि अपने देश का भविष्य उज्वल बनाना है तो हमें इस अवस्था का अन्त करना ही होगा। सबसे पहले शिक्षकोंको ही सम्हलना पड़ेगा। उनका यह कर्तव्य होना चाहिये कि वे सच्चे गुरु बनें। सच्चे गुरुके प्रति आज भी इसदेशमें श्रद्धाका स्रोत सूख नहीं गया है। शिक्षक अपने चरित्रबलसे और अकृत्रिम प्रेम–बलसे देशकी इस भुलायी हुई सम्पत्ति को लौटा सकता है। हमारा देश आज भी पुराने आदर्श को एकदम छोड़ नहीं चुका है। मेरा दृढ़ मत है कि हम शिक्षक ही शिक्षकके पद को महत्त्वपूर्ण बना सकते हैं और देशवासियों की उस भावना को सच्चे रास्तेमें ला सकते हैं जो नाना प्रतिकूल कारणों से गलत रास्ते चली गयी है। दुःख, दारिद्र्य, अश्रद्धा और विरुद्धताके होते हुए भी हम श्रद्धेय बनना चाहें तो कहीं कोई बाधा नहीं है। हमें याद रखना होगा कि हमारे पूर्वज समस्त जगत् को सदाचार की शिक्षा दे चुके हैं—

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः। स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः।

हम अपने ही प्रयत्नोंसे उस महान् आदर्शको फिरसे पा सकते हैं। दूसरों की ओर देखते रहने से केवल हमारी अपनी ही शक्ति नष्ट होगी।

हमारी राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली

श्री हजारी प्रसाद द्विवेदी

साधारणतः भारतवर्षकी पुरानी शिक्षा प्रणालीकी बात उठतेही गुरुकुल प्रणाणी याद आजाती है। कभी यह भी प्रश्न उठता है कि यह गुरुकुल प्रणाली केवल 'आदर्श' के रूपमें स्वीकृत थी या व्यवहारमें भी ऐसीही थी। वस्तुतः हमारे देशका इतिहास बहुत विशाल है और उसमें जीवनके इतने क्षेत्रों और इतनी परिस्थितियोंका वैचित्र्य भरा पड़ा है कि किसी एक प्रणालीको भारतीय प्रणाली कहना उचित नहीं है। भारतीय मनीषियोंने जीवनकी अनेक समस्याओंको अनेक प्रकारकी परिस्थितियोंमें देखा था और यथा-अवसर उनके समाधानका नया रास्ता सोचा था। सब समय ये रास्ते एकही समान नहीं थे और न सब परिस्थितियोंमें सोचे हुए समाधान अच्छे ही थे। आज परिस्थिति बहुत बदल गयी है। हमारे सामने शिक्षा और ज्ञानके प्रसारके लिए नये और शक्तिशाली साधनभी हैं और हमारे मार्गमें अननुभूत नयी वाधाएंभी हैं। हमारे पूर्वजोंने भी अननुभूत परिस्थितियोंका सामना किया है और हमें भी करना है। हमारे दीर्घ इतिहासके सबसे कठिनसे कठिन समयमें भी हमने धैर्य नहीं खोया है। आजभी नहीं खोना चाहिए।

ब्राह्मण और विद्या

भारतवर्षके सबसे प्राचीन उपलब्ध साहित्यमें ही ब्राह्मण आर विद्याका संबंध बहुत घनिष्ट पाया जाता है। जाति व्यवस्था जैसी इस समय है वैसीही बहुत प्राचीन कालमें नहीं रही होगी। परन्तु 'ब्राह्मण' बहुत कुछ एक जातिके रूपमें ही रहा होगा इसका प्रमाण पुराने साहित्यसे ही मिल जाता है। ऐसा जान पड़ता है कि बहुत पुराने जमानेसे ही भारतवर्षमें 'विद्या' 'कला' के दो अलग अलग क्षेत्र स्वीकार कर लिये गये थे। वेदों और ब्रह्म-विद्याका अध्ययन-अध्यापन 'विद्या' या ज्ञानके रूपमें था और लिखना पढ़ना, हिसाब लगाना, तथा जीवन-यात्राके उपयोगी अन्यान्य बातें 'कला' का विषय समझी जाती रहीं। बहुत पहलेसे ही 'शिक्षा' एक विशेष वेदांगका नाम हो गया था और इसीलिए लिखना, पढ़ना, हिसाब-किताब रखना, विविध भाषाओं और कौशलोंकी जानकारी 'कला' नामसे चलने लगी थी। विद्याका क्षेत्र बहुत पहलेसे ब्राह्मणके हाथमें रहा और 'कला' का क्षेत्र क्षत्रियों, राजकुमारों और राजकुमारियों, तथा वैश्योंके लिए नियत था। भारतवर्षके दीर्घ इतिहास यह नियम हमेशा बना रहा होगा ऐसा सोचना

ठीक नहीं है। वस्तुतः इस प्रकारकी स्थिति एक खास अवस्थामें ही रही होगी। पुराने साहित्यमें अनेक उदाहरण हैं जहां ब्राह्मण क्षत्रियोंसे ब्रह्मविद्या पढ़ते हैं, शतपथ ब्राह्मण (११-६-२१-५) से पता चलता है कि याज्ञवल्क्यने जनकसे विद्या सीखी थी। काशीके राजा अजात शत्रुसे बालाकि गार्ग्यने विद्या सीखी थी यह बात बृहदारण्यक और कौशीतकी उपनिषदोंसे मालूम होती है छान्दोग्यसे जान पड़ता है कि श्वेतकेतु आरुणेयने प्रवाहल जैबालसे ब्रह्मविद्या सीखी थी। इस प्रकारके और भी बहुतसे उदाहरण दिये जा सकते हैं। डायसन जैसे कुछ चोटीके यूरोपियन विचारकतो इस प्रसंगोंसे यहां तक अनुमान करते हैं कि ब्रह्मविद्याके मूल प्रचारक वस्तुतः क्षत्रियही थे। यह अनुमान कुछ अधिक व्याप्तिमय जान पड़ता है परन्तु यह सत्य है कि कर्मकाण्डके उग्र और मृदु विरोधियोंमें क्षत्रियोंकी संख्या बहुत अधिक थी और जिन महान् ज्ञानी नेताओंको भारतवर्ष आजभी याद किया करता है। उनमें क्षत्रियोंकी संख्या बहुत बड़ी है। जनक, श्रीकृष्ण, भीष्म, बुद्ध, महाबीर—सभी क्षत्रिय थे। महाभारतसे तो अनेक शूद्र कुलोत्पन्न ज्ञानी गुरुओंका पता चलता है। मिथिलामें एक धर्मनिष्ठ व्याध परम ज्ञानी थे। तपस्वी ब्राह्मण कौशिकने उनसे ज्ञान पाया था (वन० २०६ अ०) शूद्रागर्भजात विदुर बड़े ज्ञानी थे। सूत जातिके लोमहर्षण, संजय और सौति धर्म प्रचारक थे। सौतिने तो महाभारतका ही प्रचार किया था। परन्तु सम्पूर्ण हिंदू शास्त्रोंमें प्रधानतः ब्राह्मणही गुरु रूपमें स्वीकृत पाये जाते हैं।

यद्यपि जाति-व्यवस्था भारतीय समाजकी अपनी विशेषता है तथापि संसार भरमें आदिम युगमें खास खास कौशल वर्ग-विशेषमें ही प्रचलित पाये जाते हैं। इसका कारण यह होता है कि साधारणतः पितासे विद्या सीखनेकी प्रथा हुआ करती थी इसलिए विशेष विद्याएं विशेष विशेष कुलोंमेंही सीमाबद्ध रह जाती थो, वेदोंसे ही पता चलता है कि ब्रह्मविद्या और कर्मकाण्ड आदि विद्याएं वंशपरंपरासे सीखी जाती थीं; बादमें तो इस प्रकारकी भी व्यवस्था मिलती है कि जिसके घरमें वेद और वेदोंकी परम्परा तीन पुश्त तक छिन्न हो उसे दुर्ब्राह्मण समझना चाहिये (बौधायन गृह्य-परिभाषा १-१०-५-६)। परन्तु नाना कारणोंसे पितृपरंपरासे शिक्षा प्राप्तिका क्रम चल नहीं पाता। समाजमें जैसे धनकी प्रतिष्ठा बढ़ती गयी और बड़ेबड़े राजा और सेठ प्रमुख होते गये वैसे वैसे जानकारियोंसे द्रव्य उपार्जनकी आवश्यकता और प्रवृत्ति भी बढ़ती गयी। विद्या सिखानेके लिये भी धन मिलने लगा और धनकी इस वितरण-व्यवस्थाके कारण विद्या वंशके बाहर जाने लगी। ब्रह्मविद्या भी वंशवरम्परा तक सीमित नहीं रह सकी। महाभारतमें दो प्रकारके अध्यापकोंका उल्लेख है। एक प्रकारके अध्यापक तो अपरिग्रही होते थे। उनके पास विद्यार्थी जाते थे। भिक्षा मांगकर गुरुके परिवारका और अपना खर्च चलाते थे और गुरुके घरका सब कामकाज करते थे। कभी कभी तो गुरु

लोग विद्यार्थियोंसे बहुत काम लेते थे। इसकी प्रतिक्रियाके भी उदाहरण महाभारतमें मिल जात हैं। अपने गुरु 'वेदाचार्यके पास रहते समय उत्तङ्कको अनेक दुःखपूर्ण कार्य करने पड़े थे। जब स्वयं उत्तङ्क आचार्य हुये तो उन्हें पुरानी बातें याद थीं और उन्होंने अपने विद्यार्थियोंसे काम लेना बन्द कर दिया था (आदि ३।८१) परन्तु सब मिलाकर गुरुका अपार प्रेम ही अपने शिष्योंपर प्रकट होता है। दूसरे प्रकारके ऐसे अध्यापक थे जिन्हें राजा लोग अपने घरपर वृत्ति देकर नियुक्त कर लेते थे। द्रोणाचार्य और कृपाचार्य ऐसे ही अध्यापक थे। द्रौपदी और उत्तराकी कथाओंसे पता चलता है कि राजकुमारियोंके लिए इसी प्रकार वृत्तिभोजी अध्यापक रखे जाते होंगे। बौद्धयुगमें भी यह प्रथा पायी जाती है। यह नहीं समझना चाहिये कि केवल 'कला' सिखानेके लिए ही घर पर अध्यापक नियुक्त किये जाते थे। ब्रह्मविद्या सिखानेके लिए भी अध्यापक बुलाकर पास रखनेके उदाहरण मिलते हैं। राजर्षि जनकने आचार्य पञ्चशिखको चार वर्षतक घरपर रखा था। सम्भवतः उन्होंने कोई वृत्ति स्वीकार नहीं की थी।

ब्राह्मणका आदर्श

ब्राह्मणके लिए आदर्श यह था कि वह अत्यन्त निरीह भावसे गरीबीकी जिंदगीमें रहे परन्तु ऊंचा से ऊंचा ज्ञान और चरित्रबल रखे। फिर भी उसकी वृत्तिकी कोई न कोई व्यवस्था रहती ही होगी। प्रतिग्रह, याजन और अध्यापक ये तीन मार्ग थे जिससे ब्राह्मण जीविका अर्जन कर सकता था। एक बार ऐसी भी अवस्था अवश्य आयी थी जब याजन (यज्ञ कराना) और अध्यापन (पढ़ाना) बहुत अधिक अर्थकर मार्ग नही रह गये थे। संभवतः उसी समय दान लेनेको (प्रतिग्रहको) सर्वोत्तम ब्राह्मण वृत्ति मान लिया गया था। स्मृतिचंद्रिकामें यमका एक वचन है जिसमें कहा गया है कि 'प्रतिग्रहाध्यायन या जनानां प्रतिग्रहं श्रेष्ठतमं वदन्ति' अर्थात् प्रतिग्रह, याजन और अध्यापन इन तीनोंमें प्रतिग्रह ही सर्वोत्तम वृत्ति है। अनुमान किया जा सकता है कि जिन दिनों आर्यावर्तपर यवनों, ऋचीकों, तुषारों, हूणों और शकोंके बार बार आक्रमण होरहे थे उत दिनों याजन और अध्यायनके कार्य बन्द हो गये होंगे। उस समय प्रतिग्रहको श्रेष्ठ कहकर पंडितोंकी परंपरा बचा रखनेकी व्यवस्था की गयी होगी।

बौद्धयुगमें राजकुमारों और राजकुमारियोंके लिए वृत्ति योगी शिक्षकोंके रखनेकी प्रथा प्रचलित थी। ललितविस्तरके अनुसार कुमार सिद्धार्थको ८६ कलायें सिखायी गयी थीं। इनमें लिखना, पढ़ना, हिसाब किताबभी है, उचकना, कूदना, तलवार चलाना, घोड़े पर सवारी करना आदि भी हैं, पोथी लिखना, चित्रकारी करना, बाजा बजाना, गाना नाचना आदि भी हैं, बस्त्रों और मणियों का रंगना, दवा

दारू, तित्तिर-बटेर, हाथी घोड़े सबकी जानकारी भी है और वेद, शास्त्र, ज्योतिष, राजनीति, पक्षिविद्या आदि भी हैं। इन ८६ कलाओं के अतिरिक्त ६४ काम कलायें भी सिद्धार्थ को सिखायी गयी थीं। राजकुमारने इन विद्याओंमें से अधिकांशको घर परही सीखा था। गणिकाओंको भी नाना प्रकार की कलाएं सीखनी पड़ती थीं। यशोधरा को 'शास्त्रे विधिज्ञकुशला गणिका यथैव' कहा गया है। वस्तुतः जिन विद्याओंको 'कामकला' कहा जाता था उनमें भी अनेक उपयोगी विद्याएं थीं। यह भी मालूम होता है कि स्त्रियोंके सीखनेके लिये कलाएं और थीं और पुरुषोंके लिए और तरहकी। वात्स्यायनकी बतायी हुई कलाओंमें एक तिहाई के करीब तो विशुद्ध साहित्यिक हैं। कुछ ऐसी हैं जो प्रेमियोंके मन बहलावके साधन हैं, कुछ ऐसी भी हैं जो प्रात्यहिक जीवनमें काम आ सकती हैं। रूप्य-रत्न-परीक्षा, वास्तु विद्या या गृह निर्माणकला, कीमती पत्थरोंका रंगना, वृक्षायुर्वेद या पेड़पौधोंकी जानकारी आदि कलाएं उपयोगी भी थी और उस युगकी समृद्धिके अनुकूल भी। इस युगमें बड़े-बड़े नगर रहे होंगे और नगरके लोग गांवके लोगोंसे बहुत भिन्न तरहका जीवन बिताते होंगे। उनके लिए शिक्षाकी विधियां भी अलग तरहकी होंगी। कामसूत्र और उसी प्रकारकी अन्य पुस्तकोंसे इसका यथेष्ट आभास मिलता है। ऐसा जान पढ़ता है कि इस समय केवल गुरुसे ही विद्या सीखना आवश्यक नहीं रह गया था। सरस्वती मन्दिरों, समाजों, कविसम्मेलनों नागरिकगोष्ठियों आदिमें नाना प्रकारसे शास्त्र-चर्चा होती थी और बहुतसी बातें अनायास सीख ली जा सकती थीं। पुस्तकोंसे भी विद्या प्रचार होता होगा। नहीं तो पुस्तक लिखना परिश्रम-साध्य कला नहीं मानी जाती। दूसरी तरफ़ महाभारत और पुराणोंसे स्पष्ट मालूम होता है कि यज्ञों, मेलों, तीर्थों और राजसभा द्वारा आयोजित शास्त्रार्थोंसे भी जनताको ज्ञान-विज्ञानका परिचय मिलता रहता था।


यद्यपि नानाभावसे समाज और राज्यकी ओरसे इन ज्ञान प्रचारकोंकी सहायताकी जाती थी तथापि कलासे या विद्यासे वृत्ति चलाना अच्छा नहीं समझा जाता था। ग़रीब नागरिक जब 'कला' से वृत्ति पैदा करने लगते थे तो ऊंची मर्यादासे भ्रष्ट मान लिये जाते थे। शूद्रकके मृच्छकटिक नाटकमें वसन्तसेना नामक गणिकाने एक संवाहकका परिचय पाकर बड़ी प्रसन्नता प्रकटकी कि तुमने तो अच्छी कला सीखी है। संवाहकने लजाकर उत्तर दिया कि क्या बताऊं आर्ये, 'कला' जानकर ही सीखी थी पर अब तो यह 'जीविका' बन गयी है! निश्चय तो राजकुमारों, राजकुमारियों तथा अन्य समृद्ध लोगोंके घर कलाओंके जो शिक्षक नियुक्त होते होंगे वे ब्राह्मण ही नहीं होते होंगे। उन दिनों कलाके नाम पर ऐसी अनेक उपयोगी विद्याएं प्रचलित थीं जिन्हें ब्राह्मण लोग अच्छी वृत्ति नहीं मानते थे।

गुरूका प्राधान्य

इस प्रकार हमारे सुदीर्घ इतिहासमें नाना भावसे शिक्षण देनेके उदाहरण पाये जा सकते हैं। ये सब भारतीय प्रथाएं हैं, यद्यपि इनमें देशकाल पात्रके अनुसार किसीको कम किसीको ज्यादा महत्त्व प्राप्त होता रहा है। इन सारी प्रथाओंके भीतर एक बात सर्वत्र सामान्यरूपसे पायी जाती है। वह है गुरुका प्राधान्य। भारतीय मनीषाने अनेक प्रयोगोंके भीतर एक बातको सदा मुख्य स्थान दिया है। शिक्षाका मुख्य साधन उत्तम गुरु है। कोई निश्चित प्रणाली या योजना उतने महत्वकी वस्तु नहीं है जितना उदार निस्पृह और प्रेमी गुरु। दूसरी बात जो अत्यन्त स्पष्ट है वह यह है कि बदली हुई अवस्था के साथ सदा सामंजस्य स्थापित करनेका प्रयास किया गया है। उपलब्ध साधनोंका—यज्ञोंका, तीर्थोंका, मेलोंका, गोष्ठियोंका, सामाजोंका यथेच्छ उपयोग किया गया है। विद्या जीवनसे विछिन्न कभी नहीं की गई है। पुस्तकोंका सहारा लेनेमें भी नहीं हिचका गया है। किन्तु सर्वत्र और सर्वदा 'गुरु' का आदर्श वही रहा है—निःस्पृह, उदार, प्रेमी और चरित्रवान्।

मध्ययुगमें भी बदली हुई परिस्थितियोंके साथ सामंजस्य स्थापित किया गया था। पिछले सौ डेढ़ सौ वर्षोंसे इस मार्गमें बाधा पड़ी है। परिस्थितिके साथ भारतीय मनीषाको निबटनेका मौक़ा नहीं दिया गया। विदेशी विद्वानोंने अपने लाभालाभ को सामने रखकर इस देशके लिए एक योजना बनायी और उस योजनाके सांचेमें आदमी ढाले जाने लगे। यही काल क्षेपकका काल है। इसके पहले यद्यपि भारतीय विद्या नाना कारणोंसे म्लान हो आयी थी फिर भी उसने अपनी शिक्षा प्रणाली को एक ढंग पर लानेका प्रयत्न किया था। सन् १८१५ के आस पास वार्ड नामक अंग्रेजने भारतवर्षके नाना स्थानों की अवस्था देखकर "हिन्दूज" नामक एक पुस्तक लिखी थी। काशीमें उसने अनेक पाठशालाएं देखी थीं। इनमें विद्यार्थियों की अधिकसे अधिक संख्या २५ और कमसे कम १० थीं। प्रत्येक पाठशालामें एक गुरु होते थे। उनकी वृत्ति साधारणतः मठों और मंदिरोंसे बंधी होती थी। वार्डने इन पंडितोंके अध्याप्य विषयोंकी भी सूची दी है। ऐसा जान पड़ता है कि उन दिनों शिक्षण-व्यवस्था-का भार मठों और मंदिरोंने संभाल लिया था। लेकिन सरकारी व्यवस्थाने इस व्यवस्थाको अधिक स्वस्थ और सबल होनेमें बाधा पहुँचायी और मंदिरों और मठोंसे शिक्षा का जो योग था वह कट गया। अब समय आया है कि बाहरी हस्तक्षेप की उपेक्षा करके हम संपूर्ण उपलब्ध साधनोंका उपयोग करके बदली हुई अवस्थाके साथ अपनी शिक्षा प्रणाली का सामंजस्य स्थापित करें। हमें पुराने साहित्यमें इतने प्रकारके प्रयोग मिलते हैं कि किसी विशेष प्रथा को अपनी राष्ट्रीय प्रथा माननेका बंधन

स्वीकार करने की जरूरत नहीं है। केवल एकही बात हमारी राष्ट्रीय परंपरा की देन है और हमारे स्वभाव और संस्कारोंसे अबिच्छेद्य रूपमें संबद्ध है—'गुरु' का प्राधान्य। हमें बंधी योजनाओं और प्रणालियों पर उतना जोर नहीं देना चाहिये जितना आदर्श गुरु की खोज पर। योजनाओंके सांचेमें मनुष्य को नहीं ढालना है; मनुष्यके आदर्श पर योजनाओं को मोड़ना है। इसी एक अर्थमें भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली को 'गुरु कुल' प्रणाली कहा जा सकता है क्योंकि इस व्यवस्थाके केंद्र में 'गुरु' का रहना आवश्यक है।



हमारे राष्ट्रीय विद्याप्रतिष्ठान

प्रो० धूर्जटिप्रसाद मुखर्जी

गत चालीस सालोंमें विचारशील भारतीयोंने विश्वविद्यालय की शिक्षाके नाम और रूपकी आलोचनाकी है। लेकिन कार्यकुशल व्यक्ति उन नयी संस्थाओंके निर्माणमें आगे बढ़े हैं जो शिक्षा और दृष्टिकोण को राष्ट्रीय दिशा देती हैं इन संस्थाओं के नाम सुपरिचित हैं। इनमें बंगाल की 'राष्ट्रीय शिक्षा परिषद' और 'शांति निकेतन' राष्ट्रीय आंदोलन के प्राथमिक उत्थानके फल हैं; दिल्लीकी 'जामिया' और 'काशी विद्यापीठ' के उद्भवका श्रेय गांधी वादी युगको है। पूना शालाओं की चालक शक्तियां कुछ अन्य भी रही हैं और 'भारतीय विद्याभवन' अपने प्रर्वत्तक की विचारधारासे बहुत कुछ प्रभावित है। इन रूढ़िवाद्य संस्थाओं द्वारा जो शिक्षा–परम्परा निर्मित हो रही है उसीका मूल्याङ्कन करना प्रस्तुत लेख का उद्देश्य है।

हिन्दू विश्वविद्यालय काशी या अलीगढ़ विश्वविद्यालय का कोई उल्लेख इस कारण नहीं किया गया कि दोनोंमें से कोई भी पाश्चात्य शिक्षा पद्धति या अंग्रेजी राज्य द्वारा प्रचारित नौकरीके आदर्शसे बहुतदूर नहीं जाता। अनुसन्धान परिषदों का भी कोई उल्लेख नहीं है। कारण यह कि वे न तो राष्ट्रीय आंदोलनसे संबधित हैं और न उनका निर्माण भारतीय शिक्षा पद्धति की जीवित परम्पराके आधार पर हुआ है। लेखक को विश्वास है इस स्पष्टीकरणके पश्चात् पाठकों को उस संबंधमें किसी प्रकार का अन्यथाभाव न उत्पन्न होगा। इसका भी ध्यान रहे कि प्रस्तुत विचार किसी संस्था–विशेषके संबधमें नहीं है।

विद्यार्थियोंकी विशेषताएं

हर दिशामें ढोस काम हुआ है जिसकी कुछ झलक हम इनके विद्यार्थियोंके सीधेसादे वेशभूषा और व्यवहारमें पा सकते हैं। विद्यालय छोड़नेके बादभी ये विद्यार्थी खद्दर पहनना नहीं छोड़ते और खद्दर उनको प्रतीकगत गौरवके अतिरिक्त स्वच्छता भी प्रदान करता है। साधारणतः इन विद्यालयों के शिक्षार्थी व्यवहार में निष्कपट होते हैं; बाबूपन और कृत्रिमता से घृणा करते हैं। जीवन के प्रति इनके दृष्टिकोणकी मुख्यतः दो विशेषताएं हैं : (अ) संघर्ष और विरोधमें विश्वास (ब) भारत की प्रत्येक समस्या के सभी रूपोंको विदेशी राज्यद्वारा सिद्ध करना। पहली विशेषता का प्रभाव सभी स्तरों पर होता है और चरित्रकी यह बहुत उपादेय सहायिका है। इन विद्यार्थियोंमें चरित्र-बल पर्याप्त होता है। कभी कभी संघर्ष पर अत्यधिक ध्यान उनको दलबंदीमें फंसा देता है, लेकिन अधिकतर इसके फलस्वरूप उनमें सावधानीसे आगे बढ़ने और संतुलित निर्णयके लिए धैर्यका युवकोचित

मात्रासे कहीं अधिक अभाव होता है। राजनीतिक कार्यक्षेत्रमें उनकी विशेष देनको उन्हींके शब्दोंमें 'क्रांतिकारी जोश' कह सकते हैं। इस 'जोश' की मात्रा प्रत्येक विद्यालयमें भिन्न है। लेकिन जहां इसकी अतिशयता हुई है, इसमें कई न्यूनताएं आगयी हैं। मूलतः कांग्रेस आंदोलन की जंगजू प्रवृत्तियों द्वारा परिचालित होनेके कारण यह 'जोश' उनकी आलोचना में अक्षम है। इसी जोशके फलस्वरूप राष्ट्रीय विद्यार्थियोंमें राष्ट्रीय आंदोलनसे संबंधित कुछ उन विस्तृत उत्तेजनाओं और आदर्शों के प्रति भी उपेक्षा भाव आगया है जो भारत को उसकी भौगोलिक परिधि से बाहर खींचते हैं और उसको मानव-जातिके संघर्षमें स्थान पानेपर अधिकार दिलाते हैं। दुर्भाग्यवश मुस्लिम संघर्ष की यथार्थता भी स्वीकार नहीं की जाती चाहे यह संघर्ष स्वतंत्रता के लिए हो अथवा उच्चकर किन्तु संकीर्ण जीवनतल पर पहुंचनेके लिए हो। लेकिन असली न्यूनता अन्य क्रांतियों से अनभिज्ञता है। कभी कभी ऐसा ऐसा लक्षित होता है कि दूसरे देशों और अन्य युगोंमें जो मौलिक, आकस्मिक और सर्वव्यापी सामाजिक परिवर्तन हुए हैं उनके तुलनात्मक अध्ययनकी कोई परम्परा इन संस्थाओंमें नहीं है। मार्क्स या गांधीवादी कार्यपद्धति सभी अवसरोंपर उपादेय समझी जाती है। फल यह होता है कि दोनोंका पर्यवसान बाकुनिन और ब्लाङ्कीके मतवादमें होता है। दूसरे शब्दोंमें यों कह सकते हैं कि क्रान्तिकारी उत्साहका सुधार यदि दशा विशेषका वृहत्तर आंदोलन या आंदोलनोंकी पृष्टि भूमिमें स्थित कर सकनेकी क्षमता द्वारा न हो तो इसका अंत रोमांचक, उत्तेज और तद्भावित वैयक्तिक बलिदानके पंथ और सामूहिक, स्वयंभू उथलपुथलके प्रति अत्यधिक अनुरागमें होता है। राष्ट्रीय संघर्षके विचारमें तल्लीनताका दूसरा और सूक्ष्मतर रूप तर्कशास्त्रके क्षेत्रमें मिलता है। इन विद्यालयोंके शिक्षित युवकोंकी अधिकतर प्रवृत्ति शुद्ध अरस्तू पद्धति पर तर्क करनेकी होती है। पहले अंग्रेज चले जांय तब समाजवाद आ सकता है। या तो आप उनके साथ हैं अथवा उनके विरुद्ध हैं, और यदि विरुद्ध हैं तो शत्रु दलके साथ हैं। इस प्रकारकी प्रमाण प्रणाली और ऐसे निगमन सर्वत्र मिलेंगे। एक तरहसे वे स्वाभाविक हैं। फिर भी कभी कभी ऐसा प्रतीत होने लगता है कि एक समय एक ही वस्तु, अस्ति अथवा नास्ति, और प्रारम्भिक प्रतिज्ञा पर पहुंचने के लिए निषेधका निषेध—इस प्रकारकी तर्क पद्धति यंत्रवत है; और इसका तारतम्य न तो किसी आन्दोलनके प्रवाहके साथ है और न ऐतिहासिक रूपान्तरोंके न्यायके साथ। यद्यपि इसमें संदेह है कि इस संबंधमें न्याय शास्त्रकी बात उपयुक्त हो सकती है। प्रसङ्गतः यह भी कहना पड़ता है कि यह न्याय न तो किसी उत्तम अर्थमें भारत का है, न मार्क्स का, न लेनिन का।

इन विद्यालयों की अधिकांश संतानोंके मतमें भारतके सभी सुख-दुःख आधिदैविक हैं और हमारी सभी व्याधियां विदेशी प्रेत की बाधा हैं। इस प्रकारकी निदान पद्धति स्वदेशी आंदोलनकी देन है।

जबसे साम्राज्यवाद शब्द व्यापक हुआहै वैयक्तिक घृणा एक ऐतिहासिक शक्तिमें साधारणीकृत हो गयी है और जिसकी प्रकिया सरकारके हरकार्यके पीछे देखी जाती है। कई प्रकारसे यह मनोवृत्ति लाभदायक भी हुई है। आतङ्कवादका ह्रास हुआ और वासनात्मक बुद्धिके स्थान पर शुद्ध बौद्धिक विचार-प्रणाली आयी। राजनीतिक चेतनाका रूप इस प्रकार वृद्धिशाली हुआ और आंदोलनके समाजकी जीवित आवश्यवताओंसे संबंधित हो जानेसे अकस्मात् राष्ट्रीयताकी परिधि भी विस्तृत हुई। इसका प्रभाव विद्या संस्थाओं पर भी पड़ा। इनके शिक्षार्थी साम्राज्यवाद-विरधी युद्धके अग्रदलमें आये। लेकिन जब आंदोलनका वेग कुछ कम होने लगा तो साम्राज्यवादका विरोध विदेशी राज्यके रहस्योद्घाटनके कौशल मात्रमें सीमित हो गया। इस अवस्थामें सर्वग्राही शङ्कालुताका उद्भव सहज था जिससे मानस रोगके विशेषज्ञ सुपरिचित है। आजकल ह्वाइटहाल और लंदन, फ्लीट स्ट्रीट और बालस्ट्रीट, प्रत्येकके गुह्यतम रहस्योंके समझनेके लिए साम्राज्यवाद शब्द एकमात्र कुञ्जी है। अगस्त १९४२ के बाद यह भावना सामाज्य विरोधी रहस्य साधनाके प्रति राष्ट्रीयतावादी युवकोंके आकर्षण को और भी पुष्ट करती है। पता नहीं यह मनोदशा आदिम निवासियों की शंबूक-गवेषणा (सर्च फार स्केपगोट) की उस प्रवृत्तिसे कहा तक भिन्न है जिसको यहूदियोंके प्रति अपनी नीति द्वारा हिटलरने आधुनिक रूप दिया है। एकीकरण शिशु मनोदशाका लक्षण है और जब तक इसका स्थान विचार नहीं ले लेता, राष्ट्रीय शिक्षा-संस्थाओंका एक महत् कार्य छूटा पड़ा रहेगा। सरल जीवन बड़ी उच्च वस्तु है, और निश्छल व्यवहार भी अनुकरणीय आदर्श है। लेकिन जब सम्पूर्ण परिस्थित की विविधता उपस्थित होती है और उसकी परिवर्त्तनशील गतिविधि समझनेका प्रश्न उठता है, उस समय इन दोनों आदर्शों की अक्षमता प्रतीत होने लगती है।

संभवतः इन विद्यालयोंकी भारतीयता इनका सबसे बड़ा गुण है। शिक्षकों और शिक्षार्थियोंके दैनिक आचार विचारमें, शिक्षाके माध्यम, इतिहास और दर्शनके अध्ययनमें—सर्वत्र भारतीयताका महत्व और भारतकी छाप लक्षित होती है। सारे वायुमण्डलमें भारत के प्रति अनुराग और उसकी पूजाका भाव भरा है। कभी कभी यह भाव भारतीय संस्कृतिकी सर्वोत्कृष्टताका अभिमान उत्पन्न करता है। लेकिन यह अभिमान अब पुराने ढंगका नहीं रह गया है। यह अब वर्तमान घटनाओंकी अभिज्ञताके पर्याप्त पुट द्वारा संतुलित और भावी भारतके निर्माणकी हार्दिक इच्छा द्वारा परिमार्जित है। इस इच्छा का उद्देश्य भारतकी सामाजिक विषमता, निष्क्रियता और उसकी अकथनीय दरिद्रताको दूर कर देना है।

इन विद्यालयोंमें जनतंत्रवाद नूतन और सुन्दरतर समाज व्यवस्थाके लिए सरकारी शिक्षालयोंकी अपेक्षा कहीं अधिक प्रयत्न पाया जाता है। इस महत्वपूर्ण अर्थमें विद्यालय पूर्णरूपेण सफल कहे जा सकते हैं। सेवाभावसे प्रेरित जीवन यहीं मिल सकता है, दूसरे विद्यालयोंमें नहीं।

जनताकी उदासीनता

दुर्भाग्यवश जनता इनके प्रति बिल्कुल उदासीन है। सभीको धनाभावका कष्ट है, और इससे भी दुःखद बात यह है कि इनको भारतके पंडितोंका पर्याप्त सहयोग नहीं प्राप्त है। अच्छे विद्यार्थियों को भी उनके माता पिता यहां नहीं भेजते क्योंकि यहांकी उपाधियोंका कोई मूल्य नहीं है। पता नहीं सरकारी सहायता अथवा इन उपाधियोंकी राजकीय स्वीकृति कहां तक स्थितिमें सुधार कर सकेगी। रवीन्द्रनाथ ठाकुरको 'विश्वभारती' की एक संस्थाको कलकत्ता विश्वविद्यालयसे सम्बद्ध करनेके लिए वाध्य होने पर बड़ा कष्ट पहुँचा था। लेकिन शायद अब अच्छे दिन आने वाले हैं। इस समय तो जहांतक इन संस्थाओंका संबंध जनता (शिक्षार्थी युवकोंके अभिभावक) और प्रबुद्ध वर्ग (इन युवकोंके शिक्षक) से है इनकी स्थिति शोचनीय रूप रक्षणात्मक है। इसकी प्रतिक्रिया इन संस्थाओं पर भी होती है। परिणामतः आत्म संतोष और उच्चताकी संकीर्ण भावनाको प्रश्रय मिलता है, तथा एक उस प्रकारका कुलीनताभिमान विकसित होता है जो विनम्रताके कवच द्वारा व्यक्तिगत इर्ष्याको छिपाता है। भारतीय संस्कृतिका स्वरूप विश्लेषण और उसके अर्थका व्याख्यान तो अलग चीज है। कहना पड़ता है कि श्री ठाकुर और श्री अरविंदके बाद भारतीय इतिहास और संस्कृतिका कोई महत्वपूर्ण दर्शन इन सस्थाओं द्वारा न निर्मित हुआ है और न प्रचारित हुआ है।

ललित कलाओंकी उपेक्षा

एक दूसरी भारी कमी ललित कलाओंकी अपेक्षाकृत उपेक्षा है। संभवतः शांति निकेतन अकेला अपवाद है। कुछ ऐसा मालूम होता है मानों भारतीय राष्ट्रीयताने अपने सौन्दर्याभिज्ञानको 'शांतिनिकेतनको' सौंपकर अपने धर्मकी इति श्री मानली है और अब केवल कला-कौशलमें विशेष प्रवीणता प्राप्त करनेमें सलग्न है। यह बात तो छोड़ दीजियेकि यह त्याग इतना विशाल नहीं है कि जैसाकि दिखाई देता है। लेकिन जरूरी बात यह है कि यह त्याग अनैतिहासिक तर्क विरुद्ध और आधुनिक शिक्षा पद्धतिकी सभी स्वस्थ प्रवृतियोंके विरोधमें है। उपयोगी और ललित कलाओंमें विभेद खड़ाकर देना वर्तमान पाश्चात्य सभ्यताकी एक महान दुष्टता है। अंग्रेजी प्रभुत्वकी छत्रछायाने हमारी शिक्षा-परम्पराको एकाङ्गी और जीविकोपार्जनका साधनमात्र बना दिया है। आशा की जाती है कि ज्यों ज्यों राष्ट्रीय विचारधारा इस दृष्टिकोणसे मुक्त होगी, संगीत, चित्रकारी आदि कलाओंका अनुशीलन हमारी शिक्षाका अविभाज्य अङ्ग होगा। हमें अंग्रेजोंके चले जानेकी प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिये। जैसा संकेत

किया जा चुका है, यह तर्क भ्रामक है। इसका आधार विद्या और कलाका एकाङ्गी अध्ययन है। ललित कलाएं अवकाशके युगमें ह्रासोन्मुख होती हैं। सृजन सदैव हलचलमें ही होता है, यद्यपि उसके स्वाद का स्मरण शांतिपूर्ण युगोंमें किया जाता है। यहां पर कोई व्यक्तिगत आलोचना अपेक्षित नहीं है। क्योंकि कलाकी उपेक्षा राष्ट्रीय आंदोलनके पिछले इतिहासमें निहित सी रही है। फिर भी कभी कभी इस उपेक्षा पर हार्दिक खेद होता है। हमारे नेताओंमें से बहुतसे पंडित, साहित्यस्रष्टा और साहित्यानुरागी रहे हैं; लेकिन लेखकने किसीको 'एलोरा' और 'अजंता' के संमुख आनन्दविभोर होते नहीं देखा, किसीको वीणा पर दरबारीके भव्य कौशल पर विमुग्ध होते नहीं पाया। यथार्थवाद बहुत सुंदर वस्तु है, पर अफलातून भी गलतो पर नहीं था।

राष्ट्रीय शिक्षासंस्थाओंका भविष्य

इस प्रकार हमारी राष्ट्रीय शिक्षा संस्थाओंके भविष्यका प्रश्न उठता है। स्पष्टतः यह राष्ट्रीय आंदोलनकी प्रगति और दिशा पर निर्भर होगा। यदि अंतर्कालीन सरकार भवितव्यताका आभास है तो यह निश्चित है कि उन राज्योंके साथ सहयोगके प्रयत्नको बल मिलेगा जिनका इतिहास, सामाजिक व्यवस्था और दृष्टिकोण साम्राज्यवाद विरोधी हैं। अगर ऐसा हुआ तो विकासशील मस्तिष्क स्थानीय और अल्पकालीन संघर्षकी संकुचित परिधिमें विचार करनेके भारसे मुक्त हो सकते हैं। और इस प्रकार राष्ट्रीय क्षेत्रके अतिरिक्त अन्य क्षेत्रोंमें सहयोग भावना के विकास की सहायतासे विस्तृत स्वतंत्रता प्राप्तकी जासकेगी। परन्तु यदि विगत संघर्ष भावी और कटुतर युद्धकी भूमिका हैं तो इसका उपचार केवल यही सुझाया जा सकता है कि क्रांतिकालीन युगोंके तुलनात्मक इतिहासोंका एकसाथ वैज्ञानिक अध्ययन आरंभ किया जाय। इसी प्रकार वर्तमान पाठ्यविषयमें कलाकौशलका इतिहास सम्मिलित करनेका प्रस्ताव भी किया जा सकता है।

दोनों प्रस्तावोंका उद्देश्य विद्यार्थियोंमें मनुष्य और ज्ञानकी एकताका भाव जागरित करना है। मनुष्य और ज्ञानकी एकताकी व्यञ्जना है : मानव जातिके सारे संघर्षों, सारे सहयोगों और उसकी उच्चतम सफलताओंका इतिहास। समय आ गया है कि हमारे ये राष्ट्रीय प्रतिष्ठान विश्वविद्यालयोंका रूप प्राप्त करनेके लिए तैयार हो जायं। इन्हींके लिए भविष्य है क्योंकि इनको अपेक्षाकृत कम कठिनाइयां पार करनी हैं और इन्हींमें लक्ष्यसाधनके लिए प्रज्वलित उत्साह है।

विद्यापीठ और शिवप्रसादजी

श्री श्रीप्रकाश

श्री शिवप्रसाद गुप्तजीको बाल्यावस्थासे ही देशकी स्वतंत्रताकी खोज थी। उनक देशमें अंग्रेजोंका आधिपत्य और समाजमें अंग्रेजी भाषाके प्रचारसे जैसे मार्मिक कष्ट होता था और वे अपनी शक्ति भर और अपनी बुद्धि भर अपने सब साधन ऐसे कार्यमें लगानेके लिये उपस्थित थे, जिससे देशका राजनीतिक बंधन टूटे, देशका सांस्कृतिक उत्थान हो। अंग्रेजोंका देशसे बाहर जाना, अंग्रेजी भाषामें लिखना-पढ़ना, बोलना बन्द होना, वे अपने आदर्शकी प्राप्तिके लिये अनिवार्य समझते थे। नाना प्रकारसे अपने उद्देश्यकी सिद्धिके लिये वे आरम्भसे ही प्रयत्नशील थे, और जब वे अपनी पैतृक सम्पत्तिके स्वामी हुए, तो उन्होंने दिल खोलकर उसे अपने इष्ट कार्योंमें लगाना आरंभ किया। अवश्य ही राजाका बड़ा प्रभाव प्रजा पर रहता है। प्रजाके लिये राजाकी नकल करना स्वाभाविक है। बहुत जल्दी प्रजा राजाकी तरह व्यवहार करने लगती है, राजाकी भाषा बोलने लगती है। व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों ही रूपोंमें यह सत्य चरितार्थ होता है। शास्त्रकारोंने तो लिख ही दिया है—"राजा कालस्य कारणम्"। इसी कारण जब प्रजामेंसे कोई राजाका विरोध करने उठता है, सामयिक गतिको रोकना चाहता है, प्रचलित विचार-धाराओं और कार्य-प्रणालियोंका प्रवाह बदलना चाहता है, तो उसे बड़े संकटोंका सामना करना पड़ता है, और बड़ी कठिनाईसे वह अपने कार्यकी सिद्धि अंशतः भी कर पाता है। श्री शिवप्रसाद गुप्त कोई अपवाद नहीं थे।

विदेशी प्रभावकी पराकाष्ठा

श्री शिवप्रसादजीकी बाल्यावस्था और युवावस्था ऐसे समय बीती है जब यों कहना चाहिये कि अंग्रेजी साम्राज्यका लौकिक और नैतिक बल अपने देशमें पराकाष्ठा पर था। किसीको यह विचार होता ही नहीं था कि इसका अंत हो सकता है। उस समय बहुतसे लोग ऐसे मौजूद थे जिन्होंने पिछली शताब्दीकी मारकाट स्वयं देखी थी और जिनके हृदयमें अंग्रेजोंके प्रति वास्तविक कृतज्ञता भी थी कि इन्होंने देशमें शान्ति स्थापित की। उस समयके प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ भी अधिकसे अधिक यही चाहते थे कि देशमें शिक्षाका प्रचार हो, देशवासियोंको अच्छी सरकारी नौकरियां मिलें, जिससे आगे चलकर हम इस योग्य हों कि अपने पैरों खड़े हो सकें, और इंगलैंडसे सम्बद्ध रहकर हम अपना कार्य

चला सकें। वही ऐसा समय भी था, जब देशमें अपने पुरातन विचारोंके प्रति घृणा सी हो गयी थी। अंग्रेजी पढ़नेमें सबको ही अधिक रस था। इसीमें लोग अपना और अपने देशका वास्तविक उद्धार और उत्थान मानते थे। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि देशमें ऐसे लोग नहीं थे जो दूरदर्शी थे आर जो विदेशी शासन और विदेशी भाषामें अपनी आध्यात्मिक हानिको समझते हुए उसके अन्तका स्वप्न ही नहीं देखते थे पर उस समय स्वप्नको कार्यान्वित करनेमें प्रयत्नशील भी थे। बिना घरवालोंके और निकटतम मित्रोंके भी बिना जाने ऐसे लोगोंका ही साथ शिवप्रसादजीने बहुत छोटी उमरसे कर रखा था।

विद्यापीठका सूत्रपात

जब शिवप्रसादजी १९१४ में अपनी प्रथम विदेश यात्राको निकले, तब उन्होंने कितने ही देशोंका भ्रमण ही नहीं किया, वहांकी संस्थाओंका अध्ययन भी किया, और अपने देशके लिये उपयुक्त बातों पर विचार किया। उन्होंने भिन्न भिन्न देशोंके विशिष्ट व्यक्तियोंसे सम्पर्क भी स्थापित किया। जहांतक मैं जान सका हूँ, जापानके एक विशेष शिक्षा संस्थाका उनपर विशेष प्रभाव पड़ा। इनसे मुझसे जो कुछ बातें हुईं, उससे मुझे यह मालूम हुआ कि इस संस्थाकी विशेषता यह थी कि न उसपर वहां के राजका नियंत्रण था, और न यह संस्था राजसे कोई सहायता ही लेती थी, तिस पर भी यह बड़ी लोकप्रिय थी, इसमें सहस्रों बालक बालिकाएँ पढ़ती थीं, यहांके स्नातकोंकी देशमें बड़ी मांग थी और सभी लोग इसका बहुत आदर और सम्मान करते थे। जापान ऐसे देशमें ऐसी शिक्षासंस्थाका होना अवश्य ही आश्चर्यकी बात थी। वहां देशभक्ति और राजभक्तिमें कोई अन्तर ही नहीं है। वहां राजसे पृथक् प्रजाका कोई प्रबन्ध सोचा ही नहीं जा सकता। और जब वहां भी ऐसी संस्थाका केवल अस्तित्व ही न था, पर उसकी आवश्यकताका अनुभव भी किया गया, तो शिवप्रसादजी ऐसे व्यक्तिके मस्तिष्कमें ऐसी संस्थाको अपने देशमें स्थापित करनेका विचार उठे तो क्या आश्चर्य। जहांतक मैं समझ पाया उन्होंने उसी समय ऐसी संस्थाकी स्थापनाकी प्रतिज्ञा अपने मनमें की।

कार्यारंभ

उन्होंने वहींसे श्री कर्वेको पत्र लिखा और श्री कर्वे महोदयने मुझसे कहा है कि उस पत्रका उनपर बड़ा प्रभाव पड़ा और उन्होंने अपने महिला विद्यालयको उन्हीं सिद्धान्तों पर चलाया जिनका श्री शिवप्रसाद गुप्तने जापानी संस्थाके आधार पर निर्देश किया। शिवप्रसादजीने पृथक्से भी ऐसी

संस्थाको कायम करनेकी चिन्ता भारत लौटनेके बादसे ही आरम्भ किया। अन्य लोगोंकी तरह शिवप्रसादजीका भी यह दोष था कि वे नामके पीछे बहुत दौड़ते थे। और मेरे हजार समझानेपर भी वह इस हस्तामलक सत्यको माननेको नहीं तयार थे कि काम करनेसे ही नाम हो सकता है, और होता है, और जिन लोगोंका संसारमें नाम है वे अपने कामके ही कारण प्रसिद्ध हुए हैं। देशके प्रसिद्ध लोगोंके फेरमें वे पड़े। उनको आशा हुई कि संभवतः पंडित मालवीयजी हिन्दू विश्वविद्यालय-को उनके आदर्शके अनुसार चलावें। इसमें उन्हें निराश होना पड़ा। यह १९१६ की बात है। उसके बाद ही महात्मा गांधीने देशमें एक विशेष प्रकार की धारा प्रवाहित की। श्री शिवप्रसादजीने उनसे सम्पर्क फौरन ही कायम किया और अन्य नामी लोगोंसे भी वे बातें करते रहे। श्री शिवप्रसाद गुप्त इस बात पर तयार नहीं होते थे कि बिना नामवाले पर सच्चे उत्साही लोगोंका वे संग्रह करें, जो उनके आदर्शके अनुसार और अनुकूल कार्य करें और पीछे इस कारण प्रसिद्ध भी हो जायँ। वे किसी लब्ध-प्रतिष्ठित व्यक्ति और व्यक्ति समूहके खोजमें रहे।

१९२० का आंदोलन

चार वर्षोंतक यही स्थिति थी। १९२० में महात्मा गांधीने अपने असहयोग आन्दोलनको एक निश्चित रूप दिया जिसमें श्री शिवप्रसाद गुप्तके दोनों ही आदर्श—राजनीतिक स्वतंत्रता और देशी भाषामें शिक्षा—झलक रहे थे। श्री शिवप्रसादजीकी बड़ी इच्छा थी कि सेंट्रल हिन्दू कालेज और काशी विश्वविद्यालयसे विरक्त होकर पिताजी जब कर्मक्षेत्रसे पृथक् हो रहे हैं, तो वे इस नये कार्यका नेतृत्व ग्रहण करें। जब पिताजीने अधिक उत्साह नहीं दर्शाया और अपने ही पठन-पाठनमें रहना अपने लिये अधिक इष्ट माना, तो शिवप्रसादजीने महात्मा गांधीजी द्वारा भी उनको कहलवाया और जिस समय सरकारी आर अर्ध-सरकारी शिक्षालयोंके बहिष्कारकी पुकार महात्माजीने मचायी और असहयोग आन्दोलनने उग्र रूप पकड़ा तो काशी विद्यापीठकी स्थापना भी हो ही गयी। कितने ही राजनीतिक नेतागण उस समय उसके आरम्भोत्सवमें उपस्थित हुए। श्री शिवप्रसादजीने बहुत बड़े दानका वचन दिया। आचार्य नरेन्द्रदेव प्रभृति विद्वानोंने भी सहयोग प्रदान किया। इस प्रकार काशी विद्यापीठका जन्म हुआ।

सिंहावलोकन

आज जब विद्यापीठकी रजत् जयन्ती मनायी जा रही है, तब मुझे उसके एक छोटेसे पुराने कार्यकर्त्ता होनेकी हैसियतसे परस्परके वे सब विचार-संघर्ष भी याद आते हैं जिनका अनुभव मुझे बराबर

होता रहा। मेरे लिये यह उचित होगा कि मैं इनका यहां वर्णन करूँ जिससे यदि संभव हो तो हमारे सार्वजनिक कार्यकर्त्तागण कुछ शिक्षा ग्रहण कर सकें और विद्यापीठके कार्यकर्त्ताओंसे अपने काममें अधिक सफलता प्राप्त कर सकें। मैंने शिवप्रसादजीके आन्तरिक विचारोंको ऊपर बतलाया है। उनकी केवल यह इच्छा थी कि हिन्दी भाषा द्वारा उच्चसे उच्च शिक्षा विद्यापीठमें दी जाय। चाहे परराज हो चाहे स्वराज हो, इसमें राजकी तरफसे न कोई आर्थिक सहायता ली जाय, न उसका किसी भी प्रकारका नियंत्रण माना जाय। यह संस्था राजसे सर्वथा स्वतंत्र रहे। आदर्शकी दृष्टिसे वे इस संस्थाका राजनीतिसे कोई भी संबंध नहीं रखना चाहते थे और उनकी हार्दिक अभिलाषा यही रही कि यह सर्वथा शिक्षा संस्था ही रहे और इसके कार्यकर्त्ता और शिक्षकगण पूरी तरह अपना ध्यान विद्यापीठके ही कार्यपर रखें। पर जैसा मैं पहले कह चुका हूँ, शिवप्रसादजी नामकी खोजमें बहुत रहते थे और यह अनुचितपर अपने देशके लिये स्वयं सिद्ध सत्य है कि राजनीतिमें नाम बहुत जल्दी आर बहुत अधिक भी हो जाता है। छोटे छोटे राजनीतिक कार्यकर्त्ताओंका नाम शीघ्र ही सुन पड़ने लगता है, ज्ञान विज्ञानके बड़े बड़े अन्वेषक पड़े ही रह जाते हैं।

राजनीति से संबंध

जब विद्यापीठ एक उग्र राजनीतिक आन्दोलनके समय स्थापित हुआ, जब श्रेष्ठ राजनीतिज्ञोंको उसका निरीक्षक, प्रबंधक, अध्यापक होनेके लिये निमंत्रित किया गया, तो यह अनिवार्य था कि विद्यापीठ शिक्षा संस्था न मानी जाकर राजनीतिक संस्था ही मानी गयी। आरम्भोत्सवमें पिताजीके भाषणके बाद ही जो बातें पंडित मोतीलालजीको और शिवप्रसादजीकी हुई थीं, वह मुझे आज भी अच्छी तरह याद हैं। मोतीलालजीको शिक्षाके सुधारमें कोई रस नहीं था। वे तो अंग्रेजी शिक्षाके बड़े भारी समर्थक थे। उन्होंने अपने कुटुम्बके सभी नवयुवकोंको विदेशोंमें शिक्षाके लिये भेजा था। उनका तो विचार ही था कि जबतक हम लोग अंग्रेजों की ही तरह नहीं हो जाते हमारा उद्धार नहीं हो सकता। उन्होंने शिवप्रसादजीसे कहा कि हम तो राजनीतिक दृष्टिसे ही विद्यापीठको देख रहे हैं, पर ऐसा प्रतीत होता है कि तुम तो शिक्षाके सुधारकी चिन्तामें हो। मौलाना मुहम्मद अली भी उस समय वहां थे। उनके भी यही भाव थे। विचार संघर्ष अनिवार्य था, और इसकी छाप विद्यापीठके कार्यमें उस समयसे लेकर अबतक मौजूद है। यह संघर्ष सदा जारी रहा, और हर समय और हर स्थानपर उठता रहा। रजत् जयन्तीके अवसरपर उचित है कि इस पर सब लोग अच्छी तरह विचार कर लें।

कार्यकर्त्ताओं की आकांक्षा

जो हमारे पास आरंभमें विद्यार्थी आये, वे भी राजनीतिक विचारोंसे प्रेरित होकर ही आये।

जो अध्यापक यहां आते रहे, वे भी उन्हीं भावोंसे प्रेरित होकर आये, और राजनीतिको ही उन्होंने अपने हृदयोंमें प्रधान स्थान दिया। इसके दो दुःखद परिणाम हुए। विद्यापीठमें विद्वानसे विद्वान अध्यापकों और परिश्रमीसे परिश्रमी, बुद्धिमानसे बुद्धिमान विद्यार्थियोंके रहते हुए भी विद्यापीठने शिक्षाका बहुत ही कम काम किया और राजनीतिमें इसका बहुत बड़ा हाथ रहा। राजनीतिक संघर्षों और आन्दोलनोंके समय न अध्यापक न विद्यार्थी रोके जा सकते थे। ऐसे समय विद्यापीठ सदा ही अस्तव्यस्त हो जाता था। सामयिक इतिहासमें राजनीतिक कार्यमें तो विद्यापीठका बहुत बड़ा हाथ रहा है, पर शिक्षामें उसकी प्रायः कोई देन नहीं है। तथापि रूप शिक्षा संस्थाका ही देनेके कारण, विद्यापीठने खुलकर राजनीतिक कार्यकर्त्ताओंके निर्माणका काम भी अपने हाथमें नहीं लिया, जिससे हम न पूरी तरह इधरके रहे, न उधरके रहे। दूसरा परिणाम यह हुआ कि विद्यापीठके निरीक्षकों, प्रबन्धकों, अध्यापकों और अन्य कार्यकर्त्ताओंके ही कुटुम्बोंके बालक और नवयुवक इसमें शिक्षा नहीं लेते थे। वे सब उन्हीं शिक्षालयोंमें भेजे गये, जिनसे असहयोग कर यह संस्था कायम की गयी और इसमें आनेका विद्यार्थियोंको निमंत्रण दिया गया। इस अद्भुत दृश्यका भी जो कुछ प्रभाव हो सकता था, वह हुआ, और वह किसीसे छिपा भी नहीं है।

भविष्यका प्रबन्ध

इस स्थितिमें सब कार्यकर्त्तागण सदा व्यामोहमें रहे। वे प्रायः किंकर्त्तव्य-विमूढ रहे, वे प्रायः असन्तुष्ट भी रहे। विद्यार्थियोंकी भी यही दशा थी। इसके संस्थापक श्री शिवप्रसादको विशेष ग्लानि रही, पर वे अपनी प्रकृतिसे विवश थे, और यों ही पचीस वर्ष बीत गये। वे भी उठ गये। अवश्य ही जो लोग रह गये हैं उनका कर्त्तव्य बड़ा गंभीर है। क्योंकि जब तक वे अपने आदर्शको स्पष्ट रूपसे निर्दिष्ट नहीं करते, और उसपर दृढ़तासे चलनेके लिये कटिबद्ध नहीं होते, तबतक विद्यापीठ उतनी सेवा देश और समाजकी नहीं ही कर सकता, जितनीकी इतने त्याग और तपस्याके बाद उसे कर सकना चाहिये था। मेरा यह मतलब कदापि नहीं है—और इसमें कोई भ्रम किसीको नहीं होना चाहिये—कि मैं विद्यापीठकी उपयोगिता नहीं स्वीकार कर रहा हूँ, उसके कार्यकर्त्ताओंको पर्याप्त श्रेय नहीं दे रहा हूँ, उसने जो कुछ किया उसकी अवहेलना कर रहा हूँ। ऐसे भाव मेरे कदापि न हैं, न हो ही सकते हैं। विद्यापीठने अपना सर्वस्व खो खोकर और हर प्रकारका संकट उठाकर राजनीतिक कार्योंमें भाग लिया है। उसके कार्यकर्त्ताओं और विद्यार्थियोंने नाना प्रकारकी यातनायें सही हैं। उससे संबद्ध लोगोंने बड़े बड़े कार्य भी किये हैं, जिनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती।

विद्यापीठकी देन

विद्यापीठके एक अध्यापक प्रांतके मन्त्रिमंडलमें शिक्षामंत्री रहे हैं, और आज फिर हैं। इसके आचार्य, राजनीतिक गगनमें विशेषरूपसे प्रज्ज्वलित नक्षत्रके समान हैं, एक प्रभावशाली दलके मान्य नेता हैं, और विद्या, साहस और वक्तृत्व शक्तिमें वे अद्वितीय हैं। इसके कितने ही अध्यापक और स्नातक विभिन्न व्यवस्थापक सभाओंको सदस्यता बड़ी योग्यताके साथ कर रहे हैं। कई पार्लमेंटरी सेक्रेटरीके पदोंको विभूषित करते हैं। व्यवस्थापक सभाओंके बाहर वे कितनी ही राजनीतिक समितिओं और दलोंमें नेतृत्व कर रहे हैं। हमारे स्नातक रचनात्मक कार्यमें—पत्रकार, शिक्षक और खादी आदि उद्योग धन्धोंके कार्यकर्त्ताके रूपमें—सभी जगह विद्यमान हैं। सभी स्थानोंमें उनकी पुकार है। वे सबके ही विश्वासपात्र हैं। यह विद्यापीठकी संसारको देन है। इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। इसकी प्रशंसा करनी ही होगी। इसके महत्त्वको मानना ही होगा। पर आज मैं साग्रह यह अवश्य निवेदन करना चाहता हूँ कि जो इसके कार्य्यकर्त्ता गण हैं, वे विगत पचीस वर्षोंके इसके इतिहासको, इसके प्रारम्भिक उद्देश्योंको, इसकी वास्तविक कार्यप्रणालीको, अच्छी तरहसे देखें और समझें और आगेके लिये ऐसी योजना बनाकर कार्य करें जिससे सबके हृदयोंमें प्रसन्नता रहे, सब यह अनुभव करें कि हम कुछ कर रहे हैं, सबके मनसे वह ग्लानि, वह क्षोभ, वह व्यामोह, वह किंकर्त्तव्यविमूढता दूर हो, जो उन्हें सता रही है और जिनके कारण वे आदर्श और व्यवहारका समन्वय नहीं कर पा रहे हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि यदि कुछ लोग शिक्षाके लिये लोकसेवाके भावसे प्रेरित होते हैं, तो अधिकतर लोग, जीविकाके उपयुक्त साधनको प्राप्त करनेके लिये शिक्षा लेते हैं। ऐसे लोगोंके उचित भावोंका भी आप्यायन होना ही चाहिये।

हमारा कर्त्तव्य

हमें सदा स्मरण रखना चाहिए कि समाजकी कुछ आवश्यकतायें होती हैं, समाजकी कुछ भावनायें होती हैं, जिनकी पूर्ति करना शिक्षा संस्थाओंका कर्त्तव्य होता है। हम उनके भी विपरीत पूरी तरह नहीं जा सकते। हम यह भी नहीं भूल सकते कि राजकी तरफ जितना आकर्षण हमारे देशमें है, उतना और कहीं नहीं है, इस कारण राजका नियंत्रण बिना माने और राजसे बिना सहायता लिए हुए भी, हम राजके रूपकी अवहेलना नहीं ही कर सकते और हम सदाके लिये यह प्रतिज्ञा नहीं ही कर सकते कि राजसे हमारा किसी भी प्रकार का कभी भी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूपसे संबंध नहीं होगा। जब देशमें श्रेष्ठ और विशिष्ट लोग राजमें प्रविष्ट हो रहे हैं, तो छोटोंसे हम यह आशा नहीं कर सकते कि वे

उधर आंख भी न उठावेंगे। संसारके कार्यमें हम वास्तविकतासे पृथक नहीं रह सकते। हमारे संस्थापक श्री शिवप्रसाद जी गुप्त बड़े आदर्शवादी थे। उनके कार्यका भार जिन लोगोंके ऊपर पड़ा है, उन्हें आदर्शवादके साथ साथ व्यावहारिक भी होना होगा और मैं यही आशा कर सकता हूँ कि अब आगेके लिये कोई ऐसे मार्गका अवलम्बन किया जायगा जिससे आदर्श और वास्तविकताका सच्चा समन्वय हो सके और विद्यापीठका कार्य बिना बार बार अस्तव्यस्त हुए चलता रहे। मुझे यही आशा है कि आगे चलकर हम ऐसे कार्यकर्त्ताओंका संग्रह कर सकेंगे जो इसीमें पूर्णतया तल्लीन रहेंगे और यहांके अपने कार्यके कारण प्रसिद्धि प्राप्त करेंगे, और विद्यापीठसे लगातार ऐसे स्नातक निकलते रहेंगे जो समाजके विविध अंगोंको पुष्ट करते हुए देशकी वास्तविक सेवा करेंगे। मैं यह भी आशा करता हूँ कि पचीस वर्ष पीछे जब विद्यापीठकी स्वर्णजयन्ती मनायी जाय तो उस समय जो कोई कार्यकर्त्ता हों, यह सच्चाई और दृढ़तासे कह सकें कि हमने विद्यापीठको देशकी संस्थाओंमें उपयुक्त स्थान दिलाया है, समाजके निर्माणमें हमने उपयुक्त हाथ बटाया है, हमने इसके सम्मानित संस्थापकके उद्देश्यकी सिद्धि की है और इसके सुयोग्य प्रारंभिक कार्यकर्त्ताओं और विद्यार्थियोंके त्याग और परिश्रमको पूर्णरूपसे सफलता भी प्रदान की है।



काशी विद्यापीठ : एक सिंहावलोकन

श्री विश्वनाथ शर्मा

अंग्रेजोंकी गुलामीका हमारे देशके तनपर ही नहीं मनपर भी पूरा प्रभाव पड़ा। हम उसके मादक तथा विषाक्त प्रभावसे अपनी संस्कृतिका ज्ञान भुलाकर अंग्रेजोंकी अच्छाइयोंकी तो नहीं बल्कि उनकी बुराइयोंकी अधिक नकल करने लगे। हमने उनके गुणोंको तो नहीं लिया, उनके अवगुणोंको ही अधिक अपनाया। हमें अपने देशकी भाषा, वेश-भूषा, रहन-सहन सभी बुरी लगने लगी। देशके सौभाग्यसे हमारे उदार नेता और मनीषियोंका इस ओर ध्यान गया। अंग्रेजोंकी चलायी हुई शिक्षा प्रणालीके दोषोंसे बचनेके विचारसे ऐसी राष्ट्रीय शिक्षा संस्थाओंकी स्थापना हुई जो सब प्रकारसे सरकारी नियंत्रणसे मुक्त हों, क्योंकि सरकारी नियन्त्रणका प्रभाव यह होता था कि हमारी गुलामीकी जञ्जीर दिन पर-दिन कसती जाती थी तथा सांस्कृतिक पतन बढ़ता जाता था।

नवचेतन युग

अंग्रेज शासकोंके सम्पर्कका फल यह हुआ कि उनके अपमानपूर्ण व्यवहारके कारण राजनीतिक उत्तेजना बढ़ी। राष्ट्रमें स्फूर्ति और नवचेतन आया। सन् १९१४–१८ के महायुद्धकी समाप्तिके बाद साम्राज्यवादियोंने अपने वादे पूरे न करके भारतकी राजनीतिक चेतनाको पाशविक बलसे कुचलनेका प्रयत्न किया, जिसका परिणाम जलियानवाला बागका भीषण हत्याकांड है, जहां नरनारी, बूढ़े और बच्चे बिना किसी भेदके भून गये। उसके बाद ही सारे पञ्जाबमें अत्याचारका भीषण दावानल उन वीर पञ्जाबियोंके कुटुम्बोंको भस्म करने लगा, जिन्होंने अपनी जानकी बाजी लगाकर अंग्रेजोंके साम्राज्यकी रक्षा की थी। कांग्रेसने विश्ववन्द्य महात्मा गांधीके नेतृत्वमें इनका प्रतिकार करनेका निश्चय किया और सन् १९२१ में असहयोगकी घोषणा की। सरकारी शिक्षा संस्थाओंका बहिष्कार इसका मुख्य अंग था। राष्ट्रकी पुकारपर विद्यार्थियों और अध्यापकोंने सरकारी और अर्ध सरकारी शिक्षा संस्थाओंका बहिष्कार किया और सारे देशमें सरकारी प्रभावसे स्वतन्त्र शिक्षा संस्थाओंकी स्थापना होने लगी। सुप्रसिद्ध दान वीर श्री शिवप्रसादजी गुप्तकी बहुत दिनोंसे यह इच्छा थी कि काशीमें ऐसी शिक्षा संस्थाकी स्थापना की जाय जो सब प्रकारसे सरकारी बन्धनोंसे मुक्त हो, सरकारी सहायता न ले, और न उसका निरीक्षण स्वीकार करे तथा जिसमें मातृभाषा हिन्दी द्वारा उच्च कोटिकी शिक्षा दी जाय।

काशी विद्यापीठकी स्थापना

काशी नगरीका स्वाधीनताके संग्राममें सदा ही बड़ा गौरवमय स्थान रहा है। उसने असहयोग आन्दोलनमें बड़ा शानदार हिस्सा लिया। वर्त्तमान राष्ट्रपति आचार्य कृपालानीके नेतृत्वमें काशी विश्व विद्यालय तथा अन्य शिक्षा संस्थाओंके कितने ही अध्यापक और विद्यार्थी सरकारी और अर्ध सरकारी शिक्षा संस्थाओंका बहिष्कार करके बाहर आये और ईश्वर गंगी मुहल्लेमें श्री गांधी आश्रमकी स्थापना की गयी। इसी समय महात्मा गांधीकी प्रेरणा, पूज्य श्री भगवानदासजीके ज्ञानदान तथा श्री शिवप्रसादजी गुप्तके धनदानसे विद्यापीठकी स्थापनाकी गयी तथा २८ माघ संवत १९७७ (१० फरवरी १९२१) को महात्मा गांधीके पवित्र हाथोंसे काशी-विद्यापीठका उद्घाटन हुआ। उद्घाटनके समय पण्डित मोतीलाल नेहरू, मौलाना मुहम्मद अली, सेठ जमनालाल बजाज, मौलाना अबुल कलाम आजाद तथा पण्डित जवाहरलाल नेहरू आदि देशके मान्य नेता सम्मिलित हुए थे।

सरकारी बाधाएं

प्रायः छब्बीस वर्ष पहले जिसका महात्मा गांधीजीके हाथों बीजारोपण हुआ था, वह आज एक वृक्षके रूपमें संसारके सामने है। इस अवधिमें इसको कितनी ही बार सरकारी कोपका भाजन होना पड़ा है। पुलिसकी भीड़ की भीड़का किसी छात्र या अध्यापककी तलाशी या गिरफ्तारीके लिए आना मामूली बात थी। वर्षोंतक सरकारी अधिकारियोंने इसके भवनोंमें ताला बन्द कर रक्खा था। सरकारी गल्लोंका गोदाम तो अभी कुछ ही महीनों पहले हटा है। इन सरकारी विघ्नबाधाओं भरे छब्बीस वर्षोंमें यह संस्था अभी तक जीवित है और अपने अध्यापकों तथा विद्यार्थियों द्वारा भारतके स्वातंत्र्य-संग्राममें सदैव अग्रसर रही है, यह बड़े संतोष की बात है। नवचेतनाके युगमें भारतके कोने कोनेमें बहुत सी राष्ट्रीय शिक्षा संस्थाओं की स्थापना हुई थी। परंतु दुःख की बात है कि प्रतिकूल परिस्थितियोंके कारण हमारे बीच आज वे सब विद्यापीठ अपने उन्नत रूपमें नहीं हैं, लेकिन संतोष यही है कि उनमें से बहुतों का किसी न किसी रूपमें अस्तित्व अभी भी बाकी है। मुझे पूरा विश्वास है कि शीघ्र ही वह शुभ दिन आवेगा जब हम फिर स्वतंत्र वायुमडलमें अपना सिर ऊंचा उठाकर चलेंगे।

उद्देश्य

जिन उच्च उद्देश्यों को सामने रखकर काशी विद्यापीठ की स्थापना हुई थी वे ये हैं:—

"अध्यात्म विद्याकी नींवपर प्रतिष्ठित भारतीय शिष्टताके संस्कार और विकासमें तथा भारतमें बसी हुई सब जातियोंके भारतीय समाजमें यथा स्थान सन्निवेश और भारतमें प्रचलित आचार विचारोंके समु-

चित समन्वयमें, तथा स्वाधीनता तथा देश प्रेमके साथ साथ लोकसेवा और मानव मात्रकी बंधुताके भावके संचारमें, तथा संसारके प्राचीन और नवीन शास्त्र, शिल्प, कला, ज्ञान, विज्ञान आदिकी वृद्धि और प्रचार करनेमें सहायता देना और इस उद्देश्यकी पूर्तिके लिए ऐसी संस्थाओंकी स्थापना करना, कराना, सम्मिलित करना आदि जो किसी प्रकारसे गवर्नमेंटसे सहायता न लेवें, और उसके अधीन न हों और जो ऐसे प्रकारसे हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि द्वारा शिक्षा दें जो भारतवर्षकी अवस्था और आवश्यकताओंके अनुकूल और उपयोगी हों।"

शिक्षाका क्रम

जगत्प्रसिद्ध दार्शनिक विद्वान डा० भगवान्दास जी इसके प्रथम अध्यक्ष, आचार्य तथा कुलपति हुए। उनके संरक्षणमें इसके पठन पाठनकी व्यवस्था हुई। पुस्तकोंकी कोरी शिक्षा तो कितने ही विद्यालयोंमें दी जाती थी, परंतु जीवनमें वास्तविकता लानेवाली शिक्षा कम जगहों पर होती थी, विद्यापीठके अध्यापक, देशके लिए बहुत बड़ी देन रहे हैं। उनका जीवन सरल और त्यागमय था। वे अपके आदर्शोंसे विद्यार्थियोंको सरल जीवन और उच्च विचारकी ओर प्रेरित करते रहे। अपने अपने विषयोंमें वे विख्यात पंडित थे। उनके सामने जीवनका एक स्पष्ट ध्येय था। वे ज्ञान प्राप्तिको आदर्श मानते हुए भी भारतकी स्वाधीनताकी प्राप्ति अपना मुख्य कर्तव्य मानते थे। उनका विचार था कि जब तक देश परतंत्र है, केवल ज्ञान प्राप्तिसे किसी लक्ष्यकी ओर नहीं पहुंचा जा सकता, तदर्थ वे ज्ञानके साथ साथ कर्मकी भी शिक्षा देते थे। इस बातकी सतत चेष्टाकी जाती थी कि विद्यार्थियोंमें मूढ़ग्राह नहीं बल्कि विचार स्वातंत्र्य उत्पन्न हो।

पाठ्यक्रम

आरंभमें विद्यापीठके पाठ्यक्रममें हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत अनिवार्य विषय थे और दर्शन, गणित, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाज शास्त्र आदि वैकल्पिक विषय थे। इसके साथ साथ विद्यार्थियोंको शिल्पकला तथा दस्तकारीकी शिक्षा दी जाती थी। किन्तु ज्यों ज्यों समय बीतता गया विद्यापीठके विद्यार्थियोंकी रुचि तथा देशकी आवश्यकताओंको ध्यानमें रखकर अब केवल समाज शास्त्रके अध्ययन-अध्यापनकी व्यवस्था रखी गयी है। यह विषय बहुत ही व्यापक है, और इसमें कई विषयोंका समावेश हो जाता है। यह पाठ्यक्रम चार वर्षोंमें समाप्त होता है। अध्ययन समाप्त होने पर विद्यार्थियोंको समाज शास्त्रसे संबद्ध किसी विषय पर निबंध लिखना पड़ता है। प्रथम वर्षमें वे ही विद्यार्थी भर्ती किये जाते हैं जो काशी विद्यापीठ की विशारद या समकक्ष परीक्षामें उत्तीर्ण हों।

विशेषता

विद्यापीठके विद्यार्थी अपने विषयके विशिष्ट विद्वान् अध्यापकोंके सम्पर्कसे कक्षाओंमें ज्ञान प्राप्त करनेके साथ साथ पुस्तकालयकी सहायतासे अध्ययन करके थोड़े ही समयमें अपने विषयका बहुत ही अधिक ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं। अध्ययनका माध्यम मातृभाषा हिन्दी है। इसका अनुभव तो सभीको है कि विदेशी भाषा द्वारा अध्ययनमें कितना समय नष्ट होता है। मातृभाषा द्वारा उच्च शिक्षाका जो प्रयोग काशी विद्यापीठने आजसे पचीस वर्ष पहले आरंभ किया था, उसे आज भारतकी सभी शिक्षा संस्थाएं अपना रही हैं। यहांसे शिक्षा पाया हुआ विद्यार्थी पाठ्यक्रमकी विशेषताके कारण बड़ी सरलतासे बहुश्रुत और बहु पठित हो जाता है। यहांके विद्यार्थी वर्तमान समस्याओंको भली भाँति समझते हैं और उनपर अपने विचार गम्भीरता तथा स्वतंत्रताके साथ प्रकट करते हैं।

कुमार विद्यालय

विद्यालय विभागके अतिरिक्त इसके नीचेकी कक्षाओंकी पढ़ाईके प्रबंधके लिए आरंभसे ही कुमार विद्यालयकी स्थापनाकी गयी थी। यह विभाग अर्थाभावके कारण बंदकर देना पड़ा। परंतु एक अच्छे कुमार विद्यालय तथा एक अच्छी बाल पाठशालाका अभाव सभी शिक्षा प्रेमियोंको खटकता रहता है। बिना अपने आदर्शोंके अनुकूल कुमार विद्यालय चलाये हमें केवल महा विद्यालय चलानेमें पूरी सफलता नहीं मिल सकती।

हिन्दी भाषा प्रचार

संवत् १९९१ में दक्षिण भारतके हिन्दी प्रेमियों की उच्च शिक्षाके लिए हिन्दी भाषा प्रचार विभाग की स्थापना की गयी और हिन्दी की उच्च शिक्षा प्राप्त करके २८ हिन्दी कोविद निकले, जो दक्षिण भारतके विभिन्न भागोंमें सफलता पूर्वक हिन्दी प्रचार कर रहे हैं। जिन लोगोंने दर्शन या समाज शास्त्रका अध्ययन करके शास्त्री की उपाधि प्राप्त की है, उनमेंसे भी कई सज्जन हिन्दी भाषा का प्रचार कर रहे हैं।

शिक्षा-योजनाएं

संवत् १९७९ में भारत की सब राष्ट्रीय शिक्षा संस्थाओंका एक सम्मेलन काशीमें निमंत्रित किया गया, जिसमें सभी राष्ट्रीय विद्यापीठोंके प्रमुख शिक्षा शास्त्रियोंने १५ दिनों तक विचार करके एक विस्तृत योजना तैयारकी थी। संवत् १९८८ में फिर राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलनकी योजनाकी गयी और विद्यापीठ की ओरसे राष्ट्रीय शिक्षाका इतिहास प्रकाशित किया गया था। किन्तु उसके बाद ही सत्याग्रह आन्दोलन

प्रारंभ होजानेके कारण इन योजनाओंके अनुसार काम नहीं हो सका। तबसे आज तक देश अपनी गुलामी की बेड़ियां काटनेमें इस प्रकार लगा था कि उसे शिक्षाकी समस्याकी ओर ध्यान देनेका पर्याप्त अवसर नहीं मिला। सन् १९३७ में कांग्रेस द्वारा मंत्रिपद ग्रहण करनेके बादही इस ओर ध्यान दिया जा सका।

प्रांतीय शिक्षा योजनाएं

काशी विद्यापीठके अध्यापक, सुप्रसिद्ध विद्वान् तथा देशभक्त श्री सम्पूर्णानन्द जीने शिक्षा मंत्रीका पद ग्रहण करनेके बाद स्वभावतः शिक्षा योजनाओंकी ओर ध्यान दिया। यूनवर्सिटी, माध्यमिक और प्रारम्भिक शिक्षापद्धति ठीक करनेके लिए आचार्य नरेन्द्रदेव, श्री श्रीप्रकाश, श्री रामशरण, श्री बीरबलसिंह आदिकी कमेटी बनी। संस्कृतशिक्षा पद्धतिके सुधारके लिए डा० भगवानदासजीकी अध्यक्षतामें कमेटी बनायी गयी थी। इन कमेटियोंने बड़े विचारके बाद शिक्षायोजना तैयार की थी, पर इतनेमें ही कांग्रेसने मंत्रिपद त्यागका निश्चय किया। अब सन् १९३९ से १९४६ तक अग्निपरीक्षामें उत्तीर्ण होनेके बाद फिर कांग्रेस पदारूढ़ है। पूर्व योजनाके अनुसार युक्त प्रांतमें तो शिक्षापद्धतियोंमें आमूल परिवर्तन हो रहा है। आशा है १० वर्षोंके भीतर युक्तप्रांत शिक्षाके संबंधमें अग्रणी रहेगा।

पुस्तकालय

काशी विद्यापीठके पुस्तकालयमें प्रायः ३५ हजार पुस्तकें हैं। पूरा पुस्तकालय डिवीकी दशमलव पद्धतिके अनुसार वर्गीकृत है। पुस्तकोंकी दो सूचियां हिन्दी और अंग्रेजीमें अलग अलग वर्ग क्रम और लेखकोंके नाम क्रमसे कार्डों पर बनी हुई हैं। कार्ड सूची साधारण गिनती और अकारादि क्रमसे बनी होनेके कारण पाठकगण अपने अभीष्ट विषयकी पुस्तकें स्वयं बड़ी सरलतासे पा सकते हैं। श्री शिवप्रसादजी गुप्तके ग्रंथ संग्रहके प्रेमस्वरूप यह पुस्तकालय इतना बड़ा और उपयोगी है। इस पुस्तकालयका प्रधान अंग समाजशास्त्र और इतिहास संबंधी साहित्य है। राजशास्त्र और अर्थशास्त्र सम्बन्धी नये आवश्यक साहित्यसे इस संग्रहको पूर्ण रखनेका बराबर प्रयत्न किया जाता है। दर्शन विषयका हमारा प्राच्य संग्रह उल्लेखनीय है, कितने ही दुर्लभ भाष्य और पांडुलिपियां हैं। वैदिक और बौद्ध साहित्यका तो अमूल्य संग्रह है। पुस्तकालयमें बैठकर अध्ययन करनेकी सुविधाएं दी जाती हैं। सदस्यताके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। केवल आठ रुपया प्रति पुस्तक धरोहर जमा करना होता है, जो सदस्यता समाप्त होने पर वापस कर दिया जाता है। विद्यापीठके अधिकारी चाहते हैं कि भारतमाता मन्दिरके प्रांगणमें स्थित इस पुस्तकालयमें भारतीय राजनीति, अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति तथा और समस्याओं पर सभी साहित्य मिल सके।

हिन्दी साहित्य और विद्यापीठ

काशी विद्यापीठके उद्देश्योंमें एक उद्देश्य यह भी है कि 'संसारके प्राचीन और नवीन शास्त्र, शिल्प, कला, ज्ञान विज्ञान आदिकी वृद्धि और प्रचारमें सहायता देना।' इसी उद्देश्यकी पूर्तिके लिए संवत् १९८२ से प्रकाशन विभाग खोला गया। इतिहास, अर्थशास्त्र राजनीति, दर्शन, समाजशास्त्र, पुराशोध आदि विषयोंपर अब तक २६ पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। इनका देशके विद्वानोंने समुचित आदर किया है। हमारा उद्देश्य ही ऐसी पुस्तकें प्रकाशित करना है जो हिन्दी साहित्यकी श्रीवृद्धिमें सहायक हों, लेकिन जिन्हें अन्य पुस्तक प्रकाशक तात्कालिक अर्थलाभ न होनेके कारण प्रकाशित करनेमें हिचकते हैं। हमारी योजनाकी सफलता हिन्दी साहित्यके विज्ञ पाठकों पर निर्भर करती है।

विशिष्ट प्रकाशन

विद्यापीठसे प्रकाशित श्री सम्पूर्णानन्दजी द्वारा लिखित "समाजवाद"का सारे देशमेंसमुचित आदर हुआ है। इस विषयकी सर्वोत्तम पुस्तक होनेके कारण विद्वान् लेखकको हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, द्वारा १२०० रु० का 'श्री मंगला प्रसाद' तथा ५०० रु० का 'मुरारका पुरस्कार' मिला है। इस पुस्तकमें समाजके स्वरूप, उसकी त्रुटियां, उसकी विषमताओं तथा उसके सुधारकी समस्यापर भारतीय दृष्टिसे विचार किया गया है। इस विषयपर हिन्दी भाषा तो क्या शायदही किसी भारतीय भाषामें इस प्रकार-की पुस्तक हो। इसका चौचा संस्करण प्रकाशित हो चुका है तथा कितनो ही अन्य भारतीय भाषाओंमें इसके अनुवादकी आज्ञा दी जा चुकी है। विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित "हिन्दी शब्द संग्रह" की देशी तथा विदेशी विद्वानोंने बड़ी प्रशंसाकी है। यद्यपि हिन्दी भाषामें कितने ही और कोष है। पर एक जिल्दमें प्रकाशित यह कोष हिन्दी संसारमें अद्वितीय माना गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आये हुए शब्दोंका अर्थ स्पष्ट करनेके लिए हिन्दीके मान्य ग्रन्थोंसे प्रायः आठ हजार उदाहरण भी इसमें दिये गये हैं कोषका तीसरा संस्करण अभी हालमें प्रकाशित हुआ है। इस बार इसमें प्रायः एक हजार शब्द और बढाये गये हैं। जिनकी सहायतासे ब्रजभाषाके साथ साथ आधुनिक कविता समझनेमें भी पूरी सहायता मिल सकती है।

अन्य प्रकाशन

प्रसिद्ध विद्वान् श्री सम्पूर्णानन्दजी ने वेदोंसे लेकर जितने भी प्राप्त ग्रंथ हैं सबका मंथन करके 'गणेश'की रचना की है। श्रुतिमें गणपति, गजाननका जन्म, गणेशजीके स्मरणीय कार्य, योगशास्त्रमें

गणेश, जैन और बौद्ध धर्ममें विनायक, चीन और जापानके आध्यात्मिक जीवनमें गणेशका स्थान आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है। इस पुस्तककी देश तथा विदेशके विद्वानोंने प्रशंसाकी है। नागरी प्रचारिणी सभाने विद्वान् लेखकको सर्वोत्तम ग्रन्थ होनेके कारण 'छन्नूलाल स्वर्णपदक' प्रदान किया है। स्वर्गीय डा० पीताम्बरदत्त बड़थ्वालके संतसाहित्य संबंधी लेखोंका संग्रह 'योग प्रवाह' के नामसे प्रकाशित हुआ है। आशा है विद्वज्जन इसका आदर करेंगे। 'साम्राज्यवाद' 'संसारकी समाज क्रांति' ट्राट्स्कीकी जीवनी, 'जापान रहस्यका' हिन्दी संसारने समुचित आदर किया है।

त्रैमासिक पत्रिका

विद्यापीठकी ओरसे 'विद्यापीठ' नामकी त्रैमासिक पत्रिका भी प्रकाशित होती रही है। इसमें देशके विशिष्ट विद्वानों, विद्यापीठके अध्यापकों और शास्त्रियोंके दर्शन, राजनीति, समाजशास्त्र, हिन्दी साहित्य, इतिहास आदि विषयों पर महत्वपूर्ण और उच्चकोटिके लेख प्रकाशित होते थे। आर्थिक कठिनाइयोंके कारण १५ अंकही प्रकाशित करनेके बाद इसका प्रकाशन स्थगित कर देना पड़ा। आशा है हम निकट भविष्यमें इसके प्रकाशन मेंसफल हो सकेंगे।

काशी विद्यापीठके अध्यापक और उनकी साहित्य सेवा

काशी विद्यापीठके अध्यापक, शास्त्री तथा विद्यार्थी बराबर यथाशक्ति साहित्य सेवामें लगे रहते हैं। डाक्टर भगवानदास, आचार्य नरेंद्रदेव, श्री श्रीप्रकाश, श्रीसम्पूर्णानन्द, श्रीराजाराम शास्त्री, श्रीमुकुन्दीलाल श्रीवास्तव, श्री राजवल्लभ सहाय, श्री विश्वेश्वरप्रसाद सिनहाका हिन्दी संसारमें आदरणीय स्थान है।

पत्रकार कला

पत्रोंके सम्पादन, संचालन और प्रकाशनमें काशी विद्यापीठके स्नातकों और विद्यार्थियोंने जो स्थान प्राप्त किया है वह किसी भी शिक्षा संस्थाके लिए गर्वकी वस्तु है। हिन्दी संसारमें विद्यापीठके स्नातकोंने विशेष स्थान बना लिया है। हमारे कई स्नातक हिन्दी पत्रोंमें प्रधान सम्पादक तथा संचालक हैं। श्री कमलापति त्रिपाठी, श्री त्रिभुवननारायण सिंह, श्री देवव्रत, श्री परिपूर्णानन्द, श्री युगलकिशोर सिंह, श्री जगन्नाथप्रसाद 'मिलिन्द', श्री सुमंगलप्रकाश, डा० सत्यनारायण, श्री रामनाथ 'सुमन', श्री विद्याभास्करका नाम वर्तमान हिन्दी साहित्यके निर्माताओंमें आदरके साथ लिया जाता है। हिन्दीके प्रायः सभी पत्रोंसे हमारे स्नातक किसी न किसी रूपमें अवश्य ही सम्बन्ध रखते हैं। विद्यापीठने पत्रकार कलाकी विशेष शिक्षाकी व्यवस्थाकी है, जिसके फल स्वरूप आज हिन्दीके सभी प्रतिष्ठित पत्रोंमें यहांके स्नातक और विद्यार्थी बड़ी सफलताके साथ पत्रोंके सम्पादनमें सहायक हो रहे हैं।

विदेशमें अध्ययन

विद्यापीठके स्नातकोंने विदेशोंमें जाकर जो स्थान प्राप्त किया है, वह प्रशंसनीय है। हमारे पां च स्नातकोंने विदेशोंमें जाकर उच्च अध्ययन किया तथा ससम्मान डाक्टरकी उपाधि लेकर लौटे हैं। एक स्नातक अभी अमेरिकामें पत्रकार कलाकी विशेष शिक्षा लेने गये हैं। फ्रांस, जर्मनी, अमेरिका आदि देशोंकी शिक्षा संस्थाओंमें विद्यापीठका विशिष्ट स्थान है।

विद्यापीठ और कांग्रेस

पचास वर्षके जीवनमें सत्याग्रह संचालन तथा आन्दोलनोंमें काशी विद्यापीठका बहुत बड़ा हिस्सा रहा है। इसके अध्यापकों, शास्त्रियों तथा विद्यार्थियोंने अपने शहर, जिले या प्रान्तोंका ही नहीं बल्कि सारे देशका काम बड़ी सुयोग्यतासे संभाला है। विद्यापीठके निरीक्षक, प्रबन्धक, अध्यापक तथा कार्यकर्ता निम्नलिखित कांग्रेस पदों पर कार्य कर चुके हैं।

राष्ट्रपतिः—महात्मा गांधी, स्वर्गीय लाला लाजपतराय, स्वर्गीय पण्डित मोतीलाल नेहरु, स्वर्गीय मौलाना मुहम्मद अली, पण्डित जवाहरलाल नेहरु, डा० राजेन्द्रप्रसाद, आचार्य कृपालानी।

प्रधान मन्त्रीः—श्री श्रीप्रकाश, डाक्टर बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर।

कोषाध्यक्षः—श्री शिवप्रसादगुप्त, श्री जमनालाल बजाज।

कार्यसमितिके सदस्यः—श्री पुरुषोत्तमदास टण्डन, श्री गोविन्दवल्लभ पन्त, आचार्य नरेन्द्रदेव, श्री रफीअहमद किदवाई।

प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी—

सभापतिः—श्री भगवानदास, स्वर्गीय पण्डित मोतीलाल नेहरु, स्वर्गीय श्री शिवप्रसाद गुप्त, पंडित जवाहरलाल नेहरू, श्री पुरुषोत्तमदास टण्डन, पंडित गोविन्दवल्लभ पन्त, श्री श्रीप्रकाश, श्री रफी अहमद किदवाई, आचार्य नरेन्द्र देव, श्री दामोदरस्वरूप सेठ।

प्रधान मंत्रीः—श्री सम्पूर्णानन्द, श्री श्रीप्रकाश, श्री दामोदरस्वरूप सेठ, श्री लालबहादुर शास्त्री।

स्थानापन्न प्रधानमंत्रीः—श्री बीरबल सिंह, श्री रामशरण, श्री कृष्णचन्द्र शर्मा।

मंत्रीः—श्री ठाकुरदास, श्री कमलापति त्रिपाठी।

कोषाध्यक्षः—श्री श्रीप्रकाश, श्री विश्वनाथ शर्मा।

विद्यापीठ और राज्य संचालन

जिस प्रकार विद्यापीठ स्वतंत्रताके आन्दोलनोंमें प्रमुख भाग लेता रहा, उसी प्रकार उसके निरीक्षक, प्रबन्धक, शास्त्रीगण राज्यके संचालन, विधान निर्माण तथा व्यवस्थामें भी सफलतापूर्वक सहयोग कर रहे हैं। हमारे निरीक्षक पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा श्रीराजेन्द्रप्रसाद मध्यकालीन भारत सरकारके मंत्री हैं। श्री श्रीप्रकाशजी तथा श्री दामोदरस्वरूप सेठ केन्द्रीय व्यवस्थापक सभाके सदस्य हैं। श्री पुरुषोत्तमदास टण्डन युक्तप्रान्तीय व्यवस्थापक सभाके अध्यक्ष हैं तथा पंडित गोविन्द वल्लभ पन्त प्रधान मंत्री, श्री सम्पूर्णानन्द शिक्षा तथा अर्थमंत्री, श्री रफीअहमद किदवाई रक्षा और डाक्टर कैलाशनाथ काटजू न्याय मंत्री हैं। श्री लालबहादुर शास्त्री तथा श्री रघुकुल तिलक युक्तप्रान्तमें और श्री भोला पासवान शास्त्री बिहारमें पार्लामेंटरी सेक्रेटरी हैं।

विद्यापीठ तथा व्यवस्थापक सभा

विद्यापीठके आचार्य नरेन्द्र देव, श्री बीरबल सिंह, श्री रामशरण, श्री खानचन्द गौतम, श्री अलगूराय शास्त्री, श्री कमलापति शास्त्री, श्री हरिहरनाथ शास्त्री, श्री राजाराम शास्त्री, श्री रामकुमार शास्त्री, श्री बृजमोहन लाल शास्त्री, श्री भुवनेश्वरी नारायण वर्मा युक्तप्रांतीय व्यवस्थापक सभाके सदस्त हैं।

समाजवादी दल और विद्यापीठ

समाजवादी दलका एक प्रकारसे विद्यापीठसे ही जन्म हुआ है। इसके प्रथम सभापति आचार्य नरेन्द्र देव थे। द्वितीय सभापति श्री संपूर्णानंदजी थे। आज भी समाजवादी दलमें प्रभावशाली स्थानों पर विद्यापीठके ही लोग हैं। मजदूर आंदोलनमें विद्यापीठके शास्त्रियोंने बड़ा ही प्रमुख भाग लिया है। विद्यापीठके लोगों ही प्रमुख समाजवादी मासिकपत्रिका "जनवाणी" का सम्पादन कर रहे हैं।

उपसंहार

काशी विद्यापीठके अध्यापकों तथा विद्यार्थियोंने स्वाधीनता प्राप्तिके आन्दोलनमें जिस प्रकार सर्वस्व हवन किया है, वह इतिहासमें स्वर्णाक्षरोंमें लिखने योग्य वस्तु है। इस कठिन मार्ग पर चलते हुए फांसी, गोली, का सामना नजरबन्दीकी सजाएँ पानवालोंमें काशी विद्यापीठका गौरवमय स्थान है। प्रांत और देशके सभी प्रतिष्ठित कार्यकर्ता और नेता इस बातको मानते हैं कि विद्यापीठके अध्यापक या विद्यार्थीकी कोई

कार्य सौंपनेका अर्थ है कि वह उसे थथाशक्ति और यथा बुद्धि पूरा करेगा। यह संतोष और गौरवकी बात है कि परिमित शक्ति, सामग्री और समयके साथ साथ प्रचलित प्रथा और व्यवस्थाके विरुद्ध चलकर विदेशी सरकारका कोपभाजन बनकर अपने पचीस वर्षोंके जीवनमें विद्यापीठ इतना कर सका है। चाहे सत्याग्रह संचालन, राज्य संचालन, मजदूर आन्दोलन तथा हिन्दी साहित्यसेवा विद्यापीठने हर क्षेत्रमें गौरवमय स्थान प्राप्त किया है। मुझे आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि काशी विद्यापीठ अपने पूर्व गौर की रक्षा करता हुआ भारतवर्षको शीघ्र ही पूरा स्वाधीन बनानेमें सहायक होगा।



स्वप्न और प्रतीक

श्री राजाराम शास्त्री—

"एक मनचली सुन्दर नवयुवतीने बताया कि वह स्वप्नमें पानीके किनारे बैठी हुई थी। पानी में बड़ी बड़ी मछलियाँ तैर रही थीं। उसके सुन्दर बालोंकी लम्बी वेणीके सिरे पर लाल फीतेका फन्दा था। वह इसे पानीमें लटकाये हुए थी और मछलियाँ आ आकर उसकी वेणीको काटती और ग़ायब हो जाती थीं। आख़िरकार एक मछली फँस गयी और उसने विस्मयके साथ देखा कि वह मछली उसके एक परिचित युवकके रूपमें परिवर्तित हो गयी।" (हूप)

इस प्रकारके स्वप्न जिनकी व्याख्या प्रायः प्रत्येक व्यक्ति एकही प्रकारसे करेगा, बहुत कम होते हैं। अधिकांश स्वप्न जटिल और रहस्यात्मक होते हैं। उनमें ऐसे सरल और स्पष्ट रूपकों और प्रसिद्ध उपमानों का प्रयोग नहीं होता, बल्कि ऐसे गहन 'प्रतीकों' का प्रयोग होता है जो कुछ कारणोंसे पहचाने नहीं जाते, उनसे उनके अर्थोंका कोई सम्बन्ध ही नहीं दिखाई देता और वे हमारे विचारों और ज्ञानके लिए सर्वथा अपरिचित जान पड़ते हैं। हमें यहाँ पर यही देखना है कि हम ऐसे प्रतीकोंका प्रयोग कैसे करते हैं जिनका हम अर्थ ही नहीं जानते। विशेष और सामान्य रूपकों अथवा अप्रसिद्ध और प्रसिद्ध उपमाओंके विवेकसे शायद इस विषय पर कुछ प्रकाश पड़े। इसलिए इनकी उद्भावना विधिपर थोड़ा विचार कर लेना चाहिये।

रूपक और उपमाओं का प्रयोग सादृश्य के बल पर होता है। एक व्यक्ति किसी वस्तुका स्वानुभूत गुण या स्वरूप दूसरे ऐसे व्यक्तियों को, जो इनसे अनभिज्ञ हैं, बतलाना चाहता है, तो ऐसी वस्तुओं की समता द्वारा बताता है जिनसे वक्ता और श्रोता दोनों परिचित हैं।[1] (स्पष्ट है कि वक्ता के भाव का श्रोता के द्वारा सजीव ग्रहण तभी होगा जब कि दोनों वस्तुओं का सादृश्य स्पष्ट, पर्याप्त और उपमानके

१—उपमामें सादृश्य कम द्योतित होता है और उसमें उपमेय वस्तुके गुणोंका ही अभिव्यञ्जन होता है और इसीलिये उसमें उपमेय वस्तुका उल्लेख प्रकट या अप्रकट रूपसे अवश्य रहता है। किन्तु रूपकमें सादृश्यका अतिशय व्यक्त होता है यहाँ तक कि उपमान उपमेयस्थानीय हो जाता है और इस तादात्म्यके कारण उपमेयका उल्लेख भी आवश्यक नहीं रहता।

विशिष्ट तथा प्रधान गुणके द्वारा अभिव्यञ्जित हो।) इस प्रकार कुछ सर्वानुभूत उपमान समय पाकर अपने विशिष्ट गुणोंके लिए प्रसिद्ध हो जाते हैं और तद्गुणविशिष्ट अनेक सर्वानुभूत पदार्थोंके रूप या गुणके ज्ञापनार्थ इनका प्रयोग होता रहता है इस प्रकार कुछ प्रसिद्ध उपमानोंसे कुछ प्रसिद्ध उपमेयोंका प्रसिद्ध सम्बन्ध स्थापित हो जाता है[1]। अप्रसिद्ध उपमान सर्वानुभूत न होनेके कारण जनसाधारणकी सम्पत्ति नहीं बनते। इनका तात्पर्य श्रोताके लिए स्वयंसिद्ध नहीं होता। वक्ताको किसी न किसी प्रकार इनके उपमेयोंका ज्ञापन करना पड़ता है। सामाजिक सम्पत्ति होनेके कारण प्रसिद्ध उपमानोंके लिए यह आवश्यक नहीं होता। सामाजिक मनके अंग हो जानेके कारण, ये उपमान प्रत्येक व्यक्तिके मनके ही अंश हो जाते हैं। (क्योंकि हर व्यक्ति सामाजिक ज्ञान और संस्कारका ग्रहण बोध और अबोधपूर्वक जन्मसे ही अनेक स्थानोंसे करता रहता है।) अतः प्रसिद्ध उपमानोंके उल्लेखमात्रसे आपाततः उनके उपमेयोंका ग्रहण हो जाता है, और इनका प्रयोग भी वक्ताके निजी अनुभवसे प्रेरित हो, यह आवश्यक नहीं है, यद्यपि आरम्भमें ये अप्रसिद्ध ही थे और प्रयोक्ता की मौलिक कल्पना द्वारा उद्भावित थे। और अप्रसिद्ध उपमायें भी सदा प्रयोक्ताकी अपनी सूझ ही नहीं होतीं। एकबार किसीके द्वारा प्रयुक्त होने पर कोई भी, जिसे इस प्रयोगका ज्ञान हो, उनका दुबारा प्रयोग कर सकता है। केवल उस व्यक्तिको उनका बोध होना आवश्यक है। तभी वे सार्थक होती हैं। यही बात प्रसिद्ध उपमाओंके बारेमें भी लागू होती है। जिसको यह ज्ञान ही न हो कि अमुक अमुक उपमानका प्रसिद्ध उपमेय क्या है, उसके लिए ऐसी उपमायें तथा रूपक निरर्थक हैं। उसके लिए उन रूपकातिशयोक्तियोंका क्या मूल्य है जो प्रसिद्ध उपमानोंके अर्थज्ञानको मानकर ही चलती हैं। इनमें ऐसे ही उपमानोंका प्रयोग होता है, जिससे वह पहिली दृष्टिमें उनका संश्लिष्ट तात्पर्य भले ही न समझे, पर बतलाने पर तो अवश्य ही समझ लेता है, क्योंकि जिन सादृश्योंके बलपर इनका प्रयोग होता है, वे इतने स्पष्ट होते हैं कि इनके सम्बन्धमें कोई शंका नहीं होती और जो इनका प्रयोग करता है उसे तो इनका तात्पर्य प्रारम्भसे ही स्पष्ट होता है, नहीं तो भला वह इनका प्रयोग ही कैसे कर पाता!

किन्तु प्रतीकोंकी यही विशेषता है कि व्यक्ति उनके साथ उनके उपमेयोंका कोई सम्बन्ध

१—यहाँपर इस बातका खयाल कर लेना चाहिये कि इन प्रसिद्ध उपमाओं और अन्य उपमाओंकी उद्भावना-विधिमें कोई मौलिकभेद नहीं है। कालसिद्ध सामान्य अनुभव ही इनकी विशेषता है।

नहीं देख पाता। वे उसकी व्यक्तिगत अनुभूतिसे स्वतन्त्र होते हैं। उसे यदि उनका तात्पर्य बताया जाय, तो भी वह यह नहीं समझ पाता कि उनका यह अर्थ क्यों और कैसे हुआ। और तमाशा यह कि वह स्वयं ही इनका प्रयोग करता है। कोई दूसरा व्यक्ति किसी उपमेयके लिए किसी उपमानका प्रयोग करे और उसे उनका सादृश्य बिलकुल स्पष्ट प्रतीत होता हो, किन्तु दूसरे व्यक्ति का ध्यान, चाहे सादृश्य की कठिनाई के कारण या उस व्यक्तिके रुचि-वैचित्र्यके कारण उस सादृश्य पर न जाय और वह उस रूपकका बिम्ब ग्रहण न कर सके, उसके हृदयमें उस उपमानसे वही भाव न जगे, जो प्रयोक्ताके हृदयमें जगा था, तो इसमें कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। पर स्वयं प्रयोक्ता ही उसे ग्रहण न कर सके यह तो तभी हो सकता है जब कि वह स्वयं अपनेमें ही विभक्त हो, यानी उसके मनके दो पृथक् भाग हों और एक की बात दूसरे पर सर्वथा प्रकट न हो। वस्तुतः मनोवैज्ञानिकोंने स्वप्नके अतिरिक्त मनुष्यके अन्य अनेक व्यवहारोंके अध्ययनसे मनके इसी प्रकार के दो पक्षोंका पता लगाया है जिन्हें व्यक्त तथा अव्यक्त मन कहते हैं। व्यक्त मन मनका वह भाग है जिसका हमें किसी समय विशेषमें बोध हो रहा हो। हमारे वे अनेक अनुभव और स्मृतियाँ, जिनका मनको इस समय बोध नहीं है, सामूहिक रूपसे अव्यक्त मन कहलाती हैं। इसके अतिरिक्त यह तो प्रत्यक्ष ही है कि हमें हर समय हर बात याद नहीं रहती। किन्तु अवसर पर इनकी उपस्थिति हो जाती है। बीचमें ये बातें न जाने कहाँ पड़ी रहती हैं। इनकी इसी अनुभवसिद्ध स्थितिको मनकी अव्यक्तावस्था कहते हैं। किन्तु यहाँ तक तो मनकी इन दो अवस्थाओं को 'विभाग' का नाम नहीं दिया जा सकता। क्योंकि इनमें निरन्तर पारस्परिक आदान प्रदान होता रहता है। जो बात एक क्षणमें अव्यक्तावस्था में है, दूसरे ही क्षण याद आ जाती है यानी व्यक्त हो जाती है। और जो इस समय व्यक्त है तुरन्त ही अव्यक्त हो जाती है। किन्तु कुछ बातें मनोवैज्ञानिकोंने ऐसी भी देखी हैं जिनका मनकी एक अवस्थासे दूसरीमें जाना इतना सरल नहीं होता। साधारणतः ये मनके अन्य अनुभवों तथा स्मृतियोंसे इस प्रकार पृथक् हो जाती हैं कि साधारण अवस्थाओंमें वे चेतनाके सामने नहीं आतीं, जबतक कि मनके अन्य भाग चेतनासे हट न जाँय। मानो मनके अन्य भाग इन्हें अपने सामने न आने देते हों। इस क्रियाका नाम मनोवैज्ञानिकोंने 'निरोध' रखा है। उनका ख़याल है कि प्रेतबाधा में मनुष्य जो ऐसी बातें कहता है, जो 'आवेश' के पहिले और पीछे भी उसे याद नहीं रहतीं—यहाँतक कि याद कराने पर भी याद नहीं आतीं—किन्तु दूसरे आवेशमें याद आती हैं, इसका कारण इस तरहका निरोध ही है। 'सम्मोहन' में कृत्रिम रूपसे भी ऐसी अवस्था लायी जाती है। इस प्रकारके अनेक अनुभवोंसे मनकी एक अत्यन्त अव्यक्तावस्था सिद्ध होती है जिसे 'निरुद्ध अव्यक्त' का नाम दिया जाता है। और इसके मुकाबिलेमें उपर्युक्त अस्थायी अव्यक्तता को 'उपचेतन' कहा जाता है।

अब यदि यह मान लिया जाय कि स्वप्न-प्रतीकोंकी उद्भावना अव्यक्त रूपसे हुई थी या उद्भावनाके बाद वे निरुद्ध हो गये थे तो व्यक्त रूपसे उनका तात्पर्य न समझमें आनेकी समस्या हल हो सकती है। तब यह समझ लिया जा सकता है कि व्यक्त मनके द्वारा निरुद्ध होनेके कारण उन प्रतीकोंके अर्थ चेतनामें नहीं आते। इस प्रश्नका उत्तर भी दिया जा सकता है कि फिर ये प्रतीक ही चेतनामें क्यों आते हैं। ऐसा हो सकता है कि व्यक्त मनका उन प्रतीकोंसे कोई विरोध न हो। वे जिन वस्तुओं और भावोंके प्रतिनिधि हैं, वे ही निरुद्ध हों। ऐसी हालतमें प्रतीक तो चेतनामें आ सकते हैं, किन्तु उनसे सम्बद्ध विचार नहीं। किन्तु हर हालतमें चाहे व्यक्त अथवा अव्यक्त अवस्थामें प्रतीकोंका उनके अर्थोंसे सम्बन्ध तो व्यक्तिके जीवनमें स्थापित हुआ होना ही चाहिये। और निरोध दूर कर देनेकी अवस्थामें—चित्तविश्लेषण इसी क्रियाको कहते हैं—उनको इस प्रारम्भिक उद्भावनाका स्मरण होना चाहिये। किन्तु ऐसा नहीं होता। ऐसी स्थितिमें प्रश्न यह उठता है कि प्रतीकोंका प्रमाण ही क्या? अर्थात् उनके अर्थोंका विश्वास ही किस आधार पर किया जाय? किन्तु इस प्रश्नका उत्तर हम पीछे देंगे। पहले हम यह देखें कि यदि प्रतीकोंका अस्तित्व स्वीकार कर लिया जाय तो जब चित्तविश्लेषणसे चित्तके निरोध दूर हो जाते हैं तब उनकी उद्भावनाका स्मरण न होनेका क्या कारण हो सकता है? क्या अव्यक्तकी कोई ऐसी भी काष्ठा है जो कभी व्यक्त हो ही न सके? व्यक्तिके जीवनकी किसी भी स्मृतिको मनोवैज्ञानिकोंने सर्वथा लोप्य नहीं माना है। तो फिर क्या इन प्रतीकोंकी उद्भावना व्यक्तिके जन्मसे पूर्वकी बात है? इस अपेक्षाकी पूर्तिस्वरूप कुछ आचार्योंने 'व्यक्तिगत अव्यक्त' के अतिरिक्त एक 'जातिगत अव्यक्त' की कल्पनाकी है जो मानवजातिके प्रत्येक व्यक्तिको जन्मसे ही प्राप्त होता है। इसमें जातिके अनुभव सन्निविष्ट होते हैं। इस सम्बन्धमें यह विचार करना आवश्यक हो जाता है कि यह जातिगत अनुभव व्यक्तिमें किस प्रकार आ सकता है। वैज्ञानिकोंने वंशानुक्रमसे विचारों अर्थात् मानसिक प्रत्ययोंकी प्राप्ति नहीं मानी है। कुछ शारीरिक प्रवृत्तियाँ ही वंशानुगत मानी जा सकती हैं। ये प्रवृत्तियाँ किसी विषय या स्थितिको प्राप्त करनेकी आकांक्षास्वरूप होती हैं। जैसे भूखकी परिसमाप्ति भोजनकी प्राप्तिमें होती है। यद्यपि नवजात शिशुको भोजनका अनुभव प्राप्त नहीं रहता और उसे अपनी आकांक्षाके विषयका ज्ञान नहीं होता, फिर भी उस आकांक्षाका विषयविशेषसे सम्बन्ध निर्दिष्ट है। इसी तरह सभी सहज प्रवृत्तियाँ अपना अपना विषय रखती हैं। विशेष विशेष रूप रंग और आकार विशेष विशेष प्रवृत्तियों-निवृत्तियोंको उद्बुद्ध करते ही हैं, चाहे इनसे किसी इष्टानिष्टकी प्राप्तिका अनुभव न हो। बड़ा शब्द सुनकर या बड़ा आकार देखकर सद्यःजात शिशु भी भयभीत हो जाता है, कुछ रूप-रंग और ध्वनियाँ स्वभावतः अपनी ओर आकृष्ट करती हैं। चूँकि ये प्रवृत्तियाँ अन्धी होती हैं। अतः यदि किसी विषयमें उनके वास्तविक तर्पक

विषयके साथ कुछ समता हो तो उससे भी वे उद्‌बुद्ध हो जाती हैं, जैसे प्रिय वस्तुकी समता हमें आकृष्ट करती है। इस प्रकार यह समझा जा सकता है कि स्वप्नके प्रतीक विशेष विशेष सहज प्रवृत्तियोंके सहज विषयोंसे समानता रखनेवाले पदार्थ हैं जो अपने रूप-रंग, आकार-प्रकारके कारण उन प्रवृत्तियोंको स्वरूपतः उद्‌बुद्ध करते हैं, चाहे उनके द्वारा इन प्रवृत्तियोंके तृप्त होनेका अनुभव हमें कभी न हुआ हो और हम उनके सम्बन्धको बिलकुल न जानते हों। प्रियवस्तुसे संपृक्त पदार्थ और स्थान अथवा हमारे प्रिय अनुभवोंकी भूमिके समान दृश्य हमें अबोधपूर्वक और अनायास ही आकृष्ट करते हैं। हम उनके आकर्षणका कारण कहाँ जानते हैं! हम तो स्वयं हैरान होते हैं और समझ नहीं पाते कि आखिर इसमें क्या बात है जो हमें लुभाती है। इतना समझते हैं कि कोई बात है जरूर। कारणका ठीक स्वरूप तो विश्लेषणके बादही मालूम होता है। किन्तु क्या इससे हम इस बातसे इनकार करेंगे कि उसका आकर्षण प्रियवस्तुके सम्पर्कका ही आकर्षण होता है और उससे हमें अंशतः वही तृप्ति होती है जो प्रियवस्तुकी प्राप्तिसे होती! इस प्रकारके अबोधपूर्वक तर्पणका सम्बन्ध विश्लेषण द्वारा अनुभूत प्रियवस्तुसे देखने या दिखाये जानेके बाद तो हरएक उस आनन्दके स्वरूपका कायल हो जाता है। वस्तुतः उस भावको वह स्वाभाविक भाषा मिल जाती है जो उसपर बिल्कुल चस्पां हो जाती है और उसकी व्याख्या कर देती है, उसकी पहचान करा देती है। फिर उसमें सन्देह नहीं रह जाता। किन्तु यदि उस आनन्दका स्रोत इस जन्मका न हो, यानी वंशप्राप्त हो, तो हरएकको इस प्रकारका विश्वास दिलाना स्वभावतः कठिन है, क्योंकि उसका सम्बन्ध किसी वस्तुविशेषसे न होकर प्रकारविशेषके विषयोंसे होगा जिनका प्रिय अनुभव हमारे पूर्वजोंको प्राप्त हो चुका है और जिनके अनुसार पूर्वजोंकी तथा हमारी शारीरिक प्रवृत्तियोंका निर्माण हुआ है, जिससे वे उसी विशेष प्रकारके विषयसे सन्तुष्ट होती हैं। फिर भी इन विषयों द्वारा प्राप्त तृप्तिका सम्पर्क किस प्रकारकी प्रवृत्तिसे है, यह तो बतानेपर पहचानमें आ ही जाता है। मानव-चित्तमें अन्तर्दृष्टि रखनेवालोंने सदा ही इस प्रकारके रहस्यात्मक भावोंका कारण पूर्वजन्मका संपर्क ही समझा है। देखिये कवि कालिदास क्या कहते हैं—

रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च निशम्य शब्दान्, पर्युत्सुको भवति यत्सुखितोऽपि जन्तुः।
तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्णं, भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि॥

हम विशेष प्रकारके विषयोंसे विशेष प्रवृत्तियोंके जातिगत सम्बन्धके और भी कायल हो जाते हैं, जब हम देखते हैं कि इन विषयोंका प्रतीक रूपसे इन्हीं प्रवृत्तियोंके द्योतन अथवा तर्पणके लिए प्रयोग न केवल स्वप्नमें बल्कि साहित्य, कला, पुराण, हास्य, व्यङ्ग, भाषाके मुहाविरों आदिमें भी होता है, इन सबोंमें ये प्रतीक स्थिर चिह्नोंके रूपमें देखे जाते हैं।

इस बातको जरा और स्पष्ट कर लेना चाहिये कि विशेष प्रकारके विषयोंसे विशेष प्रवृत्तियोंका सम्बन्ध किस प्रकार स्थापित होता है। चेतन प्राणियोंमें परिस्थितिको देखकर चलनेकी स्वाभाविक शक्ति होती है। उन्हें परिस्थितिका मुकाबला करके अपने जीवनकी रक्षा करनी पड़ती है। यदि किसी जीवकी शारीरिक बनावट ऐसी है—और अविकसित बुद्धि वाले सभी प्राणियोंकी शारीरिक बनावटके अनुसार उनकी कार्यक्षमताकी सीमा होती है—कि वह जीवन-यात्रामें सामने आनेवाले एक विशेष परिमाण तकके अन्य जीवों तथा पदार्थोंको अपने अंगोंके द्वारा या तो अपने मार्गसे अलग कर देता है या उनका अपने भोजनादिमें उपयोग कर लेता है, किन्तु उस विशेष परिमाणसे अधिक बृहत् आकारके जीवों और वस्तुओंके मुकाबिलेमें उसका वश नहीं चलता तो ऐसे पदार्थोंके सामनेसे वह स्वयं ही हट जानेकी चेष्टा करेगा, अन्यथा या तो उस रुकावटसे उसकी जीवन यात्रा आगे नहीं बढ़ सकेगी, अथवा वह स्वयं दूसरे जीवका भोग्य बन जायगा। बाधाके सामनेसे हट जानेकी इसी प्रवृत्तिका नाम 'भय' है। प्राकृतिक चुनावके वैज्ञानिक नियमके अनुसार जिन जीवोंमें यह प्रवृत्ति न होगी, वे जीवनकी प्रतियोगितामें नष्ट हो जायंगे और जिनमें यह होगी, वे ही जिन्दा रहकर अपनी वंश-परम्पराका विस्तार करनेमें समर्थ होंगे। ऐसे जीवोंमें यह प्रवृत्ति अभ्यासवश अधिक दृढ़ होती जायगी, क्योंकि इस प्रवृत्तिसे हीन जीवोंके नाशके अनुभव और उनके मुकाबिलेमें अपने कार्यकी सफलताके कारण, वैसे अवसरोंकी आवृत्ति पर वह जीव उसी कार्यकी आवृत्ति करेगा। एक बार कर चुकनेके कारण अन्य संभव कार्योंके मुकाबिले उसी क्रिया-कलापमें अभ्यास नियमके अनुसार जीव सहज ही प्रवृत्त होगा। आवृत्तिके साथ साथ यह अभ्यास यान्त्रिक हो जायगा। इस क्रिया-कलापमें शरीरके जिन-जिन अंगोंका योग प्रारम्भमें यत्नपूर्वक करना पड़ा था उनके बारबार साथ संचालित होनेके कारण उनका साहचर्य क्रमशः सरल होते होते ऐसा दृढ़ हो जायगा कि वे सब एक सूत्रमें निबद्ध हो जायँगे और बृहत् आकारके देखनेके साथ ही उसके अनुकूल सारा क्रियाकलाप एक साथ ही निष्पन्न होगा तथा इस अवसर पर अन्य प्रकारके कार्यकी संभावना बिल्कुल न रहेगी। इस तरह इस विशेष प्रकारके विषयके साथ इस विशेष प्रवृत्तिका स्थिर सम्बन्ध स्थापित हो जायगा। स्थिर हो जानेपर यह साहचर्य सम्बन्ध वंशानुक्रमसे जीवकी सन्तानको जन्मना प्राप्त होता है।

स्पष्ट है कि इस प्रकारका प्रवृत्तिका सम्बन्ध किसी वस्तुविशेषसे न होकर रूप-रंग आकार अथवा शब्द, स्पर्श, गंधादि विषयविशेष या इन विषयोंमेंसे अनेकके योगसे होगा। तद्वत् विषय अथवा योग पूर्णतः या अंशतः अनेक वस्तुओंमें हो सकता है। जिस किसी वस्तुमें वह होगा, वही उसके अनुकूल प्रवृत्तिकी उद्बोधक और, यदि यह विषय प्रिय हुआ तो, पूर्णतः या अंशतः तर्पक होगी। अप्रिय होनेकी

हालतमें विषयसे निवृत्ति तर्पक होगी। ऊपर जो भयका उदाहरण दिखाया गया है वह निवृत्तिरूपही है। इनसे उल्टी स्थिति अर्थात् प्रियकी अप्राप्ति और अप्रियकी प्राप्ति खेदजनक होती है क्योंकि प्रवृत्ति या प्रवृत्तिकी अबाध चरितार्थता ही सुख है,और इस चरितार्थतामें बाधाही दुःख है। इस विचारसे यह स्पष्ट हो जाना चाहिये कि जन्मना प्राप्त प्रवृत्तियोंको अन्धी क्यों कहा गया है। यद्यपि इनका सङ्घटन अनुभूत विषयोंके अनुकूल ही हुआ है किन्तु यह अनुभव स्वरूपतः एकांगी होता है। प्रवृत्तियोंका सम्बन्ध सीधे वस्तुओंसे न होकर इन्द्रिय विषयों तथा तज्जनित शारीरिक अर्थात् नाड़ीकी क्रियासे है। यह क्रिया समान रूपरंगकी ऐसी वस्तुओं द्वारा भी उद्बुध हो सकती है, जिनका जीवकी जीवनरक्षा और जीवन विस्तारमें कोई उपयोग नहीं है, जीवन तथा सभ्यताके विकासमें जिनके प्रति व्यवहार करनेके दूसरे उपयोगी तरीके निकल आये हैं। किन्तु यहाँपर हमें इस बातसे कोई मतलब नहीं है। इस विचारसे हमें यही देख लेना है कि प्रवृत्तियोंके वस्तुरूपी प्रतीक हमें जन्मना नहीं प्राप्त होते, बल्कि उनके रूप-रंग आकारादि ही प्राप्त होते हैं। फिर तो, स्वप्न और आदिम साहित्यादिमें हमें प्रतीकोंके रूपमें वस्तुओंकी जो स्थिरता मिलती है, उसकी व्याख्या जन्मनाप्राप्त प्रवृत्तियोंसे अंशतः ही होती है। इसकी पूर्ण व्याख्याके लिए हमें मानव-जीवनकी आदिम समानता और बचपनमें प्राप्त संस्कारोंका सहारा लेना पड़ेगा। आधुनिक मनोवैज्ञानिक प्रयोगोंसे सिद्ध हो चुका है कि बचपनमें हमारा मन पारिपार्श्विक वायुमण्डलसे अत्यधिक संस्कार ग्रहण करता है। हमें इस तथ्यकी प्रतीति साधारणतः इसलिये नहीं होती कि ये संस्कार असाधारण अवस्थाओंमें ही चेतनामें जाग्रत होते हैं, अन्यथा अव्यक्त रूपसे विस्मृतिके गर्भमें पड़े रहते हैं। साधारण जीवनमें इनका कोई काम नहीं पड़ता। किन्तु अनुकूल अवस्था पाते ही ये स्मृतियाँ उद्बुध हो जाती हैं। इसका प्रमाण सम्मोहन और विक्षेपकी अवस्थाओंमें विशेष रूपसे प्राप्त होता है। बचपनमें हमने अपनी मां, नानी, दादी आदिसे जो कहानियाँ सुनी हैं तथा अपने समाजकी भित्तिस्वरूप जिन पौराणिक कथाओंको चारों ओरके वायुमण्डलसे ग्रहण किया है, वे हमारी जातिगत विरासत हैं। हमारे अपेक्षाकृत नये विचार तथा आविष्कार तो कुछ लोगोंमें ही सीमित होते हैं और शिक्षा द्वारा प्राप्त किये जाते हैं। ये हेतुओं द्वारा सिद्ध किये जानेकी भी अपेक्षा रखते हैं। किन्तु यह प्राचीन सामग्रीही जन-साधारणके वायुमण्डलमें सिद्धवस्तुके रूपमें व्याप्त रहती है और हमें बचपनमें अनायासही प्राप्त हो जाती है। बचपनका दिमाग़ बड़ा संग्राही भी होता है। और बचपनके संस्कार विशेष रूपसे अमिट होते हैं। हमारे वस्तुरूपी प्रतीक इन्हीं बाल्यावस्थाके संस्कारोंसे प्राप्त होते हैं। यद्यपि इस प्राचीन सामग्रीमें प्रतीकोंका तात्पर्य आदिकालीन भाषाके भावमय होनेके कारण स्पष्ट रूपसे बुद्धिग्राह्य नहीं होता,किन्तु अपने सहज रूपरंगादिके कारण वे तदनुकूल भावोंका ही उद्बोधन और शमन करते हैं और इसी कारण उनका निर्माण अर्थात् आरम्भिक प्रयोग हुआ था और इसी कारण इस रूपमें

वे बराबर ग्रहण किये जाते रहे हैं। वस्तुतः मनुष्यकी बुद्धिकी भाषाही अधिक परिवर्त्तनशील होती है, भावोंकी भाषा अपेक्षा कृत स्थिर होती है। इस प्रकार बाल्यकालीन संस्कार प्रतीकोंका एक आवश्यक अङ्ग है। इन संस्कारों और जन्मना प्राप्त आकारादि द्वारा उद्बुद्ध प्रवृत्तियोंके संयोगसे ही प्रतीक बनते हैं। दोनोंही के मूलमें जातिका अनुभव निहित है। किन्तु विषय तथा प्रवृत्तियाँ जन्मसे और तदनुकूल वस्तुएँ साहित्य तथा जनश्रुति द्वारा प्राप्त होती हैं। पहली अधिक व्यापक आर दृढ़ हैं,दूसरी कम। जन्मनाप्राप्त प्रवृत्तियाँ तो मानव जातिमात्रमें, बल्कि कुछ पशुओंमें भी,समान हैं। किन्तु वस्तुएँ मानवजातिमें भी सर्वथा समान नहीं हैं, क्योंकि परिस्थिति भेद तथा तदनुकूल आवश्यकता भेदसे विभिन्न मानव जातियोंको आदिम अवस्थामें विभिन्न वस्तुओंका प्रयोग और निर्माण करना पड़ा था। इसमें सन्देह नहीं कि इन परिस्थितियोंमें और खासकर मनुष्यकी शारीरिक बनावट और तदनुसार उसकी आवश्यकताओंमें बहुत कुछ समानता रही है जिसकी छाप उसके द्वारा प्रयुक्त और निर्मित वस्तुओंपर अवश्यही पड़ी है। यही कारण है कि हमें भेदमें भी अभेद दिखाई देता है। किन्तु इस समानताका दायरा उतना ही बड़ा होता है जितना हम मानवजातिकी अवान्तर जातियोंके सीमित क्षेत्रमें प्रवेश करते हैं। इसी कारण मानव जातिमात्रके सामान्य प्रतीक बहुतही कम हैं। अवान्तर जातियोंमें सामान्य प्रतीक उससे कुछ अधिक हैं। सामान्य प्रतीकोंके प्रयोगमें भी कुछ न कुछ अवान्तरजातिगत तथा व्यक्तिगत विशेषता तो रहती ही है।

प्रतीकोंके सामान्य रूपसे कम होनेका कारण आदिम जीवनकी सरलता भी है। एक दीर्घकालीन परम्परासे सिद्ध प्रतीक ही हमारे वायुमण्डलमें व्याप्त होते हैं, और जातिका आदिकालीन जीवन उतना विकसित और समृद्धिशाली नहीं था। तत्कालीन भौतिक सम्पत्तिकी कमीके कारण वही थोड़ीसी वस्तुएँ हमें प्रतीकोंके रूपमें मिलती हैं जो उस समयके सरल और अविकसित जीवनमें प्रयोगमें आती थीं।

इसके पहिले कि हम अब प्रतीकोंके उदाहरण लेकर विषयको स्पष्टरूपसे समझें, सिर्फ एक बात और जान लेना जरूरी है। वह यह कि जिस प्रकार ऐन्द्रिय विषयोंके द्वारा अनुकूल प्रवृत्तियोंका उद्बोधन होता है, उसी प्रकार दूसरे व्यक्तिमें उद्बुद्ध प्रवृत्तिके शारीरिक लक्षणोंको देखकर भी उसी प्रवृत्तिका उद्बोधन होता है। साहित्यकी भाषामें जिस प्रकार विभावोंसे भावोंका उद्रेक होता है उसी प्रकार अनुभावोंसे भी भावकी निष्पत्ति होतीहै। रसकी निष्पत्तिमें तो दोनोंका सहयोग आवश्यक है। विभावोंसे भावका उद्रेक किस प्रकार होता है यह तथा उसका हेतु और आवश्यकता तो ऊपर दिखायी जा चुकी है। विभावके अनुरूप तो भावका संगठन ही हुआ है। किन्तु अनुभाव भी भावका द्योतक होनेके कारण उसका स्मरण कराता है। इतना ही नहीं, उसका उद्बोधन भी करता है। यह अनुकरणकी प्रवृत्ति उस तादात्म्यकी भावनापर आश्रित है जो एक मनुष्य दूसरे मनुष्यके साथ अपनी समान बनावटके कारण अनुभव करता है, जिसके कारण

उसे समान आवश्यकताओंके सामने समान प्रतिक्रिया करनी पड़ती है। इस प्रकार एक साथ किसी विषयके प्रति समान व्यवहार करनेसेही सहयोगकी नींव पड़ती है, जिसकी आवश्यकता और जिसके सुफलके अनुभवसे यह अनुकरणकी प्रवृत्ति और भी दृढ़ होती है। अनुकरणकी प्रवृत्ति सामाजिक सहयोगकी प्रवृत्ति की सहायक और उसका अनुभाव भी है। इसके द्वारा हम अपनेसे अधिक अनुभवियोंके उपयोगी आचरण सीखते हैं और भावोंके विभाव (कारण) को जाननेके पहिले ही उसके प्रति व्यवहार करनेके लिए तैयार हो जाते हैं, जिससे हमारे जीवनमें अधिक कार्यक्षमता आती है। अतएव अनुकरणसे हमारी सामाजिकताका पता चलता है।

अस्तु, अनुकरणकी प्रवृत्ति तथा तद्गत तादात्म्य भावनाके कारण हम दूसरोंके भावोंका उनके अनुभावों को देखकर अपने ऊपर आरोप करते हैं। अर्थात् अनुभावोंसे भी भावोंका उद्बोधन होता है और ये भी अनुकूल भावोंके चिह्न बन जाते हैं। अतएव प्रतीकोंमेंसे कुछ तो अनुकूल भावोंके विभावोंके सदृश आकारप्रकार की वस्तुओं और क्रियाओंके रूपमें होते हैं और कुछ अनुभावयुक्त शारीरिक अंगों और चेष्टाओंके सदृश।

अब दो एक सार्वभौम प्रतीकोंको लेकर समझने की चेष्टाकी जाय। सर्प एक सार्वभौम प्रतीक है। पहले भारतीय परम्परामेंही देखिये—

उरगो वा जलौका वा भ्रमरोवापि यंदशेत् आरोग्यं निर्दिशेत्तस्य धनलाभं च बुद्धिमान्। (चरक)

यहाँ पर स्वप्नमें कुछ अन्य जीवोंके साथ सर्प काटनेका आरोग्य और धनलाभ से सम्बन्ध बताया गया है।

यस्य श्वेतेनसर्पेण ग्रस्तश्चेद्दक्षिणः करः, सहस्रलाभस्तस्य स्यादपूर्णे दशमे दिने॥
उरगो वृश्चिको वापि जले ग्रसति यं नरम्, विजयं चार्थसिद्धिं च पुत्रं तस्य विनिर्दिशेत्। (आचारमयूख)

यहाँ भी सर्पका सम्बन्ध विजय, धन और पुत्रके साथ बताया गया है। पाश्चात्य लोकसाहित्यमें भी सर्पकी बड़ी चर्चा है। स्वर्गमें हव्वाको सर्पने ही धोखा दिया था। आदम और हव्वा मानवजातिकी शैशवावस्थाके प्रतीक हैं, जब कि वह अकातर, नग्न और स्वच्छन्द थी अर्थात् जब कि वह स्वर्गमें थी, तब सर्प आता है जो कि कामका प्रतीक है और स्थिति बिलकुल बदल जाती है। दूसरे शब्दोंमें, बचपन स्वर्ग है किन्तु जैसे ही बच्चा किशोरावस्थाको प्राप्त होता है, वह स्वर्ग से निकाल दिया जाता है। 'बेल्स-टीन' की एक कथामें सर्प नवयुवती लड़कियोंके सम्मुख प्रकट होता है और जब लड़कियाँ अपनी घृणाक

जीत कर ठण्ढे सर्पको अपने बिस्तरमें ले लेती हैं, तो सर्प अकस्मात् एक अद्भुत राजकुमारके रूपमें परिवर्तित हो जाता है जो मंत्राभिभूत किया गया था। चिकना, ठण्ढा, बदसूरत सांप कामज या यौन प्रतीक है। इसी प्रकार वह वीभत्स मेढ़कका बच्चा भी है जो कि 'भ्रिम' की कहानीमें राजकुमारीकी शय्या पर चढ़ जाता है। यहाँ भी घृणाको जीतनेके पुरस्कारस्वरूप एक राजकुमार उपस्थित हो जाता है।

सर्पको मूलतः कामसम्बन्धी प्रतीक मान लेनेपर पुत्रके साथ उसका सम्बन्ध तो निर्दिष्टही हो जाता है, धन आरोग्य और विजय के साथ भी उसका सम्बन्ध समझा जा सकता है। "आर्योंके पूर्व जो सब आर्येतर जातियाँ अपनी अपनी संस्कृति और सभ्यता लेकर यहाँ बास कर रही थीं उनमें नागों और सुपर्णोंका स्थान महत्त्वपूर्ण था। नागका शाब्दिक अर्थ सांप है और सुपर्णका पक्षी। खूब सम्भव है इन दोनों जातियोंके लांछन (टोटेम) ये दोनों जंतु थे।...

"नाग लोग प्रधानतः शिवके उपासक थे और सुपर्ण लोगके विष्णुके। गरुड़ विष्णुके वाहन हैं और नाग शिवके भूषण।

(क्षितिमोहन सेन कृत—'भारतवर्षमें जातिभेद'से उद्धृत, पृष्ठ ११८)

'फ़र्गुसन' ने अपनी पुस्तक ट्री एण्ड 'सर्पेण्टवर्शिप' (वृक्षों और साँपोंकी पूजा) में कहा है कि यक्ष और नाग जो क्रमशः उर्वरता और वृष्टिके देवता माने गये थे, एक जाति-वर्णहीन दस्यु या असुर जातिके उपास्य थे। वरुण नामके वैदिक देवताका सम्बन्ध गन्धर्वों, यक्षों, असुरों और नागोंसे रहा है। यक्षों और नागोंके देवता कुबेर, सोम, अप्सरस् और अधिदेवता वरुण ब्राह्मण ग्रन्थोंमें स्वीकृत हैं। 'विष्णु धर्मोत्तर' (३-५८) के अनुसार कामदेव और उनकी स्त्री रति क्रमशः वरुण और उनकी पत्नी गौरीके अवतार हैं। प्राचीन विश्वासके अनुसार वरुण समुद्रके देवता हैं और सारी सृष्टि इसी देवाधिदेवसे उत्पन्न हुई है। समुद्र और जलके देवता होनेके कारण वरुणका वाहन मकर है। उनकी स्त्री गौरीका वाहन भी मकर है मकर समुद्र और जलका प्रतीक है। अग्नि पुराण (५१ अध्याय) में वरुणको मकरवाहन कहा गया है और विष्णु धर्मोत्तर (३-५२)में मकरकेतन। यह एक कवि-प्रसिद्धि है कि चिह्न, वाहन और ध्वजको एक ही वस्तु मानते हैं। बादामीमें (R. D. Banerji ; Bas Reliefs of Badami Mem ; A. S. I. 25. 1928. P. 34) रतिके साथ मकर वाहन और मकरकेतन काम-मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं। पंडितोंका इसीलिए अनुमान है कि कामदेव और यक्षाधिपति वरुण मूलतः एक ही देवता हैं और नहीं तो कमसे कम एक ही देवताके दो भिन्न रूप तो हैं ही (बुद्धचरित १३-२)। बौद्ध मार यक्ष कामदेवका रूप है ही। पौराणिक आख्यानोंसे यह प्रकट ही है कि कामदेवके प्रधान सहायक गन्धर्व और अप्सराएँ हैं। कामदेव स्वयं उर्वरता और प्रजननके देवता हैं। समुद्र रत्नालय है और वरुण समुद्राधिपति। इसीलिए

उन्हें लक्ष्मीनिधि माना जाता था। बादमें यह शब्द कुबेरका वाचक हो गया। मगर यह लक्ष्य करनेकी बात है कि समुद्रोत्पन्न लक्ष्मीका, जो बादमें विष्णुकी पत्नी हुईं एक नाम वरुणानी भी है। इस प्रसंगमें वरुणानी शब्द काफी संकेतपूर्ण है। (विशेष विस्तारके लिए देखिये A. R. Coomaraswami: yaksa vol. II)

कवि—प्रसिद्धिके अनुसार लक्ष्मीके अर्थमें कमला और सम्पद-शब्दकी एकता स्वीकार कर ली गयी है और कमलमें लक्ष्मीका वास है। मकरके अतिरिक्त कमल भी जलका एक प्रतीक है। शतपथ ब्राह्मण (७-४-१-८)में जलको कमल कहा गया है और यह पृथ्वी उस कमलका एक दल कही गयी है। प्राचीन रत्नशिल्पमें कमलका इसीलिए इतना प्राचुर्य है कि वह जल का और फलतः जीवनका प्रतीक होनेसे अत्यन्त मङ्गलमय समझा जाता था। कमलमें ही वरुण, और उनकी स्त्री गौरी वास करती हैं।"—पण्डित हजारी प्रसाद द्विवेदी कृत हिन्दी साहित्यकी भूमिकाके परिशिष्ट 'कवि प्रसिद्धियाँ'के विभिन्न स्थलोंसे उद्धृत।

इस उद्धरणसे स्पष्ट हो जाता है कि किस प्रकार भारतीय परम्परामें लक्ष्मी और सम्पदके कमल वाससे लक्ष्मी और जीवन तथा मङ्गल (आरोग्य तथा विजय) की एवं लक्ष्मी और रतिकी एकता सिद्ध हुई है और किस प्रकार नागों अर्थात् सर्पों से इन सबका सम्बन्ध है। अब हम समझ सकते हैं कि सर्पको मूलतः काम सम्बन्धी प्रतीक मान लेने पर वह किस प्रकार स्वयमेव पुत्र, आरोग्य और मंगलका प्रतीक हो जाता है।

सर्प और कामके सम्बन्धको और समझ लेना चाहिये। शिव मन्दिरोंमें सर्प परिवेष्टित योनि और लिंगकी ही पूजा होती है। यहाँ सर्प नित्यता, अनन्तता, अमरताका प्रतीक माना जाता है। अनन्त और शेष तो सर्पके नाम ही हैं। किन्तु गहराई में बैठकर अध्ययन करनेवालोंने सर्पको वस्तुतः पुरुष लिंगका प्रतीक बताया है। इस प्रतीकके अन्य सब गुण या अर्थ इसी मूलसे निकले हैं। प्रारम्भिक मनुष्यकी स्वभावतः यह धारणा हुई कि जीवनको उत्पन्न करनेके कारण लिंग जीवनका प्रतीक है। यही कारण है कि संसारके हर देशमें लिंगोंके स्वांग जलूसमें निकाले जाते थे और उनकी पूजा होती थी। अब भी क्रिसमस सम्बन्धी अनेक उत्सवोंमें खासकर प्राच्य ग्रीक गिरजोंमें, भारतीय होलीके समान प्राचीन रोमन उत्सवों (Kalends and Saturnalia) के चिह्न पाये जाते हैं। हिन्दुओंमें होली ऐसा ही त्यौहार है जिसमें प्राचीन लिंग पूजा अपने आदिम रूपमें विद्यमान है। आधुनिक हिन्दू शिवलिंगकी पूजाके साक्षात् यौन या लैंगिक अर्थको भूल-से गये हैं। अतएव आर्योंमें लिंग-पूजाके आदिम इतिहासको स्मरण कर लेना चाहिये।

"महादेव नग्न वेषमें नवीन तापसका रूप धारण करके मुनियोंके तपोवनमें आये (वामन पुराण ४३ अध्याय, ५१–६२ श्लोक)। मुनिपत्नीगणने देख करके उन्हें घेर लिया (वही ६३–६९ श्लोक)। मुनिगण अपने ही आश्रममें मुनि-पत्नियोंकी ऐसी अभद्र कामातुरता देखकर 'मारो मारो' कहकर काष्ठ-पाषाण आदि लेकर दौड़ पड़े। उन्होंने शिवके भीषण ऊर्ध्व लिंगको निपातित किया।

क्षोभं विलोक्य मुनय आश्रमे तु स्वयोषिताम्। हन्यतामिति सम्भाष्य काष्ठपाषाणपाणयः॥
पातयन्तिस्म देवस्य लिंगमूर्ध्वं विभीषणम्। (वामन पुराण, ४३, ७०,७१।)

बादमें मुनियोंके मनमें भी भयका सञ्चार हुआ! ब्रह्मा आदिने भी उन्हें समझाया। अन्तमें मुनि-पत्नियोंकी एकान्त अभिलषित शिव-पूजा प्रवर्तित हुई (वामन पुराण ४३, ४४ अध्याय)। कूर्म पुराण, उपरिभाग ३७ अध्यायमें कथा है कि पुरुष-वेशधारी शिव, नारी-वेशधारी विष्णुको लेकर सहस्र मुनिगण सेवित देवदारू-वनमें विचरण करने लगे। उन्हें देखकर मुनि-पत्नियां कामार्त्त होकर निर्लज्ज आचरण करने लगीं (१३–१७ श्लोक)। मुनि-पुत्रगण भी नारी-रूपधारी विष्णुको देखकर मोहित हुए। मुनिगण मारे क्रोधके शिवको अतिशय निष्ठुर वाक्यसे भर्त्सना करने और अभिशाप देने लगे।

अतीव परुषं वाक्यं प्रोचुर्देवं कपर्दिनम्। शेपुश्च शापैर्विविधैर्मायया तस्य मोहिताः॥ (कूर्म०४७,२२)

किन्तु अरुन्धतीने शिवकी अर्चनाकी। ऋषिगण शिवको 'यष्टि-मुष्टि' प्रहार या लाठी और घूँसेकी चोट करते हुए बोले—'तू यह लिंग उत्पाटन कर'। महादेवको वही करना पड़ा। शिवपुराणके धर्म-संहिताके दसवें अध्यायमें देखा जाता है कि शिव ही आदि देवता हैं, ब्रह्मा और विष्णुको उनके लिंग का आदिमूल अन्वेषण करने जाकर हार माननी पड़ी (१६-२१)। (सच पूछा जाय तो आज भी धर्मके इतिहासके गवेषक यह खोज कर पता नहीं लगा सकेकि लिंग-पूजा का प्रारंभ कहाँसे और कबसे हुआ।) देवदारूवनमें सुरतप्रिय शिव विहार करने लगे (धर्म संहिता, १०,७८,७९)। मुनिपत्नियां काम-मोहित होकर नाना-विध अश्लीलाचार करने लगीं (वहीं, ११२, १२८,)। शिवने उनकी अभिलाषा पूरीकी (वही, १५८) मुनिगण काममोहिता पत्नियोंको संभालनेमें व्यस्त हुए (वही, १६०); पर पत्नियाँ मानी नहीं (वही १६१)। फलतः मुनियोंने शिवपर प्रहार किये (वही, १६२-१६३) इत्यादि। अन्य सब मुनि-पत्नियोंने शिवको कामार्त होकर ग्रहण किया था; पर अरून्धतीने वात्सल्य भावसे पूजाकी (वही १७८)। भृगुके शापसे शिवका लिंग भूतलमें पतित हुआ (वही. १८७)। भृगु धर्म और नीतिकी दुहाई देने लगे (वही, १८८-१९२); किन्तु अन्तमें मुनिगण शिवलिंगकी पूजा करनेको बाध्य हुए (वही २०३, २०७)। पद्म-पुराण नागर-खण्डके शुरूमें भी वही कथा है। आनर्त देशके मुनिजनाश्रय वनमें किस प्रकार भगवान्

शंकर नग्नवेशमें पहुँचे (१-१२), किस प्रकार मुनि-पत्नियोंका आचरण शिष्टताकी सीमापार कर गया (१३-१७); मुनिगण यह सब देखकर क्रुद्ध होकर बोले, रे पाप, तूने चूँकि हमारे आश्रम बिडम्बित किया है, इसलिए तेरा लिङ्ग अभी भूपतित होवे।

अस्मात्पापात्त्वयास्माकं आश्रमोऽयं बिडम्बतः, तस्माल्लिङ्गं पतत्वाशु तवैव वसुधा तले।
(पद्मपुराण, नागरखण्ड १-२०)

किन्तु यहाँ भी मुनियोंको झुकना। पड़ा जगत्में नाना उत्पात् उपस्थित हुए (२३-२४); देवतागण भीत हुए और धीरे धीरे शिवपूजा स्वीकार कर ली गयी। (क्षितिमोहन सेनकृत 'भारतवर्षमें जातिभेदसे उद्धृत पृ० ६५)

पाठकोंके मनमें यह प्रश्न उठ रहा होगा कि सर्प क्यों पुरुष लिंगका प्रतीक है। चित्तकी अव्यक्तावस्थामें प्रतीकोंकी उद्भावना सम्बन्धी मानसिक क्रियाओंके सम्बन्धमें पहले जो कुछ कहा जाचुका है उसके प्रकाशमें इसका कारण समझना कठिन नहीं है। यद्यपि व्यक्तचित्तको सर्प और पुरुषलिंगमें कोई सादृश्य नहीं प्रतीत होता, किन्तु इनमें एकछिपी हुई समानताका इतना संकेत तो अवश्यही है कि अव्यक्त चित्त इनके सादृश्यको ग्रहण करले। हम यह देख चुके हैं कि किसप्रकार अनुभावोंको देखनेसे भावोंका उद्बोधन और तर्पण होता है और अनुभावयुक्त शारीरिक अंगों और चेष्टाओंके सदृश वस्तुएँ सादृश्यानुबन्ध नियमसे अनुकूल भावोंकी प्रतीक बन जाती हैं। इस तरह लिंग तो कामवासनाका स्वाभाविक उद्बोधक और तर्पक है ही और तदृश सर्प उसका प्रतीक होना ही चाहिये। उपर्युक्त विचारसे यह भी स्पष्ट है। कि इस प्रतीकमें लिंगके आकार प्रकार का अंश ही जन्मना प्राप्त हो सकता है। अपने मूर्त्त और विशिष्ट रूपमें सर्प नहीं। सर्पतो इसीलिए प्रतीक होगा कि लिंगसादृश्य उसमें अबोधपूर्वक ग्रहण किया गया। किन्तु ऐसी तो अनेक वस्तुएँ हो सकती हैं। और इसमें सन्देह नहीं कि अनेक वस्तुएँ लिंग और कामके और व्यक्तिगत उपमान और उद्बोधक बन जाती हैं। फिर सर्पादि थोड़ीसी वस्तुओंको ही जातिगत सामान्य प्रतीक का पद क्यों प्राप्त हुआ ? बात यह है कि सब वस्तुएँ मानव जातिके सामान्य अनुभव का विषय नहीं है। किन्तु सर्पादि वस्तुओंसे मनुष्यको आदिम अवस्थासे काम पड़ा है और ये उसके सामान्य अनुभवका विषय रही है। जातिगत अनुभव भी सर्प रूपी प्रतीकका एक अंश है जो हमें साहित्य एवं जनश्रुति द्वारा विरासतके रूपमें सामाजिक वायुमण्डलसे मिला है। यही उसे प्रतीकत्वका पद प्रदन करता है। सर्पके सम्बन्धमें यह जाति परम्परा हम ऊपर देख चुके हैं।

भारतीय परम्परामें कामका धन, स्वास्थ्य और मंगल मात्रसे सम्बन्ध समझ लेनेके बाद अब हम कुछ और सार्वभौम प्रतीकोंको समझ सकते हैं। मकान शरीरका एक पुराना और प्रसिद्ध प्रतीक है।

हम प्रायः शरीरको अपने रहनेके घरके रूपमें बोलते हैं और पशु व्यक्तिके प्रतीकके रूपमें बहुत सामान्य है और सवारी करना तथा सीढ़ी चढ़ना मैथुन या रतिका प्रतीक है।

महाप्रासादसफलवृक्षवारणपर्वतान्, आरोहेद्द्रव्य लाभाय व्याधे रपगमाय च ॥ (चरक)

हर्म्येष्वारोहणं चैव प्रासाद शिरसोऽपिवा, एवमादीनि संदृष्ट्वा नरः सिद्धिमवाप्नुयात्। (चरक)

शैलप्रासादनागाश्च वृषभारोहणं हितम्, (बृहद्यात्रायांवराहः)

हस्तिनीवडवानां च गवां च प्रसवो गृहे, आरोहणं गजेन्द्राणां रोदनं च तथा शुभम् ॥ (वराह)

आरोहणं गोवृषकुंजराणां प्रासाद शैलाग्रवनस्पतीनाम्।
विष्ठानुलेपो रुदितं मृतं च स्वप्नेष्वगम्यागमनं प्रशस्तम् ॥ (आचारमयूख)
बलाकां कक्कुटीं क्रौंचीं दृष्ट्वा यः प्रतिबुध्यति।
कुलजां लभते चान्यां भार्यां च प्रियवादिनीम् ॥ (आचारमयूख)

वड़वां कुक्कुटीं दोलां लब्ध्वा यस्तु विबुध्यते,सकामां लभते भार्यां सुभगां प्रियवादिनीम् ॥ (बृहस्पति)

आसने शयने याने शरीरे वाहनेऽपि वा।
ज्वलमाने विबुध्येत तस्य श्रीः सर्वतोमुखी ॥ (बृहस्पति)
स्वाङ्ग प्रज्वलनं परोपशमनं शक्रध्वजालिंगकृत्।
संयुक्तोऽपि नैरर्विपद्यपि विपत्प्रक्षेपणं दिक्षु च।
बद्धो वा निगडैर्ग्रसेच्च दहनं चारिक्षतो बाहुना।
छत्रं वा द्विरदादि रोहणविधौ दिव्योऽपि च ब्राह्मणः। (पराशर संहिता)

विपुल रण विमर्द धूतवादैर्जयश्च, पशुमृग मनुजानांलब्धि रदध्यासनं वा।
विवसन परिलेपोऽगम्यनारीगमो वा, स्वमरण शिरिवलाभः सस्यसंदर्शनं च ॥
दिनकर शशितारामक्षणस्पर्शनानि, विशरणामपि मूर्ध्नः सप्तपञ्चत्रिधावा।
वृषभगृहनरेन्द्र श्वेतसिंहाधिरोह ग्रसनमुदधिभूमौ भूमिराज्यप्रदानि ॥ (पराशर संहिता)
मरणं वह्निलाभश्च वह्निदाहो गृहादिषु तथोदकानां तरणं तथा विषमलंघनम् ॥
हस्तिनी वड़वानां च गवां च प्रसवो गृहे आरोहणं गजेन्द्राणां रोदनं च तथा शुभम्।

(बृहच्छाया ग्रन्थमें श्री बराहिमिर)

आचार मयूखके दूसरे और बृहस्पतिके पहले उद्धरणमें पशु-पक्षियोंसे स्त्रीका स्पष्ट सम्बन्ध दिखलाया गया है। बादके उद्धरणोंमें अग्निका प्रतीक भी आया है। अग्नि और उष्णता प्रेमके प्रतीक हैं। अन्य साहित्यों की भाँति हिन्दी और उर्दू काव्य साहित्यमें प्रेमके लिए अग्निकी उपमा बहुत प्रसिद्ध है। यही कारण है कि बृहस्पतिके दूसरे उद्धरणमें शरीरमें और वाहन (घोड़ा-हाथी आदि) पर अपनेको जलता देखनेसे लक्ष्मीकी प्राप्तिका सम्बन्ध बताया गया है और वराहके अन्तिम उद्धरणमें अग्निसे घर (शरीर) फूँकनेको शुभ कहा गया है। पराशर-संहिताके दूसरे उद्धरणमें अग्निके साथ साथ 'रण' का प्रतीक भी आया है। लड़ना भी मैथुनका प्रतीक है।

अनेक दूसरे सामान्य स्वप्नप्रतीकोंमें दाँत गिरनेका एक प्रतीक है जो स्त्रियोंमें कभी कभी सन्तान-कामनाकी काल्पनिक पूर्त्तिका द्योतन करता है और पुरुषोंमें साधारणतः हस्तमैथुनका द्योतक होता है। इसी कारण यह अशुभ प्रतीक समझा गया है।

दन्ता यस्य विशीर्यन्ते केशा यस्य पतन्ति च।
धननाशो भवेत्तस्य व्याधिपीड़ाप्यसंशयम् ॥(मार्कण्डेय)

ग्रन्थान्तरमें भी कहा है—

दन्त चन्द्रार्कनक्षत्र देवता दीपचक्षुषाम्।
पतनं वा विनाशो वा·स्वप्ने भेदो नगस्य वा॥
इत्येते दारुणाः स्वप्ना रोगी यैर्यातिपञ्चताम्।
अरोगः संशयं गत्वा कश्चिदेव विमुच्यते॥

अब दो एक स्वप्नोंमें प्रतीकोंका प्रयोग देखें।

(१) "कुमारी एस० ने स्वप्नमें देखा कि-'वह एक बड़ी ऊँची इमारतसे गुजरी जिसमें धुआँ निकल रहा था। तब कुछ लपटें निकलीं और उन्हें भयानक गर्मीका अनुभव हुआ।'

'विश्लेषणः कुमारी एस. प्रेममें बहुत सौभाग्यवती नहीं रही हैं। वह सुशिक्षित, बुद्धिमती और सुन्दरी हैं किन्तु ज़रा ज़्यादा संयत होनेके कारण साधारण युवकके अनुकूल नहीं पड़तीं। उनके बहुतसे प्रशंसक थे, किन्तु किसी न किसी कारणसे वरणीय पुरुष या तो मिलता नहीं था, या विवाहके मार्गपर

अग्रसर नहीं होता था। स्वप्न-रात्रिके पहले वाले दिन वह अपने एक मित्रके यहाँ गयीं जिसने उन्हें उनके एक प्रशंसक टी० के बारेमें चिढ़ाया। मित्रने कहा कि उसके सुननेमें आया है कि टी० कुमारी एस० से निरन्तर मिलते हैं और यह पूछा कि मंगनीका एलान कब होगा, इत्यादि। कुमारी एस. परीशान हुईं और उन्होंने विरोध करते हुए कहा कि इस अफवाहमें कोई सचाई नहीं है और यह बिलकुल गप्प है। किन्तु उनके हृदयमें यह भाव था कि टी० उनके साथ विवाह कर सकते हैं। इस बातचीतका अन्त उनके मित्रके इस साभिप्राय कथनसे हुआ कि 'यत्र यत्र धूमः तत्र तत्र वह्निः'। कुमारी एस०का स्वप्न उनकी इच्छाकी पूर्त्ति करता है। बहुत ऊँची इमारत वे स्वयं हैं,—वे बहुत लम्बी हैं। वह धुआँ देखती हैं, फिर लपटें देखती हैं और अत्यधिक उष्णताका अनुभव करती हैं। "यत्र यत्र धूमः तत्र तत्र वह्निः" इस कथनको ही स्वप्नने मूर्त्तिमान किया है। और चूँकि स्वप्नद्रष्टा ही स्वप्नका मुख्य पात्र होता है—वे स्वयं ऊँची इमारतके रूपमें अवतरित हैं। इमारत शरीरका तथा आग और गर्मी प्रेमके प्रतीक हैं। यह स्वप्न इस बातका बड़ा अच्छा उदाहरण है कि किस प्रकार अमूर्त विचार स्वप्नमें मूर्त्तिमान किये जाते हैं।" (ब्रिल)

(२) "एक युवतीने स्वप्न देखा कि 'एक पुरुष एक बड़ी चंचल छोटी भूरी घोड़ीपर सवार होनेकी कोशिश कर रहा है। उसने तीन बार प्रयत्न किया, किन्तु हर बार गिर गया। आखिरकार चौथी बारके प्रयत्नमें सफल हुआ और घोड़ीको आगे पीछे दौड़ाने लगा।" प्रकट रूपसे स्वप्न देखने-वाली स्वप्नमें दिखाई नहीं दे रही है। किन्तु हम जानते हैं कि वह पुरुष और घोड़ी इनमेंसे किसी न किसीके छद्म वेशमें अवश्य ही होगी। क्योंकि स्वप्नकी नाटकीयताके सम्बन्धमें यह एक विशेष सिद्धान्त है (दूसरा विशेष सिद्धान्त प्रतीकोंका प्रयोग है) कि स्वप्नद्रष्टा अवश्य ही स्वप्नमें किसी न किसी रूपमें रहता है और प्रायः वही उसमें मुख्य पात्र होता है। प्रस्तुत स्वप्नके विश्लेषणमें यह बात इस प्रकार प्रकट हुई। जब उक्त युवतीसे पूछा गया कि 'घोड़ी'से उसके मनमें किन बातोंका उदय होता है, तो उसे अकस्मात् याद आया कि जब वह छोटी लड़की थी उस समय उसके पिताने उसे बताया था कि उसके औपाधिक नाम 'शेवाल'का अर्थ फ्रेंच भाषामें घोड़ी है। वह स्वयं भी छोटी, सांवली और चञ्चल है। अर्थात् वैसी ही है जैसी कि उसने अपने स्वप्नकी घोड़ीका वर्णन किया था। अतएव यह सन्देह होता है कि यह घोड़ी उसीका प्रतिनिधित्व करती है। स्वप्नके पुरुषको पहचानकर उसने अपना एक अत्यन्त घनिष्ट मित्र बताया। जब उसे यह बतानेको कहा गया कि इस पुरुषके सम्बन्धमें उसके मनमें क्या आता है, तो उसने अन्तमें प्रकट किया कि वह उसके साथ बहुत ही सरगर्मीके साथ प्रेम-प्रदर्शन कर रही थी। उसके लिए उस पुरुषका बड़ा प्रबल आकर्षण था। और तीन बार उसकी ओरसे इतनी कामोत्तेजना व्यक्त हो गयी

थी कि पुरुषने उसके साथ रतिकी चेष्टा की थी। किन्तु हरबार उसकी नैतिक भावनाओंने उसे बचा लिया था और उसने उस पुरुषको तिरस्कृत कर दिया था। स्वप्नमें उस पुरुषकी तीन बार घोड़ीपर सवार होनेकी चेष्टा इन्हीं सब बातोंका प्रतीक है। किन्तु निद्राकी अवस्थामें वे निग्रह-शक्तियाँ उतनी सक्रिय नहीं थीं जिन्होंने जाग्रदावस्थामें उसकी रक्षा की थी। उसका दमन ढीला पड़ गया था और उसने स्वप्नमें देखा कि उसने वह कामतृप्ति पाई जिसकी उसे वस्तुतः अभिलाषा थी। स्वप्नमें पुरुषके अन्तिम बार घोड़ीपर सवार हो जाने और उसे इधरसे उधर दौड़ानेमें यही बात व्यक्त हुई है।" (फ्रिंक)

प्रतीकोंके और अधिक उदाहरण प्रसंगान्तरमें मिलेंगे। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि सार्वभौम होनेपर भी ये विभिन्न व्यक्तियोंमें बिल्कुल ही भिन्न तात्पर्य रख सकते हैं और आमतौरपर स्वप्नका मतलब तबतक नहीं जाना जा सकता जबतक कि विश्लेषक स्वप्नद्रष्टाको अच्छी तरह जानता न हो। साँपोंके स्वप्न बहुत होते हैं, किन्तु इससे न समझना चाहिये कि हर हालतमें साँप पुरुषलिंगका ही द्योतन करता है। कालान्तरमें मूल प्रतीक विकृत और विकसित भी हो जाते हैं।

व्यक्तिगत विशिष्ट उपमानों और सार्वभौम प्रतीकोंके मध्यमें हर राष्ट्र या जातिमें अपने अपने राष्ट्रीय या जातीय प्रतीक होते हैं जो तत्तत् राष्ट्र या जाति में सामान्य रूपसे पाये जाते हैं। नागों और सुपर्णोंके जातीय लांछनों (टोटेम्स) का उल्लेख ऊपर हो चुका है। रंगोंके प्रतीकात्मक अभिप्रायसे हम सभी परिचित हैं।

सर्वाणि शुक्लान्यतिशोभनानि कार्पास भस्मौदनतक्र वर्ज्यम्।
सर्वाणि कृष्णान्यतिनिन्दितानि गोहस्तिदेवद्विजवाजिवर्ज्यम्॥ (बृहस्पति)

यहाँ स्वप्नमें आमतौरपर सफेद रंगको शुभ और कालेको अशुभ बताया गया है। साहित्यिक रूढ़िमें भी रंगोंका तात्पय इसीप्रकार बताया गया है। अन्य जातीय प्रतीकोंके उदाहरण प्रकरणान्तरमें दिये जायंगे।

स्वप्नकी नाटकीय प्रणालीसे जिन मानसिक व्यापारोंका सीधे तरीक़ेसे चित्रण नहीं हो सकता, उनके व्यञ्जनके लिए इस जिन विशेष उपायोंका अवलम्बन करना पड़ता है उनमेंसे कुछका उल्लेख ऊपर हो चुका है। इसी प्रकार स्वप्नतत्त्ववेत्ताओंसे स्वप्नकी नाटकीय वृत्ति के कुछ और निश्चित नियम स्थिर कर दिये हैं जिनका प्रयोग स्वप्नोंके उदाहरणोंमें ही देखना उपयुक्त और सरस होगा।

नाटकीय प्रणालीसे अव्यक्त चित्तके विचारोंको चित्रोंके रूपमें मूर्त्तिमान् किया जाता है। ये चित्र अधिकतर दृश्यात्मक या चाक्षुष होते हैं, हालाँ कि स्पर्श, शब्द तथा अन्य ऐन्द्रिय प्रत्यक्ष भी होते हैं। इस

प्रकारकी कार्यप्रणालीकी शक्ति स्वभावतः सीमित है। कुछ बातोंका तो यह चित्रण करही नहीं सकती। न्यायमूलक (मानसिक) सम्बन्धोंका चित्रण प्रायः नहीं ही हो सकता। जैसे 'यदि', 'जब' या 'क्योंकि' इत्यादि भाव चित्रित नहीं किये जा सकते और प्रायः इन्हें चित्रित करनेकी कोई चेष्टा नहीं की जाती। कभी कभी स्वप्नके भिन्न भिन्न अव्यक्त विचारोंमें इस प्रकारके जो सम्बन्ध रहते हैं उन्हें विशेष उपायोंसे चित्रित किया जाता है। जैसे गौण या हेतु वाक्यके विचारोंको एक प्रारंभिक स्वप्नमें चित्रित कर दिया जाता है और फिर मुख्य या निर्णय वाक्यके विचार मुख्य स्वप्नके रूपमें बादको आते हैं। दो भावों, वस्तुओं या व्यक्तियोंके तादात्म्य या समानताको उनके चित्रोंके मुख्य अंशोंका संमिश्रण करके व्यक्त किया जाता है। इस प्रकारका सम्मिश्रण स्वप्नकी कार्यप्रणाली एक मुख्य अंग है यद्यपि यह नाटकीय वृत्तिका ही परिणाम और अंग है। तादात्म्यीकरणके प्रसंगमें पिछले अध्यायमें एक ऐसे पुरुषका उल्लेख हो चुका है, जिसकी आदर्श पत्नीको कल्पनामें पन्द्रहसे कम स्त्रियोंके गुणोंका समावेश नहीं था। यदि कोई पुरुष किसीसे अपनी आदर्श स्त्रीका वर्णन करने लगता है तो देखिये वह कितनी स्त्रियोंसे मसाला इकट्ठा करता है। 'वह अमुक स्त्रीकी तरह लम्बी होगी, उसके बाल अमुक स्त्रीकी तरह होने चाहिये इत्यादि। ऐतिहासिक व्यक्तियोंके सम्बन्धमें भी हमारी कल्पना प्रायः बहुतसे ऐसे व्यक्तियोंकी कल्पनाओंका संमिश्रण ही होती है जिन्हें हम अपने सामने देखते या जानते हैं। इसी प्रकार एक स्त्रीके वर्णनसे मालूम हुआ था कि उसके आदर्श पौराणिक देवता अपोलोके चरित्रमें कमसे कम आधे दर्जन व्यक्तियोंका समावेश था। कविताओंमें तो अनेक उपमानोंके सम्मिश्रणसे एक पूरा शिखनख तैयार कर देनेकी प्रणालीसे हम खूब वाकिफ़ हैं। कभी कभी व्यंग चित्रोंमें हम कवियोंकी इस प्रकारकी मिश्र कल्पनाओंके चित्र पाते हैं अन्य चित्रों, कहानियों तथा पौराणिक कल्पनाओंमें भी औपम्यमूलक मिश्रचित्र जानवरों और मनुष्योंके दिखाई देते हैं।

किन्तु यहाँ पर यह ख्याल कर लेना चाहियेकि स्मरणकी, जिसके आधार पर स्वप्नचित्र उपस्थित होते हैं, सादृश्य और साहचर्यमूलक अनुबन्ध मात्रसे पूरी व्याख्या नहीं होती। वर्त्तमान उद्बोधकसे अनुबद्ध अनेक स्मृतियोंमें चुनावका काम सदा स्वारस्य या इच्छाका संवेग ही करता है, बल्कि यों कहना चाहियेकि सादृश्य और साहचर्यके ग्रहणमें भी मूल आवेग ही है। कुछ हद तक उसे इनका निर्माता भी कहा जा सकता है। स्वारस्य न होने पर स्पष्टसे स्पष्ट सादृश्य और साहचर्य ग्रहण नहीं किये जाते और स्वारस्य होने पर खाहमखाह सादृश्य ढूँढ़-लिये जाते हैं और एक बारका साहचर्य भी ग्रहीत होता है। बाजमामिलोंमें तो साहचर्य और सादृश्यका अंश इतना गौण होता है कि उसे नहींके बराबर कह सकते हैं। आवेगकी ही सर्वथा प्रधानता होती है। ऐसे मौकों पर एक तीसरे प्रकारके आवेगमूलक अनुबन्धकी कल्पना करनी पड़ती है। हालांकि आवेग हर प्रकारके अनुबन्धका एक आवश्यक अंग होता है और

सिद्धान्ततः उसे दो प्रकारके अनुबन्धोंके मुकाबले तीसरे प्रकारका अनुबन्ध नहीं कहा जा सकता। वास्तवमें अनुबन्धका मूल तो आवेग ही है, सादृश्य और साहचर्य तो उसकी अभिव्यक्तिके मार्गमात्र हैं। किन्तु व्यावहारिक सुविधाके लिए आवेगकी प्राधान्यमूलक स्पष्टताके कारण एक तीसरे प्रकारका आवेगमूलक अनुबन्ध भी स्वीकार किया जा सकता है। इसका नियम यह है कि समान आवेगोंसे संश्लिष्ट मानसप्रत्यय परस्पर अनुबद्ध हो जाते हैं। अर्थात् इन प्रथक् प्रत्ययोंमें आवेग ही संयोजकका काम करता है न कि उनका सादृश्य या साहचर्य। वे इसलिए नहीं जुड़े होतेकि वे पहले साथ साथ देखे गये हैं या सदृश प्रतीत हुए हैं, किन्तु इसलिएकि वे समान आवेगसे अनुरंजित अर्थात् समान रस-ध्वनिसे ध्वनित हैं। हर्ष, शोक, राग, द्वेष, विस्मय, निर्वेद, अभिमान आदिमें से प्रत्येक भाव एक आकर्षण-केन्द्र बन सकता है जिसके चारों ओर ऐसे अनेक प्रत्यय या घटनाएँ एकत्र हो जाती हैं जिनमें कोई बौद्धिक सम्बन्ध नहीं होता, किन्तु जो उसी भावसे भावित हैं। चूँकि इस प्रकारका अनुबन्ध आवेगसे घनिष्ट भावसे जड़ित है और उसीका चिह्न होता है, इसलिए स्वप्न और काव्यमें इसका बाहुल्य देखा जाता है जहाँ कि दृश्यात्मक कल्पना, जो आवेगकी भाषा है, पूर्ण स्वच्छन्दतासे काम करती है। वास्तवमें इस प्रकारकी कल्पना सर्वथा उन आवेगोंसे प्रेरित होती है जो कल्पनाप्रसूत चित्रोंसे संश्लिष्ट रहते हैं। ये चित्र उस आवेग-केन्द्रका उद्‌घाटन करते हैं जिसके चारों ओर वे जमा हुए हैं। यहीं एक बात पर और विचार कर लेना चाहिये। यह तो स्पष्ट ही है कि 'सम्मिश्रण' दृश्यात्मक और नाटकीय भाषाका आवश्यक अंग है क्योंकि विचारोंको मूर्त्तरूप देनेमें, जैसे चित्र-कलामें, 'समान','सदृश' आदि औपम्यसूचक भावोंके—जो कि भेदको कायम रखकर आंशिक अभेदकी सूचना देते हैं—द्योतन का कोई सीधा तरीका नहीं रहता। या तो दो वस्तुओं को अलग अलग, साथ साथ या पास पास चित्रित कर दिया जाय, या दोनोंको मिला दिया जाय। आवेगमूलक अनुबन्धमें सादृश्यादि वाह्यगुणों के गौण होनेके कारण, उपमान और उपमेय को अलग रखनेसे उनके अनुबन्धका ग्रहण होना कठिन है। यही कारण है कि स्वप्न और काव्यकी आवेगबहुल भाषा सम्मिश्रण काही सहारा लेती है। आवेग की तीव्रताके कारण जो चित्र पारस्परिक सामीप्यसे सन्तुष्ट नहीं होते; वे सम्मिश्रण सायुज्य लाभ करके तृप्त होते हैं। इसदृष्टिसे आवेग की ओरसे चलने पर, जो काव्य को उसकी विशेषता प्रदान करता है, उपमाका मूल रूपक दिखाई देता है। इसदृष्टिसे रूपकको उपमाका अतिशय कहनेके बजाय उपमा को रूपक का बिखराव कहना चाहिये। रूपक आर उपमा का वही सम्बन्ध है जो अनुबन्धके कारणोंमें आवेग तथा सादृश्य का है। उपमामें आवेग बिखर कर सदृश वस्तुओंमें विनियुक्त हो जाता है। और रूपकमें आवेगके चारों ओर अनेक चित्र सम्मिश्रित हो जाते हैं। इस अर्थमें उपमा रूपक का उल्टा भी है। (दे० 'विनियोग') रूपक का मूल उपमा को मानने या समानता को पृथक् सामीप्य द्वारा व्यक्त करनेमें आवेग पर बुद्धिवृत्ति का प्रभाव लक्षित होता

है। इसी कारण सिवाय वृत्त्यात्मक काव्यके अन्य शुद्धमूर्त्तिमती और ध्वन्यात्मक कलाओंमें इस उपाय का अधिक आश्रय नहीं लिया जाता। काव्यमें बुद्धिगम्य संकेतों का प्रयोग होनेसे भेदाभेद सम्बन्ध आसानीसे गृहीत हो सकता है। आवेग अधिक मूर्त्तिमत्ताकी ओर प्रवृत्त होता है। जहाँ बुद्धिके विषय अमूर्त सम्बन्ध होते हैं, आवेगके विषय मूर्त पदार्थ होते हैं।

स्वप्नमें सम्मिश्रणके उदाहरण बड़ी आसानीसे मिल जायंगे। शब्द, चित्र, प्रत्यय और स्थितियाँ सभीमें समीश्रण होता है। अनेक ऐसे विभिन्न व्यक्तियोंके आंशिक गुणोंके मिश्रचित्र बहुत आते हैं जिनकी स्मृतियाँ हमारे मनमें उनके प्रति समानभावके द्वारा जुड़ी रहती हैं। स्वप्नमें कोई दृश्य दिखाई देता है जिसे हमने कभी नहीं देखा है फिर भी वह देखा-सा प्रतीत होता है। यह दृश्य अनेक देखे हुए दृश्योंका सम्मिश्रण ही होता है। इसी प्रकार हमें बहुधा प्रतीत होता है कि हमने किसी व्यक्ति या वस्तुको स्वप्नमें देखा 'जो कि फिर भी ठीक वही व्यक्ति या वस्तु नहीं थी'। एक छः बरसकी लड़कीने नृसिंहकी कथा सुननेके बाद देखे हुए अपने स्वप्नका बड़ा मनोरंजक वर्णन किया था, 'मैंने मनुष्यसिंहका स्वप्न देखा, वह पिताजी नहीं था, किन्तु वह एक मनुष्य था जो कि पिताजी था। कोई सिंह नहीं था, किन्तु फिर भी ऐसा प्रतीत होता था कि एक सिंह था।" यह स्पष्ट और सीधा सादा सम्मिश्रण पिता और नृसिंहका है। स्वप्नकी बहुतसी अत्यन्त विचित्र शकलें जैसे कि विचित्र रुपके जानवर या आधे मनुष्य और आधे पशुरूपी व्यक्ति सम्मिश्रणके ही फल होते हैं। ये तभी तक हास्यास्पद रहते हैं जबतक कि इनके अवयवोंका विश्लेषण नहीं हो जाता। ऐसे अपरिचित और निरर्थक प्रतीत होनेवाले मिश्र चित्रोंके निर्माणमें दमनकी प्रेरणा भी काम करती है। इनके मूलमें ऐसे आवेग हो सकते हैं जो हमारी जाग्रत चेतनासे अस्वीकृत और छिपे हुए हैं। जिस प्रकार विभिन्न दृश्यों या वस्तुओंकी स्मृतियोंके सम्मिश्रणसे नये दृश्य या वस्तुएँ प्रस्तुत हो जाती हैं और विभिन्न व्यक्ति नये मिश्रव्यक्ति बन जाते हैं, उसी प्रकार अनेक भिन्न शब्द या वाक्योंसे नये शब्द बन जाते हैं जो जाहिरा बिलकुल निरर्थक होते हैं। मेरे रोगीने स्वप्नमें एक पत्र पाया जिसपर हस्ताक्षरके स्थानपर 'हेल्वा' लिखा था। विश्लेषण करनेपर यह शब्द हेलेन और एल्वा इन दो शब्दोंमें विभक्त हो गया। ये दो नवयुवतियोंके नाम थे जिनसे वह खत किताबत करनेके लिए उत्सुक था।

सम्मिश्रणका एक आवश्यक परिणाम या दूसरा पहलू 'संक्षेपण' है। सम्मिश्रण अपने अनेक अवयवोंके द्वारा इन अवयवोंसे अनुबद्ध अव्यक्त चित्तके बहुतसे विचारोंको एक ही चित्रमें व्यक्त कर देता है। इसलिए स्वप्नकी व्यक्त सामग्री सदा अव्यक्त सामग्रीकी अपेक्षा बहुत कम और संक्षिप्त होती है। इसके अतिरिक्त अवसर व्यक्त स्वप्नका एक अवयव अव्यक्तके अनेक विचारोंका द्योतक होता है। व्यक्त-स्वप्नके ऐसे अवयव अतिनिर्दिष्ट कहलाते हैं। किंतु अतिनिर्देश कोई स्वप्नकी विशेषता नहीं है।

सभी प्रत्ययोंके साथ अनेक अनुभवोंकी स्मृतियां अनुबद्ध रहती हैं। इसी प्रकार स्वप्नका प्रत्येक अंग अपने अनेक अनुबन्धोंसे निर्दिष्ट होता है। अपने अनेक अनुबन्धोंकी योग्यता और अनुकूलताके कारण ही वह स्वप्नके मूल अव्यक्त आवेगका प्रतिनिधि चुना जाता है। इस प्रकार वह अपने सारे अनुबन्धोंके साथ वस्तुतः उस आवेगका ही द्योतन करता है, किन्तु दूसरी दृष्टिसे अपने सारे अनुबन्धोंका भी द्योतन करता है। इसी अर्थमें स्वप्नों और पौराणिक कथाओंकी अनेक अविरोधी व्याख्याएँ संभव होती है। काव्यकी अनेक ध्वनियां भी इसी प्रकार होती हैं। अतिनिर्देश निम्न लिखित उदाहरणमें अच्छी तरह दिखाई देता है।

"एक रोगिणी युवतीने अपना एक स्वप्न इस प्रकार बताया—'गतरात्रिमें मैंने स्वप्न देखा कि मैं अपनी एक सखीके साथ एक खास स्थानमें टहलने गयी। हम एक दुकान पर रुकीं और खिड़की पर सजे हुए कुछ टोप देखें। मैं समझती हूँ कि आखिरकार मैं अन्दर गयी और एक टोप खरीदा'। स्वप्नका विश्लेषण इस प्रकार हैः जब रोगिणीसे यह पूछा गया कि स्वप्नकी सखीके साथ टहलने की बातसे उसे क्या याद आता है तो उसे फौरन स्वप्नके पूर्व दिनकी एक घटना याद आई। इसदिन वह सचमुच उसी जगह उसी लड़कीके साथ टहलने गयी थी और उसी दुकानकी खिड़कीमें टोप देखे थे, जिसे कि उसने स्वप्नमें देखा था; किन्तु उसने टोप खरीदा नहीं था। यह पूछने पर कि उसके मनमें और क्या आ रहा है उसे यह ख्याल आयाः स्वप्नके दिन उसके पतिकी तबीयत कुछ खराब थी और यद्यपि वह जानती थी कि यह कोई चिन्ताकी बात नहीं है, फिर भी वह बड़ी उद्विग्न थी और इस भयको दूर नहीं कर पाती थी कि पतिकी मृत्यु हो सकती है। इसी कारण जब स्वप्नवाली सखी संयोगवश उसके यहां आ गयी, तो पतिने सलाह दी कि सखीके साथ टहल आनेसे उसका जी बहल जायगा। इतना कहनेके बाद रोगिणीको यह भी खयाल आया कि टहलते वक्त एक पुरुषकी चर्चा हुई थी जिससे वह अपने विवाहके पहिले परिचित थी और बतलानेके लिए ज़ोर देने पर वह हिचकी, किन्तु अन्तमें उसने बतलाया कि उसका विश्वास है कि एक समय वह उस पुरुषसे प्रेम करती थी। यह पूछने पर कि फिर उसने उससे शादी क्यों नहीं की, तो उसने हँसकर जवाब दिया कि उसे इस बातकी कभी संभावना ही नहीं दिखाई दी। इसका कारण उसने यह बताया कि वह पुरुष इतना धनी था और उसकी सामाजिक मर्यादा इससे इतनी ऊपर थी कि इसने उसे सदा अपनी पहुँचसे बाहर समझा था। इसके बाद ज़ोर देने पर भी वह इस विषयको आगे बढ़ानेके लिए प्रवृत्त नहीं हुई और यही कहती रही कि वह सब एक लड़कपनकी बेवक़ूफी थी जिससे कोई नतीजा नहीं था।

"तब उसे टोप खरीदनेके सम्बन्धमें सोचने और उससे उसके मनमें जो कुछ आये बतानेको

कहा गया। तब उसने बताया कि उसने दुकानकी खिड़कीमें देखे हुए टोपोंको बहुत पसन्द किया था और उसकी इच्छा थी कि वह उनमेंसे एक खरीद सकती यद्यपि वह जानती थी कि यह संभव नहीं है, क्योंकि उसका पति गरीब है। किन्तु स्पष्ट है कि स्वप्नमें उसकी यह इच्छा पूरी हुई, क्योंकि वहाँ वह टोप खरीद लेती है। किन्तु इतनेसे ही मामला खत्म नहीं होता। उसे यकायक याद आया कि स्वप्नमें उसने जो टोप खरीदा था वह काला टोप अर्थात् 'मातमीटोप' था।

"इस छोटी-सी बात पर जो कि अब तक छिपाई गयी थी, पूर्वप्राप्त अनुबन्धोंके साथ विचार करने पर स्वप्नकी व्याख्याकी कुंजी फौरन हाथ लग जाती है। स्वप्नके दिन रोगिणी अपने पतिकी मृत्युकी आशंकासे चिन्तित थी। वह स्वप्नमें 'मातमीटोप' खरीदती है। जिसका तात्पर्य यह निकलता है कि उसको कल्पनामें उसके पतिकी मृत्यु हो गयी है। वास्तविक जीवनमें वह टोप नहीं खरीद सकी थी, क्योंकि उसका पति गरीब आदमी था। स्वप्नमें वह टोप खरीद लेती है इससे अवश्य ही ऐसे पतिका संकेत मिलता है जो ग़रीब नहीं है। वह पति कौन हो सकता है, इस प्रश्नके उत्तरके लिए हमें केवल स्वप्नके पूर्वांशके अनुबन्धोंको लेना होगा, अर्थात् उस पुरुषको जिसके बारेमें बात करनेसे उसने इनकार कर दिया था और जिसके कारण उसका प्रेम रहा हो सकता है। वह पुरुष उसके कथनानुसार धनी है और उसकी पत्नी होने पर वह जैसे चाहती टोप खरीद सकती है। अतएव यह परिणाम निकाला जा सकता कि यह रोगिणी अपने पति से असन्तुष्ट थी, अव्यक्तरूप से वह उससे, उसकी जान गवाँ कर भी, मुक्त होना चाहती थी और उस दूसरे पुरुष से विवाह करना चाहती थी जो कि उसकी इच्छाओं की पूर्ति इससे अच्छी तरह कर सकता था।

"जब रोगिणीको उसके स्वप्न की यह व्याख्या बताई गयी, उसने न सिर्फ इस परिणाम की सत्यता स्वीकार की, बल्कि, चूँकि अब उसका संकोच भंग हो गया था, इसके समर्थनमें और बातें बताईं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि विवाहके बाद उसे मालूम हुआ कि जिस पुरुषको उसने अपनेसे इतना ऊपर समझा था, वह वस्तुतः उसके प्रति इतनी उपेक्षा नहीं रखता था जैसी उसने कल्पनाकी थी। उसने स्वीकार किया कि इस बातसे उस पुरुषके प्रति उसका पुराना प्रेम जागृत हो उठा था और उसे विवाहमें जल्दी करनेके लिए पश्चात्ताप होता था, क्योंकि उसने यह महसूस किया कि यदि वह कुछ ही दिन और प्रतीक्षा करती, तो उसकी अवस्था इससे अच्छी होती।

"इस उदाहरणमें रोगिणी द्वारा बताई हुई स्वप्न-की व्यक्त सामग्री जिन अव्यक्त विचारोंको चेतनामें प्रकाशित करती है, 'उन्हें इस प्रकार कहा जा सकता है : मैं ग़रीबीसे तंग आ गयी हूँ। मैं अपने

पतिकी परवा नहीं करती। वह मर कर मुझे मुक्त करता है। मैं उस आदमीसे विवाह करती हूँ जिसे मैं पसन्द करती हूँ और इस प्रकार मैं गरीब नहीं रहती'।" (फ्रिंक)

इस उदाहरणमें एक 'मातमीरोप' खरीदनेकी घटनासे ग़रीबीसे मुक्ति, पतिकी मृत्यु तथा नये, अच्छे विवाहका द्योतन होता है। इस लिए स्वप्न की यह घटना अतिनिर्दिष्ट कही जायगी। ध्यान देनेकी बात है कि अव्यक्त स्वप्नके दो विचार इस घटना के दो पहलुओंके रूपमें सम्मिश्रित हैं। एक टोपके 'खरीदे जा सकने'में, दूसरा टोपके 'काले, होने'के गुणमें यह भी खयाल करनेकी बात है कि अपने विभिन्न अनुबन्धोंके द्वारा अव्यक्त स्वप्नके अनेक पहलुओं अर्थात् प्रस्तुत भावसे सम्बद्ध अनेक विचार-धाराओंको द्योतित करनेकी योग्यताके कारण ही यह घटना व्यक्त स्वप्नमें इन विचारोंके प्रतिनिधि रूपमें चुनी गयी है। स्पष्ट है कि यद्यपि इन अनुबन्धोंमें से किसी एकको या दोनोंको अलग अलग बिनाविरोधके स्वप्नका अर्थ बनाया जा सकता है, किन्तु उसके वास्तविक अर्थमें—अपनी वर्तमान अवस्थासे असन्तोष—में ये दोनों अर्थ अविच्छिन्न रूससे मिले हुए हैं और उसके अविच्छेध अंग और कारण हैं जो उस असन्तोषके मूलभावका स्वरूप और विषय बताते हैं और स्वयं उसके द्वारा अभिन्न रूप से प्रकाशित और समन्वित होते हैं। अनेक ध्वनियों से युक्त काव्य के अनेक अर्थोंका समन्वय भी इसी प्रकार होता है।

एक और बात जो इस उदाहरण में दिखाई देती है वह यह है कि स्वप्नकी व्यक्त सामग्री में आमतौर पर ऐसे मामिले पेश होते हैं जो बड़े तुच्छ प्रतीत होते हैं। इस स्वप्नमें व्यक्त सामग्रीका सबसे मुख्य प्रतीत होने वाला अंश 'टहलने'की क्रिया है, यद्यपि वस्तुतः वह स्वप्नका सबसे कम महत्वका अंश है। साथ ही स्वप्नका सबसे महत्त्वपूर्ण अंश—टोप खरीदने की क्रिया—को गौण स्थान दिया गया था और रोगिणीने उसका जिक्र इस प्रकारसे किया था, जैसे वह बादको याद आगया हो।

जैन कर्मवाद

श्री गोरावाला खुशालजैन-

लोकका स्वरूपः—जीव[1], पुद्गल[2], धर्म[3], अधर्म[4], आकाश आर काल ये छ द्रव्य हैं। इनमें पहिले पांच अस्तिकाय[5] हैं। इनका समवाय (तादात्म्य, एकीकरण) ही लोक[6] है या इन्हींके द्वारा लोक (संसार) बना है[7]। यह लोक निःसन्देह रूपसे अकृत्रिम (किसीके द्वारा नहीं बनाया गया) है, अनादि-अनन्त है, स्वभावसे ही बनता, स्थित और मिटता रहता है, जीव अजीवसे परिपूर्ण है, आकाशके मध्यमें व्याप्त है तथा (द्रव्य रूपसे) नित्य है[8]। इस लोकके प्रधान तत्त्व जीव और पुद्गल हैं। इन दोनोंकी स्वाभाविक प्रवृत्तियोंसे इस संसार का विस्तार होता है। जीव प्रधान है क्योंकि सब फल-अफल उसे ही भरने पड़ते हैं। उसके उत्थान-पतनमें पुद्गल भी सहायक होता है इसलिए उसके बाद पुद्गलका स्थान है। जीवके परिणामोंसे प्रेरित होकर पुद्गल परमाणुओंका उसकी तरफ जाना आस्रव है। इन दोनों का एक दूसरोंमें घुल मिल जाना बन्ध है। योगों (मन, वचन और कायका परिस्पन्द=हिलना डुलना) का आंशिक या पूर्ण नियन्त्रण करके पुद्गलको अपनी ओर आकृष्ट करना रोकना ही संवर है। पहिलेसे बंधे कर्मोंको क्रमशः नष्ट कर देना निर्जरा है। और इस प्रकार समस्त बन्धनोंको विनष्ट करके केवल

१–'जीवो उवओगमओ' (द्र. सं. गा. २-६.) 'उपयोगो लक्षणम्' (मो. शा. २-८) जीवका लक्षण ज्ञान दर्शन है।

२–'स्पर्शरसगन्धवर्णवन्तः पुद्गलाः'। मो. शा. ५-२३

३–गतिका निरपेक्ष साधन धर्म द्रव्य है। द्र. सं. गा. १७

४–स्थितिका निरपेक्ष निमित्त अधर्म द्रव्य है। द्र. गा. १८

५–कायके समान बहुप्रदेशीको अस्तिकाय कहते हैं। द्र. गा. २३-२४

६–'समवाओ पंचण्हं समउत्ति ..सो चेव हवदि लोओ'। पंचास्तिकाय गा. ३

७–'ते होंति अत्थिकाया णिप्पण्णं जेहिं तइलुक्कं'। पंचा. गा. ५

८–(क) लोगो अकिट्टिमो खलु अणाइ णिहणो सहावणिव्वत्तो।
जीवाजीवेहिं फुडो सव्वागासावयवो णिच्चो॥ त्रिलोकसार गा. ४

(ख) आदिणिहणेण हीणो पगदिसरूवेण एस संजादो।
जीवाजीव समिद्धो सव्वणहावलोयवो लोउ॥ तिलोयपण्णत्ति, गा. १३३

(ग) आप्तपरीक्षा कारिका १२ तथा आगे।

(परिपूर्ण) दर्शन (श्रद्धा), ज्ञान, सुख और वीर्यमय अपने शुद्ध स्वभावको प्राप्त करना ही मोक्ष या निर्वाण है[1] ।

लोकचक्र—

संसारी (अमुक्त या बद्ध) जीवके मन, वचन, कायका परिणाम (परिस्पन्द) होता है, परिणामसे वह पुद्गल कर्मको आकृष्ट करता है, कर्मके कारण मनुष्य, तिर्यञ्च (पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े), देव और नरक गतियों (योनियों) में जीवको जाना पड़ता है, गतियोंमें जानेसे शरीर धारण करता है, शरीरके साथ साथ इन्द्रियां (स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र) होती हैं, इन्द्रियां अपने अपने विषयों (भोग्य पदार्थों) में लगती हैं और इन्द्रियोंके विषयोंकी प्राप्ति तथा अप्राप्तिसे राग और द्वेष उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार यह अनादि-अनन्त लोक चलता है। कुछ जीवोंके लिये यह अनादि—सान्त है क्योंकि वे आत्म-विकास द्वारा इससे मुक्त होकर कैवल्य (पूर्णता) को प्राप्त करते हैं[2]। यह संसार साधारणतया और प्रत्येक जीवकी अपेक्षा से स्वकृत है। कोईभी बाह्य शक्ति न इसे बनाती है, न स्थित रखती है और न मिटाती है। प्रत्येक जीवके कर्म ही उसके विधायक, स्थापक और पातक हैं[3] ॥

कर्म स्वरूप—

काय, वचन और मनके परिस्पन्दको कर्म कहते हैं तथा इस परिस्पन्दके कारण आत्मासे चिपटने-वाले पुद्गल परमाणुओंको भी कर्म कहते हैं[4]। क्योंकि इनके ही जीवमें एकसात (घुलमिल) हो जानेपर जीवके ज्ञान, दर्शन, आदि गुण आवृत (ढंके) होते हैं और वह ऐसी चेष्टाएं करता है जो उसे उत्तरोत्तर उलझाती ही जाती हैं। जिस प्रकार पौद्गलिक मदिरा शरीर (पौद्गलिक) को ही नहीं अभिभूत करती है अपि तु अपौद्गलिक (=अमूर्तीक) ज्ञानको भी अन्यथा कर देती है उसी प्रकार पौद्गलिक कर्म अमूर्तीक जीवको भी आवृत करके उसे सुख, दुःखादि देता है। कर्म पौद्गलिक इसलिए है कि जीवमें भावात्मक परिणाम होते ही उसमें उसी प्रकार पुद्गल चिपक जाता है जिस प्रकार स्नेह (चप चपाहट) पाते ही

१–मोक्ष शास्त्र १०–१, २।

२–पंचास्तिकाय गा. १२८–१३० पृ. १९१–३।

३–सामायिक. (अमितगति सूरि) श्लो. ३०–३२। द्रव्यसंग्रह गा. ८–९।

४—मोक्ष शा० ६–१, प्रवचनसार गा० २५, अमृत टीका पृ० १६५।

धूल जम जाती है उसी प्रकार राग-द्वेषादि परिणाम होते ही कार्माण वर्गणाएं[1] जीवसे सम्बद्ध हो जाती हैं। ये कार्माण वर्गणाएं तथा इनके कारण जीव में होने वाले परिणाम ही कर्म हैं।

कर्मभेद—

भावकर्म और द्रव्यकर्म ये कर्मके दो प्रधान भेद हैं। राग-द्वेषात्मक समस्त परिणामोंका ही नाम भावकर्म है। प्राणिकी समस्त मानसिक प्रवृत्तियां भावकर्म हैं यतः मानसिक प्रवृत्तियोंके ही कारण आत्मा बद्ध होता है इसलिए भावकर्म प्रधान है। जीवके भावकर्मों के कारण आकृष्ट होनेवाली कार्माण वर्गणाओंकी द्रव्यकर्म संज्ञा है। स्थूलरूपसे बाह्य प्रवृतियोंको भी द्रव्यकर्म कहा है। उक्त प्रकारसे जीवके साथ एकसात हुए पुद्गलके विपाक (फल देने की शक्ति) और विपाककालकी अपेक्षासे चार[2] अवस्थाएं होती हैं। उनमें एक विशेष प्रकारकी सामर्थ्य आती है जो जीवके किसी विशेष गुणको घटाती बढ़ाती है इसे 'प्रकृति' कहते हैं। जैसी प्रकृति होती है उसी प्रकारके परमाणु बंधते हैं इसे 'प्रदेश' कहते हैं। यह दोनों तुरन्त या अन्तरालके बाद फल देते हैं इसकी संज्ञा 'स्थिति' है। तथा जैसा और जितना फल देते हैं उसको 'अनुभाग' कहा है।

कर्म प्रकृति—जीवमें अनन्त शक्तियां हैं फलतः उनको आवृत करने वाली कार्माण वर्गणाएं भी वास्तवमें अनन्त हैं। तथापि जीवकी मुख्य चेतनाओं (अनुभव शक्ति) का वर्गीकरण किया जा सकता है इसलिए स्थूल रूपसे कर्म-प्रकृतिको १—ज्ञानावरण (जो ज्ञानको आवृत करे), २—दर्शनावरण, ३—वेदनीय (अनुभव करानेवाला), ४—मोहनीय (मोह=जीवको अभिभूत करनेवाली शक्ति), ५—आयु, ६—नाम (शरीर निर्मापक), ७—गोत्र (उच्च-नीच कुल) और ८—अन्तराय (बाधक) इन आठ भेदोंमें विभाजित किया है। इसके अतिरिक्त इन आठ मूल कर्म-प्रकृतियोंके प्रधान उपभेद भी दिये हैं :—

ज्ञानावरण—पांच प्रकारका है : १—मति ज्ञानावरण (जो इन्द्रियों=स्पर्शन, आदि पांच तथा अनिन्द्रिय=मनकी सहायतासे होनेवाले ज्ञानको रोके), २—श्रुत ज्ञानावरण (शास्त्रज्ञानका रोधक),३—अवधि ज्ञानावरण (निश्चित अवधिके भीतर अन्तरित तथा दूर स्थूल पदार्थोंके ज्ञानका स्थूल रोधक) ४—मनःपर्यय ज्ञानावरण (अन्तरित तथा दूर दूसरेके मनके स्थूल ज्ञान का बाधक) तथा ५—केवल (परिपूर्ण) ज्ञानावरण।

१—समान जातीय पुद्गलोंके समूहका नाम वर्गणा है। विशे० भा० गा० ६३६–३८।

२—मोक्ष शा० ८–३।

दर्शनावरण—१—चक्षुदर्शनावरण, २—अचक्षु दर्शनावरण, ३—अवधि दर्शनावरण, ४—केवल दर्शनावरण, ५—निद्रा, ६—निद्रानिद्रा (प्रगाढ़ निद्रा), ७—प्रचला (शोक, श्रम मद=नशा, आदिके कारण हाथ, पैर, आंख आदिका विकृत होना), ८—प्रचलाप्रचला (प्रचलाका बार बार होना) तथा ९—स्त्यान-गृद्धि (स्वप्नमें दौड़ना, काम करना) ये नव प्रधान भेद हैं।

वेदनीय—१—सातावेदनीय (सुखका अनुभव कराने वाला), २—असातावेदनीय (दुःखानुभवका कारण)

मोहनीय—इसके दर्शन और चरित्र मोहनीय दो प्रधान भेद हैं। दर्शन मोहनीयके १—मिथ्यात्व (तत्त्व श्रद्धान पराङ्मुखता, हित अहित विचार असमर्थता) २—सम्यक्त्व (तत्त्व श्रद्धा) तथा ३—सम्यक-मिथ्यात्व (अश्रद्धा-श्रद्धा मिले हुए) ये तीन उपभेद हैं। चारित्र मोहनीयके नोकषाय[1]-कषायवेदनीय दो उपभेद हैं। प्रथमके १—हास्य, २—रति (विषय भोगकी इच्छा), ३—अरति, ४—शोक, ५—भय ६—जुगुप्सा (अपने दोषोंका छिपाना, दूसरेके दोषोंका प्रकट करना), ७—स्त्रीवेद[2], ८—पुंवेद तथा ९—नपुंसकवेद ये नव भेद हैं। कषाय वेदनीयके अनन्तानुबन्धि, (पत्थरकी लकीरके समान भव, भव-चलनेवाला) अप्रत्याख्यानावरण (आंशिक त्यागके विरोधी ; कीचड़में पड़ी लकीरके समान), प्रत्याख्यानावरण (पूर्ण त्याग विरोधी धूलकी लकीर तुल्य) तथा संज्वलन (पानीमें लकीरके समान अति-अल्पकाल स्थायी) क्रोध, मान, माया और लोभके भेदसे सोलह प्रभेद हैं। इस मोह कर्मको कर्मोंका राजा कहा है क्योंकि यही वह स्नेह है जिसपर कर्म रूपी धूल चिपकती है।

आयु—नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव आयुके भेदसे चार प्रकारका है।

नाम—चारगति, पांच जाति (पृथ्वी, वृक्ष आदि एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय क्रमि, त्रीन्द्रिय चींटी, चतुरिन्द्रिय भ्रमर तथा मनुष्यादि पंचेन्द्रिय), पांच (औदारिक=स्थूल, वैक्रियिक=अतिशययुक्त, आहारक=ऋद्धिजन्य, तैजस तथा कार्माण=अदृश्य कर्ममय) शरीर, तीन (औदरिक, वैक्रियिक तथा आहारक) आंगोपाङ्ग, दो (स्थान और प्रमाण) निर्माण, बन्धन (शारीरिक भागोंका एक दूसरेमें प्रवेश), संघात

१—कषाय बड़ पीपल आदिके दूधका नाम है। यह अत्यधिक चिपचिपा होता है इसपर धूल वगैरह सरलतासे चिपकती है। इसी प्रकार जीवके राग-द्वेष भी कर्मरजको उससे सम्बद्ध करते हैं अतः मोहकी विविध दशाओंको 'कषाय' कहते हैं। सर्वार्थसिद्धि अ० ६ सू० ४ पृ० १८४, आदि।

२—वेद लिंगका पर्यायवाची है। मो० शा० अ० २ सू० ६।

(शारीरिक धातुओंका सर्वथा एकरूप होना), छ संस्थान=आकार (समचतुरस्र=आनुपातिक,न्यग्रोध-परिमण्डल=ऊपर भारी नीचे पतला, स्वाति=नीचे भारी ऊपर संकुचित, कुब्जक=कुबड़ा, वामन=बौना तथा हुण्डक=अष्टावक्र ऐसी काया), छ संहनन=अस्थिनिर्मापक यथाः—वज्रवृषभनाराच; वज्रकी हड्डी, कीले और बन्धन, वज्रनाराज; वज्रकी कीले तथा बन्धन, नाराच, कीले युक्त अर्द्ध नाराच युक्त आधीकीलों युक्त, कीलित; हड्डियोंमें फंसी हड्डियां तथा असम्प्राप्तासृपाटिका; नसोंसे लपेटी हड्डियां यथा हमारे शरीर, आठ स्पर्श (कर्कश, मृदु, गुरु, लघु, स्निग्ध, रूक्ष, शीत तथा उष्ण), पांच रस (तिक्त, कटु, कषाय, आम्ल तथा मधुर), दो गन्ध, पांच वर्ण (=रंग—शुक्ल, कृष्ण, नील, रक्त, हरित), चार आनूपूर्वी (जिसके कारण मरनेपर भी पूर्व शरीरका आकार अगले जन्म तक रहता है), अ-गुरु-लघु, उपघात (आत्म घातक नख, आदि), परघात (दूसरेके घातक अंग), आतप (सूर्य ऐसा शरीर), उद्योत (चन्द्रमा सा शरीर), उच्छ्वास, दो विहायोगति (चलनेमें समर्थ शरीर), प्रत्येक शरीर (एक शरीर एक जीव), साधारण शरीर (एक शरीर अनेक जीव), त्रस (चलनेवाला), स्थावर (पृथ्वी–अप्–तेज–वायु–वनस्पति) सुभग (सबको प्यारा शरीर), दुर्भग, सुस्वर, दुःस्वर, शुभ (सुन्दर), अशुभ, सूक्ष्म, बादर (स्थूल), छ पर्याप्ति (=पूर्णता—आहार, शरीर, इन्द्रिय, प्राण-अपान (श्वासोच्छ्वास) भाषा तथा मन, अपर्याप्ति, स्थिर, आदेय (चमकीला), अनादेय, यशःकीर्ति (का कारण शरीर), अयशःकीर्ति तथा तीर्थंकर (धर्म प्रचारक तथा संसार हितैषी) ये सब शरीर-निर्माता नामकर्मके प्रधान भेद हैं।

गोत्र—उच्च और नीचके भेदसे दो प्रकारका है।

अन्तराय—दान, लाभ, भोग (एक बार भोगने योग्य भोजनादि), उपभोग (वस्त्र, आदि) वीर्य (शक्ति उत्साह) के भेदसे पांच प्रकारका है।

कर्म-प्रदेश—

जिस प्रकार एक ही भोजनसे शरीरकी विविध धातुएं बन जाती हैं उसी प्रकार प्रत्येक जीव-कर्म अपने योग्य पुद्गल परमाणुओंको बांधता है और इस पौद्गलिक आवरणसे जीवकी ज्ञानादि शक्तियोंको आवृत करता है। इस प्रक्रियाको ही प्रदेश बन्ध कहते हैं। प्रत्येक कर्मके कब कितने प्रदेश बांधते हैं इसका भी विस्तार है।

कर्म-स्थिति—

बंधे हुए प्रत्येक कर्मकी स्थिति पड़ती है अर्थात् उतने समय तक वह कर्म अपना स्वभाव नहीं छोड़ता। साधारणतया ज्ञान, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तरायकी उत्कृष्ट स्थिति तीस, मोहनीयकी

सत्तर, नाम गोत्रकी बीस कोटीकोटि सागर[1] और आयु कर्मकी तेतीस सागर है। वेदनीय कर्मकी बारह मुहूर्त्त नाम और गोत्रकी आठ मुहूर्त्त तथा शेष पांचोंकी अन्तर्मुहूर्त्त[2] जघन्य स्थिति है।

कर्म-विपाक—

पूर्वोक्त कर्म-प्रकृतियोंके शुभ-अशुभ, तीव्र-मन्द रूपके कारण जीवको उनका नाना प्रकारसे फल भोगना पड़ता है इसे ही विपाक कहते हैं। अशुभ कर्मोंका विपाक इस जीवको नरक ले जाता है जहां यह असह्य आर अकल्पनीय यातनाओंको सहता है। शुभ कर्मोंके विपाकको उत्तम मनुष्य या देव होकर भोगता है। प्रत्येक कर्मका फल उसके नामके अनुसार होता है।[3]

कर्म-हेतु—

साधारणतया मिथ्यादर्शन (जीव, आदि सात तत्त्वोंपर श्रद्धा न होना), अविरति (हिंसा, आदि अशुभ कर्मोंके त्यागका अभाव), प्रमाद क्रोधादि कषाएं और (काय, वचन, मनके) योग ही बन्धके कारण हैं। विशेष रूपसेः—प्रदोष (मन ही मन कुढ़ना), निह्नव (ज्ञानका छिपाना), मात्सर्य (सिखाने योग्य विद्याको भी न सिखाना), अन्तराय (पढ़ना लिखना छुड़ा देना) आसादन (शरीर या वचनसे दूसरेको भी ज्ञान दानसे रोकना) तथा उपघात (शुद्ध ज्ञानमें भी दोष निकालना) के कारण ज्ञान-दर्शनावरण कर्म बंधते हैं। दुःख, शोक, ताप (अनुताप), आक्रन्दन, वध, परिदेवन (विलाप) स्वयं करना या दूसरेको ऐसी स्थितिमें लाना असातावेदनीयके बन्धका हेतु होता है। सर्वभूत (प्राणी) तथा व्रतियों पर अनुकम्पा, दान, सराग (राग सहित) संयम, योग (समाधि), क्षान्ति (क्रोधका अभाव) शौच (निर्लोभिता), गुणियों, शुद्धात्माओं आदिकी पूजा, आदि सातावेदनीयके कारण होते हैं। केवली (पूर्ण ज्ञानको प्राप्त मोहजेता), श्रुत (केवलीसे उपदिष्ट शास्त्र), संघ (रत्नत्रय सम्यक् दर्शन-ज्ञान-चरित युक्त साधु-साध्वी), धर्म (अहिंसा, सत्य, आदि प्रधान) तथा देवों (स्वर्गवासी जीवों) का अवर्णवाद (ऐसे दोषोंको बताना जो उनके पास भी नहीं फटकते) दर्शनमोहका कारण होता है। क्रोध, आदि कषायोंके फलोन्मुख होने पर तीव्र, राग, द्वेष, हिंसा, आदिके कारण चारित्रमोहका आस्रव होता है। अधिक आरम्भ (दूसरोंको पीड़ाजनक व्यापार) परिग्रह रखनेसे नरक-आयु बंधती है। छल, कपट, मायाके कारण तिर्यञ्च —गति मिलती है। आवश्यक या न्यूनतम आरम्भ-परिग्रह तथा मृदु स्वभाव मनुष्यगतिके हेतु हैं। मनुष्य

१—जैन गणितके 'उपमा-प्रमाणका' एक भेद सागर है। इसमें असंख्य वर्ष होते हैं।

२—एक मुहूर्त्तसे कमकी संज्ञा अन्तर्मुहूर्त्त है।

३—मोक्षशा. अष्टम अध्याय तथा ८-१।

आयुके कारण होने पर सप्तशील[1] तथा पांच व्रतों[2] का अभाव रहने पर भी सब सद्गतियां प्राप्त होती हैं। सरागसंयम, संयम-असंयम, विना संकल्प या भावनाके तप त्याग करना (अकाम निर्जरा) तथा बाल तप (केवल शारीरिक क्लेश सहना; पंचाग्नि तप, आदि) देवत्वके हेतु हैं। सम्यकदर्शन प्रशस्त देवगतिका कारण होता है। योगवक्रता (मन-वचन-कायकी कुटिलता), विसंवादन (अमार्ग या कुमार्ग पर चलाना), अशुभ नाम कर्मको बांधते हैं। सरल योग और दूसरोंको न्याय मार्ग पर लगाना शुभ नामकर्मके कारण हैं। दर्शन विशुद्धि (सम्यक् दर्शनमें रुचि), विनय सम्पन्नता (परमेष्ठी आदिमें उचित आदर बुद्धि), शीलव्रतेष्वनतिचार[3] (शील-व्रतोंका निर्दोष पालन), अभीक्ष्ण (सतत) ज्ञानोपयोग, संवेग (संसारके दुःखोंसे भय), यथाशक्ति त्याग (दान), यथाशक्ति तप, साधुसमाधि, वैयावृत्ति (गुणी पर आयी विपत्तिका निवारण), भक्ति, आवश्यकापरिहाणि (देव पूजा आदि षट् कर्मका पालन) प्रभावना (धर्म प्रचार), तथा प्रवचन वात्सल्य (धर्म, धर्मशास्त्र और धार्मिकोंपर अकारण गाढ़ स्नेह) ये सोलह तीर्थंकर पदके कारण हैं। पर निन्दा, आत्मप्रशंसा, पर-सद्गुण-छादन (छिपाना) पर-असद्गुणोद्भावन (प्रकट करना), आदि नीचगोत्रके कारण हैं। इसके विपरीत पर-प्रशंसा, आत्म निन्दा, पर-सद्गुण-उद्भावन, पर-असद्गुण छादन, नीचैर्वृत्ति (विनय शीलता) तथा अनुत्सेक (निरहंकारिता) उच्चगोत्रके कारण हैं। दान, लाभ, भोग, उपभोग, आदिमें बाधा देनेसे अन्तराय कर्म बंधता है।

ये कर्म-हेतु अधिकरणकी अपेक्षासे गाढ़, गाढ़तर और गाढ़तम होते हैं। कृत (स्वयं करनेसे), कारित (दूसरेके द्वारा करानेसे) तथा अनुमोदना (मनसे अच्छा समझना) करने पर भी जीव कर्म बन्ध तथा विपाकसे नहीं बचता है। प्रत्येक अवस्थामें जीवको कर्म फल भोगना ही पड़ेगा। यह सत्य नहीं कि दूसरेके द्वारा कराने पर जीवको पाप-पुण्य नहीं बंधता। अग्निका दृष्टांत (आभिधम्म पि०) जैन कर्मवादको अन्यथा समझना है, क्योंकि साक्षात् स्पर्श न करनेसे करवानेवाला जलता नहीं है किन्तु कर्म तो प्रत्येक दशामें बंधता ही है[4]।

१—दिग्व्रत, देशव्रत, अनर्थदण्डव्रत, सामायिक, प्रोषधोपवास, भोगोपभोगपरिमाण तथा अतिथिसंविभाग ये सात शील हैं। मो. शा. ७-२१

२—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह पांच व्रत हैं। मो-शा. ७-१

३—व्रतभंगकी इच्छा या पापके आंशिक आचरणको अतिचार कहा है। सा. श्लो ८ मो. शा. ७-२३

४—मोक्षशास्त्र ६-८।

घातिया-अघातिया—

आठ कर्मोंमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ये चार कर्म 'घातिया' अर्थात् जीवके ज्ञान, दर्शनादि गुणोंका घात=विनाश करते हैं। घातिया कर्म भी दो प्रकारके है एक देशघातिया (जीवके गुणोंके आंशिक विनाशक) यथा—मति-श्रुत-अवधि-मनः पर्यय ज्ञानावरण, चक्षु-अचक्षु-अवधिदर्शनावरण, संज्वलन क्रोध-मान-माया-लोभ, सम्यक्मिथ्यात्व-हास्य-रति-अरति-शोक-भय-जुगुप्सा-स्त्री-पुं-नपुंसकवेद, दान-लाभ-भोग-उपभोग-वीर्य अन्तराय ये २६ कर्म-प्रकृतियां आत्मा (जीव) के गुणोंको आंशिक रूपसे आवृत करती हैं। उदाहरणके लिए मतिज्ञानावरण अपने प्रकारके ज्ञानका ही रोध करता है अतः अज्ञान आंशिक होता है। दूसरा सर्वघाती अर्थात् जो जीवके गुणोंको सर्वथा आवृत करता है, यथा—केवल ज्ञानावरण, निद्रा-निद्रानिद्रा-प्रचला-प्रचलाप्रचला-स्त्यानगृद्धि-केवलदर्शनावरण, अनन्तानुबन्धी-अप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यान, क्रोध-मान-माया-लोभ-मिथ्यात्व-सम्यक्मिथ्यात्व मोहनीय, ये २१ प्रकृतियां सर्वघाती हैं। इनके उदयमें आनेपर आत्माके तत्तद्गुणोंका पूर्ण ग्रास होता है। वेदनीय, आयु, नाम और गोत्र ये चारों कर्म 'अघातिया' हैं अर्थात् जीवके किसी भी गुणका घात नहीं करते हैं[1]।

शुभ-अशुभ—

साधारणतया देवपूजा, गुरुपास्ति, स्वाध्याय आदिको शुभकर्म कहा है। तथा हिंसा, असत्य, चोरी, आदिको अशुभकर्म कहा है। किंतु इतना ही इस विभाजनके लिए पर्याप्त नहीं है, "यदि दूसरेको दुख देनेसे अशुभ ही होता है तो अजीव कांटे, पत्थर, आदि भी अशुभ कर्म करेंगे। यदि दूसरेको सुख देनेसे शुभ ही होता है तो वीतराग तीर्थंकर भी शुभ कर्म बांधेगे। यदि अपनेको दुख देनेसे शुभ ही कर्म होता है तथा सुख देनेसे अशुभ ही कर्म होता है तो वीतराग, विद्वान मुनि भी शुभ अशुभ कर्म बांधेगा ही ? अपने या दूसरेमें होने वाले सुख या दुख यदि आत्मविशुद्धिके कारण हैं तो वे शुभ कर्म होंगे, यदि वे आत्माके परिणामोंको संक्लिष्ट करते हैं तो अशुभ कर्म होंगे। (आप्तमीमांसा का० ९२,९३,९४,९५)" इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सांसारिक दृष्टिसे अशुभकर्म भी शुभ होता है यथा माता पिताकी भर्त्सना, भिषग्की शल्यक्रिया, अन्नपान निरोध। शुभकर्म भी अशुभ होता है यथा वञ्चककी मिष्टभाषिता, स्वार्थीकी विनम्रता, आदि। इस विषयका विवेचन करते हुए प्रधान कर्म प्रकृतियोंका विभाजन इसप्रकार है:—

घातिया कर्मोंकी मुख्य ४७ ही प्रकृतियां अशुभ हैं क्योंकि उनका अनुभाग (विपाक) सदा ही जीवके लिये अकल्याणकारी होता है। इसके कारण जीव उत्तरोत्तर बन्धको ही प्राप्त करता है। अघातिया

१—गोम्मटसार कर्मकाण्ड गा० ९-९१।

कर्मप्रकृतियोंमें भी प्रथमके अतिरिक्त पांच संस्थान तथा संहनन, अप्रशस्त विहायोगति-तिर्यंगति, तिर्यंगत्यानुपूर्वी, असातावेदनीय, नीच गोत्र, उपघात, एकेन्द्रियादि चार जाति, नरकत्रिक (नरकगति,-आनुपूर्वी-आयु), स्थावर, दशक (स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति) तथा वर्ण चतुष्क (८ स्पर्श ५ रस, ५ रूप तथा २ गन्ध) भी अशुभ कर्म हैं। देवत्रिक (देवगति-आनुपूर्वी-आयु), नरत्रिक, उच्चगोत्र, सातावेदनीय, त्रसदशक (त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति), पांच शरीर, तीन आंगोपांग, वज्रऋषभ-नाराचसंहनन, समचतुरस्रसंस्थान, परघात सप्तक (परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, अगुरुलघु, तीर्थंकर, निर्माण) तिर्यंगायु, वर्णचतुष्क, पंचेन्द्रियजाति, प्रशस्तविहायोगति ये ४२ शुभ कर्म प्रकृतियां हैं[1]।

कर्म-करण (अवस्था)—

जीवकी ओर आकृष्ट होनेपर पुद्गल परमाणुओंको आरम्भसे लेकर अन्त तक दश मुख्य अवस्थाओंका अतिक्रमण करना पड़ता है। बन्ध, उद्वर्तन, अपवर्तन, सत्ता, उदय, उदीरणा, संक्रमण, उपशम, निधत्ति और निकाचना ये दश करण (अवस्थाएं) हैं।

बन्ध—कर्म परमाणुओंका आत्मासे सम्बद्ध होना ही बन्ध है। इसके प्रकृति-प्रदेश-स्थिति और अनुभाग चार भेद हैं। किस कर्मकी कितनी स्थिति पड़ती है, कैसे पड़ती है इन सबका अत्यन्त विशद तथा विस्तृत वर्णन है। यथा देवगतिमें व्यंतरोंकी न्यूनतम आयु दश सहस्र वर्ष है। यह आगे बढ़ते बढ़ते सर्वोत्तम व्यन्तरों=में एक पल्य[2] हो जाती है, इत्यादि। अनुभागकी अपेक्षा भी बड़ा सूक्ष्म विचार किया है। कुछ कर्म जीवमें अपना विपाक देते हैं, कुछ शरीरमें और अन्य दोनोंमें। ऐसे भी कर्म हैं जिनका फल भव (जन्म) विशेषमें मिलता है तथा ऐसी भी कर्म प्रकृतियां है जो अपना विपाक देनेके लिए क्षेत्र विशेषकी अपेक्षा करती हैं। इस प्रकार १–जीव विपाकी, २–पुद्गल विपाकी, ३–भव विपाकी तथा ४–क्षेत्र विपाकी ये चार मुख्य भेद फलकी अपेक्षासे हैं।

उद्वर्तना—प्रारम्भमें पड़ी स्थिति (आयु) और अनुभाग (विपाकदान शक्ति) की मर्यादा और मात्रा को बढ़ानेकी प्रक्रियाकी उत्कर्षण (उद्वर्तना) संज्ञा है। कितनी ही कर्म प्रकृतियां जीवके पुरुषार्थके कारण अपनी आयु और अनुभाग को बढ़ाकर देती हैं।

१—मोक्षशास्त्र ८-२५-२६, गो. कर्मकांड गा० ४१-४४, पञ्चम कर्म ग्रन्थ १५-१७।

२—उपमा प्रमाण है इसमें असंख्यात वर्ष होते हैं।

अपवर्तना—उद्वर्तनाका प्रतीप अपकर्षण है अर्थात् कर्मकी स्थिति और अनुभागको घटाना। यथा श्रेणिक राजाकी नरक-आयुका वृत्तान्त। अशुभ कर्म बांधकर भी यदि जीव शुभ कर्म करता है तो उसके अशुभ बन्धकी अपवर्तना होती है तथा अशुभतर कर्मोंमें ही लीन रहता है तो उसके अशुभ बन्ध की उद्वर्तना होती है।

सत्ता—कर्म बंधते ही फल नहीं देता। बहुधा कुछ अन्तराल देकर ही वह फल प्रसूति करता है इस प्रक्रिया की ही 'सत्ता' संज्ञा है। आगममें सत्ताको आवाधा-अवाधाकाल भी कहा है, क्योंकि उतने समय तक कर्म वाधा नहीं देता। अवाधा कालका प्रमाण कर्मकी स्थितिपर निर्भर करता है। उदाहरणार्थ किसी कर्मकी स्थिति एक कोटीकोटी सागर होने पर सौ वर्ष अवाधाकाल होता है। आयु कर्मकी आवाधा विशिष्ट है।

उदय—विपाक अथवा फल देनेकी अवस्था की 'उदय' संज्ञा है। यह दो प्रकार है :—एक विपाकोदय अर्थात् अपना फल देकर ही जीर्ण होना यथा सधवा युवतीका स्त्रीवेद। द्वितीय प्रदेशोदय अर्थात् उदय होकर भी विना फल दिये जीर्ण होना यथा विधवा युवतीका स्त्रीवेद। उदय नियत कालमें ही होता है।

उदीरणा—अनियत कालमें फल देना उदीरणा है। तप और त्यागके द्वारा कर्म प्रकृतिका अपवर्तन करके निश्चित समयसे पहिले विपाक प्राप्ति ही उदीरणा है। यही कारण है कि धर्मात्मा बाहुल्यसे दुखी देखे जाते है। कारण वे अपने अशुभ कर्मोंकी उदीरण करते हैं। तथा पातकी कुछ समय फलते फूलते दिखते हैं। क्योकि वे अपनी अशुभ कर्म प्रकृतियोंका उद्वर्तन करते हैं।

संक्रमण—एक कर्म-उपप्रकृतिका सजातीय दूसरी प्रकृति रूप हो जाना संक्रमण है। यथा सातावेदनीय असातावेदनीय हो जाता है। मूल प्रकृतियोंमें संक्रमण नहीं होता; यथा ज्ञानावरण, दर्शनावरण नहीं हो सकता। आयुकर्मकी उप प्रकृतियोंमें भी संक्रमण नहीं होता।

उपशम—कर्म प्रकृति को उदय (उदीरणा, निधत्ति और निकाचना) के अयोग्य कर देना ही उपशम है। इस अवस्थामें बद्ध कर्म सत्तामें रहता है। उदय नहीं होता है।

निधत्ति—कर्म पुद्गलको केवल संक्रमण और उदयके अयोग्य कर देना निधत्ति है।

निकाचना—उद्वर्तना, अपवर्तना, संक्रमण तथा उदय करणोंके अयोग्य कर देना निकाचना है। यहां कर्म सत्तामें रहता है। तथा अपना फल अवश्य देता है[1]।

१—गोम्मटसार कर्म काण्ड गा. ४३७–४४०।

शुभकर्म भी बन्धके कारण हैं—

यद्यपि शुभकर्मोंका फल साता रूप होता है तथापि वहभी जीवको बांधता ही है। व्रत-शीलोंके पालनसे केवल उपयोग (झुकाव) बदलता है। अशुभ उपयोग रुक जाता है शुभ उपयोग हो जाता है जो धन-धान्यादि तथा स्वर्गका कारण होता है। जीवका संसार तदवस्थ रहता है। अतएव व्रत, शील, आदि रूप संयम केवल आत्माकी पापमय प्रवृत्तिको रोकता है[1]।

संवर—

कर्मोंके आस्रवका रोक देना संवर है। अर्थात् पूर्व बद्ध कर्म रहते हुए भी जीव नूतन कर्म वर्गणाओंका आना रोक देता है। यह और निर्जरा तपसे होते हैं। इसका प्रथम अंग काय-वचन-मनके योगको रोकना है। इसे गुप्ति कहते हैं। ये गुप्तियां तीन हैं। इसका दूसरा अंग 'समिति' अर्थात् सावधानीसे आचरण करना है। सावधानीसे चलना 'ईर्या' समिति है, समझ बूझकर बोलना भाषा समिति है, देखकर उठाना रखना 'आदान निक्षेप' समिति है, देखकर उचित स्थान पर मूत्र-शौच करना उत्सर्ग समिति है, शुद्ध अपरिहार्य भिक्षा भोजन एषणा समिति है। क्षमा, मार्दव (मानसिक कोमलता , आर्जव (सरलता), शौच (निर्लोभिता), सत्य, संयम, तप, त्याग (दान), आकिञ्चन्य (शरीरादिकमें भी 'ममेदं' संकल्प का त्याग) तथा ब्रह्मचर्य ये दश धर्म भी संवरके कारण है। बारह भावना, बाइस परीषह, अनशन, आदि बाह्य तथा प्रायश्चित्तादि अभ्यन्तर तप, ध्यानादिसे संवर होता है। अन्तमें सब पूर्वबद्ध कर्मोंको भी जीर्ण करना निर्जरा है। तथा सब कर्मोंकी निर्जराका अविलम्ब परिणाम मोक्ष है[2]।

कर्ता-भोक्ता—

"यह संसारी जीव उपयोग मय है, अमूर्ति है, अपने आपका कर्ता है, स्वशरीर व्यापी है तथा अपने समस्त कर्मोंका भोक्ता है (द्रव्यसंग्रह गा. ३)।' "आत्मा अपने परिणामोंका ही कर्ता है, परिणामोंसे पुद्गल कर्म रूप होते है, द्रव्य कर्म अपना फल देते हैं, फलरूप द्रव्य कर्म जीवमें राग द्वेषादि रूप भाव कर्म उत्पन्न करते हैं और यह जीव ही उनका फल भरता है (समय प्राभृत)।" जीव ही कर्मोंका कर्ता और भोक्ता है। स्वयं प्रयत्न किये विना पर पुरुषार्थसे जीवका लाभ नहीं हो सकता। स्वयं प्रयत्नशील होने पर परप्रयत्न केवल निमित्त हो सकता है।

१—मोक्षशास्त्र अध्याय ७ पूर्ण।

२—मोक्षशास्त्र नवम् अध्याय ।

कर्म-दैवपुरुषार्थ—

यदि कर्म ही सब कुछ है तो कितने ही फल बिना पुरुषार्थके क्यों होते हैं ? यतः जीव अनादि है, कर्मोंमें अबाधा पड़ती है, अतः वह कर्म जो अभी नहीं किये हैं पूर्व भवोंमें किये थे, वे दैव हैं। जहां फलके लिए बुद्धि-पूर्वक प्रयत्न किये बिना ही इष्ट-अनिष्ट हो उसे दैव (पूर्वकर्म) कृत मानना चाहिए। जहां बुद्धि-पूर्वक प्रयत्न करके फल प्राप्ति हो उसे पुरुषार्थ (कर्म) कृत मानना चाहिए[1]। कर्मके ही कालकृत दो नाम दैव-पुरुषार्थ है।

कर्म-साहित्य—

तीर्थंकरके उपदेशको बारह अंगों (भागों) में विभाजित किया गया था। इनमेंसे एक विभाग 'कर्म-प्रवाद' ही था। इसके अतिरिक्त द्वितीय पूर्व (बारहवें अंग 'दृष्टिवाद'के भेद) का एक विभाग 'कर्म-प्राभृत' ही है। पञ्चम पूर्वका 'कषाय प्राभृत' भाग भी कर्म-वर्णन करता है। इसके बाद भी प्राकृत संस्कृत तथा देशी भाषाओंमें इतना अधिक लिखा गया है कि जैन वाङ्मयके द्रव्यानुयोग भागका बहुभाग कर्म-साहित्य ही है। कुल मिलाकर बीस मूल ग्रन्थ हैं और आर्ष तथा देशी भाषाओंमें इनकी सैकड़ों टीकाएं तथा भाष्य हैं[2]।

कर्मकी महत्ता—

इस विपुल साहित्यको देखनेसे स्पष्ट हो जाता है कि प्रत्येक लौकिक परिणमन किसी न किसी आत्म-कर्मका परिणाम है। संसारकी कोई भी घटना किसी निरंकुश महाशक्तिकी क्रीड़ा नहीं है। ऐसा लगता है कि कर्मवाद आधिभौतिक परतन्त्रताके पूर्ववर्ती मानसिक परतन्त्रताका रोधक है। क्योंकि ईश्वरको जगन्नियन्ता मानकर ही मनुष्यने उसके अंश रूप मनुष्यको अपना ऐहिक नियन्ता माना। मनुष्य मनुष्य-कृत बन्धनों और अत्याचारोंको ईश्वरेच्छा मानकर उनके सामने नतमस्तक हुआ और आजकी दुर्दशाको प्राप्त हुआ। इस कर्मवादको जानकर ही व्यक्ति आत्मक्षमता, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वासको पा सकता है, जिनके बिना परिष्कृत तथा परिपूर्ण जनतंत्र (भोगभूमि) असंभव है।

१—देवागमनस्तोत्र कारिका ९१ तथा आप्तमीमांसा, अष्टसहस्री भाष्य।

२—षट् खण्डागम (महाकर्म प्रकृति प्राभृत) तथा इसकी ६ प्रधान टीकाएं, कषाय प्राभृत तथा ६ प्रधान टीकाएं, गोम्मटसार कर्मकांड तथा चार टीकाएं, लब्धिसार, क्षपणसार पञ्चसंग्रह, कर्मप्रकृति (चार टीका) प्राचीन छ कर्मग्रन्थ, कर्मस्तव, बन्धस्वामित्व, षडशीति, शतक, सप्ततिका, सार्द्धशतक, मनस्थितिकरण प्रकरण, आदि।

काशी विद्यापीठके पच्चीस वर्ष

काशी विद्यापीठकी स्थापना गुरुवार सौर २८ माघ संवत् १९७७ को बसन्त पञ्चमीके दिन (१० फरवरी १९२१) महात्मा गांधीके पवित्र हाथोंसे हुई। उस समय देशका वातावरण बड़ा क्षुब्ध था। चारों तरफ उथल-पुथल मची हुई थी। देशके वक्षस्थलपर जलियानवाला हत्याकाण्डका घाव हरा था। सितम्बर १९२० में कलकत्तेके कांग्रेसके विशेष अधिवेशनमें विदेशी हुकूमतसे असहयोगका प्रस्ताव पास हो चुका था और नागपुरके कांग्रेसके वार्षिक अधिवेशनमें उसकी पुष्टि भी हो चुकी थी। सरकारी तथा अर्धसरकारी विद्यालयोंसे कांग्रेसकी पुकार पर विद्यार्थी अपना अध्ययन छोड़ रहे थे। काशी हिन्दू विश्व-विद्यालयसे भी विद्यार्थियोंके एक समूहने आचार्य कृपालानीजीके नेतृत्वमें असहयोग करके श्री गांधी आश्रम नामकी संस्था स्थापित की। बहुतसे विद्यार्थी तो अपना अध्ययन छोड़कर स्वतन्त्रताकी लड़ाई के सैनिक बनकर काममें लग जाना चाहते थे पर कितनोंके मनमें अपनी अधूरी पढ़ाईको पूरी कर लेनेकी लालसा थी। पर देशमें उनके उपयुक्त कोई ऐसा राष्ट्रीय विद्यालय नहीं था जहांपर वे अपना अध्ययन जारी रख सकते। ऐसे समयमें एक राष्ट्रीय विद्यापीठकी नितान्त आवश्यकता थी।

इधर श्रद्धेय श्री डाक्टर भगवान्दासजी तथा स्वर्गीय श्री शिवप्रसाद गुप्तजीके मनमें हिन्दू विश्व-विद्यालयसे भारतीय संस्कृति तथा प्राचीन शिक्षा प्रणालीके पुनरुद्धार तथा उन्नतिके सम्बन्धमें जो आशा थी उसकी पूर्ति नहीं हो रह थी। कुछ दिनोंसे इन महानुभावोंके मनमें यह विचार उठ रहा था कि एक ऐसी शिक्षा संस्थाकी स्थापना होनी चाहिये जो सरकारी नियन्त्रणसे पूर्णतः स्वतन्त्र हो, जो आर्थिक सहायता आदिके कारण शिक्षा विभागके नियमोंसे बँधी न हो, जिसमें सब प्रकारकी ऊँचीसे ऊँची शिक्षा मातृभाषाके द्वारा देनेका प्रयत्न किया जाय और जिसमें मस्तिष्ककी शिक्षाके साथ-साथ हाथकी भी शिक्षा दी जाय तथा ज्ञान सम्पादनके साथ-साथ सद्भाव तथा सच्चरित्रता तथा कुछ-न-कुछ शिल्प कलाकी भी शिक्षा हो, जिससे भारतीय संस्कृतिकी उन्नति हो, जो भारतवर्षकी अवस्था और आवश्यकताओंके अनुकूल तथा देशके लिये उपयोगी हो, और जिसमें शिक्षा प्राप्त करनेके उपरान्त स्नातकोंको अपनी जीविकाके उपार्जन करनेमें सरकारी नौकरीपर निर्भर न करना पड़े। इस विचारकी पूर्तिके निमित्त ये लोग एक राष्ट्रीय

शिक्षा संस्था स्थापित करनेके उद्योगमें लगे हुए थे। इसी बीचमें जनवरी सन् १९२१ में महात्मा गांधीजीने डाक्टर भगवान्दासजीको यह पत्र लिखा—

"भाई भगवान्दासजी, मुझे विश्वास है कि अब हमारे काशीजीमें एक महाविद्यालय शीघ्र खोलना चाहिये। मैं कहूंगा कि इस समय शिक्षाकी पद्धति प्रधान विषय नहीं है परन्तु असहयोग प्रधान विषय है। हम असहयोग करते हैं क्योंकि सरकार रावण राज है। सरकारी विद्यालयोंमें शिक्षण अच्छा नहीं है यह एक दूसरा सबब त्यागका हो सकता है। इस कारण मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि आप शिक्षाके विषयके विचारमें विद्यालयकी हस्तीको न रोकें। ज्यादा भाई शिवप्रसादजी आपसे कहेंगे। आपका— मोहनदास गांधी"

इसपर यह निश्चय किया गया कि अब अपने विचारको कार्यान्वित करनेका समय आ गया है। विलम्ब करना उचित नहीं है। इसी विचारके अनुसार २८ माघ १९७७ (माघ शुक्ल ५) का शुभ दिन इस कार्यके लिये निश्चित किया गया और महात्मा गांधीसे प्रार्थना की गयी कि वे अपने पवित्र हाथोंसे इसका आरम्भ करें। गांधीजीने हमारी प्रार्थनाको स्वीकार कर ली और स्वर्गीय पण्डित मोतीलाल नेहरू, स्वर्गीय मौलाना मोहम्मदअली, स्वर्गीय सेठ जमनालाल बजाज, श्री मौलाना अबुल कलाम आजाद, श्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू प्रभृति नेताओंके साथ काशीमें पधारकर उक्त तिथिको ८ बजे प्रातःकाल काशीके विद्यानुरागियों तथा कई सहस्र देशप्रेमी नरनारियोंके सम्मुख पवित्र वेद मन्त्रों तथा कुरानकी आयतोंके उच्चारणके सहित उन्होंने काशी विद्यापीठका प्रारम्भ किया।

उसी दिन काशी विद्यापीठके निरीक्षकोंकी एक सभा करके यह निश्चय किया गया कि काशी विद्यापीठका शिक्षा प्रबन्ध आदि सरकारके अधीन किसी प्रकार न रहेगा और यहां हिन्दुस्तानी भाषा और देवनागरी लिपिके द्वारा शिक्षा देनेका प्रबन्ध किया जायगा। इस विचारसे कि शिक्षासंस्थाके लिए एकाग्रताकी अधिक आवश्यकता है जो राजनीतिक क्षेत्रमें सम्भव नहीं है, विद्यापीठके अधिकतर सञ्चालकोंके प्रचलित असहयोग आन्दोलनमें सम्मिलित रहते हुए और देशोद्धारके उपायोंके साथ विद्यापीठकी पूर्णतया सहानुभूति रहते हुए भी यह संस्था कांग्रेसके अधीन नहीं रखी गयी, और इसकानैष्ठिक अधिकार एक निरीक्षक सभाके अधीन किया गया। और निरीक्षक सभाने दिन अनुदिनके कार्य निर्वाहके लिये एक प्रबन्ध समिति नियुक्त कर दी।

प्रारम्भमें काशीके भदैनी मोहल्लेमें कई किता मकान किरायेपर लेकर वहींपर कार्यारम्भ किया गया पर दो वर्षके पश्चात् वर्त्तमान स्थानको खरीदकर यहांपर धीरे-धीरे मकान बनने लगा और चकलाबागको

किरायेपर लेकर उसमें पढ़ाई और विद्यार्थियोंके रहनेका प्रबन्ध किया गया और जब इस स्थानपर काम चलाने भरको मकान बन गये तो पूर्णरूपसे विद्यापीठका सब काम यहींपर होने लगा। असहयोग आंदोलन जिस समय तीव्रगतिसे चल रहा था उस समय इस प्रान्तके अधिकतर नगरोंमें राष्ट्रीय पाठशालायें खुल गयीं और वे विद्यापीठसे सम्बद्ध कर ली गयीं और उन पाठशालाओंके विद्यार्थी विद्यापीठकी विशारद परीक्षा (मैट्रिक) देते थे पर धीरे-धीरे असहयोग आन्दोलनके शिथिल पड़नेपर वे सब पाठशालायें टूट गयीं। विद्यापीठमें प्रारम्भमें केवल महाविद्यालय विभाग चलता था। बादको इसके साथ ही एक स्कूल विभाग भी खोला गया।

सं० १९८१ में विद्यापीठका संकल्पपत्र तथा नियमावली आदि तैयार करके इसकी रजिस्टरी करा ली गयी। संकल्पपत्रमें विद्यापीठ निम्नलिखित उद्देश्य दिया गया है :—

"अध्यात्म विद्याकी नींव पर प्रतिष्ठित भारतीय शिष्टताके संस्कार और विकासमें, तथा भारतमें बसी हुई सब जातियोंके भारतीय समाजमें यथास्थान सन्निवेश और भारतमें प्रचलित आचार विचारोंके समुचित समन्वयमें, तथा स्वाधीनता और स्वदेश प्रेमके भावके साथ-साथ लोकसेवा और मानवमात्रकी बन्धुताके भावके सञ्चारमें तथा संसारके प्राचीन और नवीन शास्त्र, शिल्प ज्ञानविज्ञान आदिकी वृद्धि और प्रवाह करनेमें सहायता देना और इस उद्देश्य पूर्तिके लिये निम्नलिखित कार्य करना :—

'ऐसी संस्थाओंका स्थापन करना, कराना, सम्मिलित करना, चलाना, या आवश्यकतानुसार सहायता करना जो किसी प्रकारसे गवर्मेण्टसे सहायता न लेवे और उनके अधीन न हो और जो ऐसे प्रकारसे हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि द्वारा शिक्षा दे जो भारतवर्षकी आवश्यकताओंके अनुकूल और उपयोगी हो।

शिक्षाके सम्बन्धमें नये प्रकारोंकी परख करना; विद्यार्थियों तथा गवेषकोंको भारतवर्षमें अथवा विदेशोंमें अध्ययन अथवा गवेषण करने के लिये वृत्तियां देना; छात्रावास, पुस्तकागार, योग्याशाला, वेधालय, शिल्पागार, कृषिक्षेत्रका स्थापन करना और चलाना। .....आदि"

इन उद्देश्योंकी पूर्तिके लिये विद्यापीठमें प्रयत्न होता रहा है।

सं० १९७९ में डा० भगवानदासजीकी अध्यक्षतामें काशीमें विद्यापीठके तत्वावधानके एक राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन किया गया जिसमें सारे देशके राष्ट्रिय विद्यापीठके २८ प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे जिनमें सर्वश्री आचार्य नरेन्द्रदेव, स्व० वि० वि० वैद्य, आचार्य बद्रीनाथ वर्मा आदि प्रमुख थे। १० दिन तक यह शिक्षा सम्मेलन होता रहा और इन विद्वानोंके परिश्रमके फलस्वरूप एक शिक्षा योजना तैयार की गयी और विद्यापीठकी शिक्षा योजना भी इसी योजनाके आधार पर बनायी गयी।

सन् १९३० तक विद्यापीठमें अध्ययन अध्यापनका कार्य बिना विघ्न-बाधाके चलता रहा। सर्वश्री डा० भगवानदास, आचार्य नरेन्द्रदेव, सम्पूर्णानन्द, श्रीप्रकाश, रामशरण, योगेश्वरभट्टाचार्य, बीरबलसिंह आदि अध्यापनका कार्य करते रहे। प्रारम्भके एक दो वर्षोंमें आचार्य कृपालानी भी राजशास्त्र तथा अर्थशास्त्र पढ़ाया करते थे। विद्यापीठके प्रारम्भके कई वर्षों तक विद्यापीठके सञ्चालनका अधिकतर भार श्री डा० भगवानदासके ऊपर रहा। आप ही विद्यापीठके कुलपति अध्यक्ष तथा आचार्य थे। पर १९२९ में वृद्धावस्थाके कारण शरीरमें कुछ शिथिलता आनेसे विद्यापीठके सञ्चालनका सबभार आचार्य नरेन्द्रदेवजीके योग्य हाथोंमें सौंप कर आप चुनारमें जाकर विश्राम करने लगे। पर समय समय पर परामर्श देते रहते हैं और विद्यापीठके सञ्चालनमें आपसे बराबर प्रेरणा मिलती रहती है।

विद्यापीठमें अंग्रेजी और हिन्दीके साथ साथ इतिहास, अर्थशास्त्र, राजशास्त्र, प्राच्य तथा पाश्चात्य दर्शन, भारतीय संस्कृति आदि विषय पढ़ाये जाते रहे हैं। शिक्षा हिन्दी भाषामें होनेके कारण विद्यार्थियों को बड़ी सुगमता होती है और जो विषय विद्यार्थी पढ़ते हैं उनका उन्हें पर्याप्त ज्ञान हो जाता है। अंग्रेजी भाषाके द्वारा पढ़ाई न होनेसे उनका बोझ विद्यार्थियोंके ऊपर नहीं पड़ता और मातृभाषाके द्वारा विषयको समझनेमें सरलता होती है। इसी कारण हमारे यहांके विद्यार्थियोंको शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण होने पर विषयका ज्ञान अन्य सरकारी विद्यार्थियोंके बी० ए० से कहीं अधिक होता है। और अंग्रेजी भाषाके अतिरिक्त अन्य विषयोंमें वे उनसे अच्छी तरह मुकाबिला कर सकते हैं।

महाविद्यालय विभाग

विद्यापीठके महाविद्यालय विभागमें विद्यापीठकी विशारद परीक्षा उत्तीर्ण अथवा अन्य सरकारी तथा गैरसरकारी विद्यापीठके विशारद अथवा इसीकी समकक्ष हाई स्कूल या ऐडमीशन आदि परीक्षोत्तीर्ण विद्यार्थी भर्त्ती किये जाते हैं और चार वर्षके अध्ययनके बाद उन्हें शास्त्रीकी उपाधि दी जाती है। सन् १९२१ में असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ होने पर बहुतसे विद्यार्थी अन्य कालेजोंसे अपना अध्ययन छोड़कर आये। उनके लिये उन्हीं विश्वविद्यालयोंके पाठक्रमके अनुसार उस वर्ष परीक्षाका प्रबन्ध कर दिया गया था और कुछ विद्यार्थी इस प्रकार एफ० ए० और बी० ए० की परीक्षामें सम्मिलित और उत्तीर्ण हुए। जो विद्यार्थी नियमित रूपसे पढ़ना चाहते थे उनके लिये अध्ययनका प्रबन्ध किया गया। उस समयसे महाविद्यालय विभागमें अध्ययनका कार्य बराबर होता रहा है। बीच बीचमें कांग्रेस द्वारा स्वतन्त्रताका आन्दोलन प्रारम्भ करने पर हमारे अध्ययन कार्यमें बाधा पड़ती रही है। सन् १९३० में जब नमक सत्याग्रह आन्दोलन आरम्भ हुआ हमें लगभग एक साल तकके लिये अध्यापन कार्य स्थगित रखना पड़ा क्योंकि अधिकतर विद्यार्थियों और कुछ प्रमुख अध्यापकोंको सत्याग्रह आन्दोलनमें कार्य करना

पड़ा। गांधी-अरविन समझौतेके बाद महाविद्यालय विभाग फिर खुला और कुछ महीनेही नियमित रूपसे काम हो पाया था कि पौष १९८८ (जनवरी १९३२) में महात्मा गांधीके लन्दन गोलमेज सम्मेलनसे लौटते ही देशमें एक बार फिर सत्याग्रह आन्दोलन छिड़ने पर नियमित रूपसे अध्ययन अध्यापन कार्य असम्भव हो गया और इस विभागके कार्यको स्थगित करना पड़ा। लगभग ढाई वर्ष तक विद्यापीठ बन्द रहा। जुलाई १९३४ में विद्यापीठके ऊपरसे प्रतिबन्ध उठने पर फिर अध्ययन अध्यापनका कार्य प्रारम्भ किया गया और १९४२ तक बिना किसी विशेष विघ्न बाधाके कार्य होता रहा। पर अगस्त १९४२ में फिर आन्दोलन छिड़ने पर हमें गवर्नमेण्टका कोपभाजन होना पड़ा।

१९४२ के प्रारम्भमें एक विशेष उपसमिति बनाकर विद्यापीठके पाठक्रम और व्यवस्थामें सुधारकी योजना बनायी गयी थी और उस नयी योजनाके अनुसार जुलाई १९४२ में कार्य प्रारम्भ किया गया था। पर एक महीना भी कार्य नहीं हो सका था कि गवर्नमेण्टकी कोपदृष्टि हमारे ऊपर पड़ी और हमें लगभग तीन वर्ष तक फिर अपना कार्य स्थगित रखना पड़ा। हमारे कई अध्यापक तथा अधिकतर विद्यार्थी भी गिरफ्तार कर लिये गये और जुलाई १९४५ में सब अध्यापकोंके छूट जाने पर नियमित रूपसे अध्ययन अध्यायन कार्य फिरसे प्रारम्भ किया जा सका। तबसे बराबर नियमित रूपसे कार्य हो रहा है। इस प्रकार हमें अपने जीवनके गत २६ वर्षोंमें लगभग साढ़े ६ वर्ष तक राजनीतिक कारणोंसे बाध्य होकर अपना कार्य स्थगित रखना पड़ा। महाविद्यालय विभागमें विद्यार्थियोंकी संख्या साधारणतः पचास साठ प्रतिवर्ष रही है। कांग्रेसके सत्याग्रह आन्दोलनके स्थगित होने पर कांग्रेसके कुछ कार्यकर्त्ता और अन्य विद्यार्थी अपना अध्ययन पूरा करने के लिये आते रहे हैं उस समय विद्यार्थियोंकी संख्या बढ़ जाती थी। १९३८ में देशके कई प्रान्तोंमें कांग्रेस सरकार स्थापित हो जाने पर और उनमेंसे संयुक्तप्रान्त, बिहार, बम्बई, मद्रास तथा मध्यप्रान्तकी सरकारों द्वारा हमारी शास्त्री उपाधि बी० ए० के समकक्ष मान लिये जाने पर विद्यार्थियोंकी संख्या बढ़कर ५० तक पहुँच गयी थी। इस समय विद्यार्थियोंकी संख्या लगभग ७० है। अब तक विद्यापीठसे लगभग १२९ विद्यार्थी शास्त्रीकी उपाधि लेकर निकल चुके हैं।

राष्ट्रीय कुमार विद्यालय

जैसा हम ऊपर लिख आये हैं सं० १९७७ में विद्यापीठके प्रारम्भ होनेपर अपना कोई निजी राष्ट्रीय विद्यालय नहीं खोला गया था। प्रान्तके प्रायः हर जिलेमें राष्ट्रीय पाठशालायें खुल गयी थीं और वे विद्यापीठसे सम्बद्ध कर ली गयी थीं और उनके विद्यार्थी विद्यापीठकी विशारद परीक्षामें सम्मिलित होते थे। पर असहयोग आन्दोलनके शिथिल पड़ जाने पर उनमेंसे अधिकतर पाठशालायें बन्द हो गयीं। फिर विद्यापीठकी तरफसे काशीमें एक राष्ट्रीय कुमार विद्यालय खोला गया। यह विद्यालय १९३१ तक

नियमित रूपसे काशीमें ही चलता रहा। इस विद्यालयसे विद्यार्थी विशारद परीक्षा उत्तीर्ण होकर महाविद्यालय विभागमें भर्त्ती होते रहे। पर १९३१ में कुमार विद्यालय विभागको अधिक सुचारु रूपसे चलानेके लिए तथा विद्यार्थियोंको साधारण पढ़ाईके साथ साथ अन्य कारीगरीके अतिरिक्त जो कि कुमार विद्यालयमें सिखायी जाती थीं विशेषकर कृषिका कार्य सिखलानेके लिये जिसकी सुविधा प्रयागके हिन्दी विद्यापीठमें अधिक थी, माननीय श्री पुरुषोत्तमदासजी टंडनके अनुरोध पर काशीसे प्रयागमें कर दिया गया और हिन्दी विद्यापीठ प्रयागमें इस विभागका कार्य होने लगा। कुमार विद्यालयके सब अध्यापक भी वहीं पर जाकर काम करने लगे। पर १९३२ में अर्थात् लगभग एक साल तक ही काम होनेके बाद राजनीतिक आन्दोलनके कारण जब काशी विद्यापीठ बन्द हो गया तो उसके साथ ही साथ प्रयागका हिन्दी विद्यापीठ भी बन्द हो गया। जुलाई १९३४ में विद्यापीठके फिर खुलने पर कुमार विद्यालय फिर नहीं खोला गया। बनारसमें विद्यापीठसे सम्बधित कुछ कार्यकर्त्ताओंके उत्साहसे एक राष्ट्रीय कुमार विद्यालय उन्हीं सज्जनोंकी देखरेखमें खुला जो विद्यापीठसे सम्बद्ध था और जिसे विद्यापीठकी ओरसे कुछ आर्थिक सहायता दी जाती रही। यह विद्यालय १९४२ तक चलता रहा और उसके विद्यार्थी विद्यापीठकी विशारद परीक्षामें सम्मिलित होते रहे पर १९४२ में राजनीतिक कारणोंसे यह विद्यालय भी बन्द हो गया और फिर न खुल सका। इसके अतिरिक्त कुछ राष्ट्रीय पाठशालायें भी इस प्रान्त तथा विहारमें थीं जो विद्यापीठके सम्बद्ध थीं पर १९४२ के आन्दोलनमें प्रायः सभी बन्द कर दी गयीं। अब इस समय केवल एक कुमार विद्यालय विहारमें राष्ट्रीय पाठशाला खगड़िया है जिसने अपना कार्य फिरसे प्रारम्भ किया है यह पाठशाला विद्यापीठसे सम्बद्ध है और इसे विद्यापीठसे कुछ आर्थिक सहायता भी दी जाती है। अब तक पाठशाला विभागसे कुल ५७७ विद्यार्थी विशारद परीक्षा उत्तीर्ण होकर निकल चुके हैं।

हिन्दी भाषा प्रचार विभाग

काशी विद्यापीठके कुछ स्नातक अहिन्दी भाषा भाषी प्रान्तोंमें जाकर हिन्दी प्रचारके कार्यमें लग गये। पर इनके अतिरिक्त और भी विद्यार्थी मद्रास आदि प्रान्तोंसे उत्तर भारतमें हिन्दी सीखनेके लिये आते थे और यहांसे हिन्दी सीखकर अपने प्रान्तोंमें हिन्दी प्रचार करना चाहते थे पर उनके लिए हिन्दी पढ़ानेका कहीं प्रबन्ध नहीं था। इस त्रुटिको दूर करनेके लिए काशी विद्यापीठमें एक हिन्दी भाषा प्रचार विभाग खोला गया और इस विभागमें मद्रास आदि प्रान्तोंके विद्यार्थियोंको विशेषकर हिन्दीका अच्छा ज्ञान प्राप्त करनेमें सहायता दी गयी ताकि वे फिर यहांसे वापस जाकर अपने अपने प्रान्तोंमें सुगमतासे हिन्दीका प्रचार कर सकें। यह विभाग सम्वत् १९९१में स्थापित किया गया और दो वर्ष तक

चलता रहा। इस विभागमें लगभग ४० विद्यार्थी भर्त्ती किये गये जिनमेंसे उनतीस विद्यार्थी यहां पर दो वर्ष तक हिन्दीका विशेष अध्ययन करके और विद्यापीठकी हिन्दी कोविद परीक्षा जिसका प्रबन्ध विशेषतः उन्हीं विद्यार्थियोंके लिये किया गया था पास करके निकले और दक्षिण भारतके कई प्रान्तोंमें इस समय भी सफलता पूर्वक हिन्दीका प्रचार कर रहे हैं। इनके अतिरिक्त दक्षिण भारतके रहनेवाले विद्यापीठके कई स्नातक तथा उत्तर भारतके भी कुछ स्नातक अहिन्दी भाषा भाषी प्रान्तोंमें जाकर हिन्दी भाषाके प्रचारमें लगे हुए हैं।

पुस्तकालय विभाग

स्व० श्री शिवप्रसादगुप्तजीने सन् १९२६ के पहिलेका पुस्तकोंका अपना सारा विशाल संग्रह काशी विद्यापीठको दानमें दे दिया इसके साथ साथ बहुत सी प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकें भी हैं। इन पुस्तकोंके अतिरिक्त विद्यापीठके कोषसे भी प्रतिवर्ष नयी पुस्तकें खरीदी जाती रही हैं और स्व० स्वामी श्रद्धानन्दजी तथा क्वींसकालेजके भूतपूर्व अध्यापक स्व० श्री सी० एम० मलवेनी तथा श्री श्रीप्रकाशजीने भी पुस्तकोंका एक अच्छा संग्रह विद्यापीठके पुस्तकालयको दिया है। इस प्रकार ये सब पुस्तकें मिलाकर इस समय पुस्तकालयमें पुस्तकोंकी संख्या लगभग ३५००० है। पुस्तकालय पहिले विद्यापीठ भवनमें ही ऊपरकी मंजिलमें रखा गया था पर सेठ श्री युगलकिशोर बिड़लाके बत्तीस हजार रुपयेके दानसे अब एक पुस्तकालय भवन बन गया है और हमारा पुस्तकालय इसी भवनमें चला गया है। पुस्तकालयके साथ साथ एक वाचनालय भी है जिसमें भारतवर्ष तथा विदेशके हिन्दी उर्दू और अंग्रेजी भाषाके दैनिक, साप्ताहिक मासिक, त्रैमासिक पत्र पत्रिकायें आती हैं। स्व० श्री शिवप्रसादगुप्तने जिस समय अपना संग्रह विद्यापीठको दान दिया उन्होंने यह शर्त लगा दी थी कि यह पुस्तकालय विद्यापीठके अध्यापकों तथा विद्यार्थियोंके अतिरिक्त सर्व साधारणके लिए भी खुला रहना चाहिये। इस शर्तके अनुसार यह पुस्तकालय तथा वाचनालय सर्वसाधारणके लिए खुला रहता है। पुस्तकालयका सदस्य होनेके लिए १६) जमानत देनी पड़ती है और सदस्योंको एक साथ दो पुस्तकें पुस्तकालयके बाहर ले जाकर पढ़नेका अधिकार रहता है। काशी तथा बाहरसे कितने ही सज्जन इस नियमसे लाभ उठाते हैं और पुस्तकालयसे पुस्तकें ले जाकर उपयोग करते हैं।

राजनीतिक आन्दोलनके समयमें जेलमें राजबन्दियोंको पुस्तकें देनेका विशेष प्रबन्ध किया जाता रहा है। और इस प्रान्तकी तथा कुछ अन्य प्रान्तोंकी जेलोंमें भी विद्यापीठके पुस्तकालयसे भिन्न भिन्न विषयोंकी पुस्तकें राजबन्दियोंको पढ़नेके लिये भेजी जाती रही हैं और इससे काफी लोगोंने लाभ उठाया।

इधर कुछ दिनोंसे विद्यापीठकी आर्थिक स्थिति ठीक न रहनेके कारण हमलोग अधिक संख्यामें नयी नयी पुस्तकें मंगानेमें असमर्थ रहे हैं, इसलिए हर विषयकी सामयिक पुस्तकें न रहनेके कारण हमारा पुस्तकालय पुराना पड़ रहा है। अतः विशेष प्रयत्न करके कुछ धन एकत्रकर पर्याप्त संख्यामें भिन्न भिन्न विषयोंकी नयी पुस्तकें खरीदनेकी आवश्यकता है ताकि पुस्तकालकी नवीनता बनी रहे। हमारा पुस्तकालय भवन भी पर्याप्त नहीं है इसको भी बढ़ानेकी आवश्यकता है।

प्रकाशन विभाग

विद्यापीठके प्रकाशन विभाग द्वारा हिन्दी भाषामें इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति, दर्शन आदि विषयों पर प्रमाणिक ग्रन्थ निकालनेका प्रयत्न किया जाता रहा है। इस विभागके प्रबन्धके लिये एक प्रकाशन समिति बनायी गयी है जिसमें विद्यापीठके कुछ अध्यापक तथा कार्यकर्त्ता और इस विषयमें रुचि रखनेवाले काशीके अन्य सज्जन भी रखे गये हैं। साधारणतः कहानी-गल्प आदि तो सभी प्रकाशक निकालते हैं पर गूढ़ विषयोंकी उच्चकोटिकी पुस्तकोंकी विक्री कम और इस कारण अपेक्षाकृत लाभ कम होनेके कारण अन्य प्रकाशक इस तरफ ध्यान नहीं देते। अतः विद्यापीठके प्रकाशन विभागकी ओरसे उच्चकोटिके प्रामाणिक ग्रन्थ निकालनेका प्रयत्न किया जाता है। अब तक हमने भिन्न भिन्न विषयों पर लगभग २१ पुस्तकें प्रकाशितकी हैं। यद्यपि साधारणतः शब्द-संग्रह, समाजवाद, गणेश आदि चार पांच पुस्तकोंको छोड़कर अन्य पुस्तकोंकी अच्छी बिक्री नहीं हुई है पर विद्वत् समाजमें हमारी पुस्तकोंका आदर है और १९३८–३९ में विहार तथा युक्तप्रान्तकी सरकारोंने अपने ग्राम्य पुस्तकालयोंके लिए पर्याप्त संख्यामें हमारी पुस्तकोंको खरीदा। हमारे हिन्दी शब्द-संग्रह तथा समाजवाद नामक पुस्तकका अच्छा आदर हुआ है और शब्दसंग्रहके दो संस्करण तथा समाजवादके चार संस्करण निकल चुके हैं। हमने इस विभागके द्वारा साधारण जनताकी रुचिके अनुकूल कहानी गल्प आदिकी पुस्तकें न निकालकर उच्चकोटिकी पुस्तकें निकालनेका प्रयत्न किया है और इस प्रकार जनताकी रुचिमें परिष्कार करनेकी भी चेष्टा हमने की है। इधर कई वर्षों तक विद्यापीठके बन्द रहने तथा विद्यापीठकी आर्थिक स्थिति भी ठीक न रहनेके कारण पुस्तक प्रकाशनका काम कुछ वर्षोंतक बन्द रखना पड़ा। पर गत वर्ष विद्यापीठके खुलनेपर प्रकाशन विभाग फिरसे संगठित किया गया है और अब अधिक संख्यामें पुस्तकें निकालनेकी चेष्टा की जा रही है।

शिल्पशाला

प्रारम्भमें श्री गांधी आश्रमकी देख रेखमें एक बुनाई विभाग खोला गया जिसमें विद्यार्थियोंको हाथके कते सूतसे कपड़ा बुनना सिखलाया जाता था। यह विभाग कई वर्ष तक चलता रहा और इसके

साथ साथ बढ़ईका काम, बेंतका काम, सिलाई आदि सिखानेका भी प्रबन्ध किया गया और शिल्पके कई विभाग खोले गये पर साधारण अध्ययनके साथ साथ इन शिल्पोंकी ओर विद्यार्थियोंकी अभिरुचि नहीं थी आर धीरे धीरे उनका उत्साह क्षीण होता गया। अतः अन्तमें धीरे धीरे इन बिभागोंको बन्द करना पड़ा।

पत्रकार कला-विभाग

सारे देशमें हिन्दी पत्रकार कलाकी शिक्षाका कहीं भी प्रबन्ध नहीं है इस लिये हिन्दी पत्रोंमें काम करने वालोंको सम्पादनकलाका कोई ज्ञान नहीं होता। इस त्रुटिको दूर करनेके निमित्त इस तरफ कुछ सज्जनोंका ध्यान आकर्षित हुआ और प्रसिद्ध पत्रकार श्री बनारसीदास चतुर्वेदीने इस कार्यको काशीमें और विशेषतः काशी विद्यापीठमें प्रारम्भ करने पर जोर दिया। अतः गत वर्ष विद्यापीठमें एक पत्रकार कला विभाग प्रयोगके तौर पर खोला गया। चार महीनेका इसका पाठक्रम रखा गया और १५ श्रावण २००२ से इस विभागका कार्य प्रारम्भ किया गया। यह नियम बनाया गया था कि विद्यापीठके शास्त्री अथवा अन्य विद्यापीठोंके स्नातक तथा ग्रैजुएट और हिन्दी साहित्य सम्मेलनके साहित्यरत्न इस विभागमें भर्त्ती किये जायं। इस विभागका अच्छा स्वागत हुआ और प्रवेश पानेके लिये पर्याप्त संख्यामें प्रार्थनापत्र आये। उनमें से चुनकर लगभग ३० विद्यार्थी भर्त्ती किये गये क्योंकि इससे अधिक विद्यार्थियोंकी व्यावहारिक शिक्षाका प्रबन्ध स्थानीय दैनिक पत्रोंमें करना सम्भव नहीं था।

पत्रकारकला सम्बन्धी भिन्न-भिन्न विषयोंकी शिक्षाके लिये देशके कतिपय प्रसिद्ध पत्रकारों तथा लेखकोंके व्याख्यानका प्रबन्ध किया गया। व्यावहारिक शिक्षाका प्रबन्ध 'आज' तथा 'संसार'में किया गया था। चार महीनेके अध्ययनके पश्चात् परीक्षाका प्रबन्ध किया गया जिसमें २५ विद्यार्थी सम्मिलित हुए और २४ उत्तीर्ण हुये। इनमेंसे अधिकतर विद्यार्थियोंको हिन्दी पत्रोंमें काम मिल गया। पत्रकारकलाकी शिक्षा प्राप्त किये हुए विद्यार्थियोंमेंसे दो विद्यार्थी इस विषयकी उच्च शिक्षा प्राप्त करनेके लिए अमेरिका गये हैं और वहांके एक प्रसिद्ध विद्यालयमें उनका प्रवेश हो गया है। हमारे यहां शिक्षा प्राप्त कर लेनेसे उन्हें प्रवेश पानेमें बड़ी सुविधा मिली है।

हमें अनुभवसे यह मालूम हुआ कि इस विषयकी पढ़ाईका स्थायी प्रबन्ध होना बहुत आवश्यक है और चार महीनेकी पढ़ाईका समय कम है इसके लिये कमसे-कम एक वर्ष होना चाहिये। इस विषयकी योजना बना ली गई है और इसका पाठक्रम एक सालका रखा गया है तथा इस विभागके लिये अलगसे कुछ स्थायी अध्यापक रखने का विचार है। इस वर्ष कई कारणोंसे हम लोग इस विषयको नहीं खोल सके पर हम आशा करते हैं कि आगामी वर्षसे हम इस विभागको स्थायी रूपसे चला सकेंगे और देशकी एक बहुत बड़ी कमीको पूरी कर सकेंगे।

छात्रावास

